MADHYA PRADESH BHOJ (OPEN) UNIVERSITY
Raja Bhoj Marg (Kolar Road), Bhopal (M.P.)-462016

# पाठ्य सामग्री

एम.ए. पूर्वार्द्ध प्रथम वर्ष **हिन्दी**

# विशेष कवि का अध्ययन सूरदास

**Self Learning Material**









# एम.ए. हिन्दी

## Self Learning Material

# विशेष कवि का अध्ययन सूरदास

Madhya Pradesh Bhoj (Open) University,
Bhopal

© *Madhya Pradesh Bhoj (Open) University*

**All rights reserved. No part of this work may be reproduced in any form, by mimeograph or any other means, without permission in writing from the Madhya Pradesh Bhoj (Open) University.**

The views expressed in this SLM are that of the author(s) and not that of the MPBOU.

**MADHYA PRADESH BHOJ (OPEN) UNIVERSITY**

Raja Bhoj Marg (Kolar Raod) Bhopal - 462016. Tel: (0755) 2492095.

Fax: (0755)-2424640.

**email:** bedspc@rediffmail.com or bed@bhojvirtualuniversity.com

**website** : http://www.bhojvirtualuniversity.com

प्रो. (डॉ.) तारिक जफर
कुलपति

मध्यप्रदेश भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय, भोपाल
राजा भोज मार्ग, कोलार रोड,
भोपाल–462016
दूरभाष : 0755–2424660
फैक्स : 0755–2424640
ई–मेल : vcoffice.mpbou@gmail.com
21 अप्रैल 2013

# संदेश



प्रिय छात्र-छात्राओं
प्रदेश में दूरस्थ शिक्षा द्वारा ग्रामीण, आदिवासी, पिछड़े एवं आरक्षित वर्ग के विद्यार्थियों सहित समस्त युवा वर्ग को, उच्च शिक्षा प्रदान करने के लिए, पाठ्यसामग्री, सत्रीय कार्य एवं सम्पर्क कक्षाओं के आयोजन की सुविधा के साथ लोकार्पित, म.प्र. भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय द्वारा देश-प्रदेश के ऊर्जावान एवं भावी भविष्य निर्माता, छात्र-छात्राओं का हार्दिक अभिनंदन एवं बेहतर शिक्षा के लिए मेरी हार्दिक शुभकामनाएँ।
आपकी शिक्षा- आपके द्वार के संकल्प के साथ।

(प्रो. (डॉ.) तारिक जफर)
कुलपति

# IMPORTANT TELEPHONE NUMBERS

**Prof. (Dr.) Tariq Zafar**, Vice Chancellor,
Tel-2424660 Fax 2424640
vcoffice.mpbou@gmail.com

**Dr. B. Bharti**, Registrar,
Tel-2492093 Fax 2490072 registraroffice.mpbou@gmail.com

University Website:
www.bhojvirtualuniversity.com
Bhopal STD Code-0755

VC Secretariat- **Dr. A.Z. Khan, PS to VC** Tel-2493373 vcoffice.mpbou@gmail.com **Smt Prasanna Mohandas, steno,** vcoffice.mpbou@gmail.com
Registrar Secretariat- **Smt Suman Pandey, Rambhau Jhagekar,** registraroffice. mpbou@ gmail.com

| S No. | Name of Dept./Section/Cell | Division / Tel. No. | HOD / Email | I/C Officer/ Employee /Email |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Dept. of IT & Basic Sc . & Dept. of Comp., Comp. Math. & Communication | 2492106 | Prof. Praveen Jain, Director drpraveenjainmpbou15 @gmail.com | Prashant Solanki, Programme r, directorit.mpbou@gmail.com |
| 2 | Dept. of Nursing & Health Science | | | Dr. Shailend ra Kaushik, Asst. Director Dr.shailenDr.a2k10@gmail.com |
| 3 | Dept. of Business Management & Entrepreneurship | 2424670 | Dr. N.C. Jain, Director director s.mpbou@gmail.com | Dr. S. kaleem Karrar, Coordinator Urdu, barabankvi_anjum @rediffmail.com |
| 4 | Dept. of Education | GEDE 2492096 | Dr. Neerja Chaturvedi,Lecturer (Edu) dmebhoj2011@gmail.com | Dr. Hemlata Dinkar, Lecturer dmebhoj2011@gmail.com |
| | | SEDE / 2492096 | Dr. Jyoti Parashar, Lecturer Edu . bedsede@gmail.com | Dr. K. M. Mohandas, bedsede@gmail.com |
| 5 | Dept. of Admission & Evaluation | 2424670 | Dr. N.C. Jain, Director director s.mpbou@gmail.com | A. Ravi Kumar, Sys. Programmer Rajesh Saxena , Programmer director s.mpbou@gmail.com |
| | | NOC / 2424670 | | Sunil Bhargava, Anilbharga va75@yahoo.in |
| | | Degree 2493373 | Dr. A.Z. Khan, Placement Officer, vcoffice.mpbou @gmail.com | Smt Prasanna Mohanda s, steno, vcoffice.mpbou@gmail.com |
| 6 | Dept. of Student Support & Regional Services | 2492106 | Prof. Praveen Jain, Director drpraveenjainmpbou15 @gmail.com | Dr. Rashmi Jain, Lecturer (Edu) rashvjain@gmail.co.in |
| | | Library/ 2492106 | | Smt. Manju Nigam, Asst. Librarian |
| | | Placement Cell / 2493373 | | Dr. A.Z. Khan, Placement Officer, vcoffice.mpbou@gmail.com |
| | | Student Reception | | Dr. Anil Kumar Bhargava, anilbhargava75@yahoo.com |
| | | Lok Seva Guarantee Services | | Prashant Solanki, Programme r, directorit.mpbou@gmail.com |
| | | RTI | | Smt Sangeeta Sadavarte, Off. Asst. |
| | | Accommodation , Legal & Medical Services | | Dr. A.Z. Khan, Placement Officer, vcoffice.mpbou@gmail.com |
| | | Women Help / Anti Ragging | | Dr. Salma Khan, Director emprcmpbou@ gmail.com |
| | | Public Relation | | Dr. Shailendra Kaushik, Asst. Director drshailendra2k10@gmail.com |
| | | Women Dev. Cell | | Dr. Rashmi Jain, Lecturer (Edu) rashvjain@gmail.co.in |
| 7 | Dept. of Planning, Training & Extension | 2492106 | Prof. Praveen Jain, Director drpraveenjainmpbou15 @gmail.com | Dr. Jyoti Parashar, Asst. Director jyotispa rashar@yahoo.com |
| 8 | Dept. of Vocational Programes | 2492105 | Prof. Praveen Jain, Director drpraveenjainmpbou15 @gmail.com | Dr. Shailendra Kaushik, Asst. Director drshailendra2k10@gmail.com |

# IMPORTANT TELEPHONE NUMBERS

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 9 | Dept. of Printing & Translation | 2805058 | Dr. N.C. Jain, Director nirmalchandjain@gmail.com | Dr. Jyoti Parashar, Lecturer (Edu), jyotis parashar@yahoo.com |
| 10 | Dept. of Technology | 2492106 | Dr. Praveen J ain, Director drpraveenjainmpbou15 @gmail.com | Prashant Solanki, Programmer, directorit.mpbou@gmail.com |
| | | EMPRC / 2499782 | Dr. Salma Khan, Director emprcmpbou@ gmail.com | Amar Bhadur Yadav, Prod. Asst., emprcmpbou@ gmail.com |
| | | EDUSAT/ VPN/DTH 2499782 | Dr. Salma Khan, Director emprcmpbou@ gmail.com | Rajesh Kumar , HUB Engineer , rajmbc@gmail.com |
| 11 | Dept. of Academic Coordination | 2492106 | Dr. Praveen J ain, Director drpraveenjainmpbou15 @gmail.com | Pradeep Khare , [illegible] mpbousim@gmail.com |
| | | Research Cell / 2499782 | Dr. Salma Khan, Director emprcmpbou@ gmail.com | Mrs Pooja Singh, Office [illegible] |
| 12 | Finance Department | 2805104 | Shri Anil Shrivastava, Finance Officer | Sh. Vishal [illegible], Accountant, vishalasati@ gmail.com |
| 13 | Engineering | 2492272 | - | Sh. Rajesh Kumar , HUB Engineer , rajmbc@gmail.com |

# Regional Director's & Deputy Regional Director's

| Name | Address & Telephone | Regional Director | Deputy Regional Director |
|---|---|---|---|
| Bhopal | MPBOU, Raja Bhoj Marg K olar Road Bhopal-462016 Tel- 2492273 | Dr. S.D. Dwivedi, rdbhopal01@gmail.com | I/c Dr. Anil Kumar Bhargava, dranilbhargava15@gmail.com |
| Indore | Devi Ahilya University Campus , Khandw a Road. Indore-452001 , Tel- 0731-2465689 | Dr. Dinesh Varshney rdddv@rediffmail.com | ——— |
| Gwalior | Jiwaji University Campus . Gwalior-474011 Tel-0751-2345559 | Dr. A.P.S. Chouhan, rdbhojgw alior@gmail.com | I/c Dr. Shivkant Sharma, drdgw alior@gmail.com |
| Jabalpur | Old B.T.I. Building, P.S.M. Campus , Jabalpur-482011 Tele- 0761-2628113 | Dr. Kamlesh Mishra, rdbhojrewa04@ rediffmail.com | I/c Dr. Sanjeev Singh<br>Dr. Samta Jain |
| Rewa | Old TRS College Campus , Civil Lines , Rewa-486001, Tele- 07662-250410 | Dr. S. S. Parihar rdbhojrew a08@gmail.com | I/c Dr. G.P. Pathak vinaysinghrewa@rediffmail.com |
| Satna | Old Collectr ate Campus ,Civil Lines ,Satna-485001 Tele- 07672-400541 | Dr. Rajeev Tiwari rajivtiwarirdsatna@gmail.com | ——— |
| Sagar | Dr. H.S. Gour University Campus,Sagar Tele- 07582-265572 | Prof. R .S. Kasana irkasana7158@gmail.com | Dr. Shivakar Rajput dadaveer .14@gmail.com |
| Ujjain | Vikram University Campus , Ujjain Tel- 0734-2526993 | Dr. Nagesh Shinde bhojujjain@gmail.com | Dr. M.S. Hada |
| Chhindw ara | Govt PG College, Chindwara-480001 Tele- 07162-243257 | Dr. U.K. Jain drudaykumarjain@gmail.com | Dr. Irfan Ahmed drirfanahmed24dec@gmail.com |
| Hoshangabad | Govt. Narmada PG College , Hoshangabad, Tel-07574-254096 | Dr. O.N. Choubey , bhojreghbd@gmail.com | ——— |

# MP Bhoj (Open) University Bhopal (M.P.)
# Fees & Details of Courses

| Name of the Programme/Course | Course Code | Duration of Study | | Eligibility | Annual Fee |
|---|---|---|---|---|---|
| | | Min. | Max. | | |
| Master of Computer Application (MCA) | 006 | 3 Years | 6 Years | Graduation with Maths** | 16600 |
| Master of Science (M.Sc., CS) | 222 | 2 years | 5 years | Maths/Physics/Electronics/Computer Science with Graduation | 11000 |
| Master of Science, Information Technology (M.Sc., IT) | 221 | 2 years | 5 years | Bachelor degree in Maths/Physics/Electronics /Computer Science | 11000 |
| PG Diploma in Computer Application | PGDCA | 1 year | 3 years | Graduation | 16600 |
| Bachelor of Science in Information Technology (B.Sc., IT) | 021 | 3 years | 6 years | 10+2 with Maths | 8300 |
| Bachelor of Computer Application (BCA) | 004 | 3 years | 6 years | 10+2 with Maths | 8300 |
| Diploma in Computer Application | DCA | 1 year | 3 years | 10+2 | 6900 |
| Master of Science (M.Sc. Zoology) | 235 | 2 Year | 5 Years | Science Graduate with (Zoology) | 8300 |
| Master of Science (M.Sc. Botany) | 231 | 2 Years | 5 Years | Science Graduate with (Botany) | 8300 |
| Master of Science (M.Sc. Mathematics) | 233 | 2 Years | 5 Years | Science Graduate with (Math) | 8300 |
| Master of Science (M.Sc. Physics) | 234 | 2 Years | 5 Years | Science Graduate with (Physics/Electronics) | 8300 |
| Master of Science (M.Sc. Chemistry) | 235 | 2 Years | 5 Years | Graduation with Chemistry) | 8300 |
| Bachelor of Science (B.Sc. Math) | 009 | 3 Years | 6 Years | 10+2 Sc with Maths | 1900 |
| Bachelor of Science (B.Sc. Bio) | 009 | 3 Years | 6 Years | 10+2 sc with Biology | 1900 |
| PG Diploma in Bio-Informatics (PGDBI) | 028 | 1 Year | 3 Years | Graduate (Biology/ Maths) | 11000 |
| PG Diploma in Chemo-Informatics (PGDCI) | 035 | 1 Year | 3 Years | Graduate (Biology/ Maths) | 11000 |
| PG Diploma in Dietetics and Therapeutics Nutrition (PGDDTN) | 029 | 1 Year | 3 Years | Graduation in Home Science/Biology Sciences | 14000 |
| PG Diploma in Hospital and Health Management (PGDHHM) | 014 | 1 Year | 3 Years | Graduation in Biological Science | 20700 |
| Diploma in Nutrition and Health Education (DNHE) | 013 | 1 Year | 3 Years | 10+2 with Biology/ Nutrition | 4200 |
| M.A. in Ancient Indian History, Culture & Archaeology M.A. (AIHCA) | 024 | 2 Years | 5 Years | Graduate with History | 8300 |
| Master of Arts (MA English Lit) | 251 | 2 Years | 5 Years | Graduate with Eng. | 5500 |
| Master of Arts (MA Economics) | 252 | 2 Years | 5 Years | Graduate with Eco. | 5500 |
| Master of Arts (MA History) | 254 | 2 Years | 5 Years | Graduate with History | 5500 |
| Master of Arts (MA Political Science) | 255 | 2 Years | 5 Years | Graduate With Pol. Sc. | 5500 |
| Master of Arts (MA Sociology) | 257 | 2 Years | 5 Years | Graduate | 5500 |
| Master of Arts (MA Hindi) | 253 | 2 Years | 5 Years | Graduate with Hindi | 5500 |
| Master of Arts (MA Geography) | 258 | 2 Years | 5 Years | Graduate with Geog. | 7200 |

| Name of the Programme/Course | Course Code | Duration of Study | | Eligibility | Annual Fee |
|---|---|---|---|---|---|
| | | Min. | Max. | | |
| Master of Social Work (MSW) | 034 | 2 Years | 5 Years | Graduate | 9600 |
| Master of Law | LLM | 2 Years | 5 Years | LLB with not less than 55% Marks | 15000 |
| Bachelor of Arts (BA) | 008 | 3 Years | 6 Years | 10+2 | 1600 |
| Master of Library & Information Sc. (MLIS) | 020 | 1 Year | 3 Years | B.LIS | 11040 |
| Bachelor of Library & Information Sc. (BLIS) | 019 | 1 Year | 3 Years | Graduate in | 8280 |
| Master of Journalism & Mass Comm. (MJMC) | 502 | 1 Year | 3 Years | BJMC or Public Relation or IT or PG Diploma in above | 18000 |
| Bachelor of Journalism & Mass Comm. (BJMC) | 501 | 1 Year | 3 Years | Graduate | 12000 |
| PG Diploma in Remote Sensing | PGDRS | 1 Year | 3 Years | Graduate | 8400 |
| Certificate in Human Rights | CHR | 6 Months | 2 Years | 10+2 | 2760 |
| Certificate in Rural Development | CRD | 6 Months | 2 Years | | |
| Certificate in Environmental Studies | CES | 6 Months | [illegible] | 10+2 | 2760 |
| Master of Business Administration (MBA) | 005 | 3 Years | 6 Years | Graduate | 13800 |
| Master of Commerce (M.Com Accounts) | 261 | 2 Years | 5 Years | Commerce Graduate | 5500 |
| Master of Commerce (M.Com Management) | 262 | 2 Years | 5 Years | Commerce Graduate | 5500 |
| Bachelor of Business Administration (BBA) | 003 | 3 Years | 6 Years | 10+2 | 8300 |
| Bachelor of Commerce (B.Com) | 010 | 3 Years | 6 Years | 10+2 with commerce | 1750 |
| PG Diploma in Management (PGDM) | 051 | 1 Year | 3 Years | Graduation | 9700 |
| PG Diploma in Tourism and Hotel Management (PGDTHM) | 030 | 1 Year | 3 Years | Graduation | 8300 |
| PG Diploma in Heritage Mgt. (PGDHM) | 040 | 1 Year | 3 Years | Graduation | 8900 |
| PG Diploma in Company Secretaryship (PGDCS) | 052 | 1 Year | 3 Years | Graduatin | 4200 |
| PG Diploma in Disaster Management | PGDDM | 1 Year | 3 Years | Graduation | 4200 |
| Diploma in Business Administration | DBA | 1 Year | 3 Years | Graduation | 8300 |
| Diploma in Management | DIM | 1 year | 3 Years | Graduation | 8300 |
| (i) Master of Education | M.Ed. | 2 Years | 4 Years | B.Ed. or Equivalent Degree | 45000 |
| (ii) Bachelor of Education (B.Ed.) | 016 | 2 Years | 5 Years | Graduation | 25000 |
| (iii) Diploma in Education | D.Ed. | 2 Years | 4 Years | 10+2 | 16000 |
| (iv) Master of Arts in Education (MA Education) | 017 | 2 Years | 4 Years | Graduation | 24000 |
| (v) Bachelor of Special Education (B.Ed. SEDE) | 096 | 2 Years | 5 Years | Graduation | 20000 |
| (vi) PGPD | 098 | 9 Months | 3 Years | Spl. Ed. Teacher | 8000 |
| (vii) FC-SEDE | 097 | 3 Months | 1 Year | 10+2 | 2000 |

## चतुर्थ प्रश्न पत्र : विशेष कवि का अध्ययन (कोई एक)

सूरदास अथवा सूर्यकांत त्रिपाठी निराला

(क) **सूरदास** : सागर सूर सार – संपादक – डॉ. धीरेन्द्र वर्मा

**संदर्भ ग्रंथ :**

1. सूरसाहित्य, रामचन्द्र शुक्ल नागरी प्रचारिणी सभा वाराणसी।
2. सूर साहित्य, हजारीप्रसाद द्विवेदी राजकमल प्रकाशन, दिल्ली।
3. महाकवि सूरदास , नन्द दुलारे वाजपेयी राजकमल प्रकाशन, दिल्ली।

(ख) सूर्यकांत त्रिपाठी निराला : रागविराग, संपादकः रामविलास शर्मा, लोकभारती प्रकाशन, इलाहाबाद

**संदर्भ ग्रंथ :**

1. निराला, रामविलास शर्मा,
2. निराला की साहित्य साधना, खंड-2
3. आत्महंता आस्था, दूधनाथ सिंह, लोकभारती इलाहाबाद

**पाठ्यक्रम परिचय : (क) सूरदास (विशेष कवि)**

एम.ए. (प्रथम वर्ष) के चतुर्थ प्रश्न–पत्र में आपको सूरदास अथवा निराला में से किसी एक विशेष कवि का अध्ययन करना है। डॉ. धीरेन्द्र वर्मा द्वारा सम्पादित 'सूर सागर सार' में सूर सागर के कुछ चुने हुए अंश एकत्र किए गए हैं। उस पर सम्यक् अध्ययन के लिए कुल तीन खण्ड में (10 इकाइयों) सूर के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तार से चर्चा की गई है।

जिस समय सूर ने हिन्दी साहित्य में प्रवेश किया उस समय भक्ति से सम्बन्धित रचनाएँ लिखने का बोल–बाला था, किन्तु सूर मानव–हृदय के संवेदनशील पारखी थे। उन्होंने भक्ति को आधार बनाकर जिस भाव को लिया है, उसकी ऐसी अभिव्यक्ति की है कि पाठक उसमें समय तथा आत्मविस्मृत हो जाता है। अतः उनकी कृति 'सूर–सागर' रस का ऐसा उमड़ता हुआ सागर है जिसमें भक्ति के साथ–साथ वात्सल्य एवं शृंगार की लहरें भी उच्छृंखलित तथा उद्वेलित हो रही हैं।

इन इकाइयों का अध्ययन करते हुए आप अनुभव करेंगे 'सूर–सागर' पर लिखे गए अन्य संदर्भ ग्रन्थों का अध्ययन भी करना चाहिए, जिनकी सूची प्रत्येक खण्ड के अंत में 'संदर्भ पुस्तकों' के रूप में दी गई है। ता कि आपको इस पाठ्यक्रम को समझने में सहायता मिलेगी।

इस पूरे पाठ्यक्रम में जिन तीन खण्डों के अन्तर्गत 10 इकाइयों का उल्लेख किया गया है, उनकी विषयवस्तु का विभाजन निम्नानुसार किया गया है–

खण्ड–1
1. सूरदास जीवन वृत्त एवं रचनाएँ
2. कृष्ण काव्य परम्परा एवं सूरदास
3. भ्रमर गीत परम्परा एवं सूरदास

| | | |
|---|---|---|
| खण्ड–2 | 1. | सूरदास के काव्य में अनुभूति तत्व |
| | 2. | सूरदास के काव्य में विचार तत्व |
| | 3. | सूरदास के काव्य का अभिव्यक्ति पक्ष |
| खण्ड–3 | 1. | लीला तत्व |
| | 2. | पद–व्याख्या |
| | 3. | पद–व्याख्या |
| | 4. | पद–व्याख्या |

# चतुर्थ प्रश्न–पत्र :

# सूरदास

## विशेष कवि का अध्ययन

### अनुक्रमणिका

**प्रथम खण्ड : सूरदास : व्यक्तित्व एवं कृतित्व**

| | | |
|---|---|---|
| इकाई–1 | सूरदास – जीवन वृत्त और रचनाएँ | 10 |
| इकाई–2 | कृष्ण काव्य परम्परा और सूरदास | 36 |
| इकाई–3 | भ्रमर गीत परम्परा और सूरदास | 65 |

**द्वितीय खण्ड : सूरदास का काव्य सौंदर्य**

| | | |
|---|---|---|
| इकाई–1 | सूरदास के काव्य में अनुभूति–तत्व | 95 |
| | 1. वात्सल्य–वर्णन | 98 |
| | 1. श्रृंगार–वर्णन | 103 |
| | 3. प्रकृति–वर्णन | 116 |
| इकाई–2 | सूरदास के काव्य में विचार–तत्व | 124 |
| | 1. प्रेम–विवेचन | 125 |
| | 1. भक्ति–विवेचन | 130 |
| | 3. लोक–विवेचन | 137 |
| इकाई–3 | सूरदास के काव्य का अभिव्यक्ति–पक्ष | 146 |
| | 1. कल्पना और अलंकार–विधान | 148 |
| | 1. दृष्टिकूटक और वाग्वैदग्ध | 156 |
| | 3. छंद और भाषा | 164 |

**तृतीय खण्ड : लीला तत्व एवं महत्वपूर्ण व्याख्या**

| | | |
|---|---|---|
| इकाई–1 | लीला तत्व | 178 |
| इकाई–2 | पद–व्याख्या | 211 |
| इकाई–3 | पद–व्याख्या | 240 |
| इकाई–4 | पद–व्याख्या | 271 |

# इकाई–एक
# सूरदास–जीवन वृत्त और रचनाएँ

**इकाई की रूपरेखा**

1.1 उद्देश्य
1.2 प्रस्तावना
1.3 सूरदास जीवन वृत्त
  1.3.1 जीवन वृत्त का आधार
  1.3.2 अन्तः साक्ष्य
  1.3.3 ब्राह्य साक्ष्य
  1.3.4 आधुनिक सामग्री
  1.3.5 पुष्टि मार्ग का स्वरूप और–सूरदास
  1.3.6 सूरदास जी की रचनाएँ
  (सूर सारावली, साहित्यलहरी, सूरसागर)
1.4 इकाई सारांश
1.5 अपनी प्रगति जाँचिए
1.6 नियत कार्य
1.7 चर्चा तथा स्पष्टीकरण के बिन्दु
1.8 संदर्भ ग्रन्थ
1.9 वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर

## 1.1 उद्देश्य

1. महाकवि सूरदास के विषय में अनेक ग्रंथों का प्रणयन हुआ है और पर्याप्त विश्लेषण भी हो चुका है किन्तु उनके जीवन और साहित्य के विषय में इतने विभिन्न मत अस्तित्व में आए हैं कि इस विषय में कुछ भी दृढ़ता पूर्वक कहना दुष्कर प्रतीत होता है। फिर भी विभिन्न मतों का अध्ययन करने के पश्चात् सूरदास के जन्म स्थान, जन्म तिथि, जाति–वंश, अन्धत्व, नामकरण, शिक्षा–दीक्षा तथा मृत्यु के विषय में जो जानकारी उपलब्ध हुई है वह प्रस्तुत इकाई में वर्णित की गई है।
2. सूरदास जी द्वारा रचित विशद साहित्य अपने आप में अनूठा है। लेकिन समसामयिक इतिहास ग्रंथों में उनके साहित्य का कोई विशेष उल्लेख नहीं मिलता है। अतः पुस्तकालयों में सुरक्षित पुस्तकों के आधार पर उनके साहित्य का निर्णय लिया गया है। सूर साहित्य का संक्षिप्त परिचय तथा उनके प्रमाणिक ग्रंथ सूर सारावली, साहित्य लहरी तथा सूर सागर के विषय में विस्तृत जानकारी प्रदान करना प्रस्तुत इकाई का उद्देश्य है।

## 1.2 प्रस्तावना

भक्त प्रवर सूरदास भक्तिकाल की सगुण धारा के कृष्णभक्त कवि हैं। वे वल्लभाचार्य के शिष्य थे तथा अष्टछाप के कवियों के सर्वप्रमुख थे। भक्ति के क्षेत्र में वल्लभाचार्य का साधना मार्ग 'पुष्टि मार्ग' के नाम से जाना जाता है। वल्लभाचार्य के पुष्टि मार्ग में दीक्षित होने से पहले सूरदास एक 'संत' थे

जो सभी उपासना पद्धतियों, भक्ति प्रणालियों को समान भाव से देखते थे। भक्ति के साथ–साथ सूर ने वात्सल्य एवं माधुर्य, भाव की रचनाएँ भी की थीं जो हिन्दी साहित्य की अनुपम निधि है।

## 1.3 सूरदास–जीवन व त्त

भक्ति काल को हिन्दी साहित्य का स्वर्णयुग कहा जाता है। इस काल के कवियों में सूर का नाम बड़े गौरव के साथ लिया जाता है। सभी भक्त कवियों में आराध्य के प्रति समर्पण भाव विशेषतः दिखाई देता है। समर्पण में भक्त व्यक्तित्व पूरी तरह अपने आराध्य में निःशेष हो जाता है। अन्य भक्त कवियों की भांति सूर के जीवन वृत्त के विषय में भी उनके काव्य से कोई सहायता नहीं मिलती क्योंकि उन्होंने अपने विषय में कुछ भी कहने की आवश्यकता नहीं समझी। सूर के जीवन चरित्र को जानने के लिए भी अनेक किवदन्तियों का सहारा लेना पड़ता है।

### 1.3.1 जीवन वृत्त का आधार–

सूर के सम्बन्ध में प्राप्त सामग्री के दो रूप हो सकते हैं: (1) अन्तःसाक्ष्य (2) बाह्य साक्ष्य। अंतः साक्ष्य के अंतर्गत उनके आत्मविषयक कथन आते हैं, जो उनके पदों में यत्र–तत्र उपलब्ध होते हैं लेकिन निश्चित तिथियों के उल्लेख के अभाव में ये कथन हमारे अधिक सहायक नहीं हो सकते क्योंकि–दैन्य भाव प्रेरित सभी भक्त कवियों के आत्म प्रवन्चना एवं आत्म भर्त्सना सम्बन्धी पद एक से मिलते हैं। जिनके आधार पर उनके भौतिक जीवन की कल्पना करना उनके जीवन के प्रति घोर अन्याय करना होगा। अतः साक्ष्य के रूप में केवल उन्हीं पदों को प्रस्तुत करना तर्क–संगत एवं समीचीन होगा जिनमें किसी प्रकार की विश्वसनीयता हो।

### 1.3.2 अन्तः साक्ष्य–

(1) सूर के स्वलिखित पद (2) उनके काव्य में निहित अंतर्वृत्तियाँ

(1) अन्तः साक्ष्य के रूप में सूरकृत सूरसारावली एवं साहित्य लहरी के एक–एक पद प्रस्तुत किए जा सकते हैं–

(1) गुरुपरसाद होत यह दरसन, सरसठ बरस प्रबीन।
शिव विधान तप करयौ बहुत दिन, तउ पार नाहिं लीन।।

(सूरसारावली)

इन पंक्तियों के आधार पर यह निष्कर्ष निकाला जाता है कि– सूरसारावली की रचना के समय सूरदास की आयु 67 वर्ष की थी किन्तु इस स्थल के प्रसंग और इन दोनों पंक्तियों को साथ–साथ रखने में यह अर्थ नहीं निकलता है। उपर्युक्त पद की दूसरी पंक्ति का अर्थ है कि महा प्रभु वल्लभाचार्य के दर्शनों के पूर्व अपने जीवन के प्रारंभिक भाग में वे शिवोपासक थे। सूर–शैव–विधानों के अनुकूल तप करते हुए अनेक वर्ष व्यतीत कर चुके थे किन्तु उन्हें तृप्ति नहीं हुई थी। महाप्रभु वल्लभाचार्य से भेंट करने के समय सूरदास अवश्य ही अधिक आयु के रहे होंगे। उस समय उनकी आयु 67 वर्ष हो सकती है।

**(2) मुनि–पुनि रसन के रस लेख।**
**दसन गौरी नन्दन की लिखि, सुबल सबत देख।।**
**नन्दनन्दन मास छै तै, हीन तृतीया बार।**
**नन्दनन्दन जन्म ते हैं, बान सुख आगार।**
**तृतीया ऋक्ष, सुकर्म जोग, विचारि सूर नवीन।**

**नन्दनन्दन दास हित, " साहित्य लहरी लीन।". (साहित्य लहरी)**

मुनि 7, रसन 0, रस 6 गौरी पुत्र गणेश के दाँत 1 अर्थात् 1607 में सुबल शिव संवत अर्थात् कल्याणकारी संवत् देखकर नंद नंदन (माधव) वैशाख मास के शुक्ल पक्ष में छह से हीन (अक्षय तृतीया) को कृष्ण के जन्मदिन (बुधवार) से पंचबाण–पाँचवे दिन, तृतीय कृतिका नक्षत्र और सुकर्मा योग विचर कर नवीन शैली में 'साहित्य लहरी' की रचना की। अतः यह कहा जा सकता है कि संवत् 1627 तक सूरदास अवश्य जीवित थे।

डॉ. राम कुमार वर्मा ने अपने हिन्दी साहित्य के आलोचनात्मक इतिहास में अंतः साक्ष्य पर विचार करते हुए लिखा है– "यदि हम सूर सारावली और साहित्य लहरी का रचनाकाल एक ही मानें, जैसा कि बहुत संभव है, क्योंकि दोनों पुस्तकें सूर सागर के बाद ही बनें तो संवत् 1607 में सूरदास जी की आयु 67 वर्ष की रही होगी अर्थात् उनका जन्म सम्वत् 1540 में हुआ होगा। जितना अंतर सूरसारावली और साहित्य लहरी के रचनाकाल में होगा इतना ही अंतर जन्म संवत् में पड़ जाएगा। किन्तु अनुमानतः यह कहा जा सकता है कि दोनों के रचनाकाल में अधिक अंतर नहीं हो सकता। अतः सूरदास जी के पदो के अनुसार उनका जन्म संवत् 1540 अथवा इसके आस–पास ही ठहरता है।

### 1.3.3 बाह्य साक्ष्य–

बाह्य साक्ष्य के रूप में अधिगत सामग्री में सबसे अधिक महत्वपूर्ण पुष्टिभार्गीय साहित्य तथा वार्ता साहित्य हैं, जिसमें सूर का उल्लेख हुआ है। इनमें भक्तमाल (नाभादास), चौरासी वैष्णवन की वार्ता (गोकुलनाथ), वल्लभ दिग्विजय (यदुनाथ), भक्तनामावली, भक्त विनोद, नागर समुच्चय आदि ग्रंथों का नाम महत्वपूर्ण हैं।

**पुष्टि मार्गीय साहित्य–**

**'भक्तमाल' में सूर विषयक पद प्राप्त हैं–**

**उक्ति, चोज, अनुप्रास वरन, अस्थिति अतिभारी।**
**वचन, प्रीति, निर्वाह अर्थ, अद्भुत तुक धारी।**
**प्रतिबिम्बित रिति दिष्टि ह्रदय में लीलाभासी।**
**जनम करम गुन रूप सबै रसना परकासी।**
**विमल बुद्धि गुन और की, जो वहगुन श्रवननि धरै।**
**सूर कवित सुन कौन कवि जो नहि सिर चालन करै।**

इस पद में सूरदास जी की जन्मान्धता तथा कवित्व वैशिष्ट्य का ही उल्लेख है। उपर्युक्त पद से सूरदास के जन्म के विषय में कोई सहायता नहीं मिलती है।

ध्रुवदास कृत 'भक्त नामावली' में भी सूरदास जी का अत्यंत संक्षिप्त उल्लेख है। जिससे किसी निष्कर्ष पर नहीं पहुँचा जा सकता।

महाराज रघुराज सिंह ने अपनी 'राम रसिकावली' में सूर के विषय में विस्तार से लिखते हुए उन्हें जन्मान्ध माना है। उनके अनुसार सूर उद्धव के अवतार थे।

मियाँ सिंह ने अपने 'भक्त विनोद में' सूरदास के जीवन चरित्र पर विस्तृत प्रकाश डाला है तथा उनके पूर्वजन्म का उल्लेख करते हुए उन्हें कृष्ण का परम मित्र माना है।

**वार्ता साहित्य–**

वार्ता साहित्य में सूर सम्बन्धी जो उल्लेख मिलते हैं वे विशेष रूप से विचारणीय हैं। वार्ता साहित्य में गोस्वामी गोकुल नाथ जी कृत चौरासी वैष्णवन की वार्ता अधिक महत्वपूर्ण है। चौरासी

वैष्णवन की वार्ता के अन्तर्गत सूरदास की वार्ता में प्रसंग 1,2,3,4 एवं 5 में सूरदास जी के जीवन पर प्रकाश डाला गया है। वार्ता के प्रारम्भ में कहा गया है कि–

एक बार महाप्रभु वल्लभार्चाय जी बहुत दिनों के पश्चात् अडैल से आगरा और मथुरा के बीच पधारे। यहीं पर बहुत से सेवकों के साथ सूरदास जी रहा करते थे। जब उन्हें आचार्य जी के आगमन की सूचना मिली तो वे उनके दर्शनार्थ गए। उन्होंने सूर को भगवत–यश–वर्णन करने का आदेश दिया। प्रभु के महत्व और अपने दैन्य को लक्ष्य कर नयन विहीन सूर ने–

"हौं हरि सब पतितन को नायक" तथा

"प्रभु हौं सब पतितन को टीकौ" पदों की मधुर ध्वनि के साथ अपनी वीणा के तारों में स्पन्दन भरा। वे भक्ति मानसरोवर के तट तक तो पहुँच चुके थे किन्तु किसी अनुभवी आचार्य के निर्देश की अपेक्षा रखते थे। क्योंकि स्वयं उसमें निमग्न होने में हिचकते थे। संभवतः इसीलिए महाप्रभु ने उनसे कहा– सूर है के ऐसे काहे को घिघियात, कहु भगवद् लीला वर्णन करि।

आचार्य जी के सम्पर्क ने सूर की जीवन धारा को ही परिवर्तित कर दिया। उन्होंने स्नानादि से निवृत्त होकर तत्काल ही महाप्रभु से गुरुमंत्र लिया और पुष्टि मार्ग में दीक्षित होकर अपने समस्त दोषों का निवारण कर नवधा भक्ति की प्राप्ति की। जिसके फलस्वरूप उन्हें दिव्य दृष्टि प्राप्त हुई तथा वे प्रभु की समस्त लीलाओं के दर्शन का आस्वाद पाने में समर्थ हुए। भागवत् के दशम स्कन्ध सुबोधिनी के मंगलाचरण की प्रथम–कारिका का पाठ करते समय तत्क्षण ही उनके भक्ति रस पूरित कंठ से गीत की मधुर धारा बह निकली–

**"चकई री चलि चरन सरोबर जहाँ न प्रेम वियोग।"**

सचमुच वे उस चरण सरोवर पर पहुँच गए जहाँ निःसार होकर भी संसार, संसार है, बन्धन है पर बाधक नहीं, स्पन्दन है किन्तु हलचल नहीं, द्वन्द्व का अनुभव होता है किन्तु निर्द्वन्द्वता के साथ।

महाप्रभु को विश्वास हो गया कि सूर अब वास्तव में सूर हो गए और इसका प्रमाण भी उन्हें मिल गया जब उन्होंने पद गाया–

**"ब्रज भयो महर के पूत, जब यह बात सुनी।"**

इसके पश्चात् आचार्य जी ने सूरदास जी के सब सेवकों और शिष्यों को पुष्टि मार्ग में दीक्षित कर लिया।

दूसरी वार्ता में महाप्रभु द्वारा सूरदास का यथावत दीक्षित करने का संकेत है। श्री गोकुल के दर्शन मात्र से ही उनके हृदय में भगवान की बाललीला का स्फुरण हुआ और उन्होंने इस पद की रचना की–

"सोभित कर नवनीत लिए... ।"

श्रीनाथ जी के दर्शन कर मानो सूर को भगवान का साक्षात्कार हो गया। अब भगवच्चरण त्यागकर वे भला कहाँ जाएँ ? अब तक संसार के प्रलोभनों ने उन्हें बहुत नचाया। अब हौ नाच्यौ बहुत गुपाल।" पद इसका प्रमाण है।

तीसरी वार्ता में सूरदास जी की अकबर से भेंट का उल्लेख है। चौथी वार्ता में चौपड़ के खेल का वह रूपक दिया गया है जो उन्होंने अपने साथियों को सुनाया था। पाँचवी वार्ता में उस समय की घटनाओं का उल्लेख है जब सूरदास जी बीच–बीच में गोवर्द्धन से गोकुल और नवनीत प्रिय जी के दर्शन के लिए आते थे।

छठे प्रसंग में सूरदास जी के अंतिम समय का वर्णन है। अन्त समय में सूरदास जी नित्य लीला और कलात्मक लीला के स्थान पारसोली में आये और श्रीनाथ जी की ध्वजा को दण्डवत कर ध्वजा की ओर मुख करके लेट गए, परन्तु उनके अन्तः करण में महाप्रभु श्री विट्ठलनाथ जी के दर्शन की अभिलाषा बनी रही। उनके साक्षात्कार पर सूरदास ने– " देखो–देखो हरि जू कौ एक सुभाए।" पद गाया। जब किसी ने उनसे नेत्रवृत्ति के विषय में प्रश्न किया तो 'खंजन ... रूप रस मानो' पद गाया और इसके पश्चात् उन्होंने अपनी इह लीला समाप्त कर दी।

यद्यपि इन वार्ता प्रसंगों में सूरदास जी के जीवन चरित की कुछ झाँकियाँ अवश्य मिलती हैं तथापि वे उनके धार्मिक विश्वास एवं भक्तिभावना का ही विशेष परिचय देती हैं, तिथि निर्धारण में उपयोगी सिद्ध नहीं होती। कुछ ऐतिहासिक तथ्य अवश्य सामने आते हैं परन्तु वे भी स्वतंत्र रूप से विशेष महत्व नहीं रखते। जैसे सूरदास जी की गौघाट पर महाप्रभु वल्लभाचार्य जी से भेंट हुई परन्तु वह कौन–सा सन्–संवत् था ? उस समय सूर की आयु क्या थी ? यह स्पष्ट नहीं हो सका ।

वार्ता साहित्य के अंतर्गत निजवार्ता तथा श्री हरिराय जी की भाव प्रकाश टीका भी सम्मिलित है।

निजवार्ता में सूरदास जी का संक्षिप्त उल्लेख है। चौरासी वैष्णवन की वार्ता के अतिरिक्त "भाव प्रकाश" का वर्णन उल्लेखनीय है।

**भाव प्रकाश–**

श्री हरिराय जी रचित भाव प्रकाश का समय संवत् 1647 से 1772 तक है। इससे प्रतीत होता है कि भाव प्रकाश सूरदास जी से लगभग 100 वर्ष पश्चात् लिखी गई। सूरदास जी की वार्ता में हरिराय जी ने पहले तो सूरदास जी के लीला स्वरूपों का वर्णन है और बताया है कि सूरदास जी ठाकुर जी के अष्ट सखाओं में से कृष्ण सखा हैं और स्वामी जी की सखियों में चम्पकलता सखी है। इसके बाद जीवन चरित विस्तार से लिखा है। आपके अनुसार सूरदास जी का जन्म दिल्ली के निकट सीही ग्राम में (जो जनमेजय के यज्ञस्थान के निकट है ) एक निर्धन सारस्वत ब्राह्मण के यहाँ हुआ था। सूरदास जी जन्मान्ध थे। उनके नेत्रों के गड्ढे भी नहीं थे। वे अपने पिता के चौथे पुत्र थे। जन्मान्ध पुत्र की उत्पति से निर्धन ब्राह्मण को बड़ा कष्ट हुआ और वह उसे आपत्ति के रूप में ही मानने लगा। छः वर्ष की आयु में चूहे द्वारा ले जाई गई दो मुहरों का पता बताने के कारण सूरदास के माता–पिता बड़े चमत्कृत हुए और पुत्र से प्रेम करने लगे। परन्तु सूरदास जी द्वारा मुहर बताने हेतु यह शर्त थी कि वे इसके पश्चात् घर में नहीं रहेंगे, चार कोस दूर एक तालाब किनारे रहने लगे। वहाँ जब उन्होंने एक ब्राह्मण जमींदार की खोई हुई गायें बताकर चमत्कृत कर दिया तो उस जमींदार ने उसी गांव में तालाब किनारे पीपल के वृक्ष के नीचे एक झोपड़ी बना दी। वे इसी झोपड़ी में रहकर सगुन बताने लगे। कुछ ही दिनों में उनके अनेक सेवक हो गए और झोपड़ी के स्थान पर अच्छा घर बन गया।

इसके अतिरिक्त कुछ और भक्ति साहित्य हैं जिसमें सूरदास जी का उल्लेख मिलता है वे निम्नलिखित हैं–

1. **बल्लभ दिग्विजय–**

इस ग्रंथ की रचना 1658 में गोस्वामी बिट्ठलदास जी के छठे पुत्र श्री यदुनाथ जी द्वारा की गई। वल्लभ वंश वृक्ष में यदुनाथ जी का जन्म 1615 लिखा है अतः वे सूरदास जी के समसामयिक ठहरते हैं। इसमें सूरदास जी का उल्लेख इस प्रकार है–

**ततोऽलर्कपुरे समागता। तत्रावसे कृते,**

**ततो ब्रजसमागमने सारस्वतसूरदासोऽनुग्रहीतः।**

अर्थात् आचार्य पाद इसके अनन्तर अलर्कपुर (अडैल) आये, वहाँ कुछ दिन निवास किया और फिर ब्रज यात्रा में सारस्चत सूरदास पर अनुग्रह किया।

2. **संस्कृत वार्तामणिमाला–**
इसके रचयिता श्रीनाथ भट्ट तैलंग ब्राह्मण थे। इनके अनुसार सूरदास जी प्राच्य ब्राह्मण थे और जन्मान्ध थे। वल्लभाचार्य जी से उनकी भेंट अडैल (अरिल्ल) गांव में हुई। उसी समय इनकी गणना विद्वान, कवियों और उच्चकोटि के गायकों में थी।

3. **अष्ट सखामृत–**
इसके प्रणेता प्राणनाथ कवि हैं। जो वृन्दावन के निवासी थे। इसमें उल्लखित वर्णन के अनुसार सीही ग्राम के एक सारस्वत ब्राह्मण वंश में जन्म लेने वाले तथा आचार्य के प्रिय शिष्य सूरदास जी एक प्रख्यात भक्त थे। वे यद्यपि चक्षुहीन थे तथापि उनके आंतरिक चक्षु खुले हुए थे।

4. **सम्प्रदाय कल्पद्रुप–**
विट्ठलनाथ भट्ट ने 1729 में इस ग्रंथ की रचना की थी। इसमें महाप्रभु वल्लभाचार्य तथा श्री गोसाई जी की जीवन घटनाओं का वर्णन है। इस ग्रंथ की रचना इन्होंने कृष्णगढ़ के राजा मानसिंह के लिए की थी किन्तु इसमें उल्लखित तिथियों की प्रामाणिकता में भी संदेह है।

5. **धौल–**
जमुनादास कृत यह ग्रंथ गुजराती भाषा में है। इन्होंने सूरदास जी का जीवन चरित पद्यबद्ध किया है। यह हरिराय जी कृत 'भावप्रकाश' टीका पर ही आधारित है।

6. **भावसंग्रह–**
यह संग्रह द्वारिकेश जी का किया हुआ है। इसमें सूरसंबंधी उल्लेख इस प्रकार हैं– " सो सूरदास जी श्री आचार्य जी महाप्रभु ते दस दिन छोटे हते। लीला में उनकी स्वरूप कृष्ण सखा, चम्पकलता सखी, श्री जी के वाक को स्वरूप, गिरिराज के चन्द्र सरोवर द्वार के अधिकारी, स्वामी की छाप, सारस्वत ब्राह्मण, सीही–ग्राम के वासी।"

7. **वैष्णवाह्निक पद–**
गोस्वामी गोपिकालंकार जी इसके रचयिता हैं। जो जतीपुरा के निवासी थे। इन्होंने सूरदास जी के जन्म के विषय में लिखा है कि संवत् 1535 में वे वैशाख–शुक्ल 5 में उत्पन्न हुए थे।

### 1.3.4 आधुनिक सामग्री

सूर सम्बन्धी आधुनिक सामग्री के दो स्वरूप हैं–(1) इतिहास ग्रंथों में तथा (2) आलोचनात्मक प्रबन्धों में। इतिहास ग्रंथों का आधार खोज रिपोर्ट तथा कुछ प्राचीन ग्रंथ हैं। खोज सम्बन्धी कार्य करने वाली तीन संस्थाओं के नाम उल्लेखनीय हैं– (1) काशी की नागरी–प्रचारिणी सभा (2) ब्रज साहित्य मण्डल (3) और हिन्दी विद्या पीठ। इनके द्वारा किए गए अन्वेषणों में सूर की रचनाओं पर तो काफी प्रकाश डाला गया है किन्तु उनके जीवन पर नहीं। जहाँ तक इतिहास ग्रंथों का प्रश्न है उनमें प्रारंभिक ग्रंथों में सूरदास के जीवन सम्बन्धी आलोचनात्मक विवरण का अभाव ही है केवल जनश्रुतियों अथवा प्राचीन अप्रमाणिक ग्रंथों के आधार पर ही सूर सम्बन्धी उल्लेख मिलता है।

आचार्य रामचन्द्र शुक्ल का हिन्दी साहित्य का इतिहास डॉ. रामकुमार वर्मा का 'हिन्दी साहित्य का आलोचनात्मक इतिहास' तथा' डॉ. हजारीप्रसाद द्विवेदी का 'हिन्दी साहित्य' इस विषय में विशेष रूप

से विचारणीय है। आचार्य शुक्ल ने सूर के जीवन वृत्त के विषय में लिखा है–

"हमें सूरदास का जो थोड़ा सा परिचय चौरासी वैष्णवों की वार्ता में मिलता है उसी पर संतोष करना पड़ता है।"

"शुक्ल जी ने माना कि सूरदास जी सं. 1580 में वल्लभाचार्य जी के शिष्य हुए। सूरसारावली को प्रमाणिक मानते हुए उसे लिखते समय उन्होंने उनकी आयु 67 वर्ष मानी है।"

डॉ. रामकुमार वर्मा ने अपने हिन्दी साहित्य के आलोचनात्मक इतिहास में सूर जीवन सम्बन्ध ी प्राप्त समस्त सामग्री का उल्लेख किया है परन्तु उन्होंने न तो उसकी प्रामाणिकता और अप्रामाणिकता पर विचार किया और न ही किसी निर्णय पर पहुँच सके हैं।

डॉ. हजारी प्रसाद द्विवेदी ने अपने हिन्दी साहित्य में इस विषय पर विशेष विवेचन किया है। उन्होंने वार्ता साहित्य के आधार पर ही सूरदास जी के जन्म एवं अन्धत्व के विषय में लिखा है–

"सूरदास जी का प्राकृतिक शोभा और रूप वर्णन को देखकर अधिकांश विद्वान यह नही मानना चाहते कि वे जन्मान्ध थे। उनके कुछ पदों में यह ध्वनि अवश्य मिलती है कि सूरदास जी अपने को जन्म का अन्धा और कर्म का अभागा कहते हैं। पर सब समय इसके अक्षरार्थ को ही सही नहीं मानना चाहिए। यह मानसिक ग्लानि की अवस्था में कहीं हुई बात है जिसमें अपनी हीनता को अतिरंजित करने की प्रवृत्ति काम करती है।"

उपर्युक्त विवेचन से स्पष्ट होता है कि अपनी कीर्ति–ज्योति से दिग्विजय को समुद्भासित करने वाले इस अन्ध कवि की जीवनी अन्धकार में ही तिरोहित है। अंतःसाक्ष्य के रूप में उपस्थित किए जाने वाले पदों में केवल दो ही पद ऐसे हैं जिनमें काल प्रमाण का उल्लेख है लेकिन ऐसे पदों के आध ार पर किसी कवि की जीवन की घटनाओं का अनुमान लगाना उचित नहीं कहा जा सकता। किसी प्राचीन ग्रंथ या अन्यत्र बाह्य–साक्ष्य के रूप में प्रस्तुत किए जाने वाले ग्रंथों में भी उनके जीवन की निश्चयात्मकता का प्रतिपादन नहीं होता। ऐसी स्थिति में कोई आलोचक किसी विशेष मापदण्ड को लेकर कवि के उन उद्गारों को अपने अनुमान की पुष्टि का आधार बना सकता है लेकिन यह कवि की मधुर भावधारा में कटुता उत्पन्न करने का प्रयास ही कहा जा सकता है।

**जन्म स्थान–**

गोपाचल, मथुरा प्रांत में कोई ग्राम, रुनकता तथा सीही सूरदास जी के जन्म स्थान के रूप में माने जाते हैं। गोपाचल और गोपाद्रि ग्वालियर के पुराने नाम हैं। 'साहित्य लहरी' के वंश परिचय वाले पद में सूर के पिता का निवास स्थान गोपाचल माना गया है। स्व. डॉ. पीताम्बर दत्त बड़थ्वाल ने ग्वालियर का नाम गोपाचल सिद्ध किया है और इसे सूर का जन्म स्थान माना है।

कवि मियाँ सिंह कृत 'भक्त विनोद' में सूर की जन्मभूमि के विषय में लिखा है कि–

**" मथुरा प्रांत विप्र कर गेहा। भो उत्पन्न भक्त हरि नेहा।।"**

इस पद में किसी स्थान विशेष का उल्लेख नहीं है।

डॉ. रामचन्द्र शुक्ल ने अपने 'हिन्दी साहित्य के इतिहास' में सूर का जन्म स्थान रुनकता लिखा है। डॉ. श्यामसुन्दर दास ने भी अपने ग्रंथ 'हिन्दी भाषा और साहित्य' में सूर की जन्म भूमि रुनकता लिखी है। रुनकता को सूर का जन्म स्थान मानने की भ्रांति का कारण संभवतः सूरदास जी का गौघाट पर रहना है। रुनकता आगरा से मथुरा जाने वाली सड़क पर एक छोटा सा गांव है।

वार्ता साहित्य के अनुसार सूर का जन्म स्थान सीही है। 'भावप्रकाश' में भी हरिराय जी ने सबसे पहले सूरदास जी का जन्म स्थान दिल्ली से चार कोस दूरी पर सीही ग्राम बताया था। श्री

हरिराय जी के समय तक महाकवि सूरदास जी की पर्याप्त प्रसिद्धि हो चुकी थी। संभवतः इसीलिए उन्होंने उनका सम्पूर्ण जीवन वृत्त लिखना आवश्यक समझा।

गोकुल नाथ जी के समकालीन प्राणनाथ कवि ने भी अष्टसखामृत में सूर का जन्म स्थान सीही ही माना है।

दिल्ली के आस–पास इस सीही–ग्राम का आज कहीं पता नहीं है। दिल्ली–मथुरा सड़क पर वल्लभगढ़ के निकट सीही नाम का एक ग्राम है। यहाँ सूर सम्बन्धी कोई स्मारक तो अब नहीं है लेकिन वहाँ के लोगों में यह जनश्रुति प्रचलित है कि महाकवि सूरदास का जन्म उसी सीही ग्राम में हुआ था।

वर्तमान सीही को सूरदास जी का जन्म स्थान मान लेने पर कवि मियाँ सिंह का मत भी तर्क संगत लगता है। अतः सूरदास जी का जन्म स्थान सीही ही ठहरता है।

**जन्म तिथि–**

वार्ता साहित्य में सूरदास जी की जन्मतिथि के संबंध में कोई स्पष्ट उल्लेख नहीं है। पुष्टि सम्प्रदाय की मान्यता के अनुसार सूरदास जी वल्लभाचार्य जी से आयु में 10 दिन छोटे थे। आचार्य जी का जन्म संवत् 1535 की वैशाख कृष्ण 10 उपरांत 11 रविवार निश्चित है। अतः सूरदास जी की जन्मतिथि संवत् 1535 की वैशाख सुदी 5 मंगलवार हुई। भक्ति साहित्य के अन्य लेखों से भी इसी तिथि की पुष्टि होती है। श्री वल्लभाचार्य जी के वंशज श्रीगोपिकालंकार मट्टू जी महाराज ने एक पद में सूर की जन्म तिथि का उल्लेख किया है–

**"प्रगटे भक्त शिरोमणि राय।**
**"माधव शुक्ल पंचमी ऊपर, छट्ट अधिक सुखदाय।।"**

श्री द्वारकेश जी के भावसंग्रह और श्री गोकुल नाथ जी के निजवार्ता में भी इस तिथि की पुष्टि होती है। श्रीनाथ द्वारे में सूरदास जी का जन्मोत्सव श्रीवल्लभाचार्य जी के जन्मोत्सव से दस दिन पश्चात् मनाया भी जाता है।

प्रारंभ में मिश्र बंधुओं ने अनुमान से सूर का जन्म संवत् 1540 लिखा है, फिर सभी विद्वानों ने उसी को मान्य किया।

कुछ लेखकों ने अन्तः साक्ष्य के आधार पर सूर का जन्म संवत् 1535 ही निश्चित किया है। श्री वल्लभाचार्य जी के विषय में अभी तक 'वल्लभ दिग्विजय' ही प्रामाणिक है और उसमें उनका जन्म संवत् 1535 ही माना गया है इसलिए सूर की जन्म तिथि भी वैशाख शुक्ल 5 मंगलवार संवत् 1535 ही मानी जाएगी।

**जाति तथा वंश परिचय–**

सूरदास की जाति के संबंध में बहुत वाद–विवाद हुआ है। सूरदास ने स्वयं जाति–पांति के संबंध में उदासीनता प्रकट की है।

वार्ता साहित्य के आधार पर सूरदास जी को सारस्वत ब्राह्मण माना जाता है। इसकी पुष्टि इस तथ्य से होती है कि दिल्ली के आस–पास सारस्वत ब्राह्मण ही रहते हैं। सूरदास जी जैसे महाकवि के संबंध में उच्च जाति की कल्पना स्वाभाविक भी लगती है। लेकिन गोकुलनाथ कृत 'चौरासी वैष्णवन की वार्ता में सूर की जाति का उल्लेख न होने के कारण कुछ संदेह अवश्य होता है।'

सूरदास जी की रचनाओं में उनके ब्राह्मण होने का आभास भी नहीं मिलता बल्कि ब्राह्मण न होने के कुछ अप्रत्यक्ष साक्ष्य अवश्य मिल जाते हैं। उन्होंने अपने सम्पूर्ण काव्य में कहीं भी बाह्मणों की स्तुति प्रशंसा नहीं की है। श्रीधर अंगभंग प्रसंग में 'श्रीधर बॉभन करम कसाई' के साथ आरम्भ करके

उन्होंने विप्रत्व का तनिक भी आदर नहीं किया।'

यह भी प्रश्न उठता है कि यदि सूरदास जी ब्राह्मण नहीं थे तो किस जाति के थे। सूर के संबंध में कहा जाता है कि सीही ग्राम से जब वे चार कोस की दूरी पर रहने लगे, तब वहाँ उनके पास, आवश्यक वैभव, शिष्य, सेवक और गाने बजाने का सब प्रबंध हो गया था। भक्ति का उदय होने पर उन्हें उस जीवन से विरक्ति हुई और वे उसका पश्चाताप बहुत दिनों तक करते रहे और ये विरक्तिपरक पद उनके दैन्य, विनय और शील को ही प्रकट करने वाले हैं। अतः उनके पदों को आधार मान उनकी जाति या वंश का अनुमान लगाना उचित नहीं ।

**अन्धत्व–**

सूर नेत्र विहीन थे इस विषय में भी विद्वानों में मतभेद हैं। कुछ विद्वानों की सम्मति में सूर जन्मान्ध थे किन्तु अन्य विद्वानों के अनुसार वे अपने जीवन के वार्धक्य में अंधे हुए थे। सूर के अंधे होने के संदर्भ में कई अन्तः साक्ष्य मिलते हैं–

(1) सूरदास अंध अपराधी, सो काहे विसरयौ।।

(2) ऐसो अंध अधम अविवेकी खोटनि करत खेर।।

(3) जन्म अंध दृग ज्योति विहीन।।

(4) दोऊ नेत्र करि हीन ब्रजवासी।।

सूर स्वयं को अंधा कहते हैं और प्रभु की शरण चाहते हैं। वे प्रार्थना करते हैं कि आगामी जीवन में उन्हें मानव शरीर प्राप्त हो और युगल दर्शन के अभिलाषी दोनों नेत्र मिलें जिनसे वे भगवान की लीला देख सकें। इससे यह निश्चित है कि सूर इस जीवन में नेत्र विहीन थे।

यह प्रश्न है कि सूर अंधे हैं तो उपमा आदि अलंकारों द्वारा प्राकृतिक सामग्री लेकर मानव भावनाओं, चेष्टओं और पनघट आदि की घटनाओं का सजीव वर्णन कैसे कर सकते हैं। अन्तःसाक्षियाँ तो उनके अंधे होने का समर्थन करती हैं।

प्रश्न यह भी उठता है कि यदि सूरदास जन्म से अंधे नहीं थे तो सूरसागर लिखने के पश्चात् वे अंधे हुए या इसके बीच में या इसके पूर्व ? चौरासी वैष्णवन की वार्ता में इसका उत्तर मिलता है– सूर सागर आचार्य से मिलने के पश्चात् ही लिखा गया और आचार्य जी से मिलने के पूर्व ही सूरदास वार्ता प्रसंग एक के अनुसार सूर नाम से प्रख्यात हो चुके थे अतः सूरसागर की रचना से पूर्व वे अंधे हो चुके थे। यह तथ्य उन विद्वानों के अनुमान का भी खण्डन कर देतां है, जो यह कहते हैं कि सूर अंधे थे तो उन्होंने आचार्य वल्लभ और श्रीनाथ के दर्शन कैसे किए ? वार्ता साहित्य में सूर अपने साथियों से चौपड़ के खेल में लीन मनुष्यों को देखकर कहते हैं कि ""देखों वह प्रानी कैसो अपनो जमारो खोवत है।' यदि वे अंधे थे तो चौपड़ कैसे देख सके?

जो लेखक यह समझते हैं कि केवल आँख वाले गोलकों से दृश्य बोध होता है अन्यथा नहीं। इनके लिए यह भी तर्क प्रस्तुत किया गया है कि क्या अंधा शब्द नहीं सुनता? क्या शब्द सुनकर दृश्य दर्शन, पदार्थ ज्ञान नहीं होता ? एक इंद्रिय के न रहने से सभी इंद्रियाँ तो नष्ट नहीं हो जाती? फिर सूर गोटों की आवाज, पौ आदि पड़ने के शब्द को सुनकर अथवा अपने शिष्यों से जानकर क्या चौपड़ खेलने का अनुमान नहीं लगा सकते?

यह बात भी स्मरणीय है कि जन्मान्ध व्यक्तियों के अन्तःकरण के नेत्र उन्मीलित हो जाते हैं और वे अंतर्जगत से बाह्य जगत का साक्षात्कार करने लगते हैं और अपनी क्रियाओं से चक्षुष्मान व्यक्तियों को भी आचश्र्य चकित कर देते हैं। फिर सूर तो सूर थे। भगवान का सान्निध्य प्राप्त कर चुके

थे। प्रकाशमय आराध्य में विलीन होकर स्वयं तेजोमय हो चुके थे फिर उनके लिए संसार में कोई वस्तु कैसे अप्रकाशित रह जाती। सूर सागर में लिखी गई ये पंक्तियाँ भी उनके अंधत्व को स्पष्ट करती हैं–

**किन तेरो गोविन्दनाम धरयो।**
**साँदीपनि के सुत तुम ल्याये, जब विद्या जाय पढ़यौ।।**
**सुदामा की दारिद्र तुम काटी, तन्दुल भेंटि धरयौ।।**
**द्रुपद सुता की लाज तुम राखी, अम्बर दान करयौ।।**
**जब तुम भये लेवा देवा के दाता, हम सूँ कछु न सरयौ।।**
**सूर की विरियाँ निठुर होई बैठे, जनम अन्ध करयौ।।**
**सूर की जन्मान्धता के विषय में उनके दो पद द्रष्टव्य हैं–**
**हरि बिन संकट में को काको।**
**कोटि–कोटि तुम पतित उधारे, कहहूँ कवन कहाँ को।**
**रहौ जात एक पतित जनम को, कौ आँधरो सूर सरा को।। (सूरनिर्णय)**

**0 0 0**

**नाथ मोहि अबकी बार उबारौ।**
**तुम नाथन के नाथ सुनामी, दाता नाम तिहारौ।।**
**करम हीन जन्म को आँधौ, मोते कौन न कारौ (सूर निर्णय)**

अतः इतिहास पुष्ट प्रमाणों के अभाव में सूर को जन्मान्ध ही स्वीकार करना चाहिए।

**नामकरण–**

सूरदास का वास्तविक नाम सूरदास था जिसके साक्ष्य स्वयं सूरसागर तथा चौरासी वार्ता में मिलते हैं। अपने काव्य में उन्होंने सूरदास और सूर का ही सर्वाधिक प्रयोग किया है। अनेक पदों में सूर और सूरदास के साथ श्याम, स्वामी, प्रभु का भी व्यवहार हुआ हैं। कुछ पदों में सूरज और सूरजदास छापों का भी प्रयोग मिलता है। किन्तु ऐसे पदों की संख्या कम है। कहीं–कहीं सूर–सुजान और सूर–सरस का प्रयोग भी मिलता है।

जहाँ तक सूरदास के प्रारंभिक नाम का प्रश्न है, संभव है कि वह सूरजदास ही रहा होगा। सूरदास की अधिकतर रचनाओं में सूर और सूरदास नामों का ही अधिक प्रयोग किया गया है। लोक में भी यही दो नाम सूरदास जी के लिए प्रचलित हैं। महाप्रभु वल्लभाचार्य भी उन्हें 'सूर' नाम से ही पुकारते हैं। गोस्वामी विट्ठलनाथ जी उन्हें सूरदास कहते थे। इससे स्पष्ट है कि सूरदास महाकवि के प्रचलित और लोकप्रिय नाम रहे हैं।

**शिक्षा–दीक्षा और ज्ञान–**

सूरदास का काव्य उनकी उच्च शिक्षा, विस्तृत अनुभव, लौकिक विषयों के गंभीर और सूक्ष्म ज्ञान तथा गंभीर आध्यात्मिक चिंतन का प्रत्यक्ष प्रमाण हैं। काव्य कला की भाँति संगीत का भी गंभीर ज्ञान सूरदास को था; इसका प्रमाण उनके रचे हुए पदों में विभिन्न रागरागिनियों में मिलता है।

सूरदास उच्च कोटि के भक्त थे। वार्ता ग्रन्थों के अनुसार सूरदास से महाप्रभु बल्लभाचार्य की भेंट 1509–10 ई. में हुई थी। बल्लभाचार्य जी से भेंट होने के पूर्व से ही वे विरागी और संभ्रांत भक्त के रूप में भगवद् भजन करते हुए गऊघाट पर रहते थे। उस समय उनकी आयु लगभग 32 वर्ष की थी। उस समय भी पद रचना और संगीत में पर्याप्त निपुण थे। वे इतने विज्ञ और अनुभवी थे कि तीन चार दिन में उन्होंने श्रीमद्भागवद् और 'सुबोधिनी' का भाव हृदयांगम कर लिया और तत्संबंधी आशु

पद रचना कर महाप्रभु को प्रभावित किया।

इतना विस्तृत ज्ञान और अनुभव सूरदास को कहाँ से प्राप्त हुआ, यह जानने का कोई साधन उपलब्ध नहीं है। गोस्वामी हरिराय जी भी इस विषय में मौन हैं। उनके विचार से तो सूरदास पूर्वजन्म के उच्च संस्कार लेकर पैदा हुये थे और दैवीप्रेरणा से ही वे इतने सिद्ध हो गए थे। इसमें संदेह नहीं कि काव्य और संगीत के गुण उनमें जन्मजात थे तथा प्रकृति ने ही उन्हें बुद्धि और विवेक प्रचुर मात्रा में दिया था। तथापि उन्होंने शिक्षा और ज्ञान प्राप्त करने के लिए उचित अवकाश और अवसर प्राप्त किया होगा।

यद्यपि महाप्रभु वल्लभाचार्य उनके दीक्षा गुरु थे और उन्हें वे अपने इष्ट देव श्री कृष्ण के ही समान पूज्य भाव से देखते थे तथापि अपने गुरु–स्थान पर प्रतिष्ठित उनके पुत्र गोस्वामी विट्ठलनाथ के प्रति भी उनके मन में उतना ही आदर था।

दार्शनिक वादों के संबंध में उनका दृष्टिकोण पण्डितों जैसा नहीं था और न उन्होंने अपने काव्य में दार्शनिक विचारों का प्रतिपादन या विवेचन किया है फिर भी भक्ति–भाव के प्रकाशन के प्रसंगों से विदित होता है कि उन्हें तत्कालीन दार्शनिक सिद्धांतों का यथार्थ ज्ञान था। अपने सम्प्रदाय की भक्तिभावना का जैसा विशद और व्यावहारिक रूप उनके काव्य में मिलता है वैसा कदाचित अन्यथा दुर्लभ है।

**गोलोक वास–**

सूर के गोलोक वास के संबंध में भी बहुत अधिक मतभेद हैं। उनकी तिथि संवत् 1620 से 1642 के बीच माना जाता है। मिश्र बन्धुओं ने सूर का निधन संवत् 1620 माना है। आचार्य रामचन्द्र शुक्ल ने भी उनकी आयु 80–82 वर्ष तथा मृत्यु संवत् 1620 में ही होने का अनुमान किया है। सूर निर्णय के लेखकों ने इस प्रश्न पर पर्याप्त विचार किया है और अन्तः साक्ष्य तथा बाह्य साक्ष्य के आधार पर संवत् 1640 के बाद तक सूर की उपस्थिति सिद्ध की है जो युक्तियुक्त प्रतीत होती है। वार्ता साहित्य के अनुसार सूरदास जी के समय गोसाईं बिट्ठलनाथ जी जीवित थे। गोसाईं जी का परलोक वास, फाल्गुन कृष्णा सप्तमी संवत् 1642 को हुआ। साम्प्रदायिक साहित्य से भी यही सिद्ध होता है कि गोसाईं विट्ठलनाथ जी का निधन संवत् 1642 में ही हुआ क्योंकि इसके पश्चात् कोई ऐसा कार्य नहीं जिस पर उनके व्यक्तित्व की छाप हो। अतः सूरदास जी का देहावसान 'परासोली' में संवत् 1640 के लगभग मानना ही अधिक समीचीन होगा।

## 1.3.5 पुष्टिमार्ग का स्वरूप और सूरदास

श्री बल्लभाचार्य जी द्वारा पुष्टि मार्ग की स्थापना की गयी। श्रीमद्भागवत के द्वितीय स्कंध के दशम अध्याय के चतुर्थ रत्नीक में 'पोषणं तदनुग्रहः' कहा गया है, जिसका अर्थ है कि "भगवान के अनुग्रह को ही पोषण या पुष्टि कहते हैं।" इसलिए इस मत का नाम 'पुष्टि' रखा गया है। अतः वल्लभाचार्य जी ने अपने पुष्टि सम्प्रदाय के नामकरण की प्रेरणा श्रीमदभागवत से प्राप्त की। भगवान के अनुग्रह से ही भक्त के हृदय में भक्ति का उदय होता है इसलिए भक्त को अपना सबकुछ भगवान को ही समर्पण करना पड़ता है। जिससे भगवान के प्रति अनन्यता हो सके, वही पुष्टि मार्ग कहलाता है।

आचार्य वल्लभ द्वारा प्रवर्तित पुष्टि मार्ग भाव साधना का मार्ग है। यह माहात्म्य ज्ञान पूर्वक सुदृढ़ प्रेम का मार्ग है। आचार्य जी ने विशुद्ध प्रेम को ही शुद्ध पुष्टि कहा है। प्रेमाशक्ति की प्राप्ति होती है। इसे ही मधुरा भक्ति भी कहते हैं। मधुरा भक्ति में शुद्ध प्रेम का ही महत्व होता है।

माधुर्य भाव की पुष्टि के लिए कतिपय आसक्तियों को विशेष मान्यता प्रदान की गई है, जिनमें–स्वरूपासक्ति, लीलासक्ति एवं भावासक्ति प्रधान हैं। भगवद्नुग्रह से ही इन आसक्तियों की अनुभूति होती है। भावासक्ति की अवस्था को ही माधुर्य–भक्ति का जाग्रत रूप कहा जा सकता है, क्योंकि इसी अवस्था को प्राप्त भक्त हृदय की समस्त भावनाओं का एकीकरण मात्र प्रभु चरणों के साथ पूर्ण अनन्यता के साथ हो पाता है। प्रभु चरणों में सर्वात्मभाव से आत्म–निवेदन कर ये भक्त कृतार्थ होकर परमानन्द की प्राप्ति करते हैं। भावासक्ति की अवस्था में विशुद्ध प्रेम रूप 'शुद्ध पुष्टि' का उदय होता है। शुद्धपुष्टि को आचार्य ने 'स्वाधीना' अथवा 'स्वतन्त्र' भक्ति कहा है–

**"कृष्णाधीनां तुमर्यादा स्वाधीना पुष्टि रूच्यते।"**

तात्पर्य यह है कि स्वाधीना स्वतन्त्र भाव सम्पन्न भक्त योगी की भांति भाव बल से लीलात्मक कृष्ण रूपों को आविर्भूत कर लीलास्वाद करता है। लीलात्मक ब्रह्म के प्राकट्य से पूर्व भक्त को पूर्ण–धर्मी विप्रयोगात्मक सुख की अनुभूति होती है। तीव्र विरहानुभूति में भक्त की भौतिक देह प्रेम–भक्ति योग से चिन्मय हो जाती है। इसी प्रकार सूर काव्य में विरह एक काव्यानुभूति नहीं एक भाव साधना है। डॉ. त्रिपाठीजी के शब्दों में– "यह विरह रसात्मक और आनन्दमय है। यह विरह सर्वोपमर्दी है और इस दशा में भक्त में सर्वात्मभाव उत्पन्न होता है– विशेषकर विरह दशा में जहां सर्वत्र प्रिय का ही दर्शन होता है।" इस दशा में भक्त को परमानन्द स्वरूप लीलामय कृष्ण के दर्शन होते हैं, यही भक्ति का चरमफल है।

इस फल का आस्वादन गोपियाँ कृष्ण रस क्रिया शृंगार रस के रूप में करती हैं। वल्लभाचार्य ने कृष्ण रस के दो भेद माने हैं– धर्म सहित और केवल। धर्म सहित का आस्वादन संभोग में और केवल का आस्वादन लीलाओं में होता है। इसी को आचार्य जी ने शुद्ध पुष्टि अथवा विशुद्ध प्रेम की तन्मय अवस्था माना है। इसी स्थिति का नाम व्यमन है। सूरदास जी की आस्था इसी में है। डॉ. त्रिपाठी जी के शब्दों में– "सूर सागर का रस महारस है, कृष्ण रस है–

सूर स्याम की रूप महारस जाकै बल काहू न डरै; (पद सं. 2253) यह महारस प्रेम रस ही है और इसी के अन्तर्गत विरह भी रस रूप ही है।" भागवत् की भांति यह भक्ति सूर के लिए साधन न होकर साध्य है। भगवान् की लीला सुनने सुनाने से प्रेम भक्ति की प्राप्ति होती है–

**'जो यह लीला सुने सुनावै, सूर सो प्रेम भक्ति को पावै।'**

सूर ने वल्लभाचार्य के निर्देशानुसार प्रभु अनुग्रह को ही प्रेमाभाक्ति का साधन माना है और स्पष्ट शब्दों में कहा है– प्रभु अनुग्रह के बिना भगवान् की प्रेमाभक्ति नहीं मिलती, मैंने सब शास्त्रों में इस बात की खोज की है–

**'प्रेम भक्ति बिन कृपा न होई, सब शास्त्र में देखे जोई।'41**

**इसीलिए वे भगवान् से उनकी कृपा और प्रेमाभक्ति की याचना करते हैं–**

**'नाथ कृपा हम पर कीजै, भक्ति आपनी हमको दीजै।'42**

**सूरदास ने प्रेम की सिद्धि के लिए विरह की अनिवार्यता व्यक्त की है–**

**'विरह बिनु नाहिन प्रीति की खोज'**

**तथा–'ऊधौ विरहौ प्रेम करै।'43**

सूरदास शुद्ध प्रेम का स्वरूप प्रतिपादित करते हुए कहते हैं–

**'जा दिन स्याम मिले सोई नीकौ।'**

माधुर्य भक्ति की प्रतिनिधि गोपियाँ कृष्ण में इतनी तल्लीन हैं कि उद्धव द्वारा प्रतिपादित ज्ञान–योग–साधन उन्हें निरर्थक प्रतीत होते हैं ... वे उनका मजाक उड़ाती हैं। डॉ. हरवंशलाल शर्मा का मत है– 'सूर ने ज्ञान–योग, यज्ञ, पूजा आदि की अपेक्षा माधुर्य भक्ति की श्रेष्ठता प्रतिपादित की है। गोपियों की इन्द्रियों के व्यापार कृष्ण की रूप माधुरी के आस्वादन और सरस लीला में लग चुके हैं, इसलिए सूर उन्हें विषय विमुख कर विरक्ति का उपदेश नहीं देते, प्रत्युत उसके महत्व का ही प्रतिपादन करते हैं।

इस विवेचन एवं सम्प्रदाय सम्मत सिद्धांत के आधार पर यह कहा जा सकता है कि– सूर की भक्ति शृंगार भाव या माधुर्य भाव की है। वात्सल्य, दास्य एवं सख्य आदि माधुर्य में ही अन्तर्भुक्त हैं। प्रेम एक मूल भाव है, इसकी अनन्यता सूर की गोपियों में देखी जाती है, तभी तो वे उद्धव से कहती हैं–

**ऊधौ मन माने की बात।**
**दाख छुहारा छाँड़ि अमृत फल विषकारा विष खात।**
**0 0 0**
**सूरदास जाको मन जासों ताकों सोइ सोहात।।45**

**सही उत्तर चुनकर लिखिए–**

**वस्तुनिष्ठ प्रश्न**

1. **सूरदास जी शिष्य थे–**
   (1) वल्लभाचार्य के (2) विट्ठल नाथ जी के
   (3) हरिराय जी के (4) चैतन्य महाप्रभु के
2. **'मुनि पुनि रसन के लेख' पद लिया गया है–**
   (1) सूर सागर से (2) साहित्य लहरी से
   (3) सूरसारावली से (4) भ्रमर गीत से
3. **हरिराय जी द्वारा रचित ग्रंथ है–**
   (1) वल्लभ दिग्विजय (2) अवर सखाम त
   (3) भाव प्रकाश (4) भाव संग्रह
4. **'गुरुपरसाद होत यह दरसन' पद है–**
   (1) सूर सागर (2) साहित्य लहरी
   (3) भ्रमर गीत (4) सूरसारावली

## 1.3.6 सूरदास की रचनाएँ

वार्ता साहित्य अथवा सूर के सम–सामयिक इतिहास ग्रंथों में उनकी रचनाओं के संबंध में कोई उल्लेख नहीं मिलता है। वार्ता साहित्य में सूर के सहस्रावधि पदों अथवा असाक्षात् रूप से सवा लाख पदों की ओर संकेत अवश्य किया गया है। काशी–नागरी–प्रचारिणी सभा की खोज रिपोर्ट, इतिहास–ग्रंथ एवं पुस्तकालयों में सुरक्षित ग्रंथों के अनुसार सूर से संबंधित 25 ग्रंथ बताए जाते हैं, जिनमें बहुत से ऐसे हैं जो सूर सागर के ही अंश हैं और कुछ ऐसे हैं जो केवल टेक के ही कारण सूरकृत माने हुए हैं। आज तक इस प्रकार के जिन ग्रंथों का पता चलता है वे निम्नलिखित हैं–

(1) सूरसारावली (2) भागवत भाष्य

(3) सूररामायण
(4) गोवर्धन लीला (सरस लीला)
(5) भँवर गीत
(6) प्राण प्यारी
(7) सूरसाठी
(8) सूरदास के विनय आदि के स्फुट पद
(9) एकादशी महात्म्य
(10) साहित्य लहरी
(11) दशम स्कन्ध भाषा
(12) मान–लीला
(13) नाग लीला
(14) दृष्टिकूट के पद
(15) सूर पचीसी
(16) नल दमयन्ती
(17) सूर सागर
(18) सूर सागर सार
(19) राधा रस केलि कौतूहल
(20) दान लीला
(21) व्याहलो
(22) सूर शतक
(23) सेवा फल
(24) हरिवंश टीका (संस्कृत)
(25) राम जन्म

इनमें से कुछ प्रकाशित और कुछ अप्रकाशित हैं। द्वारकादास परीख और प्रभुदयाल मीतल द्वारा अपने 'सूरनिर्णय' में सूरदास की सात रचनाओं को प्रमाणिक माना है, जिसमें– सूरसारावली, साहित्य लहरी, सूरसागर, सूरसाठी, सूरपचीसी, सेवाफल और सूरदास के विनयादि के स्फुट पद आते हैं।

डॉ. दीन दयाल गुप्त, द्वारिका दास पारीख एवं प्रभुदयाल मीतल ने हरिवंश टीका, एकादशी महात्म्य, नलदमयंती और रामजन्म को अप्रामाणिक तथा अन्य ग्रंथों को सूरसागर के अंतर्गत माना है। संभवतः गोस्वामी हरिराय जी के समय तक सूर के सभी पदों का संकलन पुस्तक के रूप में नहीं हो पाया था अन्यथा हरिराय जी उन ग्रंथों का उल्लेख अवश्य करते।

आधुनिक विद्वानों ने भी सूर की तीन रचनाएँ सूर सारावली साहित्य लहरी और सूर सागर को ही प्रमाणिक माना है। वार्ता साहित्य में सूर साहित्य के विषय में दो उक्तियाँ प्राप्त होती हैं– हरिराय जी रचित सूरदास जी की वार्ता में– "सूरदास जी ने सहस्रावधि पद किए हैं ताको सागर कहिये जो जगत में प्रसिद्ध भये।" इसी वार्ता में 60वें पृष्ठ पर लिखा है "और सूरदास जी ने ठाकुर जी के लक्षावधि पद किए हैं।" एक लाख पदों के विषय में सूरसारावली में भी उल्लेख हैं–

**"ता दिन ते हरि लीला गाई एक लक्ष पद बंद,**
**ता को सार सूरावली गावत अति आनंद।"**

किन्तु आधुनिक अनुसंधानों के फलस्वरूप केवल 8–10 हजार पद ही प्राप्त हो सके हैं। 'हिन्दी भाषा और साहित्य' में डॉ. श्याम सुन्दरदास ने केवल छह हजार पदों का ही उल्लेख किया है। श्री परीख और श्री मीतल ने सूर के पदों की संख्या 93350 निश्चित की है। लेकिन और भी उनके लीला संबंधी अनेक पद माने हैं। अनुमानतः उनकी संख्या सवा लाख से ऊपर पहुँचती है।

यदि पदबन्द का अर्थ पदों के बन्द (कड़ियाँ) समझा जाए और एक पद में दस कड़ियाँ मानी जाए तो दस हजार पदों में एक लाख बन्द हो जाते हैं।

यहाँ सूरकृत मुख्यतः तीन कृतियों सूर सारावली, साहित्य लहरी एवं सूर सागर का संक्षिप्त वर्णन प्रस्तुत करना उचित होगा।

## सूरसारावली–

सारावली की रचना विक्रम संवत् 1602 में हुई है। सूर के लेखकों द्वारा सूर सारावली की

प्रामाणिकता पर विस्तृत रूप से विचार किया गया है जिससे यह स्पष्ट होता है कि यह रचना सूर कृत ही है। इसमें प्राप्त आत्मकथन एवं कवि छापों से भी इसकी पुष्टि होती है।

वास्तव में सूर सारावली सूरदास जी की ही रचना है। इसके नाम के कारण (सारावली) कुछ आलोचकों को यह भ्रांति हुई है कि यह सूरसागर का सारांश या भूमिका है। सारावली के विषय वस्तु से ही यह स्पष्ट है कि यह ग्रंथ होली गान के रूप में लिखा गया है। यह एक स्वतंत्र रचना है जिसमें 1107 पद हैं। इस प्रकार की रचनाओं की भक्त कवियों में परम्परा भी रही है।

सूरसारावली की कोई हस्तलिखित प्रति अभी तक प्राप्त नहीं हो सकी है परन्तु राधाकृष्णदास ने सबसे पहले इसे छपवाया था।

सूरसारावली की विषय वस्तु–

**"अविगत आदि अनन्त अनूपम अलग पुरुष अनिवाशी,**
**पूरण ब्रह्म प्रकट पुरुषोत्तम नित निज लोक विनाशी।"**

पद से इस ग्रंथ की रचना प्रारंभ होती है। इस सम्पूर्ण ग्रंथ में होली खेलने का वर्णन किया गया है। पद संख्या 17, 35, 309, 359, 726 और 1100 इस संदर्भ में विशेष रूप से उल्लेखनीय है। इसी होली के रूपक में सृष्टि की उत्पत्ति का मनोरम वर्णन है। प्रभु की जो शाश्वत लीला प्रकृति के कण–कण में अभिव्यक्त होकर इस विशाल ब्रह्माण्ड में व्यापक रूप में प्रकट हो रही है वही उनके विभिन्न अवतारों में मनुष्यों के सामने उनके अपने रूप में भी कभी–कभी दिखाई दे जाती है। प्रकृति के सूक्ष्मतम अवयव से लेकर महानतम अवयव में यह चरितार्थ हो रही है।

वृंदावन में कालिन्दी के तट पर मनोरम प्राकृतिक वातावरण में गोपिकाओं के बीच प्रिया के साथ विहार करते हुए 'पूर्ण ब्रह्म प्रकट पुरुषोत्तम' के हृदय में सृष्टि विस्तार करने का विचार आया और उन्होंने स्वयं पुरुष का अवतार प्रकट किया। तत्पश्चात तीन गुणों (सत्, रज्, तम) तथा इन्हीं गुणों से 28 तत्व प्रकट हुए। इन 28 तत्वों में पाँच महाभूत, पाँच सूक्ष्मभूत (पंचतन्मात्रा), चार अंतःकरण (मन, बुद्धि, चित्त और अहंकार), प्राणायाम आदि 10 प्राण (सूर ने नाग के स्थान पंर तक्षक तथा कुर्म और वृफल के स्थान पर पौंडक और शंख रखा है), राजस् तामस् सात्विक तीन प्रकार के जीवन और एक ब्रह्म की गणना है। इसके पश्चात् नारायण की नाभि से कमल और कमल से वेद–गर्भ ब्रह्मा प्रकट हुए। हरि ने ब्रह्मा को तप करने का आदेश दिया। ब्रह्मा ने 100 वर्षों तक तप किया जिससे उनके सभी पाप दूर हुए और भगवान ने उन्हें अपने धाम में दर्शन दिए और सृष्टि रचना करने की आज्ञा दी। जो होली खेलने का एक सरस प्रकार है।

ब्रह्मा के 10 पुत्र उत्पन्न हुए। ाके बाद शतरूपा और स्वयंभुव का जन्म हुआ। इसके बाद भगवान ने पृथ्वी की रक्षा करने के वारह अवतार धारण किया। फिर उन्होंने कपिल रूप में सांख्यशास्त्र का उपदेश दिया और माता देवहुति को ज्ञान देकर भव सागर से पार किया।

छन्द संख्या 36 में चौबीस अवतारों का वर्णन है। छंद संख्या 70 तक सूकरावतार, यशावतार, कपिलावतार और दत्तात्रेय का वर्णन है। छंद संख्या 71 से 82 तक ध्रुव की कथा है। इसके पश्चात् हंस, पृथु, ऋषभदेव (शंखासुर को मारकर वेदों का उद्धार करने वाले) और हयग्रीव का संक्षिप्त वर्णन है। छंद संख्या 92 से 99 तक मत्स्यावतार का वर्णन है। फिर कूर्मावतार का उल्लेख करके छंद संख्या 101 से 135 तक हिरण्यकश्यपु और प्रहलाद की कथा तथा नृसिंहवतार का वर्णन मिलता है। छंद संख्या 139 में परंशुराम अवतार का उल्लेख है। छंद संख्या 140 से 316 तक राम कथा का कुछ विस्तृत वर्णन प्राप्त होता है। छंद संख्या 318 में व्यासावतार और 319 में बुद्धावतार का वर्णन है। अवतारों के

इस वर्णन में भी सूर ने होली के महत्व को प्रदर्शित किया है।

छंद संख्या 360 से कृष्णावतार की गाथा प्रारंभ हुई है। इस गाथा में कृष्ण के जीवन से संबंधा रखने वाली प्रायः सभी बातों का वर्णन है। छंद संख्या 678 और 679 में सूर्य, शिव और दुर्गा की पूजा का वर्णन है। छंद संख्या 734 से 806 तक पाण्डवों और कौरवों के युद्ध की कथा संक्षेप में बतायी गइ है। 937 से 966 तक दृष्ट कूट पदों की सूची है। तत्पश्चात् श्याम–श्यामा की रास लीला का वर्णन है। जिसका दर्शन सूर को गुरु वल्लभाचार्य की कृपा से सिद्धि रूप में प्राप्त हुआ था। छंद संख्या 1013 से 1017 तक विविध राग–रागिनियों का परिचय दिया गया है। जिससे स्पष्ट होता है कि सूर संगीत कला के विशेषज्ञ थे। इसके बाद वसंत और होली का वर्णन प्रारंभ होता है।

छंद संख्या 1090 से लेकर 1092 तक कृष्ण कथा के गायकों, वक्ताओं और श्रोताओं के नाम दिए गए हैं। सूरदास ने लिखा है कि ब्रजमोहन के चरित्रों का गायन वेदत्रयी में है। व्यास ने उसे भागवत पुराण में लिखा है। नारायण भगवान ने यही चरित्र नारद को और बैकुण्ठ में सनकादिक को सुनाया था। व्यास ने अपने पुत्र शुकदेव को सुनाया, शुकदेव ने परीक्षित को सुनाया। नारायण ने ब्रह्मा को और ब्रह्मा ने नारद को उसका रहस्य समझाया। नारद ने व्यास को सुनाया और व्यास से पढ़कर सुखदेव ने परीक्षित को इसका उपदेश दिया। सनत्कुमार से सुनकर शेष ने सांख्यायन को भगवान की कथा सुनाई। बृहस्पिति से यह कथा मैत्रेय और उद्धव तक पहुँची।

**साहित्यलहरी–**

साहित्य लहरी सूर के उन पदों का संग्रह है जिनको दृष्टिकूट पद कहा जाता है। जो रस, अलंकार और नायिका भेद वाली रचनाशैली से सम्बद्ध है। इसमें 118 पद हैं। इस ग्रंथ की कोई प्राचीन हस्तलिखित प्रति तो नहीं मिलती किन्तु नागरी प्रचारिणी सभा की रिपोर्ट में सूरदास जी के 'दृष्टिकूट सटीक' तथा 'सूरशतक' नाम की रचनाओं का उल्लेख है।

साहित्य लहरी के विषय में डॉ. दीनदयाल गुप्त ने लिखा है कि 'साहित्य लहरी सूरदास के दृष्टिकूट पदों का ग्रंथ है जिसका संकलन सूर के ही जीवन काल में हो गया था। इसकी रचना के बाद भी सूर ने सूरसागर में दृष्टिकूट पद लिखे और उनको छाँटकर लोगों ने बाद में मूल साहित्य लहरी में मिला दिया। यह ग्रंथ यद्यपि सूरसागर का अंश कहा जा सकता है फिर भी एक स्वतंत्र ग्रंथ है। जो अपनी निजी विशेषताएँ रखता है।'

साहित्य लहरी के रचना काल के विषय में भी विभिन्न मत प्राप्त होते हैं। इस प्रसंग में पद संख्या 109 अवश्य विचारणीय है।

**मुनि पुनि रसन के रस लेख।**
**दसन गौरी नंद का लिखि सुबल संवत् देख।।**
**नन्द नन्दन मास छै ते हीन तृतीया बार।**
**नन्द नन्दन जनम ते है बान सुख आगार।।**
**तृतीय ऋक्ष सुकर्म लोग विचारि सूर नवीन।**
**नन्द नन्दन दास हित साहित्य लहरी कीन।।**

इस पद में दो बातें महत्वपूर्ण हैं। (1) रचना काल, (2) नन्द नन्दन दास हित इन दोनों विषयों में विद्वानों में मतभेद हैं। रसन का अर्थ आचार्य मुंशीराम शर्मा ने रसना के व्यापारों के आधार पर मानकर साहित्य लहरी का रचनाकाल संवत् 1627 माना है किन्तु आचार्य राम चन्द्र शुक्ल ने पुनि के स्थान पर सुनि (शून्य) मानकर संवत् 1607 निर्धारित किया है। कुछ विद्वानों ने रसन का अर्थ 1 मानकर संवत्

1617 की कल्पना की है। डॉ. ब्रजेश्वर वर्मा ने लिखा है कि इस पद से एक और संख्या निकाली जा सकती है, जैसे– मुनि–7, पुनि–7, रसन केरस–6, गौरी नन्दन को–1 अर्थात् 1677। इसी पुष्टि में उन्होंने लिखा है – यदि सूरदास के समय से इसे मिलाने का आग्रह न हो तो यह संख्या अधिक उचित है क्योंकि इसमें न तो पुनि को छोड़ा गया है और न रसन के रस को खंडित किया गया है। ऐसा मानने से स्वतः साहित्य लहरी सूर की रचना नहीं ठहरती, परन्तु साहित्य लहरी का रचना काल 1607 जितना प्राचीन भी नहीं माना जा सकता।

डॉ. हरवंश लाल शर्मा के अनुसार इस पद में संवत् 1607 का ही उल्लेख है क्योंकि मुनि का हस्तलेख में 'पुनि' पढ़ा जाना असंभव नहीं। रसन के रस लेख में तो कोई भ्रांति है ही नहीं। इस प्रकार साहित्य लहरी का रचनाकाल इस पद के अनुसार 1607 ही प्रतीत होता है। भावप्रकाश वाली 'वार्ता' के आधार पर श्री द्वारका दास परीख तथा प्रभुदयाल मीतल ने यह भी सिद्ध किया है कि जब नन्ददास ने पुष्टि मार्ग में प्रवेश किया तब वे सूरदास की संगति में छह माह तक चन्द्र सरोवर पर रहे थे और वह संवत् 1607 के आसपास ही ठहरता है।

साहित्य लहरी के विषयों में कोई तारतम्य दिखाई नहीं देता इसमें श्रीकृष्ण की बाल–लीला से संबंध रखने वाले पद हैं और नायिका भेद के रूप में राधिका के मान आदि का भी वर्णन मिलता है। इसमें वियोगिनी प्रोषित पतिका नायिका का भी वर्णन है और संयोगिनी विलासवती स्त्री का भी। इसी प्रकार स्वकीया और परकीया का भी उल्लेख मिलता है। इसी के साथ–साथ दृष्टान्त, निदर्शना, व्यतिरेक, सहोक्ति, विनोक्ति, समासोक्ति, परिकर, प्रस्तुत आदि अलंकारों का भी श्लिष्ट शब्दों में उद्देश्यपूर्ण उल्लेख मिलता है। पद संख्या 74, 75 में महाभारत की कथा के भी कुछ प्रसंग आ गए हैं। यह ग्रंथ विशेषता अलंकार तथा नायिका भेद के निरूपण में लिखा गया है।

**दृष्टिकूट–**

दृष्टिकूट पदों में यमक, श्लेष, रूपकातिशयोक्ति आदि अलंकारों के प्रयोग से अर्थ समझने में कठिनाई होती है। इसके अतिरिक्त इनमें कुछ ऐसे शब्दों का प्रयोग किया जाता है जो साहित्य में विशेष अर्थों में रूढ़ हो गए हैं जैसे– दधिसुत का अर्थ चन्द्र और शैलतनया का अर्थ पार्वती होता है। साहित्य में कुछ ऐसे शब्दों का भी प्रयोग प्राचीन काल से चला आ रहा है, जो विशेष संख्या के द्योतक हैं जैसे– विधु से 1, नयन से 2 रूद्र से 11 और संस्कार से 16 संख्या का अर्थ लिया जाता है। कभी–कभी दो–तीन शब्दों के प्रथम मध्य या अंतिम अक्षरों से नवीन शब्द रचना पर भी जाती है। साहित्य लहरी के पदों में दृष्टिकूट सम्बन्धी सभी विशेषताएँ पाई जाती हैं। यमक अलंकार का एक उदाहरण प्रस्तुत है–

**"सारंग समकर नीक नीक सम सारंग सरस बखाने।**
**सारंग बस भय, भय बस सारंग, सारंग बिसमौ मानै।।**
**सारंग हेरत उर सारंग ते सारंग सुत ढिग आवे।**
**कुंती सुत सुभाव चित समुझत सारंग जाइ मिलावै।।**
**यह अद्भुत कहवै न जोग, जुग देखत ही बनि आवे।**
**सूरदास चित समै समुझ करि, बिसई विषै मिलावै।।"**

इस पद में यमक और इसके मृग, राग, कमल आदि कई अर्थ हैं। नीक से अच्छा और अच्छा से अक्षि अर्थात् आँख का अर्थ लिया गया है। सखी कहती है कि राधा की आँखे मृग के समान और मृग आँख के समान है। उसका राग लज्जा के और लज्जा राग के वशीभूत है। लज्जा और अनुराग

दोनों उसमें समान मात्रा में हैं। पद में मध्या नायिका है और उपमानोपमेय अलंकार है।

संख्या वाचक शब्द –

**मुनि–पुनि रसन के रस लेख।**

**दसन गौरी नन्दन को लिखि सुबल संवत पेख।।**

इस पद में मुनि–7, रसना–0, रस–6, गणेश दशन–1, इसको उल्टा करके पढ़ने से 1607 अर्थात् साहित्य लहरी का निर्माण संवत् निकलता है।

**साहित्य लहरी के प्रत्येक पद में किसी न किसी अलंकार का निर्देश अवश्य है।**

**कहु सहुक्त कवि मिले सूर प्रभु प्राण रहत न तो जात (सहोक्ति)**

**सूर करत विनोक्त भूचर चरन करत पुकार (विनोक्ति)**

**सूर प्रभु वितरेक विरहनि कब देषैहे पाइ (व्यतिरेक और प्रोषित पतिका)**

**सूरस्याम सुजान सुकिया अघट उपमादाव (स्वकीया)**

**सूरज प्रभु उल्लेख सवन को है परपतनी हेरो (परकीया)**

कुछ पद कृष्ण लीला से अपेक्षाकृत अधिक संबंधित हैं पर उनका विषय राधा का प्रेम अथवा शृंगार नहीं है, जैसे पद संख्या 73 में कालियदमन का प्रसंग है जो इस प्रकार आरंभ होता है–

**कूदो कालीदह में कान।**

**रोवत चली जसोदा मैया सुनत ग्वाल मुख हान।**

यह पद करुणा रस का उदाहरण उपस्थित करता है। पद संख्या 74 एवं 75 में वीर और रौद्र रस के उदाहरण देखने को मिलते हैं–

**आज रन कोपो भीम कुमार।**

**कहत सबै समुझाय सुनौ सुत धरम आदि चित चार।। (74)**

**000**

**देखत सजो पण्डकुमार।**

**भयो सन्मुख पितामहि गहि धनुष और सरधार (75)**

**सूरसागर–**

सूरदास जी को आचार्य वल्लभाचार्य जी ने भक्ति का समुद्र तथा गोस्वामी विट्ठलनाथ जी ने पुष्टि मार्ग का जहाज कहा है। संभवतः इसीलिए उनका यह ग्रंथ सूरसागर के नाम से प्रसिद्ध हुआ। यह सूरसागर नामक ग्रंथ वास्तव में सागर है। इसमें जो जितनी अधिक गहराई में जाता है उसे उतना ही आनंद प्राप्त होता है। सूरसागर में वर्णित विषय के संबंध में सूरदास जी लिखते हैं–

**श्री मुख चारि श्लोक दिये ब्रह्मा को समुझाई।**

**ब्रह्मा नारद सों कहें, नारद व्यास सुनाई।।**

**व्यास कहे शुकुदेव सों, द्वादश कंध बनाई।**

**सूरदास सोई कहे, पर भाषा करि गाई।।**

अर्थात् भगवान ने ब्रह्मा को चार श्लोक दिए। ब्रह्मा ने वही श्लोक नारद को और नारद ने व्यास को सुनाए। व्यास ने उन्हीं श्लोकों के आधार पर द्वादश स्कंधो वाली श्रीमद भागवत का निर्माण किया और उसे अपने पुत्र शुकदेव को सुनाया। इसी भागवत की कथा को मैं भाषा के पद बनाकर गाता हूँ।

वार्ता में भी यह सूचना मिलती है कि सूरदास जी ने श्रीमदभागवत के द्वादश स्कंधों के आधार पर ही सूरसागर की रचना की। भागवत् की भाँति सूरसागर की कथावस्तु भी द्वादश स्कंधों में विभक्त

है। तथा कई स्थानों पर सूर ने भागवत के अनुसार कथा वर्णन करने की सूचना भी दी है। जैसे–

**सूर कहयौ क्यों कहि सके जन्म कर्म अवतार।**
**कह कहुक गुरु कृपा ते, श्री भागवत्ऽनुसार।। (स्कंध 2, पद 379)**
0 0 0
**तिन हेत जो जो किये अवतार।**
**कहौ सूर भागवतऽनुसार। (स्कंध 3, पद 390)**
0 0 0
**सुक ज्यौं राजा कौ समुझायौ।**
**सूरदास ज्यौं ही कहि गायौ।। (स्कंध 4, पद 398)**
0 0 0
**बरन्यौ रिषभदेव अवतार।**
**सूरदास भागवतऽनुसार।। (स्कंध 5, पद 409)**

उपर्युक्त वर्णित विभिन्न उदाहरणों में

'भागवत' अथवा शुकदेव के अनुसार कहकर गाने का उल्लेख सूरदास जी ने नवम् स्कंध में सात बार, दशमउत्तरार्द्ध और द्वादश में चार बार, तृतीय, चतुर्थ, पंचम और षष्ठ में तीन–तीन बार, दशम पूर्वार्द्ध में दो बार और प्रथम, द्वितीय, सप्तम, अष्टम और एकादश स्कंधों में कवल एक–एक बार किया है।

सूरसागर के द्वादश स्कंधों में पदों की संख्या निम्नलिखित प्रकार है–

| | | |
|---|---|---|
| विनय के पद | – | 223 |
| प्रथम स्कंध | – | 120 |
| द्वितीय | – | 38 |
| तृतीय | – | 13 |
| चतुर्थ | – | 13 |
| पंचम | – | 4 |
| षष्ठ | – | 8 |
| सप्तम | – | 8 |
| अष्टम | – | 17 |
| नवम् | – | 174 |
| दशम पूर्वार्द्ध | – | 4160 |
| दशम उत्तरार्द्ध | – | 149 |
| एकादश | – | 4 |
| द्वादश | – | 5 |

**विनय के पद–**

सूरसागर का प्रारंभ विधिवत् मंगलाचरण के एक पद से किया गया है। जिसमें करुणामय स्वामी हरि की असीम कृपा का उल्लेख करके उनके चरणों की वंदना की गई है। इससे पद में सूरदास ने अमूर्त ब्रह्म का वर्णन करके सगुण ब्रह्म के लीलागान का प्रस्ताव है। तत्पश्चात् अनेक पदों में हरि भगवान की करुणा और मनुष्यों के कर्मों की हीनता और व्यर्थता का प्रतिपादन किया गया है। इन सभी

पदों में भक्ति की याचना और उसकी महत्ता का वर्णन है। सूर के विनयपूर्ण दृष्टिकोण के कारण इन पदों को 'विनय के पद' कहा जाता है।

**प्रथम स्कंध–**

सूरसागर के प्रथम स्कंध में कुल 120 पद हैं। हरिकथा की प्रशंसा के पश्चात् केवल दो दोहों में भागवत् के अवतरण का वर्णन करके शुकदेव के जन्म की कथा वर्णित है। भागवत् में यह कथा नहीं मिलती। इस स्कंध में जहां कवि ने भक्ति और भगवती महिमा तथा संसार की असारता का वर्णन किया है वहीं पदों में लयात्मकता भी मिलती है। पूरे स्कंध की रचना भक्ति की महत्ता के प्रतिपादन के लिए की गई प्रतीत होती है। भागवत् में दिए गए अवतारों की गणना तथा भागवत धर्म के विस्तार आदि 'सूर सागर' में नहीं है।

**द्वितीय स्कंध–**

द्वितीय स्कंध का प्रारंभ शुकदेव के द्वारा सात दिन तक हरिकथा कहने के प्रस्ताव से होता है। केवल दो पदों में भगवान के विराट रूप का वर्णन है और चौबीस अवतारों की गणना तथा ब्रह्मा की उत्पत्ति का उल्लेख संक्षेप में किया गया है।

इस स्कंध में 38 पद हैं। जिनमें अधिकांश भागवत की कथा के प्रसंगों में प्राप्त भक्ति की महत्ता, नाम महिमा, हरि विमुखनिंदा, भक्ति साधन आदि विषयों पर आधारित है।

भागवत के इस स्कंध में आसन, प्राणायाम आदि का विषय विस्तार के साथ वर्णन करके आत्मा–परमात्मा के संबंध की जो आध्यात्मिक व्याख्या दी गई है वह सूरसागर में प्राप्त नहीं होती। इसी प्रकार सृष्टि की कथा का विस्तार भी सूरसागर में नहीं है।

**तृतीय स्कंध–**

इस स्कंध में 13 पद हैं जबकि भागवत के तृतीय स्कंध में 33 अध्याय हैं। इसमें अधिकांश पद चौपाई आदि वर्णनात्मक शैली के छंदों के समूह हैं। इनमें उद्धव के पश्चताप प्रकाशन के साथ आरंभ करके विदुर जन्म की कथा का वर्णन किया गया है। यह कथा भागवत में नहीं मिलती। सृष्टि की कथा अत्यंत संक्षेप में मिलती है। हिरण्यकश्यपु तथा हिरण्याक्ष की कथाएँ भी संक्षिप्त रूप में मिलती है। कपिल द्वारा माता को ज्ञानोपदेश का प्रसंग भी संक्षिप्त लेकिन कवि के भक्ति भाव से ओतप्रोत है। भागवत में प्राप्त कृष्ण की ब्रज और द्वारका की संक्षिप्त कथाएं सूरसागर में नहीं मिलती है।

**चतुर्थ स्कंध–**

इस स्कंध में भी 13 पद हैं। स्कंध का प्रारंभ दत्तात्रेय अवतार से किया गया है। इसके पश्चात् यज्ञपुरुष अवतार की कथा दी गई है। यह कथा भागवत के अनुसार है केवल शिव आहुति का प्रसंग स्वतंत्र है। ध्रुव और पृथु की कथाएं अत्यंत संक्षेप में बताई गई है। अंतिम पद में गुरु की महिमा और ज्ञान की महत्ता का आलंकारिक शैली में गायन है।

भागवत में वर्णित तत्कालीन सामाजिक परिस्थिति, ब्राह्मणों की हीनावस्था, शैवों के पतन के चित्र, ब्राह्मण भक्ति के उपदेश आदि को सूरसागर में शामिल नहीं किया गया है।

**पंचम स्कंध–**

सूरसागर का यह स्कंध और भी छोटा है इसमें केवल 4 पद हैं। जो सभी वर्णनात्मक शैली के छंद रूप में है। इनके केवल ऋषभदेव और जड़भरत की कथाओं का वर्णन है। जड़भरत के तीनों जीवनों की कथा 'भागवत' के अनुसार वर्णन करके स्कंध समाप्त किया गया है।

सूरसागर का आगामी कथा प्रसंग दानलीला कवि की तन्मयता एवं भक्तिभाव की दृष्टि से महत्वपूर्ण है। इस प्रसंग में कृष्ण दधि बेचने जाने वाली गोपियों से दधि दान मांगते हैं, तकरार होती है और अंत में गोपियों को कृष्ण की मांग पूरी करनी पड़ती है। दान लीला की गोपियों में राधा का मुख्य गोपी के रूप में कई स्थानों पर उल्लेख किया गया है। 'दानलीला' के फलस्वरूप गोपियों के मन में कृष्ण के प्रति उत्कट अनुराग पैदा हो जाता है और वे प्रेम विभोर होकर उन्मत्त की भांति आचरण करने लगती हैं। इसमें कृष्ण के साथ राधा के भी सौंदर्य का वर्णन किया गया है। अनेक पदों में सूरदास ने राधा–कृष्ण और गोपियों के प्रेम की समस्त प्रकार की अवस्थाओं का विशद चित्रण किया है। इसी प्रसंग में 'ग्रीष्म लीला' और 'लघु मानलीला' का भी वर्णन है। जो प्रेम काव्य का अत्युत्तम उदाहरण है।

इस प्रसंग के बाद राधा–कृष्ण के संयोग और रति संबंधी वर्णन हैं और फिर 'राधा का मान' के अंतर्गत राधा के रूठने, कृष्ण के मनुहार, दूती के कार्य आदि को वर्णित किया गया है।

'हिंडोल लीला' में राधा–कृष्ण के गोपियों के साथ झूला–झूलने का वर्णन मिलता है।

सूरसागर का अंतिम महत्वपूर्ण मौलिक कथा प्रसंग 'वसंत' और 'फाग' लीला है। नित्य वृंदावन का मनोहर चित्रण करके कवि ने कृष्ण और गोप गोपियों की सम्मिलित आनंद क्रीड़ा का होली के रूप में चित्रण किया है। जिसमें किसी प्रकार का संकोच नहीं रह जाता और समस्त ब्रज निर्बाध रूप से आनंद स्रोत में निमग्न हो जाता है।

दशम स्कंध पूर्वार्द्ध के अंतिम पद में संक्षेप में यह उल्लेख मिलता है कि कृष्ण अक्रूर के घर जाकर उन्हें हस्तिनापुर भेजते हैं अक्रूर वहां जाकर पाण्डवों को कौरवों से त्रस्त देखते हैं तथा कुन्ती कृष्ण की सहातया की प्रार्थना करती है।

**उत्तरार्द्ध–**

सूरसागर के दशम स्कंध उत्तरार्द्ध का प्रारंभ 'जरासंघ के द्वारका आगमन' के प्रसंग से होता है। जो केवल दो पदों में है। कृष्ण के 'द्वारका प्रवेश' के समय भी सूर ने उनका रूप चित्रण किया है।

द्वारका के शोभा वर्णन के पश्चात् रुक्मिणी के पत्र लेखन, भक्ति भाव और विवाह का वर्णन है।

प्रद्युम्न के जन्म और शंबरासुर के वध का एक पद में केवल उल्लेख मात्र किया गया है। इसी प्रकार सत्यभामा विवाह तथा अन्य पांचों विवाहों का संक्षिप्त वर्णन दिया गया है।

बलभद्र के ब्रज आगमन का वर्णन सूरदास ने अधिक रुचि से किया है।

कुरुक्षेत्र में कृष्ण और ब्रजवासियों की भेंट का वर्णन सूर ने बड़ी आत्मीयता से किया है।

**एकादश स्कंध–**

इस स्कंध में केवल 4 पद हैं। प्रथम दोनों पद छोटे एवं 'गेय' पद हैं। तीसरे पद में नारायण अवतार और चौथे पद में हंस अवतार का वर्णन है।

**द्वादश स्कंध–**

इसमें केवल 5 पद हैं जिनमें बुद्धावतार, कल्कि अवतार और कलिधर्म का निर्देश है। अंत में परीक्षित को अंत समय के लिए संतोष पूर्वक तैयार रहने तथा जनमेजय यज्ञ का उल्लेख किया गया है।

**वस्तुनिष्ठ प्रश्न–**

सही उत्तर चुनकर लिखिए–

5. **सूर सारावली के पदों की संख्या है–**

(1) 1207 (2) 1107 (3) 907 (4) 807

6. **दृष्टिकूट पदों की रचना मिलती है–**
   (1) सूर सागर में (2) सूर सारावली में
   (3) साहित्य लहरी में (4) भ्रमरगीत में
7. **सूर सागर की रचना आधारित है–**
   (1) महाभारत पर (2) पुराणों पर
   (3) रामचरित मानस पर (3) श्रीमद् भागवत पर
8. **सूर सागर में स्कंधों की संख्या है–**
   (1) 9 (2) 10
   (3) 11 (4) 12
9. **पुष्टि मार्ग का जहाज कहा जाता है–**
   (1) वल्लभाचार्य जी को (2) विट्ठल नाथ जी को
   (3) नन्ददास को (4) सूरदास को

## 1.4 इकाई सारांश

सूरदास जी के जीवन से संबंधित सभी अंतः एवं बाह्य साक्ष्यों के आधार पर उनका जन्म स्थान सीही, जन्मतिथि वैशाखशुक्ल 5 मंगलवार संवत् 1535, जन्मांध नाम–सूर अथवा सूरदास, दीक्षा गुरु आचार्य वल्लभाचार्य, मृत्यु संवत् 1640 एवं मृत्यु स्थान परासोली ही माना गया है।

सूर की तीन प्रामाणिक ग्रंथ प्राप्त होते है।– (1) सूर सारावली (2) साहित्य लहरी तथा (3) सूर सागर।

सूरसारावली की कोई हस्तलिखित प्रति प्राप्त नहीं हो सकी है, लेकिन वास्तव में यह उन्हीं की रचना है।

संवत् 1607 में रचित साहित्य लहरी अपने दृष्टिकूट पदो के लिए प्रसिद्ध है।

सूरकृत सूरसागर एक स्वतंत्र रचना है। यह भागवत का अनुवाद नहीं है। कृष्ण की ब्रज लीला के लिए आवश्यक आधार ही भागवत से लिया गया है। उसमें अनेक नवीन प्रसंगों की उद्‌भावना है। अतः भागवत का आधार लेते हुए भी सूरसागर सूर की मौलिक कृति है।

## 1.5 अपनी प्रगति जाँचिए

1. सूर के जीवन से संबंधित अंतःसाक्ष्यों का वर्णन कीजिए।
2. बाह्य साक्ष्यों के आधार पर सूर का जीवन वृत्त प्रस्तुत कीजिए।
3. सूर के जन्म स्थान एवं जन्मतिथियों के संबंध में प्राप्त प्रमाणिक एवं अप्रमाणिक तर्क प्रस्तुत कीजिए।
4. सूर के जन्म के संबंध में उल्लिखित सूर सारावली एवं साहित्य लहरी का एक–एक पद लिखिए।
5. सूर के अंधत्व से संबंधित कोई एक पद लिखिए।
6. सूरदास द्वारा रचित ग्रंथों की सूची बनाइए।
7. सूर सारावली की विषय वस्तु लिखिए।
8. दृष्टिकूट पद किसे कहते है? उदाहरण देकर समझाइए।
9. सूरसागर के सभी स्कंधों में उल्लिखित पदों की संख्या बताइए।
10. सूर सागर के दशम स्कंध का सारांश लिखिए।

## 1.6 नियत कार्य

1. अंतः साक्ष्य के रूप में उद्धृत पदों को कंठस्थ कीजिए।
2. बाह्य साक्ष्य के रूप में उपलब्ध साहित्य की सूची बनाइए।
3. सूर द्वारा रचित ग्रंथों की सूची तैयार कीजिए।
4. दृष्टिकूट पदो के चार उदाहरण कंठस्थ कर सुनाएँ।
5. सूरसागर के सभी स्कंधों के पद संख्या ज्ञात कर सूची बनाएँ।

## 1.7 चर्चा तथा स्पष्टीकरण के बिन्दु–

**चर्चा के बिन्दु–**

........................................................................................................
........................................................................................................
........................................................................................................
........................................................................................................
........................................................................................................
........................................................................................................
........................................................................................................
........................................................................................................
........................................................................................................
........................................................................................................
........................................................................................................

**स्पष्टीकरण के बिन्दु–**

........................................................................................................
........................................................................................................
........................................................................................................
........................................................................................................
........................................................................................................
........................................................................................................
........................................................................................................
........................................................................................................
........................................................................................................
........................................................................................................
........................................................................................................
........................................................................................................

## 1.8 संदर्भ ग्रन्थ/पठनीय सामग्री

1. सूरदास–रामरतन भटनागर।
2. सूर और उनका साहित्य–डॉ. हरवंश लाल शर्मा
3. हिन्दी काव्य की भक्ति कालीन साधना–सत्य देव चतुर्वेदी

4. सूर साहित्य–डॉ. हजारी प्रसाद द्विवेदी
5. भारतीय साधना और सूर साहित्य–डॉ. मुंशीराम शर्मा
6. सूरदास–डॉ. ब्रजेश्वर वर्मा
7. हिन्दी साहित्य का साहित्य–सं.डॉ. नगेन्द्र
8. सूरदास – पंडित रामचन्द्र शुक्ल
9. महाकवि सूरदास–पंडित नन्द दुलारे वाजपेयी
10. सूरदास–डॉ. हरवंश लाल शर्मा

## 1.9 वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर

(1) बल्लभाचार्य के (2) साहित्य लहरी (3) भाव प्रकाश (4) सूरसारावली (5) 1107 (6) साहित्य लहरी में (7) श्रीमद्भागवत पर (8) 12 (9) सूरदास को

# इकाई –दो

# कृष्ण काव्य परंपरा एवं सूरदास

**इकाई की रूपरेखा**

2.1 उद्देश्य

2.2 प्रस्तावना

2.3 पुराण और कृष्ण चरित्र

2.4 महाभारत में श्रीकृष्ण

2.5 पुराणेत्तर साहित्य में कृष्ण

2.6 भक्ति सम्प्रदायों में श्रीकृष्ण

2.7 सूर के कृष्ण

2.8 सूरदास और कृष्ण काव्य

2.9 इकाई सारांश

2.10 अपनी प्रगति जाँचिए

2.11 नियत कार्य

2.12 चर्चा एवं स्पष्टीकरण के बिन्दु

2.13 संदर्भ ग्रन्थ/अतिरिक्त पठन सामग्री

2.14 वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर

## 2.1 उद्देश्य

कृष्ण भक्ति साहित्य आनन्द और उल्लास का साहित्य है। इस साहित्य ने जीवन में व्याप्त जड़ता को भंग कर उसे गतिशील बनाया और उद्देश्य हीनता का दूर कर उसे लक्ष्य की ओर अग्रसर किया। जीवन की नीरसता को समाप्त कर सुषमा, सौंदर्य की ओर अग्रसर करने में कृष्ण काव्य की महती भूमिका रही है। विभिन्न पुराणों, वेदों, पुराणेत्तर साहित्य, महाभारत, श्रीमद्भागवत तथा विभिन्न संप्रदायों में कृष्ण के चरित्र का वर्णन करते हुए सूरदास द्वारा रचित उनकी विभिन्न सौंदर्यात्मक अनुभूतियों से विद्यार्थियों को परिचित कराना ही इस इकाई का उद्देश्य है। सूरदास जी के काव्य में वात्सल्य, माधुर्य, भक्तिभाव आदि का अद्भुत सौंदर्य देखने को मिलता हैं।

## 2.2 प्रस्तावना

कृष्ण का व्यक्तित्व बहुमुखी है। धर्म, इतिहास, पुराण और काव्य के क्षेत्रों में उनका बहुविध चित्रण हुआ है। वेद से लेकर भक्ति साहित्य तक की परम्परा में यह गतिशील व्यक्तित्व अनेक रूपों में वर्णित है। मध्यकालीन काव्य धारा में कृष्ण काव्य का महत्वपूर्ण स्थान है। भारतीय धर्म साधना में कृष्ण का विलक्षण व्यक्तित्व रहा है। साथ ही पुराणों में पर्याप्त कथाओं का केन्द्र होने का श्रेय भी उन्हें प्राप्त है।

## 2.3 पुराण और कृष्ण चरित्र

भारतीय इतिहास, सभ्यता और संस्कृति की दृष्टि से पुराणों का बड़ा महत्व है क्योंकि इनका संकलन विभिन्न कालों में हुआ है। ऐतिहासिक दृष्टि से ये पुराण अमूल्य निधि है क्योंकि इनमें तत्कालीन सामाजिक और धार्मिक परिस्थितियों का पूरा–पूरा मिश्रण हुआ है। संपूर्ण वैदिक साहित्य इन पुराणों में किसी न किसी रूप में आ गया है।

पुराण विदों के अनुसार पुराणों की संख्या 18 मानी गयी है। जो इस प्रकार हैं– ब्रह्म, पद्म, विष्णु, शिव, वायु, नारद, नाट्टीय, अग्नि, ब्रह्मवैवर्त, वराह, स्कन्द, मार्कन्डेय, वामन, कूर्म, भविष्य, मत्स्य, गरूड़, ब्रह्माण्ड, लिंग, श्रीमद् भागवद्। जिन पुराणों में कृष्ण कथानक की चर्चा है उनका उल्लेख यहां किया जा रहा है–

1. **ब्रह्म पुराण** – ब्रह्म पुराण में कृष्ण की कथा विस्तार पूर्वक दी गयी है। शिव और राम की कथाएँ भी है। इसके चौथे और तैंतीसवें अध्याय में ब्रह्म का विशेष रूप से उल्लेख है परन्तु सारे जगत की उत्पत्ति सूर्य के द्वारा बताई गयी है। और उसे ही सब देवताओं से अधिक महत्व दिया गया। इसकी श्लोक संख्या किसी पुराण में दस हजार और किसी में 13 हजार लिखी है।
2. **पदम पुराण** – इस पुराण में पाँच खंड है– सृष्टि, भूमि, स्वर्ग, पाताल और उत्तर खंड। पाताल खंड में श्री कृष्ण चरित्र दिया गया है। उत्तर खंड में अवतारों के वर्णन, अनेक महात्म्य और फिर कृष्ण चरित्र वर्णित है। इस पुराण में 55 हजार श्लोक हैं।
3. **विष्णु पुराण** – इसमें छः अंश है और उसके पश्चात् धर्मोतर खंड है। चौथे अंश के 15 वें अध्याय में श्री कृष्ण के जन्म का उल्लेख है और पाँचवे में श्री कृष्ण की लीलाओं का वर्णन! इसकी श्लोक संख्या 23 हजार है।
4. **शिव पुराण** – शिव पुराण सात संहिताओं में विभाजित है। इसमें साधारण रुप से कृष्ण का उल्लेख है जो प्रायः शिव भक्ति के प्रसंग में ही आया है। इसमें 24 हजार श्लोक है।
5. **वायु पुराण** – वायु पुराण के 96वें और 97वें अध्याय में श्री कृष्ण के वंश का वर्णन है।

6. **अग्नि पुराण** – अग्नि पुराण के 12वें अध्याय में कृष्णावतार की कथा दी गयी है।

7. **ब्रह्मवैवर्त पुराण** – ब्रह्मवैवर्त पुराण के आधे भाग में ब्रह्म, प्रकृति तथा गणपति खंड नाम के तीन खंड हैं तथा आधे से कुछ अधिक भाग में श्री कृष्ण जन्मखंड का पूर्वार्द्ध तथा उत्तरार्द्ध है। ब्रह्मखंड में श्री कृष्ण को परमात्मा और सारे जगत् का आधार माना है। फिर कृष्ण जन्म खंड में कृष्ण की लीलाओं का वर्णन है।

8. **ब्रह्माण्ड पुराण** – ब्रह्माण्ड पुराण के 20वें अध्याय में कृष्ण के आविर्भाव का वर्णन है।

9. **हरिवंश पुराण** – इनके अतिरिक्त हरिवंश पुराण में कृष्णावतार की कथा और विष्णु भगवान् का चरित्र है। इस पुराण की गणना उपपुराणों में ही है गोपाल कृष्ण सम्बन्धी सबसे अधिक कथाएँ हरिवंश पुराण में हैं। इस पुराण में कृष्ण के चरित्र को गोपियों के साथ संबद्ध कर लिया है। विष्णु पर्व के 128 अध्यायों में कृष्ण–जीवन की पूरी कथा दी गयी है और कृष्ण के सौंदर्य का अनेक प्रकार से वर्णन किया गया है– पूतनावध, शंकर वध, यमलार्जुन–पतन, माखन चोरी, कालिया–दमन, धेनुक वध, प्रलम्बवध, गोवर्धन धारण आदि सभी लीलाओं का इसमें विशद वर्णन है। हरिवंश पुराण में 3808 श्लोक हैं।

## 2.4 महाभारत में श्री कृष्ण

महाभारत के कृष्ण का रूप मानव जीवन को उदात्त चिन्तन और साहसपूर्ण कर्त्तव्य की प्रेरणा देता है। महाभारत के कृष्ण, ब्रज के कृष्ण के मधुर रसमय स्वरूप से नितान्त भिन्न हैं।

महाभारत के सूक्ष्म अध्ययन से ज्ञात होता है कि महाभारत काल में कृष्ण के नारायण और विष्णु रूप सर्व साधारण में स्वीकृत नहीं थे। कुछ स्थलों को छोड़कर महाभारत में कृष्ण एक उच्चकोटि के राजनीतिज्ञ क्षत्रिय योद्धा के रूप में चित्रित किये गये हैं। इसमें कृष्ण का अवतार रूप में अधिक वर्णन नहीं हुआ हैं।

महाभारत में ही भगवान कृष्ण के महान चरित्र को गहराई से देखने पर अनेक समस्याओं और संघर्षों से जूझते इस विराट जीवन के मूल में हमें उस असामान्य समस्या के दर्शन होते हैं जो मानव समाज की अति–परिचित समस्या है और वह समस्या है –नारी समस्या। नारी समस्या समाज के लिए जीवन और मृत्यु है। यह प्रायः समाज के लिए मृत्यु बनती है, इसे लेकर इसे जीवन बना पाना सम्भव नहीं होता। कृष्ण ने इसी असम्भव को सम्भव बनाया। असंभव को संभव बनाने में उन्हें जो असाधारण संघर्ष करना पड़ा वही महाभारत की कहानी है।

महाभारत के अनन्तर तो कृष्ण का रूप ही बदल गया। उनकी गणना पूर्ण अवतारों

में होने लगी। गोपाल रूप में उनकी उपासना पौराणिक काल की देन है किन्तु सभी कृष्ण विषयक पुराणों में न तो उनकी गोपाल रूप की कल्पना है और न ही उनकी लीलाओं का विशद वर्णन है। वैदिक काल में ही विष्णु की प्रधानता स्थापित हो चुकी थी। आगे चलकर उनका यह स्वरूप नर–नारायण के रूप में प्रकट हुआ जिसे वह दूसरे कल्प में वासुदेव कृष्ण के रूप में जाना गया। इस प्रकार विष्णु नारायण और वासुदेव कृष्ण एक ही शक्ति के युग विशेषों में अलग–अलग नाम हुए।

**श्रीमद्भागवत के कृष्ण**

श्रीमद्भागवत पुराण में राधा का उल्लेख नहीं है। अतः श्री कृष्ण भक्ति का सर्वश्रेष्ठ ग्रंथ श्रीमद्भागवत कहा जा सकता है। पुराणों एवं महाभारत में जितना भी कृष्ण का विवेचन हुआ है वह सब समन्वित रूप में भागवत में प्राप्त हो जाता है।

श्रीमद्भागवताकार ने कृष्ण के व्यापक स्वरूप को लिया है। सूक्ष्मता से विवेचन करने पर ज्ञात होता है कि महाभारत, गीता और श्रीमद्भागवत में कृष्ण के रूप का उत्तरोत्तर विकास होता गया है। इनमें श्री कृष्ण का रूप लोक रक्षक भी है और लोक रंजक भी।

श्रीमद्भागवत में महाभारत के सिद्धान्तों की ही व्याख्या की गयी है। निष्काम–कर्म–युक्त प्रकृति तृत्व का दोनों में विवेचन हुआ है। भक्ति के अभाव में निष्काम कर्म संभव नहीं, संभवतः यही सिद्ध करने के लिए भागवत की रचना की गयी। भागवत का मुख्य उद्देश्य भक्ति का प्रतिपादन करना ही है।

गीता और भागवत दोनों में ही भगवान श्री कृष्ण को ज्ञान, शक्ति, बल, ऐश्वर्य, वीर्य और तेज इन छः गुणों से विशिष्ट माना है।

भागवत में कृष्ण के सभी रूप आ गये है जैसे–

1. अद्भुत कर्मा असुर संहारक कृष्ण
2. बाल कृष्ण
3. गोपीविहारी कृष्ण
4. राजनीतिवेत्ता, कूटनीति विशारद श्री कृष्ण
5. योगेश्वर श्री कृष्ण
6. परब्रह्मस्वरूपश्री कृष्ण।

इस प्रकार मुख्य रूप से हम कृष्ण के तीन रूप देखते हैं–

1. महाभारत के कृष्ण
2. गीता के कृष्ण
3. भागवत के कृष्ण।

वीरत्व–विधायक स्वरूप के दर्शन महाभारत में, परब्रहम स्वरूप के गीता में और रसिकेश्वर स्वरूप के भागवत में होते हैं। भागवत में कृष्ण के सभी स्वरूपों का विवेचन हुआ है परंतु प्राधान्यता रसिकेश्वर स्वरूप की ही है।

श्रीमद्भागवत के दशम स्कंध का तो मुख्य उद्देश्य ही श्री कृष्ण के चरित्र का सांगोपांग विश्लेषण तथा विवेचन करना है। दो खंडों में विभक्त (पूर्वार्द्ध और उत्तरार्द्ध) यह स्कंध समस्त भागवत का चतुर्थांश है। भागवत का मर्मस्थल यही स्कंध है। विभिन्न परिस्थितियों के परिवर्तन से मानव हृदय को उद्वेलित करने वाले भावों के चित्रण में श्रीमद्भागवत अद्वितीय ग्रंथ है। श्री कृष्ण के जीवन चरित्र तथा गोपीजनों की श्रृंगारिक भक्ति के प्रतिपादन का भी यह एक अपूर्व ग्रंथ है।

**वस्तुनिष्ठ प्रश्न :–**

**सही उत्तरों पर (✓) चिह्न लगाइये।**

1. **पुराणों की संख्या मानी गयी है–**

   (1) 10 (2) 18

   (3) 30 (4) 40

2. **महाभारत में कृष्ण का स्वरूप है–**

   (1) कूटनीतिज्ञ (2) राजनीतिज्ञ योद्धा

   (3) प्रेमी (4) भक्त

3. **भागवत में कृष्ण का प्रधान स्वरूप है–**

   (1) बाल कृष्ण (2) गोपीबिहारी कृ ण

   (3) योगेश्वर कृष्ण (4) रसिकेश्वर कृ ण

4. **पदम पुराण्प में लोकों की संख्याँ है–**

   (1) 13 हजार (2) 23 हजार

   (3) 24 हजार (4) 55 हजार

## 2.5 पुराणेत्तर साहित्य में कृष्ण

पुराणेत्तर साहित्य में कृष्ण के चरित्र का आकलन करने के लिए इस साहित्य को तीन कालखण्डों (प्रथम, मध्य, तृतीय) में विभाजित किया जा सकता है–

**प्रथम काल**

**भास :–** कृष्ण चरित्र पर सर्वप्रथम हमें भास की नाट्यरचना प्राप्त होती है। ये कालिदास के पूर्ववर्ती नाटककार है। इन्होंने महाभारत के प्रसंगों पर पाँच नाटकों की रचना की है। उनके नाटक 'दूतवाक्यम्' में कृष्ण का राजनीतिक एवं भगवत चरित्र प्रस्तुत हुआ है।

यह एंकाकी (नाटक) है।

वेणी संहार में महाभारत के अठारह दिन के तुमुक युद्ध का चित्र है।

**माघ :–** माघ के 'शिशुपाल वध' में कृष्ण को भगवान या ब्रह्म के अवतार से संगति बैठाने का प्रथम प्रयास देखने को मिलता हे इसमें कवि कृष्ण के वीर–चरित्र अर्थात उनके महान कर्मो का गुणगान करना चाहता है, वृन्दावन के किशोर जीवन का नही। अतः उन्होंने अपने महाकाव्य का कथानक सीधे महाभारत से लिया हैं।

**मध्यकाल**

यह समय संस्कृत में महाकाव्यों, नाटकों तथा सूक्तिमुक्तक काव्यों की रचना का समय है। इस काल में कृष्ण के जीवन पर नाटक और महाकाव्य के अतिरिक्त सूक्ति–मुक्तकों की सुन्दर रचनाऐं हुई हैं। इनमें मुख्य सूक्तिकार हैं– अभिनंद, उमापतिधर, उदभट, वनमाली, महीधर, शतानन्द, शुभंकर, शुभांक, केशव देव सेन, आचार्य गोपीक, लक्ष्मण सेन देव, योगेश्वर और पुंसोक। इसी काल में 'राघवपाण्डनीय' के रचयिता कविराज ने 'रूकिमणी–हरण' पर आधारित ईहामृग नाटक की रचना की।

**अभिनन्द :–** अभिनन्द की उक्तियों में त्रिलोकीपति कृष्ण के प्रति लोक की भक्ति–भावना उजागर होती है। कवि को यह विश्वास है कि कृष्ण का अवतार संसार के उद्धार के लिए हुआ है। यही विश्वास उनकी उक्तियों में चमत्कार उत्पन्न करता है।

**उद्भट :–** 'कात्यालंकार सारसंग्रह' के रचयिता आलंकारिक उद्भट ने अपनी एक सूक्ति में गीत गाने वाले चरवाहे कृष्ण के अति सुन्दर बिम्बचित्र उपस्थित किये हैं।

**उमापतिधर :–** उमापतिधर ने अपनी कई सूक्तियों में कृष्ण के मनोहारी रूपों का वर्णन किया है। इन्होंने कृष्ण के लोकोत्तर चरित्र तथा उनके हृदय में राधा, वृन्दावन, गोप आदि के प्रति चरम अनुराग को अपने काव्य का विषय बनाया है।

**केशवदेवसेन :–** केशवदेवसेन ने कृष्ण की यौवनलीला का वर्णन किया है। जिसमें कृष्ण और राधा का उन्मुक्त प्रणय का चित्रण भक्त को आत्मविभोर कर देता है।

**आचार्यगोपीक :–** आचार्य गोपीक ने किशोर कृष्ण का कौतूहल–पूर्ण मनोहर चित्र प्रस्तुत किया है जिसमें राधा की प्रतीक्षा में पेड़ के नीचे कृष्ण की सारी रात्रि ही बीत जाती है।

**पुंसोक :–** पुंसोक की गोपी सन्देश सम्बन्धी सूक्ति परम्परागत प्रेम–परिपाटी की अभिव्यक्ति करती है। जिसमें गोपियाँ यह निश्चय नहीं कर पाती कि वे कृष्ण को क्या लिख भेजें क्योंकि कोई भी संबोधन उन्हें अपने प्रेम से न्यून दिखाई देता है।

**महीधर :–** महीधर ने बालकृष्ण की शयनलीला का वर्णन उस महिमा के साथ किया है जिस महिमा के साथ पुराणों में शेषशायी विष्णु देखे जाते हैं।

यह एंकाकी (नाटक) है।

वेणी संहार में महाभारत के अठारह दिन के तुमुक युद्ध का चित्र है।

**माघ :–** माघ के 'शिशुपाल वध' में कृष्ण को भगवान या ब्रह्म के अवतार से संगति बैठाने का प्रथम प्रयास देखने को मिलता हे इसमें कवि कृष्ण के वीर–चरित्र अर्थात उनके महान कर्मो का गुणगान करना चाहता है, वृन्दावन के किशोर जीवन का नही। अतः उन्होंने अपने महाकाव्य का कथानक सीधे महाभारत से लिया हैं।

**मध्यकाल**

यह समय संस्कृत में महाकाव्यों, नाटकों तथा सूक्तिमुक्तक काव्यों की रचना का समय है। इस काल में कृष्ण के जीवन पर नाटक और महाकाव्य के अतिरिक्त सूक्ति–मुक्तकों की सुन्दर रचनाऐं हुई हैं। इनमें मुख्य सूक्तिकार हैं– अभिनंद, उमापतिधर, उदभट, वनमाली, महीधर, शतानन्द, शुभंकर, शुभांक, केशव देव सेन, आचार्य गोपीक, लक्ष्मण सेन देव, योगेश्वर और पुंसोक। इसी काल में 'राघवपाण्डनीय' के रचयिता कविराज ने 'रूकिमणी–हरण' पर आधारित ईहामृग नाटक की रचना की।

**अभिनन्द :–** अभिनन्द की उक्तियों में त्रिलोकीपति कृष्ण के प्रति लोक की भक्ति–भावना उजागर होती है। कवि को यह विश्वास है कि कृष्ण का अवतार संसार के उद्धार के लिए हुआ है। यही विश्वास उनकी उक्तियों में चमत्कार उत्पन्न करता है।

**उद्भट :–** 'कात्यालंकार सारसंग्रह' के रचयिता आलंकारिक उद्भट ने अपनी एक सूक्ति में गीत गाने वाले चरवाहे कृष्ण के अति सुन्दर बिम्बचित्र उपस्थित किये हैं।

**उमापतिधर :–** उमापतिधर ने अपनी कई सूक्तियों में कृष्ण के मनोहारी रूपों का वर्णन किया है। इन्होंने कृष्ण के लोकोत्तर चरित्र तथा उनके हृदय में राधा, वृन्दावन, गोप आदि के प्रति चरम अनुराग को अपने काव्य का विषय बनाया है।

**केशवदेवसेन :–** केशवदेवसेन ने कृष्ण की यौवनलीला का वर्णन किया है। जिसमें कृष्ण और राधा का उन्मुक्त प्रणय का चित्रण भक्त को आत्मविभोर कर देता है।

**आचार्यगोपीक :–** आचार्य गोपीक ने किशोर कृष्ण का कौतूहल–पूर्ण मनोहर चित्र प्रस्तुत किया है जिसमें राधा की प्रतीक्षा में पेड़ के नीचे कृष्ण की सारी रात्रि ही बीत जाती है।

**पुंसोक :–** पुंसोक की गोपी सन्देश सम्बन्धी सूक्ति परम्परागत प्रेम–परिपाटी की अभिव्यक्ति करती है। जिसमें गोपियाँ यह निश्चय नहीं कर पाती कि वे कृष्ण को क्या लिख भेजें क्योंकि कोई भी संबोधन उन्हें अपने प्रेम से न्यून दिखाई देता है।

**महीधर :–** महीधर ने बालकृष्ण की शयनलीला का वर्णन उस महिमा के साथ किया है जिस महिमा के साथ पुराणों में शेषशायी विष्णु देखे जाते हैं।

**योगेश्वर :–** योगेश्वर ने अपनी गायों की रक्षा के लिए चरवाहों से युद्ध करते हुए विक्रमशाली भगवान श्रीकृष्ण का सुन्दर चित्र प्रस्तुत किया है।

**शतानन्द :–** शतानन्द ने गोवर्धनधारी भगवान श्रीकृष्ण का वह चित्र वर्णित किया है जिसमें राधा उनको गोवर्धन उठाने में सहायता करना चाहती हैं, वे अपना हाथ उठाती हैं लेकिन उनकी हथेली गोवर्धन को छू नहीं पाती क्योंकि वे कृष्ण से छोटी है।

**शुम्भकर :–** राधा–कृष्ण की प्रश्नोत्तर सम्बन्धी कुछ बहुत अच्छी सूक्तियाँ प्राप्त होती हैं। इनमें राधा के वाक्चातुर्य और कृष्ण के साथ विनोद का ललित संदर्भ प्राप्त होता है।

**शुभांक :–** कृष्ण की भुजाओं की प्रशंसा और वन्दना में भी कवियों ने सूक्तियों कही है। इन सूक्तियों में उनके पूर्व जन्म की प्रशस्ति गायी गई है।

**वत्सराज :–** वत्सराज का इहामृग नाटक रुकिमणी हरण पर आधारित है तथा यह चार अंकों में है। उस युग में क्षत्रिय राजाओं द्वारा प्रणय करने वाली राजकुमारियों का हरण किये जाने की घटना सामान्य बात थी। कृष्ण साहित्य पर भक्ति परम्परा से भिन्न पद्वति में लिखी गयी रचनाओं में वत्सराज की यह कृति लोकरूचि और समयचक्र की अच्छी यथार्थ अभिव्यक्ति करती है।

## तृतीय काल

वत्सराज के ठीक बाद से अथवा उसके समकाल में दक्षिण में कृष्ण नदी के तट पर और वंगभूमि में कृष्ण साहित्य के दो अन्य स्रष्टाओं का अभ्युदय हुआ जिनकी रचनाओं से कृष्ण–स्वरूप का वह मौलिक संदर्भ उद्भासित हुआ जिसके मधु गुंजार से न केवल संस्कृत साहित्य बल्कि समस्त भारतीय साहित्य का रूपक आज भी प्रासंगिक है।

**जयदेव :–**

जयदेव द्वारा रचित 'गीतगोविन्द' कृष्ण और राधा के प्रेम संदर्भ पर ख्याति प्राप्त रचना है। भक्ति और साहित्य दोनों क्षेत्रों में, इसकी एक समान ऊँची महिमा और आदर है। 'मध ुर–कोमल कांत पदावली' में राधा और– कृष्ण के श्रृंगार–पूर्ण संदर्भो को 12 सर्गो में प्रस्तुत कर इसे कवि ने महाकाव्य का रूप दिया है।

## लीलांशुक बिल्वमंगल –

बिल्वमंगल का ' कृष्ण कर्णामृत' महाप्रभु चैतन्य के सम्प्रदाय में अत्यंत समादृत है। इसमें तीन शतक हैं किन्तु पहले शतक को ही मूल कृति कहा जाता है। इसमें कुल 111 छंद है। कृष्ण कर्णामृत में भाव और कथ्य का वह संयोजन है जो स्पष्ट रूप से उपासना और साधना के लक्ष्य को प्रकट करता है।

## रूपगोस्वामी –

रूपगोस्वामी महाप्रभु चैतन्य दास के शिष्य थे। इन्होंने कृष्ण भक्ति पर सैद्धांतिक एवं

काव्य विधा की कई रचनाएं की हैं। उनमें उज्ज्वल, नीलमणि तथा पद्मावली कृष्ण के स्वरूप को अभिव्यक्त करती हैं।

## 2.6 भक्ति सम्प्रदायों में श्री कृष्ण

वैष्णव धर्म के प्रमुख चार संप्रदाय निम्न प्रकार है–

1. निम्बार्क संप्रदाय
2. राधा वल्लभ संप्रदाय
3. वल्लभ संप्रदाय
4. गौड़ीय(चैतन्य) संप्रदाय

**निम्बार्क संप्रदाय में कृष्ण काव्य –**

निम्बार्क संप्रदाय चार संप्रदायों में एक प्राचीन भक्ति संप्रदाय हैं। इसकी गुरू परंपरा में पहले हंस भगवान का और फिर सनकादि महर्षियों का नाम आता है। इसलिए इसे हंस संप्रदाय अथवा सनकादि संप्रदाय भी कहते हैं। इस संप्रदाय के ऐतिहासिक प्रतिनिधि निम्बार्काचार्य हुए हैं इसलिए इसका लोक प्रसिद्ध नाम निम्बार्क संप्रदाय है। इनके विषय में प्रामाणिक वृतांत उपलब्ध नहीं है। उत्तरी भारत में राधा कृष्ण की भक्ति का शास्त्रीय ढंग से प्रतिपादन निम्बार्क ने किया। बंगाल और ब्रजभूमि में इसका विशेष प्रचार हुआ।

**राधावल्लभसंप्रदाय –**

राधावल्लभीय श्री कृष्ण नित्य बिहारी रूप में प्रेमी बनकर उपास्य रूप में स्वीकार किये जाते हैं। इनकी उपासना प्रकट रूप में, नाम रूप में, भावना रूप में की जाती है। वस्तुतः इष्टदेव श्री कृष्ण है, गुरू हित हरिवंश है और निज मंत्र सहायक है। यें तीनों ही नित्य विहार के बीज है। इन तीनों का भजन करना ही संप्रदाय के अभीष्ट हैं–

**इष्ट गुरू अरू मंत्र निज, एक रूप रसखान।**
**इनको तजि औरहि भजे, सौ व्यभिचारी जन।।**

**वल्लभ संप्रदाय –**

वल्लभ संप्रदाय के कृष्ण भक्ति काव्य के प्रमुख रचनाकार आठ कवि हैं जिन्हें अष्ट्छाप के नाम से जाना जाता है वे हैं– कुम्भन दास, सूरदास, परमानन्ददास, कृष्ण दास, गोविन्द स्वामी, चतुर्भुजदास, छीत स्वामी और नन्ददास। वल्लभ संप्रदाय को सर्वाधिक लोकप्रियता इन अष्ट्छाप के कवियों के द्वारा ही प्राप्त हुई।

**गौड़ीय (चैतन्य) संप्रदाय –**

गौड़ अर्थात् प्राचीन बंगाल का कृष्णोपासक भक्ति संप्रदाय गौड़ीय संप्रदाय कहलाता है। इसके प्रवर्तक महाप्रभु चैतन्य थे। जिनके नाम पर इन्हें चैतन्य संप्रदाय भी कहते हैं।

चैतन्य भक्तों की मान्यता के अनुसार उनमें (चैतन्य महाप्रभु) भगवान कृष्ण के रसराज और भगवती राधिका के महाभाव दोनों रूपों का समावेश हुआ था अतः उन्हें राधा कृष्ण का सम्मिलित अवतार माना गया।

इस प्रकार श्रीमदभागवत् का दशम स्कंध कृष्ण चरित्र का मुख्य आधार है किन्तु कृष्ण का सर्वप्रथम उल्लेख ऋग्वेद में एक अनार्य के रूप में किया गया है। इसके पश्चात् देवकी के पुत्र के रूप में छान्दोग्य उपनिषद में भी मिलता है। कई विद्वानों का कथन है कि गोपाल कृष्ण का रूप ईसा की पहली शताब्दी के लगभग प्रतिष्ठित हुआ था। ऋग्वेद में जिस कृष्ण का वर्णन है, वे गोपालक हैं।

वासुदेव धर्म की उन्नति के साथ–साथ वासुदेव पुत्र कृष्ण की प्रतिष्ठा हुई। जिन्होंने महाभारत में विशेष रूप से भाग लिया। हापकिन्स के अनुसार महाभारत के कृष्ण ज्ञानी और योद्धा के रूप में निर्मित हुए हैं। महाभारत का दूसरा संग्रह दूसरी शताब्दी पूर्व ईसवी के लगभग हुआ। उस समय वासुदेव–धर्म के पुनरुत्थान के कारण महाभारत के कृष्ण को वैदिक देवता, विष्णु और नारायण का रूप प्रदान किया गया। महाभारत के समय ज्ञान, भक्ति और कर्म की तीन धाराएँ प्रचलित थीं। भगवान कृष्ण ने गीता में इन्हीं तीन धाराओं को केन्द्रित करने का प्रयास किया। उन्होंने योग प्राप्ति के अनेक मार्गों का वर्णन किया है परन्तु अंत में धर्म और भक्ति की श्रेष्ठता को प्रतिपादित किया है। "सर्वधर्मान् परित्यज्य मामेंक शरणं ब्रज" कहकर।

बारहवीं शताब्दी के आसपास श्रीमद्भागवत का निर्माण हुआ। यह निश्चिय रूप से नहीं कहा जा सकता कि भागवत की रचना दक्षिण में हुई या उत्तर में! परन्तु भागवत् के कृष्ण का बहुत कुछ रूप द्राविण है। इसमें कृष्ण एकान्त ब्रह्म के पद पर प्रतिष्ठित हैं। विष्णु या कृष्ण का ब्रह्म से एकत्व होना इस बात का प्रतीक है कि कृष्ण के ब्रह्म साकार रूप हैं।

हिन्दी साहित्य में कृष्ण काव्य का प्रारंभ मैथिल, कोकिल, विद्यापित से माना जाता है किन्तु उन पर संस्कृत के प्रसिद्ध कवि जयदेव का अत्यधिक प्रभाव है। अतः जयदेव से ही कृष्ण काव्य का मूल इतिहास माना जाना चाहिए। इन्होंने भागवत पुराण के आधार पर गीत गोविन्द की रचना की जिसमें कृष्ण की लीलामयी भावनाओं का वर्णन है। इसके पश्चात् विद्यापति ने जयदेव को आदर्श मानकर कृष्ण काव्य लिखना प्रारंभ किया। उनकी रचनाओं में राधा कृष्ण के जीवन का तत्व प्रेम के अतिरिक्त और कुछ भी नहीं है।

विद्यापति के पश्चात् भक्तिकाल में वल्लभाचार्य जी ने कृष्ण काव्य का विकास किया। इनकी भक्ति का आधार भी भागवत पुराण है। जिसमें भक्ति की अपेक्षा प्रेम को सर्वोपरि माना गया है। इसीलिए इनके कृष्ण का स्वरूप कोमल ही चित्रित किया गया है, कठोर नहीं।

इसी रूप को लेकर सूर ने अपनी आत्मिक भावनाओं को अपने काव्य में व्यक्त किया है। सूरदास ने रस राज के प्रत्येक अंग को स्पर्श किया है। श्रृंगार चित्रण में सूर ने रासलीला, दान–लीला, वसन्त लीला, राधा कृष्ण मिलन का अत्यंत विशद रूप वर्णित किया है।

**वस्तुनिष्ठ प्रश्न –**

**5. पुराणेत्तर साहित्य में कृ ण चरित्र का आकलन करने के लिए साहित्य को विभाजित किया गया है–**

(1) दो कालखंड़ों में (2) एक कालखंड में

(3) तीन कालखंडो में (4) चार काल खंडों में

**6. भास का नाम मिलता है–**

(1) प्रथम काल में (2) मध्य काल में

(3) तृतीय काल में (4) किसी में भी नही।

**7. काव्यलंकार सार संग्रह के रचियता है–**

(1) अभिनंद (2) उद्‌भव

(3) उमापतिधर (4) केशव देव सेन।

**8. चैतन्य महाप्रभु द्वारा स्थापित संप्रदाय है–**

(1) निम्बार्क (2) राधा वल्लभ

(3) वल्लभ (4) गौड़ीय

**9. किस शताब्दी के आसपास श्रीमद्‌भागवत का निर्माण हुआ?**

(1) दसवीं (2) बारहवीं

(3) सोलहवीं (4) बीसवीं

## 2.7 सूर के कृष्ण

महाकवि सूरदास ने अपनी कथाओं का सूत्र तो विशेष रूप से श्रीमद्‌भागवत् से तथा कहीं–कहीं अन्य पुराणों से अवश्य ग्रहण किया है, परन्तु उनके ग्रन्थ की विधि उनकी अपनी और कृष्ण–चरित्र को उन्होंने एक मौलिक रूप प्रदान किया है।

सूरसागर के प्रधान पात्र भागवत् की ही भाँति श्रीकृष्ण किन्तु भागवत् में तो लम्बे–लम्बे प्रसंगों ऐतिहासिक वर्णनों तथा अन्य विवरणों के कारण कृष्ण बहुत काल तक पाठकों की दृष्टि से ओझल रहते हैं, किन्तु सूरदास जी श्रीकृष्ण को क्षण भर भी अपनी दृष्टि से ओझल नहीं करते। वास्तव में सूरदास का सारा काव्य कृष्णमय है। यद्यपि सूरदास ने

कृष्ण के सभी रूपों पर प्रकाश डाला है। बालकृष्ण सूर–सहित्य में अद्वितीय हैं। बालकृष्ण ग्वाल बालों के सखा के रूप में अनेक प्रकार की लीलाएँ करते हैं, फिर वे ही रसिक शिरोमणि रतिनागर गोपियों के सर्वस्व बनते हैं और राधा वल्लभ के रूप में ब्रज में बिहार करतें हैं। मथुरा पहुँचने पर उनके निष्ठुर और नीरस रूप के दर्शन होते हैं। जहाँ तक श्रीकृष्ण के असुर संहारक, भक्त उद्धारक, अविनाशी अपूर्ण ब्रह्म रूप का प्रश्न है, सूर ने भागवत् की ही भाँति उन्हें परब्रह्म, पुरुषोत्तम, घर–घर के व्यापक, अंतर्यामी, अज, अनन्त और अद्वैत माना है। उन्होंने अपने भगवान को प्रायः 'हरि' नाम से सम्बोधित किया है।

सूरदास जी का मुख्य उद्देश्य भागवत्कार की भाँति कृष्ण के चरित्र की अलौकिकता चित्रित करना नहीं है उन्होंने तो कृष्ण के मानव रूप को ही प्रधानता दी है। इसी कारण दुष्कर कार्य करने में भी समर्थ श्रीकृष्ण सुकुमार, कोमल और मधुर बने रहते हैं। कालीयदमन लीला के अवसर पर उरगनारी कृष्ण की कोमलता को देखकर अकुला उठती हैं और बार–बार कृष्ण को सम्बोधित करती हुई कहती हैं– "अरे! तू किसका बालक है? तू यहाँ से भाग जा। यदि वह जाग उठेगा तो तुझे भस्म कर देगा।" हमें कृष्ण का एक भी चित्र ऐसा नहीं मिलता, जिसमें कृष्ण की सुकुमारता और कोमलता की व्यंजना न हुई हो।

## 2.8 सूरदास और कृष्ण काव्य

भक्ति के प्रसंग में भाव अनुराग की गतिशील इकाई है। भक्ति–साहित्य में इसे 'कृष्ण रति' या भगवद्रति का पर्याय माना है। भगवद्विषयक होने के कारण यह मूलतः शुद्ध, साहित्वक एवं सहजात है। यह भगवान् के माहात्म्य–बोध के साथ नाना भूमिकाओं में विकसित होकर फलभक्ति का रूप ग्रहण करती है। भाव के प्रत्येक स्तर पर साध्य का साक्षात्कार हो सकता है क्योंकि परम पुरुष के वश्य हैं फिर भी इनमें तीव्रता, व्याप्ति और तल्लीनता की दृष्टि से प्रेम भाव प्रमुख है।

प्रेम का क्षेत्र अति विस्तृत एवं गहन है। यह प्रेम विविध रूपों में प्रस्फुटित होकर अलौकिक वा अद्वितीय के साथ विविध सम्बन्धों को सम्भव बनाता है। इसके सख्य, वात्सल्य एवं शृंगार आदि रूप हैं। इन रागात्मक सम्बन्धों का विभाजन माहात्म्य–ज्ञान के आधार पर किया जाता है। यह आवश्यक नहीं है कि इनका क्रम विकास ही हो, पर यह निर्विवाद है कि अगले–अगले भाव में पिछले–पिछले भाव की निष्ठा अवश्य रहती है। सूर–साहित्य में वात्सल्य, सख्य और माधुर्य विशेष रूप से और दास्य एवं शान्त सामान्य रूप से मान्य रहे हैं।

**सूर के वात्सल्य वर्णन का संयोग पक्ष –**

आचार्य शुक्ल की इस संदर्भ में यह उक्ति कि "सूर वात्सल्य रस का कोना–कोना झाँक आए हैं" उनके वात्सल्य रस के संयोग पक्ष के चित्रण करने में संदर्भ में अधिक

चरित्रार्थ होती है क्योंकि इस पक्ष का उन्होनें बड़ा ही विशद और हृदय ग्राही चित्रण किया हैं।

शैशव से लेकर कौमार्य अवस्था तक के क्रम से लगे हुए न जाने कितने चित्र मौजूद हैं उसमें केवल बाहरी रूपों और चेष्टाओं का ही विस्तृत और सूक्ष्म वर्णन नहीं है, कवि ने बालकों की अन्तः प्रकृति में भी पूरा प्रवेश किया है और अनेक वात्सल्य भावों की सुन्दर स्वाभाविक व्यंजना की है। निश्चय ही इस दृष्टि से सूर का वात्सल्य भाव बड़ा महत्वपूर्ण है। यदि यह कहा जाए कि सूर ने पुरुष होते हुए माता का हृदय पाया था, तो असंगति नहीं समझनी चाहिए। आचार्य हजारीप्रसाद द्विवेदी का कथन है कि– ''यशोदा के वात्सल्य में वह सब कुछ है जो माता शब्द को इतना महिमाशाली बनाए है।'' डॉ. हरवंशलाल शर्मा का कहना है– ''यदि मनोवैज्ञानिक दृष्टि से देखा जाए तो वात्सल्य भक्ति अन्य सब प्रकार की भक्ति से उच्च प्रतीत होगी, क्योंकि वात्सल्य भाव में किसी प्रकार के स्वार्थ की गन्ध तक नहीं होती, अतएव इसे हम निष्कर्ष भक्ति का पोषक कह सकते हैं।''

**बाल कृष्ण का रूप वर्णन –**

कवि ने बालक के एक–एक कृत्य को लेकर बड़े विस्तार से वर्णन किया है। सूर ने इस वर्णन में मनोवैज्ञानिकता के साथ अपने समय की प्रचलित प्रथाओं का समावेश करके उसे अधिक सजीव और प्रभावोत्पादक बना दिया है और अपनी प्रतिभा के बल से बड़े–बड़े सुन्दर चित्र उपस्थित किए हैं। पालने में झूलना, अँगूठा चूसना, लोरियों के साथ सोना और प्रभातियों के साथ उठना आदि शैशव सम्बन्धी प्रत्येक बात का कवि ने अतिसूक्ष्म ब्यौरे के साथ विस्तार से वर्णन किया है। प्रत्येक पद में नए भाव और नई व्यंजना हैं। कृष्ण की संहार लीलाओं में भी सूर ने पूतना आदि की आपत्ति उपस्थित होने पर माता–पिता तथा ग्वाल बालों की मानसिक विव्हलता का बड़ा सुन्दर वर्णन किया है। पूतना वध के अनन्तर कवि कहता है–

**जसुमति विकल भई छिन कल ना।**
**लेहु उठार पूतना उर ते मेरौ सुभग साँवरौ ललना।।**

कृष्ण की सुन्दरता भी अद्वितीय है। कवि ने अनेक पदों में उनकी सुन्दरता का वर्णन किया है–

**सोभा सिन्धु न अनन्त रही री।**
**नंद भवन भरि पूरि उमंग चलि,ब्रज की वीथिन फिरति बही री।।**

बालक के विकास के साथ–साथ माता–पिता के हृदय की कामना वल्लवरि भी विकसित होती है, उन्हें लगता है बालक कब बड़ा हो। कृष्ण के दूध के दाँत देख माता यशोदा फूली नहीं समाती हैं–

**सुत मुख देखि यशोदा फूली।**
**हर्षित देखि दूध की दंतियाँ प्रेम मगन तन की सुधि भूली।।**

बच्चों को लक्ष्य करके जो माता– पिता में होड़ होती है उसका कवि ने सजीव और– स्वाभाविक चित्रण किया है–

**इततें नन्द बुलाई लेत हैं, उततै जननि बुलावै री।**
**दम्पति होड़ करत आपुस मैं, स्याम खिलौना कीन्हौरी।।**

लड़खड़ा कर दो पग टेकने वाला बालक और बड़ा होता है, चपलता बढ़ जाती है और वह आँगन में दौड़ लगाने लगता है–

**आँगन स्याम नचावहिं जसुमति नँदरानी।**
**तारी दै दै गावहीं, मधुरी मृदु बानी।।**

कवि सूर ने बाल कृष्ण के रूप और वेशभूषा आदि का अत्यंत सरस वर्णन किया है–

**शोभा कहत कही नाहि जावै।**
**आचवत अति आतुर लोचन पुट मनन दृष्टि को पावै।।**

अथवा

**हरि जू की बाल छवि कहौ बरनि।**
**सकल सुख की सीव कोटि अनुज सोभा हरनि।।**

बाल कृष्ण की क्रीड़ादि का चित्रण –

बाल कृष्ण की बात सुलभ क्रीड़ाओं के सूर ने मनोहारी चित्र प्रस्तुत किये है–

**चरणगहे अँगूठा मुख मेलत।**
**नंद घरनि गावति, हलरावति, पलना पर हरि खेलत।**

कभी यशोदा उन्हें पलंग पर लिटा जाती हैं तो वे हाथ पैर चलाते हुए उलट जाते हैं और किलकारियाँ मारने लगते हैं–

**अजिर प्रभातहि स्याम को पलिका पौढ़ाए।**

**000**

**हँसे तात मुख हेरिकै करि पग चतुराई।**
**किलकि झटकि उलटे परे, देवन मुनिराई**
**सो छविनन्द निहारि के, तहँ महरि तुलाई।**

शिशु कृष्ण को पालने में देखते हुए यशोदा के हर्ष की सीमा नहीं रहती–

**जसमुति मन अभिलाषा करै।**

**कब मेरो लाल घुटुरवनि रेंगे, धरनि पग द्वैक धरै।**

काल क्रम में यशोदा की यह अभिलाषा पूर्ण होती है और कृष्ण लड़खड़ाते हुए चलने लगते हैं –

**कान्ह चलत पग द्वै–द्वै धरनि।**

**बैठि जात पुनिउठत तुरत ही सो छवि जाय न बरनि।।**

यशोदा चाहती हैं कि उनका पुत्र शीघ्रति–शीघ्र बड़ा हो जाए अतः वे उनको बहाने से दूध और मक्खन खिलाती रहती हैं–

**शोभित कर नवनीत लिए**

**घुटुरून चलति रेनु तन मण्डित मुखदधि लेप किए।**

इसके पश्चात् वह समय आता है जिसकी यशोदा बड़ी अभिलाषा पूर्वक प्रतीक्षा कर रही होती है–

**कहन लगे मोहन मैया–मैया।**

**पिता नन्द सों बाबा–बाबा और हलधर सौं भैया।**

ग्वाल–बालों के साथ खेलने के अनेक चित्र सूर ने उपस्थित किए हैं। बालस्वभाव जन्य धृष्टता, कौतुक प्रियता, चतुरता आदि सभी गुण कृष्ण में है। और सभी का क्रमशः विकास हुआ है। अब तक कृष्ण का सौंदर्य ही गोप–गोपिकाओं को लुभाता रहा और अपनी चेष्टाओं के कारण माता–पिता के वात्सल्य के आलम्बन बने किन्तु आगे चलकर सुर ने [illegible] को उन चेष्टाओं को भी लिया है जो गोपियों के प्रेम का आधार बनीं।

माखन चोरी का प्रसंग भी भागवत की अपेक्षा सूर सागर में अधिक सजीवता से प्रस्तुत हुआ है। कृष्ण की माखन चोरी सारी ब्रज नारियों की चर्चा का विषय बन गई उनकी नाक में दम आ गया। वे यशोदा के पास बनावटी शिकायत लेकर जाती हैं परंतु यशोदा अपने पाँच वर्ष के साँवरे को कैसे दोषी स्वीकार करें? कृष्ण अपनी कला में पूरे हैं। जब कभी [illegible] ते हैं तो–

**'मुख तनि चितै, विहँसि हरि दीनौ, रिस तब गई बुझाई।**

फिर यह स्वाभाविक ही था–

**लियौ स्याय उर लाई गवालिनी सूरदास बलि जाई।**

**कृष्ण की यह चतुराई चोरी को दबा देती है।**

गोचारण के सम्बन्ध में भी सूर ने कृष्ण के अनेक रम्य चित्र उपस्थित किए हैं। प्रथम दिन के गोचारण का अनुभव करने पर नित्य प्रति गो चराने जाने की भूमिका कृष्ण इस प्रकार

बाँधते हैं–

**मैं अपनी सब गाय चरैहों।**
**प्रात होत बल के संग जैहों, तेरे कहे न रैहों।**
**ग्वाल बाल गाइन के भीतर, नेकहु डर नहिं लागत।**
**आजु न सोवौं नन्द दुहाई, रैनि रहोंगो जागत।**

**विभिन्न संस्कारों का वर्णन–**

इन बाल सुलभ एवं जननी सुलभ– चेष्टाओं के बीच–बीच में जन्म, नामकरण, अन्न प्राशन आदि अनेक संस्कारों का कवित्वमय वर्णन हुआ है।

**कृष्ण के जन्मोत्सव वर्णन करते हुए सूर कहते हैं–**
**नन्दराई के नव निधि आई।**

000

**बाजत ताल, मृदंग जंत्र गति सरचि, अरगजा अंग चढ़ाई।**
**अच्छत, इव लिए रिषि ठाड़े बारनि तन्दनवार बँधाई।।**
**नामकरण सस्वार को सूर ने इस प्रकार पद्यबद्ध किया है–**
**आदि ज्योतिषी तुम्हारे घर को, पुत्र जन्म सुधि आयौ।**
**लागि सोधि सब जोतिष गनिकै, चाहत तुमहीं सुनायौ।।**

अन्नप्राशन संस्कार के समय अनेक प्रकार के व्यंजनों में से शिशु के होठों से स्पर्श करा के इस जूठन में से सब लोग प्रसाद ग्रहण करते हैं–

**कनक थार भरि खीर धरी लै, तापर घृत मधु लाई।**
**नन्द लै तौ हरि मुख जुठरावत, नारि उठीं सब गाई।**
**षटरस के परकार जहाँ लगि लै लै अधर छुआवत।**
**बिस्वंभर जगदीस जगत गुरु, परसत मुख करुणावत।।**

यज्ञोपवीत संस्कार का वर्णन सूर के काव्य में इस प्रकार मिलता है–

**वसुद्यौ कुल व्यौहार विचारि।।**
**हरि हलधर कौ दियौ जनेऊ! करि षटरस ज्यौ नारि।**

बालमनोभावों का चित्रण –

बालमनोभावों का भी सूर ने सुन्दर चित्रण किया है। उदाहरणार्थ यशोदा चाहती हैं कि उनका पुत्र खूब दूध पिए जिससे वह जल्दी ही हृष्ट पुष्ट हो सके। श्री कृष्ण दूध पीने में आनाकानी करते हैं अतः वे उनको प्रलोभन देती हैं कि यदि तुम दूध पिओगे तो शीघ्र ही

तुम्हारी चोटी बढ़कर बलराम की चोटी जैसी हो जाएगी। बालक कृष्ण माँ के इस भुलावे में आकर दूध पीने लगते हैं और पूछते हैं–

**मैया कबहिं बढ़ेगी चोटी**

**कितिक बार मोहि दूध पिवत भई यह अजहूँ है छोटी।**

कृष्ण बालगोपालों के साथ खेलते हुए बेईमानी भी करते हैं और धौंस भी जमाते है तो उनके साथी श्रीदामा का यह कथन स्वाभाविक बालमनोभावों के अनुकूल प्रतीत होता है–

**खेलत में को काको गुसैंया।**

**अतिअधिकार जमावत याते अधिक तुम्हारे है कछु गैया।**

कुछ और बड़े होने पर कृष्ण ग्वाल बालों के साथ मिलकर गोपियों से दूध दही छीनने लगते हैं तथा उनके छींको पर रखा मक्खन चुराकर खाने लगते हैं। गोपियाँ उन्हें पकड़कर यशोदा के पास ले जाती हैं वे स्वयं को निरपराध बताते हुए कहते हैं माँ तुम्ही बताओं मैं छोटा सा बालक छींके पर से उतारक मक्खन कैसे खा सकता हूँ –

**मैया मैं न हि माखन खायौ।**

**मैं बालक बँहियन को छोटो छींको केहि विधि पायौ।**

जब उनसे कहा जाता है कि तुमने मक्खन चुराकर नहीं खाया है तो तुम्हारे मुख पर मक्खन क्यों लगा हुआ है तो कृष्ण कहते हैं–

**ग्वाल बाल मेरे बैर परे हैं बरबस मुख लपटायौ।**

और मुंह पोंछ कर दोना पीछे छुपा लेते हैं–

**मुख दधि पोंछि कहत नंद नंदन दौना पीठि दुरायौ।**

एक अन्य अवसर पर जब श्री कृष्ण को कोई गोपी दधि–मख्खन चुराते रंगे हाथों पकड़ लेती है तो वे कहने लगते हैं–

**मैं जान्यौ यह घर अपनो है या धोखे में आयो।**

गोपी पूछ उठती है कि चलो यह तो मान लिया कि तुम धोखे से मेरे घर को अपना घर समझकर आ गये हो किन्तु गोरस के आसपास क्या कर रहे थे? श्री कृष्ण तुरंत बात बनाकर कहते हैं कि मैं तो गोरस से चींटी निकाल रहा था–

**देखत हो गोरस में चीटी काढ़न को कर नायौ।**

**वात्सल्य का वियोग पक्ष –**

वात्सल्य के संयोग पक्ष का सजीव चित्रण करने की भाँति सूर ने उसके वियोग पक्ष का भी सजीव और मार्मिक चित्रण किया है–

**मथुरा प्रयाण के अवसर पर –**

एक आलोचक के अनुसार सूरदास ने वियोग वात्सल्य की सबसे सुन्दर झलक कृष्ण के मथुरागमन पर अंकित की है। ऐसा प्रतीत होता है मानो सूर स्वयं यशोदा के रूप में अपनी आँखों से आँसू बहा रहें हैं–

**यशोदा बार–बार यो भाखै।**

**है कोई ब्रज में हितू हमारौ, चलत गोपालहि राखै।**

इतना विलाप करने पर भी जब माता यशोदा की बात कोई नहीं सुनता तथा कृष्ण को मथुरा जाने से नहीं रोक पाता तो वे कटे वृक्ष की भाँति भूमि पर पछाड़ खाकर गिर पड़ती हैं–

**यह सुनि गिरि धरनि झुकि माता।**

**कहा अक्रूर ठगौरी लाई, लिये जान दोऊ भ्राता।**

मथुरा से नंद के अकेले लौटने पर :–

सूर ने यशोदा के मातृ हृदय की वात्सल्यमयी झाँकी उस समय भी बड़ी सजीवता व तन्मयता के साथ अंकित की है जब नंद जी कृष्ण को छोड़कर मथुरा से लौटते हैं तो यशोदा उन्हें अकेले देखकर क्षोभ से व्याकुल हो उठती हैं–

**यशोदा कान्ह कै बुझै।**

**फूटि न गई तुम्हारी चारों कै से मारग सूझै।।**

यशोदा को संतोष नहीं होता तो वे आगे कहती हैं–

**छाँड़ि सनेह चले मथुरा, कत दोरि न चीर गहयों।**

**फटि न गई ब्रज की छाती, कत यह सूल सहयौ।**

श्रीकृष्ण के मथुरा निवास करने पर–

श्रीकृष्ण अनेक बुलावे देने पर भी गोकुल नहीं जाते। माता यशोदा जब उनकी रुचिकर वस्तुओं को देखती हैं तो उन्हें अत्यन्त टीस व पीड़ा होती है–

**"यद्यपि मन समुझावत लोग।**

**सूल होत नवनीत देखि, मेरे मोहन के सुख जोग।"**

वे पूर्व की बातें स्मरण कर कहती हैं कि वह शुभ दिन कब आएगा जब कृष्ण पुनः मेरी छाती से लगकर सोएगा और मैं लोरियाँ गाती हुई रात–दिन अपने पास रखूँगी–

**"निसि बासर छतियाँ ले लाऊँ, बालक लीला गाऊँ।**

**वह भाग बहुरि कबव्है है मोहन गोद खिलाऊँ।"**

माता यशोदा रात–दिन पागल सी रहती हैं, सारा ब्रज उन्हें काटने को दौड़ता है और नित्य उन्हें अपने लाडले के खान–पान, रहन–सहन की चिंता लगी रहती है। वे स्नेहातिरेक में पुकार उठती है–

**"संदेशो देवकी सों कहियो।**
**हो तो धाय तिहारे सुत की दया करत ही रहियो।"**

**सूर का शृंगार वर्णन–**

रसों में शृंगार रस प्रमुख हैं इसे रसराज के नाम से अभिहीत किया जाता है। शृंगार रस के संयोग एवं विप्रलम्भ दो पक्ष होते हैं।

**संयोग शृंगार–**

सूर के काव्य में शृंगार रस गोपियों एवं कृष्ण तथा राधा कृष्ण को लेकर अभिव्यक्त हुआ है। गोपियाँ कृष्ण के दिन प्रति दिन खिलते हुए रूप सौंदर्य और मनोहर चेष्टाओं को देखकर मुग्ध होती चली जाती है उनके मन में विकार उत्पन्न होने लगता है–

**"मेरे हियर माँझ लगे मनमोहन ले गये मन चोरी।**
**अबहीं इति दति मारग ह्वै निकसे इति निररवत तृन तोरी।"**

कृष्ण का अद्भुत सौंदर्य और उनकी बाल क्रीड़ा उन गोपियों के विकार को स्थायी कर देती हैं। माखन चोरी के प्रसंग से उनकी प्रेम भावना का विकास होता है। दान, लीला, मान लीला, पनघट लीला, व चीर हरण आदि के प्रसंगों में इसमें तीव्रता आती है। इस प्रेम में संयोग पक्ष की पूर्णता रास–लीला में प्रकट होती है। वहां तो मानो कृष्ण और गोपियों में कोई भेद नहीं रह जाता है। बाल क्रीड़ा के सखा–सखी आगे चलकर यौवन क्रीड़ा के सखा सखी हो जाते हैं। गोपियों ने तो उद्धव से स्पष्ट शब्दों में कहा –

**लंरिकाई को प्रेम कहौ, अलि कैसे छूटे?**

राधा व कृष्ण मिलन का एक चित्र इस प्रकार है–

**खेलन हरि निकसे ब्रज खोरी।**
**गये स्याम रवितनया के तट अंग लसत चंदन की खोरी।।**
**औचक ही देखी तँह राधा नैन विशाल भाल दिये रोरी।**
**सूर स्याम देखत ही रीझै नैन–नैन मिलि परी ठगोरी।।**

तब कृष्ण राधा से पूछते हैं–

**बूझति स्याम कौन तू गोरी?**
**कहाँ रहति, काकी तू बेटी? देखी नाहिं कबहूँ ब्रज खोरी।।**

**काहे को हम ब्रज तन आवति? खेलत रहत आपनी पौरी।**
**सुनत रहत श्रवनन नंद ढोंटा करत रहत माखन दधि चोरी।।**
**तुम्हरो कहा चोरि हम लैहै? खेलन चलो संग मिलि जोरी।**
**सूरदास प्रभु रसिक सिरोमनि बातन भुरई राधिका भोरी।**

इस प्रकार खेल–खेल में राधा कृष्ण के हदृय में प्रेमांकुर पैदा हो जाता है। इस आकषर्ण के पश्चात् संयोग पक्ष के जितने भी क्रीड़ा विधान हो सकते है सूर ने सभी लाकर एकत्र कर दिये हैं– पनघट प्रस्थान, कुंज विहार, यमुना स्नान, जलकेलि, गोदोहन के समय कृष्ण का राधा के मुख पर दूध के छींटे फेंकना, भरे आँगन में संकेतो द्वारा वार्तालाप करना, हिंडोले पर झूलना आदि अनेक संयोग के प्रसंग सूर ने लिखे हैं।

अंतस्तल के अत्यंत गुप्त कोने में रखा राधा का मन धन नेत्र मार्ग से कृष्ण ने चुरा लिया है। वे कहती हैं–

**मेरो मन गोपाल हरयो री।**
**चितवति ही उर पैंठि मैनमग न जानौ धौं कहा करयौ री।।**

गोदोहन के समय एक मनोहारी चित्र सूर ने वर्णित किया है–

**धेनु दुहत अतिही रति बाढ़ी।**
**एक धार दोहनि पहुँचावत एक धार जँह राधा ठाड़ी।।**

000

**तुम तै कौन दुहावै गैया।**
**इत चितवत उत धार चलावत, एहि सिखयौ है मैया?**

राधा के बार–बार कृष्ण के घर आने पर यशोदा उससे कहती हैं कि तू यहाँ बार–बार क्यों आती है?

**बार–बार तू हयौ जनि आवै।**

तब राधा उत्तर देती हैं–

**मैं कहा करौ सुतहि नहिं बरजति, घर ते मोहि बुलावे।।**
**मोसों कहत तोहि बिनु देखे रहत न मेरो प्रान।**
**छोह लगत मोकों सुनि बानी, महरि तिहारी आन।।**

कृष्ण के प्रेम में गोपियों में इतनी सजीवता भर दी है कि कृष्ण तो क्या उनकी मुरली तक से छेड़छाड़ करने में वे नहीं चूकतीं हैं–

**माई री। मुरली अति गर्व काहूँ बदति नहिं आज।**

**हरि के मुख कमल देखि पायौ सुखराज।।**

000

**मुरली तऊ गोपालहि भावति।**
**सुन री सखी। जदपि नन्दनन्दनहिं नाना भाँति नचावति।**
**राखति एक पाँव ठाड़े करि अति अधिकार जनावति।**
**सूर प्रसन्न जानि एकौ छिन अधर सुसीस डुलावति।।**

**वियोग (विप्रलम्भ) श्रृंगार –**

वियोग पक्ष के अंतर्गत भी सूर ने अनेक दशाओं का वर्णन किया है। उद्धव के ब्रज में आने से पूर्व वियोग चित्रण में विरह की एकादश दशाओं का चित्रण हुआ है। जितनी निपुणता और रसिकता के साथ सूर ने संयोग श्रृंगार का वर्णन किया है। उतनी ही दक्षता एवं मग्नता के साथ विप्रलंभ का भी। विरह दग्ध गोपियों एवं राधा के साथ लताएँ जल रही हैं; यमुना विरह ज्वर से काली पड़ गयी है। गाएँ कृष्ण विरह में क्षीण एवं दुर्बल हो गयी हैं और ब्रज की शस्यश्यामला भूमि सुनसान एवं वीरान हो रही है। कृष्ण का मथुरा गमन ब्रजवासियों के लिए कृष्ण वियोग का प्रथम अवसर है। सबके मुँह पीले पड़ गये हैं, आँखों से लगातार आँसू बह रहे है, सभी व्याकुल एवं बेचैन हैं–

**रही जहाँसो तहाँ सब ढाड़ी।**
**हरि के चलत देखियत ऐसी मनहुँ चित्र लिखि काढ़ी।।**
**सूखे बदन स्रवत नैनन ते जलधारा उर बाढ़ी।**

गोपियों के लिए जो घर कृष्ण की उपस्थिति में स्वर्ग का नन्दन बना हुआ था, वही कृष्ण के वियोग में उन्हें काटने को दौड़ता है–

**अरी मोहि भवन भयानक लागै माई स्याम बिना।**
**सूरदास मोहन दरसन बिनु सुर सम्पत्ति सपना।**

ब्रज में पहले सांयकाल का जो दृश्य देखने में आता था वह अब नहीं दिखाई देता पर मन से उसकी स्मृति नहीं जाती–

**एही बिरिया बन ते ब्रज आवते।**
**दूरहि ते बह बेनु अधर धरि बारम्बार बजावति।।**

आनन्द देने वाले पदार्थ भी वियोग में दुख के ही पोषक होते हैं–

**बिनुगोपाल बैरनि भई कुंजै।**
**तब ये लता लगति अति सीतल, अब भई विषम ज्वाल की पुंजै।**

गोपियाँ वृन्दावन के हरे–भरे कुंजों को भी कोसती हैं–

**मधुवन तुम कत रहत हरे?**

**विरह वियोग स्याम सुन्दर के ठाड़े क्यों न जरे।**

**तुम हो निलज लाज नहिं तुमको फिर सिर पुहुप धरे।**

इसी प्रकार कृष्ण के बिना काली रात उन्हें सर्पिनी सी लगती है–

**पिना बिन साँपिन कारी रात।**

कृष्ण के बिना उनकी आँखों से निरंतर आँसुओं की झड़ियाँ लगी रहती हैं–

**निसिदिन बरसत नैन हमारे।**

**सदा रहत पावस ऋतु हम पै जबते स्याम सिधारे।।**

**सूरदास की भक्ति भावना –**

महात्मा सूरदास ने अनन्य भाव से कृष्ण की उपासना की है। श्री वल्लभाचार्य जी से दीक्षा लेने के पूर्व सूर के भक्ति से संबंधित विनय के पद प्राप्त होते हैं। उनके विनय के पदों में दैन्य भावना प्रकट होती है–

**दास भाव :–**

**प्रभु हौं सब पतितन को टीकौ।**

**और पतित सब द्यौस चारि के, हो तो जनमत ही कौं।**

दास्य भावना का सुन्दर चित्रण निम्न पंक्तियों में है–

**रे मन कृस्न नाम कहि लीजै।**

**गुरू के वचन अटल करि मानो साधु समागम कीजै।**

वास्तव में जितनी अनन्यता सूर की कृष्ण के प्रति है उतनी अवतार में नहीं है–

**मेरौ मन अनत कहाँ सुख पावे।**

**जैसे उड़ि जहा को पंछी उड़ि जहाज पर आवै।**

उन्होंने अपने मन को सगुण भगवान की ओर ही अधिक लगाया है। वे सगुणोपासक कवि हैं।

**सख्य भाव –**

पुष्टि सम्प्रदाय में वात्सल्य के साथ–साथ सख्य भाव की प्रतिष्ठा भी हुई। ब्रज सखाओं के सभी भेद–उपभेद सूर साहित्य में मिल जाते हैं। वल्लभ–सम्प्रदाय में सख्य भावासक्ति की पूर्ण व्यावहारिक परिणति भी मिलती है। इसका प्रमाण अष्टछाप के कवियों की अष्ट सखाओं के रूप में भावना बताई जाती है तथा सूर को कृष्ण–सखा उद्धव का

अवतार बताकर सख्य भाव की पुष्टि की जाती है।

कृष्ण के सखाओं में सूर ने सुबल, सुदामा और श्रीदामा का विशेष रूप से उल्लेख किया है। उनके बड़े भाई हलधर भी उनके सखाओं में ही हैं। कृष्ण के कुछ सखा ऐसे हैं, जो आयु में उनसे बड़े हैं और कुछ छोटे हैं। ये दोनों ही प्रकार के सभा गोपियों के शृंगार–भाव की भक्ति से दूर रखे गए हैं, ये कृष्ण की गोपी–लीलाओं के सहयोगी नहीं हैं। उनक समवय, समशील और समव्यसन सखाओं से ही उनकी घनिष्ठता और आत्मीयता है, ये ही शृंगार–केलियों में साथ रहते हैं, राधा–कृष्ण के प्रेम से पूर्णतः परिचित हैं तथा वे पतघट, दधिदान और निकुंज लीलाओं में रतिभाव से पीड़ित गोपियों का परितुष्ट करने में अपने सखा की उचित सहायता करते हैं। सखाओं के प्रेम में जो अभिन्नता और आत्मीयता है वही इस भाव के आत्म–समर्पण की स्थिति है। कृष्ण–प्रेम के अतिरिक्त सखाओं में किसी अन्य भाव का संकेत नहीं मिलता।

सूरसागर में सखा भाव की भक्ति के पद प्रचुर मात्रा में उपलब्ध होते हैं। इस भाव की भक्ति में भक्त अपने इष्ट देव के साथ कुछ अधिक सान्निध्य स्थापित कर लेता है। उनका चलना–फिरना बोलना, खेलना–कूदना आदि कुछ भी भक्त से गोपनीय नहीं रहता। स्पष्ट है कि ग्वाल बालों के संग कृष्ण का संबंध सखा जैसा ही है। छाछ खाने वाले प्रसंग में कृष्ण जी को छीन–छीन कर छाछ खाते देखकर कौन भक्त आनन्द विभोर नहीं होगा–

**ग्वालन कर ते कौर छुड़ावत।**
**जूठो लेत सबन के मुख को अपने मुख ले नावत।।**
**षटरस के पकवान धरे सब ता में नहिं रूचि पावत।**
**हा–हा करि–करि माँग लेत है कहत मोहि अति भावत।।**

**वात्सल्य भाव की भक्ति –**

सूर ने यशोदा और नन्द के माध्यम से कृष्ण के प्रति नाना प्रकार से वात्सल्य भाव प्रकट किया है। वात्सल्य भक्ति के वर्णनों में सूर की जो तल्लीनता दिखाई देती है वह अन्यत्र दुर्लभ है। वात्सल्य भक्ति का एक उदाहरण हैं–

**यशोदा हरि पालने झुलावै।**
**हलरावे, दुलरावे, मल्हावे, जोई सोई कहु गावै।।**
**मेरे लाल को आउ निंदरिया काहे न आनि सुवावे।**
**तू काहे नहीं बेगहि आवे तो को कान्ह बुलावे।**
**कबहुँ पलक हरि मूँद लेत हैं कबहूँ अधर फटकावे।**
**सोवत जानि मौरं हवै है रहि करि करि सैन बतावै।**

000

**जेवत स्याम नन्द की कनिया**

**कछुक खात कहुक धरनि गिरावत छवि निटखत नन्दरनियाँ।**

**माधुर्य भक्ति भाव –**

आचार्य रामचन्द्र शुक्ल का मत है– ''भक्ति की साधना के लिए वल्लभ ने उसके श्रद्धा के अवयव को छोड़कर जो महत्व की भावना में मग्न करता है, केवल प्रेम लिया। प्रेम–लक्षणा भक्ति ही उन्होंने ग्रहण की।'' अपने पक्ष के समर्थन में उन्होंने 'चौरासी वैष्णावें की वार्ता' में उद्धृत सूरदास की वार्ता को प्रस्तुत किया है–

''श्री आचार्यजी महाप्रभुन के मार्ग को कहा स्वरूप है? माहात्म्य ज्ञान पूर्वक सुदृढ़ स्नेह की तो परम पराकाष्ठा है। स्नेह आगे भगवान् को रहत नाहीं, ताते भगवान् बेर–बेर माहात्म्य जनावत है... इन ब्रज भक्तन को स्नेह परम काष्ठापन्न है। ताहि समय तो माहात्म्य रहे, पीछे विस्मृत होय जाय। इस उदाहरण से स्पष्ट है कि सूर ने सुन्दर पदों द्वारा प्रेम संगीत धारा प्रवाहित की, श्रद्धा को गौण माना क्योंकि उन्होंने प्रेम–लक्षणा भक्ति के लिए कृष्ण का मधुर रूप ही पर्याय समझा। महत्व की भावना से उत्पन्न श्रद्धा का पूज्य बुद्धि का अवयव छोड़ देने के कारण कृष्ण के लोक–रक्षक और धर्म–संस्थापक स्वरूप को सामने रखने की आवश्यकता उन्होंने न समझी। शुक्लजी यह तो मानते हैं कि अपने भगवत्प्रेम की पुष्टि के लिए श्रृंगारमयी लोकोत्तर छटा और आत्मोत्सर्ग की अभिव्यंजना से इन्होंने जनता को रमोन्भत किया।

माधुर्य भाव की भक्ति में सूर की मौलिक उद्भावनाऐं दर्शनीय है। स्त्री–पुरूष के मूल प्रकृतिगत प्रेम को भक्ति की ओर लगाकर सूर ने रस और आनन्द का संचार करने वाली भक्ति पद्धति निकाली है। राधा को वे कृष्ण की पत्नी मानते हैं। राधा कृष्ण के साथ खेलती हैं, खाती है और रास लीला करती हैं। गोपियों और कृष्ण का भी आपस में कोई दुराव नहीं है। अनेक लीलाओं द्वारा पहले सूर गोपियों को उनकी ओर आत्माभिमुख करते हैं। आत्माभिमुख होने के पश्चात् गोपियाँ जैसे कृष्ण की अपनी ही हो गई है। उनकी मुरली के माधुर्य से वे मतवाली हो गयी हैं–

**जब मोहन मुरली अधर धरी।**

**गृह व्यवहार थके आरज पथ तजत न सके करी।**

सूर का काव्य कृष्ण के निर्विषय भक्तों के लिए ही सम्यक आनन्द का हेतु है, परन्तु काव्य और कलाओं के सत्पात्र पाठक भी अपने–अपने मनोनुकूल उससे रस प्राप्त करते हैं। सूर–कला की सर्वश्रेष्ठ सार्थकता भी यही है कि विनय के पदों से भगवान् के माहात्म्य का बोध होता है, फिर वही कृष्णमूर्ति बुद्धि और हृदय को स्पृहणीय बन जाती है। कृष्ण की गोपी

लीलाओं में यदि अद्‌भुत और अलौकिक तत्व के मिश्रण से पाठक को अरुचि होती है तो वे बालक की अनुरंजनकारिणी क्रीड़ाओं से वात्सल्य भावना का आनन्द प्राप्त कर सकते हैं।

आचार्य हजारी प्रंसाद द्विवेदी का मत है– "भगवान् की बाल, कैशोर और यौवन लीलाओं का उन्होंने जमकर वर्णन किया। साहित्य साधना के माध्यम से भक्ति की साधना प्रकट हुई। इस साहित्य में विनय नहीं है, भक्त की कातर पुकार नहीं है, सूर की घिघियाहट नहीं है। आदि से अन्त तक भगवान् की रसमयी लीलाओं का विस्तार है। यह सारा प्रयत्न लीला गान का प्रयत्न है, उसका हेतु भी लीला ही है, उद्देश्य भी लीला ही है, प्रयोजन भी लीला ही है। आगे द्विवेदी जी ने माधुर्य की श्रेष्ठता प्रतिपादित करते हुए कहा है– "भगवान् में जितने सम्बन्ध की कल्पना हो सकती है उसमें कांताभाव का प्रेम ही श्रेष्ठ माना गया है।" उन्होंने स्पष्ट किया है– "लौकिक प्रीति होने पर प्रेम जड़ोन्मुख होता है और इसीलिए कान्ताभाव में जड़ाशक्ति ही चरम रूप में विद्यमान होती है। लौकिक प्रीति का विषय होने पर यह प्रेम शृंगार रस का विषय होता है और सब प्रेमों के नीचे पड़ जाता है, परन्तु जब यह चिन्मुख होता है अर्थात् भगवद्‌विषयक होता है, इसका नाम उज्जवल–रस होता है। यही श्रेष्ठ–रस है। वस्तुतः सूर का सम्पूर्ण काव्य कृष्ण की माधुर्यभाव की उपासना है। लोकपक्ष में जिसे हम शृंगार कहते हैं, भक्ति पक्ष में वही माधुर्य कहलाता है।

**सूर का प्रकृति चित्रण –**

सूर का मुख्य उद्‌देश्य था कृष्ण का चरित्र गान। वे कृष्ण का सौंदर्य, प्रेम और लीलाएं ही मुख्यतः वर्णन करना चाहते थे। इसके लिए उन्होंने प्रकृति का सहारा भी लिया।

**संयोगवस्था में प्रकृति चित्रण –**

बसंत काल में जब श्री कृष्ण गोपियों के साथ फाग खेलते हैं तो प्रकृति की शोभा भी निराली होती हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि वह भी चेतन होकर उस अखण्ड आनन्द का अनुभव कर रही है–

**कोकिल बोली वन–वन फूले, मधुप गुंजारन लागे।**
**सुनि भयो भोर रोर वंदिन को, मदन महोपति जागे।**

वर्षा और शरद ऋतुओं शोभा की विशेष रूप से मनमोहक होती है। सूर के हिंडोल लीला वर्णन में रासेश्वर कृष्ण का आनन्दोल्लास ही चित्रित हुआ हैं–

**वन वननि कोकिल कंठ निरखति, करत दादुर सोर।**
**घन घटा कारी, स्वेत बग पंगति निरखि नभ ओर।।**
**तैसीय दमकति दामिनी तै सोइ अंबर घोर।**
**तैसो रटत पपीहरा, तैसोइ बोलत मोर।।**

**वियोगावस्था में प्रकृति चित्रण –**

वही वर्षा ऋतु वियोगवस्था में गोपियों को व्यथा प्रदान करती है। वर्षा का प्रत्येक दृश्य गोपियों को व्याकुलता प्रदान करता है–

**नैन जलद निमेष दामिनी आँसु बरसत धार।**
**दरसरवि ससि दुर यौ धीरज स्वास पवन अकार।।**
**मोर भी हदृय को बहुत ही वेदना पहुँचाते हैं–**
**कोऊ भाई बरजै री इन मोरनि।**
**टेरत बिरह रंहयौ नं परै छिन, सुनि दुख होत करोरनि।।**

दिन में मोर बोलकर व्यथा पहुँचाते हैं और रात्रि में पपीहे के बोल दुख का कारण बनते हैं। लेकिन पपीहे की एक विशेषता भी है कि वह जितना व्यथित करता है उससे भी अधिक वह सांत्वना देने वाला है। अतः वह उन्हें अपना सहधर्मी सा दिखाई देता है। दोनों के हृदय की भावना में समानता है–

**सखी री चातक मोहि जियावत।**
**जैसेहिं रेनि रटत पपिहौं पिय पिय तैसेहि वह पुनि गावत।।**

**कृष्ण का अलौकिक स्वरूप–**

कृष्ण कोरे गोप नहीं हैं, न अबोध बालक कृष्ण ही। प्रकृति के मुक्त वातावरण और सामाजिक विकास ने उनको और भी सुन्दर बना दिया है। सिर पर मोर का मुकुट और अधरों पर मुरली का आसन। नटवर की सारी चेष्टाएँ उन्होंने अपना लीं। सुन्दर रूप का मोहक प्रभाव और चपलता, चतुरता एवं औदात्य से परिपूर्ण विनोद क्रीड़ाएँ ही गोपियों को कृष्ण के प्रति आकृष्ट करने के किए पर्याप्त थे। उस पर उनकी मन मोहिनी मुरली ने तो गजब ही कर दिया। उन्हें कृष्ण के प्रेमजाल में फँसा कर मुरली उनके लिए मुसीवत बन गई। पनघट लीला तक आते–आते तो गोपियाँ 'कुल की कानि' और 'लोक मर्यादा' को त्याग कर कृष्ण को पति रूप में मानने लगीं। कृष्ण की धृष्टता भी बढ़ जाती है। गोपियाँ उनसे इतना खुल जाती है कि कोई अन्तर ही नहीं रह जाता है। कृष्ण की इन श्रृंगारिक चेष्टाओं और केवल दस वर्ष की आयु को देखकर मन में विरोधी भाव उठते हैं, जिनका समाधान अपने–अपने सिद्धांतों के अनुसार विभिन्न सम्प्रदायों ने किया है। सूर ने भी अलौकिकता का पुट देकर इन विरोधों को समाहित किया है।

कृष्ण के व्यक्तित्व में मानव और अतिमानव का अद्‌भुत समन्वय हुआ है। कृष्ण के व्यक्तित्व का वास्तविक आकर्षण इसी में है कि मानव और मानवेतर–दो विरोधी गुणों का उनमें विलक्षण समन्वय होता है। मानवीय स्वाभाविकता के अन्तर्गत गोपाल कृष्ण एक ही अवस्था में सहसा, बाल सुलभ, वात्सल्य व्यंजक भाव से, किशोर सुलभ माधुर्य व्यंजक भाव

प्रकट कर प्रायः चकित कर देते हैं। इस प्रकार के चरित्रांकन द्वारा सूरदास एक साथ ही उनमें काव्य के साधारण अर्थ में सफल नायक और–आध्यात्मिक अर्थ में अलौकिक व्यक्ति पर ब्रह्म रूप चित्रित करते जाते हैं। साधारण काव्य के अर्थ में श्रृंगार रस के सफल नायक कृष्ण का चरित्र–चित्रण करते हुए सूरदास उनके व्यक्तित्व में गीता के योगीराज कृष्ण की अनासक्ति का व्यावहारिक आचरण प्रस्तुत कर देते हैं।

कृष्ण का व्यक्तित्व बहुमुखी है। दर्शन, धर्म, इतिहास, पुराण और काव्य के क्षेत्रों में उनका बहुविध आख्यान और चित्रण हुआ है। वेद से लेकर भक्ति साहित्य तक की परम्परा में यह गतिशील व्यक्तित्व अनेक रूपों में विकसित है। वासुदेव के रूप में उनकी पूजा का प्रमाण बहुत प्राचीन साहित्य में मिलता है। फिर ब्रज कृष्ण का विकास एक दिशा की ओर और दार्शनिक कृष्ण का विकास दूसरी दिशा में होता चलता है। पहले रूप के विकास का चरम पांचरात्र और भागवत में मिलता है और दूसरे का गीता में। उनको पहले एक जातीय देवता के रूप में देखा जा सकता है। ग्वालों और कृषकों का देवता! 'सात्वतम वरः'। यादव जाति के सात्वतों ने उसे सूर्य या पूर्ण ब्रह्म घोषित किया। सूर के गोपगण भी उनको इस रूप में घोषित करते हैं। पहले सूर का कृष्ण भी गोकुल का कुल देवता ही माना गया। फिर वह तीन लोक का ठाकुर बन जाता है–

**गोकुल को कुल देवता श्री गिरिधर लाल।**

**000**

**तीन लोक को ठाकुर संगहि, कहन सखा हम जोग।**

इस प्रकार सात्वतों का कृष्ण सूर–साहित्य में प्रतिष्ठित है। महाभारत में पार्थसारथी के रूप में कृष्ण की प्रतिष्ठा है।

## 2.9 इकाई सारांश

सैद्धांतिक रूप से तो भागवत के कृष्ण और सूर के कृष्ण में कोई अंतर प्रतीत नहीं होता किन्तु व्यावहारिक रूप से दोनों में महान् अंतर है। सूर ने कृष्ण के बाल सखा, वात्सल्य और माधुर्य भावों को अधिक महत्व दिया है जबकि श्रीमद भागवत में वे विशेष रूप से दास्य भक्ति के आलम्बन के रूप में चित्रित किए गए हैं। सूर के कृष्ण का व्यावहारिक रूप अधिक निखरा हुआ है और उनमें मानसिकता का रूप इतना प्रबल है कि उसमें अतिप्राकृत रूप ढक–सा जाता है। सूरदास के काव्य में कृष्ण का ईश्वरीय स्वरूप भक्त वत्सलता के रूप में प्रकट न होकर प्रेम के रूप में प्रकट हुआ है। यही कारण है कि सूर साहित्य में भगवत्कृपा के उल्लेख गौण से प्रतीत होते हैं। सूर ने कृष्ण के लौकिक सम्बन्धों को लोकिक रूप ही दिया है।

**वस्तुनिष्ठ प्रश्न :–**

**सही उत्तरो पर (✓) चिहन लगाइये।**

**10. बल्लभाचार्य जी की शिष्य परंपरा में सर्वप्रमुख नाम है–**

1. नंददास 2. विट्ठल नाथ
3. सूरदास 4. परमांनददास का

**11. जसुमति मन अभिलाषा करै। पद उदाहरण है–**

1. वात्सल्य का 2. माधुर्य का
3. श्रृंगार का 4. वियोग का

**12 मैया कब ही बढ़ेगी चोटी पर में चित्रण है–**

1. श्रृंगार का 2. वियोग का
3. बालमनोभाव का 4. वात्सल्य का

**13 मधुवन तुम कत रहत हरे उदाहरण है–**

1. संयोग रस का 2. विप्रलंभ का
3. वात्सल्य का 4. बाललीला का

**14. गोपियों को पपीहा अपना .............. सा प्रतत होता है।**

(1) प्रेमी (2) दुश्मन
(3) मित्र (4) सहधर्मी

## 2.10 अपनी प्रगति जाँचिए

1. विभिन्न पुराणों में कृष्ण का स्थान निर्धारण कीजिए।
2. महाभारत एवं श्रीमद्भागवत के कृष्ण का वर्णन कीजिए।
3. पुराणेत्तर साहित्य में कृष्ण के चरित्र आकलन प्रस्तुत कीजिए।
4. विभिन्न सम्प्रदायों का संक्षिप्त वर्णन कीजिए।
5. सूर का वात्सल्य वर्णन सोदाहरण प्रस्तुत कीजिए।
6. सूरदास की श्रृंगार भावना पर संक्षिप्त निबन्ध लिखिए।
7. सूरदास की भक्ति पद्धति शीर्षक पर एक परिचयात्मक लेख लिखिए।
8. सूर के प्रकृति चित्रण पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।

## 2.11 नियत कार्य/गतिविधियाँ

1. सूरदास रचित श्री कृष्ण कीं बाललीला से संबंधित पाँच पद कंठस्थ करे।

2. सूर के संयोग श्रृंगार संबंधी पाँच श्रेष्ठ पदों को सुवाच्य अक्षरों मे लिखकर याद करें।
3. सूर के वियोग श्रृंगार संबंधी पाँच पद कंठस्थ करें।
4. सूर के मुरली संबंधी दो पदों का चयन करें।
5. सूर के प्रकृति संबंधी दो पदों का चयन करें।

## 2.12 चर्चा एवं स्प टीकरण के बिन्दु

### चर्चा के बिन्दु

सूरदास के किये गये अध्ययन में जिन बिंदुओं पर आप चर्चा करना चाहते हैं कृपया उन्हें रिक्तस्थान पर अंकित करें–

..........................................................................................................

..........................................................................................................

..........................................................................................................

..........................................................................................................

..........................................................................................................

..........................................................................................................

..........................................................................................................

..........................................................................................................

..........................................................................................................

### स्पष्टीकरण के बिन्दु

आप जिन बिन्दुओं का स्प टीकरण चाहते हैं कृपया उन्हें रिक्त स्थान पर अंकित करें–

..........................................................................................................

..........................................................................................................

..........................................................................................................

..........................................................................................................

..........................................................................................................

..........................................................................................................

..........................................................................................................

..........................................................................................................

..........................................................................................................

## 2.13 संदर्भ/अतिरिक्त पठन सामग्री

1. सूरदास–रामरतन भटनागर।
2. सूर और उनका साहित्य–डॉ. हरवंश लाल शर्मा
3. हिन्दी काव्य की भक्ति कालीन साधना–सत्य देव चतुर्वेदी
4. सूर साहित्य–डॉ. हजारी प्रसाद द्विवेदी
5. भारतीय साधना और सूर साहित्य–डॉ. मुंशीराम शर्मा
6. सूरदास–डॉ. ब्रजेश्वर वर्मा
7. हिन्दी साहित्य का साहित्य–सं.डॉ. नगेन्द्र
8. सूरदास – पंडित रामचन्द्र शुक्ल
9. महाकवि सूरदास–पंडित नन्द दुलारे वाजपेयी
10. सूरदास–डॉ. हरवंश लाल शर्मा

## 2.14 वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर

(1) 18 (2) राजनीतिक योद्धा (3) रसिकेश्वर कृष्ण (4) 55 हजार (5) तीन कालखण्डों में (6) प्रथम काल में (7) उद्धव (8) गौड़ीय (9) बारहवीं (10) सूरदास (11) वात्सल्य का (12) बालमनोभाव का (13) विप्रलंभ का (14) सहधर्मी।

# इकाई—तीन

# भ्रमर गीत परंपरा और— सूरदास

**इकाई की रूपरेखा**

3.1 उद्देश्य
3.2 प्रस्तावना
3.3 भ्रमर गीत परम्परा का विकास
3.4 भ्रमर गीत परम्परा और सूरदास
3.4.1 सूर के भ्रमर गीत की अंतर्वस्तु
3.4.2 सूर के भ्रमरगीत में वात्सल्य रस
3.4.3 सूर के भ्रमर गीत में विप्रलम्भ
3.4.4 भ्रमर गीत में वक्रोक्ति एवं उक्ति वैचित्र्य
3.4.5 भ्रमर गीत में विनोदशीलता
3.4.6 भ्रमर गीत और उद्धव चरित्र
3.4.7 भ्रमर गीत में प्रकृति चित्रण
3.5 इकाई सारांश
3.6 अपनी प्रगति जाँचिए
3.7 नियत कार्य
3.8 चर्चा एवं स्पष्टीकरण के बिन्दु
3.9 संदर्भ/अतिरिक्त पठन सामग्री
3.10 वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर

## 3.1 उद्देश्य

महाकवि सूर ने सामान्य हृदय तत्व की सृष्टि व्यापिनी भावना के माध्यम से वियोग का जो वर्णन किया है वह विश्वसाहित्य में अपनी एक विशेषता रखता है। सूरदास की वियोग रचना में विरह जीवन के जितने चित्र हैं वे भावनाओं की गहरी अनुभूति लिए हुए हैं। विरह की विभिन्न दशाओं एवं सूरकृत भ्रमरगीत की विशेषताओं से विद्यार्थियों का परिचय कराना ही प्रस्तुत इकाई का मुख्य उद्देश्य है। भ्रमर गीत के माध्यम से सूर ने ज्ञान योग

पर प्रेम योग की विजय का ध्वज फहराया है। इस प्रंसग में सूर ने अपनी कथा का प्रमुख आधार विरह विदग्धा गोपिकाओं द्वारा मथुरावासी अपने प्रिय कृष्ण के प्रति किये गये व्यंग्यपूर्ण उपालम्भो को बनाया है। भ्रमर गीत में उपालम्भों की प्रधानता होने के कारण ही इसे उपालम्भ काव्य भी कहा जाता है।

## 3.2 प्रस्तावना

हिन्दी साहित्य में कृष्ण काव्य की रचना विद्वानों ने कवि जयदेव से मानी है। जयदेव के बाद विद्यापति हुए किंतु विद्यापति कृष्ण भक्ति की परंपरा में नहीं थे। वे शैव थे। उनका दृष्टिकोण केवल श्रृंगार का ही रहा आगे चलकर वास्तविक रूप से ब्रज भाषा में कृष्ण काव्य की रचना का श्रेय वल्लभाचार्य को ही है। क्योकि उनके द्वारा प्रचारित पुष्टि मार्ग में दीक्षित होकर सूरदास आदि कवियों ने कृष्ण काव्य की रचना की! कृष्ण काव्य के कवियों में सर्वश्रेष्ठ कवि महात्मा सूरदास हैं। श्रृंगार और वात्सल्य के क्षेत्र में जहाँ सूरदास पहुँच सके वहाँ तक अन्य कवि नहीं पहुँच सके।

भ्रमर गीत सूर की सर्वश्रेष्ठ रचना है, जिसमें एक ओर वियोग श्रृंगार की उद्दाम सरिता अबाध प्रवाह से बहती है वहीं दूसरी ओर सगुण भक्ति का निर्झर कठोर प्रस्तर शिलाओं को तोड़ता हुआ प्रवाहित होता है। गोपियों के भक्ति–भाव और विश्वास के पुष्ट, सरस तर्कों से निर्गुण उपासना का नीरस उपदेश तर्कहीन होकर रह जाता है।

## 3.3 भ्रमरगीत परंपरा का विकास

सर्वप्रथम महाकवि कालिदास ने दुष्यंत की पहली रानी हँसपरिका द्वारा शकुंतला के प्रेम में डूबे हुए दुष्यंत को लक्ष्य कर भ्रमर विषयक उक्ति द्वारा उपालम्भ दिखाकर साहित्य में एक नई रूढ़ि का प्रादुर्भाव किया। अतः अभिज्ञान शाकुन्तल के एक श्लोक को भ्रमरगीत का उद्गम स्रोत माना गया है जिसमें राजा दुष्यत वृक्षों के सिंचन कार्य में संलग्न शकुन्तला के चारों ओर मँडराते हुए भ्रमर को संबोधित करते हुए कहते हैं - हे भ्रमर। तू मेरी प्रियतमा के चंचल कटाक्षों एवं कंपित चितवन का बार–बार स्पर्श कर रहा है। एकांत में रहस्यालाप करने वाले मित्र की भाँति उसके श्रवणों के पास जाकर मधुर शब्दों में कुछ कह रहा है। उसके बार–बार निषेद्ध करने पर भी तू उसके अधरों के मधुर रस को पी रहा है। वास्तव में रसतत्व का भोग करके सफल तू ही हुआ है, हम तो यों ही भटकते रहे।

कृष्ण भक्ति का विकास और उसमें माधुर्य भाव की प्रतिष्ठा हो जाने पर तो इस ध ारा को एक नई दिशा ही मिल गई जिसका संकेत भागवत के उद्धव गोपी संवाद में प्राप्त होता है।

**श्रीमद्भागवत में भ्रमरगीत–**

भागवत के दशम स्कंध पूर्वाद्ध के 46वें एवं 47वे अध्याय में भ्रमरगीत का प्रसंग आया

है। कृष्ण अपने प्रिय सखा उद्धव को यह कहकर ब्रज भेजते हैं कि "तुम ब्रज में जाकर मेरे माता–पिता और गोपियों को जिनका मन मुझमें रमा हुआ है, मेरा संदेश देकर वेदनामुक्त करो।" 46 वें अध्याय में उद्धव के ब्रजगमन तथा नंद–यशोदा के साथ उनके वार्तालाप का वर्णन है। 47 वें अध्याय में भ्रमरगीत तथा उद्धव गोपी संवाद उपलब्ध है। भागवत में भ्रमर को लोलुप प्रवृति का प्रतीक माना है। वहाँ गोपियाँ कहती हैं– दूसरों के साथ जो प्रेम का स्वाँग किया जाता है वह तो किसी न किसी स्वार्थ के लिए ही होता है। भौरों का पुष्पों से और. पुष्पों का स्त्रियों से ऐसा ही स्वार्थ का सम्बन्ध होता है।

उल्लेखनीय है कि भागवत में उद्धव–गोपी–संवाद के आरम्भ में भ्रमर, कृष्ण का प्रतीक न होकर उद्धव के लिए आया है–

एक गोपी श्रीकृष्ण की मिलन लीला का स्मरण कर रही थी तभी उसने देखा कि एक भौंरा गुनगुना रहा है। उसने समझा कि कृष्ण ने मुझे रूठा हुआ समझकर मनाने के लिए कोई दूत भेजा है, और कहने लगी–हे मधुप! तू कपटी का सखा है; इसलिए तू भी कपटी है। तू स्वयं तो किसी कुसुम से प्रेम नहीं करता, यहाँ से वहाँ उड़ा करता है। जैसे तेरे स्वामी, वैसा ही तू है।

प्रायः गोपियों के व्यंग्य का लक्ष्य स्वयं उद्धव ही है किन्तु अवसर मिलते ही वे कृष्ण पर भी चोट करने से नही चूकतीं–जैसा तू कांला है, वैसे ही वे भी हैं। तू भी पुष्पों का रस लेकर उड़ जाता है, वैसे ही वे भी निकले।

उद्धव, गोपियों के कृष्ण विषयक अनुराग को देखकर उनकी मुक्त कण्ठ से प्रशंसा करते हैं– अहो! यूयं स्म पूर्णार्थी भवत्वों लोकपूजिताः। अर्थात् हे गोपियों, तुम कृतार्थ हो, तुम लोक पूजनीय हो। तुमने अपने स्वजनों का त्याग कर परम पुरूष् भगवान् कृष्ण का वरण किया है, यह बड़े सौभाग्य की बात है।

उपर्युक्त उदाहरणों से स्पष्ट है कि भागवत्कार का उद्देश्य ज्ञान और भक्ति के बीच द्वन्द्व दिखाना नहीं था वहाँ तो इस प्रसंग के माध्यम से ज्ञान, कर्म एवं भक्ति में सामंजस्य उपस्थित करना ही मूल उद्देश्य प्रतीत होता है।

**भक्तिकाल में भ्रमरगीत परम्परा–**

भ्रमरगीत का मूल उद्भव स्रोत श्रीमद्भागवत है। इसका पूर्ण विकास सूर के भ्रमर गीत में मिला है। सूर से लेकर आधुनिक काल के हिंदी कवियों तक भ्रमरगीत भी एक पुष्ट और विकसित परंपरा चली आ रही है। सूर के पश्चात लिखे गये भ्रमरगीतों में दृष्टिकोणों का थोड़ा बहुत अंतर भले ही रहा हो परंतु विषय और उद्देश्य सूर के भ्रमरगीत से पूर्ण रूप से प्रभावित है।

सूर के समकालीन कवियों ने भी भ्रमरगीत की रचना की है जिनमें नदंदास और परंमानददास प्रमुख है–

**नंददास का भ्रमरगीत–**

सूर के पश्चात् नंददास का भ्रमरगीत महत्वपूर्ण है। यह नाटकीय प्रश्नोत्तर शैली में है। उद्धव गोपियों को ज्ञान का उपदेश देते हैं। गोपियाँ उनका खण्डन करती हैं। उद्धव अपने पक्ष के समर्थन में जो तर्क देते हैं गोपियाँ उनसे भी प्रबल तर्क देती हैं। इस प्रकार तर्क–वितर्क एवं खण्डन–मण्डन में कथानक विकसित होता है। गोपियों के तर्क से पराजित होकर उद्धव अपनी हार स्वीकार कर लेते हैं। उद्धव अपना पक्ष प्रस्तुत करते हुए कहते है कि कृष्ण सर्वत्र व्याप्त हैं। वे निराकार हैं। वे अजन्मा, अनादि, हाथ–पैर और मुखरहित हैं। गोपियाँ अपने तर्क से उद्धव के इस कथन का खंडन करके उनको निरूत्तर करने का प्रयास करती हैं–

**जो मुख नाहित हतो, कहौ किन माखन खायौ।**
**पायन बिन गो–संग कौन वन–वन को धायौ।।**
**आँखिन में अंजन दियो, गोवर्धन लियो हाथ।**
**नंद यशोदा पूज हैं, कुँवर कान्ह ब्रजनाथ।।**
**सखा सुन श्याम के।।**

सूर की अपेक्षा नंददास के भ्रमरगीत में यह विशेषता है कि उसमें दार्शनिकता की प्रधानता है। सूर के भ्रमरगीत में राधा और कृष्ण दोनों का नाम आया है परन्तु नन्ददास के भ्रमरगीत में राधा का नाम नहीं है। नंद दास की गोपियों में सूर की गोपियों की अपेक्षा अधिक तीखापन हैं।–

**कोई कहैरी सुनो और इनके गुन आली।**
**बलि राजा पे गये भूमि माँगन बनमाली।।**
**माँगत आवत रूप धरि करी कुठाँव।**
**सत्य धर्म सब छौड़ी के धरयौ पीठ पे पाँव।।**
**लोभ की नख ये।**

नंददास की गोपियाँ भावुकता में कम नहीं है। श्रीकृष्ण की स्मृति आते ही वे कातर हो उठती हैं–

**ऐसे में नंद लाल रूप नैनन के आगे।**
**आये गये छवि छाय बने पियरे उर बागे।।**
**ऊधव सों मुख फेरी के बैठी सकुचि कह बात।**
**प्रेम अमृत मुख तें स्रवत अंबुज नैन चुयात।।**
**तटक रस रीति की।**

गोपियों के प्रेम के सामने उद्धव लज्जित हो जाते हैं। वे गोपियों के प्रेम के समक्ष अपने ज्ञान का गर्व भूल जाते हैं–

**देखत इनको प्रेम नेम उद्धव को भाज्यौ।**
**तिमिर भाव अखेस बहुत अपने मन लाज्यौ।।**
**मन में वह रज पाय कै लै माथे निज धारि।**
**हौं तो कृत–कृत है रहौ त्रिभुवन आनन्दवारि।।**
**वन्दना जोग पे।।**

नंददास का भ्रमर गीत अपनी मौलिकता में महत्वपूर्ण है। उनमें तर्क में निपुणता और दार्शनिकता के साथ–साथ सरलता और भाव व्यंजना भी है। नंददास ने दार्शनिक वाद–विवाद कराकर अंत में सगुण भक्ति की प्रतिष्ठा की है। भ्रमर गीत छन्द का अविष्कारक सर्वप्रथम नंददास के भ्रमर गीत में मिलता है।

**परमानंददास का भ्रमरगीत–**

अष्टछाप के कवियों में परमानंददास ने भी भ्रमर गीत की रचना की। उनके भ्रमरगीत में सूर अथवा नंददास के भ्रमरगीत के समान विस्तार नहीं है। इनके कुछ पद ही भ्रमरगीत काव्य परंपरा में लिए जा सकते हैं। परमानंददास के पदों में सूर के पदों का विशेष प्रभाव है। इन्होंने चौपाई और साखी छन्दों में भ्रमर गीत की रचना की है। आपने मधुकर शब्द का प्रयोग अवश्य किया है परंतु कहीं मधुप प्रवेश नहीं करता। आपने भी सूर और नंददास की तरह सगुण भक्ति की स्थापना अपने भ्रमरगीत के पदों में की है गोपियों की विरह कातरता का चित्रण आपके भ्रमरगीत की प्रमुख विशेषता है भाव व्यंजना की दृष्टि से आपके पद उच्च कोटि के हैं। एक उदाहरण इस प्रकार है–

**मोहन वह क्यों प्रीति विसारी।**
**कहत सुनत समुझत उर अंतर दुःख लागत है भारी।**
**एक दिवस खेलत वन भीतर बेनी सुमन सँवारी।।**
**बीनत फूल गयो चुभि कंटक ऐसी विधा बिचारी।**
**हम पर कठिन हृदय अब कीनों लाल गोवर्धन धारी।।**
**परमानंद बलबीर बिना हम मरत विरह की जारी।**

अष्टछाप के अन्य कवियों में कृष्ण दास ने भ्रमर गीत संबंधी कुछ पद लिखे हैं। परंतु उनकी प्रमाणिकता संदिग्ध है।

चतुर्भुजदास ने भ्रमरगीत संबंधी कुछ पद लिखें हैं।

अष्टछाप के सूर आदि कवियों ने भ्रमर गीत की जिस काव्य परंपरा को जन्म दिया

वह अबाध गति से चली आ रही है। भक्ति काल के निम्न कवियों ने भी भ्रमरगीत काव्यध ारा में महत्वपूर्ण योग दिया–

**तुलसीदास का भ्रमरगीत–**

गोस्वामी तुलसीदास ने 'श्रीकृष्ण गीतावली' और 'कवितावली' में भ्रमरगीत प्रसंग का वर्णन किया है। कवितावली में इस प्रसंग पर केवल एक सवैया (संख्या 134) और एक कवित्त (संख्या 135) है। कवितावली में गोपियों की मार्मिक कथा व्यक्त हुई है। उनका सारा आक्रोश कृष्ण के प्रति हैं। वे कहती है कि उनके लिए कुब्जा ने योग की कथा भेजी है और स्वयं कृष्ण को वरण करके आनन्द मना रही है–

**जोग कथा पठई ब्रज को सबसो, सठ चेरी की चाल चलाकी।**
**ऊधो जू! क्यों न कहे कुबरी, जो बरी नटनागर हेरी हलाकी।।**
**जाहि लगे पर जानै सोई, तुलसी सो सुहागिनी नन्द लाल की।**
**जानौ है जान मनी हरि की, अब बाँधि यैगी कुछ कोटि कला की।।**

श्रीकृष्ण गीतावली में तुलसी ने इस प्रसंग को बहुत विस्तार दिया है। तुलसी ने उद्धव के लिए मधुपः, मधुकर आदि शब्दों का प्रयोग किया है। तुलसी के भ्रमर गीत में भ्रमर का प्रवेश नहीं होता परंतु उद्धव गोपी संवाद में भ्रमरगीत की समस्त विशेषताएँ मिलती है। मर्यादा स्थापना की प्रकृति तुलसी के भ्रमरगीत की मौलिक उद्‌भावना है। उनकी गोपियाँ सूर और नन्ददास की गोपियों की तरह निर्लज्ज और चंचल नहीं है। वे बड़ी विनम्रता से उद्धव से वार्तालाप करती हैं। वे न सूर की गोपियों की तरह वाक्‌पटु हैं और न नंददास की गोपियों की तरह तर्क करती हैं। गोपियाँ अपनी भक्ति सम्बन्धी विनय, शक्ति तथा मर्यादा दिखाकर ज्ञान–गर्वित उद्धव का हृदय जीतती है।

भक्तिकाल में तुलसीदास के अतिरिक्त हरिराय, मलूकदास, मुकुन्ददास, घासीराम एवं रसखान आदि ने भी भ्रमरगीत प्रसंग पर स्फुट छंद लिखे। इस क्षेत्र में हरिराय की स्नेहलीला, मलूकदास की उद्धवपच्चीसी तथा रसखान के सवैया और कविन्त छन्द उल्लेखनीय हैं।

तुलसी के पश्चात् भ्रमरगीत की परंपरा का विकास रहीम के काव्य में मिलता है। इन्होंने बरवै छन्द में भ्रमर गीत की रचना की थी। इसमें गोपियों की मार्मिक मनोव्यथा का सुन्दर चित्रण हुआ है। रहीम के भ्रमर गीत के समान गोपियों की तन्मयता अन्यत्र नहीं मिलती। निम्न उदाहरण में हाय शब्द हृदय की मार्मिक कथा का सागर उड़ेल देता है–

घेर रहयौ दिन रतिया बिरह बनाय।
मोहन की यह बतियाँ ऊधौ हाय।।

**वस्तुनिष्ठ प्रश्न–**

1. **ष्टमार्ग की स्थापना................. द्वारा की गयी।**

   (1) सूरदास  (2) वल्लभाचार्य

   (3) विद्यापति  (4) तुलसीदास

2. **उद्धव, गोपियों के कृष्ण विषयक अनुराग को देखकर उनकी .......... करते हैं।**

   (1) उपेक्षा  (2) प्रशंसा

   (3) बुराई  (4) निंदा

3. **सूर की अपेक्षा नंददास की गोपियों में अधिक .................... है।**

   (1) व्यवहारकुशलता  (2) स्पष्टवादिता

   (3) तीखापन  (4) कोमलता

4. **परमानंद दास ने ............... छंदों में भ्रमरगीत की रचना की है।**

   (1) चौपाई और साखी  (2) दोहा

   (3) गीतात्मक  (4) लयात्मक

5. **तुलसीदास की गोपियाँ उद्धव से .................... से वार्तालाप करती हैं।**

   (1) निर्लज्जता  (2) व्यंगात्मकता

   (3) कटुता  (4) विनम्रता

## 3.4 भ्रमर गीत परम्परा और सूरदास

भ्रमर गीत का शाब्दिक अर्थ तो भ्रमर का गीत अथवा भ्रमर से सम्बद्ध गीत है। किन्तु हिन्दी साहित्य में वह एक प्रसंग विशेष का सूचक बनकर आया है और यह प्रसंग है– उद्धव गोपी संवाद। जब कृष्ण ब्रज से मथुरा चले गये तब वहाँ जाकर उन्होंने ब्रजवासियों को सान्त्वना देने के लिए उद्धव के हाथ संदेश भेजा। उद्धव ने यह संन्देश गोपियों को दिया किंतु गोपियों को उनका नीरस उपदेश तनिक भी नहीं भाया और उन्होंने भ्रमर को सम्बोधित करते हुए उद्धव तथा कृष्ण पर जो व्यंग्य कसे वे ही काव्यनिबद्ध होकर भ्रमरगीत के नाम से प्रसिद्ध हुए।

भ्रमर गीत परम्परा में सूरदास के भ्रमरगीत का अप्रतिम स्थान है। उनके सूरसागर में तीन भ्रमरगीत उपलब्ध होते हैं। प्रथम भ्रमरगीत अत्यन्त संक्षिप्त है। यह भागवत का अनुवाद सा प्रतीत होता है। इसमें ज्ञान पर भक्ति की ही विजय दिखायी गयी है। इसकी रचना चौपाई छन्दों में हुई हैं। कवित्व की दृष्टि से इसका कोई विशेष महत्व नहीं है। अन्य दो भ्रमरगीतों की रचना पदों में ही की गयी हैं। दूसरे भ्रमरगीत में भी गोपियों ने मधुकर के माध्यम से उद्धव को उपालम्भ दिया है पर सूर की प्रतिभा की प्रौढ़ता इसमें नहीं दिखाई

देती। तीसरा भ्रमरगीत सबसे अधिक विस्तृत है। इसमें काव्य सौंदर्य के साथ–साथ सगुण भक्ति की महत्ता भी सुन्दर ढ़ंग से दिखाई गयी है।

कृष्ण द्वारा उद्धव को ब्रज भेजे जाने में जो दृष्टि भागवत में रही है वह सूर के भ्रमर गीत में नहीं। भागवत के कृष्ण तो उद्धव को ब्रज केवल इसलिए भेजते है कि वे वहाँ जाकर नन्द, यशोदा, ग्वाल–बाल तथा गोपियों को सांत्वना दे आवें और उन्हें बता दे कि कृष्ण मथुरा में कुशल क्षेम से हैं सूर के भ्रमरगीत में उद्धव को ब्रज भेजने का मूल उद्देश्य है उद्धव के ज्ञानाभिमान को चूर–चूर करना। एक बार कृष्ण उद्धव के समक्ष अपनी अतीत की मधुर स्मृतियों का प्रसंग छेड़ बैठते हैं। उद्धव को यह बिल्कुल नहीं भाता और वे उन्हें ज्ञान का उपदेश देने लगते है। कृष्ण को इससे बड़ी खीझ होती है और वे उनके ज्ञान के गर्व को चूर करने के लिए उन्हें प्रेममयी गोपियों के पास भेजते हुए कहते हैं–

**उद्धव यह मन निश्चय जानौ।**
**मन, क्रम, वचमैं तुम्हें पठावत, ब्रज को तुरत पलानो।।**
**पूरन ब्रह्म सकल अविनासी ताके तुम हो ज्ञाता।**
**रेख न रूप जाति कछु नाहीं जाके नहि जिनु माता।।**
**यह मत दै गोपिन कहै आवौ बिरह नदी मैं भासति।**
**सूर तुरत यह जाइ कहौ तुम ब्रह्म बिना नहिं आसति।**

उद्धव अपने ज्ञान के गर्व में डूबे हुए ब्रज पहुँचते है और वहाँ पहुँचकर गोपियों के समक्ष अपनी ज्ञान चर्चा छेड़ देते है। उद्धव की बातों को सुनकर गोपियाँ चिढ़ जाती है किंतु उद्धव उनके अतिथि है, अतः सीधे इन्हें खरी–खोटी सुनाने का अर्थ अतिथि का अपमान करना है इसी लिए वे ज्ञान चर्चा के समय मथुरा की ओर से उड़कर आये हुए भ्रमर के बहाने अपने हृदय की खीज को व्यक्त करती हैं। इस भ्रमर गमन के प्रसंग को अवतरित करते हुए सूरदास लिखते हैं–

**यहि अंतर एक मधुकर आयौ।**
**निज स्वभाव अनुसार निकट होई सुन्दर सब्द सुनायौं।।**
**पूछनलागी ताहि गोपिका, कुब्जा तो हि पठायौ।**
**केधौं सूर स्याम सुन्दर को, हमै संदेसो लायौ।।**

गोपियों को उद्धव की ज्ञानवार्ता और उनका निर्गुण ब्रह्म का उपदेश बिल्कुल अच्छा नहीं लगता, वे उनकी खिल्ली उड़ाती हुई उनसे पूछती हैं–

**निर्गुण कौन देस को बासी?**
**मधुकर! हँसि समुझाय सौंह दे बूझति साँच न हासी।।**

**कोहै जनक, जननि को कहियत, कौन नारि, को दासी।**

**कैसो बरन, भेस है कैसो, केहि रस में अभिलासी।।**

वे बड़े भोले भाव से उद्धव से प्रश्न करती हैं–

**हमसो कहत कौन की बातैं?**

**सुनि उधौ ! हम समझत नाहीं फिरि बूझति है तातैं ।।**

गोपियों के लिए तो कृष्ण ही सबकुछ हैं इसीलिए उद्धव का ज्ञान उनको समझ में नही आता। वे उद्धव से कहती हैं कि हो सकता है तुम्हारा ज्ञान कोई बहुत अच्छी चीज हो और उसमें तत्व ही तत्व भरा हो किन्तु हम उसका क्या करें? हम तो निपट गँवारिन है अतः हमारी समझ में कुछ नहीं आता। अधिक अच्छा यह होगा कि अपने इस ज्ञान को लेकर मथुरा चले जाओ। वहाँ की स्त्रियाँ तुम्हारे इस ज्ञान कथा का भली–भाँति श्रवण मनन कर सकती है, क्योंकि वे नागरिक (नगर की रहने वाली) जो ठहरीं–

**उधौ, ब्रज की दसा विचारौ।**

**ता पाछे यह ज्ञान आपनो, जोग कथा विस्तारौ।।**

**अपनी ज्ञान कथा यह उधौ, मथुरा ही ले जावौ।**

**नागरि नारि नीकैं समझैंगी, तुमरो बचन बनाव।।**

वे उद्धव से पूछती है क्या तुमने कभी उस निर्गुण ब्रह्म को देखा भी है जिसका वर्णन तुम हमसे कर रहे हो? क्या तुमने अपने ब्रह्म की वैसी बाँकी झाँकी देखी है जैसी हम देख चुकी हैं–

**देख न वरन रूप नहिं जाके ताकौ हमैं बतावत।**

**अपनी कहौ दरस ऐसे को तुम कबहूँ हौ पावत।।**

**मुरली अधरधरत है सो पुनि गोधन वन–वन चारत।**

**नैन विसाल भौंह बंक करि, देख्यौ कबहूँ निहारत।।**

**तन त्रिभंग करि, नटवर बपु धरि, पीताम्बर तेहि सोहत।**

**सूरस्याम जो देइ हमैं सुख, त्यों तुमको सोइ मोहत।**

उद्धव बेचारे क्या कहते? उन्हें मौन हो जाना पड़ता है और यहीं सूर का उद्देश्य पूर्ण हो जाता है। सूर ज्ञान पर भक्ति, निर्गुण पर सगुण और मस्तिष्क पर हृदय की विजय दिखाना चाहते थे। उद्धव के मौन ने यह कार्य भली–भाँति सम्पन्न कर दिया।

काव्य की दृष्टि से सूरदास के भ्रमरगीत में अधिक स्वाभाविकता, रोचकता एवं मार्मिकता है।

### 3.4.1 सूर के भ्रमर गीत की अंतर्वस्तु–

सूर कृत भ्रमर गीत में गोपियों की तीव्र विरहानुभूति भ्रमर अन्योक्ति के सहारे वर्णित है, इसलिए इसे भ्रमर गीत कहा गया है। सूरदास ने सूरसागर में साढ़े सात सौ पदों में भ्रमर गीत प्रसंग की रचना की है। जिसमें उद्धव के ब्रज आगमन से लेकर मथुरा लौटने तक की कथा कही गयी है।

सूर ने अपनी प्रतिभा से भागवतकार के भ्रमरगीत का आधार लेते हुए भी मौलिक उद्भावनाएँ की हैं जैसे भागवत के उद्धव, कृष्ण के प्रियसखा महाज्ञानी और मंत्री है। श्री कृष्ण माता–पिता को प्रसन्न करने तथा ब्रज की गोपियों के दुख को शांत करने उद्धव को ब्रज भेजते हैं किन्तु सूरदास के उद्धव अद्वैतवादी, अंहकारी और ज्ञानमार्गी है। उनके हृदय में भक्ति की सरसता नहीं है। वे योग साधना में विश्वास करते हैं। भागवत में उनका रथ और वेशभूषा भी कृष्ण के समान बतायी गयी है किंतु सूरसागर में उनका रंग कृष्ण और भ्रमर की भाँति काला बताया गया है। इसी प्रकार भागवत और सूर के भ्रमरगीत का प्रतिपाद्य भी भिन्न है।

सूरदास के भ्रमरगीत के दो पक्ष हैं– धार्मिक पक्ष और–काव्य पक्ष। धार्मिक दृष्टि से देखने पर इसमें वैष्णव भक्ति आंदोलन के समय की धार्मिक अवस्था और उस पर सूर का दृष्टिकोण हमारे सामने स्पष्ट हो जाता है। मायावाद और अद्वैतवाद का आंतक, अनेक देवी–देवताओं का पूजन शिव आराधना का विकृत रूप, हठ योगियों का पाखण्ड पूर्ण आचरण, निर्गुणवादियों द्वारा मिथ्या जंगत का प्रचार आदि बातों से वैष्णव भक्ति को काफी संघर्ष करना पड़ा था। सूरदास की गोपियाँ भ्रमर गीत में धर्म की सहजता और प्रेमाभक्ति का आदर्श प्रस्तुत करती हैं जो वस्तुतः सूर का भी अभीष्ट है। वे निर्गुण का विरोध तो करती हैं किन्तु उसका खण्डन नहीं करतीं।

इस तरह सूर के भ्रमरगीत का धार्मिक पक्ष उनके सामाजिक दृष्टिकोण को व्यक्त करता है। काव्यपक्ष की दृष्टि से भ्रमरगीत परंपरा में सूर का भ्रमरगीत एक अनुपम उपालम्भ काव्य है। इसे श्रेष्ठ व्यंग्य काव्य भी कहा जा सकता है। आचार्य राम चंद्र शुक्ल ने लिखा भी है– सूर के भ्रमर गीत के समान श्रृंगार रस का ऐसा सुन्दर उपालम्भ काव्य दूसरा नहीं हैं।

आचार्य पं. रामचन्द्र शुक्ल ने लिखा है कि जिस प्रकार ब्रज देश में कृष्ण भक्त चैतन्य थे उसी प्रकार उत्तर भारत में श्री वल्लभाचार्य जी ने परमभाव की उस आनन्द विध ाायिनी कला का दर्शन कराकर, जिसे प्रेम कहते हैं जीवन में सरसता का संचार किया। दिव्य प्रेम संगीत की धारा में इस लोक का सुखद पक्ष निखर आया और जमती हुई उदासी या खिन्नता बह गयी।

सूरदास ने प्रेम तत्व की विशद चर्चा की है। अतः उनके काव्य में हमको भक्ति, श्रृंगार तथा वात्सल्य तीनों के दर्शन होते हैं। उन्होंने प्रेम के विशद निरूपण द्वारा एक सागर तैयार किया जिसको सूरसागर कहते हैं।

माता यशोदा, नन्द बाबा, गोकुल के गोप–गोपिकाएँ इनका कृष्ण प्रेम वात्सल्य के अंतर्गत आते है।

भ्रमर गीत में विनय के पद नहीं हैं। इनमें कृष्ण के बाल्यकाल एवं यौवन काल के मनोहर चित्र हैं। इसमें माता–यशोदा एवं बाबा नंद का कृष्ण प्रेम गौण है तथा कृष्ण और गोपियों की प्रेम माधुरी प्रधान रूप से वर्णित है। इन वर्णनों की मधुरता एवं सरसता जीवन में स्फूर्ति का संचार कर देती है–

उधो! मन नाहीं दस बीस।

एक हुतो सो गयो स्याम संग, को आराधै ईस।

### 3.4.2 सूर के भ्रमरगीत में वात्सल्य रस–

केवल वात्सल्य ही भक्ति का सर्वशुद्ध भाव है जिसमें न तो विरक्ति की भावना है और न ही इंद्रिय सुख की कामना। लोक धर्म का उल्लंघन भी इसमें नही है। वात्सल्य भाव के आलम्बन बाल कृष्ण है और उनकी लीलाएँ उद्दीपन का कार्य करती हैं। कृष्ण के मथुरा जाने तक यशोदा में संयोगात्मक भाव की दृढ़ता रहती है और मथुरा गमन की सूचना से ही वियोग की अनुभूति का प्रारंभ हो जाता है। वह पागल सी हो जाती हैं। वह विश्वास ही नहीं कर पाती कि उनके समान उनके लाल की देख–भाल कोई अन्य व्यक्ति कर सकता है? यह एक शाश्वत, सार्वभौम, मनोवैज्ञानिक तथ्य हैं जिसका अभिव्यंजन सूर ने खूबी के साथ किया है–

**संदेसो देवकी सों कहियो।**

**हौं तो धाय तिहारे सुत की दया करत ही रहियौ।**

यशोदा के साथ–साथ कृष्ण के बाल स्वभाव की बहुत ही सहज किंतु सूक्ष्म वृति का उद्घाटन हुआ है–

**नीके रहियो जसुमति मैया।**

**आवैंगे दिन चारि–पाँचि में हम हलधर दोऊ भैया।।**

**जा दिनते हम तुमते बिछुरैं काहु न काहयौ कन्हैया।**

**कबहु प्रात न कियो कलेवा, साँझ न पीनी घैया।**

**बंसी बेनु संभारि राखियो और अबेर सबेरो।**

**मति लै जाय चुराय राधिका कहुक खिलौनों मेरो।**

**कहियो जाय नंद बाबा सों निपट--निठुर जिय कीन्हो।**

**सूर स्याम पहुँचाय मधुपुरी बहरि संदेसा न लीन्हो।**

कृष्ण के मथुरा से न लौटने पर नंद और यशोदा दुख के सागर में डूब से गए हैं। अनेक दुःखात्मक भावनाएँ उनके हृदय में उठती हैं। यशोदा, नंद से झुंझलकार कहती है--

**छांड़ि सनेह चले मथुरा, कत दौरि न चीर गह्यौ।**

**फाटि न गई ब्रज की छाती, कत यह सूल सह्यौ।।**

**यशोदा के ऐसे कहने पर नंद पलट कर कहते हैं--**

**तब तू मरिबोई करित।**

**रिसनि आगे कहै जौ आवत, अब लै भांड़े भरति।।**

**कठिन हिय करि तब जो बाध्यौ, अब बृथा करि मरित।।**

यह वियोग पूर्ण झुंझलाकर प्रेम भावना के अंतर्गत ही है और अत्यंत स्वाभाविक है। यशोदा नंद से कहती हैं-- तुम अपना ब्रज संभालो, तुम्हें इसका गहरा लोभ है, मैं तो जाती हूँ--

**नन्द! ब्रज लीजै ठोकि बजाय।**

**देहु बिदा मिलि जाहिं, मधुपुरी जहँ गोकुल के राय।**

कृष्ण के बाल सखाओं की भी ऐसी ही दशा है। वे कृष्ण के बिना अधीर होते हैं और उनकी निष्ठुरता पर क्षुब्ध होकर कहते हैं--

**भए हरि मधुपुरी राजा बड़े वंश कहाय।**

**सूत मागध बदत बिरुदरि बरनि बसुद्यौतात।।**

**राज भूषन अंग भ्राजत, अहिर कहत लजात।।**

### 3.4.3 सूर के भ्रमर गीत में विप्रलम्भ--

भ्रमरगीत एक विप्रलंभ श्रृंगार प्रधान रचना है। इसमें विरह की समस्त दशाओं का सजीव उद्‌घाटन किया गया है। भ्रमर गीत के विरह वर्णन में कवि की कोरी भावुकता ही नहीं है बलिक शास्त्रीय नियमों का भी सफल पालन दिखाई देता है। साहित्य शास्त्रियों के मतानुसार विरह की दस दशाएँ मानी गयी है-- अभिलाषा, चिंता स्मरण, उद्वेग, प्रलाप, उन्माद, व्याधि, जड़ता, मूर्च्छा, मरण।

विरह की दस दशाएँ:-- भ्रमरगीत में विरह की दसो दशाओं से संबंधित वर्णन मिलते हैं--

1. **अभिलाषा :--**

निरखत अंक स्याम सुंदर के बार--बार लावति छाति।

लोचन जल कागद मसि मिलिके है गई स्याम स्याम की पाती।।

2. **चिंता :–**

मधुकर! ये नयना हारे।

निरखि निरखि मग कमल नयन को प्रेम मगन भये भारे।

3. **स्मरण :–**

मेरे मन इतनी सूल रही।

वे बतियाँ छतियाँ लिखि राखी जे नंदलाल कही।

एक दिवस मेरे गृह आए मै ही मथति दही।

देखिति है मैं मान कियो सखि सो हरि गुसा गही।

4. **उद्वेग :–**

तिहारीं प्रीति किधों तरवारि।

दृष्टि धार करि मारि साँवरे घायल सब ब्रजनारि।

5. **प्रलाप :–**

कैसे क पनघट जाऊ सखि री डोलौं सरिता तीर।

भरि–भरि जमुना उमड़ि चली है, इस नैनन के नीर।।

इन नैनन के नीर सखी री, सेज भई घर नाऊँ।

चाहति हौं याही पे चढ़िकै, स्याम मिलन को जाऊँ।

6. **उन्माद :–**

माधव! यह ब्रज को ब्यौहार।

मेरो कह्यो पवन को भुस भयो, गावत नंद कुमार।

7. **व्याधि :–**

ऊधौजू! तिहारे चरन लागौ बारक या ब्रज करबि भाँवरी।

निसि न नींद आवै, दिन न भोजन भावै, मग जोवत भई दृष्टि झाँवरी।

8. **जड़ता :–**

बालक संग लये दधि चोरत खात खवावत डोलत।

सूर सीस सुनि चौकत नावहि अब काहे न मुख बोलत।

9. **मूर्च्छा :–**

सोचति अति पछितानि राधिका मूर्छित धरनि ढही।

सूरदास प्रभु के बिहुरें ते बिथा न जाति सही।

10. **मरण :–**

जब हरि गवन कियो पूरब लौं तब लिखि जोग पठायो।

यह तन जरि के भस्म है निबर यो बहुरि भसान जगायो।।

कै रे! मनोहर आनि मिलायो, कै ले चलु हम साथै।

सूरदास अब मरन बनयौ है पाप तिहारे माथे।।

**गोपियों का विरह वर्णन–**

भ्रमर गीत के अनेक पदों में विरह की ऐसी मानसिक दशाओं का वर्णन है जो उक्त दस दशाओं के बाहर होते हुए भी अत्यंत मार्मिक है। प्रिय के प्रति क्षमा भाव अनन्य प्रेम आदि एक साथ अनेक भावों का सुखद मिलन दिखाई देता है। कुछ उदाहरण इस प्रकार हैं–

**फिर ब्रज बसुह गोकुलनाथ।**

**बहुरि न तुमहि जगाय पठवौं गोधनन के साथ।**

**बरजों न माखन खात कबहूँ देहौं देन लुटाय।**

000

**करिहौं न तुमसों मान हठ हठि हौ न माँगत दान।**

**कहिहौं न मृदु मुरली बजावन करन तुमसो गान।।**

**कहिहौं न चरनन देन जावक, गुहन बेनी फूल।**

**कहिहौं न करनन सिंगार बट तर बसन जमुना कूल।।**

इन सब प्रतिज्ञाओं का सहज कारण है केवल दर्शन की लालसा। इस प्रेम में भोगेच्छा नही केवल प्रिय दर्शन की इच्छा है–

**एक बार जु दरस दिखावहु प्रीति पंथ बसाय।**

**भँवर करौ चढ़ाय आसन नयन अंग– अंग लाय।**

वे कहाँ तक अपनी करनी पर पछताएँ–

**कहाँ तगि मानिए अपनी चूक?**

**बिनु गोपाल, ऊधौ, मेरी छाती है न गई द्वै टूक।।**

प्रेमरूपी स्वर्ण की परीक्षा विरह रूपी अग्नि में होती है–

**विरह अग्नि जरि कुन्दन होई। निरमल तन पावै कोई–कोई।।**

कृष्ण के मुथरा गमन के पश्चात ब्रज में सुबह–शाम तो वैसे ही होते हैं पर 'मदन गोपाल के बिना या तन की सवै बात बदली।" ब्रज में पहले जो मनोहर दृश्य देखने में आता

था वह अब कहीं ही दिखाई देता और मन से उसका स्मरण नहीं जाता–

**एहि बेरियाँ बन तें ब्रज आवते।**

**दूरहिं ते वह बेनु अधर धरि बारंबार बजावते।।**

संयोग समय में जो पदार्थ सुख देते हैं, वियोग में वही कष्टकारी हो जाते हैं। सागर मंथन के समय चन्द्रमा को निकालने वालो पर भी गोपियों ने अपनी दृष्टि दौड़ाई है–

**या बिन होत कहा अब सूनो?**

**लै किन प्रकट कियो प्राची दिस, बिरहित को दुख इनौ।**

**सब निरदय सुर, असुर सैल सखि! सायर सर्प समेत।।**

**धन्य कहौं वर्षा ऋतु तमचुर औं कमलन को हेत।**

**जुग–जुग जीवै जरा बासुरी मिलै राहु और केत।।**

ऋतुओं का आवागमन सब कुछ नियमतः चल रहा है। प्रकृति में सर्वत्र उनका रंग बदलता दिखाई देता है। गोपियाँ भी कृष्ण मिलन को आतुर हो जाती हैं, तब कृष्ण का हृदय नहीं विकल होता। ऐसा लगता है मानों यह सब प्राकृतिक परिवर्तन वहाँ नहीं होते जहाँ कृष्ण रहते हैं। सब वृंदावन में आकर अपना रूप दिखाते हैं–

**मानौ माई! सबन्ह इतै ही भावत।**

**अब वहि देस नन्दनन्द को कोउ न समौ जनावत।।**

**धरत न वन नवपत्र फूल फल पिक बसंत वहिं गाबत।**

**मुदित न सर सरोज अलि गुंजत पवन पराग उड़ावत।।**

**पावस विविध बरन वर वादर डेहि नहिं अंबर छावत।**

**चातक मोर चकोर सोर करै, दामिनी रूप दुरावत।।**

विरह व्याकुल गोपियाँ तरह–तरह की भावनाओं से रंजित होने के कारण एक ही वस्तु कइ रूपों में दिखाई देती हैं। कभी–कभी उठते हुए बादल ऐसे भीषण रूप में दिखाई देते हैं–

**देखियत चहुं रिसि ते घन घोरे।**

**मानोमत्त मदन के हथियन बल करि बंधन तोरे।।**

**कारे तन अति चुवत गंड मद, बरसत धोरे–धोरे।**

**रुकत न पवन महावत हू पे, मुरत न अंकुस मोरे।।**

कभी–कभी यही बादल लोक–सुख दायक रूप में ही सामने आते हैं और कृष्ण की अपेक्षा कहीं दयालु और परोपकारी लगते हैं–

**बरुये बदराऊ बरसन आए।**
**अपनी अवधि जानि नन्दनन्दन। गरजि गगन घन छाए।।**
**सुनियत है सुर लोक बसत सखि, सेवक सदा पराए।**

प्रिय कृष्ण के साथ रूप समानता होने के वही मेघ प्रिय लगने लगते हैं–

**आजु घन स्याम की अनुहारि।**
**उनै आए साँवरे ते सपनी। देखि रूप की आरि।।**
**इन्द्रधनुष मनो नवल बसन छवि, दामिनी दसन विचारि।**
**जनु बग–पाँति माल मोतिन की, चितवत हितहि निहारि।।**

इसी प्रकार कभी पपीहा अपनी बोली से प्रियतम का समरणत कराके दुख उत्पन्न करता है–

**हौं तो मोहन के विरह जरी रे। तू कत जारत?**
**रे पायी तू पखि पपीहा, पिउ पिउ पिउ अधिरात पुकारत।।**

तो कभी समान रूप से व्यथित होने के कारण अत्यंत सुहृदय सा लगता है–

**बहुत दिन जीवौ पपिहा प्यारों।**
**बासर रैनि नाँव तै बोलत, भयो बिरह जुटकारो।।**

प्राकृतिक चित्रों के माध्यम से भी सूर ने कई स्थानों पर गोपियों के विरह का वर्णन किया है। जैसे गोपियाँ मथुरा से कुछ ही दूरी पर पड़ी विरह से तड़फड़ा रही हैं और कृष्ण राजसुख भोग रहे हैं–

**सागर फूल मीन तरफत है, हुलसि होत जल पीन।**
**कृष्ण की अनुपस्थिति में गोपियों की विचित्र दशा हो गई है।**

**कृष्ण पर आधारित वियोग वर्णन–**

सूरदास ने जिस विस्तार के साथ गोपियों का विरह वर्णन किया है उस विस्तार के साथ कृष्ण के पक्ष में प्रेम का निरूपण नहीं है। इसका एक दार्शनिक कारण यह है कि कृष्ण और गोपियों का सम्बन्ध परमात्मा और आत्मा के सम्बन्ध के समान है परन्तु एक–दो स्थानों पर उन्होंने श्री कृष्ण के विरह का भी वर्णन किया है वे उद्धव के समक्ष अपने प्रेम की चर्चा करते हुए कहते हैं कि–

**ऊधौ! मोहि ब्रज बिसरत नाहीं।**
**हंससुतां की सुंदरि कगरी अरू कुंजन की छांही।।**
**वे सुरभि वे बच्छ दोहनी खरिक दुहावन जाहीं।**

**यह मथुरा कंचन की नगरी मनि मुक्ताहल जाहीं।**
**जबहि सुरति आवति वा सुख की जिय उगमन तनु नाहीं।।**

उद्धव को ब्रज भेजते हुए वे कहते हैं–

**कहियो नन्द कठोर भए।**
**हम दोऊ बीरैं डारि पर घरै मानो थाती सौंपि गए।**
**तनक तनक तै पालि बड़े किये बहुतैं सुख दिखराए।।**
**गोचारन को चलत हमारे पाछे कोसक धाए।**
**ये बसुदेव देवकी हमसों कहत आपने जाए।**
**बहुरि विधाता जसुमति पू के हमहिं न गोद खिलाए।।**

कृष्ण गोकुल वासियों का प्रेम भुला नहीं पाते। उनका मथुरा में बिलकुल मन नहीं लगता। गोप ग्वालों का साथ छोड़कर वे म नही मन दुखी रहते हैं–

**हरि गोकुल की प्रीति चलाई।**
**सुनहु उपंग सुत मोहि न बिसरत ब्रजवासी सुखदाई।।**
**यह चित होत जाऊँ मैं अवहीं, यहाँ नहीं मन लागत।**
**गोप ग्वाल गाय वन चारत, अति दुख पायौ त्यागत।।**
**कहँ माखन चोरी! क्ह जसुमति पूत जेव करि प्रेम।**
**सूर स्याम के वाचन सहित सुन व्यापत अपन नेम।।**

कृष्ण कहते हैं कि उद्धव, सोते–जागते, चलते–फिरते, मेरा मन कहीं नहीं लगता। बाबा नंद और माता यशोदा और ब्रज के सब लोगों में ही प्राण बसे रहते हैं और राधिका का प्रेम तो हृदय से निकलता ही नहीं–

**रैनि सोवत, चलत, जागत लगत नहिं मन आन।**
**नंद जसुमति नारि नर ब्रज जहाँ मेरो प्रान।।**
**कहत हरि सुनि उपंगसुत, यह कहत हों रसरीति।**
**सूर चित ते सूत नाहीं राधिका की प्रीति।।**

वे कहते हैं, ब्रज की लताएँ, गोपियाँ ओर परमसुन्दरी राधिका की छवि स्मरण करके मन में अत्यंत पछतावा होता है। जब उनके साथ किया हुआ रास याद आता है तो हृदय व्याकुल हो जाता है। लेकिन उन्हें संदेश देना कि यह सब तो मिथ्या बातें हैं–

**सखा? सुनो मेरी इक बात।**
**वह लतागन संग गोरिन सुधि करत पछतात।।**

**कहाँ वह वृषभानुतनया परम सुन्दर गात।**

**सुरति आए रास रस की अधिक जिय अलुकात।।**

**सदा हित यह रहत नाहीं सकल मिथ्या–जात।**

**सूर प्रभु यह सुनौ मोसों एक ही सों नात।।**

मथुरा के महल का वैभव भी कृष्ण को नहीं सुहाता! वे उद्धव से कहते हैं–

**पथिक! संदेसो कहियो जाए।**

**आवैंगे हम दोनों भैया, मैया जनि अकुलाय।।**

**यद्यपि मथुरा विभव बहुत है तुमबिन कछु न सुहाय।**

**सूरदास ब्रजवासी लोगनि भेंटत हृदय जुड़ाय।।**

### 3.4.4 भ्रमर गीत में वक्रोक्ति एवं उक्ति वैचिष्य–

किसी बात को अनूठे ढंग से कहना वक्रोक्ति कहलाता है। यह एक शब्दालंकार भी है। जहाँ किसी उक्ति में वक्ता के अभिप्राय के दूसरे अर्थ की भी कल्पना की जाय वहाँ वक्रोक्ति अलंकार होता है।

मथुरा के पथ पर जो भी जाता है गोपियाँ उसे श्यामका संदेश लाने को कहती हैं। गोपियों के बार–बार कहने से परेशान होकर राहगीरों ने उधर से निकलना ही बंद कर दिया है। निम्नांकित पंक्ति में यह व्यंग्य चिकित हुआ है–

**पिक चातक, वने बसन न पावहिं बायस बलिहि न खात।**

**सूर स्याम संदेसन के डर पथिक नवा मग जात।।**

और तो और पशु पक्षी भी परेशान होकर भाग गये। गोपियाँ पिक, चातक आदि से भी निवेदन करती रहती थीं कि पिय पिय रटना बंद कर दे या प्रिय का संदेश ले आवें।

गोपियाँ उद्धव को उपालंभ देती हुई कहती हैं कि हमने इतने संदेश भेजे है जिनसे शायद श्री कृष्ण का घर भर गया होगा परंतु वहाँ से कोई उत्तर नहीं आता। इसी को वचनवक्रता के साथ कहती है कि हमारे संदेशों से तो मथुरा के कुँए भर गए होंगे और वे लोग भी तो लौट कर नहीं आते जो संदेश लेकर जाते हैं। उनके लौट कर न आने के कारण गोपियों की वचनावली उनके प्रति व्यंग्य करती है–

**संदेसनि मधुवन कूप भरे।**

**जो कोउ पथिक गए हैं ह्याँते फिर नहिं अवन करे।**

**कै वे श्याम सिखाय समोधे कै वे बीच मरे?**

**अपने नहिं पठवत नंदनन्दन हमरेउ फेरि धरे।।**

इस उपालंभ में भी कितनी मिठास है। कृष्ण आकर्षण की प्रतिमा हैं जो उनके पास पहुँच जाता है वह हमारी ही भाँति उन्हीं का हो जाता है।

वे उद्धव से कहती हैं कि कहीं तुम बहक तो नहीं गये हो तुम्हारा चित्त तो नहीं चल गया है, जरा अपने होश की दवा करो—

**ऊधो! तुम अपनो जतन करो।**

**हित की कहत कुहित की लागे किन बेकाज ररौ?**

गोपियों को उद्धव का संदेश जरा भी नहीं सुहाता परंतु वे अपनी इस रुचि को व्यंग का पुट देकर प्रकट करती हैं। दुशाले में लपेटकर चोट करती है कि— और हुई सो हुई ऊधौ! तुम आये खूब। तुम्हारी बातों से हमारा थोड़ा मनोरंजन हो गया—

**ऊधौ! भली करी तुम आए।**

**ये बातैं कहि कहि या दुख में ब्रज कै लोग हँसाए।।**

उद्धव और कृष्ण की सम्बन्ध भावना गोपियों की वृत्ति को विभिन्न दिशाओं में ले जाती है। उनके मुख से निकलने वाले शब्दों का व्यंगार्थ इस संयोग सूत्र के माध्यम से समझ सकते हैं—

**मधुकर! जानत है सब कोऊ।**

**जैसे तुम औ मीत तुम्हारे, गुननि निपुन हो दोऊ।।**

**पाके चोर, हृदय के कपटी, तुम कारे औ वोऊ।**

**सरबसु हरत, करत अपनो सुख वैसेहु किन होऊ।।**

गोपियाँ कहती है यह दोष न तुम्हारा है और न उनका। यह तो मथुरा का प्रभाव है जो वहाँ होकर निकलता है वह काला हो जाता है वहाँ के तो पानी में भी वह गुण है कि वहाँ पहुँचकर आदमी बहुत ही चतुर और चालाक बन जाता है। न तुम हमारी बातों का बुरा मानना और न हम तुम्हारी बातों का बुरा मानती हैं इस भूमि का प्रभाव ही कुछ ऐसा है—

**बिलग जनिमानहु, ऊधौ प्यारे।**

**यह मथुरा काजर की कोठरी, जे आवहिं ते सारे।।**

**तुम कारे सुफलक सुत कारे, कारे मधुप भँवारे।**

**तिनके संग अधिक छवि उपजत कमल नैन मनिआरे।।**

श्याम के नटखटपन पर व्यंग करती हुई वे कहती है अच्छा एक बात बताओं जब कृष्ण तुम्हें विदा करने लगे थे तब क्या वे मुस्कुराए थे—

**साँच कहौ तुमको अपनी सौं बूझति बात निदाने।**

**सूर स्याम जब तुम्हें पठाए तब नेकहु मुसकाने।।**

कृष्ण और ज्ञान योग का संदेश भेजें यह तो सर्वथा असंभव है वह तो परम रसिक प्रेमी है। कंस को मारकर मथुरा के राजा बनने वाले कोई दूसरे ही कृष्ण होंगे। हम सब तो उनके रूप माधुर्य के सहारे ही जीवित हैं। कृष्ण और योग का संबंध कुछ अजीब सा लगता है—

**हमसों कहत कौन की बातें?**
**सुनि ऊधौ! हम समुझत नाहीं फिर पूछति हैं तातें।।**
**को नृप भयो कंस किन मार्‌यो वसुधो सुत आहि?**
**यहाँ हमारे पास मनोहर जीजतु है मुख चाहि।।**

उद्धव कृष्ण के मित्र हैं। और उनसे संबंधित होने के कारण वे गोपियों को प्रिय लगते हैं। वे उनके साथ परिहास भी करती हैं। वे अपनी सीधी—सादी बातों को भी सुनाकर कहती हैं जिसका व्यंगार्थ अनूठा होता है—

**ऊधौ जान्यो ज्ञान तिहारो।**
**जानै कहा राजगति लीला अंत अहीर विचारो।।**

कृष्ण को व्यंग्य करती हुई कहती हैं कि हम समझ गए कि तुम कैसे ज्ञानी हो जैसे कृष्ण राजा बन गए वैसे ही तुम ज्ञानी होने का स्वांग करते हो। अहीर का छोकरा, राजाओं जैसी बात करने की कोशिश करता है। तुम उसी अनाड़ी के मित्र हो न? कृष्ण के प्रति अपने प्रेम के उच्च दशा को वे इस प्रकार कहती हैं—

**ऊधौ! जाहु बाँहि धर ल्याओ, सुन्दर स्याम पियारो।**
**ब्याहो लाख, धरौ दस कुवरी अंतहि कान्ह हमारो।।**

उद्धव तो अपनी बातें कहते जाते हैं पर गोपियों पर उनकी बातों का कोई प्रभाव नहीं होता। वे कहती हैं कि ऊधों तुम पुनः जाकर सुन आओ कि कृष्ण ने तुमसे क्या कहा था—

**ऊधौ जाय बहुरि सुनि आवहु कहा कह्यो है नन्द कुमार।**

उद्धव के ज्ञान उपदेश सुन—सुन कर वे झुँझलाकर कह उठती हैं कि तुम्हारी इन बातों से सिर में दर्द होने लगता है। तुमने अपनी बक बक से ऐसे ही कृष्ण को परेशान किया होगा तभी उन्होंने तुमको टालकर यहाँ भेज दिया है—

**साधु होय तैहि उत्तर दीजै तुमसों मानी हारि।**
**याही तै तुम्हे नन्दनन्दजु यहाँ पठाए हारि।।**

गोपियाँ प्रत्यक्षतः तो उद्धव के ज्ञानयोग की प्रशंसा करते हुए कहती हैं कि अपना यह योग सँभाल कर गाँठ बाँध लो। कहीं इसे भूल जाओ तो फिर पछताना पड़ेगा। ऐसी अनुपम वस्तु को ब्रज में समझने वाला कोई नहीं है लेकिन अपनी वक्रता इन पंक्तियों में

हैं–

**ऊधौ! जोग बिसरि जनि जाहु।**

**बाँधहु गाठ कहूँ जिन छूटे फिरि पाछे पछिताहु।।**

**ऐसी वस्तु अनुपम मधुकर मरम न जाने और।**

**ब्रजवासिन के नाहीं काम की तुम्हरे ही हैं ठौर।।**

उद्धव कृष्ण को निराकार ब्रह्म बताते हैं तो गोपियों को विचित्रता लगती है, वे राधा से कहती हैं कि कृष्ण का रूप तो तुम पी गयी हो, इसी कारण वे निरूप अर्थात् बिना आकार के हो गये हैं। उद्धव के द्वारा उन्होंने अपना रूप मँगाया है। सूर की इस वक्रता को गोपियों की विलक्षण उक्तियों द्वारा प्रकट किया है–

**मोहन माँग्यो अपनो रूप।**

**या ब्रज बसन ऊँचै तुम बैठीं ता बिनु तहाँ निरूप।।**

भावोद्रेक के कारण वचन में अपने आप आ जाने वाली वक्रता ही काव्य को रमणीय बना देती है। उद्धव लौटकर ब्रज पहुँचते हैं। वह प्रेम रस निमग्न हैं। वह अपनी ज्ञान गरिमा गँवा कर लौटे हैं। अतः कृष्ण के समक्ष जाते हुए कुछ लज्जा और संकोच का अनुभव कर रहे हैं। पहले तो वे कृष्ण के सामने ज्ञान की चर्चा करते नहीं अघाते थे–

**उपदेसन आयौ हुतो मोहि भयो उपदेस।**

**ऊधौ जदुपति पै गये हो, किए गोप को बेस।।**

उद्धव को देखकर श्रीकृष्ण अके भावों को ताड़ गये और स्वयं भी भाव विभोर हो गए। उन्होंने न वहाँ का समाचार पूछा और न यह पूछा कि तुम पर वहाँ क्या बीती। उन्होंने तो बस एक ही प्रश्न किया, "आए जोग सिखाय।" बस इसी एक प्रश्न में समस्त भाव धारा समाकर रह गयी। इस तनिक सी वचन वक्रता ने ज्ञान के ऊपर भक्ति का विजय घोष कर दिया।

### 3.4.5 भ्रमर गीत में विनोदशीलता–

सूर के भ्रमर गीत में उनकी विनोदशीलता के स्थान–स्थान पर दर्शन होते हैं। उद्धव के उपदेशो से परेशान होकर उन्हें कही हुई कटुक्तियों में प्यार का प्रहार प्रकट होता है–

**आयौ घोष बड़ों व्यापारी।**

**लादि खेप गुन ज्ञान जोग की ब्रज में आय उतारी।।**

**000**

**इनके कहे कौन बहकावे ऐसी कौन अजानी।**

**अपनो दूध छाँड़ि को पीबै खार कूप को पानी।।**

सूर की वाग्विदग्धता और बिनोदशीलता में कुब्जा प्रसंग अधिक सहायक हुआ है। गोपियाँ बहुत खुश है कि प्रेममयी गोपियों के साथ विश्वासघात करने के परिणाम स्वरूप कृष्ण को कुब्जा मिली। जिस कृष्ण ने सबका मन चुरा लिया था उसी चालाक कृष्ण को कुब्जा ने चुरा लिया! किंतना मूर्ख बनाया कृष्ण को–

**बरवै कुब्जा भलो कियो।**

**सुनि–सुनि समाचार ऊधौ मो कहुक सिरात जियो।।**

**जाको गुन गति नाम रूप हरि हरयौ फिरि न दियो।**

**तिन अपनो मन हरत न जान्यौ हँसि–हँसि लोग जियो।।**

गोपियाँ तरह–तरह की बातें बनाने में निपुण है। गोपियों का झूठ वचनवैचित्र्य को और भी बढ़ा देता है। वे कहती हैं कृष्ण से हमारा परिचय नहीं है तब वे गोपीनाथ क्यों कहलाते हैं? हम पर कलंक लगाना क्या अच्छी बात है–

**काहे को गोपीनाथ कहावत?**

**जौ पे मधुकर कहत हमारे गोकुल काहे न आवत।**

**सपने की पहिचानि जानि के, हमहि कलंक लगावत।**

सूरदास एक ही मानसिक स्थिति को कई प्रकार से व्यक्त करने में सर्वथा निपुण कवि हैं। यह उनकी विनोदशीलता का प्रमुख कारण है। ऐसा नहीं कि गोपियों को उद्धव की बात का बुरा नहीं लगता परन्तु वे इस कटुता को छिपा लेती हैं और कहती हैं कि 'यदि नीरस व्यक्ति की रस का विरोध करे तो उसकी बात का बुरा मानना तो व्यर्थ है–

**तेरो बुरौ न कोऊ माने।**

**रस की बात मधुप नीरस, सुनु रसिक होत सो जाने।।**

कभी–कभी सूर ने प्रतिपक्षी के कथन के प्रति अविश्वास या संदेह प्रकट करके उक्ति को मार्मिक बनाकर विनोद की सृष्टि की है। वे कहती हैं कि हम सब तो मूर्ख अज्ञानी हैं। तुम्हारी ये ज्ञान की बातें तो न[illegible] की पढ़ी लिखी युवतियाँ ही समझा सकती हैं–

**ऊधौ हम अज्ञान मति थोरी।**

**जानत हैं ते जोग की बातें नागरि नवल किसोरी।।**

मथुरा में कुब्जा के साथ काले कृष्ण के [illegible]न्ध को देखकर सूर ने सर्प और भ्रमर जैसे विश्वासघाती काले जीवों की निष्ठुरता पर खू[illegible] [illegible]ग्य करके विनोद उपस्थित किया है–

**मधुकर, कह कारे की जाति।**

**ज्यौं जल मीन, कमल पै अलि की त्यौं नहिं इनकी प्रीत।।**

**कोकिल कुटिल कपट बायस छलि फ़िर नहि वहि वन जाति।**

**तेसेई कान्ह केलि–रस ऊँच्यो बैठि एकही पांति।।**

कोमल, सर्प, भ्रमर सब काले हैं और इनके कर्म भी काले हैं और मथुरा भी काजल की कोठरी है। जो वहाँ से आता है काला हो जाता है। एक भी मथुरावासी भला बनना नहीं चाहता।

उद्धव की जड़ता देखकर उसके प्रति गोपियों का आश्चर्य प्रकट करके सूर ने परिस्थिति के विपरीत प्रवचन की व्यर्थता को प्रमाणित किया है–

**ऐसेइ जन दूत कहावत।**

**मोको एक अचंभो आवत यामें ये कह पावत।।**

**आपुन निलज रहत नखसिख लौ एते पर पुनि गावत।**

**सूर करत परसंसा अपनी, हारहे जीति कहावत।।**

**कभी वे उद्धव की भर्त्सना करती हैं–**

**ऊधौ! कही सो बहुरि न कहियो।**

**जौ तुम हमहि जिवायो चाहौ, अनबोले ही रहियो।।**

तुमने एक बार जो कह दिया वह फिर न कहना। जो तुम हम सबका भला चाहते हो तो चुप ही रहना।

कभी गोपियाँ ऊधौ को इस प्रकार समझाती हैं जैसे वे महामूर्ख हों। वे कहती हैं उद्धव हम सब जो समझ सकें ऐसी बात कहो। तुम्हारे ये उपदेश तो हमें अग्नि की भाँति जलाते हैं हम क्या कर सकती हैं। तुम्हीं बताओ हम सब में कौन ये बातें समझने वाला है–

**ऊधौ हम लायक सिख दीजै।**

**यह उपदेश अगिन ते तरतो, कहौ कौन विधि कीजै?**

**तुम ही कहौ यहाँ इतनिन में सीखन हारी को है।**

कभी–कभी गोपियाँ खीझ उठती हैं। वे कहती हैं उद्धव तुम कृष्ण के सखा हो अतः हम तुम्हारा सम्मान करती हैं वरना तुम हमारी आंखों को तनिक भी नहीं सुहाते हो। कृष्ण ने तुम्हारे जैसे व्यक्ति को संदेश देने भेज दिया है हम उनकी अल्पबुद्धि को क्या कहें–

**ऊधौ! राखति हौं पति तेरी।**

**ह्याँ ते साहु दूरहु आगेते, देखहु आँखि बरति है मेरी।**

**तुमजो कहत गोपाल सत्य है देखहु जाय न कुब्जा घेरी।**

**ते तो तेसई देऊ बने हैं, वे अहीर वह कंस की चेरी।।**

**तुम सारिखे बसीठ पठाए, कहा कहौ उनकी मति फेरी।**

**सूरदास प्रभु–तुम्हारे मिलन को ग्वालिनी कैसंग जोवति हेरी।।**

कहीं–कहीं गोपियाँ मनोरंजक तर्कों से उद्धव को बनाती हैं और कहती हैं कि आप तो महा प्रवीन कहलाते हैं। सार ज्ञान प्राप्त होने पर भी आप अबलाओं के विषय में महामूर्ख प्रमाणित हुए। आप सर्वज्ञता का झूठा दावा करते हैं–

**मधुकर! महा प्रवीन सयाने।**

**जानत तीन लोक की बातें, अबलन काज अयाने।**

000

**ऊधौ! ते कि चतुर पद पावत?**

**पै नहिं जानैं पीर पराई हैं सर्वज्ञ कहावत।।**

कभी–कभी अतीत के प्रेम को अपने द्वारा संभावित भूल पर पश्चाताप प्रकट किया जाता है। गोपियों का व्यंग्य विनोद निम्नांकित पंक्तियों में देखते बनता है–

**सुनियत मुरली देखि लजात।**

**दूरहि तें सिंहासन बैठे, सीस नाय मुसकात।।**

**सुरभी लिपि चित्र भाँतिनी पर तिनही देखि सकुचात।**

**मोर पंख कोविजन विलोकत, बहरावत कहि बात।।**

000

**उघरि आयौ परदेसी को नेहु।**

**तब तुम्ह कान्ह--कान्ह कहि टेरति फूलति हो, अब लेहु।**

सूर के भ्रमर गीत में विनोदशीलता का कारण भावातिशयता के कारण उत्पन्न उक्ति वैचित्र्य है न कि केवल चमत्कृत करने की प्रवृति। इसमे इतना विनोद, वचन वक्रता तथा व्यंग्य है कि सम्पूर्ण काव्य हो व्यंग्य अथवा विनोद काव्य लगता है।

### 3.4.6 भ्रमर गीत और उद्धव चरित्र

उद्धव कृष्ण के अधिक निकट हैं। मथुरा में वे ही उनके घनिष्ठ सहचर हैं, परन्तु भावना की दृष्टि से कृष्ण और उद्धव में बहुत अन्तर है। उद्धव योग और ज्ञान मार्ग के समर्थक तथा निर्गुण ब्रह्म के उपासक हैं। उन्हें कृष्ण के ब्रज की प्रेम चर्चा में कोई रुचि नहीं। वे भक्ति मार्ग द्वारा प्रतिपादित सगुणोपासना का खण्डन करने के लिए सदैव कटिबद्ध रहते हैं। अतः कृष्ण उन्हें भुरंग सखा और 'निपट जोगी जंग' समझते हैं। किन्तु उद्धव परिस्थिति और शिक्षा–दीक्षा के कारण तार्किक और हठधर्मी निर्गुणोपासक हैं, वस्तुतः उनका हृदय न तो इतना नीरस है और न ही कठोर। सरलता और सहृदयता उनके स्वभाव में भी है जो ब्रज के अनुकूल वातावरण में गोपियों के प्रेम के उच्च आदर्श के सम्पर्क से जाग्रत हो जाती है।

ब्रज से लौटते समय उनका स्वरूप एकदम बदल जाता है और वे मथुरा आकर स्वयं कृष्ण को ब्रजवासियों की ओर से प्रेम संदेश देकर उनकी उदासीनता की आलोचना करते हैं। उद्धव के इस पूर्ण परिवर्तन से जहां गोपियों के प्रेम की महत्ता प्रमाणित होती हैं, वहां उद्धव के स्वभाव की प्रछन्न कोमलता भी व्यंजित होती है।

उद्धव का ज्ञान वादी होना भागवत के परिचय से सिद्ध है। भागवत के अनुसार वे शांत स्वभाव वाले वृहस्पति के शिष्य थे। उद्धव को अपने ज्ञान योग का पूर्ण अभिमान था। उनमें दुराग्रह इस कोटि तक पहुंच गया था कि वे स्वयं कृष्ण की बातों की भी उपेक्षा लगे। तब कृष्ण को विश्वास हो गया कि इनकी औषधि गोपियों के पास है–

**याहि और नहिं कछु उपाई।**

**मेरौ प्रकट कयौ नहिं बदिहै, ब्रज हौं देऊ पठाइ।।**

गोपियों के पास जाने से उनसे पराजित होने पर इसका अहंकार भी चूर हो जाएगा और इसके भ्रम का कुहासा भी छँट जाएगा। ज्ञान के साथ योग का समन्वय भागवत् के उद्धव में इतना नहीं जितना सूर के उद्धव में है। सूर के उद्धव जितने अहंकारी हैं उतने भागवत के नहीं। सूर के उद्धव तो कृष्ण को भी उपदेश देने का साहस करते हैं। इससे सिद्ध होता है कि भागवत के मूल सूत्रों को तो सूर ने भागवत से ग्रहण किया पर उनका विकास, विस्तार अपनी आवश्यकता के अनुसार किया है।

सूर कृत भ्रमर गीत के उद्धव कट्टर निर्गुणोपासक हैं। ब्रज में राधा, गोपियाँ और यशोदा नन्द सभी कृष्ण की अनुपस्थिति से व्यस्थित होते हैं। कृष्ण को भी मथुरा में अच्छा नहीं लगता विचलित होकर वे उद्धव से कहते हैं–

**"उधौ, मोहि ब्रज बिसरत नाहीं"**

अतः वे उद्धव को अपना यथा योग्य संदेश देकर और ब्रज स्थित माता–पिता, ग्वाल–वालों और गोपियों को सांत्वना देने के लिए ब्रज भेजते हैं, "सौम्य उद्धव! तुम ब्रज जाओ, मेरे माता–पिता को प्रसन्न करो और ब्रज बालाओं की मानसिक व्यथा को, मेरा संदेश देकर दूर करो–

**पहिले करि परनाम नंद सों समाचार सब दीजो।**

**औ वहाँ वृषभान गोप सो जाय सकल सुधि लीजो।।**

**श्रीदामा आदिक सब ग्वालन मेरो हुतौ भेंटियो।**

**सुख संदेस सुनाय, हमारी, गोपिन को दुख मेटियो।।**

**000**

**कहियो नंद कठोर भये।**

**हम दौऊ बीरै डारि पर घरै मानो थाती सौंपि गये।**

**उद्धव कृष्ण की आज्ञा का पालन करते हैं।**

सूर के भ्रमर गीत के आधार पर उद्धव की कुछ विशेषताएँ इस प्रकार उभर कर आती हैं–

1. **निर्गुणोपासक**

श्रीकृष्ण उद्धव के बारे में कहते हैं–

उद्धव! यह मन निश्चय जानो।

मन क्रम बच में तुम्हें पठावत ब्रज को तुरत पलानो।।

उद्धव ब्रज आते हैं और शीघ्र ही उनका निर्गुणोपसना का पुराण खुल जाता है। वे चुन–चुनकर अपनी ओर से सभी संभव तर्क, उदाहरण आदि देकर निर्गुण और उसकी उपासना की पुष्टि करने लगते हैं–

**"ताहि भजहु किन सवै सयानी? खोजत जाहि मनामुनि ज्ञानी।।"**

**जाके रूप देख कुछ नाहीं, नयन मूंदि चितवहु चित माहीं।**

2. **ज्ञान मार्गी अहंकारी–**

निर्गुणोपासक होने के कारण उद्धव का ज्ञानमार्गी होना स्वाभाविक है। साथ ही उनको अपने ज्ञानमार्गी होने का गर्व भी है। उनका यही रूप इन पंक्तियों में मुखर होता है–

**"ऊधौ को उपदेश सुनौ किन कान दै?**

**ज्ञान नैन जो अध ताति सूझौ धौं कैसे?**

**000**

**"ऊधौ जोग सिखावन आए।**

**सिधि, भष्म, आधारी, मुद्रा लै ब्रजनाथ पठाये।"**

3. **पराभूत व्यक्तित्व–**

उद्धव उच्च कोटि के ज्ञानी और निर्गुण साधक हैं किन्तु गोपियाँ उनकी उच्चता को भी हवा में उड़ा देती है। वास्तव में गोपियाँ उद्धव को बोलने का, अपनी बात को स्पष्ट करने का अवसर ही नहीं देखी। वे तो मानों किसी धुन में स्वयं ही धारा प्रवाह बोलती जाती हैं। उद्धव अत्यंत कठिनाई से दो चार बातें कह पाते हैं, बल्कि गोपियों की ही सुनते रहते हैं। अन्त तक आते–आते तो बिलकुल ही आत्म समर्पण सा कर देते हैं। गोपियों का सत्कार भाव देखते ही उद्धव प्रेममग्न हो जाते हैं और उनका ज्ञान गर्व तिनके की भांति उड़ जाता है–

**"पूँछि कुसल गोपाल की रहीं, सकल गहि पांय।**

**प्रेम मगन ऊधौ भये, हो देखत ब्रज को भाय।।**

**मन मन ऊधौ कहैं यह न बूझिय गोपालहिं।**

**देखि प्रेम गोपीन को, हो शान गरब गयो दूरि।।**

निःसंदेह भ्रमरगीत के उद्धव सहानुभूति के पात्र हैं किन्तु उनको न तो सूर सहानुभूति दे पाए और न कथा के अन्य पात्र। कृष्ण उनके ज्ञान गर्व को खंडित करना चाहते हैं और गोपियाँ उनकी ताने देने से लेकर कटुतर उक्तियों पर उतर आती हैं–

**बातै कहत सयाने कीसी।**

**कपट तिहारो प्रगट देखियत, ज्यों जल नाए सीसी।।**

**0 0 0**

**सखी री, मथुरा में द्वै हंसं**

**एक अक्रूर और ये ऊधो, जानत नीके गंस।।**

**3.4.7 भ्रमर गीत में प्रकृति चित्रण –**

भ्रमर गीत का प्रसंग कृष्ण और गो... की क्रीड़ा भूमि प्रकृति की सुरम्य स्थली वृन्दावन और ब्रज भूमि अतुल प्राकृतिक सुष... भरपूर है। यमुना किनारे कभी कृष्ण और गोपियों की रासलीलाएँ हुआ करती थीं, ... ...ण के विषम–वियोग में काली पड़ गयी हैं–

**देखियत कालिंदी अति कारी।**

**कहयो पथिक। जाय हरि सौं ज्यों** भई विरह **पुर जारी।।**

गोपियाँ घिरे बादलों में घनश्याम की छवि देखकर विरह वेदना को भूलना चाहती हैं परंतु वे कृष्ण के गुणों का स्मरण कराकर उनकों और बेचैन कर देते हैं–

**आजु घनस्याम की अनुहारि।**

**उनै आए साँवरे ते सजनी। देखि रूप की आरि।।**

**सूरदास गुन सुमिरि स्याम के विकल भई ब्रज नारि।**

कृष्ण के बिना गोपियों को वृंदावन की वन लताएँ भी बैरन लगती हैं–

**बिना गोपाल बैरनि भई कुंजैं।**

**तब ये लता लागति अति सीतल अब भई विषम ज्वाल की पुंजैं।।**

वास्तव में सूरदास के समस्त काव्य का निर्माण ही ब्रज के प्रांगण में हुआ है। डॉ. रामरतन भटनागर ने लिखा है–

"कृष्ण का विकास जैसे ब्रज प्रकृति में होता है उसी प्रकार सूर साहित्य का विकास

भी ब्रज प्रकृति की छाया में होता है। ब्रज की प्रकृति ने उन्हें केवल उपमाओं के लिए ही सामग्री नहीं दी है बल्कि वह उनके काव्य के केन्द्र में प्रतिष्ठित भी हुई है।"

**निष्कर्ष–**

भ्रमरण गीत सूर की सर्वोत्तम रचना है। जिसमें विप्रलंभ श्रृंगार तथा सगुण भक्ति का प्रति पादन व्यंग्यमयी, भावभरित मार्मिक शैली में किया गया है। आचार्य नंद दुलारे वाजपेयी के शब्दों में–

"यों तो सूर की कविता मात्र में उनकी स्वच्छ सजीव भावना विकसित हुई है किन्तु इस विरह काव्य में तो वह अतिशय मनोरम बनकर हम पर अधिकार करती है और हम विकल होकर उसकी महिमा स्वीकार करते हैं।

इस प्रकार प्रकृति और कृष्ण की लीलाओं का अत्यंत घनिष्ट संबंध रहा है। सूरदास ने कृष्ण चरित्र निरूपण के अंतर्गत प्रकृति को विविध प्रकार से ग्रहण किया है।

## 3.5 इकाई सारांश

भ्रमर गीत सूरसागर का एक अत्यंत सरस, मधुर एवं उपालंभ पूर्ण अंश है। भ्रमर गीत का मुख्य आधार श्रीमद्भागवत है। तत्कालीन परिस्थितियों को देखते हुए यह एक सोद्देश्य रचना है। इसका नाम भी बहुत ही सार्थक है। भागवत में भक्ति की अपेक्षा ज्ञान की श्रेष्ठता का चित्रण किया गया है जबकि सूर ने ज्ञान पर भक्ति की विजय का वर्णन किया है। भागवत में राधा का कहीं उल्लेख नहीं मिलता जबकि सूर ने राधा को स्थान दिया है। इस प्रकार सूर ने भ्रमर गीत की रचना में मौलिक सूझबूझ का परिचय दिया है। सूर का भ्रमर गीत प्रधानतः व्यंग काव्य है। भ्रमर के माध्यम से गोपियों ने उद्धव पर, उनके निर्गुण निराकार ईश्वर पर, उनके ज्ञान योग पर कृष्ण पर, खूब व्यंग कसे हैं। भ्रमर की उपमा भी सर्वथा संगत एवं उचित लगती हैं। सूर के भ्रमरगीत में हृदय पक्ष की प्रधानता है। गोपियाँ अपने आपको अबला और मूर्ख कहती है तथा निर्गुण पंथ को अत्यंत दुरूह और दुष्कर बताती हैं। गोपियों के प्रेम की प्रगाढ़ता को देखकर उद्धव का ज्ञान गर्व मिट जाता है। वे भी प्रेम पथ के पथिक बन जाते हैं।

**वस्तुनिष्ठ प्रश्न–**

**6. सूर ने भ्रमर गीत प्रसंग भागवत के ............. से लिया है।**

(1) प्रथम स्कंध (2) पंचम स्कंध

(3) दशम स्कंध पूर्वार्द्ध (4) दशम स्कंध उत्तरार्द्ध

**7. सूरदास के समकालीन कवियों में ............. ने भ्रमर गीत की रचना की है।**

(1) विद्यापित (2) अमीर खुसरो

(3) मैथिलीशरण गुप्त (4) नन्ददास

**8. भ्रमर गीत में विरह की .................. दशाओं का वर्णन है।**

(1) दस (2) बीस

(3) तीस (4) चालीस

**9. 'ऊधौ मोहिं ब्रज बिसरत नाहीं' पंक्ति ...................... कहते हैं।**

(1) नंद (2) उद्धव

(3) कृ ण (4) अक्रूर

**10. गोकुल छोड़कर जाने के बाद कृष्ण ............... होते हैं।**

(1) प्रसन्न (2) व्याकुल

(3) उत्सुक (4) खुश

## 3.6 अपनी प्रगति जाँचिए–

1. भ्रमर गीत से क्या आशय है?
2. भ्रमर गीत का उद्‌भव और विकास निरूपित कीजिए।
3. सूर के भ्रमरगीत में वात्सल्य रस की स्थिति स्पष्ट कीजिए।
4. भ्रमर गीत के वियोग वर्णन की समीक्षा कीजिए।
5. भ्रमर गीत परंपरा में सूरदास का स्थान निरूपित कीजिए।
6. सूर के भ्रमरगीत में विनोदशीलता एवं वग्विदग्धता की विवेचना कीजिए
7. सूर के भ्रमर गीत में वक्रोक्ति और उक्तिवैचिष्य की समीक्षा कीजिए।
8. सूर के भ्रमर गीत में प्रकृति चित्रण पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।

## 3.7 नियत कार्य/गतिविधियाँ

1. भ्रमर गीत में वात्सल्य रस पर आधारित पद कंठस्थ करें।
2. सूर के भ्रमर गीत में विप्रलम्भ श्रृंगार के पाँच पद कंठस्थ कर सुनाएँ।
3. विरह की दस दशाओं पर आधारित पद कंठस्थ करें।
4. भ्रमर गीत में विनोदशीलता पर आधारित पाँच पदों का चयन करें।
5. प्रकृति संबंधी चित्रण के दो पदों का चयन करें।

## 3.8 चर्चा एवं स्प टीकरण के बिन्दु

**चर्चा के बिन्दु**

..........................................................................................................

..........................................................................................................

..........................................................................................................

..........................................................................................................

..........................................................................................................

..........................................................................................................

..........................................................................................................

**स्पष्टीकरण के बिन्दु**

..........................................................................................................

..........................................................................................................

..........................................................................................................

..........................................................................................................

..........................................................................................................

..........................................................................................................

..........................................................................................................

..........................................................................................................

## 3.9 संदर्भ/अतिरिक्त पठन सामग्री


1. सूरदास– डॉ0 रामरतन भटनागर
2. हिन्दी काव्य में भक्ति कालीन साधना–सत्यदेव चतुर्वेदी
3. बृहत साहित्यिक निबंध– डॉ0 राम सागर त्रिपाठी/डॉ0 शांति स्वरूप गुप्त
4. भारतीय भाषाओं में कृष्ण काव्य– सं–डॉ0 भागीरथ मिश्र
5. सूरसाहित्य : नवमूल्यांकन– डॉ0 चंद्रमान रावत
6. सूरदास का काव्य वैभव – डॉ0 मुंशी राम शर्मा
7. सूरदास – ब्रजेश्वर वर्मा
8. सूर और उनका साहित्य– डॉ0 हंरवंश लाल शर्मा


## 3.10 वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर

(1) वल्लभाचार्य (2) प्रशंसा (3) तीखापन (4) चौपाई और साखी (5) विनम्रता (6) दशम स्कंध पूर्वार्द्ध (7) नन्ददास (8) रस (9) कृष्ण (10) व्याकुल।

# द्वितीय खण्ड :
# सूरदास का काव्य सौंदर्य

**खण्ड परिचय**–

काव्य में निहित भावों, विचारों और काव्य के शिल्प–विधान में काव्य का सौंदर्य समाहित होता है। काव्य की अंतर्वस्तु और काव्य के बाह्य स्वरूप के आधार पर काव्य के आस्वादन की प्रक्रिया के विभिन्न आयामों का अध्ययन–विश्लेषण ही काव्य–सौंदर्य का उद्घाटन है। काव्य, कवि और आस्वादक की अंतःक्रियाओं के व्यापक–बोध और अनुभव का दिग्दर्शन काव्य सौंदर्य के अंतर्गत किया जाता है। एक तरह से काव्य–सौंदर्य के अध्ययन से तात्पर्य काव्य–मर्म के विभिन्न पक्षों का अध्ययन करना है। छात्रों में काव्य को समझने की सामर्थ्य विकसित करने के साथ–साथ कविता के प्रति उनका दृष्टिकोण निर्मित करना, काव्य–सौंदर्य के अध्ययन का उद्देश्य है।

सूरदास की कविता के अंतःपक्ष और बाह्यपक्ष के अध्ययन हेतु उनके काव्य में प्राप्त अनुभूति तत्व के अंतर्गत वात्सल्य श्रृंगार और प्रकृति के संवेदनागत स्वरूप को विश्लेषित किया गया है, साथ ही विचार–तत्व के अध्ययन हेतु प्रेम, भक्ति, ज्ञान और लोक संस्कृति जैसे बिन्दुओं को विस्तार दिया गया है। इन बिन्दुओं को कवि के दार्शनिक और ज्ञानात्मक बोध के रूप में ग्रहण किया जा सकता है इन्हें अलग–अलग इकाइयों में समावेशित करके सूरदास के काव्य की अंतर्वस्तु को भाव और विचार, इन दो संकायों में विभक्त किया गया है। काव्य सौंदर्य के बाह्य पक्ष अर्थात् शिल्प पक्ष को एक अलग इकाई के रूप में प्रस्तुत करके इसके अंतर्गत कल्पना–विधान, अलंकार–योजना, छंद–रचना, वाग्वैदग्ध, भाषा आदि तत्वों पर विचार किया गया है।

इस तरह से इन तीनों इकाइयों में सूरदास के काव्य–सौंदर्य का यह विवेचन सूरदास की कविता के मर्म को समझाने का प्रयास है। इस विवेचन में सूरदास के काव्य का अध्ययन करने वाले विभिन्न विद्वानों के दृष्टिकोण तो समाहित ही हैं साथ ही लेखक की ओर से कुछ नवीन उद्भावनाएँ भी प्रस्तुत की गयी हैं। छात्रों की मानसिक और संवेदनात्मक शक्तियों के विकास और उनकी काव्य–आस्वादन क्षमताओं के वर्द्धन में सूरदास की कविता का यह विश्लेषण अपनी सम्यक् भूमिका का निर्वाह करेगा– ऐसा विश्वास है। छात्रों की सुविधा हेतु प्रत्येक इकाई के अंत में आवश्यक प्रश्न और विषय संकेत भी दे दिए गए हैं।

सभी इकाइयों में बोध प्रश्न दिए गए हैं। अध्ययन के पश्चात् बोध प्रश्नों के उत्तर दीजिए और खण्ड के अन्त में दिए उत्तरों से उसका मिलान कीजिए। यदि आपके उत्तर सही न हों तो इस अध्ययन सामग्री का पुनः ध्यानपूर्वक पठन करें और बोध प्रश्नों के सही उत्तर देने का प्रयास करें।

इस खण्ड का अध्ययन करने से पूर्व मूल पुस्तक 'सूर सागर सार' सम्पादक–डॉ. ध ीरेन्द्र वर्मा का भलीभाँति अध्ययन अपेक्षित है।

# इकाई—एक

# सूरदास के काव्य में अनुभूति—तत्व

**इकाई की रूप रेखा**


2.1 उद्देश्य

2.2 प्रस्तावना

2.3 सूरदास के काव्य में वात्सल्य वर्णन

2.4 सूरदास के काव्य में श्रृंगार—वर्णन; संयोग श्रृंगार, वियोग श्रृंगार

2.5 सूरदास के काव्य में प्रकृति वर्णन

2.6 इकाई सारांश

2.7 अपनी प्रगति जाँचिए

2.8 नियत कार्य

2.9 चर्चा तथा स्पष्टीकरण के बिन्दु

2.10 संदर्भ ग्रंथ


## 1.1 उद्देश्य

अनुभूति का सीधा संबंध मानवीय संवेदनाओं से है। मनुष्य अपनी इंद्रियों के माध्यम से बाह्य जगत् का अनुभव करता है। इन अनुभवों के माध्यम से उसकी संवेदनाओं का निर्माण भी होता है— और इन निर्मित संवेदनाओं का संवर्द्धन भी होता है। अनुभूति यद्यपि हृदय का विषय है और भावना संकाय से इसका सीधा संबंध है, किन्तु मनुष्य के इस अंतरंग का तादात्म्य जब बाह्य जगत से होता है तब उसकी अनुभूति का दायरा न केवल बढ़ता है बल्कि वह अपनी अनुभूति के दायरे में अधिक मानवीय भी होता जाता है। मनुष्य इसीलिए प्राणियों में श्रेष्ठ है कि वह दूसरों की अनुभूति को अपनी अनुभूति बनाना जानता है और इस अनुभूति के प्रकाशन में भी वह सक्षम है। साहित्य के अंतर्गत अनुभूति की हिस्सेदारी का क्षेत्र व्यापक है। साहित्य में निवेशित अनुभूतियां, विभिन्न संवेदनाओं के माध्यम से पाठकीय मनोलोक को विस्तारित करती हैं— उसके निर्मलीकरण में सहयोग करती हैं। अपनी अनुभूति गत क्षमता के कारण ही साहित्य सहृदयों में संवेदनशीलता का विकास करता है। काव्य में यह अनुभूति तत्व अपनी केन्द्रीय सत्ता रखता है। कविता का अनुभूति पक्ष जितना प्रबल होगा उतनी ही वह कविता प्रभावशाली बन सकेगी।

सूरदास की कविता में अनुभूति पक्ष की प्रबलता है। मानवीय जीवन के अनेक

हाव–भाव उनकी कविता में स्पष्ट हुए हैं। मानवीय जीवन के अनेक भावनात्मक संबंध व्यापार उनकी कविता के केन्द्रीय तत्व बनकर आए हैं। इन सभी तत्वों को उनकी कविता में अन्वेषित करने का तात्पर्य है– मानवीय अनुभव लोक की व्यापकता और विशदता को प्राप्त कर लेना। सूरदास जैसे कवियों की अनुभूतियों से आज के युवा वर्ग की सन्निधि अनेक प्रकार से उसे समृद्ध करने वाली है। आज जिस संबंधहीनता के परिवेश में हमारा समय दाखिल हो गया है। वहां संबंधों की ऊष्मा जागृत करने का कार्य सूरदास की काव्यागत अनुभूतियां करती हैं। सूरदास को सहृदय कवि कहा गया है। सूरदास की सहृदयता केवल मनुष्य तक ही सीमित नहीं है– वह सृष्टि के क्षेत्र तक फैली हुई है– इसलिए सूर की कविता की अनुभूति का परिचय व्यक्ति के भावनालोक के विस्तार का ही परिचय है।

## 1.2 प्रस्तावना

सूरदास के काव्य में अनुभूति का क्षेत्र तो विस्तृत है, किन्तु हमने उनके अनुभूति पक्ष के जिन विशेष बिन्दुओं को लिया है– उनमें उनके वात्सल्य भाव का विवेचन, शृंगार की भाव–भूमियों का दिग्दर्शन और प्रकृति की संवेदनात्मक शक्तियों का निरूपण ही प्रमुख रूप से संपन्न किया है। सूर का वात्सल्य वर्णन, विश्व सहित्य में अपना स्थान रखता है। बाल वृत्तियों का जैसा वर्णन सूर ने किया है, वैसा अन्यत्र दुर्लभ है। माता पिता और बाल–संतान की सूक्ष्म भावनाओं का सुंदर सहज वर्णन इसके अंतर्गत किया गया है, आज जब बाल–परक अनुभूतियों के प्रसारण और प्रत्यक्षीकरण में व्यवधान आ रहे हैं। बच्चों के साथ माता–पिता का सान्निध्य कम होता जा रहा है और बच्चे का बचपन अपनी स्वाभाविकता से वंचित हो रहा है– तब सूरदास के वात्सल्य भाव का अपना महत्व है। वात्सल्य रस की अवध ारणा को सूरदास के वात्सल्य वर्णन ने आधार भूमि प्रदान की है। शृंगार के संयोग और विप्रलंभ पक्ष को भी इसी क्रम में लिया गया है। यौवनगत भावनाओं का मनोमुग्धकारी रूप सूरदास ने अपने काव्य में प्रस्तुत किया है। संयोग की अपेक्षा वियोग पक्ष को सूरदास ने गहराई से प्रस्तुत किया है। वियोग वर्णन में तो जैसे सूरदास ने अपने हृदय के ही द्रवित पक्ष को भाषा के रूप में ढाल दिया है। शृंगार के सभी क्षेत्रों को इस चरण में विवेचित करके सूरदास की अनुभूतिगत द्रवणशीलता को स्पष्ट करने का प्रयास उनके काव्य की संवेदनात्मक शक्ति का ही परिचय है। मनुष्य और प्रकृति का अन्योन्याश्रित संबंध है– इस भावभूमि पर ही सूर की कविता में प्राप्त प्रकृति–चिन्तन को विशेष रूप से अध्ययन का विषय बनाया गया है। प्रकृति सूर के काव्य में मानवीय संवेदना को व्यापकत्व प्रदान करती है– इस रूप में उनके काव्य–विधान को विवेचित करने पर यह तथ्य अभिव्यक्त होता है कि सूरदास मध यकाल के ऐसे कवि थे जिन्होंने प्रकृति के माध्यम से मनुष्य की अंतर्वृत्तियों के साथ–साथ उसकी बाह्य वृत्तियों का भी सूक्ष्म अंकन किया है।

**विषय बिन्दु–**

- वात्सल्य भाव : वात्सल्य भाव का अर्थ, सूर की वात्सल्य विषयक अवधारणाएँ।
- श्रृंगार भाव : श्रृंगार भाव का विवेचन, संयोग श्रृंगार, वियोग श्रृंगार।
- प्रकृति चित्रण – प्रकृति और जीवन, प्रकृति और साहित्य, सूर के काव्य में प्रकृति।

## 1.3 सूर के काव्य में वात्सल्य वर्णन

सहज और सरल सौन्दर्य को शब्दों में बांधना सहज नहीं है। शिशु और बाल सुलभ भावाभिव्यक्तियों का प्रकाशन कवि की अनुभव संवेद्यता पर अधिक निर्भर करता है। दार्शनिक और व्यवहारिक सत्य पर चिन्तन का वितान–तानना प्रकृतिके सुकुमार सजीले सांगोपांग को उद्‌घाटित करना प्रेम और तज्जन्य आकर्षण को विभिन्न रस–सरिणियों में प्रवाहित करना किसी भी कवि के लिए श्रेय और प्रेय के आधार भूत तत्व बन सकते हैं किन्तु बाल–लीलाओं के विभिन्न आयामों को सूक्ष्मतापूर्वक शब्दवद्ध करना सभी कवियों के बस की बात नहीं है। वात्सल्य के वैभव को प्रकट करने वाले कवि के पास हृदय की उदारता, बुद्धि की सहजता और सूक्ष्म निरीक्षण की अद्‌भुत क्षमता होना चाहिए। हिन्दी साहित्य में यद्यपि अनेक कवियों ने वात्सल्य के विवेचन में अपनी शक्तियों का प्रयोग किया है, किन्तु वे वात्सल्य को चंचु प्रवेशी रूप में ही व्यक्त कर सके। भक्ति काल की सगुण श्शाखा के कृष्ण मार्गी कवि सूरदास ने जिस तरह से कृष्ण की बाल लीलाओं का और उनके शिशु सुलभ सौन्दर्य का वर्णन अपने काव्य फलक पर प्रस्तुत किया है वैसा आज तक कोई कवि नहीं कर सका। वात्सल्य के वर्णन में अभी–भी सूरदास शीर्ष स्थानीय कवि हैं। केवल हिन्दी साहित्य में ही नहीं बल्कि विश्व साहित्य पटल पर भी सूरदास का यह स्वरूप अपनी तेजविस्ता में सर्वोपरि है।

वाल्य जीवन प्रकृति का सर्वोत्तम उपहार है। मनुष्य ही नहीं सम्पूर्ण सृष्टि की रचना में वाल्य अवस्था का आकर्षण सर्वोपरि है। इसलिए ईश–स्तवन में बालकुमुंद का स्मरण महत्व रखता है। जब समस्त सृष्टि जलमग्न हो चुकी थी तब वट के पत्र पर पौढ़े बालकृष्ण अपने पैर का अँगूठा चूस रहे थे। इस सुन्दर छवि का स्मरण पुराणकार ने विनम्रता के साथ किया है। तुलसीदास ने भी राम जन्म के अवसर पर शिशु लीला को परम अंनूप सुख देने वाला निरूपित किया है।" कीजै शिशु लीला अतिप्रियसीला सो सुख परम अनूपा" वात्सल्य की झांकी का अपूर्व सौन्दर्य कवियों के लिए सदैव आकषर्ण का विषय रहा है। बाल मनोविज्ञान के अध्येता भी यह उद्‌घोषित करते हैं कि वाल्यावस्था का सौन्दर्य अपने चिर नावीन्य के कारण हमारे मन को सदैव अपनी ओर खींच लेता है। शिशु की निश्छ्लता, उसकी मधुरता, उसकी कोमलता और उसकी सहज नैसर्गिकता व्यक्ति चित्त को विस्तारित करने में सक्षम रहती है। शिशु की मानसिक और शारीरिक संरचना की मार्दवता जीवन की स्निग्धता में डुबाने वाली है।

महाकवि सूरदास ने बालकृष्ण के सौन्दर्य और उनकी लीलाओं के वैविध्यपूर्ण दृश्य अपने काव्य में प्रस्तुत किए हैं। वैसे तो सूरदास कृष्ण के सभी रूपों के उद्‌गाता है– किन्तु कृष्ण के वात्सल्य को उन्होंने अनूठे रूप में ही अभिव्यक्त किया है। काव्य शास्त्रियों ने वात्सल्य को एक स्वतंत्र रस की तरह प्रतिष्ठा प्रदान की है। सूरदास जैसे कवियों की वात्सल्यमयी सृष्टि ने ही वात्सल्य को स्वतंत्र रस सत्ता प्रदान करने की भूमिका निर्मित की है। आचार्य नंददुलारे वाजपेयी ने स्पष्ट किया है कि सूरदास का वात्सल्य वर्णन उनकी सहृदयता का सर्वोपरि उदाहरण है। अपने वात्सल्य वर्णन के कारण सूरदास वात्सल्य के पर्याय ही बन गए हैं। उन्हें वात्सल्य रस के सम्राट जैसी उपलब्धियों से विभूषित किया है। वात्सल्य के लिए रति स्थायी भाव को स्वीकार किया गया है। माता–पिता एवं अन्य परिजनों के मन में शिशु को देखकर जो प्रेम केन्द्रित भाव उत्पन्न होता है वह रति भाव का ही एक हिस्सा है। इस भाव के आस्वादन परक रूप को ही वात्सल्य रस कहा जाता है। सूर ने बालकृष्ण को वात्सल्य रस की इसी उद्‌भावना के रूप में स्वीकार किया है। कृष्ण के बालरूप को देखकर माँ यशोदा और पिता नंद के मन में जो भाव उदित होते हैं उन भावों को सूरदास ने संवेदनशीलता के साथ ग्रहण किया है। सूरदास जैसे अपने अंतः चक्षुओं से बालकृष्ण की छवि का अवलोकन कर रहे हैं, उनके बालमुख पर लटकती घुँघराली लटें, उनकी दूध की दतुलियों की शुभ्र प्रभा, उनके कंठ में माला के रूप में लटका हुआ बाघ का नख, शरीर पर पीत झंगुलियाँ और पैरों में छोटी–छोटी पैजनियां कृष्ण के बालस्वरूप को जैसे दर्शक के मानस पटल पर स्थायी कर देती हैं। सूरदास अपने इस बाल सौन्दर्य के वर्णन के लिए अनेक उपमाओं का आश्रय लेते हैं। ये उपमाएँ शिशु कृष्ण के मसृण और दैदीप्यमान स्वरूप को व्यक्त करती हैं।

शिशु कृष्ण की गतिशील झाँकियों का चलित सौन्दर्य भी सूर के काव्य में महत्वपूर्ण स्थान रखता है। 'घुँटुरुन चलित रेनु तन मंडित मुख दधि लेप किए।' वे घुटनों के बल आँगन में दौड़ रहे हैं, उनकी पगथलियों में धूल सनी हुई हैं। दधि से मुख लिपटा हुआ है। लगता है जैसे चुपके–चुपके कृष्ण दधि खा रहे थे और माँ ने उन्हें देख लिया है इसलिए वे माँ की नजरों से बचने के लिए भाग रहे हैं। सूरदास द्वारा रचित यह शिशु छवि, केवल कृष्ण की नहीं है यह छवि सामान्य शिशु की छवि है, जिसके पांवों में धूल लिपटी हुई है। गलियों और खोरों को आँगन मानने वाले शिशु का स्वरूप इस काव्य परिदृश्य में प्राप्त होता है। शिशु की सहज और स्वाभाविक रूप गरिमा के चित्रण में जो महारत सूरदास [illegible] है वह हिन्दी साहित्य के अन्य कवियों के पास नहीं है।

शिशु कृष्ण, बालकृष्ण बन जाते हैं। वे हठ करने लगते हैं, सूरदास ने अपने अनेक पदों में बालकृष्ण के हठ का वर्णन किया है। बाल मनोविज्ञान के अनुसार हठ बालक का विशेष गुण हैं। सूरदास के कृष्ण माँ से चन्द्रमा का खिलौना माँगते हैं, "मैया मैं तो चन्द्र

खिलौना लैहौं'' माँ ने ता पूर्णिमा के चन्द्रमा को आकाश में दिखलाकर कृष्ण को बहलाना चाहा था, किन्तु कृष्ण चन्द्रमा को खिलौना के रूप में पाना चाहते हैं। माँ यशोदा ने बहुत मनाया लेकिन कृष्ण मानते ही नहीं हैं। तब माँ परात में पानी भरकर चन्द्रमा के प्रतिबिम्ब को पानी में कृष्ण को निहारने के लिए कहती हैं– बड़ी ही मुश्किल से कृष्ण मान पाते हैं। बाल मनोविनोद के चतुर–चितेरे सूरदास इस बाल हठ को बाल मनोविज्ञान के संदर्भ में माता–पिता के मनोविनोद में तब्दील क़र देते हैं। बाल हठ भी माता–पिता के भीतर आनंद की अनुभूति जगाने वाला है। सूरदास इस तरह से बाल मनोविज्ञान के अवसर तलाश लेते हैं। बच्चों में अपनी उच्चता का बोध धीरे–धीरे जागने लगता है, वे अपने खिलौने को दूसरे बच्चों के खिलौने से अच्छा बताने में नहीं चूकते हैं। वे अपने परिगत परिवेश में जो भी उपलब्ध है, उसे महत्वपूर्ण मानने लगते हैं। यह बोध बच्चों के मन में अपने परिवार और अपने से लगाव का परिणाम है। बच्चे जब आपस में मिलते–खेलते हैं, तब वे ऐसी चर्चाएं भी करते हैं, जिनमें उनके बड़प्पन का बोध होने लगता है। सूरदास के कृष्ण अब बच्चों के साथ खेलने लगे हैं। वे आपस में अपनी चोटियों का प्रदर्शन करते हैं। बलदाऊ की चोटी सबसे बड़ी है। कृष्ण की चोटी छोटी है। कृष्ण माँ से शिकायत करते हैं, कि मेरी चोटी छोटी क्यों है। कोई उपाय माँ करो, माँ कहती हैं कि श्यामा गाय का दूध पीने से चोटी बड़ी हो जाएगी कृष्ण श्यामा गाय का दूध पीने लगते हैं किन्तु उनकी चोटी नहीं बढ़ती है, तब वे माँ से शिकायत करते हैं '' मैया कबहुं बढेगी चोटी: किती बार मोहि दूध पियत भई, यह अजहूं है छोटी,'' सूरदास ने इस पद में मानो माँ के अप्रत्यक्ष वात्सल्य भाव को व्यक्त कर दिया है। प्रत्येक माँ की इच्छा होती है कि उसकी बाल–संतान शारीरिक दृष्टि से स्वस्थ्य हो, स्वस्थ्य होने के लिए गाय का दूध पीना जरूरी है। बच्चा गाय का दूध पीने के लिए जल्दी राजी नहीं होता है । माँ यशोदा ने रास्ता निकाल लिया है। उन्होंने चोटी बढ़ने के बहाने कृष्ण को दूध पीने के लिए राजी कर लिया है। यह सूर की अंतर्दृष्टि ही है जो इस तरह के सरस प्रसंगों में बाल भावनाओं के मिस माता की ममता का उदार चित्रण करती हैं। कृष्ण का चोटी प्रेम बच्चों के मनोविज्ञान को जाहिर करता है। आज भले ही चोटी की महत्ता को उस तरह से न अनुभव किया जाये, जिस तरह से हमारे मध्यकाल में चोटी का महत्व था, लेकिन इतना तो निश्चित है कि चोटी छोटे–छोटे बच्चों में प्रतिस्पर्द्धा की भावना भरने वाली थी। सूरदास का वात्सल्य वर्णन मात्र बाल लीलाओं का दिग्दर्शन नहीं करता है, बल्कि वे बच्चों के व्यवहार, संस्कार और तत्कालीन प्रचलित सामाजिक रीति–रिवाजों के भी द्योतक हैं। शिशु के माथे पर काजल का टीका, गले में धुकधुकी पहनना, सिंह के नाखून का हार धारण करना इन सब का अपना विशेष प्रभाव है, प्रायः बच्चे को बुरी नजर से बचाना ही इन श्रृंगारिक उपादानों का इष्ट सिद्ध करता है। सूरदास के काव्य में लोक–जीवन के अनेक मार्मिक पक्ष प्रकट होते हैं। बाल–लीलाओं के वर्णन में भी सूरदास ने लोक–जीवन के अनेक संदर्भ अभिव्यक्त किये हैं।

आपस में बच्चे एक दूसरे को डराने में भी आनंद लेते हैं। इस सत्य से सूरदास परिचित थे। उन्होंने अपने एक पद में इस तथ्य को स्पष्ट किया है। कृष्ण अपनी माँ यशोदा से बड़े भाई बलदाऊ की शिकायत कर रहे हैं। वे कहते हैं कि "मैया मोहि दाऊ बहुत खिझायो।" हे! माँ बलदाऊ ने मुझे बहुत परेशान किया है। मुझसे कहने लगा कि चलो बन में बड़ा तमासा हो रहा है। इस बहाने के साथ बलदाऊ मुझे तथा मेरे अन्य साथियों को जंगल में ले गये। वहाँ झाऊ के बड़े–बड़े डरावने पौधे थे, जब हम बहुत दूर तक पहुँच गये, तब बलदाऊ ने यह कहते हुए पीछे की ओर दौड़ लगा दी कि चलो भागो आगे बहुत बड़ा हऊआ (भूत) है। सब भागने लगे माँ! मैं पीछे छूट गया। मैं बहुत भयभीत था– मुझे धैर्य बंधाने वाला भी वहाँ कोई नहीं था। मेरे छोटे–छोटे से पैर, मैं बड़े साथियों की तरह भागने में असमर्थ था। अब आप ही बतायें कि मेरी क्या दशा हो गई होगी! कृष्ण का यह सम्पूर्ण विवरण भयभीत बालक की मानसिकता को ही व्यक्त करता है। लगता है जैसे सूरदास स्वयं इस दृश्य में घुल–मिल गये हैं। वे एक प्रत्यक्ष दर्शी के समान क्रमिक रूप से बदलती स्थितियों का अंकन अपनी कविता में करते हैं। वाह्य परिस्थितियों का बाल–मन पर कैसा प्रभाव पड़ता है, इसका पूरा भाव–चित्र सूरदास के शब्दों में समाया हुआ है। अकेले पड़ते बालक की निरीहता और विवशता का ऐसा परिचय अन्यत्र नहीं मिलता है। बच्चे अपने खेल में अक्सर झूठ बोल जाते हैं– यह सत्य भी सूरदास से छिपा नहीं है इसलिए बलराम का यह कहना है कि जंगल में बड़ा तमासा हो रहा है और फिर हऊआ का भय दिखाना झूठ का ही प्रमाण है।

सूरदास की अंतः दृष्टि से यह छिपा हुआ नहीं था कि बच्चे कभी–कभी ऐसे प्रश्न भी करते हैं– जिनके उत्तर बड़े लोगों के पास भी नहीं होते हैं। डॉ. हजारी प्रसाद द्विवेदी ने अपने ललित निबंध 'नाखून क्यों बढ़ते हैं।' का प्रारम्भ बच्चे की ऐसी ही जिज्ञासा से किया है– इस बालसुलभ जिज्ञासा को उन्होंने उत्तर रहित बताया है। सूरदास के वात्सल्य विवेचन में बाल–सुलभ जिज्ञासा और बाल सुलभ कौतूहल समाहित है। माँ यशोदा के समक्ष बालकृष्ण इसी तरह का जिज्ञासा भाव और कौतूहल प्रस्तुत करते हैं, जब वे कहते हैं कि बलदाऊ मुझे सदैव चिढ़ाता रहता है, बड़ा भाई है तो क्या ? उसका चिढ़ना मुझे सत्य नहीं प्रतीत होता है, इसलिए मैया मैं तुझसे जानना चाहता हूँ कि क्या आपने मुझे मूल्य देकर खरीदा है– क्या मैं आपका पुत्र नहीं हूँ , अपनी बात को और आगे बढ़ाते हुए कहते हैं कि बलदाऊ अपनी इस बात के लिए प्रमाण भी देता है। वह कहता है कि मो सो कहत मोल को लीन्हों तुम्ह जसुमत कब जायो।" इतना ही नहीं बलदाऊ सभी संगी–साथियों को तर्क सहित इस बात को समझाता भी है और ताली बजा–बजाकर सभी ग्वाल–वाल मेरी खिल्ली उड़ाते हैं, 'गोरे नंद, जसोदा गोरी तुम कत स्याम शरीर तारी देदै हंसत ग्वाल सब सिखै देत बलवीर", माँ समझाती है कि बलराम तो जनम से ही ढ़ीठ और चबाई है। मैं ही तेरी माँ हूँ वे भोले–भाले कृष्ण के मुख को चूम लेती हैं। बाल स्वभाव में ढ़ीठ और चवाई जैसी

विशेषताएँ सूरदास ही रेखांकित कर पाये हैं।

बाल–मन से संबंधित अनेक प्रच्छाएँ तथा शिक्षाएँ सूरदास के वात्सल्य वर्णन में समाहित हैं। बाल मनोविनोद के रूप में अनेक क्रीड़ाओं का समावेश सूर की कविता में है। बाल–मन, अपने से बड़ों को देखकर अपने को उन जैसा बनाने की ललक पालता है। यह ललक बाल–मन की स्वाभाविक प्रवृत्ति की तरह है; मनोवैज्ञानिक भले ही इसे उच्चता बोधक ग्रंथि की तरह मानते हों किन्तु इसके अंतर्गत बालक की अनुकरण वृत्ति का ही आधार है। बाल–मन अनुकरण का अनुयायी होता है। अनुकरण वृत्ति के कारण ही वह संसारिक व्यावहार और ज्ञान को अर्जित करता है। सूरदास के कृष्ण अनुकरण से परिचित हैं। वे अपने से बड़े बच्चों को गाय चराने के लिए जाते हुए देखते हैं तो माँ से कहने लगते हैं " मैया मैं तो गाय चराईन जैहौं।" माँ मैं गाय चराने के लिए जाऊँगा। मुझे एक कंबल और लकुटिया दे दे। कृष्ण की इस अनुकरण प्रवृत्ति में बालक की उत्सुकता ही प्रकट होती है, यह उत्सुकता ही उसे बड़ा बनाती है। सूरदास ने बाल्यवृत्तियों को अत्यंत सूक्ष्मता से देखा था। छोटे बच्चे मिट्टी खाते हैं या फिर छुई पुती दीवारों को चाटते हैं। आज इस प्रवृत्ति को वैज्ञानिक दृष्टि से बच्चे के शरीर में कैल्सियम की कमी कह दिया जाये लेकिन यह है तो बाल–वृत्ति ही; बालकृष्ण मिट्टी खाते हैं। उनके मित्र उनकी माँ से इसकी शिकायत कर देते हैं। माँ उन्हें डांटती हैं, कृष्ण सफाई देते हैं कि "माँ मैं नहीं माटी खाई।" मेरे साथी ग्वाल–बाल सब मुझसे बैर करते हैं, इसलिए मेरी झूठी शिकायत की है। तू भी उनकी बातों में विश्वास कर लेती है। ' झूठे तू पतियायी।' सूर ने पतयाने शब्द का सार्थक प्रयोग किया है। सहज भाव से विश्वास कर लेना ही 'पतयाना' है। सूरदास ने बालक के बहानों का यथार्थ चित्रण किया है।

सूरदास का वात्सल्य वर्णन केवल संयोग परक नहीं है। वियोग परक अनुभूतियाँ भी उनके वात्सल्य वर्णन में निहित हैं। कृष्ण जब मथुरा से उद्धव को ब्रज भेजते हैं। तब यशोदा माँ कृष्ण की बाल–लीलाओं की स्मृतियों में डूब जाती हैं। वे बालकृष्ण को नहीं भूल पातीं। वे कहती हैं– मेरा कन्हैया प्रातः काल बड़ी मुश्किल से नहाता था। उसे सुबह सुबह माखन मिसरी खाने की आदत है, वहाँ उसे यह सुलभ है कि नहीं वे कहती हैं कि "संदेशों देवकी सौं कहियो। हौं तो धाय तिहारे सुत की कृपा करत ही रहियों। प्रातः उठत मेरे लाड़–लड़ैते माखन मिसरी भावे।" माँ शिशु कृष्ण की स्मृतियों में डूबकर आंसू बहाने लगती हैं। उधर कन्हैया जब उद्धव को भेज रहे थे तब बचपन के ब्रज को याद कर रहे थे "ऊधौ मोहि ब्रज बिसरत नाहीं। वे सुरभी वे बच्छ दोहिनी खरिक दुहावन जांही।... जब–जब सुधि आवत तब ब्रज की जिव उमगत तन मांही। बचपन की स्मृतियाँ जीवन का पाथेय होती हैं। कृष्ण भले ही मथुरा के राजा बन गए हैं, किन्तु बचपन की सुखद स्मृतियों से ही वे पुलकित होते हैं।

सूरदास का वात्सल्य वर्णन अनेक आयामी हैं। वे वात्सल्य रस के सम्पूर्ण उदगाता

हैं। उनका वात्सल्य वर्णन अनुभूति की सघनता से परिपूर्ण है। उन्होंने बाल चेष्टाओं का सूक्ष्मांकन किया है। उनकी भाषा बाल–लीलाओं के चित्रण में जीवंत हैं, वे जिन उपमाओं का प्रयोग करते हैं, वे उपमाएँ उनके वर्ण्य विषय को और आकर्षक बनाने वाली हैं। आचार्य रामचन्द्र शुक्ल ने सूरदास की बाल–लीलाओं के वर्णन की विशेषताओं को परिलक्षित करते हुए लिखा है–" जितने विस्तृत और विशद रूप में बाल–जीवन का चित्रण सूरदास ने किया है, उतने विस्तृत रूप में और किसी कवि ने नहीं किया है। शैशव से लेकर कौमार अवस्था तक के क्रम से लगे हुए न जाने कितने चित्र मौजूद हैं। उनमें केवल बाहरी रूपों और चेष्टाओं का ही विस्तृत और सूक्ष्म वर्णन नहीं है; कवि ने बालकों की अंतः प्रकृति में भी पूरा प्रवेश किया है और अनेक बाल्य–भावों की सुन्दर स्वाभाविक व्यंजना की है।"

**बोध बिन्दु–**

– वात्सल्य के वैभव को प्रकट करने वाले कवि के पास हृदय की उदारता, बुद्धि की सहजता और सूक्ष्म निरीक्षण की अद्भुत क्षमता होना चाहिए।

– बाल मनोविनोद के चतुर, चितेरे सूरदास बाल हठ को बाल मनोविज्ञान के संदर्भ में माता–पिता के मनोविनोद में तब्दील कर देते हैं।

– बाल मन से संबंधित अनेक प्रच्छाएँ और शिक्षाएँ सूरदास के वात्सल्य वर्णन में समाहित हैं।

## 3.4 सूरदास के काव्य में श्रृंगार–वर्णन

श्रृंगार को रस राज कहा जाता है। जीवन में इसकी व्याप्ति सर्वाधिक है। सृजन और संबंधों की धारणा में श्रृंगार की भूमिका महत्वपूर्ण है। मनुष्य जिन कुछ मूल वृत्तियों से परिचालित होता है, उनमें श्रृंगार की ही क्रियमाणता विद्यमान है। काम, लोभ, मोह आदि के मूल में श्रृंगार की शक्तियां ही क्रियाशील हैं। काम को कृष्ण ने गीता में प्रजनश्चास्मि कंदर्प, कहकर काम को सृजन शक्तियों का उत्स माना है। पाश्चात्य दर्शन के अंतर्गत फ्रायडीय चिंतन में काम को शारीरिक आकर्षण की यौन परक धारणाओं का भावना–पुंज स्वीकार किया गया है। जहां भारतीय दर्शन में काम को पुरुषार्थ चतुष्टय का एक महत्वपूर्ण स्तंभ मानकर उसे जीवन व्यवहार में अनिवार्य मानते हुए भी उसकी भूमिका को सर्वोपरि स्वीकृति नहीं दी गयी वहीं फ्रायड ने इसे जीवन की सर्वतोभावेन संचालिका शक्ति माना है। काम का संबंध प्रदर्शन वृत्तियों से भी है– अपने आप पर मोहित होना भी काम प्रेरित है। इसे ही नार्सीसिज्म माना गया है। वह आंतरिक स्वकीय आकर्षण जहां लिबिडो से संबंधित है, वहीं यह अपने को केन्द्र में रखकर स्वयं की संरक्षा का प्रयत्न करने वाला अस्तित्ववादी दर्शन भी है। पदार्थ वादियों के यहां भी पदार्थ का उपयोग काम के कुटुम्ब के भावों का ही कौतूहल प्रकट करता है। भारतीय दृष्टि ने काम की उपेक्षा न करके उसे जीवन की श्रद्धा जैसी सात्विक प्रवृत्तियों में भी परिलक्षित किया है। श्रद्धा नामरिषकाः काम गोत्रजा काम की पत्नी

रति है। रति को शृंगार रस का स्थायी भाव माना गया है। रति भाव की संचरणशीलता वात्सल्य, दाम्पत्य और भक्ति के क्षेत्रों तक विस्तारित है। इसलिए राग रूप में भारतीय–संदर्भों के अंतर्गत काम जीवन के अनेक उत्कर्षों का कारक भी है। शृंगार रस के दो भेद होते हैं, संयोग और वियोग। काव्य में इसकी महत्ता अन्य रसों से अधिक है। शृंगार में राग–भाव ही केन्द्रीय भाव है, राग को ही प्रेम शब्द दिया गया है। काम के उदात्तीकरण की प्रक्रिया ही शृंगार में विस्तारित प्रेमानुभूति का राग बनती है। इस तरह से शृंगार में काम, राग और प्रेम का समावेश है। मध्यकाल में शृंगार की भूमिका विशद और व्यापक है। भक्तिकाल में जहां शृंगार ईश्वरीय प्रेम के रूप में भक्ति के परिवेश में प्रकट हुआ है वहीं रीतिकाल में शृंगार शारीरिक स्तर पर नायक–नायिका का वासना भोग बनकर उपस्थित होता है।

शृंगार की प्रवृत्ति का पोषक और उद्घाटक साहित्य सार्वकालिक और सार्वभौमिक रहा है। संस्कृत, अपभ्रंश और प्राकृत के साहित्य में शृंगार विषयक विवरण खूब प्राप्त होते हैं। संस्कृत के जयदेव कृत गीत गोविन्द ने भक्तिकाल को विशेष रूप से कृष्णाश्रयी काव्यध ारा को अत्यधिक प्रभावित किया है। गीत गोविन्द में राधा–कृष्ण की शृंगारिक लीलाओं ने सूरदास जैसे कवियों को मार्ग दिया। सूरदास यद्यपि भक्त कवि थे, किन्तु भक्ति के परिवेश में ही सूर ने शृंगार की अद्भुत विवेचना की है। कृष्ण और गोपियों तथा कृष्ण राधा के बीच के राग को सूरदास ने शृंगार के क्षेत्र में मनोयोग पूर्वक चित्रित किया है। आचार्य शुक्ल ने सूर द्वारा चित्रित शृंगार को अद्वितीय बतलाते हुए स्पष्ट किया है, बाल्यकाल और यौवन–काल कितने मनोहर हैं, उनके बीच नाना मनोरम परिस्थितियों के विशद चित्रण द्वारा सूरदास जी ने जीवन की जो रमणीयता सामने रखी, उससे गिरे हुए हृदम नाच उठे। 'वात्सल्य' और शृंगार के क्षेत्रों का जितना अधिक उद्घाटन सूर ने अपनी बंद आंखों से किया उतना किसी और ने नहीं किया। इन क्षेत्रों का वे कोना–कोना झांक आए। उक्त दोनों रसों के प्रवर्त्तक रति भाव के भीतर की जितनी मानसिक वृत्तियों और दशाओं का अनुभव और प्रत्यक्षीकरण सूर कर सके, उतनी का और कोई नहीं। हिन्दी साहित्य में शृंगार का रस राजस्व आदि किसी ने पूर्ण रूप से दिखाया तो सूर ने।

सूरदास ने कृष्ण को अपना आराध्य बनाकर जीवन के वैविध्य की राग–ऊष्मा के उत्ताप को वाणी देने का श्रेयष्कर कार्य किया है। वे जीवन के बहुरंगी दृश्य–पट बुनने वाले रंगरेजा कवि थे। एक तरह से मानवीय संवेदना के निकट तक पहुंचने का मार्ग सूरदास ने अपने कृष्ण के सहारे ही खोजा था। वे कृष्ण, गोपियों, नंद–यशोदा, उद्धव, अक्रूर आदि के माध्यम से मानवीय संवेदनों की वीणा के तार कस रहे थे। इन तारों के ऊपर पड़ते अनुभव संघातों के आघातों से जो स्वर निष्पन्न हो रहे थे– वे मनुष्य जीवन की सार्थकता को ही प्रकट कर रहे थे। सूरदास को प्रेम की ऊर्जा का आवेग निरंतर उद्वेलित कर रहा था, यही आवेग उनकी शृंगार परक उक्तियों में अभिव्यक्त हुआ है। जीवन के सहज अनुभव को

सहजता से व्यक्त करने वाले सूरदास के यहां प्रेम का उदय एकाएक नहीं होता है। प्रेम एक सहजात संस्कार की तरह वितरित होकर सूरदास के काव्य में व्यक्त होता है। शृंगार के क्षेत्र में जो पारस्परिक आकर्षण है, वह अधिकांशतः किसी अन्य द्वारा नायिक के रूप कथन से जैसे कि जायसी के पद्मावत में हीरामन तोते द्वारा पद्मावती के रूप की कथा सुनकर रत्नसेन पद्मावती पर आसक्त हो जाता है। या फिर एकाएक साक्षात्कार से जैसे तुलसीदास के रामचरित मानस में पुष्प वाटिका प्रसंग में राम का सीता की ओर एकाएक आकर्षित होना। ये उदाहरण इसलिए कि प्रेम की स्फुरता में रूप के महत्व को इन प्रबंधकारों ने समझा था— साथ ही प्रेम के क्षेत्र में एकाएक आकर्षण के बंधन में बंध जाने का इन्होंने चमत्कारिक अनुबंध भी इस तरह प्रस्तुत किया था किन्तु प्रेम के लिए जो स्थायी साहचर्य होता है वह इन कवियों के काव्य में नहीं है, जबकि सूरदास ने संयोग शृंगार के क्षेत्र में रूप और साहचर्य को बराबर का महत्व प्रदान किया है। कभी—कभी तो साहचर्य इतना प्रभावी हो जाता है कि रूप का वैभव गौण पड़ जाता है। सूरदास के कृष्ण और गोपियों के मध्य विकसित होने वाला राग—भाव, साहचर्य से पोषित होने वाला स्वभाव है, आचार्य रामचन्द्र शुक्ल के शब्दों में वृंदावन के उसी सुखमय जीवन के हास—परिहास के बीच गोपियों के प्रेम का उदय होता है। गोपियां कृष्ण के दिन—दिन खिलते हुए सौंदर्य और मनोहर चेष्टाओं को देख मुग्ध होती चली जाती हैं और कृष्ण कौमार अवस्था की स्वाभाविक चपलता वश उनसे छेड़—छाड़ करना आरंभ करते हैं। हास—परिहास और छेड़—छाड़ के साथ प्रेम—व्यापार का अत्यंत स्वाभाविक आरंभ सूर ने बताया। शुक्ल जी ने इसे जीवनोत्सव कहा है। शृंगार जीवनोत्सव ही है। प्रेम करते हुए व्यक्ति क्षण—क्षण उत्सव में ही जीता है गोपियां कृष्ण की सन्निधि को किसी भी कीमत पर त्यागना नहीं चाहती हैं। उन पर कृष्ण प्रेम का रंग बीतते समय के साथ और गाढ़ा और तेजस्वी होता जाता है। बचपन का सखा भाव वाला प्रेम यौवन में शृंगार की अनुरक्ति का उदगम रूप लेकर आता है— इस स्तर पर प्रिय—प्रेमी के रूप में भावनाओं का आदान—प्रदान होने लगता है।

**संयोग—शृंगार—**

संयोग शृंगार के अंतर्गत रूप का अपना महत्वपूर्ण स्थान है। प्रेम क़ी वल्लरी रूप की शाखाओं प्रखाओं पर विस्तारित होकर ही पल्लवित पुष्पित होती है। एक तरह से प्रेम के अंतःपुर में प्रवेश करने के लिए रूप के सिंह द्वार से गुजरना पड़ता है। रूप के विवेचन में शृंगार परक काव्य में नखशिख वर्णन की एक लंबी परम्परा रही है, किन्तु रूप के औचक और चमत्कारिक प्रभाव को प्रदर्शित करने के लिए रूप सौंदर्य की एक झलक मात्र पर्याप्त होती है। सूरदास के काव्य में गोपी गणों एवं कृष्ण के बीच प्रेम का विकास साहचर्य भावना से जरूर होता है, किन्तु गोपियों के लिए कृष्ण का सुदर्शन व्यक्तित्व आकर्षित तो करता ही है। गोपियों का कर्मशील प्रेमी व्यक्तित्व भी कृष्ण को आकर्षित करने की भूमिका बनाता है।

राधा और कृष्ण के बीच जो प्रेम पनपता है, उसमें औचक रूप दर्शन का प्रयास भी है और उसके नित्य भोग का भी विधान है। रूपदर्शन नयन--महोत्सव है। सूरदास के यहां इस महोत्सव का आयोजन श्रृंगार के पक्ष में सदैव है। यौवनागम के पूर्व से ही राधा--कृष्ण के हृदय में प्रेम का अंकुरण रूप–दर्शन से ही हो जाता है। सूरदास ने राधा–कृष्ण के प्रथम मिलन प्रसंग को बहुत भावुकता के साथ चित्रित किया है। कृष्ण ब्रज की गलियों में क्रीड़ा करते हुए विचरण शील हैं।। वे खेलते--खेलते यमुना के किनारे तक पहुंच जाते हैं, कृष्ण के शरीर पर शोभा बिहर रही है। उनके माथे पर चंदन की खौर निकली हुई है। यमुना पुलिन पर एकाएक वे राधा को देखते हैं और देखते ही रह जाते हैं। राधा के बड़े–बड़े नेत्र उनको जैसे अपनी दृष्टि परिधि में बांध लेते हैं। राधा के माथे पर रौली का टीका है। कृष्ण देखते ही राधा के रूप पर न्यौछावर हो गए। ऐसा नहीं है कि राधा के रूप पर कृष्ण ही रीझे हैं। कृष्ण के रूप पर राधा भी आसक्त हो चुकी है। यह रूप--दर्शन यौवन–पूर्व की स्थिति में जरूर है किन्तु राधा और कृष्ण दोनों समान रूप से एक दूसरे को मानो ठग लेते हैं। यह ठगना नेत्रों के माध्यम से हैं, इसलिए रूप की ही भूमिका यहां महत्वपूर्ण है।

**खेलन हरि निकसे ब्रज–खोरी।**

**गये स्याम रवि तनया के तट, अंग लसति चंदन की खोरी।**

**औचक ही देखी तहां राधा नैन विशाल भाल दिए–रोरी।**

**सूर स्याम देखत ही रीझे नैन नैन मिल परी ठगौरी।**

सूर ने रूप–व्यापार के अंतर्गत एक--दूसरे पर रीझने का मौका नेत्रों के औचक संवाद में जरूर खोजा है किन्तु उन्होंने इस रूप–दर्शन को नेत्रों के प्रतिसाद के साथ आंगिक और भाषिक संवाद में भी धारावाहिक की तरह प्रस्तुत किया है। वे दृश्य को क्रिया में तब्दील करके उसे फ्रीज होने से बचा लेते हैं। साहचर्य के उद्योग हेतु सूरदास का कवि–उद्यम उन्हें प्रेम की प्रतीति के परिचय सेतु पर आवाजाही का अवसर प्रदान करता है। राधा से कृष्ण बातचीत करने के लिए उद्यत होते हैं– भारतीय संदर्भ में प्रेम के क्षेत्र में पहल पुरुष ही करता है– इस प्रकार इस गतिविधि में स्त्री की लज्जा परक छवि की रक्षा हो जाती है। कृष्ण राधा से पूछते है। चिट्टी गोरी दिखने वाली लड़की तेरा क्या परिचय है। वे इतने पर ही नहीं रुकते हैं– वे जैसे प्रश्नों की झड़ी ही लगा देते हैं, तू कहां निवास करती है? किसकी पुत्री है? इसके पहले कभी तूने ब्रज की गलियां नहीं देखी क्या? सब कुछ जानने की यह व्यग्रता कृष्ण की उत्सुक मानसिकता को ही उजागर करती है। राधा के प्रति उनकी रुचि बढ़ रही है– वे विस्तार से उसे जानना चाहते है।। राधा भोली भाली है। सूर ने उनके उत्तर देने के ढंग से भी यह तथ्य प्रकट किया है? कायदे से राधा को प्रश्नों के क्रम से ही उत्तर देना था किन्तु वे प्रारंभिक तीन प्रश्नों को नजर अंदाज कर जातीं हैं। वे केवल अंतिम प्रश्न का उत्तर देती हैं, और उसमें कुछ अतिरिक्त जोड़कर अपने उत्तर को बहुत चुटीला

भी बना देती हैं। उनकी सतर्कता और उनका चौकन्नापन कुछ देर के लिए उनके उत्तर से प्रकट हो जाता है। वे कहती हैं। हमें ब्रज आने की क्या पड़ी! हम तो अपनी ही पौर में खेलते रहते हैं। हाँ इतना जरूर हम सुनते रहते हैं कि ब्रज में नंद का कोई नटखट लड़का निवास करता है जो ग्वालिनों के माखन और दधि की चोरी करता रहता है। भोलापन भी अपने बड़प्पन से परिचित रहता है– राधा कृष्ण के समक्ष जैसे अपने उच्च होने का परिदृश्य प्रस्तुत करती हैं, उनके कथन का आशय है कि उनका घर ही इतना बड़ा है कि उनको बाहर जाकर खेलने की जरूरत ही नहीं है। ब्रज में तो चोर निकला करते हैं, इसलिए उन्हें ब्रज आने की क्या जरूरत? वे तो वैसे ही इधर तक निकल पड़ी हैं, शायद चोर को सबक सिखाने के लिए! सूरदास के शब्दों के भीतर छिपा यह मानसिक मर्म सूरदास की कवित्व सामर्थ्य का ही परिचायक है। इस उत्तर को सुनकर कृष्ण अपना परिचय नहीं देते हैं। वे साफ–साफ कह देते हैं कि हम तुम्हारा क्या चुरा लेंगे। तुम तो कुछ बेचने लायी नहीं हो! चलो साथ में खेलते हैं! कृष्ण की सफाई और उनका प्रस्ताव किसी अंतराल के मध्य उजागर नहीं होता है। दोनों एक साथ हैं! मानो कृष्ण राधा को आश्वस्त भी कर रहे हैं कि मैं जानता हूँ कि तुम ब्रज की इस खोर में मुझसे ही मिलने आयी हो। तभी तो तुमने नंद के छोरा पर ही केन्द्रित होकर यहां आने का प्रयोजन प्रकट किया। तुम मेरी चोरी की लत को मिटाने का गरूर लेकर आयी हो, तुम मुझे सबक सिखाने आयी हो–लो बाबा, मैं तुम्हारी चोरी ही कैसे कर पाऊँगा? मैं तो गोरस चुराता हूं? सो तो चुरा ही चुका हूं तुम्हारी इंद्रियों के मालिक मन की चोरी तुम्हारी सावधानी के बाद भी हो गयी है। गो माने इंद्रिया उनके रस का जो भोक्ता है– वह मन तुम मुझे दे ही चुकी हो-- तभी तो मेरी खोज–खबर लेने तुम यहां तक चली आयी हो, चलो हम तुम जोड़ी बनाकर खेलेंगे! सूरदास ने कृष्ण की इस चतुर चुहल के कारण उन्हें रसिक सिरोमणि की उपाधि ही दे दी। किशोर जीवन में प्रेम की इतनी झीनी, मदिर और आह्लादकारी परिस्थितियां प्रेम की भावुक उत्तेजनाओं की परिणाम हैं। भोली–भाली राधिका कृष्ण के भुलाने में आ जाती है।

**बूझत श्याम कौन तू गोरी।**
**कहां रहति काकी तूं बेटी? देखी नाहि कबहूं ब्रज खोरी।।**
**काहे को हम ब्रज तन आवति? खेलति रहति आपनी पौंरी।**
**सुनति रहति श्रवनन नंद–ढ़ोटा करत रहत माखन दधि–चोरी।।**
**तुम्हरौ कहा चोरि हम लै हैं? खेलत चलौ संग मिलि जोरी।**
**सूरदास प्रभु रसिक सिरोमनि बातन भुरइ राधिका भोरी।।**

प्रेम का यह पहला पाठ है इसे सूरदास ने बहुत ही सहज किन्तु भावुक परिवेश में रचा है। संयोग श्रृंगार की अनेक आतुर आकुलताएं इस संवाद क्रम में छिपी हुई हैं। यह प्रथम मिलन ही प्रेम के अंकुरण का प्रसंग स्थापित कर देता है। नैन नैन मिलि परी ठगौरी

जैसी पंक्तियां कहकर सूरदास ने श्रृंगार के क्षेत्र में रूप के महत्व को स्थापित कर दिया है। प्रेम के रंगमहल में प्रवेश करने के लिए रूप सौंदर्य के सिंहद्वार में प्रवेश करना पड़ता है। सूरदास के काव्य में रूप सौंदर्य का अद्भुत और अपूर्व वर्णन प्राप्त होता है। राधा का चित्र कृष्ण की छवि में डूबा हुआ है– कृष्ण की मन मोहिनी रूप माधुरी ने राधा को आत्म–विस्मृति की स्थिति में ला दिया है। ''राधा निरखि भूली अंग। नंदनंदन रूप पर गति मनि भई तनु पंगु। राधा की गति और मति मानो पंगु हो गई। प्रेम के प्रारंभिक भाव में प्रेम के प्रकट करने में लोक–लाज आड़े आती है, किन्तु प्रेम की प्रगाढ़ता का दुराव–छिपाव संभव नहीं हो पाता। राधा के मन में अवतरित होने वाले इस द्वन्द्व को सूरदास ने अनुभूति के स्तर पर अत्यंत बारीकी से आरेखित किया है। कृष्ण के रूप लावण्य का वर्णन अनेक उत्प्रेक्षाओं और अनेक रूपकों के माध्यम से सूरदास ने किया है, हिन्दी काव्य साहित्य में पुरुष–सौंदर्य का इतना व्यापक और इतना बहुमुखी वर्णन शायद ही कहीं मिले। कृष्ण के रूप शील, स्वभाव का विशद विवेचन करते हुए सूरदास उनकी क्षण–क्षण बदलती छवि को विशेष रूप से उल्लिखित करते हैं। सौंदर्य की कसौटी उसकी निरंतर नूतन होती छवियों में प्रकट होती है। क्षणे क्षणे यन्नवतामुपैति तदैव रूपं रमणीयतायाः जो क्षण–क्षण में नयी आभा धारण कर लेता है– वही रूप रमणीय माना जाता है। कृष्ण का रूप ऐसी ही रमणीयता से मंडित है। राधा ने कृष्ण की इसी छवि को अनुभव किया था– और वे ऐसी ही रमणीय छवि पर न्यौछावर भी होती है–

> स्यामहिं मैं कैसे पहचानौं।
>
> क्रम क्रम करि इक अंग निहारति पलक ओट ताकौ नहिं जानौं।
>
> पुनि लोचन ठहराई निहारति निमिष मोरि वह छवि अनुमानों।
>
> और भाव औरै कछु सोभा कहौ सखी कैसे उर आनौं।
>
> छिनु छिनु अंग–अंग छवि अगनित सुनि देखौ फिरके हठ ठानौं।
>
> सूरदास स्वामी की महिमा कैसे रसना एक बखानौं।

कृष्ण की रूप माधुरी का वर्णन नख शिख परंपरा में नहीं आता है किन्तु सूरदास ने अपने स्फुट पदों में कृष्ण के मुख उनकी झलक उनके तिलक, उनके [illegible] उनके मस्तक, उनकी ग्रीवा, उनका वक्ष, स्कंध, हस्त, पद आदि अंगों का मनोहारी व[illegible] [illegible]। इस अंग वर्णन के अंतर्गत अंग–कांति का भी विवेचन सूरदास के लिए अभीष्ट [illegible] है [illegible]ायः दीप्ति सौंदर्य के लिए कमल, चन्द्रमा, चांदनी, जल, दरपन आदि की चट[illegible] को आधार बनाकर उपमाओं का ढेर लगा देते हैं। दीप्ति, रूप सौंदर्य को संप्रेषणीय बनाती है, दीप्ति ही रूप–सौंदर्य को चमत्कार प्रदान करती है। चित्त के विस्फार के लिए दीप्ति–सौंदर्य को महत्वपूर्ण माना गया है। कृष्ण के रूप वर्णन के साथ ही सूर ने राधा की छवियों का भी विवेचन अनेक तरह से किया है। कहीं कहीं तो आभास होने लगता है, जैसे सूरदास राधा

के सौंदर्य वर्णन में रीति कालीन सौंदर्य वर्णन के लिए एक प्रशस्त पीठिका निर्मित कर रहे हों। वे राधा की अलकावली के साथ मुक्ता माँग तिलक, कुमकुम, आड़, सुवक्ष, त्रिवली आदि का विवेचन अनेक उपमानों के माध्यम से करते हैं-- सूर की कल्पना शक्ति का घनिष्ठ परिचय ऐसे पदों में प्राप्त होने लगता है। वे राधा के रूप सौंदर्य के साथ उनकी विदग्ध चेष्टाओं का भी चित्रण करते हैं।

''राधे तेरो बदन विराजत नी को।  
जब तू इत उत बंक बिलोकति होत निसापति फीकौ।।  
भृकुटी, धनुष नैन सिर सांधै सिर केसर को टीकौ।  
मनु घूँघट पट में दुरि बैठयो पारधि रतिपति ही कौ।  
गति मैमंत नाग ज्यौं नागरि करे कहति ही लीकौ।  
सूरदास प्रभु विविध भांति करि मन रिझयौ हरि ही कौ।।''

राधा की दृष्टि, दृष्टि की शुभ्रता, दृष्टि का बांकपन, नेत्रों की आकृति, भौंह का टेढ़ापन, राधा की हाथी जैसी चाल के वर्णन में सूरदास ने न केवल अंग, वर्णन को महत्व प्रदान किया है बल्कि उनकी क्रियाओं और चेष्टाओं का भी सुंदर चित्रण किया है– इनकी कांति का भी संप्रेषणीय प्रस्तुतीकरण सूर ने अपनी कल्पना दृष्टि से संपन्नतर बनाया है। रूप दर्शन के बाद रीझ का क्रम आता है– रीझ, प्रेम की परिपक्वता के लिए आधार निर्मित करती है। रीझ को आसक्ति के रूप में विवेचित किया जा सकता है। राधा और कृष्ण एक दूसरे को देखकर पारस्परिक आसक्ति से आपूरित हो उठते हैं। आसक्ति के भीतर मिलन की आतुरता का भाव जागृत होता है– यह आतुरता सूरदास के काव्य में अपनी पराकाष्ठा में है। सूरदास राधा की आतुरता को अनेक तरह से अभिव्यक्त करते हैं। वे कृष्ण के प्रेम में इतनी अनुरक्त हैं कि उनका मन कहीं किसी बात में नहीं लग रहा है। उन्होंने कृष्ण के लिए ''लोक सकुच कुल कानि तज दी है। मां बार–बार समझाती हैं किन्तु राधा मानती नहीं है– सभी बड़े बुजुर्ग समझाते हैं किन्तु उनके बचन उन्हें ब।ण के समान चुभते हैं। राधा श्याम के रंग में पूरी तरह से रंग गयी हैं। कृष्ण जैसे उनके रोम–रोम में भिंद गए हैं। उनके प्रेम से ही उनका अंग–अंग, पगा हुआ है। अब उनका मन उनके हाथ में नहीं रहा। वे कृष्ण से मिलने वृंदावन पहुंच जाती है। राधा और कृष्ण के मिलन के अनेक रससिक्त प्रसंग सूरदास ने प्रस्तुत किए हैं। श्रृंगार के अंतर्गत संयोग के विशद लीला–लोक का जिस तरह से सूर के काव्य में उद्घाटन होता है– वैसा अन्यत्र नहीं है। आचार्य रामचन्द्र शुक्ल ने इसी तथ्य की ओर संकेत करते हुए अपना स्पष्ट मत दिया है। वृंदावन में कृष्ण और गोपियों का संपूर्ण जीवन क्रीड़ामय है, और वह संपूर्ण क्रीड़ा संयोग पक्ष है। उसके अंतर्गत विभावों की परिपूर्णता कृष्ण और राधा के अंग प्रत्यंग की शोभा के अत्यंत प्रचुर और चमत्कारपूर्ण वर्णन में तथा वृन्दावन के करील कुंजों, लोनी लताओं, हरे भरे कछारों, खिली हुई चांदनी, कोकिल

कूंजन आदि में देखी जाती है। अनुभावों और संचारियों का इतना बाहुल्य और कहां मिलेगा? सारांश यह कि संयोग सुख के जितने प्रकार के क्रीड़ा विधान हो सकते हैं वे सब सूर ने लाकर इकट्ठे कर दिए हैं। यहां तक कि कुछ ऐसी बात भी आ गयी है जैसे कृष्ण के कंधो पर चढ़कर फिरने का राधा का आग्रह जो कम रसिक लोगों को अरुचिकर स्त्रैणता प्रतीत होगी। शुक्ल जी ने आगे स्पष्ट किया है कि प्रिय–प्रिया भाव का दिव्य–दर्शन है, इसलिए इसे शृंगार की सीमाओं से भी ऊपर भक्ति क्षेत्र की आराधना पद्धत्तियों का स्वरूप भी माना जा सकता है।

संयोग शृंगार के अंतर्गत आश्रय और आलंबन के अनेक भाव प्रसंग सूर के काव्य में अपनी उपस्थिति से मानवीय शृंगार की लीला लहरियों को आंदोलित करते रहते हैं। सूर का संयोग वर्णन एक क्षणिक घटना नहीं है, प्रेम संगीत मय जीवन की एक गहरी चलती धारा है जिसमें अवगाहन करने वाले को दिव्य माधुर्य के अतिरिक्त और कुछ नहीं दिखाई पड़ता। राधा कृष्ण के रंग–रहस्य के इतने प्रकार के चित्र सामने आते हैं कि सूर का हृदय प्रेम की नाना उमंगों का अक्षय भंडार प्रतीत होता है। प्रेमोदय काल की विनोद वृत्ति और हृदय प्रेरित हावों की छटा चारों ओर छलकी पड़ती है। आचार्य शुक्ल ने शृंगार के अंतर्गत संयोग कालीन हावों–भावों का विवेचन करते हुए सूर की शृंगार विदग्ध वृत्तियों की प्रशंसा की है। कृष्ण गाय दुह रहे हैं। राधा भी वहीं पास में खड़ी है। राधा को देखकर कृष्ण हृदय में प्रेम का उदय हो आया। वह प्रेमोद्रेक कृष्ण की चेष्टाओं से अभिव्यक्ति पाने लगता है। गाय को दुहते हुए कृष्ण दूध की एक धार तो दोहनी में डाल रहे हैं जबकि दूसरी धार से राधा को स्नान करा रहे हैं। इस दूध–धार से राधा के मुख की छवि बढ़ गयी है। सफेद दूध की बूंदे राधा के गौर वर्ण मुख पर शोभित हो रही है।

धेनु दुंहति अति ही रति बाढ़ी।

एक धार दोहनि पहुंचावति एक धार जंह प्यारी ठाढ़ी।

मेहन कर ते धार चलति पय, मोहनि मुख अति ही छवि बाढी।

राधा भी प्रतिक्रियाशील हैं। वे कृष्ण के प्रेम को परखने वाली हैं– किन्तु वे इसे छिपाए ही रहती हैं– प्रकट रूप में वे कृष्ण की इस चेष्टा आवृत्ति का विरोध सहज भोली–भाली लड़की की तरह ही करती हैं। वे कहती हैं कि तुम्हें तो गाय का दुहना तक नहीं आता है। इधर देखते हो और उधर धार चलाते हो– क्या तुम्हारी माता ने यही सिखाया है। "तुंम पै कौन दुहावै गैया। इत चितवत, उत धार बहावत एहि सिखयौ है मैया।" संयोग के ये हास्य विनोद मय क्षण परिवेशगत संस्कारों से विलग नहीं है। संयोग शृंगार की लुका–छिपी और हर्ष–अमर्ष की मधुर भाव–उर्मियां जैसे सूरसागर में इस तरह उठकर सहृदय जनों को अभिभूत कर देती हैं।

आलंबन और आश्रय की दृष्टि से कृष्ण तथा राधा एवं गोपियों के रूप–वर्ण न उनके

चेष्टा व्यापार और उनके दीप्ति–कांति युक्त शील सौंदर्य वर्णन का अद्भुत समावेश सूरदास के द्वारा संभव हुआ है। आचार्य शुक्ल के अनुसार आलंबन की रूप प्रतिष्ठा के लिए कृष्ण के अंग प्रत्यंग का सूर ने जो सैकड़ों पदों में वर्णन किया है, वह तो किया ही है आश्रय पक्ष में नेत्र व्यापार और उसके अद्भुत प्रभाव पर एक दूसरी ही पद्धति पर, बड़ी ही रम्य उक्तियां बहुत अधिक हैं। रूप को हृदय तक पहुंचाने वाले नेत्र ही हैं। इसमें हृदय की सारी आकुलता, अभिलाषा और उत्कंठा का दोष इन्हीं पत्रवाहकों के सिर मढ़कर सूर ने इसके प्रभाव प्रदर्शन के लिए बड़े अनूठे ढंग निकाले हैं। कहीं इनकी न बुझने वाली आपस की परेशानी दिखाई है, कहीं इनकी चपलता और निरंकुशता पर इन्हें कोसा है। शृंगार के क्षेत्र में उद्दीपन का भी अपना महत्वपूर्ण स्थान है। सूरदास ने उद्दीपन के रूप में प्रकृति का भरपूर प्रयोग किया है। कुंज, कछार, यमुना, ब्रज की गलियां, मयूरों का नाचना, गायों का चराना, ग्रामीण खेलकूद आदि के परिवेशगत उत्तेजनाओं की तरह स्वीकर करके इनसे संयोग कालीन शृंगार वृत्तियों के प्रस्फुटन हेतु अवसर तलाश लिए हैं। सूर का संयोग शृंगार मानवीय अनुभूतियों की ऊष्मा से उत्तापित हैं। प्रेम की सघनता का ताना बाना संयोग शृंगार की पीठिका पर बुनने वाले सूरदास ने मानवीय चित्तवृत्तियों की सूक्ष्म पड़ताल की है।

### वियोग शृंगार

शृंगार का वियोग पक्ष प्रेम के परिपाक का काल है। प्रेम की तेजस्विता और प्रेम की गंभीरता का दिग्दर्शन, शृंगार के वियोग पक्ष में ही उजागर होता है। सूरदास का वियोग वर्णन हिन्दी–साहित्य की निधि बन गया है। कृष्ण ब्रज से मथुरा आ जाते हैं। राधा, गोपियां, मां यशोदा और पिता नंद बाबा तथा सभी ब्रजवासी कृष्ण के मथुरा–गमनके बाद उनके वियोग से दिन–रात व्यथित रहते हैं। यह व्यथा ही सूर के काव्य में वियोग जन्य अनुभूति की मूल्यवान संपदा है। राधा और गोपियों की विरह–गाथा से संबंधित पदों की संख्या अत्यधिक है। सूर ने अपने इन पदों में विरह की श्रेष्ठता का अनेक बार उल्लेख किया है। वे प्रेम की परकाष्ठा विरह की सीमा में ही मानते हैं। इसलिए वे कहते हैं– ऊधौ विरहै प्रेम करे, विरही व्यक्ति ही प्रेम करना जानता है। प्रेन के रस का अनुभव विरह की व्यापक अनुभूतियों से ही निचुड़ता है। यद्यपि सूर के यहां यह विरह एकांगी–सा प्रतीत होता है– किंतु ऐसा है नहीं, कृष्ण के वियोग में राधा और गोपियां तो खूब रोती हैं किन्तु कृष्ण इन सबके वियोग से द्रवित नहीं दिखायी देते। अलबत्ता जब वे उद्धव को संदेश वाहक बनाकर ब्रजभूमि में भेजते हैं तब उनकी विरह–व्यथा शतधा होकर प्रवाहित होने लगती है। काव्य में विशेष रूप से मध्यकालीन काव्य में स्त्री के वियोग को तो कवियों ने खूब महत्त्व दिया है, किन्तु पुरुष के वियोग पक्ष का उल्लेख विस्तार से नहीं मिलता। आचार्य शुक्ल ने इस पर विचार करते हुए स्पष्ट किया है यह सूचित करने की आवश्यकता तो कदाचित् न हो कि रूप पर मोहित होना, दर्शन के लिए आकुल रहना, वियोग में तड़पना आदि गोपियों के पक्ष में जितना कहा गया है, उतना कृष्ण पक्ष में नहीं, यह यहां के शृंगारी कवियों की विशेषता

फुटकर पद्य रचने वालों की सामान्य प्रवृत्ति ही रही है। तुल्यानुराग होने पर भी स्त्रियों की प्रेम--दशा या काम--दशा का वर्णन करने में ही यहां के कवियों का मन अधिक लगा है। सूर के पक्ष में यद्यपि यह उनकी उतनी चरितार्थ नहीं है-- उन्होंने वियोग--वर्णन में केवल मन नहीं लगाया है, बल्कि उनका मन ही द्रवित--श्रवित होकर इस भावना व्यापार में प्रवाहित हुआ है। वियोग वर्णन में वियोग की चिन्ता, गुण कथन, जड़ता, उद्वेग, अपस्मार जैसी दस दशाओं का उल्लेख प्राप्त होता है। सूर के वियोग वर्णन में ये दशाएं उपलब्ध होती हैं। यद्यपि सूर ने इन दशाओं के वर्णन हेतु कोई शास्त्रीय पद्धति नहीं अपनायी है किन्तु वे इन दशाओं के स्फुट विवेचन में समर्थ सिद्ध होते हैं।

सूरदास ने विरह को एक तरफ मनोवैज्ञानिक आधार प्रदान किया तो उसे दूसरी तरफ वे प्रकृति के विराट संभार तक भी विस्तृत कर देते हैं। उनके विरह--वर्णन के केन्द्र में केवल मानवीय विरह की परिस्थितियां ही नहीं हैं बल्कि वे मनुष्य की मानसिक दशाओं में प्रकृति को भी एकमेक होता हुआ अनुभव करते हैं। स्मृति, वियोग की उत्प्रेरक शक्ति है। स्मृति का केन्द्र मस्तिष्क है-- एक प्रकार से बुद्धि के द्वारा उकसाए जाने पर विरह की अनुभूतियों का संप्रसारण होता है-- बुद्धि, बस स्मृति के दरवाजे खोलती है, फिर तो भावना का जो आलोक फैलता है, बुद्धि वहां गतिहीन हो जाती है। बुद्धि, इस विरह--वैभव से सम्पन्न राज भवन में मात्र दासी की तरह ही सक्रिय रह जाती है। बची बुधि बाबरी है करि दासी। स्मृति का फैलाव विरह की अनुभुतियों को अपने वर्तमान में अधिक चमकदार और प्रवाहशील बनाता है। राग--रंजित अतीत से टकराकर वर्तमान का पीड़ा बोध और कसक देने लगता है। विरह इसी कसक का सांद्र बिन्दु है। प्रिय के साथ विताए गए क्षण, प्रिय की छवि, प्रिय की चेष्टाएं, प्रिय की बातें सब विरह की अनुभूति जागृत करती हैं। यहां तक की प्रिय की वस्तुएं तक प्रिय के स्मृति चिह्नों के रूप में, प्रिय विषयक आसक्तियों को जागृत कराने में सक्षम हो उठती हैं। इस रूप में विरह का अधिकांश भाव--व्यापार स्मृतियों के पुनरागमन के माध्यम से सम्पन्न होता है। स्मृतियों का यह सिलसिला ही विरह की तीव्रता को बढ़ाता है। सूरदास ने राधा और गोपियों के पक्ष में स्मृतियों की एक विस्तृत नियोजना अपने--पदों में की है। गोपियां कृष्ण की रूप माधुरी पर आसक्त रही हैं। इस रूप माधुरी के आसव में छकी गोपियां, अपने स्मृत्याभासों में बार--बार कृष्ण के साथ बिताए अपने संयोग के क्षणों को जीती हैं और वेदना विगलित होती रहती हैं। स्मृति का अतीत और वर्तमान का यथार्थ जब टकराहट उत्पन्न करते हैं तब निराशा ही हाथ लती है। यही निराशा विरह--वेदना को गहरा देती है। कृष्ण लौटने की बात कह गए थे किन्तु लौटे नहीं हैं। न लौटने का यह भाव, गोपियों के मन में स्मृति के भीतर लौटते कृष्ण में व्यक्त होने लगता है। गोपियां सुबह--शाम कृष्ण कीं सुधियों में खोयी रहती हैं। वे सामूहिक रूप से भी अपनी व्यथा पूर्ण बातों को बांटती हैं। ब्रज में शाम होती है और गोपियां अतीत की उन शामों के स्मरण में लीन हो जाती हैं, जिनमें कृष्ण बांसुरी बजाते गायों को लौटाते हुए ब्रज की ओर आते थे। गोपियां अपने घर

के द्वारों पर खड़ी होकर उनके श्रम सज्जित रूप को निहार कर प्रसन्न होती थीं। लेकिन कृष्ण के मथुरा गमन के बाद ऐसे दृश्य अब केवल स्मृति के विषय बनकर रह गए हैं। "एहि बेरियां बन तें ब्रज आवते। दूरहिं तें वह बेनु अधर धरि बार–बार बजावते।" वर्तमान की मनोदशा से अतीत की संयोग कालीन परिस्थितियों का इस तरह से प्रतिक्रिया करना, मानसिक परिवर्तन के साथ बाह्य परिवेशगत बदलाव की भी अनुभूति को प्रकट करता है। इसीलिए गोपियां कहती हैं मदन गोपाल बिना या तन की सबै बात बदली, एक कृष्ण के न रहने पर सब कुछ बदला–बदला सा लग रहा है।

बदलाव की यह बयार हर जगह चलने लगी है। कालिंदी के कूल कछार सभी बदल गए हैं। यमुना के प्रवाह में बदलाव आ गया है। ये जो मधुवन है– अभी तक नहीं बदला है। यह तो अभी भी हरा भरा बना हुआ है। विरही मन अपने अनुकूल ही परिस्थितियों की भावना करता है। गोपियां कहती हैं, 'मधुवन तुम कत रहत हरे?' हे मधुवन तुम अभी तक हरे भरे क्यों हो? कृष्ण के वियोग में तो तुम्हें खड़े–खड़े ही जल जाना था। यमुना को देखो वह तो विरह के कारण काली पड़ गयी है। उसका जल खारा हो गया है। यह उलहना स्वाभाविक ढ़ंग से ही सूर की कविता में आता है। विरह का चतुर्दिक संप्रसारण इस उपालंभ में छिपा हुआ है। विरही मन अपने अनुकूल अपने जिस आसपास को देखना चाहता है– यदि वह वैसा नहीं दिखता है तो उस परिगत को उपालंभित होना पड़ता है। यह प्रकृति की साझेदारी है– मानवीय अनुभूतियों के साथ प्रकृति यहां उद्दीपन के रूप में जरूर आती है किन्तु वह मानवीय अनुभूतियों में एकाकार होकर आती है। मानव मन की सीमाओं से निकलकर विरह का प्रभाव प्रकृति के विस्तृत प्रांगण तक पहुंच गया है। आचार्य रामचन्द्र शुक्ल ने इसे सूरदास की विशिष्ट दृष्टि [illegible]। सूरदास ने विरह को घर–आँगन से निकाल कर जंगल–पहाड़, नदी–नालों तक ला दिया है। सूरदास का विरह स्थल जिस प्रकार घर की चहार–दीवारी के भीतर तक ही न रहकर यमुना के हरे भरे कछारों, करील के कुंजों और वनस्थलियों तक फैला है [illegible] प्रकार उनका विरह वर्णन भी 'बैरन भई रतियां' और 'साँपिन भई सेजिया' तक न रहक[illegible]कृति के खुले क्षेत्र के बीच दूर–दूर तक पहुंचता है। मनुष्य के आदिम वन्य जीवन के परंपरागत मधुर संस्कार को उद्दीप्त करने वाले इन शब्दों में कितना माधुर्य है– 'एक बन ढूंढिं सकल बन ढूढ़ों कतहुं न स्याम लह्यो।' न केवल भू भौतिकीय [illegible]स्थतियों में विरह दशा का वितान फैला है, बल्कि प्रकृति के अन्य उपादानों में भी विरह का भाव उत्कर्षित है।

बिरह विवेचन के लिए बारह मासा या षड्ऋतु वर्णन की परंपरा का परिपालन किया जाता है। सूरदास ने इस तरह की परंपरा का अक्षरशः पालन तो नहीं किया– स्फुट पदों की रचना से इस तरह से लंबे वर्णन के लिए गुंजायश भी नहीं रहती है, किन्तु सूर ने विभिन्न ऋतुओं का स्मरण विरह के प्रसंग में किया है। शरद, व[illegible]त के साथ ग्रीष्म और वर्षा का

उद्दीपक रूप इस तरह क वर्णन में प्राप्त होता है। वर्षा में वियोग की स्थिति अधिक कष्ट कारक होती है। सूर के अधिकांश ऋतु परक पदों में वर्षा की उपस्थिति है। "किधौं घन गरजत नहिं उन देसन। वर्षा के अनेक संसाधन विरही को कैसे दग्ध करते हैं? सूर के वर्षा परक पदों में इसके दर्शन हो जाते हैं।

देखो माई स्याम सुरति अब आबै!
दादुर मोर कोकिला बोलें पावस अगम जनावै।
देखि घटा घन चाप दामिनी मदन सिंगार बनाबै।
बिरहिन देखि अनाथ नाथ बिन चढ़ि चढ़ि ब्रज पै आबै।
कासौ कहौ जाइ को हरि पै यह संदेश सुनाबै।
सूरदास प्रभु मिलौ कृपा करि ब्रज बनिता सचु पावै।

सूरदास ने अपने एक पद में छहों ऋतुओं को उल्लिखित करके उनकी विपरीत प्रभावोंत्पादकता का जिक्र किया है। बादलों को देखकर नेत्र बरसते हैं। शरद ऋतु में हृदय के मार्ग से यही जल प्रवाहित होकर तालाब बन जाता है और कमल खिल जाता है। हिम ऋतु में चंद्रमा का विपरीत प्रभाव रहता है। शिशिर में हृदय कमल कांपने लगता है– वसंत में विरह की बेल फैल जाती है। ग्रीष्म में काम की प्रताड़ना शरीर को झेलनी पड़ती है। सूर ने अपनी काव्य बिदग्धता के साथ षड्ऋतु वर्णन की परंपरा का सांकेतिक उल्लेख किया है। वर्षा के संदर्भ में विरह की केन्द्रीयता को आधार बनाकर आचार्य शुक्ल जी की टिप्पणी महत्वपूर्ण है। अपनी अंतर्दशा को ऋतु सुलभ व्यवहारों के बीच बिम्ब प्रति विम्ब रूप में देखना भाव–मग्न अंतःकरण की एक विशेषता है। इसके वर्णन में प्रस्तुत अप्रस्तुत का भेद मिट सा जाता है। ऐसे वर्णन पावस के प्रसंग में सूर ने बहुत अच्छे किए हैं। निसिदिन बरसत नैन हमारे, बहुत प्रसिद्ध पद है। विरहोन्माद में भिन्न–भिन्न प्रकार की उठती हुई भावनाओं से रंजित होकर एक ही वस्तु कभी किसी रूप में दिखाई पड़ती है कभी किसी रूप में। उठते हुए बादल कभी तो ऐसे भीषण रूप में दिखाई पड़ते हैं–

देखियत चहुं दिसि तें चन घोरे।
मानौ मत्त मदन के हाथिन बलकरि बंधन तोरे।।
कारे तन अति चुवत गंड मद, बरसत थोरे थोरे।
सकत न पवन महावत हू पै, मुरत न अंकुस मोरे!!

कभी गोपियां और राधा बादलों में कृष्ण की रूप राशि का दर्शन करती हैं कभी इंद्रध ानुष, कृष्ण के नए वस्त्रों की प्रतीति कराते हैं, तो कभी बगुलों की पंक्ति– कृष्ण के वक्ष पर पड़ी मोतियों की माला का अनुभव कराती हैं। कभी पपीहा पीऊ पीऊ करके प्रिय की स्मृति जगाता है। पपीहा के साथ गोपियां अपना संबंध ही स्थापित कर लेती हैं। एक से ही भाव

से परिचालित होने वालों में इस तरह की सुहृदयता बढ़ जाती है। इसलिए गोपियां पपीहे से कहती हैं कि हे पपीहा तुम बहुत दिनों तक जीवित रहो। तुमने ही विरह का सच्चा अनुभव किया है। तुम्हें भी वैसा ही विरह का नुकीला बाण लगा है, जैसा हम लोगों को। गोपियों के पीड़ा भोग का यह प्रकृति में अनूठा विस्तार है।

स्मृति चिह्नों के माध्यम से प्रिय के सामीप्य का लाभ और प्रिय के साथ बिताए क्षणों की स्मृति का आभास विरह में प्रिय के साक्षात्कार का आधार जैसा बन जाता है। सूर की राधा जिस वस्त्र को धारण किए हुए है– वह कृष्ण की स्मृति कराता रहता है, इसलिए राधिका उस वस्त्र को ही नहीं उतारती हैं– भले ही वे इस कारण मलीन दिख रही हों– अति मलीन वृष भानु कुमारी हरि स्रम जल अंतर्पट भीजें ऐहि कारन न ''धुवावत सारी।'' वस्त्र कृष्ण के श्रम जल से परिपूर्ण हैं इसलिए राधा का मोह उसके प्रति है। यह आंतरिक अनुभूति सूर की विरह विदग्ध राधिका की मानसिक दशा की उन्माद जैसी स्थिति की ओर जरूर संकेत देती है किन्तु यह स्मृति का ही पुनराख्यान है। सूर ने ऐसी स्थितियों का उल्लेख अनेक बार किया है, जहां बुद्धि की गति–मति थकित हो जाती है। भावना का ऐसा व्यवहार सूर की कवित्व शक्ति को नया आयाम प्रदान करता है। दूरि करहु बीना कर धरिबो'' राधा, वीणा बजाने वाली सखी से कहती है कि वीणा मत बजाओ, तुम्हारी वीणा के स्वरों से चंद्र के रथ के वाहक हरिणों की गति रुक जाती है-- फिर चंद्रमा गतिहीन हो जाता है। चन्द्रमा का रुक जाना विरहिणी की पीड़ा को बढ़ाने वाला है– क्योंकि पिया बिनु सांपिन कारी राति।' जैसी पंक्तियां लिखकर सूर ने अपनी सूक्ष्म निरीक्षण शक्ति का ही परिचय दिया है। विरहिणी को पूरी रात्रि नागिन जैसी लग रही है। नागिन दंशित करके जैसे उलट गयी हो।

सूरदास की कविता में विरह की अनेकशः अनुभूतियां प्राप्त होती हैं। उन्होंने लघुमान और दीर्घमान के माध्यम से भी खण्ड बिरह को चित्रित किया है। इस मान में राधा के मान के साथ कृष्ण का मान भी समाहित है। सूर की विरह परक काव्य उक्तियां अनुभूति की ऊष्मा से परिपूर्ण है। उनका विरह विवेचन व्यक्ति व्यंजक आत्मानुभूतियां से परिपूर्ण है। इस आत्माभिव्यंजन में प्रकृति के अनेक व्यवहारों को समाहित करके सूरदास ने वियोग जन्म परिस्थितियों का अच्छा चित्रण किया है।

**बोध बिन्दु–**

- श्रृंगार में राग–भाव ही केन्द्रीय भाव है।
- सूरदास को प्रेम की ऊर्जा का आवेग निरंतर उद्वेलित कर रहा था, यही आवेग उनकी श्रृंगार परक उक्तियों में अभिव्यक्त हुआ है।
- सूरदास की कविता में किशोर जीवन की झीनी, मदिर और आल्हादकारी परिस्थितियां प्रेम की भावुक उत्तेजनाओं का परिणाम है।

– शृंगार का वियोग पक्ष प्रेम के परिपाक का काल है।

## 1.5 सूरदास के काव्य में प्रकृति वर्णन

प्रकृति और मनुष्य का अंतरंग संबंध है। प्रकृति और मनुष्य की परिपूरकता में सृष्टि की संपूर्णता है। प्रकृति मनुष्य के लिए और मनुष्य प्रकृति के लिए यह दृष्टिकोण ही सृष्टि चेतना के सम्यक् विकास को आधार प्रदान करता है। प्रकृति की गोद में पलने वाले मनुष्य के भौतिक विकास में तो प्रकृति का ही सहयोजन सदैव रहा है। मनुष्य के चिंतन परक उत्कर्ष में प्रकृति ने निरंतर नए क्षितिज खोले हैं। समुद्र, पहाड़, वनस्पतियां, बादल, बिजली, प्रभंजन इनके दृश्य रूपों और इनकी क्रियात्मक उपस्थिति ने मनुष्य की आस्थाओं और विश्वासों को नए–नए स्वरूप प्रदान किए हैं। एक ओर जहां इन सबकी उपस्थिति ने उसे आध्यात्मिक और दार्शनिक मूल्यों की निष्पत्तियों के अन्वेषण का अवसर दिया वहीं मनुष्य की संघर्ष शीलता को भी प्रकृति के दुधर्ष आवेगों ने ही बढ़ाया। प्रकृति की बदलती ऋतु परक छवियों ने मनुष्य के चेतना पटल पर सौंदर्य के अनेक परिदृश्य निर्मित किए हैं। जीवन के उल्लास, जीवन के विषाद और जीवन की दार्शनिक निष्पत्तियों में प्रकृति ने ही अनेकानेक उत्प्रेरणाएं में प्रदान की है।

मनुष्य और प्रकृति का यह संबंध साहित्य में भी सक्रिय रहता है– साहित्य में मनुष्य के भाव–विचार और उसकी सौंदर्य दृष्टि का समावेश है, और ये तीनों प्रकृति जात साहचर्य से मनुष्य को किसी न किसी रूप से उपलब्ध हुए हैं। इसलिए इनके प्रस्तुतीकरण में मनुष्य को प्रकृति की सांझेदारी को स्वीकार करना ही पड़ेगा। साहित्य ही नहीं मनुष्य की सम्पूर्ण कला–सृष्टियों में प्रकृति की उपस्थिति अवश्य रही है। मानवीय संवेदनों को प्रकृति आंदोलित करने में समर्थ है। प्रकृति के परिवर्तन मात्र भौतिक सत्ता के परिवर्तन नहीं हैं– वे मनुष्य की आंतरिक चेतना में भी परिवर्तन लाने वाले हैं। संवेदनात्मक प्रतिक्रियाओं में प्रकृति सदैव मनुष्य के भाव–जगत को नए–नए रूपाकार देती रही है। मनुष्य अपनी आत्मसत्ता का प्रक्षेपण सदैव प्रकृति के भीतर करता रहा है। रचना की अनेकानेक उत्प्रेरणाएं इसलिए प्रकृति के विस्तृत क्षेत्र से ही मनुष्य को मिली हैं। साहित्य का सम्पूर्ण इतिहास प्रकृति के साथ रहने वाले मनुष्य की संवेदनशीलता का पर्याय है। वैदिक वाङ्मय में प्रकृति की हिस्सेदारी तो कुछ इस तरह से है कि लगने लगता है जैसे वैदिक ऋषि प्रकृति से गहन तादात्म्य करके ही मनुष्य की नियति का निर्धारण कर रहा है। कालिदास, माघ, श्री हर्ष आदि संस्कृत कवियों से लेकर सुमित्रा नंदन पंत और श्री नरेश मेहता तक के काव्य में प्रकृति एक शक्ति की तरह सक्रिय है।

काव्य में प्रकृति, संवेदनात्मक सघनता और संवेदनात्मक उत्तेजना के संदर्भ में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह करती है। इस हेतु प्रकृति के दृश्य जगत, उसकी क्रियात्मक चेतना और उसकी मानवीय मनोभूमि में की जाने वाली संश्लिष्ट अंतःक्रियाएं

सदैव सक्रिय रहती हैं। प्रकृति स्वयं ही एक कविता है। इसीलिए कहा गया था– 'पश्य देवस्य काव्यम् न जीर्णयति न ममारयति। देवता की यह कविता देखो, यह कविता न कभी जीर्ण पड़ती है और न कभी मरती है। प्रकृति देवताओं की ऐसी ही कविता है। यही कविता जब मनुष्य की अंतश्चेतना में हिल्लोलित होती है, तब साहित्य की रचना का निर्झर फूट पड़ता है। प्रकृति ने मनुष्य को कल्पना का विस्तार दिया, उसकी कल्पना को रूपाकृतियां प्रदान की उसकी कल्पना को सौन्दर्यात्मक उड़ान दी है। कविता में प्रकृति इसीलिए कहीं स्वयं मानवीय अनुभूतियों का संवहन करती हुई आलंबन के रूप में अभिव्यक्त होती है, तो कहीं अपने माध्यम से मानवीय अनुभूतियों को प्रकट करने में समर्थ होती है– इस रूप में वह मानवीय अनुभूतियों को शक्तिशाली बनाती है– और उन्हें जागृत करती है– प्रकृति को इस स्तर पर उद्दीपक के रूप में स्वीकार किया जाता है, निष्कर्षतः प्रकृति कविता की शक्ति बन कर आती है– वह आलंबन और उद्दीपन के रूप में कविता के सौंदर्यात्मक पहलुओं को प्रभावित करने में समर्थ होती है।

हिन्दी का सम्पूर्ण मध्य कालीन काव्य प्रकृति के साथ तादात्म्य करके ही विकसित हुआ है। मध्यकालीन कविता में अधिकतर वे कवि प्रतिभाएं क्रियाशील रही हैं, जो लोक जीवन से उद्भूत थीं। जिनके सरोकार निरंतर प्रकृति से रहे हैं। जिन्होंने प्रकृति की नाना छवियों का अवलोकन किया था और जिनका हृदय अपनी अनुभूतियों के लिए सदैव उदाराशयी था। प्रकृति के चित्रण में उदार हृदय ही सक्षम होते हैं। मध्यकालीन साधु–संत ऐसे ही उदार हृदय कवि थे। कबीर, तुलसी, जायसी और सूर के काव्य में तो प्रकृति के रंग–रूप और प्रकृति का व्यवहार विनिमय बिखर पड़ा है। अपने आसपास को अभिव्यक्त करने के लिए ही नहीं बल्कि दार्शनिक मीमांशाओं के लिए भी इन कवियों ने प्रकृति का सहयोग लिया है। सूर का काव्य तो प्रकृति की रंगशाला ही है। शायद ही उनका कोई पद हो जिसमें प्रकृति की उपस्थिति न हो। प्रकृति को जिस सहृदयता से सूर ने अपने अंतःचक्षुओं के माध्यम से देखा है, वैसा शायद अन्यत्र अन्य कवियों ने नहीं देखा। सूर ने अंतर्जगत के साथ प्रकृति के बहिर्जगत का ऐसा तालमेल उपस्थित किया है कि प्रकृति और मनुष्य के बीच भेद करना भी असम्भव हो जाता है। प्रकृति सूर के यहां मानवीय लीला–लोक का ही हिस्सा बनकर सदैव समुपस्थित रहती है। प्रकृति की सभी शक्तियों से सूरदास नेभरपूर सहयोग लिया है। सूरदास की कविता घरों के भीतर की कविता नहीं है वह वन्य प्रांतरों, चौगानों, करीलकुंजों और यमुना कछनों में प्रसारित होती कविता है। आचार्य रामचन्द्र शुक्ल सूरदास की इस दृष्टि पर विशेष रूप से मोहित थे। वे लिखते हैं, 'सूरदास जी का विहार–स्थल जिस प्रकार घर की चार–दीवारी के भीतर तक न रहकर यमुना के हरे–भरे कछारों, करील के कुंजों और वनस्थलियों तक फैला है, उसी प्रकार उनका विरह वर्णन भी 'बैरन भई रतियां और साँपिन भँई से जिया' तक ही न रहकर प्रकृति के खुले क्षेत्र के बीच दूर–दूर तक पहुँचता है। मनुष्य के आदिम वन्य जीवन के पारंपरागत मधुर, संस्कार

को उद्दीप्त करने वाले इन शब्दों में कितना माधुर्य है– 'एक वन ढूंढ़ि सकल वन ढूढ़ो कतहुं न स्यामलहै' ऋतुओं का आना जाना उसी प्रकार लगा है। प्रकृति पर उनका रंग वैसा ही चढ़ता उतरता दिखाई पड़ता है।'' सूरदास की कविता प्रकृति के खुले प्रांगण की कविता है– उसमें समीरण के शीतल मंद–सुगंधित झौंके हैं, तो यमुना की लोल लहरियों का वर्णन है– उसमें निर्झर की निर्झरित जल–गति है तो मेघों का मंद मंद गर्जन है– उसमें वनस्पतियों की सहकार भरी नियोजना है तो कहीं–कहीं प्रकृति की भयंकरता का डरावना स्वरूप भी है। सूरदास प्रकृति पर ऐसे ही नहीं रीझे थे वे प्रकृति के केन्द्र में विराट वपु कृष्ण को रखकर प्रकृति को कृष्ण की लीला सहचरी मानकर ही अपनी कविता में प्रकृति को अवतरित कर रहे थे– विभिन्न पुराणों में इस तथ्य का उल्लेख है कि ब्रज के तरु–तृण–लता–गुल्म, ब्रज की रज, ब्रज के पाहन, ब्रज के पशु–पक्षी–आदि सभी ऋषियों–मुनियों, सिद्ध–साधकों की आत्माओं का ही चैतन्य थे। यह दृष्टि प्रकृति और मनुष्य के बीच की अभेद दृष्टि है। हमने कभी भी प्रकृति को जड़ नहीं माना है। वह चैतन्य के स्पंदनों का अनुभव भी करती है और चैतन्य को प्रभावित करने की सामर्थ्य भी रखती है। सूरदास ने कृष्ण की लीला में प्रकृति का समावेश इसी रूप में किया है।

मनुष्य की भावना भूमि को प्रभावित करने की सामर्थ्य प्रकृति के भीतर निहित है। जहां कृष्ण हैं– वहीं प्रकृति की प्रमुदित परिस्थितियां हैं, जहां कृष्ण नहीं हैं, वहां प्रकृति भी जैसे अपनी सहजता से वंचित हो गयी है– कृष्ण को केन्द्र मानकर प्रकृति की ऐसी स्थितियां सूरदास ने अपनी कविता में उद्घाटित की है। सूरदास ने अपने पद में प्रकृति की इस कृष्ण प्रियता को व्यक्त किया है– यह प्रकृति की कृष्ण परकता भी है– और ब्रज वासियों की मनःस्थितियों का प्रतिविम्बन भी इस चित्रण में है। गोपियां कृष्ण के वियोग में अपनी मनोदशा के रूप में प्रकृति को ही पाती हैं–

मानौ माई; सबन्ह इतैही भावत।
अब वहि देस नंदनंदन को कोउं न समौ जनावत।
धरत न वन नव पत्र, फूल फल पिक वसंत नहिं गावत।
मुदित न सर सरोज अलि गुंजन पवन पराग उड़ावत।
पावस विविध वरन वर वादर उठि नहिं अंबर छावत।
चातक मोर चकोर सौर करै, दामिनि रूप दुरावत।।

प्रकृति के माध्यमसे अपनी अंतर्दशा को गोपियां व्यक्त करती हैं– मानो प्रकृति का आलंवन लेकर वे अपनी ही अनुभूतियों का आरोपण उसके भीतर कर देती हैं। अपनी अंतर्दशा को ऋतु सुलभ व्यापारों के बीच बिम्ब–प्रति–विम्ब रूप में देखना भाव–मग्न अंतःकरण की एक विशेषता है। इसके वर्णन में प्रस्तुत अप्रस्तुत का भेद सा मिट जाता है। ऐसे वर्णन पावस प्रसंग के सूर ने बहुत अच्छे किए हैं। बादल जो कभी प्रसन्नता और उत्सव

के प्रतीक होते हैं। वे ही विरही मन में अपने भीषण रूप से विषाद और भय उत्पन्न करने लगते हैं। बादल घिर आए हैं। चारों दिशाओं को दबाते हुए वे ऐसे लगते हैं जैसे मदमत्त काम के हाथियों ने बलपूर्वक अपने बंधन तोड़ लिए हैं। उनके काले–काले शरीर से गंड–मद चू रहा है वे थोड़े–थोड़े बरस रहे हैं। वे इतने स्वच्छंद हैं कि वायु के महावत के रोके भी नहीं रुक रहे हैं। उन्हें कितना भी अंकुश लगाया जाए वे महावत के मनोनुकूल नहीं मुड़ रहे हैं। यहां अप्रस्तुत को प्रस्तुत के माध्यम से चित्रित करके प्रकृति से मानवीय अनुभूतियों के रूप में कार्य कराया गया है। बादलों को उन्मत्त हाथी का रूप देकर जो रूप–विधान किया गया है। वह प्रकृति के आलंवन पक्ष को अभिव्यक्त करता है। बादलों को अपनी भावनाओं के अनुकूल पाने के प्रसंग भी सूरदास के काव्य में उपलब्ध होते हैं। बादल अपने आश्रितों के दुःख से द्रवीभूत होकर उनके लिए अपनी कृपा और दया दृष्टि प्रदान करने लगते हैं। ठीक उसी तरह से जैसे घनानंद के काव्य में उनका प्रेमी बादलों से निवेदन करता हुआ कहता है कि तुम्हारा तो नाम ही पर्जन्य है, तुम अपने नाम के अनुकूल ही कार्य भी करते। कभी मेरे आंसू मेरे प्रिय के आँगन तक ले जाओ– और उन्हें वहां वरसा दो। सूर ने बादल को प्रिय का ही संगी–साथी मानकर उद्‌भावना की है–

वरु ये बदराऊ बरसन आए।
अपनी अवधि जानि–नंद नंदन! गरजि गगन घन छाये।
कहियत है सुरलोक बसत, सखि! सेवक सदा पराये।।
चातक कुल की पीर जानि कै तेऊ तहां तें धाए।
तृन किए हरित हरिष बेली मिलि दादुर मृतक जिवाए।।

इसमें बादलों का आगमन जीवनदान देने वाला है। उन्होंने सूखते हुए तिनकों को हराभरा कर दिया है लता–वितानों को प्रफुल्लित करने में उनकी भूमिका है। दादुर फिर मेघों की गर्जना सुनकर जीवित हो गए हैं। इतना ही नहीं प्रकृति के भीतर मानवीय चेतना का आरोपण करके उसे मनुष्य जैसा व्यवहार करते भी पाया गया है। जब इस तरह से कवि, प्रकृति का सर्जन करता है तो इसे प्रकृति का मानवीकरण कहा जाता है। यह मानवीकरण केवल रूप का ही नहीं होता, यह मानवीकरण आंतरिक भाव जगत का भी प्रत्यक्षीकरण कराता है। सूरदास ने अपने पदों में अनेक स्थानों पर मानवीकरण के इस स्वरूप का सहारा लिया है। उन्होंने बादलों को कृष्ण के रूप में पाया है, वे कहते हैं–

आजु घन स्याम की अनुहारि!
उनै आये सांवरे ते सजनी! देखि रूप की आरि।
इंद्रधनुष मनो नवल बसन छवि दामिनि दसन विचारि।
जनु वग पांति माल–मोतिन की चितवत हितहिं निहारि।।

बादलों में कृष्ण के दर्शन करते सूरदास ने बादलों के स्वरूप में कृष्ण की रूप राशि का प्रस्तुतीकरण तो किया ही है, चितवत हितहिं निहारि में वे उनकी हितकाम्या दृष्टि का भी संकेत इसमें कर देते हैं। प्रकृति का वर्णन परक दृश्यांकन भी सूरदास के काव्य में विस्तार पाता है। मूलतः सूर की कविता प्रकृति के विस्तृत प्रांगण में ही अपनी लीलाभूमि रचती है, इसलिए प्रकृति का निरपेक्ष भाव से वर्णन प्रकृति के सहज स्वरूप का ही अंकन है। 'मैया री! मेंहि दाऊ टेरत! मौकों वनफल तेरि देत है, आपुन गैयन घेरत।' यमुना के कूल कछारों, ब्रज के करीलकुंजों, वृंदावन के वनों की श्री शोभा का खुला और आकर्षक वर्णन सूरदास के काव्य में प्रकृति की सहज उपस्थिति का अनुभव प्रदान करता है। जब प्रकृति के उपादान मानवीय अनुभूतियों के साथ होते हैं– तब प्रकृति विपरीत आचरण भी करने लगती है। जो कुंजे कभी गोपियों को पुलकित–हर्षित और अनुरंजित करती थीं– वे कृष्ण के न रहने पर दुःख देने लगी हैं– और स्वयं दुखी भी हैं– बिनु गोपाल बैरिन भइ कुंजे! तब ये लता लगत अति सीतल अब भई विरह ज्वाल की पुंजें। प्रकृति का यह विपरीत आभास इसलिए है कि प्रकृति मानवीय संवेदना के अनुरूप अपने को प्रकट करने लगती है। प्रकृति का उद्दीपनकारी स्वरूप सूर के काव्य में अनेक तरह की उत्तेजनाओं से परिपूर्ण है। कोयल का कूकना और चातक का पिऊ पिऊ बोलना गोपियों की भावनाओं को उद्दीप्त करता है–

"बहुत दिन जीवौ पपिहा प्यारो!

बासरि रैनि नाँवलै बोलत भयो विरहजुर कारौ।।"

सूरदास ने प्रकृति को जिन अनेक विधानों में चित्रित किया है उनमें रूपक, उपमा, उत्प्रेक्षा जैसे अलंकारों के विधान में तो प्रकृति का वैभव ही विखरा पड़ा है। इन विधानों में प्रकृति का मौलिक उद्भावना पूर्ण विन्यास सूर की काव्य दृष्टि की महत्ता को ही व्यक्त करता है। हरिण, मछली, हंस, मयूर, बकपांति, बिजली का चमकना, फूलों का खिलना, कमल आदि के अनेक प्रयोग काव्य के प्रभाव को बढ़ाने के लिए सूर ने किए हैं। कहीं–कहीं तो सूरदास ने प्रकृति को अभिनव क्रियाशीलता प्रदान करते हुए उसके माध्यम से एकदम मौलिक उद्भावनाएं की हैं। उपमा के क्षेत्र में प्रकृति के विभिन्न उपादानों की सार्थकता को निरस्त करते हुए कवि ने काव्य–सौन्दर्य को ऊँचाइयां प्रदान की हैं–

"उपमा एक न नैन कही!

कविजन कहत कहत चलि आये सुधि करि करि काहू न कही!

कहे चकोर, मुख विधु बिनु जीवन, भँवरन तैंह उड़ि जात।

हरिमुख कमल–कोस विछुरै तें, ठालै क्यों ठहरात।

खंजन मनरंजन जन जौ पे, कबहुं नाहिं सतराज।

पंख पसारि न उड़त भंद है समर–समीप विकात।।

...य बधन ब्याध ह्वै ऊधौ, जौ मृग क्यों न पलाय।
देखत भागि बसै घन बन में जंह कोउ संग न धाय।
ब्रज लोचन बिनुलोचन कैसे, प्रति छिन अति दुख बाढ़त।
सूरदास मीनता कछु इक, जल भर संग न छाँड़त।।

सूरदास ने प्रकृति के संवेदनात्मक आचरण को अपनी कविता में अनुभूति के स्तर पर स्थान प्रदान किया है, तो प्रकृति के रूप और उसकी चेष्टाओं को आलंकारिक परिवेश में चित्रित करके अपने काव्य सा... को अद्भुत चमत्कारी बनाया है। सूर के पास प्रकृति की बदलती छवियों को देखने की अंतर्दृष्टि उनकी काव्य–चेतना को न केवल सुग्राह्य बनाती है बल्कि वह आनंदोपलब्धि का कारण भी पाठकीय संदर्भ में बनती है।

**बोध बिन्दु–**

- प्रकृति और मनुष्य की परिपूरकता में ही सृष्टि की संपूर्णता है।
- प्रकृति को जिस सहृदयता से सूर ने अपने अंतःचक्षुओं के माध्यम से देखा है– उसमें उनकी उदारता का भाव प्रकट होता है।
- मनुष्य की भावना–भूमि को प्रभावित करने की सामर्थ्य प्रकृति के भीतर निहित रहती है।
- अपनी अंतर्दशा को ऋतु सुलभ व्यापारों के बीच विम्ब–प्रति–विम्ब में देखना भाव मग्न अंतःकरण की विशेषता है।

## 3.6 इकाई सारांश

सूर के काव्य में अनुभूति पक्ष के इस विवेचन से स्पष्ट है कि सूरदास का अनुभूति पक्ष अत्यंत प्रबल था। संभवतः इसी विशेषता के आधार पर सूर सूर तुलसी ससि उडुगन केसवदास जैसी उक्तियां प्रचलन में आयी थीं। वात्सल्य वर्णन में सूर अद्वितीय हैं– उन्होंने बाल मनोविज्ञान और माता–पिता के अपत्य भाव को सूक्ष्मता से चित्रित किया है– बालक की क्रीडापरक चित्रवृत्तियां उसके मनोविनोद आदि का सूक्ष्म चित्रण वाल्यवर्णन के अंतर्गत आता है। श्रृंगार के क्षेत्र में संयोग के अंतर्गत प्रेम का उदय उसका विकास निरूपित किया गया है। प्रिय, प्रेमी के हावभाव उनकी चेष्टाओं का सूक्ष्म चित्रण सूरदास के काव्य में प्राप्त होता है। विप्रलंभ श्रृंगार के अंतर्गत अनुभूतियों की द्रवणशीलता, मनोदशा के बदलते संदर्भ इस वर्णन के अंतर्गत हैं। प्रकृति चित्रण में सूरदास ने मनुष्य की भावनाओं को प्रकृति से तादात्म्य करके प्रस्तुत किया है।

## 3.7 अपनी प्रगति जाँचिए

1. अनुभुति के विस्तार से क्या तात्पर्य है?

2. सूर के वात्सल्य वर्णन में बाल मनोविज्ञान को किस तरह प्रस्तुत किया गया है?
3. कृष्ण अपनी माँ से क्या शिकायत करते हैं?
4. सूरदास के वात्सल्य भाव के प्रमुख बिन्दु कौन–कौन से हैं?
5. सूरदास के वात्सल्य वर्णन की तुलना आप हिन्दी के किस कवि से करना चाहेंगे और क्यों?
6. संयोग शृंगार के वर्णन में सूरदास उतने सफल नहीं हैं, जितने वियोग शृंगार के वर्णन में। आप इस कथन से कहां तक सहमत हैं, सतर्क उत्तर दीजिए?
7. गोपियों की विरह–दशा का विवेचन कीजिए?
8. संयोग–शृंगार और वियोग शृंगार में प्रकृति के रूप किस तरह भिन्न आचरण करने लगते हैं? संकेत दीजिए।
9. सूरदास ने प्रकृति के खुले प्रांगण में कविता को प्रवेश कराया है? इस कथन को सोदाहरण स्पष्ट करें।
10. सूर ने अपने अंतःचक्षुओं से प्रकृति की व्यापकता को देखा है, इस कथन को विवेचित करें?

## 3.8 नियत कार्य

1. वात्सल्य भाव वाले सूर के पदों को इकत्रित करें, उनकी व्याख्या भी लिखें।
2. शृंगार वर्णन में सूरदास ने राधा और कृष्ण के मिलन के जो दृश्य प्रस्तुत किए हैं उन्हें अपने शब्दों में लिखें?
3. सूर के प्रकृति वर्णन परक प्रसंगों से प्रभावित होकर आप वर्षा और ग्रीष्म काल का चित्रण अपनी भाषा में करें।

## 3.9 चर्चा तथ्य स्प टीकरण के बिन्दु

**चर्चा के बिन्दु**

..............................................................................................................

..............................................................................................................

..............................................................................................................

..............................................................................................................

..............................................................................................................

..............................................................................................................

..............................................................................................................

**स्पष्टीकरण के बिन्दु**

.............................................................................................................

.............................................................................................................

.............................................................................................................

.............................................................................................................

.............................................................................................................

.............................................................................................................

.............................................................................................................

## 3.10 संदर्भ ग्रंथ


1. सूरदास–रामरतन भटनागर।
2. सूर और उनका साहित्य–डॉ. हरवंश लाल शर्मा
3. हिन्दी काव्य की भक्ति कालीन साधना–सत्य देव चतुर्वेदी
4. सूर साहित्य–डॉ. हजारी प्रसाद द्विवेदी
5. भारतीय साधना और सूर साहित्य–डॉ. मुंशीराम शर्मा
6. सूरदास–डॉ. ब्रजेश्वर वर्मा
7. हिन्दी साहित्य का इतिहास–सं.डॉ. नगेन्द्र
8. सूरदास – पंडित रामचन्द्र शुक्ल
9. महाकवि सूरदास–पंडित नन्द दुलारे वाजपेयी
10. सूरदास–डॉ. हरवंश लाल शर्मा

# इकाई—दो

# सूर के काव्य में विचार—तत्व

**इकाई की रूप रेखा**


2.1 उद्देश्य

2.2 प्रस्तावना

2.3 सूर के काव्य में प्रेम विवेचन

2.4 सूर के काव्य में भक्ति की श्रेष्ठता

2.5 सूर के काव्य में लोक—संस्कृति

2.6 इकाई सारांश

2.7 अपनी प्रगति जाँचिए

2.8 नियत कार्य

2.9 चर्चा तथा स्पष्टीकरण के बिन्दु

2.10 संदर्भ ग्रन्थ


## 2.1 उद्देश्य

मनवीय जीवन में विचार का अपना महत्व है, विचार का प्रमुख केन्द्र है-- मस्तिष्क, विचार में बुद्धि ही सर्वोपरि है। एक तरह से बुद्धि ही विचार के केन्द्र में रहती है। बौद्धिक चिंतन की प्रणालियां और उन प्रणालियों के निष्कर्ष विचार की भूमिका निर्मित करते हैं। मानव—जीवन में विचार जहां व्यवहारिक जीवन की दिशा तय करते हैं, वहीं वे मानव—जीवन की गहन दार्शनिक चिन्ताओं के विवेचक भी होते हैं। मानव द्वारा अर्जित समस्त ज्ञान—विज्ञान के मूल में विचार ही विद्यमान है। साहित्यिक चिंतकों ने विचार को ज्ञानात्मक संवेदना कहा है। जीवन के आध्यात्मिक और भौतिक चिंतन में विचार ही विद्यमान रहता है। साहित्य में विचार का अपना स्थान और महत्व है। विचार साहित्य के सामाजिक सांस्कृतिक और आध्यात्मिक पक्षों के विवेचन में सक्रिय रहता है, वह साहित्य के उस लक्ष्य की पूर्ति करता है जो सामाजिक जीवन के आचरण और व्यवस्था को दिशा प्रदान करता है। कविता में विचार का यद्यपि वह स्थान नहीं है जो भाव का रहता है, किन्तु कविता की रचना बिना विचार के संभव नहीं है। विचार प्रेरित कविता में सामाजिक संदेश तो निहित होते ही हैं, उसमें व्यक्ति चेतना के दार्शनिक पहलू भी विद्यमान होते हैं। कविता में विचार, भाव में घुल मिलकर ही आते हैं। इसलिए उनका प्रभाव सीधे—सीधे न होकर कविता के सौंदर्य—बोध की संपृक्ति के भीतर से ही उदित होता है। मध्यकालीन हिन्दी कविता के भक्ति केन्द्रित साहित्य में विचार तत्व विभिन्न दार्शनिक प्रवृत्तियों के निदर्शन में स्पष्ट होता है। सामाजिक चेतना के निर्माण में भी इस युग के साहित्य में निहित विचारों की वड़ी भूमिका रही है।

सूरदास के काव्य में विचारों का प्राधान्य तो नहीं है किन्तु उसमें विचार चेतना का अभाव भी नहीं है। विशेष रूप से भ्रमरगीत पदावली में तो विचार तत्व पर्याप्त मात्रा में है। इसके अंतर्गत निर्गुण, सगुण विवेचन, ज्ञान और भक्ति की शक्तियों का दिग्दर्शन तथा व्यक्ति जीवन की अनेक दार्शनिक चिन्ताओं का प्रकटीकरण हुआ है। सूरदास ने जिन पात्रों का आश्रय अपने विचार को प्रत्यक्ष करने के लिए लिया है उसमें उद्धव पक्ष में है और गोपियां विपक्ष में हैं। इन दोनों के तर्कों से समाविष्ट उत्तरों प्रति उत्तरों और प्रश्नों को भ्रमर गीत में स्थान मिला है। सूर की सामाजिक और सांस्कृतिक दृष्टि भी बहुत प्रखर थी। वे लोक संस्कृति के सुधी जानकार तो थे ही उन्होंने अपने काव्य में लोक संस्कृति के अनेक आशयों को प्रकट किया है।

## 2.2 प्रस्तावना

सूरदास का काव्य, भक्ति क्षेत्र की सगुण शाखा के अंतर्गत कृष्ण मार्गी काव्यधारा की पहचान कराता है। इस धारा विशेष में भी कृष्ण भक्ति के लिए वल्लभाचार्य द्वारा प्रवर्तित पुष्टिमार्ग को ही सूरदास ने अपनाया है। पुष्टिमार्ग में ईश्वर की विशेष कृपा का महत्व है– इसलिए ईश्वर की कृपा प्राप्ति हेतु भक्त के हृदय में ईश्वरीय प्रेम का उदय होना जरूरी है। इस रूप में भक्ति में प्रेम अंतर्भूत है यह प्रेम किसी भी रूप में हो– अपत्य के रूप में दाम्पत्य के रूप में या फिर स्वामी सेवक के रूप में। सूरदास ने भक्ति और प्रेम के विवेचन के लिए भी अपनी कविता में अवसर सुलभ कराए हैं– उनकी भक्ति पद्धति को यद्यपि सख्य–भाव के अंतर्गत माना गया है, किन्तु वे भक्ति का विचार अनेक तरह से अनेक रूपों में करते हैं। राधा और गोपियां तो उनके लिए भक्ति विग्रहा ही हैं। इनके भीतर निहित प्रेम को वे ही आंतरिक शक्ति मानते हैं। उन्होंने उद्धव और गोपी संवाद में भक्ति की श्रेष्ठता को स्वीकार किया है। आचार्य विश्वनाथ प्रसाद मिश्र ने इस संवाद की वैचारिक पीठिका का उद्घाटन करते हुए लिखा है– "ज्ञान की कोरी वचनावली और योग की थोथी साधनावली का यदि साधारण लोगों में विशेष प्रचार हो तो अव्यवस्था फैलने लगती है। निर्गुण पंथ ईश्वर की सर्वव्यापकता, भेदभाव की शून्यता, सब मतों की एकता, आदि लेकर बढ़ा जिस पर चलकर अपढ़ जनता ज्ञान की अनगढ़ बातों और योग के टेढ़े–मेढ़े अभ्यासों को ही सब कुछ मान बैठी तथा दंभ अहंकार आदि प्रवृत्तियों से उलझने लगी। ज्ञान का ककहरा भी न जानने वाले उसके पारंगत पंडितों से मुंह जोरी करने लगे।... सूर ने इसका प्रतिवाद प्रत्यक्ष नहीं, अप्रत्यक्ष रूप से किया। भक्ति की श्रेष्ठता के लिए सूर की गोपियों ने जो अकाट्य तर्क प्रस्तुत किए वे सूरकाव्य की वैचारिक उपलब्धि है। सूरदास ने लोक संस्कृति का अपनी कविता में विस्तार से विवेचन किया है– एक तरह से सूर काव्य लोक संस्कृति की पृष्ठ भूमि पर ही रचित है। लोक जीवन के अनेक आषंग उनके काव्य में प्राप्त होते हैं– विशेष रूप से चारागाही और कृषि संस्कृति के अनेक आशय उनकी कविता में अंतर्निहित हैं। लोक संस्कृति का यह पक्ष तत्कालीन सामाजिक दृष्टियों का भी उन्मीलन करता है।

## 2.3 सूरदास के काव्य में प्रेम विवेचन

कहा गया है कि ज्ञान जब पिघलता है तब वह प्रेम का प्रवाह बनकर उमड़ता है। इस कथन में न तो प्रेम को ज्ञान का विरोधी माना गया है, न ही ज्ञान का निरादर किया गया है। संसार में रहने के लिए रागवृत्ति और बोधवृत्ति का समाहार ही समीचीन है। प्रेम संवेदना के प्रसार में विगलित होकर संबंधों की दृढ़ता को अपने तरल लेप से और मजबूत करता है। संबंधों के बीच प्रेम की यह भूमिका त्याग के माध्यम से रची जाती है। त्याग जब स्वार्थगत अहम् को पूरी तरह से विचूर्ण कर देता है तब दूसरे

की स्वीकृति का स्वभाव जागता है। कबीर ने इसीलिए कहा था कि प्रेम करना सरल नहीं है– अपना सिर देकर ही प्रेम के द्वार में प्रवेश किया जा सकता है। यह सिर देना ही स्वार्थगत अहम का समापन है

**"यह तो घर है प्रेम का खाला का घर नाँहि। सीस उतारे मुँई धरे सो पैठे घर माहि।"**

काव्य के अंतर्गत प्रेम के महत्व को भक्तिकाल में सर्वाधिक महत्व प्रदान किया गया। एक तरफ सूफी काव्य परंपरा में निहित प्रेम धारणा थी, तो दूसरी तरफ भक्ति के मूल में निहित प्रेम की भावना थी। इन दोनों प्रेम धारणाओं ने भक्ति की भावधारा में व्याप्त प्रेम दशा को पुष्ठ किया। प्रेम का यह स्वरूप ब्रह्म और जीव की एकता का प्रतिपादन करने वाला बन जाता है। भक्ति के क्षेत्र में जो विभिन्न संप्रदायां का आविर्भाव हुआ उनमें यदि कही सर्वनिष्ठ एक भाव परिलक्षित होता है– तो वह प्रेम तत्व ही प्रधान भाव है। राधावल्लभ संप्रदाय का मूलाधार राधाप्रेम ही आस्वादित होकर रस कहलाता है। प्रिया प्रियतम में नित्यभाव से विद्यमान यह प्रेम ही रस रूप होकर प्रस्फुटित होता है। डॉ. विजयेन्द्र स्नातक के अनुसार प्रेम की प्रभुता और गरिमा स्थापित करने के बाद इसे विलक्षण रूप देने के लिए शाश्वत तत्व माना गया और संसार में प्रतीत होने वाले संयोग–वियोग से सर्वथा रहित कहा गया। तात्विक दृष्टि से इस संप्रदाय में प्रेम नित्य मिलन के साथ अभिन्न संबंध रखने वाला एक स्थायी भाव है, जो किसी भी रूप में आनंद रहित होकर क्षणभर नहीं ठहरता।" गौड़ीय संप्रदाय भी विरह भावना का महत्व स्वीकार करता है, निम्बार्क संप्रदाय भी भाव का समर्थक है अतः वहाँ मिलन ही में रस–सृष्टि संभव है। वल्लभ संप्रदाय में गोपियों के विरह की स्थिति को प्रेम की उत्कर्ष स्थिति कहा गया है। सूरदास ने 'उध गै विरहों प्रेम करें।' कहकर विरह दशा को प्रेम की परिपक्व दशा बताई है। तात्पर्य यह है कि सम्पूर्ण भक्तिकाल प्रेम केन्द्रित भाव–भूमिका पर ही प्रसरित है।

भक्ति का मूलाधार ही प्रेम है। सूरदास वल्लभ संप्रदाय में दीक्षित थे। वल्लभ संप्रदाय में अष्टछाप के कवियों में सूरदास का नाम सर्वोपरि है, इसलिए उन्हें इस संप्रदाय का जहाज कहा गया है। वल्लभ संप्रदाय में पुष्ठि मार्ग का महत्व है। पुष्ठि का तात्पर्य है जीव पर भगवान की विशेष कृपा! पुष्ठिमार्गीय भक्ति एकांतिक भक्ति है। श्रवण, कीर्तन आदि नवधा भक्ति की अंतिम स्थिति आत्म समर्पण से उसका आरंभ होता है। सत्संग श्रवण, गुण कथन आदि तथा गुरु के सदुपदेश से आत्म समर्पण का भाव दृढ़ होता जाता है। सूरदास का काव्य पुष्ठिमार्गी भक्ति का प्रतिनिधि काव्य है। डॉ. ब्रजेश्वर शर्मा के शब्दों में यह भी कहना असंगत न होगा कि इन कवियों के द्वारा, विशेष रूप से सूरदास की प्रचुर और भाव विविधतापूर्ण रचनात्मकता द्वारा पुष्ठिमार्गीय भक्ति भावना में इतना अधिक विस्तार हो गया कि हम कह सकते हैं कि वह पुष्टिमार्गीय कृष्ण–भक्ति काव्य की सम्पूर्ण विशेषताओं का न केवल प्रतिनिधित्व करता है, बल्कि ऐसा कोई भाव नहीं है, जिसके उत्कृष्ट और परिमाण में सबसे अधिक उदाहरण पुष्ठिमार्गीय कवियों में न मिले यह बात अकेले सूरदास के आधार पर चुनौती के साथ कही जा सकती है। कृष्ण का लौकिक धरातल पर चित्रण करते हुए सूरदास ने उसे मुख्यतया तीन दिशाओं में प्रकट किया है। एक ओर यशोदा–नंद तथा ब्रज के अन्य वयस्क नर–नारी कृष्ण के प्रति अनुकंपा रति प्रकट करते हुए उसमें लीन दिखाए गए हैं, दूसरी ओर कृष्ण के गोप–सखा उनके प्रति प्रेम–रति अर्थात् मित्रता का भाव प्रकट करते हुए उसमें निमग्न हैं और तीसरी ओर ब्रज कुमारी, किशोरी और नवोढ़ा गोपियाँ अपने मन के मधुर भावों की मूर्ति कृष्ण में देखकर उन पर समर्पित हैं। पुष्टिमार्ग में भगवान की सेवा का जो चरम आदर्श मानसी सेवा के रूप में कल्पित किया गया है, वही इन तीन प्रकार के भावों

के माध्यम से प्रदर्शित करने का यत्न सूरदास करते दिखाई देते हैं। कृष्ण के प्रति प्रेम के वात्सल्य सख्य माधुर्य इन तीन भावों का चित्रण सूरदास ने भक्ति की गहरी अनुभूति के साथ किया है। वल्लभाचार्य द्वारा प्रतिपादित पुष्टिमार्ग की सूरदास ने न तो सैद्धांतिक व्याख्या की है और न, ही उसके दार्शनिक पक्ष की गहराईयों का उद्घाटन किया है, उन्होंने इसके व्यावहारिक विवरण पक्ष पर ही अधिक ध्यान दिया है।

सूरदास का सम्पूर्ण काव्य प्रेम की भूमिका पर ही अवस्थित है। प्रेम में जो रति भाव निहित है, वह भक्ति वात्सल्य और श्रंगार के मूल में सक्रिय माना जाता है। रति भाव ही इन तीनों भगवान और भक्त शिशु और माता–पिता तथा प्रिय और प्रिया के बीच विभिन्न तरह के भाव की सृष्टि करता है। सूर की भक्ति को सख्य भक्ति कहा जाता है। भगवान से उनके संबंध सखावत् हैं। मित्रता में रति की ही प्रधानता है। भक्त और भगवान का तादात्म्य ही भक्ति क्षेत्र में व्याप्त प्रेम की पराकाष्ठा है। रामचन्द्र शुक्ल ने इस तथ्य की ओर संकेत करते हुए लिखा है, "सूरदास जी वल्लभाचार्य के शिष्य थे, जिन्होंने भक्ति मार्ग में भगवान का प्रेममय स्वरूप प्रतिष्ठित करके उसके आकर्षणों द्वारा सायुज्य मुक्ति का मार्ग दिखाया था। भक्ति साधना के इस चरम लक्ष्य या फल (सायुज्य) की ओर सूर ने कहीं–कहीं संकेत भी किया है; जैसे –

**सीत उष्न सुख दुख नहिं मानै, हानि भए कछु सोच न राचै।**
**जाय समाय सूर वा निधि में, बहुरि न उलटि जगत में नाचै।।**

प्रेम भाव की चरम सीमा आश्रय और आलम्वन की एकता है। अतः भगवत भक्ति की साधना के लिए इसी प्रेम तत्व को वल्लभाचार्य ने सामने रखा और उनके अनुयायी कृष्ण भक्त कवि इसी को लेकर चले। सूरदास ज्ञान की बराबरी में प्रेम की प्रतिष्ठा को कायम करने वाले कवि हैं। सूरदास सच्चे प्रेम मार्ग के त्याग और पवित्रता को ज्ञान मार्ग के त्याग और पवित्रता के समकक्ष रखने में समर्थ हुए हैं। साथ ही उन्होंने उस त्याग को रागात्मिका वृत्ति द्वारा प्रेरित दिखाकर भक्ति मार्ग या प्रेम मार्ग की सुगमता भी प्रतिपादित की है।

सूरदास के कृष्ण आनंद के केन्द्र बिन्दु हैं। इसी आलौकिक आनंद भाव की लौकिक भाव उर्मियां उनके सूरसागर में हिल्लोलित हैं। यह आनंद जो जिस रूप में जो ज़िस अवस्था में और जो जिस कर्म में लिप्त है उसके अनुरूप कृष्ण अपने संबंध भाव से उसे प्रदान करते हैं। माता यशोदा और पिता नंद से पुत्र रूप में गोपियों से प्रिय रूप में ग्वालों से मित्र रूप में और इनके कर्म–क्षेत्र में इनके प्रीत्यर्थ वे अपना नियोजन भी उसी कर्म–भाव से भी करते हैं। वात्सल्य के अंतर्गत मात–पिता से ठन–गन, हठ, दुराव, चंचलता आदि के माध्यम से संबंध स्थापित करके उन्हें पुत्र–रति का निश्छल आनंद देते हैं। वे प्रेम का निर्झर ही जैसे अपने माता–पिता के हृदय में इस रूप में प्रवाहित कर देते हैं। वे वृद्ध गोपगणों के भीतर एक अक्षय–विश्वास उनकी रक्षा का स्थापित करते हैं। ब्रज पर आने वाली अनेक विपत्तियों का क्षय करके वे अपने ओज–तेज का ऐश्वर्य, सहज बाल–लीलाओं के माध्यम से प्रदर्शन करते हैं। यह प्रदर्शन ब्रजवासियों को निर्भीक भी बनाता है और कृष्ण के प्रति आस्थावान भी बनाता है। गोपियों के मनोनुरूप लीलाएँ करके वे उनका अनुरंजन करते हैं। उनका नवनीत चुराकर उनके वस्त्रों का आहरण करके, उनको बाँसुरी सुनाकर उनको रास में सम्मिलित करके उन्हें अपना–अपनत्व प्रदान करते हैं। यह सम्पूर्ण संबंध–भावना रति भाव पर ही आधारित है इसलिए कृष्ण का चरित्र प्रेम प्रसार का अपसारी केन्द्र बन जाता है। सूरदास के संदर्भ में इस भाव की चर्चा करते हुए आचार्य रामचन्द्र शुक्ल का अभिमत है,

प्रेम तत्व की पुष्टि में ही सूर की वाणी मुख्यतः प्रयुक्त जान पड़ती है। रति–भाव के तीनों प्रबल और प्रधान रूप–भगवद्विषयक रति, वात्सल्य और दाम्पत्य रति सूर ने लिए है। यद्यपि पिछले दोनों प्रकार के रति भाव भी कृष्णोन्मुख होने के कारण तत्वतः भगवत प्रेम में अंतर्भूत ही हैं, पर निरूपण भेद से और रचना विभाग की दृष्टि से वे अलग रखे गए हैं। इस दृष्टि से विभाग करने से विनय के जितने पद हैं वे भगवत्विषयक रति के अंतर्गत आवेगें, बाललीला के पद वात्सल्य के अंतर्गत और गोपियों के प्रेम–संबंधी पद दाम्पत्य रति भाव के अंतर्गत होंगे। हृदय से निकली हुई प्रेम की इन तीनों प्रवल ध ारणाओं से सूर ने बड़ा सागर भरकर तैयार किया है।

सूरदास के प्रेम निरूपण में त्याग, समर्पण, सेवा आसक्ति और आनंदानुभूति का सम्यक् समावेश है। ये गुण भक्ति के अंतर्गत अपनी सत्ता की उपस्थिति से भक्त और भगवान के बीच की दूरियों को दूर करने वाले हैं, भक्ति की व्युत्पत्ति भज (सेवायाम्) धातु से हुई है इसके मायने हैं कि अपने आराध्य की सेवाभाव से नजदीकी प्राप्त करना। सेवा के अंतर्गत त्याग और समर्पण के भाव अपने–आप आ जाते हैं। इन भावों के अभाव में सेवा जैसा कार्य संभव ही नहीं है। आसक्ति और आनंदानुभूति का संबंध सीधे–सीधे है जहाँ आसक्ति होगी वहीं आनंदानुभूति रहेगी। आराध्य का अंतरंग सान्निध्य उनकी प्रत्येक चेष्टा, उनका रूप, उनकी कार्यपद्धतियां आराधक को इसीलिए अच्छी लगती हैं कि आसक्ति भाव उनके प्रति है। सूरदास ने अपनी भक्ति के अंतर्गत अपने को न्यून मानकर आराध्य को परिपूर्ण माना है, उनके प्रारंभिक पदों में भक्ति की यही विनम्रता और दीनता परिलक्षित होती है। " मो सम कौन कुटिल खलकामी, जिन तन दियो ताहि बिसरायो ऐसो नमक हरामी।" जैसे कथनों में सूर का आत्म–धि क्कार एक तरह से अपने आराध्य के समक्ष अपनी सीमाओं को और अपनी न्यूनताओं को प्रकट करना ही है। दीनता का यह बोध और इसका दीनानाथ के सामने प्रकटीकरण यह दर्शाता है कि भक्त, भगवान के भीतर अपने प्रति राग–बोध जागृत करना चाहता है। जब सूरदास कहते हैं कि समदरसी है नाम तिहारो चाहे तो पार करो। आराध्य का समदर्शी होना आराधक के भीतर बहुत बड़ा भरोसा जागृत करने वाला है। भक्ति के क्षेत्र में भगवान का भरोसा एक निष्ठता का ही प्रतीक है। सूरदास जैसा भरोसा तुलसीदास को भी अपने आराध्य के प्रति है। तुलसीदास द्वारा रचित चातक चौंतीसी इसी दृढ़ भरोसे का बखान करती है। ऐसे भरोसे वान आराध्य के समक्ष निःसत्व होने में कोई लाज–शर्म नहीं है, इसलिए सूरदास अपने व्यक्तित्व की खोटों का बखान अपने आराध्य के समक्ष करने लगते हैं। कहा गया है कि सूरदास जब इसी तरह से आत्म–प्रवंचित होने के पदों का गायन गऊ घाट पर कर रहे थे– तब उनका मिलन वल्लभाचार्य से होता है। वल्लभाचार्य ने सूर की कविता में प्रदर्शित उनके स्वदैन्य को लक्षित करते हुए कहा था, 'सूर है के काहे को घिघियाता हो।' दरअसल यह घटना घटित हुई कि नहीं कुछ कहा नहीं जा सकता, किन्तु वल्लभाचार्य से मिलन के पूर्व की सूरदास की कविता को घिघियाना सिद्ध जरूर करती है। जबकि सूर का घिघियाना कहीं परिलक्षित नहीं होता है, भक्ति के क्षेत्र में अपने आपको अवगुणों की खान बताना अपने आप को हीन से हीनतर सिद्ध करना आराध्य की महत्ता की स्वीकृति का आधार है। तुलसी भी तो कहते हैं कि–तुमसो खरो कौन मोसो कौन खोटो।' सूरदास अपना दैन्य प्रकट करके आराध्य की वादान्यता का ही रेखांकन कर रहे थे। सूरदास ने ईश्वर से जो संबंध स्थापित किया वह कहीं–कहीं उनकी दास–दशा का भी अतिक्रमण करता है– वे अपने आराध्य कृष्ण को उपालंभ देने से भी नहीं चूकते हैं। यह भी भक्ति क्षेत्र का वह भाव हैं जिसमें भक्त स्वयं ही प्रभु से जिरह [illegible] है उनसे सखा भाव स्थापित करता है। शिकवों और शिकायतों का अवसर भी तो इसी तरह के [illegible] बनाकर सुलभ किया जा सकता है। सूर की भक्ति में कोरा सख्य भाव नहीं है– वह भक्ति

पद्धतियों की उन समस्त सरणियों का प्रवाह अपने काव्य में समेट लेते हैं, जो भक्ति काल के विस्तृत तटों से आस्फालित हो रहा था। लेकिन सूरदास ने अपने लिए जो केन्द्र चुना था वह सहज मानवीय अनुभूतियों के परिसर में ही अपने कृष्ण से संबंध स्थापित करने का लौकिक संदर्भ था। सूरदास का लौकिक ज्ञान और व्यवहार उनकी भक्ति पद्धति से यदा–कदा प्रकट हो जाता है। वे भक्ति की गूढ़ सैद्धांतिकता से अपने को विलग करने में इसी स्तर पर समर्थ हो पाते हैं।

वे अनुभूति की पारिवारिकता में अपत्य और दांपत्य भाव को भी अपनी लोक चेतना के विस्तार में ही खोजते हैं। ये दोनों भाव भी रति स्थायी भाव पर आधारित हैं, इसलिए इनमें निहित राग–वृत्ति प्रेम की अनेकमुखी दिशाओं को उद्घाटित करती है। अपत्य भाव के अंतर्गत कृष्ण की बाल–लीलाओं की प्रस्तुति बाल्य और पाल्य के प्रेम की अद्भुत अनुभूति जगाने वाली है। आचार्य शुक्ल ने सूर की बाललीला वर्णन विषयक अनुभूतियों की ओर संकेत किया है, कृष्ण जन्म की आनंद बधाई के उपरांत ही बाललीला का आरंभ हो जाता है। जितने विस्तृत और विशद रूप में बाल्य जीवन का चित्रण इन्होंने किया है, उतने विशद रूप में और किसी कवि ने नहीं किया। शैशव से लेकर कौमार अवस्था तक के क्रम से लगे हुए न जाने कितने चित्र मौजूद हैं। उनमें केवल बाहरी रूपों और चेष्टाओं का ही विस्तृत और सूक्ष्म वर्णन नहीं है; कवि ने बालकों की अंतः प्रकृति में भी पूरा प्रवेश किया है। कृष्ण का आँगन में लोटना उनका पैयाँ–पैयाँ चलना सीखना अरबराय कहि पानि गहावत डगमग धरै पैयाँ। उनका आरि करना और माँ यशोदा का उन्हें मनाना "पाहुनि करिकै तनक मह्यौ। आरि करै मन मोहन मेरो अंचल आनि गह्यों। व्याकुल मथत मथनियाँ रीती दधिम्वैं ढ़रकि रह्यो।" आदि पदों में शिशु का ठनगन, हठ, क्षोभ स्पर्द्धा आदि भावों को चित्रित किया है। बच्चे के यही भाव माता–पिता के हृदय में सात्विक आनंदानुभूति का उदय करते हैं। यह अपत्य प्रेम लौकिक स्तर पर प्रस्तुत करके सूरदास ने कृष्ण विषयक रागानुभूति को सहज बाल्य भाव में परिणत किया है।

दाम्पत्य भाव के अंतर्गत जो रति भाव स्थापित होता है वह श्रृंगार की पीठिका की निर्मिति करता है। इसमें आश्रय और आलम्बन के रूप में प्रिय–प्रिया की उपस्थिति होती है। कृष्ण का गोपियों के साथ प्रारंभिक हास–विलास इसी तरह की श्रृंगारिक चेष्टाओं का ही है। इन चेष्टाओं के माध्यम से ही कृष्ण और गोपियों के मध्य सहज प्रेम का विकास होता है। सूरदास ने इसे लरकाईं का प्रेम कहा है, वे मानते हैं कि लरकाईं को प्रेम कहौ अलि कैसे छूटे।' बचपन के प्रेम का रंग स्थायी रहता है। बाल–जीवन का यही प्रेम आगे यौवन–विलास बनकर सखी–सखा के रूप में व्यक्त होने लगता है। राधा और कृष्ण का प्रेम, प्रेम की अद्वितीय स्थिति को प्रकट करता है। प्रेम की दार्शनिक व्याख्या करने वाले भक्ति सिद्धांत के आचार्य तो यही मानते हैं कि राधा और कृष्ण प्रेम के महौदधि हैं– इस महौदधि की जो उच्छ्लित तरंगों द्वारा बूंदें छिटकती हैं, वे बूंदे ही लौकिक प्रेम की सृष्टि करती हैं, सूर के इस प्रेम में रूप चेष्टा शील आदि का समावेश हुआ है। कृष्ण और राधा की रूप–राशि, इनकी चेष्टाएँ और इनका शील प्रेम के धर्मों की पराकाष्टा प्रकट करता है। सूरदास का प्रेम–विवेचन यद्यपि प्रेम के शास्त्रीय और प्रेम के सैद्धांतिक विवेचन का परिणाम नहीं है किन्तु प्रेम के लौकिक स्वरूप को उन्होंने जो अलौकिकता प्रदान की है यह सूरदास की प्रेम विषयक वह व्यवहारिक दृष्टि है, जिसमें प्रेम का सहज बोध भी निहित है।

सूरदास ने प्रेम की पराकाष्ठा विरह में स्वीकार की है। " ऊधौ विरहै प्रेम करै।" विरह ही सच्चे प्रेम का प्रतीक है। माना भी गया है कि विरह के अंतर्गत ही प्रेम पकता है। वे प्रेम की पीर से भी परिचित

कवि हैं, इसलिए कवि ने स्वयं कहा है, 'जाहि लागै सोई पै जाने प्रेम बान अनियारो।' प्रेम का वाण अत्यंत नुकीला है, जिसे घायल करता है, उसकी वेदना वहीं जानता है। सूरदास के काव्य में प्रेमं की इस मार्मिक व्यंजना में कहीं–कहीं सूफियाना दृष्टि के दर्शन भी हो जाते हैं। सूर का सम्पूर्ण प्रेम विवेचन भक्ति की परिधि में स्थापित होते हुए भी प्रेम के लोक–व्यापीकारण की भी पहल करता है यही वजह है कि उनके राधा–कृष्ण का प्रेम रीतिकाल के कवियों तक आते–आते बहाना बन जाता है। सूर ने जहाँ सच्चे प्रेम का चिन्तन किया वहीं रीति काल के कवियों ने इसे राधा–गोविन्द सुमरन को बहानों है।' कहकर उसका शुद्ध लोक प्रभावी रूप ही प्रकट कर दिया ।

**बोध बिन्दु–**

– संसार में रागवृत्ति और बोध वृत्ति का समाहन होता है।

– भक्ति के मूल में प्रेम ही निहित है।

– सूरदास के प्रेम निरुपण में त्याग, समर्पण, आसक्ति और आनंदानुभूति का सम्यक् समावेश है।

– सूर प्रेम के लोकव्यापीकरण को महत्व प्रदान करते हैं।

## 2.4 सूर के काव्य में भक्ति की श्रेष्ठता

भक्ति शब्द 'भज्' सेवायाम् धातु से निष्पन्न है। भक्ति का अदृश्य प्रवाह ब्रज भूमि में उमड़ता रहा है। वैसे भक्ति का प्रारंभ दक्षिण भारत से हुआ और महाराष्ट्र से होती हुई यह ब्रज भूमि तक पहुंची। आलवार संतों के द्वारा पांचवी–छठवीं शताब्दी में भक्ति का आविर्भाव दक्षिण में हुआ। भगती द्राविड़ उपजी लाए रामानंद, जैसे कथनों से यह स्पष्ट होता है कि भक्ति स्रोत दक्षिण भारत से प्रकट हुआ और यह स्रोत मध्यकाल तक महाराष्ट्र और गुजरात से प्रवाहित होता हुआ ब्रज में विशाल सागर का रूप धारण कर लेता है। हिन्दी का पूरा मध्यकाल इसी भक्ति के महासागर में स्नात होकर अपनी पहचान बना पाया है। भक्ति की केन्द्रीयता के कारण इतिहासकारों ने इसे भक्ति काल के नाम से संबोधित किया है तो कोई अतिशयोक्ति नहीं है। भक्ति काल में जो सामाजिक आंदोलन साहित्य के माध्यम से आया उसमें संतों, भक्तों और कवियों का बड़ा योगदान था। ये सभी जन समाज के विभिन्न वर्गों से आए थे। वे भक्ति के माध्यम से सामाजिक समरसता का पाठ तो पढ़ा ही रहे थे– साथ ही ईश्वर प्राप्ति के लिए सच्चे प्रेम की ही प्रतिष्ठा कर रहे थे। अपने पूर्व वर्ती दार्शनिक सिद्धांतों ओर मत–मतांतरों के बीच भक्ति की अवतारण ईश्वर प्राप्ति की सहज साधना ही थी। ज्ञान, योग, तंत्र, मंत्र आदि प्रचलित मार्गों पर चलने से ईश्वर प्राप्ति का अस्वीकार नहीं है किन्तु ये मार्ग अत्यंत दुरुह और कठिन है, इसलिएं इनका विरोध भक्ति के माध्यम से इस रूप में किया गया कि भक्ति से मुक्ति और ईश्वर प्राप्ति जीवन के सभी क्रिया–व्यवहारों के बीच ही की जा सकती है। सूरदास जैसे भक्त कवियों ने ज्ञान से भक्ति को महत्वपूर्ण माना। ज्ञान के अंतर्गत तत्व–चिंतन और गहन रहस्यात्मकता है– भक्ति में ऐसा जटिल और कठिन विधान नहीं है। भक्ति के अंतर्गत ही सूरदास ने निर्गुण ब्रह्म उपासना से अधिक सगुण उपासना को महत्वपूर्ण माना है। निर्गुण ब्रह्म को वे कहते हैं कि सबविधि अगम विचारे या ते सूर सगुन लीला पद गावै। निर्गुण ब्रह्म पूर्ण रूप से अगम है इसलिए ये सूरदास सगुण ब्रह्म की लीला का बखान कर रहे हैं। इस तरह सूरदास ने सगुण लीला के पदों की रचना की है– इस सगुण ब्रह्म के रूप में उन्होंने कृष्ण के अवतार को अपना आराध्य बनाया और कृष्ण लीला के विविध पक्षों का गायन किया। इस लीला पक्ष में 'सूरसागर' के अंतर्गत 'भ्रमरगीत' शीर्षक से पदों का संकलन है। ये भ्रमरगीत

सूर के वे पद हैं– जिनमें उन्होंने ज्ञान की अपेक्षा भक्ति की स्थापना पर बल दिया है, तथा निर्गुण की अपेक्षा सगुण की भक्ति पर जोर दिया है।

कृष्ण मथुरा चले जाते हैं वहां गोकुल के अपने सखा–सहचरों गोपियों, माता–पिता और राध ा को नहीं भुला पाते हैं। मथुरा में राज काज करते हुए भी वे इन सबका स्मरण करते रहते हैं। उद्धव कृष्ण के परम मित्रों में से थे। उद्धव ज्ञानी के रूप में प्रतिष्ठित हैं। इसलिए वे ज्ञान पक्ष के प्रबल पैरोकार थे। वे कृष्ण की ब्रज पक्षधरता को अनुभव करके यह अनुमान लगाना चाहते हैं कि ब्रज के लोगों में ऐसा क्या है? जिसके कारण कृष्ण बार–बार उन्हें स्मरण करते हैं। वे गोकुल वासियों को गंवार ही मानते हैं। कृष्ण, विरह व्यथित ब्रजवासियों के लिए अपना संदेश उद्धव के माध्यम से भिजवाते है। उद्धव को ही संदेशवाहक बनाकर क्यों भेजा? इस प्रश्न के उत्तर में आचार्य शुक्ल लिखते हैं, कारण यह था कि उद्धव को अपने ज्ञान का बड़ा गर्व था, प्रेम या भक्ति मार्ग की वे उपेक्षा करते थे, कृष्ण का उन्हें गोपियों के पास भेजने में यह अभिप्राय था कि वे उनकी प्रीति की गूढ़ता और तन्मयता को देखकर शिक्षा ग्रहण करें और सगुण भक्ति मार्ग की सरलता और सुगमता के सामने उनका ज्ञान गर्व दूर हो। स्पष्ट है कि कृष्ण ब्रजवासियों तक अपना संदेश भेजना तो चाहते ही हैं– किन्तु वे उद्धव जैसे अपने परम सखा को ज्ञान के भार से भी निर्भार करना चाहते हैं। उन्हें प्रेम और भक्ति की महिमा दिखाना चाहते हैं। यहां पर उद्धव ज्ञान के प्रतीक बन जाते हैं और गोपियां भक्ति की। प्रकारांतर से यह ज्ञान की अपेक्षा भक्ति की निष्ठा की प्रतिष्ठा का प्रसंग है।

सूरदास ने इस प्रसंग को इसी रूप में चित्रित किया है। वे प्रसंग की अर्थवत्ता का उद्घाटन करते हुए कहते हैं कि कृष्ण ने उद्धव की रीति को पहचान लिया था। उनके ज्ञान गर्व को वे समाप्त करना चाहते थे, और भक्ति तथा प्रेम के मर्म से उनको परिचित कराना चाहते थे। कृष्ण यह भी सोचते हैं कि उद्धव मुझे एक साधारण जन ही समझते हैं, इसलिए भी इनका भ्रम दूर करना आवश्यक है। उद्धव बार–बार अद्धैतवाद का राग अलाप रहे थे। उनका रस रहित उपदेश लोक के व्यवहारिक पक्ष में नहीं चल सकता है। प्रेम और भक्ति लोक–व्यवहार के भीतर ही ईश्वर की अनुभूति कराने वाले हैं। सूरदास ने उद्धव प्रेषण के मूल में जिस भावना का विस्तार किया है वह इस पद के माध्यम से स्पष्ट होती है–

"जदुपति जानि उद्धव रीति!  
जेहि प्रगट निज सखा कहियत करत भाव अनीति।  
विरह–दुख जेंह नांहिं जामत, नांहिं उपजति प्रेम;  
रेख रूप न बरन जाके, यह धरयो वह नेम।  
त्रिगुन तन करि लखत हमकों, ब्रह्म मानत और।  
बिना गुन क्यों पुहुमि उथरै यह करत मन डौर।  
विरह–रस के मंत्र कहिये क्यों चलै संसार  
कछु कहत यह एक प्रगटत, अति भयो हंकार!  
प्रेम भजनु न नेकु याके, जाय क्यों समझाय!  
सूर प्रभु यह मतहिं आनी ब्रजहिं देहु पठाय।"

उद्धव को ब्रज भेजने का सुविचारित उद्देश्य सूरदास ने प्रकट किया है। इस प्रसंग में मुख्यतः प्रेम की महिमा का वर्णन भाव की उच्चता का दिग्दर्शन, निर्गुण की बजाय सगुण की सुग्राहयता का

निदर्शन, के साथ उद्धव के ज्ञान–गर्व को खंडित करना इस यात्रा के महत् उद्देश्य हैं। ज्ञान के गर्व से लदे फदे उद्धव को कोरे उपदेश के माध्यम से नहीं समझाया जा सकता था, इसलिए उन्हें भक्ति स्वरूप गोपियों और राधा की भाव भक्ति की प्रत्यक्षता हेतु कृष्ण ने भेज दिया।

उद्धव ब्रज भूमि में प्रवेश करते हैं। ब्रजवासी उन्हें घेर लेते हैं। कृष्ण की कुशलक्षेम और उनके संदेशों से परिचित होने के लिए उत्सुक से ब्रज वासियों से उद्धव का वार्तालाप प्रारंभ होता है। वे नंद बाबा ओर यशोदा को कृष्ण का संदेश देते हैं। फिर गोपियों की ओर उन्मुख होते हैं। ज्ञान से गर्वित उद्धव ने जैसे ठान लिया था कि वे गोपियों का मन बदल देंगे। उन्हें कृष्ण प्रेम से विलग करके अपने ज्ञान के उपदेश के द्वारा निर्गुण उपासना का पाठ पढ़ा देंगे, लेकिन गोपियों ने उनसे सतर्क संवाद ही स्थापित कर लिया वे व्यंग्यपूर्वक उद्धव के समक्ष अपनी मनः स्थितियों का प्रकटन करने लगती हैं। वहाँ मड़राते हुए भ्रमर को लक्ष्य करके गोपियां उद्धव को उपालंभित करती हैं। उद्धव भी सांवले रंग के कृष्ण भी सांवले और भ्रमर भी काले रंग का। भ्रमर और उद्धव के रंग रूप की समानता के चलते गोपियों का संबोधन यद्यपि मधुप के लिए है किन्तु प्रकारांतर से यह संबोधन उद्धव के लिए ही है। भ्रमर को संबोधित करने में गोपियों को सहजता से संवाद करने का अवसर मिल जाता है। उनके मन में जो उलटी–सीधी बातें कहने की चाहत है– उद्धव के विरोध में वे भ्रमर को संबोधित अपने कथनों में अच्छी तरह से बिना संकोच के कह सकती हैं। सूरदास ने स्त्रियों की मानसिकता का पूरा ध्यान इस स्थल पर रखा है। किसी पुरुष से बात सीधे–सीधे न करके किसी ब्याज से बात करना उनके लिए समीचीन लगता है। जहां जिस स्थल पर वे उद्धव से कठोर बात करना चाहती हैं– वहां वे भ्रमर के बहाने से ही बात करती हैं। इस आधार पर संपूर्ण भ्रमर गीत एक श्रेष्ठ उपालंभ काव्य है। सूरदास के भ्रमर गीत के बाद हिन्दी में अनेक भ्रमरगीत रचे गए– विशेष रूप से 'रत्नाकर' और 'भारतेन्दु हरिश्चन्द्र, सत्यनारायण कविरत्न ने इस परिपाटी को विस्तार दिया है। 'उद्धव शतक, भ्रमरदूत आदि ग्रंथ हिन्दी काव्य में सूर के भ्रमरगीत की परंपरा की ही अग्रिम कड़ी के रूप में है। भ्रमर गीत नामकरण के लिए सूरदास ने स्वयं अपनी स्थापना की है। जब उद्धव गोपियों से संवादरत हो रहीं हैं तभी एक भँवरा वहां आ गया। गोपियों ने अपना ध्यान उद्धव से हटाकर भ्रमर पर केन्द्रित कर दिया वे भ्रमर से ऐसे प्रश्न करने लगीं जो संभवतः उद्धव से न कर पातीं। औचक ही ऐसी बातें करने में गोपियां उद्धव के समक्ष प्रस्तुत न हो पातीं इसलिए सूरदास ने भ्रमर के माध्यम से गोपियों का गुस्सा, गोपियों का तर्काश्रित संबोधन उद्धव तक संप्रेषित किया–

"इहि अंतर मधुकर इक आयो।  
निज स्वभाव अनुसार निकट हवै सुंदर सबद सुनायो।  
पूछन लगी ताहि गोपिका कुविजा तोहि पठायो।  
कीधौं सूर स्यामसुंदर को हमें संदेशो लायो।"

गोपियों के स्वभाव का सहज और सम्यक् चित्रण सूरदास ने भ्रमर गीत में किया है। स्त्रियों के मनोविज्ञान को जानने वाले कहते हैं कि स्त्री में सपत्नी भाव के अंतर्गत असूया भाव सर्वाधिक रहता है। गोपियों का क्रोध कुब्जा पर है। वे समझती हैं कि मथुरा में कृष्ण को कुब्जा ने ही रोक लिया है। सूरदास ने इसी स्त्री स्वभाव को निज स्वभाव अनुसार कहा है। वे उद्धव से पहला प्रश्न यही करती हैं कि क्या तुम्हें कुब्जा ने भेजा है, यदि हमारे कृष्ण ने तुम्हें भेजा है तो तुम्हें कृष्ण का दूत समझकर हम परम प्रसन्न हैं- तुम्हें पाकर मानो हमने कृष्ण को ही पा लिया है। प्रिय के संसर्ग जात वस्तु–साधनों

के सान्निध्य से ही प्रिय – प्राप्ति की अनुभूति होने लगती है। वे कहती हैं तुम देखे जनु माधव देखे, तुम त्रय ताप नासाये। इन प्रारंभिक बातों के बाद उद्धव अपनी पूर्व निर्धारित योजना के अनुसार गोपियां को निर्गुण ब्रह्म की उपासना का उपदेश देना प्रारंभ कर देते हैं। वे ज्ञान–गरिमा से लंदे–फंदे, योग और हठ साधना की चर्चा करने लगते हैं। ज्ञान–योग का तात्विक विवेचन करते हुए वे गोपियों से आग्रह करते हैं कि गोपियां कृष्ण को भूल जाएं। निर्गुण ब्रह्म जो ध्यान–समाधि आदि साधनों से उपलब्ध होता है उसकी साधना प्रारंभ करें। सूर ने ज्ञान और भक्ति के विभिन्न पक्षों का काव्यात्मक निरूपण इस संवाद में अत्यंत प्रभावशाली ढंग से किया है। गोपियां कृष्ण के रंग में रंगी हैं, वे कहती हैं– उद्धव तुम फिरि फिरि कहा सिखावत बात। फिर–फिर तुम हम लोगों को कौन–सी बातें सिखा रहे हो। हम लोग तो उस मन मोहन को जानते हैं जो प्रातः काल से ही घर–घर जाकर माखन खाता था। तुम उस निर्गुण की बात करते हो जो हमारे निकट ही नहीं है– हमारे बहुत करीब तो हमारे प्राणों की मूर संजीविनी चेतना के रूप में कृष्ण ही हैं। वह माखन चोर ही हमारे हृदय में गड़ा हुआ है। उर में माखन चोर गड़े। सो कैसे हू निकसत नाँही तिरछे हैं जु अड़े। हमारे इस सीधे साधे हृदय मे वह त्रिभंगीलाल अड़ गया है। अब तुम कितना ही प्रयत्न क्यों न कर लो वह हमारे भीतर से निकलने वाला नहीं है। इसके बाद भी जब उद्धव अपना उपदेश समाप्त नहीं करते हैं तब गोपियां अपनी विरोधात्मक टिप्पणियां उनके प्रस्तावों के समक्ष दर्ज कराने लगती हैं। वे ज्ञान–मार्गी उद्धव के निर्गुण उपदेश को दुर्बोध और दुर्गम बताती हैं।

काहे को रोकत मारग सूधो?
सुनहु मधुप! निर्गुन–कंटक तें राजपंथ क्यों रूंधो?
ताको कहा परेखो कीजै जानत छांछ न दूधौ।
सूर मूर अक्रूर गयो लै न्याज निबैरत ऊधौ।

गोपियां अपनी सगुण उपासना के भक्ति मार्ग को सीधा और सुगम बताती हैं। यही जीवन का सबसे सहज और व्यवधान रहित पथ है। भक्ति की पात्रता सर्वसामान्य के लिए है। हरि को भजै सो हरि को होई जाति–पांति पूंछे नहिं कोई। भक्ति काल में भक्त कवियों की सूची में पीपा, छीपा, रैदास, मीरा आदि का समावेश यह सिद्ध करता है कि भक्तिकाल सामाजिक दृष्टि से दलित वर्ग के महत्व को रेखांकित करने वाला था। भक्ति के क्षेत्र में प्रभु की कृपा प्राप्ति का अधिकार सबको समान रूप से है। सूरदास ने इस तथ्य को गोपियों के माध्यम से प्रकट किया है– वे उद्धव से प्रश्न करती है कि तुम जिस निर्गुण ब्रह्म की चर्चा कर रहे हो, जिस ज्ञान योग की व्याख्या कर रहे हो– उसका अधिकारी कौन है? क्या इस तथ्य को भी आप जानते हैं? हम आपके इस उपदेश के अधिकारी नहीं हैं– आप इसे अपने साथ ही ले जाइये, यह आपका उपदेश जो वेद और उपनिषद से सवंर्द्धित है– महापुरुषों के लिए है। हम लोग तो वैसे ही अहीरिनियां हैं, फिर अवला हैं, फिर ब्रज की रहनेवाली हैं। हमसे यह ज्ञान–योग नहीं संभलेगा। हमने तो अपने मन को श्यामसुंदर के साथ ही लगा दिया है– हमारा शरीर अब सर्प द्वारा छोड़ी गयी केंचुल जैसा रह गया है। गोपियां यहां ज्ञान–योग की पात्रता का प्रश्न उठाकर सामान्य जनों में उसकी निस्सारता का भाव व्यक्त करती हैं–

"ऊधौ कौन आहि अधिकारी।
लै न जाहु यह जोग आपनो कततुम होत दुखारी।

यह तो वेद उपनिषद मत है महापुरुष व्रत धारी।
हम अहीरि अवला व्रजवासिन नाहिन परत संभारी।
को है सुनत कहत हौं कासौं कौन कथा अनुसारी।
सूर स्याम संग जात भयो मन अहि केंचुलि सी डारी।''

संवाद का अर्थ होता है– कहने और सुनने की सतत् प्रक्रिया! इस प्रक्रिया के अंतर्गत कथन के मर्म को समझना भी जरूरी है। गोपियां स्पष्ट रूप से कह देती हैं कि उद्धव का उपदेश वेसुन नहीं रहीं हैं– न ही वे उनके कथन का मर्म जानना चाहती हैं। इसलिए वे या तो विषय बदल दें–या फिर बोलना बंद कर दें। ब्रज बनितायें ज्ञान क्षेत्र की मुक्ति की कामना नहीं करती हैं। भक्ति की अनुरक्ति, ज्ञानियों की मुक्ति की बराबरी नहीं कर सकती हैं। सूर मुकुति कैसे पूजत है वा मुरली की तानन। निर्गुण का प्रतिवाद करते हुए गोपियों के तर्क सटीक हैं– वे भले ही अपने आपको अजान और मति की भोरी कहती हैं किन्तु उनके पास त्याग और ग्रहण करने का विवेक है। वे कहती हैं कि क्या पानी को मथ कर मक्खन से मटकी भरी जा सकती है? क्या हठ पूर्वक भूसी को पछोरने से अन्न के कण प्राप्त किए जा सकते हैं? ये प्रश्न निश्चित ही सगुण की संप्राप्ति को मूल्यवान बनाने के लिए किए जा रहे हैं। इस स्तर पर गोपियां विरोध का विरोध कर रही हैं। वे उद्धव के द्वारा किए गए भक्ति और प्रेम के प्रतिकार का उत्तर ज्ञान के प्रतिकार में करती हैं। इस संपूर्ण संवाद में सूर के युग की ध्वनियों की अनुगूंज समायी है। ज्ञान वैराग्य के बजाय भक्ति की पुष्टि के लिए लोगों और भक्तों द्वारा की जा रही चेष्टाओं का दिग्दर्शन इस संवाद के खंडन मंडन में छिपा हुआ है। भक्ति क्षेत्र में यद्यपि किसी के विरोध का विधान रह नहीं जाता है, किन्तु जब भक्ति पक्ष की अवहेलना करने के लिए अनेक तरह से कुतर्की प्रयास हो रहे हों, तब भक्ति पक्ष की स्थापना के लिए भक्तों संतों ने अपनी दृढ़ता का परिचय दिया है। गोपियां उद्धव का विरोध इस रूप में करती हैं कि उद्धव जो वार–वार सगुण पक्ष की अवहेलना कर रहे हैं वह न करें। गोपियां ज्ञान विरोधी नहीं हैं– वे स्वयं अपनी पात्रता का अनुभव रखती हैं। वे तो भक्ति–विरोधी ज्ञान का खंडन करती हैं– 'बार–बार ये वचन निबारो। भक्ति–विरोधी ज्ञान तिहारो।' उद्धव तुम अपने भक्ति विरोधी ज्ञान की वकालत करने वाले वचनों को मत कहो। वे जीवन की पारस्परिक परिपूरकता का आशय जानती हैं। प्रेम और ज्ञान की समरसता में ही जीवन का सच्चा आनंद है। सूरदास बल्लभाचार्य के शिष्य थे। वल्लभाचार्य अपनी साधना में तत्कालीन दार्शनिक दृष्टियों के पक्षधर होते हुए भी भक्ति मार्ग की प्रेमोपासक भावधारा के प्रवर्तक थे। ऐसे गुरु के शिष्य सूरदास जानते थे कि जीवन में राग–वृत्ति और बोध–वृत्ति की परिपूरकता ही जीवन की परिपूर्णता है। आचार्य रामचन्द्र शुक्ल ने वल्लभाचार्य की ऐसी ही विशेषता की ओर संकेत करते हुए लिखा है, ''वल्लभाचार्य जी ज्ञान–मार्ग की ओर तो वेदांत की एक शाखा के प्रवर्तक थे और भक्ति मार्ग की ओर एक अत्यंत प्रेमोपासक संप्रदाय के। वल्लभाचार्य जी का अद्वैतवाद शुद्धाद्वैत कहलाता है। रामानुजाचार्य जी ने अद्वैत को दो पक्षों (चित और अचित्) से युक्त या विशिष्ट दिखाया था। वल्लभ ने यह विशिष्टता हटाकर ब्रह्म को फिर शुद्ध किया। उन्होंने निरूपित किया कि सत् चित् और आनंद स्वरूप ब्रह्म अपनी इच्छानुसार इन तीनों स्वरूपों का आविर्भाव (विकल्प) और तिरोभाव करता रहता है। जड़ जगत भी ब्रह्म ही है, पर अपने चित् और आनंद स्वरूपों का पूर्ण तिरोभाव किए हुए तथा सत् स्वरूप का कुछ अंशतः अविर्भाव किए हुए। चेतना जगत भी ब्रह्म ही है जिसमें सत् चित् आनंद इन तीनों स्वरूपों का कुछ आविर्भाव और तिरोभाव रहता है। इस सिद्धांत में मायात्मक जगत मिथ्या नहीं माना गया है। माया ब्रह्म की ही शक्ति

मानी गयी है, जो उसी की इच्छा से विभक्त होती है। जीव अपने ब्रह्मस्वरूप को तभी प्राप्त करता है जब आविर्भाव और तिरोभाव दोनों मिट जाते हैं। यह बात ईश्वर के अनुग्रह से ही, जिसे पुष्टि या पोषण कहते हैं, हो सकती है। इस अनुग्रह के लिए वल्लभाचार्य ने एक विस्तृत उपासना पद्धति भी चलाई जिसे पुष्टि मार्ग कहते हैं। सूरदास ने इसी पुष्टि मार्ग को अपनी भक्ति पद्धति में अपनाया था।

आचार्य वल्लभ की तरह ही सूरदास ने कृष्ण को परब्रह्म स्वीकार किया है। ब्रह्म प्रकृति और पुरुष तीनों का समावेश कृष्ण में, "सकल तत्व ब्रह्माण्ड देव पुनि माया सब विधि काल। प्रकृति पुरुष श्री पति नारायण सब हैं अंश गोपाल।" सूरदास ने जीव संबंधी अपनी धारणाओं को विनय एवं नित्यलीला के पदों में व्यक्त किया है। वे मानते हैं कि माया न रहे तो जीव और ब्रह्म में भेद नहीं है। 'आपुनपौ आपन ही बिसर्‍यौ। जैसे स्वान कांच मंदिर में भ्रमि–भ्रमि भूंक मर्‍यौ।' भ्रम दूर करने पर जीव को अपने स्वरूप का ज्ञान हो जाता है। 'ज्यौं कुरंग नाभी कस्तूरी ढूंढ़त फिरत भुलायौ। फिरि चितयौ जब चेतन है करि अपने ही तन छायौ।' माया के संबंध में सूरदास ने माना है कि यह जीव को अज्ञान में डालती है। वे विद्या माया और अविद्या माया इन दोनों को मानते हैं। माया का उल्लेख उन्होंने विस्तार से किया है। इसे तृष्णा के रूप में चित्रित करते हुए वे कहते हैं, "माधौ नेकु हटको गाई। भ्रमति निसि बासर अपथ–पथ अगह गहि न जाई।" यहां माया को गाय का रूपक दिया गया है। अपने मोक्ष संबंधी कथनों में सूरदास ने सालोक्य, सामीप्य, सारुप्य और सायुज्य मुक्तियों की चर्चा की है। इसके अलावा भजनानंद को भी उन्होंने मुक्ति माना है। "सूरदास हरि कौ सुमिरन करि बहुरि न भव–जल आवै।" इस तरह वल्लभ संप्रदाय की धारणाओं को सूरदास ने प्रसंगतः प्रस्तुत किया है।

सगुण भक्ति के अंतर्गत दृश्यमान जगत की सत्ता के अनुरूप ही ब्रह्म की कल्पना की गयी है। सृष्टि संरचना अनुकूल ही अपने को प्रकट करने वाले सगुण ब्रह्म में मानवीय चरित्र के सभी गुण विद्यमान मानने वाले यह भी मानते हैं कि जो चराचर सृष्टि है– वह भी ब्रह्म रूपात्मक है। ब्रह्म इसके माध्यम से भी भासमान है। गोपियों ने वृंदावन में जिन कृष्ण से प्रेम किया है वे अपनी संपूर्ण अभिव्यक्ति में मनुष्य के आचरण से समावेशित हैं। वे ऐसे कृष्ण को अपना बना चुकी हैं– जो उन्हें बांसुरी की तान सुनाकर मोहित कर लेते हैं जो अपना स्पर्श देकर पुलकित कर देते हैं जो अपने दृष्टि अभिसार से प्रसन्न कर देने का गुण अपने भीतर समाए हुए हैं, उद्धव बार–बार उन्हें ज्ञान, तत्व की सीख देते हैं। निर्गुण ब्रह्म की उपासना को उनके समक्ष श्रेष्ठ बतलाते हैं और योग की क्रियाओं की चर्चा करते हैं। गोपियों को उद्धव का यह उपदेश नीरस लगता है। वे इस सूक्ष्म और तात्विक विवेचन से खीझ उठती है। सूरदास ने गोपियों की चतुराई को अनेक स्थलों पर रेखांकित करते हुए उनकी उद्धव के उपदेश के प्रति उदाशीनता को ही व्यक्त नहीं किया है, बल्कि वे उद्धव को फटकार भी लगाती हैं। उन्होंने एक साथ निर्गुण, ज्ञान और योग को अस्वीकृत करते हुए कहा है, इस ब्रज में उद्धव एक बड़े व्यापारी के रूप में आए हैं। इन्होंने विक्रय हेतु निर्गुण, ज्ञान और योग की गठरी यहां लाकर खोल दी है। ये कैसा अनाड़ी व्यापारी है कि हमें ठगना चाहता है– हमारा सोना लेकर हमें भूसी देना चाहता है।

आयो घोष बड़ो व्यापारी।
लादि खेप गुन ज्ञान–जोग की ब्रज में आय उतारी।
फाटक देकर हाटक माँगत भौरें निपट सुधारी।

गोपियां उद्धव से कहती हैं कि उद्धव तुम अपने निर्गुण ब्रह्म को मुकुट पीतांबर धारी दिखला दो हम तुम्हारी बात मान जाएंगे। उद्धव द्वारा वर्णित निर्गुण ब्रह्म की अवहेलना में गोपियां अपना तर्क

देती हैं– कि उद्धव तुम्हारे निर्गुण ब्रह्म का न रूप है न रंग है उसका कोई स्थान नहीं है– वह कहां रहता है? हम ऐसे ब्रह्म पर कैसे अपना विश्वास दृढ़ कर सकते हैं? क्या तुमने अपने ऐसे ब्रह्म के कभी दर्शन किए हैं। हमारा आराध्य तो हमैं निरंतर प्रत्यक्ष होता रहा है, वह तो–

मुरली अधर धरत है सो, पुनि गोधन बन चारत!
नैन विसाल भौंहें बंकट करि, देख्यो कबहुं निहारत।
तन त्रिभंग करि नटवर बपु धरि पीतांबर तेहि सोहत।
सूर स्याम ज्यों देत हमें सुख त्यौं तुमको सोई मोहत!

गोपियों की मानसिकता में कृष्ण की प्रत्येक क्रिया, प्रत्येक छवि और प्रत्येक आचरण की मनमोहक स्मृति विद्यमान है। वे अपनी इस स्मृति से विलग नहीं होना चाहती हैं। यह स्मृति उन्हें दंशित भी करती है और यह स्मृति उन्हें हर्षित भी करती है। वे जिस अनुभव से गुजर रही हैं– वह अनुभव जीवन की संपूर्णता का पर्याय है– इसमें हर्ष, द्वेष, अमर्ष आदि सभी भावों का समावेश है। वे जब कहती हैं कि हम तो कान्ह केलिकी भूखी कैसे निरगुन सुनहिं तिहारौ विरहिन विरह विदूखी। तब कान्ह केलिकी भूखी में उनकी उस प्रसन्नता की चाहत बार–बार स्पष्ट होती है। अब इस रस–प्रसंग के अभाव में वे विरह–विदूखी हो रही है। गोपियां सगुण भक्ति को सुमेरू पर्वत जैसा सिद्ध करती हैं, और निर्गुण को तृण जैसा बतलाती हैं वे कहती हैं–

सुनि है कथा कौन निर्गुण की रचि पचि बात बनावत।
सगुन सुमेरू प्रगट देखियत, तुम तृन की ओट दुरावत।।

अरे! उद्धव हमारे सगुण साकार ब्रह्म को तुम अपने निर्गुण निराकर ब्रह्म के तिनका की ओट में छिपाना चाहते हो! क्या ऐसा कभी संभव हो सकता है? आचार्य रामचन्द्र शुक्ल ने स्पष्ट किया है कि गोपियों ने ज्ञान–मार्ग का तिरस्कार तो किया, पर यह सोचकर कि कहीं उद्धव का जी न दुखा हो, वे उनका समाधान करती हैं। वे समझाती हैं कि ज्ञान मार्ग को हम बुरा नहीं कहती हैं, वह अत्यंत श्रेष्ठ मार्ग है, पर अपनी रुचि को हम कैसे व्यक्त करें? वह हमारे अनुकूल नहीं पड़ता। रुचि भिन्नता दो समान वस्तुओं में भी भेद करके एक ओर आकर्षित करती है और दूसरी से दूर रखती है–

ऊधौ! तुम अति चतुर सुजान।
द्वै लोचन जो विरद किये स्रुति गावत एक समान।
भेद चकोर कियो तिनहू में विधु प्रीतम रिपु मान।।

श्रुतियों मे सूर्य और चन्द्र को विराट के दो नक्षत्रों की तरह प्रस्तुत किया है, किन्तु चकोर को चन्द्रमा प्यारा और सूर्य शत्रु जैसा है। वह तो मन माने की बात है जिसे जो पसंद आ जाए! उद्धव गोपियों के तर्कों से उनकी प्रेम निष्ठा से उनकी भागवत दृढ़ता से प्रभावित हो जाते हैं। कृष्ण ने जिस उद्देश्य से प्रेरित होकर उद्धव को गोपियों के पास भेजा था– वह उद्देश्य जैसे पूरा हो जाता है। ज्ञान का भार उद्धव गोपियों की भक्ति भावना के चरणों में समर्पित कर देते हैं। उद्धव गोपियों का यह संवाद निर्गुण और सगुण ज्ञान और भक्ति के निरुपण को विस्तार तो देता है, किन्तु इसमें भक्तिकाल की वह केन्द्रीभूत सत्ता समाहित हैं– जिसमें भक्ति की व्यापक भूमि का निदर्शन जीवन के आसक्ति पूर्ण पक्षों के अनेक प्रसंगों के माध्यम से होता है। भक्तिकाल जीवन की समग्रता की खोज जिस संवेदनात्मक स्तर पर करता है उसमें सूरदास के भ्रमर गीत का चिन्तन जीवन की सत् चित् आनंदमयी स्थितियों का ही

पोषक है। यह विवेचन युग की सामाजिक और आध्यात्मिक चिंतन धाराओं के अंतर्वर्ती अंतविरोधों को समाप्त करके भक्ति की निश्चित दिशा का अनुसंधान करके जीवन की अनुरागमयी वृत्तियों का पोषण भी करता है। आचार्य विश्वनाथ प्रसाद मिश्र ने इस तथ्य को लक्षित करते हुए लिखा है "पक्ष में उद्धव ऐसे ज्ञान–वरिष्ठ पुरुष और विपक्ष में ब्रजवासिनी ऐसी ज्ञान–कनिष्ठ स्त्रियों को खड़ा करके सूर ने ज्ञान एवं योग का प्रतिरोध साधारण जनता की दृष्टि से किया। ज्ञान की ऊँची तत्व चिंता उनके लिए न थी।. .. सूर ने ज्ञान या योग मार्ग को संकीर्ण, कठिन और नीरस तथा भक्ति को विशाल, सरल और सरस कहा है– विश्व की विभूति में मन को रमाने का जैसा अवसर भक्ति भावना में है, वैसा अंतःसाधना में नहीं!

बोध बिन्दु–

1 भक्ति काल में जो समकालीन आंदोलन, साहित्य के माध्यम से आए उनमें संतों, भक्तों और कवियों का बड़ा योगदान है;

2. 'भ्रमर गीत' ज्ञान की महत्ता की अपेक्षा भक्ति की निष्ठा की प्रतिष्ठा का प्रसंग है।

2. सगुण उपासना के अंतर्गत भक्ति मार्ग का सीधा और सुगम रास्ता प्राप्त होता है।

4. गोपियां ज्ञान–विरोधी नहीं–वे स्वयं अपनी पात्रता का अनुभव रखती हैं-- वे तो भक्ति विरोधी ज्ञान का खण्डन करती है।

## 2.5 सूर के काव्य में लोक–संस्कृति

सूरदास का अधिकांश काव्य लोक जीवन की अवधारणाओं का काव्य है। सूरदास स्वयं की लोक–जीवन परक पृष्ठभूमि और अपने वर्ण्य विषय के लोक जीवन परक प्रसंगों की बहुलता के कारण अपने काव्य में लोकपरक दृष्टियों का पर्याप्त समावेश करते हैं। जीवन के जिन संदर्भों को सूर उद्‌घाटित करते हैं– उन संदर्भों में लोक–जीवन की पृष्ठभूमि अनायास ही उनके काव्य में किसी न किसी रूप में प्रकट हो जाती है। सूरदास ने अपनी काव्य–रचना कृष्ण चरित्र के निमित्त की है। कृष्ण के पूर्ववर्ती जीवन का विवेचन सूर के काव्य में खूब मिलता है। यद्यपि इस विवेचन के लिए सूरदास ने श्रीमद्‌भागवत महापुराण को अपना स्रोत ग्रंथ बनाया। कथाक्रम और कथा–वर्णन में भले ही श्रीमद्‌भागवत की संरचनाओं का उन्होंने आधार लिया हो, किन्तु उनके कथानक की अंतर्संवेदनाएं लोक ऊष्मित हैं। लोक जीवन चर्या, लोक की प्रकृति, लोकी भाषा–बोली, लोक की रहन–सहन उनकी कविता में यत्र–तत्र सर्वत्र परिलक्षित होती है। यहां लोक से तात्पर्य है, ग्रामीण और जनपदीय जीवन! यद्यपि लोक को व्यापक अर्थ में सम्पूर्ण पृथ्वीलोक मान लिया गया है, लेकिन जब लोक–जीवन को नगर–जीवन से पृथक करके देखा जाता है, तब लोक से तात्पर्य ग्राम्यांचलों के जीवन और जगत से लिया जाता है।

भारतीय जीवन का बहुत बड़ा हिस्सा लोक में निवास करता है। अभी भी लगभग सत्तर प्रतिशत आबादी का हिस्सा हमारे देश में ग्राम जीवन से संबंधित है। लोक की सामाजिक परिस्थितियां गतिशील रही हैं उनमें परिवर्तन आता रहा है। इसलिए लोक को स्थिर नहीं माना जा सकता है, लेकिन लोक का स्वरूप मंद गति से परिवर्तन को ग्रहण करता है। इसलिए अनेक वर्षों बाद लोक में परिवर्तित परिस्थितियां का आकलन हो पाता है। चारगाही लोक–संस्कृति के बाद ही लोक में कृषि–व्यवस्था वाले समाज का उदय हुआ। प्रारंभ में पशु चारण करने वाला समाज भूभौतिकीय दृष्टि से स्थिर समाज नहीं था। वह घुमंतू समाज जैसा था। बाद में कृषि–कार्य में संलग्न होने पर समाज में स्थिरता आने लगी

वह देशज बन गया। उसने ग्राम समूहों का निर्माण किया और अपने जीवन मूल्यों में आपसी संबंधों की दृढ़ता के लिए विचार–विनिवेश किया। कृष्ण का चरित्र चारागाही और कृषि–संस्कृति की धूप–छांह में विकसित हुआ है। श्रीमद्भागवत, महापुराण, हरिवंश आदि ग्रंथों में कृष्ण की प्रारंभिक लीलाएं चारागाही संस्कृति का प्रतिविम्बन करती हैं– उनके निवास–स्थलों में ग्राम्य अवधारणाएं प्राप्त होती हैं, लेकिन ग्रामों की स्थिरता फिर भी नहीं थी, नंद गोकुल गाँव से वृंदावन एक सम्पूर्ण समाज के साथ प्रस्थान करते हैं। बसाहट बदलने का यह संकेत समाज की चरणशील प्रवृत्ति का भी द्योतक है। कृष्ण का गाएं चराना, पर्वतों–पहाड़ों, जंगलों में अटन करना गौ चारी समाज की अवधारणा को पुष्ठ करता है। कृष्ण के बाललीला संबंधी सभी प्रसंग चारागाही और कृषि संस्कृति के लोक–पक्ष को प्रस्तुत करते हैं। आचार्य शुक्ल ने कृष्ण की बाललीला के अगले चरण का संबंध गौचारण संस्कृति से ही माना है। बाललीला के आगे फिर उस गौचारण का मनोरम दृश्य सामने आता है, जो मनुष्य जाति की अत्यंत प्राचीन वृत्ति होने के कारण अनेक देशों में काव्य का प्रिय विषय रहा है। यवन देश (यूनान) के पशुचारण काव्य (पेस्टोरल पोयट्र) का मधुर संस्कार यूरोप की कविता पर अब तक कुछ न कुछ चला ही जाता है। कवियों को आकर्षित करने वाली गोप जीवन की सबसे बड़ी विशेषता है। प्रकृति के विस्तृत क्षेत्र में विचरण के लिए सबसे अधिक अवकाश! कृषि, वाणिज्य और व्यवसाय जो आगे चलकर, निकले वे अधिक जटिल हुए– उनमें उतनी स्वच्छंदता न रही। कवि श्रेष्ठ कालिदास ने अपने रघुवंश काव्य के आरंभ में दिलीप को नंदिनी के साथ वन–वन फिरा कर इसी मधुर जीवन का आभास दिखाया है।" भारतीय संदर्भ में गौचरण और गौपालन सांस्कृतिक, सामाजिक और आर्थिक परिदृश्यों में अपना विशिष्ट महत्व रखने वाले व्यवसाय हैं। गाय भारतीय जीवन की महत्वपूर्ण आधार शक्ति है। कृष्ण के जीवन चरित्र में गाय के महत्व को प्रतिपादित करने वाली भारतीय सामाजिक प्रणाली में गाय की प्रतिष्ठा अनेक दृष्टियों से महत्वपूर्ण हैं।

लोक जीवन के अनेक संस्तरों को स्पर्श करता कृष्ण का जीवन चरित्र लोक की अनेक अवधारणाओं को अभिव्यक्त करता है। कृष्ण जहां अपने बचपन में निवास करते हैं– ग्राम और वन दोनों की सीमाओं को छूता है। गोकुल ग्राम है– तो वृंदावन वन में बसा हुआ गांव है। यहां पर्वत–घाटियां हैं, नदी–नाले हैं पगडंडियां हैं। घरों के समूह हैं। बड़े–बड़े वृक्ष हैं– तो छोटी–छोटी झाड़ियां हैं– वनचर हैं– तो पखेरू भी हैं। बैल, गाय, बछड़े हैं, बैलगाड़ी, छकड़े और रथ भी हैं। सूरदास का जीवन व्रज अंचल के आसपास व्यतीत हुआ है, इसलिए इस अंचल से उनकी गहरी पहचान है। इस अंचल के भूभौतिकीय परिदृश्य और सामाजिक संस्कार उनकी कविता में प्रकट होते हैं। सूर ने अपनी मौलिक सूझबूझ से तत्कालीन लोक–चेतना को अपने पदों में अनेक प्रकार से प्रकट किया है। लोक और नगर के बीच के द्वन्द्व को सूरदास ने मथुरा में विविध सुविधाओं के बीच रहने वाले कृष्ण के मानसिक उद्वेग के माध्यम से स्पष्ट किया है। ठीक वैसे ही जैसे आज नगर में गाँव के रहने वाले व्यक्ति को अपना गांव बरवस याद आता रहता है। आधुनिक युग में तो अनेक गीत कविताएं इस तथ्य को लेकर रची गयी हैं। यद्यपि इसे गांव के प्रति आसक्ति मूलक चेतना माना गया है। दरअसल मनुष्य का बचपन जिन संस्कारों के बीच बीतता है– वे संस्कार उसके आगे के जीवन में अपनी प्रबल भूमिका का निर्वाह करते हैं। गांव में बचपन जीने वाले व्यक्तियों को गांव की याद हमेशा बनी रहती है– भले ह विह नगरों की विशाल अट्टालिकाओं और नगरों की चमक दमक के बीच जीवन जी रहा हो। गांव की ओर स्मृतियों का इस तरह से लौटना, उसकी सहजता उसकी अनुरंजकता और उसकी निश्छलता की ओर लौटना है। नगर जीवन ने मनुष्य के जीवन की सहज लय को तोड़ दिया है। मनुष्य नगर में अधिक तनाव युक्त

हुआ है। विकास के साथ तनाव की वृद्धि भी होती है। कृष्ण का बचपन जिस लोक में व्यतीत हुआ है– वह ब्रज का लोक है। वे मथुरा में ब्रज की स्मृतियों से अपने–सहज आनंद को अनुभव कर लेते हैं– लेकिन उसके छोड़ने का उन्हें दुःख है। वे मथुरा में रहते हुए बार–बार ब्रज की स्मृति से उमंगित हो उठते हैं। वे उद्धव को ब्रज भेजने का निश्चय करते हैं। इस निश्चय के पीछे कृष्ण का लोक स्मरण ही है। वे अपने संदेश विषयक आख्यान में उद्धव को पहले गोकुल और ब्रज की स्मृतियां ही सुनाते हैं। उन्होंने गोकुल के प्रेम का बखान प्रारंभ कर दिया। लोक मानवीय मूल्य का सहज उपहार है। लोक का प्रेम निश्छल होता है और त्याग की भावना से संबंधित रहता है। कृष्ण ब्रजवासियों के ऐसे ही प्रेम को भूल नहीं पाते हैं। वे कहते हैं कि मेरा मन होता है कि अभी यहां से ब्रज को चला जाऊँ– यहां मेरा मन बिल्कुल नहीं लग रहा है। मैंने जिन गोप ग्वालों से मित्रता बढ़ाई जिनके साथ मैं खेलता–विहरता रहा, गाएं चराता रहा उनको छोड़ते हुए मुझे भारी दुख हुआ है। मैंने माखन चोरी भी बहुत की है– अब यहां तो ऐसा अवसर भी सुलभ नहीं है। माता यशोदा मुझे कैसे भोजन कराती थी– सबकुछ याद आ रहा है। कृष्ण की यह याद लोक की याद है– जिससे उनके व्यक्तित्व का रेशा–रेशा बना सना है।

> हरिगोकुल की प्रीति चलाई।
> सुनहु उपंग सुत मोहि न बिसरत ब्र[illegible]ाई।।
> यह चित होत [illegible] मैं अबही यहा [illegible]ागत।
> [illegible]ाल गाय बन चारत अति दुख पाया त्यागत।।
> कँह माखन–चोरी? कँह जसु मति पूत नेंब करिप्रेम;
> [illegible] स्याम के बचन सहित सुनि व्यापत आपन नेम।।

सूरदास ने लोक–जीवन को अत्यंत सूक्ष्मता के साथ चित्रित किया है। उनकी यह सूक्ष्म निरीक्षक वृत्ति उन्हें लोक के परिज्ञान का कोष बना देती है। वे घूमरि, धौरी और कजरी गाय को नहीं भूल पाते, दोऊ दुखी होन नहिं पावहिं घूमरि घौरी गाय, केवल नाम नहीं गाय के प्रति ममता भरा छोह–मोह भी इसमें है। गोपियों–ग्वालों, नंदबाबा, नंदरानी, राधा आदि की चिंता तो कृष्ण को है ही–लेकिन उ[illegible] चिन्ता का बिस्तार गायों तक है। वे गायों को दुखी नहीं देखना चाहते हैं। चित्त की ऐसी विशदता और ऐस[illegible] में जो देखने को मिलती है– इसमें सूरदास की लोक चेतना का विस्तार निहित है। [illegible] चिंता [illegible] तक फैली है लोक अकेला नहीं है– वह सबको साथ लेकर चलता है। लोक जीवन में कृष्ण 'कन्हैया' बन गए। प्रेम का ऐसा संबोधन लोक में अब भी सुरक्षित है। कृष्ण माता के प्रति संदेश भेज रहे हैं– वे कहते हैं कि माँ चिंता नहीं करना मैं और बलदा[illegible]–पाँच दिन में पहुँचेंगे। वे बतलाते हैं कि जिस दिन से माँ यशोदा से वे अलग हुए है, उस दिन के बाद यहां उनसे किसी ने कन्हैया नहीं कहा है। उन्हें शिकायत है कि यहां प्रातःकाल कलेवा नहीं मिलता है और शाम को गाय के थन से छूटती सीधी धार वाला दूध नहीं पिया है। उन्हें बाँसुरी तथा वेणु की याद है। वे कहते हैं कि इन्हें संभाल के रखना, राधा मेरे खिलौने चोरी करके न ले जाए।

> नीके [illegible]यो जसुमति मैया।
> आवेंगे दिन चारि पाँच में हम हलधर दोऊ भैया।।
> जा दिन ते हम तुमतें बिछुरे काहु न कहयो कन्हैया।

कबहूं प्रात न कियो कलेवा सांझ न पीन्हीं गैया।
वंशी बेनु संभारि रखियो और अवेर सवेरो।
मति ले जाय चुराय राधिका कछुक खिलौनो मेरो।
कहियो जाय नंद बाबा सों निपट निठुर जिन कीन्हों।
सूर स्याम पहुंचाय मधुपुरी बहुरि संदेश न लीन्हो।।

गायों–बछड़ों की याद बार–बार कृष्ण को आती है। गोपियां भी कृष्ण की गाय–प्रियता को जानती हैं, इसलिए वे अपनी कृशता, अपनी दग्धता को पीछे छोड़कर ब्रज की गायों की दुर्दशा का संदेश उद्धव के माध्यम से कृष्ण तक भेजना चाहती हैं। शायद कृष्ण अपनी गायों की वेदना से पिघल जाएं–

ऊधौ इतनी कहियो जाय।
अति कृस गात भई हैं तुम बिनु बहुत दुखारी गाय।।
जल समूह बरसत अंखियन तें हूंकत लीन्हें नांव।
जँह जँह गोदोहन करते ढूंढ़त सोई–सोई ठांव।।

गायों का दुबला जाना, आंखों से आंसू बहाना, हूंक करना और उन स्थानों पर बार–बार जाना, जहां कृष्ण उन्हें दुहा करते थे– कृष्ण के प्रति गायों के लगाव को व्यक्त करता है। गायें कृष्ण के लिए तड़पतीं हैं और कृष्ण गायों के लिए न केवल गायों बछड़ों की बल्कि उनसे जुड़े स्थानों की भी याद उन्हें है। सूरदास ने गौ संस्कृति को लोक से जिस तरह जोड़ा है–वह चारागाही संस्कृति भर का अनुमान नहीं है– वह लोक के ग्राम्यीकरण से लेकर अभी–अभी तक के सामाजिक विधान की रूपरेखा है। गाय की स्मृतियां लोक संस्कृति की बारीकियों से संश्लिष्ट स्मृतियां हैं। कृष्ण बार–बार कहते हैं कि उद्धव मुझे ब्रज भूलता नहीं है– ब्रज उन्हें केवल गोप–ग्वालों वाला स्थान नहीं है– ब्रज अपनी संपूर्णता में उन्हें याद आता है। लोक में केवल व्यक्ति महत्वपूर्ण नहीं है व्यक्ति के आसपास का परिवेश भी महत्वपूर्ण है। यमुना की सुंदर कगार, कुंजों की छाया से लेकर उन्हें गाय–बछड़े, दोहनी और खिरका याद आता है। लोक की भौगोलिक उपस्थिति सूरदास के काव्य में लोक की प्रतीति को और गहरी बना देता है। इस भौगोलिक पहचान के अंतर्गत यमुना, सघन वन, झांऊ के झवरैले गुल्मों से ढ़का गाँव और जंगल के बीच का वह प्रदेश जहां से जंगल के वृक्षों का सिलसिला प्रारंभ होता है– इस तरह के जंगल की प्रारंभिक सीमा झांऊ जैसे मझोलकद वाले पौधों से होती है। वे ब्रज की खोरों और गलियों की चर्चा अनेक बार करते हैं। वे खिरका को नहीं भूलते। खिरकावह स्थान है– जहां दोपहर और शाम में गाएं सम्मिलित होती हैं। खिरका गांव के बाहर होता है। सूरदास गोवर्द्धन पहाड़ को नहीं भूलते हैं। इन स्थानों में लोक की छवि उभरती है। लोक की जीवन–चर्या उनको भाती है। सुबह–सुबह उठकर गांव के युवक गाय चराने चल पड़ते हैं। उनकी वेशभूषा लोक के पहनावे को व्यक्त करती है। उनके साथ में डंडा होता है– पावों में पनहियां होती हैं। कुछ ग्वाल गण अपने साथ वाद्य यंत्र भी रखते हैं। कृष्ण स्वयं गाय चराने जाने का हठ माँ से करने लगते हैं। कृष्ण के परिधान लोक के ही अनुरूप हैं। वे जब मथुरा जाते हैं, तब अपने साथियों से नगर के अनुकूल परिधान धारण करने की बात करते हैं। इसी लिए वे मथुरा के धोवी से राजसी वस्त्र छीन लेते हैं। ग्वालों की परिधान व्यवस्था लोक–प्रकृति के अनुरूप ही है– घुटनों तक धोती–शरीर पर बंडी या फिर दुपट्टा, गले में जंगली फूलों, पत्तों की मालाएं। कृष्ण तो वनमाला ही धारण करते हैं। उनके पास वेणु और शृंगी है। ग्रामीण जीवन की सुबह–सुबह हलचल

भरी होती है। यह हलचल सूर के काव्य में सुनाई देती है– ग्वालिनें दूध–दही बेचने के लिए गोकुल में आ गयी हैं, वे ऊँची–ऊँची आवाज में विक्रय की टेर लगा रही है। घर–घर में दधि विलोया जा रहा है, स्त्रियों की प्रभातकालीन जीवनचर्या में दधि–मंथन का कार्य प्रमुख है। इस तरह के दृश्य सूर के काव्य में उपलब्ध हो जाते हैं। सुबह–सुबह गायों का दूध दुहना प्रारंभ हो जाता है। जो गाएं दूध दुहने में कठिनाई उत्पन्न करती हैं– उनके पाँवों में रस्सी बांध दी जाती है। नयी–नयी ब्याही गाय कभी–कभी दूध–दुहाने की बेला में कूंद–फांद करने लगती है– इसके पाँव नोई से बांध देते हैं– सूरदास ने इस प्रयोग को कपट हेतु की प्रीति निरंतर नोई चोखाई गाय, में किया है। इस तरह की अनेक क्रियाएं– और अनेक व्यवहार जो लोक चेतना को ही जाहिर करते हैं– सूर के काव्य में अनेक प्रसंगों से उपस्थित हुए हैं।

लोक के आर्थिक परिदृश्य में वाणिज्य–व्यवसाय कीभी अपनी व्यावस्थाएं रहती हैं। गोपालन और कृषि आर्थिक उपार्जन के स्रोत तो हैं, बनिज–व्यापार हेतु भी लोक के ग्रामीण अंचलों में सौदागरों का आना–जाना लगा रहता है। वे अपना माल असबाब लेकर गाँव में पहुच जाते हैं और उनका व्यवसाय का सिलसिला चल पड़ता है। लोक में स्थायी हाट–बाजार का प्रचलन उस समय तक गांव–गांव में नहीं था। बड़े और छोटे दोनों तरह के व्यापारी गांव में वाणिज्य के कार्य हेतु आते जाते रहते थे। सूरदास ने लोक के इस बाजार पक्ष को अत्यंत विदग्धता के साथ प्रस्तुत किया है उनका प्रसिद्ध पद है–

"आयो घोष बड़ो व्यापारी।
लादि खेप गुन–ज्ञान जोग की ब्रज में आय उतारी।।
फाटक देकर हाटक मांगत भौरें निपट सुधारी।
धुर ही तें खोटो खायो है लये फिरत सिर भारी।।"

गाँवों में बड़ा और चतुर व्यापारी माल–असबाब की भारी खेप लाया है। खेप का अर्थ विक्रय हेतु लाए गए माल का परिमाण! जल मार्ग से भी जहाज में लादकर व्यापारी अपना माल लाते थे। उसे भी खेप कहा जाता था। ऐसे व्यापारी गांव के लोगों को ठगने वाले भी होते हैं और कुछ ऐसे भी होते हैं, जिन्होंने व्यापार के प्रारंभिक काल से ही घाटा खा लिया है– ऐसे घाटा खाने वाले व्यापारी गांव के भोले–भाले लोगों से विनिमय करके उनके भोले पन का लाभ उठाकर अपना घाटा पूरा करना चाहते हैं। लेकिन गांव के लोग भी चतुर सुजान हैं वे व्यापारी की इस चालबाजी को जानते हैं वे स्पष्ट कह देते हैं– वे ऐसे व्यापारी से बिल्कुल खरीददारी नहीं करेंगे, यह व्यापारी खोटा माल बेचने आया है– और हमारा चोखा पैसा लेने की जुगत भिड़ा रहा है। सूरदास ने यद्यपि यह पद उद्धव–गोपी संवाद में गोपी गणों की चतुराई और बुद्धिमत्ता को प्रदर्शिंत करने के लिए रचा है, लेकिन इससे लोक के वाणिज्य व्यापार का एक यथार्थ स्वरूप प्राप्त हो जाता है।

लोक जीवन में व्याप्त लोक विश्वासों को भी सूरदास ने अनेकानेक प्रसंगों में अभिव्यक्ति दी है। लोक में यह विश्वास है कि काली गाय का दूध अधिक स्वास्थ्यवर्द्धक होता है, इसलिए बच्चों को काली गाय का दूध पिलाना चाहिए। माँ यशोदा बाल कृष्ण को समझाते हुए कहती हैं– "कजरी कौ पय पियो लाल तेरी चोटी बाढ़े रे।" मेरे लाल तुम कजरी गाय का दूध पियो तुम्हारी चोटी बढ़ेगी– शिशु को ढ़िठौना लगाना ताकि वह बुरी नजर से अप्रभावित रहे, उसे बाघ का नख पहनाना ताकि वातावरण में जो क्रूर शक्तियां हैं उनका असर बच्चे पर न पड़ पाए। जैसे लोक विश्वास सूर के काव्य में मिलते

हैं,

सूरदास ने लोक बोली के शब्दों का प्रचुर प्रयोग किया ही है– उन्होंने लोक मुहावरों का प्रयोग भी खूब किया है। ब्रज भाषा के लोकांचली व्यवहार को सूरदास आत्मसात किए हुए थे– इसलिए लोक उनकी भाषा–भंगिमा में अनेक तरहसे ध्वनित होता है। यहां एक पद उनकी इस भाषा विषयक लोक–व्याप्ति के लिए दिया जा रहा है–

आये जोग सिखावन पांड़े।
परमारथी पुराननि लादे, ज्यौं बनजारे ढाँड़े।
हमरी गति पति कमल नयन को जोग सिखैं ते राँड़े।।
अहौ मधुप कैसे समाएँगे, एक म्यान दो खाँड़े।
कहु षटपद कैसे खैयतु हैं हाथिन के संग गाँड़े।
काकी भूख गई बयारि भखि बिना दूध घृत माँड़े।।
काके का झाला लै मिलत कौन चोर तुम डांड़े।
सूरदास तीनों नहिं उपजत धनिया धान कुम्हांड़े।।

पाँड़े योग की शिक्षा दे रहे हैं। वे परमार्थी हैं और पुराण आदि के ज्ञान को लाद कर वैसे ही लाए हैं जैसे– बनजारे लोग टांडा लेकर चलते हैं। टांडा व्यापार का माल है– अनेक लोकाचंलों में इसे गाय–बैलों को चला कर बेचने वालों की चर्या से जोड़ते हैं। योग और प्रेम को एक जगह कैसे रखा जा सकता है यह तो एक म्यान में दो तलवारें रखना हो गया। हवा खाकर किसकी भूख मिटी है–दूध घी और मांडे से ही भूख मिट पाती है। मांडे शुद्ध लोक का भोज्य पदार्थ है। तुम ये गड़बड़ झाला क्यों कर रहे हो– क्या हम चोर हैं जो डांड रहे हैं। सूरदास कहते हैं कि एक ही खेत में धनिया, धान और कुम्हड़ा पैदा नहीं हो सकते हैं। जोग सिखावन पांड़े, बनजारे टांड़े, एक म्यान दो खाड़े, काकी भूख गई वयारि भखि बिना दूध घृत मांड़े। कौन चोर तुम डांड़े और तीनों नहिं उपजत धनिया धान कुम्हांड़े। ये सभी मुहावरे और लोकोक्तियां हैं– इनमें लोक–जीवन के गहरे आशय और अनुभव छिपे हुए हैं।

लोक–जीवन के अनेक रंग सूरदास की कविता में अंतर्निहित हैं। लोक संस्कार लोक विचार और लोक–भावों से संबंधित सूर का काव्य भारतीय संस्कृति के अनेक महत्वपूर्ण पक्षों को अभिव्यक्त करने वाला है। इसी लोक–चेतना के कारण सूर के काव्य में मानवीय मूल्यों के चिंतन का अक्षयकोष प्राप्त होता है। लोक की प्रकृति पक्षधरता, लोक का खुलापन, लोक की सहिष्णुता लोक की निश्छलता, लोक की उत्फुल्लता लोक की सहजता का समावेश उनके काव्य को मानवीय गरिमा के उदात्त स्तर पर ले जाता है। सूर की कविता की संप्रेषणीयता इसी लोक धर्मिता के कारण जन–जन के हृदय तक संभव हुई है।

**बोध बिन्दु–**

– भारतीय संदर्भ में गौचारण और गौपालन, सांस्कृतिक, सामाजिक और धार्मिक परिदृश्यों में अपना विशिष्ट महत्व रखते हैं।

– कृष्ण में जो लोक–स्मृति है उसमें सूरदास की लोक चेतना का ही विस्तार है।

– ब्रज भाषा के लोकांचली व्यवहार को सूरदास आत्मसात किए हुए थे इसलिए लोक

उनकी भाषा मीमांसा में अनेक तरह से ध्वनित होता है।

## 2.6 इकाई सारांश

सूर के काव्य में विचार तत्व को अनेक प्रसंगों में परिलक्षित किया जा सकता है। यद्यपि सूर की कविता का सर्वांग विचार प्रधान नहीं है, किन्तु जहां वे विचारों का समन्वय अपनी कविता में करते हैं– वहां वे समय, समाज की गतिविधियों से अनभिज्ञ नहीं रहते हैं। वे दार्शनिक क्षेत्र की अनेक प्रपत्तियों की पक्षधरता में मुखर होते है और जिनको वे पसंद नहीं करते हैं– उनका कड़ाई से खंडन भी करते हैं। वे ज्ञान और अहंकार को बर्दाश्त नहीं कर सकते हैं। जबकि उन्हें भक्ति की सहजता और सरलता प्रभावित करती है। अपने इसी दृष्टिकोण को वे उद्धव गोपी संवाद में स्थान देते हैं– और ज्ञान से भक्ति की श्रेष्ठता प्रतिपादित करते हैं। सूरदास का काव्य लोक संस्कृति के अनेक सरोकारों को अपने कलेवर में समेटे हैं– इसके विवेचन में उनके सामाजिक विचारों का प्रकटीकरण होता है। उनकी कविता लोक जीवन का संवदित करने में इसीलिए सक्षम है कि उन्होंने लोक जीवन को अपनी कविता से अनेक स्तरों पर प्रस्तुत किया है।

## 2.7 अपनी प्रगति जाँचिए।

1. विचार–तत्व से क्या तात्पर्य है?
2. सूर की भक्ति पद्धति पर विचार कीजिए?
2. सूरदास के प्रेम का क्या स्वरूप है?
4. 'उधौ विरहै प्रेम करै'। पंक्ति में सूरदास क्या कहना चाहते हैं?
5. सूर ने सगुण भक्ति को क्यों महत्व दिया? सतर्क उत्तर दें?
6. उद्धव को गोपियों ने आयो घोष बड़ो बेपारी, क्यों कहा? इसके माध्यम से वे क्या कहना चाहती हैं?
7. सूर के काव्य में लोक संस्कृति का कैसा स्वरूप मिलता है?
8. कृष्ण के प्रति गोपियों के प्रेम को विवेचित कीजिए?

## 2.8 नियत कार्य

1. उद्धव गोपी संवाद में से ऐसे दस पद छांटे जिनमें गोपियों द्वारा श्रीकृष्ण की लीलाओं की स्मृति अंकित है। इनकी व्याख्या करें।
2. अपने अंचल विशेष में लोक–संस्कृति के उन तत्वों को सूचीबद्ध करें, जिनका उल्लेख सूरदास ने अपनी कविता में किया है।
2. सूरदास ने उद्धव के चरित्र की अनेक विशेषताएं दी हैं– उनमें से उनके ज्ञानी पक्ष को पुष्ठ करने वाली विशेषताओं की सूची बनाइए।

## 2.9 चर्चा तथा स्पष्टीकरण बिन्दु

**चर्चा के बिन्दु**

..........................................................................................................................

..........................................................................................................................

..........................................................................................................................................

..........................................................................................................................................

..........................................................................................................................................

..........................................................................................................................................

..........................................................................................................................................

..........................................................................................................................................

..........................................................................................................................................

..........................................................................................................................................

**स्पष्टीकरण के बिन्दु**

..........................................................................................................................................

..........................................................................................................................................

..........................................................................................................................................

..........................................................................................................................................

..........................................................................................................................................

..........................................................................................................................................

..........................................................................................................................................

..........................................................................................................................................

..........................................................................................................................................

..........................................................................................................................................

..........................................................................................................................................

..........................................................................................................................................

..........................................................................................................................................

..........................................................................................................................................

..........................................................................................................................................

..........................................................................................................................................

..........................................................................................................................................

..........................................................................................................................................

..........................................................................................................................................

## 2.11 संदर्भ ग्रंथ

11. सूरदास–रामरतन भटनागर।

12. सूर और उनका साहित्य–डॉ. हरवंश लाल शर्मा

12. हिन्दी काव्य की भक्ति कालीन साधना–सत्य देव चतुर्वेदी

14. सूर साहित्य–डॉ. हजारी प्रसाद द्विवेदी

15. भारतीय साधना और सूर इतिहास–डॉ. मुंशीराम शर्मा

16. सूरदास–डॉ. ब्रजेश्वर वर्मा

17. हिन्दी साहित्य का साहित्य–सं.डॉ. नगेन्द्र

18. सूरदास – पंडित रामचन्द्र शुक्ल

19. महाकवि सूरदास–पंडित नन्द दुलारे वाजपेयी

20. सूरदास–डॉ. हरवंश लाल शर्मा

# इकाई–तीन

# सूर के काव्य का अभिव्यक्ति पक्ष

**इकाई प. रेखा**


3.11 उद्देश्य

3.12 प्रस्तावना

3.13 सूरदास के काव्य में कल्पना तत्व एवं अलकार विधान

3.14 सूरदास के काव्य में दृष्टिकूटक एवं वाग्वैदग्ध

3.15 सूरदास के काव्य की गीत शैली, संगीतात्मकता, छंद एवं भाषा

3.16 इकाई सारांश

3.17 अपनी प्रगति जाँचिए

3.18 नियत कार्य

3.19 चर्चा तथा स्पष्टीकरण के बिन्दु

3.20 संदर्भ ग्रन्थ


## 3.1 उद्देश्य

कवि के अभिव्यक्ति पक्ष से ही कविता के सौंदर्य का सम्यक परीक्षण होता है। कवि की कलात्मक अनुचेष्टाओं का प्रस्तुतीकरण अभिव्यक्ति के स्तर पर ही संभव हो पाता है। कहा तो यहां तक गया है कि अनुभूति और अभिव्यक्ति का अन्योन्याश्रित संबंध है– अनुभूति को अभिव्यक्ति स्पष्ट जरूर करती है किन्तु प्रत्येक अनुभूति अपने अनुकूल अभिव्यक्ति की संरचना लेकर आती है। यह भी स्पष्ट किया गया है कि अभिव्यक्ति ही वह तत्व है जिसके आधार पर अनुभूति को समझा जाता है। इस तरह से विचार करने पर काव्य में अभिव्यक्ति का स्थान महत्वपूर्ण है। अभिव्यक्ति को मात्र काव्य की बाह्य संरचना नहीं माना जा सकता है। अभिव्यक्ति रचनात्मकता की आंतरिक चेष्टाओं से उत्प्रेरित कलात्मक क्रियाशीलता है। अभिव्यक्ति के अंतर्गत कल्पना की सृजन चेष्टाओं के साथ अलंकारिक प्रवृत्तियों की कलात्मक संरचनाओं का अनुशीलन किया जाता है। भाषा का अभिव्यक्ति के स्तर पर सर्वाधिक महत्व है। भाषा ही वह तत्व है जिसके माध्यम से कोई भी रचना आविष्कृत होती है। अतः अभिव्यक्ति के अंतर्गत भाषिक शक्तियों का अनुशीलन रचना का व्यापक अन्वेषण भी है। मध्यकालीन कविता का अभिव्यक्त पक्ष, कलात्मक सम्पन्नता से प्रोद्भाषित है। प्रबंध विधान से लेकर गीत रचनाओं तक की काव्य–शैलियों का वैभव इसयुग में प्रकट होता है। गीत–रचना

का साहित्य में एक लंबा इतिहास रहा है। गीत को आदिम छंद माना जाता है। भक्तिकाल में गीत–रचनाएँ प्रायः प्रत्येक महत्वपूर्ण कवि ने की है। कविता के अभिव्यक्ति पक्ष के अध ययन के माध्यम से काव्य सृजन की तकनीक से छात्र परिचित होते हैं–वे रचना के कलात्मक स्वभाव के माध्यम से रचना का मूल्यांकन करके रचना के सौंदर्य को अनुभव करने की क्षमता अपने भीतर जागृत करते हैं। किसी कवि के अभिव्यक्ति पक्ष का अनुशीलन उस कवि की रचनात्मक शक्तियों की संप्रेषणीयता को भी प्रकट करता है।

भक्तिकाल के कवि सूरदास की कविता गीत शैली का अनूठा उदाहरण है। सूरदास ने मात्र गीतों में ही अपने कथ्य को अभिव्यक्ति किया है। कृष्ण लीला के अनुरूप पद–रचनाएं करके उन्होंने सिद्ध किया है कि बिना प्रबंध शैली के भी चरित्र और लीलाओं का गायन किया जा सकता है। सूरदास श्रीनाथ जी के मंदिर में कीर्तन करने वाले भक्त थे। अपने आराध्य की प्रत्येक लीला का गायन उन्होंने किया है। वे गायक और कवि इन दोनों कलाओं की प्रतिभा से मंडित कवि थे। उनके इस गुण के कारण उनकी कविता का कला पक्ष आकर्षक बन गया है।

## 3.2 प्रस्तावना

सूरदास के पास कल्पना की अद्भुत सामर्थ्य थी। उन्होंने अपने अंतः चक्षुओं से मनुष्य के बाह्य व्यवहारों, उसकी आंतरिक अनुभूतियों और उसकी मानसिकता के साथ प्रकृति की अंतःक्रियाओं का जीवंत अनुभव किया था। कल्पना की सृजनक्षम शक्तियाँ उनके पास थीं। इन शक्तियों का भरपूर इस्तेमाल उन्होंने किया है। सूरदास का अलंकार विधान उनकी कल्पना परक क्षमताओं का द्योतक है। उन्होंने अर्थालंकारों को विशेष रूप से अपने काव्य में स्थान द्रिया है। इन अलंकारों में रूपक, सांगरूपक, उपमा, उत्प्रेक्षा, अन्योक्ति आदि अलंकारों की संरचना में उन्होंने विशेष रुचि ली है। शब्दालंकारों में उन्होंने श्लेष यमक और अनुप्राश अलंकारों को महत्व दिया है। बिम्बों की प्रस्तुति में सूरदास ने अपने रचना कौशल को स्पष्ट किया है– अनेक इन्द्रिय ग्राह्य बिम्ब उन्होंने रचे हैं। सूरदास के काव्य में दृष्टिकूटकों की भरमार है। इन दृष्टिकूटकों में सूरदास की कलात्मक अभिव्यक्तियों का प्रदर्शन हुआ है। सूरदास का वाग्वैदग्ध काव्य में निहित व्यंजना शक्तियों को उजागर करने वाला है। उद्धव–गोपी संवाद के अंतर्गत उनकी वाग्वैदग्ध परक उक्तियों से परिचित होने का अवसर सुलभ होता है। उनकी वचन वक्रता एक ओर जहां पाठकीय मनोविनोद को प्रस्तुत करने वाली है– दूसरी ओर वह काव्य–मर्म को भी उद्घाटित करती है। सूर के काव्य में संगीतात्मकता की प्रवृत्ति है। वे स्वयं संगीत के मर्मज्ञ थे इसलिए उनके पदों में संगीत सहज ढ़ंग से प्रकट हुआ है– अनेक राग–रागिनियों में उन्होंने अपने पदों की रचना की है। सूरदास की काव्यभाषा में ब्रजभाषा ही सर्वत्र परिलक्षित होती है– एक तरह से ब्रजभाषा के साहित्यिक सौंदर्य को सूरदास ने ही उद्घाटित किया है। इन सभी बिन्दुओं पर प्रस्तुत

इकाई मे विस्तार से विवेचन संभव हुआ है।

## 3.3 सूरदास के काव्य में कल्पना तत्व एवं अलंकार विधान

सृजन व्यापार की केन्द्रीय शक्ति कल्पना है। कल्पना के अभाव में सृजन संभव नहीं है। कला के क्षेत्र में कल्पना की अपूर्व सामर्थ्य वस्तुओं को निरंतर नए–नए रूप–संवेदनों में ढ़ालती रहती है। कल्पना प्रतिभा की वह सृजनशील उर्वर चेतना शक्ति है जो उसे हर क्षण नव नवनवोन्मेषशालिनी बनाने में सहयोग करती है, प्रतिभा के वृहत सरोकारों में कल्पना का योगदान न केवल प्रतिभा को सक्रिय करने में है, बल्कि उसके अभिव्यक्तिकरण में उसके उपयुक्त फार्म को तलाशने में भी है। कल्पना में बुद्धि और भाव व्यक्ति के दोनों पक्षों का समावेश रहता है। बाह्य घटनाओं और वस्तुओं से की जाने वाली संवेदनात्मक प्रतिक्रियाएं जब व्यक्ति के मानस पटल पर बिम्बत होती है तब वे हूबहू अपने मूल जैसी ही प्रकट न होकर व्यक्ति के मानस संस्कारों में घुलकर एक नया ही स्वरूप संघान करती है। इस स्तर पर इन घटनाओं और वस्तुओं के गुणधर्म रूप–रंग कर्म चेष्टा आदि से साम्य भाव निर्धारित करने वाली दृश्य योजनाएं, जो कि व्यक्ति संस्कारों में पूर्व से ही संघटित है व्यक्ति के मानस पटल पर उभरने लगती है। इस सम्पूर्ण प्रक्रिया में कल्पना का समावेश रहता है। कल्पना भाव या विचार की सघन और शक्तिशाली उछाल को अभिव्यक्ति की छटपटाहट के समय ही अपने कब्जे में कर लेती है– फिर उसे रचनात्मक सौन्दर्य–बोध के तहत बिम्बात्मकता में ढालते हुए भाषिक शक्तियों को सौंप देती है। कल्पना के माध्यम से रचनात्मक क्षणों के भीतर जो एक रसायनिक प्रक्रिया चलती है उसमें भाव या विचार की ढ़लाई की सतत् कीमियागिरी चलती रहती है। बुद्धि, कल्पना के अतिरेकी आस्फालन में कांट–छांट करती हैं– एक तरह से कल्पना पर रचनाकार के विवेक की दृष्टि सदैव रहती है जो उसे नायाब शिल्प में ढालने के लिए कुछ–कुछ तराश करती रहती है। कल्पना का कार्य भाव के प्रभाव को बढाना है उसे अधिक सुग्राह्य बनाना है। आचार्य रामचंद्र शुक्ल ने इस ओर संकेत किया है किसी भावोद्रेक द्वारा परिचालित अंतर्वृत्ति जब उस भाव के पोषक स्वरूप प्रकट कर या काट–छांट कर सामने रखने लगती है, तब हम उसे सच्ची कवि कल्पना कह सकते हैं यौं ही सिर पच्ची करके बिना किसी भाव में मग्न हुए कुछ अनोखे रूप खड़े करना या कुछ को कुछ कहने लगना या तो बावलापन है– या दिमागी कसरत; सच्चे कवि की कल्पना नहीं। वास्तव में अतिरिक्त या वास्तव के स्थान पर जो रूप सामने लाए गए हों उनके संबंध में यह देखना चाहिए कि वे किसी भाव की उमंग में उस भाव को संभालने वाले या बढ़ाने वाले होकर आ खड़े हुए हैं या यों ही तमाशा दिखाने के लिए कुतुहल उत्पन्न करने के लिए जबरदस्ती पकड़ लाए गए हैं। यदि ऐसे रूपों की तह में उनके प्रवर्तक या प्रेषक भाव का पता लग जाए तो समझिये कि कवि के हृदय का पता लग गया और वे रूप हृदय–प्रेरित हुए कल्पना का शुद्ध सौन्दर्य आत्मा का सौन्दर्य है। इस स्तर पर

कल्पना अनुभूति और अभिव्यक्ति के बीच उपस्थित होने वाले भेद को समाप्त कर देती है। आधुनिक शब्दावली में कल्पना को फेन्टेसी का नाम दिया गया है। मुक्तिबोध ने रचना के जिन तीन क्षणों का उल्लेख किया है उनमें फेन्टेसी को वे अनुभूति और अभिव्यक्ति के बीच की है रचनात्मक शक्ति मानते हैं फेन्टेसी में यद्यपि अव्यवस्थित से बिम्ब उभरते है किन्तु उन्हें काव्य विवेक एक सम्यक रूप प्रदान करता है। कल्पना सदैव आनंद का स्रोत रहती है, समीक्षकों ने कल्पना को जीवन का आनंद तक कह दिया है। कविता में कल्पना का प्रयोग काव्यास्वाद के आनंद को बढ़ाने वाला होता हैं। काव्य के सौन्दर्य बोध को जागृत कराने में कल्पना की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। अभिव्यक्ति की ऊर्जा का सौन्दर्यात्मक प्रस्तुतीकरण कल्पना से संभव हो सकता है, इसलिए कल्पना का संबंध काव्य के अभिव्यक्ति पक्ष से अधिक है।

सूरदास की कविता में कल्पना की ऊर्जा का अवतरण उनकी अभिव्यक्ति प्रणाली को विलक्षणता प्रदान करने वाला है। सूरदास की सहृदयता को उनकी कविता में उनके काव्य विन्यास के माध्यम से भी अनुभव किया जा सकता है उन्होने अपने अंतर्जगत की वस्तुचेतना को वाह्य जगत के जिन इंद्रिय बोधों के सन्निकर्षों के रूप में प्रस्तुत किया है ये अनुभूति और अभिव्यक्ति के आंतरिक समाहार परक सौन्दर्य के ही उद्घाटक हैं। उनकी इसी विशेषता की और संकेत करते हुए आचार्य शुक्ल लिखते है कि जिसे निर्माण करने वाली सृष्टि खड़ी करने वाली– कल्पना कहते हैं उसकी पूर्णता किसी एक प्रस्तुत वस्तु के लिए कोई दूसरी अप्रस्तुत वस्तुओं की प्रायः कवि परम्परा में प्रसिद्ध हुआ करती है– रख देने में उतनी नहीं दिखाई पड़ती जितनी किसी एक पूर्व प्रसंग के मेल का कोई दूसरा प्रसंग, जिसमें अनेक प्राकृतिक वस्तुओं और व्यापारों की नवीन योजना रहती है– रखने में देखी जाती है। सूरदास ने कल्पना की इस पूर्णता का परिचय जगह–जगह दिया है; सूरदास अपनी अभिव्यक्ति के लिए मौलिक अप्रस्तुतों का प्रयोग करते हैं।कवि की सहृदयता भाव–उद्रेक की अतुलित सामर्थ्य की उत्स होती है। सहदयता हृदय की वह स्थिति है जिसमें स्पेस की विराट संभावना निहित हो। इसे शुक्ल जी ने हृदय की मुक्तावस्था कहा है, हृदय की इस अवस्था में भाव की ऊर्जा का उच्चतम बिन्दु पर विस्फोटित होना भी है, और इस विस्फोट को बाह्य सृष्टि से साम्य स्थापित करा कर अभिव्यक्ति प्रणाली के सौन्दर्य का उदघाटन भी इस में समाहित है। सूरदास ऐसे ही सहृदय कवि है। उनके हृदय गत स्पेस में अनंत सृष्टि व्यापारों के सौन्दर्य मूलक अभिप्राय उनकी अनुभूति के अनुकूल उदित होते रहते है। सूरदास अपनी अनुभूति को अभिव्यक्ति के स्तर तक लाते–लाते कल्पना की अनेक धमन भट्टियों से गुजार कर उसे एक दम नयी उजास से मंडित कर देते है। कल्पना की शक्ति केवल अप्रस्तुतों के समायोजन में ही नहीं प्रकट होती है बल्कि कल्पना प्रस्तुत और अप्रस्तुत के प्रसंग विधान के अंतर्गत मौलिक उदभावना के तंतु विधान में भी अपनी भूमिका का सर्वोत्तम प्रदान करती है। वियोग के अनुभव को अनेक तरह से अनेक कवियों

ने अनेक अभिव्यक्ति प्रणालियों में प्रकट किया है। सूरदास ने भी न जाने कितने ढंग से वियोग की भव्य– भूमियों को स्पष्ट किया है। वे परम्परा से हटकर अपनी अभिव्यक्ति प्रणाली की तलाश करने वाले कवि हैं, इसलिए अपनी कथन भंगिमाओं में वे स्वयं के दुहराव से बचते हैं और परम्परा से प्राप्त अभिव्यक्ति उपकरणों का इस्तेमाल करने से भी परहेज करते हैं। जहाँ उन्हें इस तरह के प्रयोग करने की जरूरत महसूस होती है वहाँ वे उसमें अपनी तरह से उलट फेर कर लेते हैं।

अधिकाशतः वे अपनीमौलिकता के प्रति प्रतिबद्ध कवि की तरह हर जगह सक्रिय रहते हैं। सूरदास ने विरह के प्रसंग में राधा की मनः स्थिति की अनेक भावुक प्रतिक्रियाएँ अपने पदों में प्रस्तुत की हैं। इन स्थितियों में सूर की कल्पना से प्रस्तुत दृश्य विधान एवं उनकी कल्पना के कौतुहली घटना संयोजनों का चमत्कार प्राप्त हुआ है। यह कोरा चमत्कार नहीं है, बल्कि इस दशा की गहरी अनुभूति की, तदनुकूल अभिव्यक्ति का चमत्कार है। विरहिणी की राधा को इतना तो अधिकार है कि वे स्वप्न में अपने प्रिय कृष्ण से मिल सकती हैं। अखिर स्वप्नों पर अभी तक प्रतिबंध तो नहीं लगा है। राधा के सपने में कृष्ण आते हैं। वे मुस्कुराते हुए आए उन्होंने राधा का हाथ पकड़ लिया। न केवल प्रसन्न दर्शन हुए बल्कि स्पर्श का सुख भी मिला और उनका अनुग्रह भी उनकी अनुकूलता भी अभी उनसे मिलने का यह संयोग जुड़ा ही था कि नींद उचट गई। जिस तरह स्वप्न का स्वायत्त लोक है– उसी तरह नींद भी तो स्वायत्त है। नींद के उचट जाने से राधा, कृष्ण के संयोग सुख से वंचित हो गई। नींद में संयोग की कल्पना को और नींद समाप्त होने पर विरह की भावना को सूरदास ने चकवा और चकवी के माध्यम से व्यक्त किया है– जैसे चकवी जल में अपना ही प्रतिबिम्ब देखकर अपने प्रिय चकवा का अनुमान लगाकर उससे मिलन का आनंद लेती है, किन्तु पवन का झकौरा जल में कंपन उत्पन्न कर देता है और जल में दिखने वाला प्रतिबिम्ब मिट जाता है। इस कल्पना के लिए आचार्य शुक्ल लिखते है स्वप्न में अपने ही मानस में किसी का रूप देखने और जल में अपना ही प्रतिबिम्ब देखने का कैसा गूढ़ और सुंदर साम्य है। इसके उपरांत पवन द्वारा प्रशांत जल के हिल जाने से छाया का मिट जाना कैसा भूत व्यापी व्यापार स्वप्न भंग के मेल में लाया गया है।

सूरदास का वैशिष्टय उनके सांग रूपकों में सर्वोपरि है। मध्यकालीन कवियों की सांग रूपक संरचनाओं में सूर की संरचनाएँ इसलिए विशिष्ट है कि एक पद में ही संपूर्ण कार्य व्यापार और अंग–उपांग विवेचन को समानता पूर्वक पूर्वापर क्रम के संदर्भ में प्रस्तुत करने की कलात्मक क्षमता इनमें विद्यमान है। यह कलात्मक क्षमता कल्पना की उर्वर और सृजनक्षम शक्ति से ही संभव है। जायसी और तुलसी जैसे कवियों के पास महाकाव्यात्मक फलक था। उन्हें अपने सांग रूपकों के लिये विस्तृत अवकाश उपलब्ध था। वे अपनी प्रस्थापना वस्तु के फैलाव में अनेक विधानों का समावेश सहज ही कर सकते थे। इन कवियों

ने अपनी कल्पनाशक्ति के संयत किंतु सूक्ष्मावलोकी स्वभाव को विस्तार देने में अपनी विवेक सम्मत योजना पद्धतियों का इस्तेमाल किया है। सूरदास की कल्पना को रूपक रचने के लिए इनकी अपेक्षा कम स्पेस था, किंतु उन्होंने अपनी रूपक संरचनाओं में अद्भुत प्रतिभा का परिचय दिया है। एकदम मौलिक और संगत रूप से विषय वस्तु का विकास एवं उसका आनुषंगी संसार सूर के कल्पना विधान का ही नहीं उनकी कवित्व शक्ति की उदात्त स्थितियों का परिचायक है। सूरदास अपने अधिकांश पदों में ऐसी संरचनाएं प्रस्तुत करते हैं। राधिका के विरह को सूरदास ने नदी की बाढ़ में तब्दील कर दिया। यह नदी मात्र नेत्रों के माध्यम से अभिव्यक्त होती है। कृष्ण के विरह में राधिका के नेत्रों से नदी बह रही है। बह ही नहीं रही, उसमें बाढ़ आ गई है। नदी के दोनों किनारों को उसने दबा लिया है। पुतली की नौका अचल हो गई हैं। पलकों की ताकत समाप्त हो गई है। ऊर्ध्व उच्छ्वास की तेज हवा ने तरंगों को तेज कर दिया है। भृकुटि के ऊपर लगाए गए तिलक के वृक्षों को इस बाढ़ ने तोड़ दिया है। काजल के कीचड़ ने किनारों को दलदल में बदल दिया है। हाथ, पाँव मुख और मुख की वाणी जैसे पथिक स्थिर हो गये हैं। इस बाढ़ में केवल राधिका ही नहीं समुचा गोकुल डूब रहा है। कृष्ण के दर्शन मात्र से ही यह बाढ़ उतर सकती है। यह बाढ़ केवल बाह्य परिस्थितियों को ही उजागर नहीं करती है, बल्कि आंतरिक मनः स्थितियों को प्रकट करने में भी समर्थ है। लगातार विरह में आंसू बहना एक स्वाभाविक प्रक्रिया है। लगाातार पानी बरसेगा तो नदी में बाढ़ होना भी एकदम सहज है। विरह की उच्चतम स्थितियों में लोक की कानि और लाज समाप्त हो जाती है। इसलिए निमिष के कूल डूबना केवल बाह्य स्थिति नहीं है। यह राधा की निस्संकोच वृत्ति भी है। पुतलियां अचल है, इसलिए किसी और पर ध्यान लगाना किसी और को देखना भी असंभव है। उच्छ्वासों में आँसुओं की तरंगों का बढ़ना रुदन की आवृत्तियों का बढ़ना है। तिलक रूपी वृक्षों का ढ़ह जाना, शरीर के बाह्य प्रसाधनों से तन का अनासक्त हो जाना, काजल का आँख के कोये से कपोलों तक बह आना, विरूपित हो जाना और वाणी के अवरुद्ध होने के साथ–साथ गति और क्रिया हीन होने की संगति ही 'थकि हस्त चरन मुख–बोल' से व्यक्त होती है। यह केवल राधा की आत्म–व्यंजना नहीं है– यह संपूर्ण गोकुल की बाढ़ का दृश्य है। सूरदास के सांग रूपकों में मात्र दृश्य साम्य नहीं है– उसमें अर्थ की गहराईयों में अनेकार्थी काव्य– बिम्ब को पाने की चेष्टा भी है– यह चेष्टा कल्पना की शक्ति के बिना असंभव है।

**तुम्हारे विरह ब्रजनाथ राधिका नैननि नदी बढ़ी।**
**लीने जात निमेष कूल दोऊ ऐते मान चढ़ी।**
**चलि न सकत गोलक नौका लौं सींव पलक बल बोरति।**
**ऊर्ध्व उसास समीर तरंगनि तेज तिलक तरु तोरति।**
**कज्जल कीच कुचील किए तट अंबर अधर कपोल।**

**रहे पथिक जु जहाँ सु तहाँ थकि हस्त चरन मुख बोल।**
**नांही और उपाय रमापति बिनु दरसन क्यों जीजै।**
**आँसू सलिल बूड़त सब गोकुल सूर स्वकर गहि लीजै।**

अलंकार विधान में सूरदास अप्रतिम हैं। उनके वर्ण्य विषय में यद्यपि बहुलता का उतना समावेश नहीं है, जितना आदि काल के अन्य कवियों के यहाँ है। जीवन के विस्तृत क्षेत्रों की अनेक विषय वस्तुओं का यह सीमित परिदृश्य सूर के काव्य की मनोदशा को कम नहीं करता है। सूर का अलंकार विधान उनके वर्ण्य विषय को अनेक छटायें प्रदान करता है। अलंकार विधान में कल्पना का अपना महत्वपूर्ण योगदान होता है– एक तरह से अलंकरों का सृजन, कल्पना की तीव्र शक्ति के माध्यम से ही संभव होता है विषय वस्तु के साथ तादात्म्य करने की सामर्थ्य कल्पना में ही होती है। आचार्यों ने जहाँ कहा है कि अलंकार काव्य में तिल तंदुलवत नहीं आना चाहिए, वे अंगदादिवत ही आयें। वहाँ वे कवि की कल्पना शाक्ति का ही परिचय प्रदान कर रहे थे। रचना में अलंकार, कल्पना की नितांत विधायिनी शाक्ति से ही अंगदादिवत आते है। अलंकार कवि मानस के दिग्दर्शन में भी सक्षम होते हैं– एक तरह से अलंकरों का काव्य में प्रयोग कवि के मनोविज्ञान का प्रदर्शन भी है। सूरदास के मानस को स्पष्ट करने में उनके अलंकारों का अध्ययन महत्वपूर्ण है। सूरदास के सौन्दर्य बोध की सीमा नहीं है वे अपनी अलंकार संरचनाओं में सृष्टि की व्यापकता को समेटे हैं। यही वजह है कि अपने काव्य में वे कास्मिक हो उठते हैं। जल थल और अंतरिक्ष का उपयोग वे अपनी काव्याभिव्यक्ति में करते है। आचार्य रामचंद्र शुक्ल ने उनकी अलंकार परक इस विशेषता का उल्लेख करते हुए लिखा है," विभाव पक्ष के अंतर्गत भी वस्तुएं दो रूपों में लाई जाती हैं। वस्तु रूप में और अलंकार रूप में अर्थात प्रस्तुत रूप में और अप्रस्तुत रूप में मान लीजिए कि कोई कवि कृष्ण का वर्णन कर रहा है। पहले वह कृष्ण के श्याम या नीलवर्ण शरीर को उस पर पड़े पीतांबर को त्रिभंगी मुद्रा को; स्मित आनन को हाथ में ली हुई मुरली को सिर के कुंचित केश और मोर मुकुट आदि को सामने रखता यह विन्यास वस्तु रूप हुआ। इसी प्रकार का विन्यास यमुना तट निकुंज की लहराती लताओं चन्द्रिका कोकिल कूजन आदि का होगा। इनके साथ ही यदि कृष्ण की शोभा वर्णन में घन और दामिनी, सनाल कमल आदि उपमान के रूप में वह लाता है, तो यह विन्यास अलंकार रूप में होगा। वर्ण्य विषय की परिमिति के कारण वस्तु विन्यास का जो संकोच सूर की रचना में दिखाई पड़ता है उसकी बहुत कुछ कसर अलंकार रूप में लाये हुए पदार्थो के प्राचुर्य द्वारा पूरी हो जाती है। कहने का तात्पर्य यह कि प्रस्तुत रूप में लाए हुए पदार्थो की संख्या सूर में कम पर अलंकार रूप में लाए हुए पदार्थो की संख्या बहुत अधिक है। यह दूसरे प्रकार की (आलंकारिक) रूप योजना या व्यापार योजना किसी और (प्रस्तुत) रूप के प्रभाव को बढ़ाने के लिए ही होती हैं, अतः इसमें लाए हुए रूप या व्यापार ऐसे होने चाहिए जो प्रभाव में उन

प्रस्तुत रूपों या व्यापार के समान हों। सूर अपनी अलंकार योजना के लिए अधिकतर ऐसे ही पदार्थ लाये हैं। अलंकारों के अपने प्रयोग में सूरदास एकदम खुले हुए हैं। इस संदर्भ में वे उदार दृष्टि वाले हैं। प्रकृति के नाना विधानों, रंग–रूपों क्रिया व्यवहारों के वे दृष्टा है। इनका कलात्मक प्रयोग करना वे जानते हैं। वे शब्दालंकारों और अर्थालंकारों के सुधी प्रयोक्ता है। शब्दालंकारों की अपेक्षा उन्होंने अर्थालंकारों को महत्व दिया है। अर्थालंकारों के लिए वे अपनी– अंतस् चेतना का प्रयोग बखूबी करते हैं। अर्थालंकारों में दृश्य विधान के अंतर्गत रूप सादृश्य, चेष्टा सादृश्य, प्रभावान्विति सादृश्य आदि का ध्यान रखा जाता है। सूरदास ने इन सभी साम्यावस्थाओं और सादृश्यों का समानुपातिक तथा कलात्मक संयोजन करते हुए अपनी अलंकार संरचनाएँ प्रस्तुत की हैं। इन संरचनाओं से स्पष्ट होता है कि सूरदास को बिम्बात्मक अनुभूतियों की नैसर्गिक प्रतिभा प्राप्त थी। वे रंगों–रूपों –रेखाओं और वस्तु स्वभावों के अद्भुत चितेरे थे। एक चित्रकार की तरह वे अपनी कलात्मक अनुचेष्टाओं का प्रयोग अपनी कविता में करते हैं। कल्पना की कांट–छांट करने वाली कला विवेकी अंतर्दृष्टि उनके पास थी। उन्होंने अपने पूर्ववर्ती कवियों का अनुसरण इस तरह की कलात्मक अनुचेष्टाओं में गाहे–बगाहे जरूर किया है, किन्तु अधिकांशतः वे अपनी मौलिक संरचनाएँ ही अपने अलंकारों में प्रस्तुत करना पसंद करते हैं, ऐसा करके वे अपनी कविता शक्ति का परिचय देते हैं। अलंकार में उपमा, रूपक, उत्प्रेक्षा जैसे सादृश्य मूलक अलंकारों की संरचनाओं मैं सूरदास की मौलिक दृष्टि के दर्शन अधिकांश स्थलों पर किए जा सकते हैं। आचार्य शुक्ल ने सूर के इन अलंकारों की चर्चा करते हुए लिखा है कि– अर्थालंकारों की अलबत्ता पूर्ण प्रचुरता है, विशेषतः उपमा,रूपक, उत्प्रेक्षा आदि सादृश्य मूलक अलंकारों की, यद्यपि उपमान अधिकतर साहित्य प्रसिद्ध और परम्परागत ही है, पर स्वकल्पित नए–नए उपमानों की कमी नहीं है। कहीं–कहीं तो जो प्रसिद्ध उपमान भी लिए गये हैं, वे प्रसंग के बीच बड़ी ही अनूठी उद्भावना के साथ बैठाये गये हैं, स्फटिक के आँगन में बालक कृष्ण घुटनों के बल चल रहे हैं और उनके हाथ पैर का प्रतिबिम्ब पड़ता चलता हैं। इस पर कवि की उत्प्रेक्षा देखिये।

**फटिक भूमि पर कर पग छाया, यह शोभा अति राजति।**
**करि करि प्रति पद प्रति मनि बसुधा कमल बैठकी साजति।।**

सूरदास की कल्पना प्रतिभा का यहाँ चमत्कारी स्वरूप व्यक्त होता है। एक सामान्य सादृश्य इस प्रसंग में यह है कि बाल कृष्ण घुटनों के बल चमकदार स्वच्छ स्फटिक से निर्मित आँगन के फर्स पर चल रहे हैं। हथेलियों और दोनों पांवों के तलवों का बिम्ब फर्स पर निर्मित हो रहा है। हाथ और पॉवों की लालिमा से निर्मित प्रतिबिम्ब खिले हुए कमल पुष्प जैसे हैं। ये कमल पुष्प ऊर्ध्वमुखी हैं। हथेलियां और पॉव तो उलटे ही फर्स पर पड़ रहे हैं लेकिन इनका जो प्रतिबिम्ब बन रहा है वह सीधे कमल पुष्प का है। यहाँ तक तो सूरदास

एक सामान्य सी कल्पना से ही विमर्श कर रहे हैं, किन्तु जब वे यह कहते हैं कि ये कमल पुष्प श्रेणियाँ ऐसी लगती है कि जैसे पृथ्वी ने बालकृष्ण के लिए उनकी गरिमा और उनकी नर्म छवि के अनुकूल कमल पुष्पों की आसन ही निर्मित कर दी है। यह जो अग्रिम कल्पना विधान है यही उन्हें अन्य कवियों से अलग कर देता है। तुलसीदास जैसे कवि करकंज, पगकंज कहकर राम के हाथों और पॉवों की शोभा का वर्णन करते हैं किन्तु सूरदास की उर्वर कल्पना नए–नए बिम्ब वैभवों की निर्मित करती रहती है। वे कविता को गूढ़तम दृश्यों कीतलहटी तक ले जाकर उसे हृदय संवेद्य बनाने में सक्षम कवि हैं। सूर की उपमाओं के संदर्भ में आचार्य शुक्ल ने अपनी एक प्रतिकूल टिप्पणी दी है वे लिखते हैं कि अंग–शोभा और वेशभूषा आदि के वर्णन में सूर को उमपा देने की झक सी चढ़ जाती है, और वे उपमा पर उपमा और उत्प्रेक्षा पर उत्प्रेक्षा कहते चले जाते हैं। झक में कभी–कभी परिमिति या मर्यादा का विचार नहीं रह जाता। इस टिप्पणी के लिए उन्होंने एक उदाहरण प्रमाण स्वरूप प्रस्तुत किया है–

**"हरि कर राजत माखन रोटी,**
**मनौ बराह भूधर सह पृथ्वी धरी दसन की कोटी।"**.

कृष्ण के हाथ में माखन रोटी ऐसी शोभा दे रही है जैसे वाराह भगवान ने अपने दाँतों के ऊपर पर्वत सहित पृथ्वी धर ली हो। वे इस उत्प्रेक्षा में परिमिति गत न्याय नहीं देखते हैं। कहते हैं कहाँ माखन लगी हुई छोटी–सी रोटी और कहाँ गोल पृथ्वी!

कृष्ण सूरदास के लिए समान्य आचरण करने वाले बालक भी हैं और ईश्वर के अवतार भी हैं। इसलिए इन दोनों के बीच साम्य और सादृश्य को स्थापित करने के लिए यदि उन्होंने यह उपमा चुनी है, तो गलत नहीं है। रोटी पर माखन चुपड़ा नहीं गया है उसका लौंदा रोटी पर रखा है। रोटी गोल तथा लैट है– वाराह की दाढ पर रखी पृथ्वी एक तरफ से लैट ही दिखेगी और उसके पहाड़ उठे हुए। सूरदास की उपमायें, ब्रम्हाण्डीय उपमाएँ हैं। वे अणोरणीयान महतो महीयान के दर्शन को भी स्पष्ट करना चाहते हैं, इसलिए सूर की उपमाएँ सूर की झक से नहीं निकली हैं। वे सूर की विराट कल्पना का ही एक हिस्सा बनकर आई हैं। यह सूर की काव्य चेतना का ही विस्तारी स्वभाव है, सूर की उपमाएँ अनर्गल और असामंजस्यपूर्ण नहीं हैं। बल्कि वे एक गहन रहस्यात्मकता का सृजन ही इस माध्यम से कर रहे थे। ठीक उसी तरह से जैसे जायसी अपनी उपमाओं में विस्तार के रहस्य दर्शन को पिरोते हैं। पद्मावती जब जूड़ा खोलकर अपनी केश राशि को छिटकाती है तब समस्त दृष्टि अंधकार से आच्छादित हो उठती है। अपने अनेक पदों में सूरदास ने इस तरह के रहस्यभाव को अपनी उपमाओं के साथ अभिव्यक्त किया है। कृष्ण ने दधि के मंथन के अवसर पर मथानी अपने हाथ में पकड़ ली है। अड़ते हुए उन्होंने दधि की मटकी भी पकड़ ली है। कृष्ण के इस बालहठ को देखकर सूरदास एक व्यापक और विस्तृत दृश्य खड़ाकर

देते हैं। उन्हें समुद्र मंथन का दृश्य याद आ जाता है, वे इस प्रसंग को आलंकारिक रूप दे देते हैं। उनकी उपमा यहाँ एकदम सादृश्य उपस्थित न करते हुए वस्तु परिगत मूलक स्वभाव में व्यक्तिक्रम करके चमत्कार रचते हैं– यह उपमा का चमत्कार है–

**मथत दधि मथनी टेकि रह्यो।**
**आरि करत मटकी गहि मोहन वासुकि संभु डर्‍यो।**
**मंदर डरत, सिंधु पुनि कांपत, फिरि जनि मथन करै।**
**प्रलय होय जनि गहे मथानी प्रभु मर्याद टरै।।**

कृष्ण ने भले ही मथानी हठवश पकड़ी हो , किन्तु इस क्रिया से वासुकि नाग सुमेरू पर्वत और समुद्र कांप गये। क्या फिर से समुद्र मंथन दुहराया जायेगा? सूरदास ने कृष्ण केन्द्रित दृष्टि को सीमित नहीं रहने दिया है, कृष्ण को वे विराट भाव में ही प्रस्तुत करते हैं, इसलिए वे उपमेय को छोटा नहीं रहने देते हैं– उपमान के सहारे वे उसे विराट बना देना चाहते हैं। यह एक तरह की रहस्यात्मकता भी है, जिसमें सूक्ष्म के भीतर ही विराट की छाया परिलक्षित होती है। यहाँ यह ध्यातव्य है कि सूरदास अपनी उपमाओं को दुरुह भटकाव में नहीं ले जाते हैं। उनका मंतव्य वहां साफ और स्पष्ट ही रहता है। अर्थालंकारों के कुछ उदाहरण यहाँ दृष्टव्य हैं–

**सांग रूपक–**

अब हौं नाच्यौ बहुत गुपाल।
काम क्रोध कौ पहिर चोलना कंठ विषय की माल।
महामोह के नूपुर बाजत निंदा सबद रसाल।।

**उत्प्रेक्षा–**

लखियत कालिंदी अति कारी।
कहियो पथिक जाय हरि सौं ज्यों भयी विरह जुरजारी।
मनु पलिका पै परि धरनी धसि तंरग तलफ तनु भारी।
तट बारु उपचार चूरमनो स्वेद प्रवाह पनारी।।

**प्रतीप–**

देखि री हरि के चंचल नैन।
राजिव वदन इंदीवर सतदल कमल कुसेसय जात।।
निसि मुदित प्रातः वे विकसित ये विकसित दिनरात।।

शब्दालंकार के अंतर्गत सूरदास के प्रिय श्लेष और यमक अलंकार हैं। वैसे तो उनके पदों में अनुप्रास भी खूब आते हैं। अनुप्रास जहाँ मन की सहजता और उसके विस्तार के साथ

गतिशील होते हैं, वहीं श्लेष और यमक बौद्धिक संश्लेष की आतुरता से प्रकट होते हैं। सूर की कविता में मन और बुद्धि की दशा को उनके शब्दालंकार प्रकट करते हैं। कुछ उदाहरण दृष्टव्य हैं–

**यमक–** सारंग समकर नीक–नीक सम सारंग सरस बखानै।
सारंग बस मय, भय सम सारंग, सारंग विषमै मानै।।

**श्लेष–** कत मो सुमन सों लपटपि।
समुझि मधुकर परत नाँहीं मोहि तोरी बात।

**बोध बिन्दु**

1. कल्पना सदैव आनंद का स्रोत है।
2. सूर का काव्य सौंदर्य सूर की अद्‌भुत कल्पना पर आधारित है।
3. सूर की अर्थालंकार के प्रति विशेष रुचि थी।

## 3.4 सूरदास के काव्य में दृष्टिकूटकं एवं वैदग्ध

दृष्टिकूट काव्य में गोपनीयता और दुरुहता का भाव सन्निहित रहता है। 'कूट' शब्द का अर्थ पहाड़ हो चाहे छल कपट दोनों से तात्पर्य यही निकलता है कि ये क्लिष्टता और गोपन से संबंधित हैं। दृष्टिकूट काव्य का इस तरह अर्थ हुआ अर्थ क्लिष्ट काव्य! काव्य में इस प्रवृत्ति के लिए कवि की पांडित्य प्रदर्शन वृत्ति के रूप में स्वीकार किया जाता है, किन्तु इसके पीछे कवि की खिलंदड़ प्रवृत्ति भी मानी जा सकती है। आखिरकार कवि शब्द क्रीड़ा में रत रहने वाला कौतुकी ऐन्द्रजालिक भी तो होता है– चमत्कार को कविता में अनेक तरह से प्रकट किया जा सकता है उसमें से एक प्रकार दृष्टिकूटक भी है। साहित्य में यह प्रवृत्ति आम फहम रही है और लोकप्रिय भी रही है। कूट काव्य की परम्परा भारत में सुदीर्घ काल से प्रचलित है। अनेक कवियों ने गूढ़ विषयों को रहस्यात्मक भाषा में प्रकट किया है। विशेष रूप से प्राकृत और अपभ्रंशकाल में इसके समुचित प्रसंग प्राप्त होते हैं। इसके पूर्व संस्कृत काव्य परम्परा में भी इस तरह की रचनाओं के लिए कवियों ने अवकाश निकाल लिया है। ऋग्वेद की प्रतीक शैली में रची गई ऋचाओं हों या उपनिषदों की प्रतीक कथाएँ हों। संस्कृत के नैषध काव्य तक इसकी छटा दिखाई देती है।

हिन्दी साहित्य में सिद्धों और नाथ पंथियों के काव्य में इसका खूब प्रचलन रहा है ये अपने गुह्य विचारों और भावों को आमजन से छिपाना चाहते थे इसलिए इन्होंने अपने काव्य के लिए कुछ खास प्रतीक निर्मित कर लिए थे। 'रासो' काव्य में यदा–कदा चंदवरदायी ने भी इस परम्परा का निर्वाह किया है। विद्यापति और जायसी ने भी कूट–पद रचानाएँ की हैं। कबीरदास ने बहुलता से इस तरह की कविता रची है। कबीरदास के संदर्भ में इस तरह की कविता कुछ निजी अनुभवों का प्रकाशन करने वाली बन गई है। कबीर की ऐसी

कविताओं की भाषा को ही एक अलग नाम दे दिया गया है। इसे 'संझा भाखा' कहा गया है। एक ऐसी भाषा जिसमें विषयवस्तु की झलक तो दिखाई देती है किन्तु वह गोंपनीय अधिक रहती है। इस रूप में दृष्टिकूट पदों का एक उद्देश्य यह भी है कि इसमें अनुभवों की गोपनीयता का भाव निहित है। सूरदास ने न तो पांडित्य प्रदर्शन के लिए दृष्टिकूट पदों की रचना की है और न ही अनुभवों की गोपनीयता के लिए बल्कि अपनी शब्द क्रीड़ा परक स्वभावगत विशेषता के कारण ही उन्होंने दृष्टिकूट पदों की रचना की है। हिन्दी काव्य साहित्य में दृष्टिकूट पदों की सर्वाधिक रचना सूरदास ने ही की है। सूर को वचन–रचना की चतुराई और शब्दों की क्रीड़ा का पूरा शौक था। बीच–बीच में आए हुए कूट पद इस बात के प्रमाण हैं जिनमें या तो अनेकार्थवाची शब्दों को लेकर या किसी एक वस्तु को सूचित करने के लिए अनेक शब्दों की लंबी कड़ी जोडकर किया है। सूर की प्रकृति कुछ क्रीड़ाशील थी। उन्हें कुछ खेल तमाशे का भी शौक था। लीला पुरुषोत्तम कवि में यह विशेषता होनी ही चाहिये। सूरदास अपनी अभिव्यक्ति प्रणाली में कला विनोद के लिए भी अवसर सुलभ कर लेते हैं। कविता का एक उद्देश्य जन रंजन भी है। जनरंजन का दायित्व कविता की अभिव्यक्ति प्रणाली पर भी है। जनरंजन का एक तात्पर्य यह भी है कि कवि अपनी रचना में बौद्धिक विनोद के लिए भी अपने पाठकों को अवसर प्रंदान कर रहा है। सूरदास ने अपने पदों में इस तरह का अवसर दृष्टिकूट पदों के माध्यम से प्रस्तुत किया है।

सूरदास ने दृष्टिकूट पदों को अपनी वर्णन प्रणाली का आधार बनाया है। वे अनेक प्रसंगों में इस प्रणाली का प्रयोग करते हैं। राधा–कृष्ण के रूप वर्णन में रचे गये उनके दृष्टिकूट पद पर्याप्त संख्या में प्राप्त होते हैं। इस तरह के पदों में वे राधा–कृष्ण के रूपात्मक चित्रण ही नहीं करते हैं बल्कि उनकी अनेक भंगिमाओं, मुद्राओं और विलास क्रीड़ाओं का भी वर्णन करते हैं। अनेक कथात्मक प्रसंगों और विरह जैसी अनुभूति को प्रकट करने के लिए उन्होंने इस अभिव्यक्ति प्रणाली का सहारा लिया है। सामान्यतः सूरदास ने दृष्टिकूटों में कथात्मकता, आलंकारिता, ध्वनि परिवर्तनशीलता, दूरस्थ वर्णनात्मकता और संख्यात्मकता के हेतुओं को अभिव्यक्त किया है। कथा आधारित दृष्टिकूटकों में किसी ऐतिहासिक कथानक को आधार बनाया गया है या फिर लोक प्रचलित दंत कथाओं को इस हेतु चयनित किया गया है। इस तरह कें वर्णन में यद्यपि दूरारूढ़ कल्पना का महत्व है, किन्तु बौद्धिक व्यायाम भी इन पदों में खूब हैं। एक पद में राधा कुंज में बैठी कृष्ण की ओर निहार रही हैं। इसी बीच पवन के झकोरे उठने लगते हैं और राधा दुखी हो जाती हैं। पद इस प्रकार है–

**बैठी आजु कुंजनु ओर।**
**तकत है वृषभानु नंदनि बलित नंदकिशोर।**
**भानुसुत हित शत्रु पितु लागत उठत दुख दोर।।**

उपर्युक्त पद में पवन को सीधे–सीधे न व्यक्त करके महाभारत के कथानक से परम्परागत संबंधों की लंबी कड़ी उठाकर पवन के अर्थ को व्यक्त किया गया है। इसमें भानुसुत का तात्पर्य है कर्ण और कर्ण का हितु है दुर्योधन। दुर्योधन का शत्रु है भीम और भीम का पिता है पवन। पवन को जानने के लिए महाभारत के इन चरित्रों के विषय में जानना जरूरी है। ऐसे ही एक पद में वे यमुना को व्यक्त करने के लिए जल,कमल, सूर्य आदि का स्मरण इनके संबंधों के आधार पर करते हैं और अंततः निष्कर्ष रूप में यमुना को उपलब्ध करते हैं।

**"सारंग–सुत–पति–तनया के तट ढाढ़े नंदकुमार।**
**बहुत तपत जा रासि में सविता ता तनया संग करत बिहार।।"**

यहाँ सारंग का अर्थ जल है सारंग के सुत का अर्थ कमल कमल का पति सूर्य और सूर्य की पुत्री यमुना, यमुना के किनारे कृष्ण खड़े हैं। 'बहुत तपत जा रासि में सविता' का तात्पर्य है जिस राशि में सूर्य बहुत तपता है अर्थात् वृष राशि। भूषण ने अपनी कविता में वृष–राशि के सूर्य की तपन का उल्लेख किया है। 'वृष को तरनि तेज'। वृषभानु की तनया अर्थात् राधा। अब अर्थ हस्तगत हुआ कृष्ण और राधा यमुना के किनारे बिहार कर रहे हैं। रूपकातिशयोक्ति अलंकार के अतंर्गत कृष्ण के रूप का वर्णन करते हुए सूरदास कहते हैं–

**गृह ते चली गोपि कुमार।**
**खरक ठाढ़ौ देख अद्‌भुत एक अनुपम मार।।**
**कमल ऊपर सरल कदली कदलि पर मृगराज।**
**मध ससी के मीन ख्रेलत रूपकांत सुजुक्ति।**
**सूर सखि भई मुदित सुंदर करत आछी उक्ति।।**

इस पद में कृष्ण की रूप राशि का वर्णन विभिन्न उपमानों के माध्यम से किया गया है, किन्तु इसमें उपमानों के क्रम को एक विशेष दशा में स्थापित करके चमत्कार उत्पन्न किया गया है। यह चमत्कार कूट रचना जैसा है। कमल पर कदली, कदली पर सिंह, सिंह पर दो सर्प सर्प पर चन्द्रमा, चन्द्रमा के बीच मछलियाँ हैं, जो क्रमशः चरण जंघा कटि भुजा मुख और नेत्रों के उपमान हैं। यद्यपि ये उपमान परम्परागत हैं किन्तु इन्हें इस तरह के क्रम में स्थापित करना सूर की मौलिक कूट रचना है। कूट पद रचना में ध्वनि साम्य के संदर्भ में भी चमत्कार की सृष्टि संभव होती है। सूरदास ने इस तरह के कूटकों की रचना की है–

**काहे को मम सदन सिधारो।**
**ब्रजभूषन बलि जाऊँ तिहारी तुम ब्रज जीवन जग अधियारो।।**
**ग्रह नक्षत्र है वेद जासु घर कहा सारंग सम्हारो।**
**गिरिजा पति भूषन जिन देखे ते का देखत है नभतारो।।**

नायिका, नायक कृष्ण से कह रही हैं कि आप ब्रज–जीवन और विश्व में प्रकाश करने वाले हैं। आप मेरे पास कैसे आएँगे। इस पद में ग्रहों की संख्या नौ है नक्षत्रों की संख्या सत्ताइस और वेद की संख्या चार इन तीनों संख्याओं का जोड़ चालीस होता है। सूरकालीन भारमापक इकाई के रूप में मन का प्रचलन था। एक मन चालीस सेर के वजन का रहता था। यह चालीस संख्या सेर की संख्या है इससे मन का बोध प्रकट होता है। मन शब्द से सूर ने मणि श्शब्द ग्रहण कर लिया। निहितार्थ के रूप में व्यक्त हुआ कि जिसके घर में मणि हो, वह सारंग अर्थात् दीपक लेकर क्या करेगा। इस तरह के ध्वनि साम्य गत उदाहरण सूर के काव्य में पर्याप्त हैं। एक पद में गोपियाँ कहती हैं कि कृष्ण जब से मथुरा गए हैं तब से कोई उनके लौटने की बात नहीं कर रहा है। एक पक्ष में अर्थात् पन्द्रह दिनों में लौटने की बात कृष्ण कह गए थे किन्तु एक महिना गुजर गया। वे नहीं लौटे– इस कथन को सूरदास ने मंदर अरध अवधि हरि कर गये हरि चलि अहार जात' है के माध्यम से व्यक्त किया है। मंदर का अर्थ है घर! घर को दो भागों में बांटने वाली दीवार को पाख कहा जाता है। अवधि के संदर्भ में पाख का अर्थ है– एक पक्ष! एक पक्ष का तात्पर्य है पंद्रह दिन। कृष्ण पंद्रह दिन में लौटने की बात कह गए थे किन्तु हरि अहार अर्थात् सिंह का भोजन मांस–एक मास बीत गया। इसी पद में वे कहते हैं मघ पंचक ले गए सावरों आय बनी बात।' नक्षण–गणना में मघा से पांचवा नक्षत्र है चित्रा! यहां चित्रा का ध्वनि साम्य चित्त से हुआ। इसलिए इस पंक्ति का अर्थ है कृष्ण हमारा चित्त ले गये हैं। कहीं–कहीं तो सूरदास प्रेहलिकायें सी बूझने लगते हैं। दरअसल इस तरह के कूट पदों की अनेक पंक्तियाँ प्रहेलिकाओं जैसी ही होती है। इनके अर्थ की दुरूहता किन्ही संकेतों के माध्यम से दूर हो पाती है, और अर्थ की संप्राप्ति हेतु ये संकेत समझाना जरूरी हो जाते हैं। जैसे 'भूसुत मेघकाल निसि इनके आदि वरन् चित आवे।' यह पंक्ति कुब्जा की ओर इशारा करती है। भूसुत का तात्पर्य है कुंज, मेघकाल माने हैं वर्षाकाल और निसि से तात्पर्य है जामिनी। इन तीनों शब्दों के आदि वर्णों के मेल से कुब्जा बनता है। कुब्जा जैसा शब्द यहाँ पा लेना प्रहेलिका बुझाना जैसा ही है। सूरदास के दृष्टिकूट, बौद्धिक व्यायाम के लिए पाठक को आमंत्रित करते हैं एक तरह से यह तर्क श्शक्ति का परीक्षण जैसा है। न केवल तर्क शक्ति बल्कि शब्दकोष के अवगाहन के लिए भी ये दृष्टिकूट प्रेरित करते हैं इनकी रचना निश्चित ही सूरदास की शब्द क्रीड़ापरक प्रवृत्ति से प्रेरित होकर ही क्यों न हुई हो किन्तु इनमें बौद्धिक आतंक का हलका सा झटका भी छिपा हुआ है। आज भी साहित्य के उपाधिकारी बटुकों से ठेठ ग्रामीण जब सूर के दृष्टिकूट के अर्थ जानने की जिज्ञासा प्रकट करता है तब वे बगलें झांकने लगते हैं। विद्वान जन दृष्टिकूटों में राधा के रूप की गोपनीयता और राधा–कृष्ण के रस विलास–वर्णन के ऊपर इस तरह के बौद्धिक आवरण डालकर उसे सुधी और समझदार पाठक तक संप्रेषित करने का विधान मानते हैं लेकिन सम्भवतः सूर के मन में इन पदों की रचना के समय ये विचार नहीं थे। वे साहित्य की परम्पराओं से परिचित कवि थे इसलिए

इन दृष्टिकूटक पदों की रचना में वे साहित्यिक कर्म की तरह प्रवृत्त हुए थे। ये दृष्टिकूट पद सूर के अलंकार विधान के सुंदर पक्ष को प्रस्तुत करते हैं। ब्रजभाषा पर सूरदास का परिपुष्ठ अधिकार था इस सबके बाबजूद भी सूरदास के ये पद उनकी काव्य–प्रतिभा की बजाय उनकी मेधा शक्ति का परिचय देते हैं। कविता के क्षेत्र की किसी विशिष्ट उपलब्धि की तरह ये पद याद नहीं किये जाते हैं।

बाग्वैदग्धता का सीधा–सीधा अर्थ है वचन की वक्र भंगिमा, कथन का टेढ़ापन बात जब सीधे न कह कर घुमा फिराकर कही जाये। इसके अंतर्गत वाणी की चतुराई को समाहित किया जाता है। इस चतुराई को अँग्रेजी में विट शब्द से व्यक्त किया गया है। इस तरह से विचार करने पर वाग्वैदग्ध का तात्पर्य वाणी की विनोद वृत्ति से भी ग्रहण किया जा सकता है। वचन वक्रता का उत्स चतुराई में खोजने वालों ने कहा है श्रवन नयन मुख नासिका सबके ही एकठौर कहवो, सुनबो बोलवो चतुरन को कछु और।। चतुराई बात को कुछ और ही तरह से नयी आभा प्रदान कर देती है। इस तरह की चतुराई में बौद्धिक पुट समाहित लगता है। बुद्धि प्रेरित विनोद, जब वाणी में प्रकट हो तब वाणी की चतुराई कहीं जा सकती है। किन्तु क्या मात्र बौद्धिक दृष्टि से ही वाणी की चतुराई को ग्रहण किया जा सकता है, जिसे हम व्यंग्य कहते हैं, उसमें भाषा की व्यंजना शक्ति के प्रयोग पर बल दिया गया है। आम वार्तालाप में जो बचन वक्रता है, वह वाक् चातुर्य को तो व्यक्त करती है किन्तु क्या कविता में इस तरह का वाग्विनोद अपना महत्व रखता है? काव्य में केवल वाणी का बौद्धिक विलास ही महत्वपूर्ण नहीं है। कविता में भाव प्रेरित वचन वक्रता ही महत्वपूर्ण है। आचार्य रामचंद्र शुक्ल ने इस दिशा में संकेत करते हुए लिखा है "वचन की वक्रता भाव प्रेरित होती है। वही कविता होती है। वक्रोक्ति काव्य जीवितं से यही वक्रता अभिप्रेत है। वक्रोक्ति अलंकार नहीं भावोद्रेक से उक्ति में जो एक प्रकार का बाँकपन आ जाता है, तात्पर्य कथन के सीधे मार्ग को छोड़कर वचन जो एक भिन्न प्रणाली ग्रहण करते हैं उसी की रमणीयता काव्य की रमणीयता के भीतर आ सकती है। भावप्रसूत वचन रचना में ही भाव या भावना तीव्र करने की क्षमता पाई जाती है। वे अपनी बात को और स्पष्ट करते हुए काव्य की उक्ति का लक्ष्य किसी वस्तु या विषय का बोध कराना नहीं बल्कि उस वस्तु या विषय के संबंध में कोई भाव या रागामिक स्थिति उत्पन्न करना होता है। तार्किक जिस प्रकार श्रोता को अपनी विचार पद्धित पर लाना चाहता है, उसी प्रकार कवि अपनी भाव पद्धित पर वाग्वैदग्ध ा इस रूप में काव्य के सौन्दर्य का उद्घाटन करता है। वाग्वैदग्ध को वक्रोक्ति अलंकार की तरह भी स्वीकृति प्राप्त है, किन्तु अलंकार को यहाँ व्यापक अर्थ ग्रहण करते हुए काव्य सौन्दर्य ही समझना चाहिए। वक्रोक्ति को न केवल शशब्द से या अर्थ से अपितु दोनों से संबद्ध माना गया है। यह मूल वस्तु न होकर उसकी साज–सज्जा होती है। उसमें कथन शैली का समस्त चारुत्व समाहित होता है। काव्य का उद्रेक अपने अनुकूल कथन भंगिमा पाने के लिए स्वयं क्रियाशील जरूर होता है किन्तु कहीं–न–कहीं इस कथन भंगिमा को साध

ाने का काम बुद्धि भी करती है। इसलिए वाग्वैदग्ध केवल भावना–व्यापार ही नहीं है वह बुद्धि व्यापार से समन्वित कथन प्रणाली भी है। इस कथन प्रणाली में व्यक्तित्व के अनेक पक्ष एक साथ ध्वनित होते हैं। सूरदास का वाग्वैदग्ध विषय वस्तु और अभिव्यक्ति प्रणाली के समन्वित सौन्दर्य को ही उद्घाटित करता है। सूर की कविता में यह विशेषता वहाँ अपनी सम्पूर्ण सघनता में व्यक्त होती है, जहाँ वे भाव की संपुष्टता से उद्रेकित होकर काव्य रचना में निमग्न होते हैं। यहाँ केवल भाव की सघन केन्द्रीयता नहीं रहती है, बल्कि सूर अपनी सूक्ष्म बौद्धिक क्षमता का भी इस्तेमाल करते रहते हैं और एक से एक बढ़कर अलंकारों की रचना में प्रवृत्त हो उठते हैं। वे अपनी अभिव्यक्ति प्रणाली के प्रति सावधानं कवि हैं। वाग्वैदग्ध के अंतर्गत सूरदास ने अलंकारों के विविध प्रयोग किए हैं। इन प्रयोगों के माध्यम से वे आलंकारिक कौतुहल की सृष्टि करते हैं। अलंकार के संदर्भ में वे डिक्टेटर जैसे प्रतीत होते हैं। वे मन चाहे ढंग से कवि परम्परा में प्रचलित उपमानों में भी उलट–फेर कर देते हैं। उनकी प्रतिभा इस मायने में अद्वितीय है। वे अपनी इस अलंकार रचना में कहीं असंगत होते हैं तो कहीं संगत, लेकिन दोनों स्थितियों में उनकी बाग्वदैग्धता का चमत्कार सुरक्षित रहता है। गोपियाँ अपने वियोग भाव की कुढ़न स्पष्ट करने के लिए कृष्ण के अंगों उपमानों को लेकर उपमा को इस तरह न्याय संगत ठहराती हैं–

**ऊधौ अब यह समुझि भई।**
**नंदनंदन के अंग अंग प्रति उपमा न्याय दई।।**
**कुंतल कुटिल भँवर भरि भाँवरि मालति मुरै लई।**
**तजत न गहरु कियो कपटी जब जानी निरस गई।।**
**आनन इंदुबरन संमुख तजि करखे ते न नई।**
**निरमोही नहिं नेह कुमुदिनी अंतहि हेम हई।।**
**तत घनस्याम सेइ निसिबासर इन्हे ररि छिजई।**
**सूर विवेक हीन चालक मुख बूंदौ तो न सई।।**

सब उलट–पुलट सा गया है किन्तु इस असंगत योजना व्यापार में भी सूरदास प्रामाणिक लगते हैं। प्रचलित उपमानों को निरस्त करने की प्रवृत्ति भी सूर जैसे कवियों में वाग्वैदग्ध की अप्रतिम शक्ति के कारण ही संभव होती है। नेत्रों की उपमा के लिए भ्रमर मृग आदि को परम्परा में स्थान प्राप्त हैं किन्तु इनको उपमान पद से हटाते हुए सूर ने एक नई वचन वक्रता प्रकट की है। गोपियों के नेत्रों के पास कुछ मीन होने के लक्षण बचे हुए हैं, क्योंकि आंखों में निरंतर आंसू हैं और गोपियों के नेत्र इस आंसू रूपी जल में डूबे रहते हैं–

**उपमा एक न नैन गही।**
**कविजन कहत–कहत चलि आये सुधि करि–करि काहू न कही।।**

**कहे चकोर मृग विधु आनन बिनु जीवन भँवर न तँह जड़ि जात।**
**हरि मुख कमल कोष बिछुरे तें ठालै क्यों न ठहरात।**
**पंख पसारि न उड़त मंद है समर समीप विकात।।**
**आये बधन व्याध है ऊधो, जो मृग क्यों न पलाय।**
**देखति भागि बसै घन बन में जहाँ कोउ संग न धाय।।**
**ब्रज लोचन बिनु लोचन कैसे प्रतिदिन अति दुख बाढ़त।**
**सूरदास मीनता कछू इक जल भरि संग न छाड़त।।**

कृष्ण के मुख चन्द्र के अभाव में नेत्रों की उपरोक्त समस्त उपमाएँ अपने धर्म को स्थिर नहीं रख सकी हैं। भिन्नता में भी कछू इक जोड़कर नेत्रों का मीन होना भी सम्पूर्ण उपमा प्रसंग नहीं है, क्योंकि मछली की उपमा तो नेत्रों की चंचलता की आकृति को लक्षित करके दी जाती है किन्तु यहाँ तो कृष्ण के अभाव में न तो गोपियों के नेत्रों में चांचल्य है और न ही उनमें आकृति गत सहज तिरस्कार भी। इसीलिए सूर ने कछुइक लगाकर मीनता को भी पूर्ण नहीं माना है। आचार्य श्शुक्ल ने इसीलिए इन दोनों प्रसंगों में सरलता और काव्यात्मकता के दर्शन किए हैं। दोनों उदाहरणों में उपमानों की उपयुक्तता और अनुपयुक्तता का जो आरोप किया गया है वह हृदय के क्षोभ से उत्पन्न है। इसी से उसमें सरसता है काव्य की योग्यता है। सूरदास ने कृष्ण के लिए भी खरी–खोटी कह डाली है, लेकिन इन खरी–खोटी बातों में भी व्यंग्य निहित हैं। 'सूरदास सर्वस जौ दीजौ कारो कृतहिं न मानै।' और 'सूरदास प्रभु वे अति खोटे यह उनहू तें अति ही खोटी।' आदि में रस का समावेश इसलिए है कि इनमें व्यंग्य निहित है। आचार्य शुक्ल इनमें बाग्वैदग्ध का ही कौतूहल परिलक्षित करते हैं। यह जान लेना कि कृष्ण न तो वास्तव में खोटे कहे गए हैं, न कलूटे कृतघ्न! प्रभु वे अति खोटे में जो सखी की उक्ति है, सरासर गाली नहीं है। सखी का यह विनोद हर्ष का ही एक स्वरूप है, और संचारी के रूप में प्रिय सखी राधा के प्रति रति भाव की व्यंजना करता है। इससे सखी के उस आनंद का पता चलता है, जो राधा–कृष्ण के परस्पर प्रेम को देखकर उसे हो रहा है। इसी प्रकार "कारोकृतहिं न मानै" विरहाकुल गोपी का वचन है। जिससे कुछ विनोद मिश्रित अमर्ष व्यंजित होता है। यह अमर्ष भी यहाँ रति भाव का व्यंजक है। इसके कहने की आवश्यकता नहीं।

वचन वक्रता की दृष्टि से सूरदास का भ्रमरगीत श्रेष्ठतम काव्य है। इसमें भोली–भाली गोपियों की वचन विदग्धता के अनेक बार दर्शन होते हैं। उनके कथन कहीं–कहीं समझदार उद्धव पर भारी पड़ जाते हैं। सूरदास ने ऐसे–ऐसे प्रसंगों को इस संवाद योजना में प्रकट किया है, जो काव्य की दृष्टि से गहरा मंतव्य रखते हैं और कथन भंगिमा में एकदम मौलिक हैं। गोपियाँ न केवल भाव की गहन उछाल से आविद्ध है, बल्कि वे बोलने में भी सतर्क और सचेत है; उनके वचन की गूढ़ता को समझना सरल नही है। उद्धव बार–बार गोपियों को

निराकार का उपदेश दे रहे है। उद्धव के निराकार उपदेश से खीझी गोपियाँ संजीदगी के साथ राधा को संबोधित करती हैं--

**मोहन माँग्यो अपनो रूप।**

**या ब्रज बसत अँचै तुम बैठीं, ता बिनु तहाँ निरूप।**

हे राधे! तुम कृष्ण का रूप पी गई हो। रूप को पी जाने से तात्पर्य है तुम ने उन्हें अपने ध्यान में इस तरह से केन्द्रित कर लिया है कि वह तुम्हारे हृदय में अपने रूप को छोड़ गये हैं। अब वहाँ बिना रूप के हैं। उद्धव से उन्होंने उसी रूप को माँगा है। शुक्ल जी के शब्दों में 'तुम जो रात--दिन उनके रूप का ध्यान करती हो उसे ही छुड़ाने उद्धव आए हैं। यह बात कितने ढंग से किस वक्रता के साथ प्रकट की गई है। वाणी ने यह वक्रता हृदय की प्रेरणा से उठते हुए भावों की लपेट में ग्रहण की है। इसकी तह में भाव स्रोत छिपा हुआ है। शुक्ल जी ने भाव स्रोत की चर्चा यहाँ एकदम सटीक ढंग से की है किंतु इस तरह की वचन भंगिमा के लिए सूर की भावुकता के साथ उनकी कल्पना शक्ति तथा उनकी बौद्धिक जागरूकता को भी स्मरण करना चाहिए।

विरहिनों के लिए चन्द्रमा निरंतर दुःखदायी रहा है। कविगण चन्द्रमा के इस पक्ष का अनेक तरह से चित्रण करते रहे हैं। सूरदास की चन्द्र केन्द्रित कविताओं में वाग्वैदधता की अच्छी उक्तियाँ प्राप्त होती है। उनके अनेक पद चन्द्रमा के उस विपरीत स्वभाव को व्यक्त करते हैं, जो विरहिणी गोपियों के लिए कष्ठकारक हैं। गोपियों की विदग्ध उक्तियाँ चन्द्रमा को अनेक तरह से याद करती हैं। विरह में चन्द्रमा जलाने लगा है। उसकी शीतल प्रकृति समाप्त हो गई है। चंद्रमा का कलंक विरहणियों को जलाने के बाद उनकी भस्म से निर्मित हुआ है। आकाश की श्यामता भी इसी भस्म के आच्छादन से स्पष्ट हो रही है। चन्द्रसा के विपरीत आचरण से शुब्ध गोपियाँ कहती हैं कि हाथ में धनुष लेकर इस चन्द्रमा को मारना ही उचित होगा। जिस चन्द्रमा का जन्म शीतल समुद्र से हुआ है वहीं सूर्य से भी प्रचंड हो रहा है। यह जब पूर्व में उदित होता है, तब विरहणियों का दुःख दूना हो जाता है। चन्द्र उपालंभ से संबंधित ये उक्तियां चन्द्रमा की मानों छवि ही बदल देती हैं। चन्द्रमा जल्दी अस्त हो जाए ताकि विरह का ताप बुझ सके, इसलिए वीणा बजाने वाली राधा से गोपी कहती है--

**"दूरि करहु बीना कर धरिबो**

**रथ थाक्यौ मानौ मृग मोहे नाहिंन होत चन्द्र को ढ़रिबो।।**

**बीतै जाहि सोई पै जानै कठिन सुप्रेम पास को परिबो।**

वीणा मत बजाओ। तुम्हारी वीणा का स्वर सुनकर चंद्रमा के रथ में जुते हिरण एक जगह स्थिर हो जाते हैं। वे गातिहीन होकर तुम्हारी वीणा का संगीत सुनने लगते हैं। इस प्रसंग में यह स्मरणीय है कि केवल वीणा का बजाना ही नहीं बर्जित किया जा रहा है बल्कि

सिंह का चित्र लिखना भी इसमें प्रस्तावित है। सिंह का चित्र देखकर हरिण दौड़ लगा देंगे और चन्द्र जल्दी अस्त हो जाएगा। चन्द्र उपालंभ संबंधी इन पदों में वचन वक्रता का कथन अभिप्राय प्राप्त होता है। इसमें हृदयगत भावना दबाब का समावेश कम ही हुआ है इसलिए काव्य की ऊंची उड़ान इनमें होते हुए भी रसोद्रेक की प्रबल क्षमता दिखाई नहीं देती है– फिर भी सूरदास की इस तरह की उक्तियां उनके अभिव्यक्ति कौशल को प्रकट करती हैं। उद्धव गोपी संवाद के अधिकांश पद वाग्वैदग्ध के सुंदर उदाहरण हैं। उद्धव ज्ञान योग और निर्गुण ब्रह्म की अनेक बातें जब गोपियों को समझा चुके और गोपियाँ जब उनकी समझाइस को स्वीकार करने में सक्षम नहीं हो पायीं तो उद्धव विदा लेने को तत्पर हो उठते हैं। तब सीधी साधी किंतु विवेक निपुण गोपियाँ उद्धव का हथियार उद्धव पर ही चला देती हैं– वे कहती हैं–

**उद्धव जोग बिसारि जनि जाहु।**
**बांधहु गाँठ कहूँ जनि छूटै फिरि पाछे पछिताहु ।।**
**ऐसी वस्तु अनूपम मधुकर! मरम न जाने और।**
**ब्रजवासिन के नांहिं काम की तुम्हरे ही है ठौर।।**

देखना अपना योग कही भूल न जाना। इसे अपनी गांठ में अच्छी तरह से बांधे रखना। यदि यह छूट गई तो फिर बाद में बहुत पश्चताप करना पड़ेगा। तुम्हारी यह ऐसी अनुपम वस्तु है जिसका मर्म तुम्हारे सिवा और कोई नहीं जानता है। ब्रज में रहने वाले हम जैसे लोगों के लिए इसका कोई महत्व नहीं हैं। ऐसी बेकार की वस्तु के लिए तुम्हारे पास ही फालतू का समय है। गोपियों का कथन बाग्वैधग्ता का सटीक उदाहरण है। अपनी चुटीली बात भी कह दी। सत्य भी कहा और प्रहार भी किया किन्तु समझदारी इतनी कि सुनने वाले को लगे कि यह इनका भोलापन ही है जो इनसे ऐसा कहला रहा है। गोपियों के इस भोले भाले कथन में बहुत गहरा व्यंग्य छिपा हुआ है। वाग्वैदग्ध मात्र एक कला विदग्ध ता ही नहीं है वह जीवन की साधना से अर्जित किया गया वग्वैभव भी है। सूरदास का लोक व्यवहार परक ज्ञान, सूरदास की भाषा विषयक गम्भीर अध्ययनवृत्ति, व्यक्ति की मनोवैज्ञानिकता का पूर्ण ज्ञान और सूरदास की संप्रेषणीयता की आत्मीय भंगिमा उनके वाग्वैग्ध के आधार बिन्दु हैं।

**बोध बिन्दु**

1. सूर को वचन–रचना की चतुराई और शब्दों की क्रीड़ा का पूरा शौक था।
2. कविता में भाव–प्रेरित वचन वक्रता ही महत्वपूर्ण है।
3. वाग्वैदग्ध के अंतर्गत सूरदास ने अलंकारों के विविध प्रयोग किये हैं।

## 3.5 सूरदास के काव्य की गीतशैली, संगीतात्मकता, छंद एवं भाषा

मध्यकाल में प्रचलित काव्य शैलियों में गीत काव्य का महत्वपूर्ण स्थान है। विशेष रूप से भक्तिकाल तो गीतात्मक काव्य से परिपूर्ण काल है। सूरदास, मीराबाई, कबीरदास, तुलसीदास आदि कवियों ने गीतात्मक रचनाओं के माध्यम से ही अपने आपको अभिव्यत किया है। तुलसीदास ने रामचरित मानस जैसा महाकाव्य रचा किन्तु उन्होंने विनय पत्रिका, गीतावली जैसे रचनाएँ प्रस्तुत करके यह सिद्ध कर दिया कि गीत के प्रति उनका अन्यतम लगाव था। हिन्दी की गीत परंपरा को दो परम्पराओं के मध्य से विकसित परम्परा के रूप में देखा जा सकता है। एक और लोक जीवन में व्याप्त गीत परम्परा हजारों वर्षों से प्रचलन में थी। दूसरी ओर संस्कृत काव्य परम्परा में गीतोन्मुखी काव्य धारा सतत प्रवाहशील थी। लोक गीत मानवीय सभ्यता के गौमुख काल से निस्रत गीत रचनाएं हैं। मनुष्य ने अपने आंतरिक भावों की निश्छल अभिव्यक्ति गीतों के माध्यम से की है। गीत में वर्ण्य विषय और कवि की आत्मानुभूति की एक निष्ठता इस तरह सघन होती है कि गीत आत्माभिव्यजंना की केन्द्रीय शैली बन गई। भाव की एकान्विति भी गीत की गझिन बुनावट में सहयोग करती है। गीत गेय काव्य शैली है इसलिए इसमें संगीतात्मकता का तत्व आद्योपांत निहित होता है। हृदय की रागात्मिकता वृत्ति के संयोग से जब तीव्र तथा मधुर अनुभूतियाँ भावों के रूप में उमड़ती है तब कवि के कंठ से अनायास गीत फूट पड़ता है। गीत में प्रायः कोमलकान्त पदावली का समावेश होता है। इस तरह की पदावली गीत को श्रुतिपेशल बनाने में सक्षम रहती है। लोक के कंठ से निस्रत गीत लोकानुभूतियों के सरस प्रवाह को जीवित रखने वाले है। सस्कृत साहित्य में गीत का उत्कृष्ट रूप गीत गोविन्द में प्राप्त होता है। जयदेव रचित इस गीत रचना ने परवर्ती गीत साहित्य को सर्वाधिक प्रभावित किया है। यद्यपि संस्कृत साहित्य में श्रीमदभागवत, कालिदास और क्षेमेन्द्र के साहित्य में गीत रचनाओं का परिचय प्राप्त होता है। जयदेव की गीत सृष्टि में गीतों की आत्मा का सम्यक् निदर्शन हुआ है। जयदेव से चलकर यह परम्परा मैथिल कवि विद्यापति में विकसित होती है। गीत की इस परम्परा का उल्लेख करते हुए आचार्य शुक्ल लिखते है जयदेव की देववाणी की स्निग्ध पीयूष धारा जो काल की कठोरता में दब गई थी अवकाश पाते ही लोक भाषा की सरसता में परिणित होकर मिथिला की अमराइयों में विद्यापति के कोकिल कंठ से प्रकट हुई। और आगे चलकर ब्रज के करील कुन्जों के बीच फैले मुरझाए मनों को सींचने लगी। आचार्यों की छाप लगी हुई आठ वीणाएँ श्री कृष्ण की प्रेमलीला का कीर्तन करने उठी, जिनमें सबसे ऊंची सुरीली और मधुर झनकार अन्धे कवि सूरदास की वीणा की थी।

सूरदास, गीत काव्य परम्परा में एक विशिष्ट गीतकार हैं। सूरदास ने अपने गीतों की रचना के लिए कृष्ण लीलां को आधार बनाया है। उन्होंने श्रीमदभागवत में वर्णित कृष्ण चरित को अपने गीतों में अपने ढंग से प्रस्तुत किया है। इनके गीतों को पद संज्ञा से विभूषित किया गया है। सूर के पद यद्यपि अपने आप में स्वतंत्र गीत रचानाएँ है, किंतु उनमें एक कथावस्तु भी प्राप्त होती है। यह कथावस्तु किसी प्रबंध–योजना का हिस्सा नहीं है सूर का उद्देश्य

भी कथा रचना का नहीं था। वे प्रबंधत्व के कवि नहीं थे। वे फुटकर रूप से लीला का गायन करते रहे और गीतों का एक वल्लरी–वितान तनता गया। यही बल्लरी वितान कृष्ण लीला के विभिन्न प्रसंगों का आश्रय स्थल बना। गीत में कथा के विकास की गुंजायश कम ही रहती है, किंतु सूर के पदों में कथा तन्त्र का झीना सा अनुभव होता रहता है। पदों की स्वायत्त–सत्ता से उनकी मुक्तक वृत्ति इस कथावस्तु के कारण भंग नहीं होती है। गीत में जो आत्माभिव्यंजना की प्रवृत्ति है वह उसे व्यक्ति केन्द्रित बनाती है। सूर और श्याम दोनों एक रस हो गए थे। कृष्ण को सूरदास ने इतना आत्मस्थ कर लिया था कि कृष्णलीला केन्द्रित कविता में भी सूर की आत्मभिव्यंजना ही आकार ग्रहण करती है। सूर के पदों में एक विशेष उद्देश्य निहित है। उनका ध्येय अपने प्रभु के प्रेम में लीन होकर प्रभु के लीला सौन्दर्य का वर्णन करना ही था। उनके समय में प्रधान रूप से भक्त कवियों की रचनाएं ही प्रचारित थीं। ये रचनाएं किसी लौकिक वैभव संपन्न व्यक्ति को प्रसन्न करने के लिए नहीं थी। ये स्वांतः सुखाय रचनाएं थी। तुलसीदास जी ने अपने मानस में इस और स्पष्ट संकेत कर दिया है। जिस प्रकार की लीलाओं का गान सूरदास ने किया है उनमें आत्माभिव्याक्ति की प्रधानता स्वाभाविक थी। इस आत्मभिव्यक्ति के लिए मुक्तक काव्य अधिक सहज और उपयुक्त होता है। जहाँ सूरदास कृष्ण तथा उनके सखाओं की बाललीलाओं का वर्णन करते हैं, वहाँ वे स्वयं भी कृष्ण के एक सखा हैं। यह सख्य भाव सूर के पदों में अपने उत्कृष्टतम रूप में प्रकट हुआ है। आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी ने इन पदों को सर्वाधिक महत्त्व प्रदान किया है। सूरदास की आत्माभिव्यंजना में संपूर्ण प्रकृति सक्रिय रहती है। वे लीला व्यापारों में भी अपनी आत्मा के संप्रसारण हेतु अनेक अवसर तलाश लेते हैं। जहां वे ऐसे अवसर तलाश लेते है वहां वे अपनी निजता का ही मानो आख्यान करने लगते हैं। विरह व्यथित गोपियों की मनोदशाओं के वर्णन में मानों कवि का हृदय ही पिघल कर बहने लगता है। व्यथा का यह प्रवाह प्रकृति के विभिन्न उपादानों को आत्मसात करता हुआ कवि की व्यापक मनोभूमि का ही परिचय प्रदान करता है। सूरदास के गीतों में भावों की अनेक वृत्तियों के दिग्दर्शन होते हैं। डॉ. हरवंश लाल शर्मा ने स्पष्ट किया है सूर के विशाल मानस में भाव रस का इतना उद्रेक था कि वह हठात् वाणी के बांध को तोड़ता हुआ फूट पड़ा है। कृष्ण के सौन्दर्य भाव और व्यापारों के चित्रण में ब्रजवासी नर नारियों की भावनाओं के प्रकाशन में गोप–बालकों के बाल सखा सुलभ केलिकौतुक के अंकन में, किशोरी युवती और वृद्धाओं के चापल्य औत्सुक्य, वात्सल्य आदि के अभिव्यंजन में अपनी बंद आंखों और उन्मुक्त कल्पना से भावजगत के दृष्टा और सृष्टा सूर ने वह कमाल हासिल किया कि वे हिन्दी के ही नहीं विश्व भाषाओं के गीतकार मात्र हैं।" गीतकार रचनाओं में भाव की केन्द्रीयता अपनी चरम और सघन स्थिति में रहती है। सूर के गीत भावों के लबालव कोश जैसे हैं। वे जिस भाव को गीत की प्रथम पंक्ति में उठाते हैं, उसका संपूर्ण निर्वहन अपने पद में करते हैं यहीं वजह है कि उनके प्रत्येक पद में किसी न किसी रस का समुचित परिपाक संभव होता है। वे श्रृंगार

वात्सल्य और निर्वेद जैसे भावों के अद्वितीय रचनाकार है। उनके एक ही पद में रस का परिस्थितिगत उद्भव होता है। फिर पदके अंत तक वह अपनी संपूर्ण प्रभवान्विति को प्राप्त कर लेता है। एक ही पद में संवाद शैली के माध्यम से रस दशा की सर्वोच्चता ला देना सूर की अपनी विशेषता है। राधा और कृष्ण के प्रथम मिलन की परिस्थितियों को दर्शाने वाला पद बूझत श्याम कौन तूं गोरी' में प्रणय–विकास का क्रम संवादों की सीढ़ियाँ चढ़कर ही होता है। सूरदास प्रभु रसिक सिरोमनि बातन भुरई राधिका गोरी।' में मिलन की गाढ परिस्थितियाँ प्रकट हो जाती है। यह प्रसंग निर्धारण सूर की अपनी क्षमता का भी निर्धारण है। रस–दशा के ग्राफ को निरंतर ऊर्ध्वमुखी करते हुए प्रसंग को अधिक द्रवणशील बनाना सूर के पदों की अपनी संरचना है।

सूरदास के पदों की आकृति नातिदीर्घ है और न ही अत्यंत स्वल्प। आठ पक्तियों वाले पद उनकी पसंद हैं। अपवाद स्वरूप उन्होंने कुछेक लम्बे पदों की रचना भी की है, किन्तु उनका मन अष्टपदी पदों में ही रमता है। गीत की संक्षिप्ता के वे प्रबल पक्षधर हैं। कुछ गीत चार पंक्तियों में भी समाप्त हो जाते हैं। प्रसंग के अनुकूल वे पदों के आकार का निध ार्रण करते हैं। वे वर्णनात्मकता के प्रसंग में अधिक विस्तृत नहीं हो पाते हैं, बल्कि ऐसे अवसरों पर वे उपमनानों की झड़ी सी लगाने लगते हैं। सूरदास मूलतः वर्णनात्मक चेतना वाले कवि नहीं हैं। जहाँ वे अवतार कथाओं का गायन करने लगते हैं, वहाँ उनका कवित्व दुर्बल पड़ने लगता है। वे गीत रचना की तासीर से पूरी तरह से परिचित थे इसलिए गीत के वर्णनात्मक ढर्रे से से बचकर अलग चलना चाहते थे। इसी आधार पर उनके गीत आस्फालित गीत नहीं है। वे एक चुस्त और संयत गीतकार हैं। अपने गीतों में चरित्र–व्यक्तित्वों को उनकी प्रवृत्ति के उनके गुण–कर्म उनकी चेष्टओं उनकी मुद्राओं उनके हाव भाव सूर के गीतों में प्रकट होते हैं किन्तु इन सबका चित्रण भाव के स्तर पर इस तरह से करते हैं कि इनके इफैक्टस पाठक के मानस पटल पर लयात्मक ढंग से उभरते हैं। वे लय साधने वाले गीतकार हैं। इस लय के कारण ही उनकी चित्रण क्षमता स्थूल नहीं रहती है। वे अपनी बिम्ब श्रृखला रचते समय इनकी कड़ियों के पूर्वापर संबंधों को जोड़ने के लिए लय के महीन तारों का उपयोग करते हैं। यही वजह है कि उनके गीत थोड़े में ही बहुत कुछ कहने की क्षमता रखते हैं। बिम्ब के उभारने में वे जिस विशेष टेक्नीक का इस्तेमाल करते हैं वह चलित दृश्यवाली की गतिक लयात्मकता का आघूर्णन है। "मेरो मन अनत कहा सुख पावै। जैसे उड़ि जहाज को पंछी पुनि जहाज पे आवै।" इसमें जो निरंतर आघूर्णन की अर्थाश्रित लय है वह न केवल इसमें निहित बिम्ब की गतिशीलता को प्रकट करती है बल्कि अपनी संक्षिप्तता में ही अंनत अर्थ के विस्तार की भव्यता इसमें से स्पष्ट होने लगती है।

सूरदास के पद अपनी योग्यता में संगीत की धरोहर है। सूरदास स्वयं संगीत की विशिष्ट योग्यताएँ रखते थे। अपने पदों को रचने के लिए सूरदास ने मसि कागद का प्रयोग नहीं किया था। गायन के माध्यम से ही उनके पदों की अभिव्यक्ति हुई है। "सूर सगुण लीला

पद गावैं। या फिर "सूरदास सोई कहे पद भाषा करि गाईं।" जैसे पदों से यह स्पष्ट होता है कि सूरदास ने गाकर ही अपनी कविता रची है। सूरदास का काल संगीत की समर्थ परम्परा का काल है। तानसेन जैसे संगीतज्ञ की उस समय उपस्थिति जहाँ संगीत के लोक आस्वादन परक रूप को उजागर करती है, तो स्वामी हरिदास जैसे संत संगीतज्ञ का अस्तित्व भक्ति और आध्यात्म के क्षेत्र में संगीत पक्ष की समर्थ भूमिका का द्योतक है। अपने समय के इन संगीतज्ञों से सूर की प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष मिला भेंटी हुई होगी यह अनुमान लगाया जा सकता है। तानसेन और सूरदास का काव्य संवाद तो जगप्रसिद्ध है। सरदासजी ने तानसेन की प्रशंसा में काव्य रचा था" विधिना यह जिय जानि के सेसहि दिये न कान। ध ारा मेरू सब डोलि हैं तानसेन की तान।" तानसेन ने भी सूर की पद–रचना को विशेष आदर और महत्व प्रदान किया। उन्होंने कहा,' किधौं सूर को सरलगो किधौं सूर की पीर। किधौ सूर को पदलग्यौ सालत सकल सरीर। योद्धा के प्रखर सर की नोक की वेदना अंधे के दर्द की पीर और महाकवि सूरदास के पद की मारक शक्ति शरीर में रह रहकर उभर आती है। सूर के पद की विशिष्टताओं को जाहिर करने के लिए इससे बड़ा प्रमाण कोई दूसरा नहीं हो सकता है। इस प्रमाणपत्र में संगीतकार का अभिमत दर्ज है। महाकवि सूरदास कृष्ण भक्ति के निमित्त ही पदों का गायन करते थे। कृष्ण के अष्टयाम के आधार पर उन्होंने पदौं का गायन मंदिर की पूजा पद्धति के अनुरूप ही किया, इसलिए उनके पद संगीत की कसौटी पर खरे उतरने वाले हैं। उनके सूरसागर में सभी राग–रागनियों का समावेश है। कुछ रागनियाँ तो ऐसी हैं, जो परंपरित संगीत शास्त्र से एकदम भिन्न हैं। इन्हें संगीतबद्ध करना संगीतज्ञों के लिए भी कठिन हो जाता है। ऐसे रागों की रचना स्वयं सूरदास की थी। सूरदास के पदों का एक संकलन नवल किशोर प्रेस से हुआ था। इस संकलन का नाम 'राग कल्पद्रुम' रखा गया था। सूर के पदो के संकलन को रागिनियों का कल्पवृक्ष कहना ही व्यक्त करता है कि सूरसागर राग–रागिनियों के बैविध्य का भी सागर है।

सूरदास ने अपने समय में प्रचलित राग–रागीनियों का भी उल्लेख किया है। रास लीला संबंधी पदों में सूर द्वारा राग नामावली प्रस्तुत की है।

**"ललिता ललित बजाय रिझावत मधुर बीन कर लीने।**
**जाग प्रभात राग पंचम षट मालकोस रस भीने।।**
**सुर हिंडौल मेघ मालन पुनि सारंग सुरनट जान।**
**सुर सावंत झपाली ईमन करत कान्हरो गान।।**
**ऊंछ अड़ाने के सुर सुनियत निपट नायकी लीन।**
**करत बिहार मधुर केदारो सकल सुरन सुख दीन।**
**सोरठ गौड़ मलार सोहावन भैरव ललित बजायौ।**

**मधुर विभास सुनत बेलावल दम्पत्ति अति सुख पायो।**

**सेवगिरि देसाक देव पुनि गौरी श्री सुख रास।**

**जैतश्री और पूर्वी टोड़ी आसावरि सुख रास।**

**रामकली गुनकली केतकी सुर सुघराई गावे।**

**जै जैवंती जगत मोहिनी सुर सौ बीन बजावे।।"**

इस पद में अनेक राग-रागिनियों का उल्लेख किया गया है। मालकोस हिंडौल मेघ मालव, ईमन, कान्हारों, केदार, सोरठ, जैतश्री पूर्वी टोड़ी आसावरी जै जैवंती आदि की परिगणना सूरदास ने केवल नामों के हिसाब से नहीं की है, बल्कि उनके भेद-विभेद को दर्शाकर वे अपने संगीत ज्ञान का भी परिचय प्रस्तुत कर रहे थे। उन्होंने संगीत की सप्तक रचना स,रे,ग,म,प,ध,नि की चर्चा करते हुए गाया है- "स,रे,ग,म,प,ध,नि,सा में सप्त सुरनि गाई।" उन्होंने तत्कालीन वाद्य यंत्रों की चर्चा करते हुए एक पद गाया है-

**सघटत स्याम नृत्यति नारि।**

**धरे अधर उपंग उपजे लेत है गिरिधारि।।**

**ताल मुरज रबाब बीना किन्नरी रस सार।**

**शब्द संग मृदंग मिलवत सुघर नंदकुमार।।**

स्पष्ट है कि सूरदास संगीत में निष्णात कवि थे। वे श्रीनाथ जी के मंदिर में प्रमुख कीर्तनकार के रूप में पदस्थ थे और वे संगीत के नित्य साधक थे। संगीतज्ञ सूरदास के द्वारा रचित पदों में संगीत तत्व का आना स्वाभाविक है। उनके हृदय अजिर में सरस्वती की वाणी और सरस्वती की वीणा का संगीत समागम हरक्षण छिड़ा रहता था। आंतरिक लय जब सध ा जाती है, तब बाह्य लय अपने आप सधी रहती है। सूरदास के पदों में इसी लयान्विति के कारण नाद सौन्दर्य का अद्भुत तालमेल है। उनके पदों के गायन का प्रचलन उनके समय में हो गया था। गायन के आधार पर ही उनके पदों का वितरण सम्पूर्ण उत्तर भारत में हुआ। शास्त्रीय संगीत और सुगम संगीत के गायकों द्वारा सूरदास के पदों के गायन की अनेक श्शैलियाँ आविष्कृत की गई हैं। भक्ति शृंगार और बाल लीला के पद गायन के क्षेत्र में निरंतर लोक प्रिय हैं। सूरदास के शब्दों का साहचर्य ही गायकों के भाव लोक में अपने ध्वन्यात्मक शेड्स के आधार पर अनेक तरह की मनोदशाओं के प्रस्तुतीकरण में सहायक होता है। सूरदास का प्रसिद्ध पद 'मैया मेरी मैं नहिं माखन खायो' में इसी शब्द साहचर्य के आधार पर कई प्रकार की मनोदशाओं का प्रकटीकरण गायक करते रहे हैं। 'मैं नहीं' इन दोनों शब्दों के तालमेल में मात्रात्मक भेद के साथ अर्थ परिर्वतन की दिशा तय हो जाती है। एक बार गायक इन ध्वनियों का निर्धारण करता है 'मैंने ही' इस निर्धारण से व्यक्त होने लगता है कि कृष्ण ने हामी भर दी है कि उन्होंने माखन खाया है फिर गायक शब्द साधता है, 'मैं नहीं'

और इस शब्द प्रस्तुति से व्यक्त होने वाला है कि कृष्ण ने माखन खाने से इंकार किया है। 'माखन खायो' शब्द साहचर्य में 'ख' ध्वनि की जादुई प्रस्तुति संगीत कारों को खाने की अनेक मुद्राओं से रूबरू कराता रहा है। सूरदास की संगीत विदग्धता उनकी भाषिक चेष्टाओं में छिपी हुई है। आचार्य रामचंद्र शुक्ल ने इन्ही विशेषता की ओर लक्ष्य करके लिखा है" सूर की रचना जयदेव और विद्यापति के गीत काव्यों की श्शैली पर है, जिसमें सुर और लय के सौन्दर्य या माधुर्य का भी रस परिपाक में बहुत कुछ योग रहता है। सूरसागर में कोई राग या रागिनी छूटी न होगी इससे वह संगीत प्रेमियों के लिए बड़ा भारी खजाना है। नाद सौन्दर्य के साधनों में अनुप्रास आदि शब्दालंकार भी हैं। संस्कृत के गीत गोविन्द में कोमल कांत पदावली और अनुप्रास की ओर बहुत कुछ ध्यान है। विद्यापति की रचना में कोमल पदावली का आग्रह तो है पर अनुप्रास का उतना नहीं। सूर में चलती भाषा की कोमलता है वृत्ति विधान और अनुप्रास की ओर झुकाव कम है। इससे भाषा की स्वाभाविकता में बाधा नहीं पड़ने पाई है। भावुक सूर ने अपना शब्द शोधन दूसरी ओर दिखाया है। उन्होंने चलते हुए वाक्यों मुहावरों और कहीं--कहीं कहावतों का बहुत अच्छा प्रयोग किया है। सूर के पदों की भाषिक संरचना जीवन और जगत के व्यवहारगत स्पंदनों से फूटती है, इसलिए उसकी लयकारी और उसका ध्वत्यात्मक स्वभाव संगीत की संरचना में सहयोग करता है।

## सूरदास की काव्य भाषा

सूरदास की भाषागत विशेषता का उल्लेख करते हुए आचार्य शुक्ल ने उनकी भाषा को चलती हुई ब्रजभाषा कहा है-- सूरदास को वे इस मायने में स्तुत्यनीय मानते हैं कि उन्होंने इस चलती हुई ब्रजभाषा को व्यापक और प्रभावशाली बनाया है। कवि दो तरह से भाषा के स्तर पर क्रियाशील होता है। पहले स्तर पर वह अपने अनुभूतिगत और विचार गत संसार को प्रकट करने के लिए अपने अनुकूल भाषा पाने की जद्दोजहद करता है। अंततोगत्वा भाषा ही वह माध्यम है जिसके द्वारा कवि अपना संवाद अपने पाठक से करता है, और भाषा में ही उसे अपने समस्त रचनात्मक अभिप्रायों को अभिव्यक्त करना पड़ता है। भाषा ही वह तत्व है जिसके माध्यम से कवि--समाज में कवि की अलग पहचान बनती है। दूसरे स्तर पर कवि अपने समाज और समय से ही अपनी भाषा तलाशता है, उसे नई--नई भंगिमाएँ और नई--नई अर्थच्छटाएं भी प्रदान करता है। इस रूप में वह भाषिक श्शक्तियों का सर्जक भी बनता है और अपने कृतित्व के माध्यम से वह भाषा के इस रूप को व्यापक और प्रभावशाली बनाता है। सूरदास ने अपनी कविता के द्वारा दोनों स्तरों पर भाषा को सर्जनात्मक शक्ति दी है। सूरदास ऐसे पहले कवि हैं जिन्होंने ब्रजभाषा को महत्वपूर्ण सामजिक स्वीकृति के अनुरूप स्वरूप प्रदान किया। सूरदास के पूर्व भी ब्रजभाषा का उपयोग रचनात्मक संदर्भो में किया जा रहा था किन्तु साहित्यिक सन्दर्भों को प्रकट करने में ब्रजभाषा सूर के माध्यम से ही पहली बार रचनात्मक दृश्यपटल पर प्रस्तुत हुई है। सूरदास का जन्म

गांव में हुआ था। वे लोकभाषा के व्यवहारगत पक्ष से सीधे–सीधे संबंधित थे, इसलिए ब्रजभाषा की लोकप्रकृति से वे भलीभाँति परिचित थे। ब्रजभाषा के लोक समाज में प्रचलित स्वरू‹ ने उन्हें अपनी ओर आकर्षित किया। उन्होंने ब्रजभाषा के ग्राम्य प्रचलित रू‹ को ही अपनी रचनात्मकता का आधार बनाया है। ब्रजभाषा की विभिन्न शक्तियों का इस्तेमाल सूरदास ने अपनी कविता में किया है। भाषिक लोक में दृश्य विधान क्रियाविधान और ध्वनि–विधान का अनुपम प्रकाशन कुशल कवि की पहचान कराने वाले भाषिक प्रयोग हैं। सूरदास ब्रजभाषा के समृद्ध संसार को आत्मसात किए हुए थे इसलिए उनके भाषिक प्रयोग उनकी भाषागत सामर्थ्य के प्रकाशक हैं। यद्यपि सूर की भाषा बहुत चलती हुई और स्वाभाविक है। सूर की अपनी लोक संपृक्ति ही इसका मूलाधार है। सूरदास अपनी रचना में साहित्यिक सौन्दर्य के उद्घाटन हेतु भी सचेत थे। इसके लिए उन्होंने पूर्ववर्ती साहित्य का अध्ययन किया था। वे अपने से पूर्व के कवियों के कृतित्व से परिचित सुधी कवि थे। सूरदास लोक गीतों की तरह अपने पद नहीं रचना चाहते थे। उनके भीतर से उनका समर्थ कवि उन्हें उत्प्रेरित कर रहा था। यही बजह है कि अपने से पहले की कवि परम्परा को ध्यान में रखते हुए वे अपने कवि कर्म में प्रवृत्त हुए थे, इसलिए उनकी काव्य भाषा में कहीं–कहीं संस्कृत के पद, तत्सम शब्द तथा ब्रज के दूर–दूर के अंचलों की भाषा के शब्द भी सम्मिलित हैं। ये भाषिक समाहार उनकी भाषा को कृत्रिम नहीं होने देता है। स्पष्ट है कि जहाँ उन्होंने अन्य बोलियों और अन्य भाषाओं के पद और शब्द लिए हैं, वे उनकी रचनात्मकता का हिस्सा बनकर ही आए हैं।

सूरदास की भाषा, भावों की अनुवर्तिनी है। वे भावों के अनुकूल शब्द ग्रहण की क्षमता रखने वाले कवि थे। ब्रज में दावानल वर्णन करते हुए सूरदास अपनी भाषिक ध्वनियों में भी दावानल का दृश्य प्रस्तुत कर देते हैं

**भहरात झहरात दावानल आयो।**
**घेरि चहुँ ओर करि सोर अन्दोरवन, धरनि अकास चहुँपास छायो।**
**बरत बन–बांस, थहरति कुस–कास जरि उड़त बहु झाँसि अति प्रबल धायो।**
**झपटि–झपटत लपट फूल फूटत पटकि चटकि लट लटकिद्रुमफट नवायो।**
**अनि अगिनि झार भंभार धुंधार करि उचटि अंगार झंझार छायो।**
**बरन बनपात, महरत झहरात अररात तरु महा धरनी गिरायो।।**

दावानल, जंगल की आग है। यह आग भयंकर होती है। हवा के तेज वहाव के साथ इसकी लपटें बड़े–छोटे वृक्षों को जलाती हैं। तोड़ती हैं। नीचे की घास भी इससे नहीं बचती है। ऊँची उठती लपटों से भयंकर लगने वाली ध्वनियाँ उठती हैं। सूरदास ने मानो दावानल की सम्पूर्ण भयंकरता को शब्दों के माध्यम से चित्रित कर दिया है। उनका यह ध्वनि चित्र

उनकी भाषिक क्षमताओं का ही परिचय देता है। भर भराता हुआ झर–झराता हुआ दावानल आ गया है। बांस बन का जलना कुस कास का थहराना, द्रुम शाख का चटकना लपट का झपटना चारों ओर झारों का धुँआधार फैलना में क्रियापरक शब्द संयोजन है। यह भाषा की ध्वन्यात्मक दृश्य पद रचना है। इस से भयानक रस की निष्पत्ति होती है। इस रस के अनुकूल शब्दावली को प्रस्थापित करना सूर की कवित्व शक्ति का ही प्रदर्शन है। कहीं–कहीं सूरदास शब्द में मात्र मात्रात्मक परिवर्तन से अर्थ का बल प्रकट कर देते हैं। "बरु ये बदराऊ बरसन आये। अपनी अवधि जानि नंदनंदन गरजि गगन घन छाये।" बदराऊ के साथ वरु का प्रयोग एवं बादल में 'ऊ' शब्दांत में जोड़कर इस पंक्ति में गजब की अर्थ क्षमता भर दी गई है। बादल तक इस समय बरसने आ गये हैं। बादल भी वियोगियों का साथ देने के लिए उपस्थित हो गए हैं। बादल जड़ हैं, किन्तु वे भी पर दुखकातर बन गये हैं। ये बादल यों ही नहीं बरस रहे हैं। वियोगियों की पीड़ा के देखकर ही उनके हृदय पिघल गए हैं और ये जल नहीं बरसा रहे हैं बल्कि बिरही की पीड़ा ही उनके हृदय से निस्रत हो रही हैं।

शब्द शक्तियों के माध्यम से कुशल कवि अपनी काव्य भाषा को अर्थ के अनेक स्तरों तक ले जाते हैं। अर्थ की बहुस्तरीयता ही कविता के शब्द को महत्वपूर्ण बनाती है। शब्द को इस तरह से अर्थ मंडित करने का काम प्रतिभाशाली कवि ही कर पाते हैं। सूरदास के पास इस तरह की प्रतिभा थी। वे अपनी भाषा में शब्द शक्तियों का यथोचित प्रयोग करके अपनी भाषा को जीवंत फड़कती हुई गतिशील और चित्रोपम तो बनाते ही थे इसके भीतर गजब का अर्थ भी निवेशित कर देते थे। काव्यशास्त्र के अंतर्गत जिन शब्द शक्तियों की चर्चा की गई है, सूर के काव्य में उनका समुचित प्रयोग हुआ है। अभिधा शब्द शक्ति के अंतर्गत सहज अर्थ ग्रहण की क्षमता विद्यमान रहती है। प्रायः स्थितियों के वर्णन हेतु इस शब्द शक्ति का प्रयोग किया जाता है। किन्तु इस शब्द शक्ति का प्रभाव इसकी सहजता में ही निहित होती है। सूरदास कृष्ण जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में नंद के घर का दृश्य प्रस्तुत कर रहे हैं–

**आजु नंद के द्वारे भीर।**
**एक आवत एक जात विदा होई इक ठाढ़े मंदिर के तीर।।**
**कोउ केसर कोइ तिलक बनावत कोउ पहिरत कंचुकि चीर।**
**एकन को दे दान समरपत एकन को पहिरावत चीर।।**

**एकन को पाटंबर एकन को जु देत नग हीर।**
**एकन को पुहपन की माला एकन को चंदन घसि वीर।।**
**एकन को तुलसी की माला एकन को राजत दै धीर।**
**सूरस्याम घनस्याम सनेही धन्य जसोदा पुन्य सरीर।।**

सामान्य तरह से गतिविधियों को व्यक्त करने वाले इस पद में स्वाभाविक भीड़–भाड़ का दृश्य प्रस्तुत करने के लिए कवि ने आने–जाने वालों के साथ उन क्रिया व्यापारों का भी नियोजन किया है जो प्रसन्नता के ऐसे अवसरों पर दृश्यमान होते हैं। लक्षणा के चित्रण में भी सूरदास बेहद कलात्मक हैं। कृष्ण की प्रीति को तलवार जैसी स्पष्ट करते हुए वे कहते हैं, तिहारी प्रीति किधौं तरवारि। दृष्टिधार करि मारि सांवरे घायल सब ब्रजनार। व्यंजना व्यापार में तो सूरदास की कोई सानी नहीं है। 'अंगुरि धरि गोवर्धन राख्यो कोमल पानि अध ार। अब हरि लटकि रहत है टेढे तनिक मुरलि के भार। जिन कृष्ण ने अपनी छोटी अंगुली पर गोबर्द्धन पर्वत उठा लिया वे ही अब बाँसुरी के भार से टेढ़ी लटक वाले बन रहे हैं। बाँसुरी की शक्ति का प्रदर्शन और बाँसुरी के वशवर्ती कृष्ण की निरीहता का यह चित्रण कम शब्दों में भी बहुत कुछ कहने वाला है। भाषा के द्वारा दृश्यों की निर्मिति चित्रात्मकता के अंतर्गत कवि की कला विदग्धता का ही उदाहरण है। शब्दों के चयन के माध्यम से वस्तु व्यापार को संप्रेषणीयता के दायरे में लाकर अलग–अलग मनः स्थितियों को प्रकट करने के लिए कवि भाषा में निहित गुण तत्व का प्रयोग करके अपनी भाषागत क्षमता को प्रकट करता है। सूरदास ने अपनी कविता में भाषा सौन्दर्य की दृष्टि से अक्षर और शब्द का आयोजन विशिष्ट तरह से किया है। माधुर्य गुण का एक उदाहरण–

**स्याम कमल पद नख की शोभा।**
**जे नख चन्द्र इन्द्र सिर परसे सिव विरंचि मन लोभा।।**
**जै नख चन्द्र सनक मुनि ध्यावत नहिं पावत भरमांही।**
**ते नख चन्द्र प्रगट ब्रज जुवती निरखि–निरखि हरषाँही।।**

**ओज गुण के रूप में प्रयुक्त शब्द समूह एवं अक्षर विन्यास दृष्टव्य है–**

**पैठि वदनु बिडारि डारयो अति भए विस्तार।**
**मरत असुर चिकारि मारयो नंदकुमार।।**

**प्रसाद गुण के लिए निम्न उदाहरण देखिए–**

**जैसहिं राखौ वैसेहीं रहौं।**
**जानत हो दुख–सुख सब जन कौ मुख करि कहा कहौं।।**
**कबहुक भोजन देत करि करि कबहुक भूख सहौं।**
**कबहुँक चढ़ौं तुरंग महागज कबहुँक भार वहौं।।**

**कमल नयन घनस्याम मनोहर अनुचर भयौ रहौं।**
**सूरदास प्रभु भगत कृपानिधि तुम्हरे चरन गहौं।।**

सूरदास ने तत्सम शब्दों का प्रयोग कम किया है। उन्होंने तद्भय शब्दों का प्रयोग ही प्रचुर मात्रा में किया है। ब्रजभाषा के अलावा खड़ी बोली अवधी, बुंदेलखंडी और पंजाबी के शब्द भी उनकी रचना में प्रयुक्त हुए हैं। अरबी, फारसी के शब्दों का प्रयोग उन्होंने इन भाषाओं के लोक प्रचलित रूप में किया है, शुद्ध अरबी और फारसी के अनुसार नहीं। सूरदास न तो राज दरबारों के कवि थे, न ही वे राजकाज में संलग्न जनों के सतत सम्पर्क में थे इसलिए अरबी–फारसी के शुद्ध शब्दों के इस्तेमाल की गुंजायश उनके काव्य में नहीं हैं। अलबत्ता जो आम फहम लोक प्रचलित शब्द इन भाषाओं के थे उन्हें सूरदास ने तद्भव रूप में ले लिया है। सूरदास की भाषा का सौन्दर्य तद्भव शब्दों का सौन्दर्य है। तद्भव शब्दों के साथ–साथ उन्होंने अति प्रचलित देशज शब्दों का भी प्रयोग किया है। चिरियाँ, बगदाई, चुटिया, सठिया, टकटोरत जैसे ग्रामीण समाज में प्रचलित श्शब्दों का प्रयोग उन्हें अधिक लोक व्यापी बनाता है। आचार्य रामचन्द्र शुक्ल ने सूर की भाषा पर विचार करते हुए लिखा है। यदि भाषा को लेकर देखते हैं तो वह ब्रज की चलती बोली होने पर भी एक साहित्यिक भाषा के रूप मे मिलती है जो और प्रांतों के कुछ प्रचलित शब्दों और प्रत्ययों के साथ ही साथ पुरानी काव्य भाषा अपभ्रंश के शब्दों को लिए हुए हैं। सूरदास की भाषा बिल्कुल बोलचाल की भाषा नहीं है। जाको, तासों बाकों, चलती ब्रजभाषा के समानं ही जेहि तेहि आदि पुराने रूपों का प्रयोग बराबर मिलता है जो अवधी की बोलचाल में तो अब तक है पर ब्रज की बोलचाल में सूर के समय में नही थे। पुराने निश्चयार्थक 'पै' का कम व्यवहार भी पाया जाता है, जैसे 'जाहि लगें सोई पै जानै। 'गोड़' 'आपन' हमार आदि पूरबी प्रयोग भी बराबर पाये जाते हैं कुछ पंजाबी भी मौजूद हैं जैसे महंगी के अर्थ में प्यारी शब्द ये सब बातें एक व्यापक काव्य भाषा की सूचना देती हैं। शुक्ल जी ने सूरदास की काव्य भाषा के व्यापकत्व का संकेत अपने इस विवेचन में दिया है। सूर की भाषा का यह रूप उन्हें लोक कवि के वृत्त से उठाकर साहित्य का शिरोमणि कवि बना देता है।

काव्य भाषा में लोकोक्तियों और मुहावरों का प्रयोग भाषा को प्रवहमय और क्रियाशील बनाता है। लाक्षणिक शक्तियाँ भी इन प्रयोगों से प्रकट होने लगती हैं। लोकोक्तियों और मुहावरों का प्रयोग व्यंजना शक्ति को बढ़ाता है। इनके प्रयोगों से समाज की मनोवैज्ञानिक प्रवृत्तियों का भी रूप प्रकट होती है। इनके भीतर मानव समुदाय के चिर संचित अनुभव भाषा व्यवहार में उपस्थित होकर भाषा को प्रामाणिक रूप भी प्रदान करते हैं। सूरदास के काव्य में इस तरह के मुहावरे और लोकोक्तियाँ बहुतायत से प्राप्त होते हैं। इनके ज्ञान से परिपूर्ण सूर की मनोवैज्ञानिकता का भी परिचय मिल जाता है। उनकी लोक संपृक्ति का अनुमान भी इनसे लगता है।' गाढ़े दिन के मीत', द्वै कोड़ी के, 'देतजरै पर लोन गूंगे को गुर आदि के प्रयोग उनके काव्य में प्रचुर हैं।

सूरदास का अभिव्यक्तिगत सौन्दर्य विस्संदेह रूप से अप्रतिम है। उन्होंने गीतात्मक काव्य पद्धति को अपनी प्रतिभा से उच्चतम कलात्मकता प्रदान की है। रस, छंद, अलंकार

एवं भाषिक स्तर पर सूर की कविता अपने समकालीन कवियों में अपनी अलग ही छवि बनाती है। उन्होंने अपने पदों में अनेक छांदसिक प्रयोग किए हैं। दोहा चौपाई जैसी छंद रचनाएँ भी उनके काव्य के अंग हैं। जैसा कि सभी श्रेष्ठ कवियों के साथ होता है कि प्रचुर मात्रा में रचे गये काव्य में कुछ दुर्बल उक्तियाँ भी समाहित हो जाती हैं। कहीं–कहीं शब्दों को तोड़ने–मोड़ने की स्थितियाँ भी ऐसे कवियों में प्रकट हो जाती हैं। सूरदास भी अपनी अभिव्यक्ति प्रणाली में शब्दों के इस तरह के प्रयोग करते हैं। आचार्य शुक्ल के शब्दों में सूरसागर में बहुत से पद बिल्कुल साधारण श्रेणी के मिलेंगे। एक ही पद में कुछ चरण तो अनूठे और अद्वितीय मिलेंगे और कुछ साधारण और कभी–कभी तो भरती के। कई जगह वाक्य रचना अव्यवस्थित मिलेगी और छंद या तुकांत में खपाने के लिए शब्द भी कुछ विकृत किए हुए तोड़े मरोड़े हुए पाए जाएँगे जैसे 'रहत' के लिए 'राहत' 'जितेक'' के लिए 'जितने' 'पानी' के लिए 'पान्यो' इत्यादि। व्याकरण के लिए लिंग आदि का विपर्यय या अनियम भी कहीं–कहीं मिल जाता है जैसे 'सूल' शब्द कहीं पुल्लिंग आया है– कहीं स्त्रीलिंग सारांश यह कि यदि हम भाषा पर सामान्यतः विचार करते हैं तो वह सर्वत्र तुलसी की सी गढ़ी हुई सुव्यवस्थित और अपरिवर्तनीय न मिलेगी। सूरदास के पास रचनात्मक प्रतिभा की प्रबल सामर्थ्य थी इसलिए उनकी अपनी अभिव्यक्ति प्रणाली में आचार्य शुक्ल को भले ही कहीं–कहीं झोल दिखती हो किन्तु सूरदास अपने तईं सावधान कवि थे। वे भाषा से काम लेना जानते थे। भाषा की टूट–फूट उनकी कविता में भाषागत सहज प्रवाह को सुरक्षित रखने के लिए हैं। वे ब्रजभाषा के श्रेष्ठ कवि थे।

**बोध बिन्दु–**

1. सूरदास की आत्माभिव्यंजना में सम्पूर्ण प्रकृति सक्रिय रहती है।
2. सूरदास के हृदय–अजिर में सरस्वती की वाणी और सरस्वती की वीणा का स्वर समागम हर क्षण छिड़ा रहता है।
3. सूरदास ने चलती हुई ब्रजभाषा को व्यापक और प्रभावशाली बनाया है।

## 3.6 इकाई सारांश

सूरदास की कविता में अभिव्यक्ति कौशल के इस विवेचन से स्पष्ट होता है कि सूरदास ने हिन्दी गीत–परम्परा को अपने पदों के माध्यम से समृद्ध किया है। उनके पदों में गीत–रचना की सभी विशेषताएं उपलब्ध होती हैं। अनुभूति की एकान्विति, संक्षिप्तता, आत्माभिव्यक्ति तथा संगीतात्मकता के मेल से उनके गीतों की संप्रेषणीयता सहज है। उन्होंने अपनी कविता में कल्पना के सौंदर्य को अभिव्यक्त करते हुए अनेक मौलिक बिम्बों का सृजन किया है। वे अलंकार– रचना, कौशल में निपुण कवि थे। उन्होंने अपने परिगत से ही अनेक उपमान अपने अलंकारों की रचना के लिए ग्रहण किए हैं। सूरदास के काव्य में दृष्टि कूट पदों की संख्या भी पर्याप्त है। उन्होंने दृष्टिकूट पदों की रचना करके अपने

शब्द चातुर्य को एक नया आयाम प्रदान किया है। उनकी कविता शैली में वाक् चातुर्य के लिए भी अनेक प्रसंगोद्भावनाओं का समावेश है। सूरदास ने ऐसे पदों में अपनी बौद्धिक प्रतिक्रियाएं व्यक्त की हैं। सूरदास की काव्य–भाषा में चित्रात्मकता है। वे शब्दों का चयन कुशलता से करते हैं। उन्होंने तद्भव शब्दों का प्रयोग अपनी कविता में किया है। वे ब्रज भाषा के श्रेष्ठ कवि माने जाते हैं। शब्द–शक्तियों का प्रयोग उन्होंने एक निपुण कवि की तरह ही किया है।

## 3.7 अपनी प्रगति जाँचिए।

1. कल्पना कीं सृजनशीलता से क्या तात्पर्य है?
2. सूर के काव्य में कल्पना के प्रयोग का परिचय दीजिए।
3. सूर के काव्य में अर्थालंकारों का विवेचन कीजिए।
4. दृष्टिकूटक क्या है? सूरदास के दृष्टिकूटकों का विश्लेषण कीजिए।
5. वाग्वैदग्ध सेआप क्या समझते हैं?
6. सूर की गोपियाँ वाग्वैदग्ध में निपुण थीं-- उदाहरण सहित इस कथन का परीक्षण कीजिए।
7. गीत–शैली का परिचय दीजिए।
8. सूर के पदों की विशेषताओं का उल्लेख करते हुए सूर के काव्य में संगीततत्व पर अपने विचार प्रस्तुत करें।
9. काव्य में भाषा की सृजन चेतना पर अपनी टिप्पणी दें और सूरदास की भाषिक सृजन सामर्थ्य को स्पष्ट करें।
10. सूरदास की काव्य–भाषा पर टिप्पणी लिखें।

## 3.8 नियत कार्य

1. सूरदास के पाँच दृष्टिकूटक पदों को लिखें एवं उनकी व्याख्या करें–किसी और कवि के दृष्टिकूटक भी एकत्रित करें।
2. वाग्वैदग्ध के अंतर्गत गोपियों के उन कथनों को सूचीबद्ध करें, जो उन्होंने उद्धव से संवाद करते हुए प्रस्तुत किए।
3. सूर की भाषा में प्रयुक्त मुहावरों और लोकोक्तियों का एक संक्षिप्त कोश बनाएँ।

## 3.9 चर्चा तथा स्पष्टीकरण बिन्दु

**चर्चा के बिन्दु**

..........................................................................................................

..........................................................................................................

..........................................................................................................

..........................................................................................................................................

..........................................................................................................................................

..........................................................................................................................................

..........................................................................................................................................

..........................................................................................................................................

..........................................................................................................................................

..........................................................................................................................................

..........................................................................................................................................

..........................................................................................................................................

**स्पष्टीकरण के बिन्दु**

..........................................................................................................................................

..........................................................................................................................................

..........................................................................................................................................

..........................................................................................................................................

..........................................................................................................................................

..........................................................................................................................................

..........................................................................................................................................

..........................................................................................................................................

## 3.12 संदर्भ ग्रंथ


21. सूरदास–रामरतन भटनागर।
22. सूर और उनका साहित्य–डॉ. हरवंश लाल शर्मा
23. हिन्दी काव्य की भक्ति कालीन साधना–सत्य देव चतुर्वेदी
24. सूर साहित्य–डॉ. हजारी प्रसाद द्विवेदी
25. भारतीय साधना और सूर साहित्य–डॉ. मुंशीराम शर्मा
26. सूरदास–डॉ. ब्रजेश्वर वर्मा
27. हिन्दी साहित्य का इतिहास–सं.डॉ. नगेन्द्र
28. सूरदास – पंडित रामचन्द्र शुक्ल
29. महाकवि सूरदास–पंडित नन्द दुलारे वाजपेयी
30. सूरदास–डॉ. हरवंश लाल शर्मा

# तृतीय खण्ड :
# लीला तत्व एवं महत्वपूर्ण व्याख्या

**खण्ड परिचय–**

हिन्दी एच्छिक पाठ्यक्रम के अंतर्गत आप चतुर्थ प्रश्न–पत्र जिसमें विशेष कवि सूरदास का अध्ययन चार इकाइयों में करेंगे।

प्रथम इकाई लीला तत्व से संबंधित है। जिसमें श्रीकृष्ण के जन्म, प्रातःकाल से लेकर शयन पर्यन्त एवं किशोर भाव की विभिन्न रसमयी लीलाओं के संदर्भ में टिप्पणियाँ दी गई हैं। जिनमें प्रमुख हैं– रासलीला, मुरली, गोपियाँ, माखन चोरी, चीरहरण और दानलीला।

इकाई दो, तीन और चार में मूल पुस्तक सूर सागर सार संपादक–डॉ. धीरेन्द्र वर्मा से महत्वपूर्ण पद्याशों की सप्रसंग व्याख्या की गई है। इन इकाइयों का अध्ययन करने के पूर्व मूल पुस्तक का भली–भाँति अध्ययन आवश्यक है।

सभी इकाइयों में बोध प्रश्न दिए गए हैं। अध्ययन के पश्चात बोध प्रश्नों के उत्तरों का इकाई के अंत में दिए गए उत्तरों से मिलान कर सही उत्तर देने का प्रयास कीजिए।

# इकाई–एक

# लीला तत्व

**इकाई की रूपरेखा**

1.1 उद्देश्य
1.2 प्रस्तावना
1.3 रासलीला
1.4 मुरली
1.5 गोपियाँ
1.6 माखन चोरी
1.7 चीर हरण
1.8 दान लीला
1.9 इकाई सारांश
1.10 अपनी प्रगति जाँचिए
1.11 नियत कार्य
1.12 चर्चा के बिन्दु
1.13 स्पष्टीकरण के बिन्दु
1.14 संदर्भ ग्रन्थ/अतिरिक्त पठन सामग्री
1.15 वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर

## 1.1 उद्देश्य

अभिमान छोड़कर यदि जीव इस भगवत लीला के दर्शन कर सके, तो वह कृष्ण रूप हो जाता है। आचार्य वल्लभ ने इस हरि लीला को नित्य और वर्षोत्सव पर्वो के रूप्प में प्रतिष्ठित किया था। नित्य की भावना में श्रीकृष्ण नन्द भवन में बाल भाव से और निकुंज में किशोर भाव से, प्रातःकाल से लेकर शयन पर्यन्त विभिन्न रसमयी लीलाएँ करते हैं। ये लीलाएँ श्रीकृष्ण के जन्म समय अर्थात् जन्माष्टमी से प्रारंभ होती हैं। इनमें प्रमुख लीलाएँ हैं– रास लीला, मुरली, गोपियाँ, माखन चोरी, चीर हरण, दान लीला और इन लीलाओं से छात्रों का परिचय कराना प्रस्तुत इकाई का मुख्य उद्देदश्य है।

## 1.2 प्रस्तावना

पुष्टि मार्गीय भक्ति की विशेषता हरि लीला में चरितार्थ होती है। हरिलीला रसमयी है, आनन्दमयी है, परन्तु भक्त भगवान के जिस रूप की जब और जिस प्रकार भावना करते हैं, भगवान उसी रूप में उस समय प्रकट होकर अपने भक्त की अभिलाषा को पूर्ण करते हैं। प्रभु के इस रूप को वेद ने वर्षक और वृषव्रत कहकर पुकारा है। प्रभु का यह स्वभाव है कि वे भक्त के मनोरथ को सफल करते हैं, उसके ऊपर शांति और सुख की वर्षा करते हैं।

वैष्णव भावना के अनुसार लीलामय श्रीकृष्ण अपने वासुदेव, प्रद्युम्न, अनिरुद्ध एवं संकर्षण व्यूहों से ब्रज में प्रकट हुए थे और इन रूपों द्वारा उन्होंने मोक्ष, वंशवृद्धि, धर्मोपदेश तथा संहार कार्य किए। इन कार्यों के साथ भक्तों की अभिलाषाएँ जुड़ी हुई हैं।

श्रीमद्भागवत द्वितीय स्कंध, दशम अध्याय के प्रथम दो श्लोकों में सर्ग, विसर्ग, स्थान, पोषण, ऊति, मन्वन्तर, देशानुकथा, निरोध, मुक्ति और आश्रय इन दस विषयों का वर्णन है। इन्हें हम हरिलीला के दस भेद कह सकते हैं। महात्मा सूर ने इसी आधार पर निम्न पद में दस विधि लीलाओं के नाम और उनकी व्याख्या दी है—

**श्री भागवत सकल गुन खानि।**
**सर्ग, विसर्ग, स्थान, अरुपोषण, ऊति मनवन्तर जानि।**
**ईश, प्रलय, मुक्ति आश्रय पुनि ये दस लक्षन होय।**
**उत्पत्ति तत्व सर्ग खो जानो, ब्रह्मकृता विसर्ग है सोय।।**
**कृष्ण अनुग्रह पोषण कहिए, कृष्ण वासना ऊति ही मानो।**
**आधे धर्मनकी प्रवृति जो, सो मनवन्तर जानो।।**
**हरि हरिजन की कथा होय, जहां सो ईशानु ही मानो।**
**जीव स्वतः हरि ही मति धारै सौ विरोध हिय जानु।**
**तजि अभिमान कृष्ण जो पावै सोई मुक्ति कहावै।**
**सूरदास हरि की लीला लखि कृष्ण रूप जावै।**

## 1.3 रास लीला

रास शब्द रस से बना है। 'रसौ वैसः' अर्थात् भगवान स्वयं रसरूप हैं, आनन्द रूप हैं। उपनिषद् में कहा गया है— आनंद रूप प्रभु से समस्त प्राणी प्रकट हुए हैं। यह रस रूप ब्रह्म केन्द्र है और उसकी परिधि है ब्रह्माण्ड का यह चक्र, जिसे उसकी लीला कहा जाता है।

बंगीय विद्वानों ने वैष्णव भक्ति की विवेचना के आधार पर रास लीला को वैज्ञानिक स्वरूप दिया है। इनके अनुसार सूर्य केन्द्र में है और समस्त ग्रह–उपग्रह उसके चारों ओर

चक्कर लगा रहे हैं। रासलीला में कृष्ण केन्द्रस्थ सूर्य हैं और राधा तथा अन्य गोपियाँ ग्रह और उपग्रहों के रूप में है।

किसी-किसी विद्वान ने रासलीला का वर्णन शाश्वत नृत्य की भावना के रूप में किया है। कहते हैं यही तो शिव का नृत्य है। डमरू की ध्वनि इस आकाश में फैली हुई अनन्त शब्द ध्वनियाँ हैं और शिव के पदतल की कभी सम और कभी विषम गति लास्य एवं तांडव नाम के नृत्य को जन्म दे रही हैं। नृत्य का यही शाश्वत रूप रासलीला द्वारा प्रकट किया गया है।

एक अन्य विचार के अनुसार रासलीला शुद्ध रूप से अध्यात्म क्षेत्र की घटना है। अध यात्म पक्ष में कृष्ण परमात्मा है और राधा तथा गोपियाँ अनेक जीव। वृन्दावन सहस्र दल कमल है। मुक्तजीव परमात्मा के साथ क्रीड़ा करते हैं- उनकी लीला में भाग लेते हैं। गोपिकाएँ भी कृष्ण के साथ खेल खेलती हैं।

उपर्युक्त विचारों का वर्णन विष्णु पुराण, हरिवंश पुराण, श्रीमद भागवत और ब्रह्मवैवर्त पुराण में भी पाया जाता है। सूर ने इस रासलीला का वर्णन श्रीमद्भागवत की रासपंचाध्यायी से लिया है। भागवत् में राधा का नाम नहीं मिलता। भगवान की एक ऐसी आराधिका गोपी का वर्णन अवश्य आता है जिसे वे सर्वाधिक प्यार करते थे। सूर ने इसी गोपी को राधा नाम दिया है।

सूरसागर के रासलीला अध्याय में गोपियों का परकीया भाव ही प्रकट हुआ है। लेकिन वास्तव में उनका प्रेम पारमार्थिक दृष्टि से स्वकीया का ही प्रेम है। तभी तो गोपियाँ कहती हैं-

**तुम पावत हम घोस न जाहीं।**
**कहा जाई लैहें हैं ब्रज में हम, यह दरसन त्रिभुवन में नाहीं।**
**तुमहूं ते ब्रज हितू कोऊ नहीं, कोटि कहौ नहि मानें।**
**काके पिता, मात हैं काके हम नहिं जाने।**
**काके पति सुत, मोह कौन को, घर है कहा पठावत।**
**कैसो धर्म, पापहै कैसो, जास निरास करावत।।**
**हम जाने केवल तुमही को और कृपा संसार।**
**सूर स्याम नितुराई तजिए जानिए वचन बिना सार।।**

बिलख-विलख कर रोती हुई गोपियों की इस कातर एवं व्याकुल वाणी को सुनकर कृष्ण ने उनके अनन्य प्रेम का अनुभव किया-

**हरि सुनि दीन वचन रसाल।**

**विरह व्याकुल देखि बाला भरे नैन विसाल।**

**000**

**हरष वाणी कहत पुनि–पुनि धन्य धनि ब्रजबाल।**

**सूर प्रभु करि कृपा जोहयौ सदय भए गोपाल।।**

भक्त की वेदना का अनुभव करके भगवान द्रवित हो गए और गोपियों के प्रेम को धन्य धन्य कहने लगे।

रास आरंभ हुआ। अत्यंत सुहावना समय है। शरद–कालीन निर्मल नभ में पूर्ण चन्द्र का प्रकाश, रोम–रोम में मादकता की तरंगें उत्पन्न करने वाली शीतल मन्द सुगन्धित वायु, परम रुचिर यमुना का तट। सूर कहते हैं–

**आजु निसि शोभत सरद सुहाई।**

**सीतल मंद सुगन्ध पवन बहै रोम–रोम सुखदाई।**

**यमुना पुलिन पुनीत परम रचि रचि मण्डली बनाई।**

**राधा बाम अंग पर कर धरि मध्यहि कुंवर कन्हाई।।**

राधा और कृष्ण बीच में हैं। चारों ओर गोपियाँ हैं। वैसा ही समय वैसा ही सौंदर्य और वैसी ही हार्दिक प्रेम की उमंग। रासलीला क्या है? मानों भगवान का एक–एक आत्मा के साथ तद्रूप हो जाना है। पहले राधा के साथ नृत्य प्रारंभ हुआ–

**कुण्डल संग ताटंक एक भए युगल कपोलनि झाईं।**

**एक उरग मानो गिरि ऊपर द्वै ससि उदय कराई।।**

**चारि चकोर परे मनो फेरा चलत है चचंलताई।**

**उडपति गति तजि रहयौ निरखि लजि सूरदास बलिजाई।।**

रास में राधा और कृष्ण दो नहीं मालुम पड़ते। दोनों मिलकर एक हो गए हैं। कृष्ण के कुण्डल और राधा के तांटक अब पृथक–पृथक नहीं दिखाई देते। दोनों कपोलों पर उनकी झलक भर पड़ रही है। यह झलक सर्प के समान लहरें ले रही है। राधा के स्तन रूपी–पर्वत के ऊपर राधा और कृष्ण दोनों के दो मुख दो चद्रमाओं के समान उदय हो रहे हैं। दोनों की आँखें चंचल हो रही हैं। एक दूसरे के जाल में फँसी हुई हैं और वह वास्तविक चन्द्रमा वह देखता है कि मेरे जैसे दो–दो चंद्र आज पृथ्वी पर अपूर्व लीला कर रहे हैं, वह लज्जित हो जाता है और अपना चलना छोड़कर चुपचाप खड़ा हो जाता है। देवता भी इस रास दृश्य को देखकर पुष्पों की वर्षा करने लगे। धन्य है वह वृन्दावन धाम, जहाँ उस लीला, पुरषोत्तम ने ऐसा अदभुत रास किया।

शिव, शारदा और नारद, किन्नर, गन्धर्व और मुनि सभी इस दृश्य के दृष्टा बने हुए

हैं। देवांगनाएँ तो तरस रहीं हैं, चाहती हैं कि वे भी ब्रज बालाएँ होनीं तो इस रसिक शिरोमणि के साथ कुछ तो रस का आस्वादन कर सकतीं। नहीं तो वृंदावन की लताएँ और वृक्ष ही बन जातीं। किसी प्रकार उस नटनागर का सामीप्य तो प्राप्त हो जाता–

**हमको विधि ब्रज वधू न कीन्ही कहा अमरपुर बास भये।**
**बार–बार पछताति यहै कहि, सुख हो तो हरि संग रये।।**
**कहा जन्म जो नहीं हमारी फिर फिर ब्रज अवतार भलो।**
**वृन्दावन द्रुमलता हूजिए करतासों मांनिए चलो।।**

रास अपनी चरम सीमा पर पहुंचता है। सोलह सहस्र गोपियाँ, पर मृत्यु की द्रुत गति द्वारा सबको कृष्ण अपने ही साथ क्रीड़ा करते दिखाई पड़ते हैं। एक गोपी में समाये हुए कृष्ण और कृष्ण में समाई हुई एक गोपी–

**मानो माई धन–धन अंतरदामिनी।**
**धन दामिनी–दामिनी धन अन्तर, सोभित हरि ब्रज भामिनी।।**

ब्रज की युवतियों का हाथ पर हाथ रखे हुए द्रुत पद विन्यास पढ़ते ही बनता है। जिसमें रास करते हुए कभी उनके सिर से वस्त्र नीचे खिसक जाता है, केशपाशों में गुथी हुई कुसुम की माला नीचे गिर पड़ती है, हार में पिरोये हुए मोती इधर–उधर बिखर जाते हैं और कानों के कुण्डल पृथ्वी पर गिर पड़ते हैं। मृदंग, मुरली, मुरज आदि अनेक वाद्य बज रहे हैं। रासलीला के इस रसीले राग से व्योम में विमान स्थित देव वृन्द आश्चर्य चकित हो रहा है और तारकावलि टकटकी लगाए रस नृत्य को निरखने में निमग्न है–

**विराजत मोहन मण्डल रास।**
**स्याम सुधा सरोवर मानो क्रीड़त विविध विलास।।**
**श्रुति कुण्डल धर गिरत न जानति अति आनन्द भरी।**
**चरन परस ने चलत चहुं दिसि मानहुं मीन करी।**
**बाजत ताल मृदंग बाँसुरी उपजति तान तरंग।**
**निकट विटप मनु द्विजकुल कूजत वय बल बढ़े अनंग।।**

रास का प्रभाव अत्यंत अद्‌भुत है। इस रासलीला के नारद जैसे मुनीश्वर, शारदा जैसी विद्या की अधिष्ठातृ देवी और शिव जैसे योगीश्वर को भी आत्मविस्मृत कर दिया है। शिव जी ही नहीं नारायण तक मुग्ध हो गए और अपनी प्रियतमा रमा से कहने लगे, 'प्यारी सुनो, आज श्याम वन में विहार कर रहे हैं। जिस सुख विलास में आज ब्रजांगनाएँ हैं वह सुख हमारे भाग्य में कहाँ। ये ब्रजवामाएँ धन्य हैं। और सबसे बढ़कर तो रास रस का स्वाद मुरली को मिला वहीं तो श्याम अधरों पर बैठी हुई शब्द कर रही है। चन्द्रमा का मार्ग विस्मृत

होना तो साधारण बात है। देवताओं के मुग्ध होने में भी कोई विशेषता नहीं। पर तिनकों और— बृक्षावलियों को क्या हो गया? जल और पवन तक अपना बहना भूल इस नाद निनादिनी में बहने लगे हैं। पाताल रसौतल और तलातल भी नहीं बच सके, इस रस प्रवाह में सभी बरबस बहे जा रहे हैं—

**रास रस मुरली ही ने जान्यौ।**
**स्याम अधर पर बैठि नाद कियो, मारग चन्द्र हिरान्यौ।।**
**धरनि जीव जल थल के मोहे नभ मण्डल सुर थाके।**
**तृण, द्रुम, सलिल, पवन गति भूले स्रवण शब्द परयौ जाके।।**
**बच्यौ नहीं पताल रसातल, कितिक उर्द लौं भान?**
**नारद सारद शिव यह भाषतै कछु तल रहयौ न सयान।।**
**यह अपार रस रास उपायौ, सून्यो न देख्यौ नैन।**
**नरायण धुनि सुनि ललचाने, स्याम अधर सुनि बैन।।**
**कहत रमा सौं सुनि—सुनि प्यारी, बिहरत है बन स्याम।**
**सूर कहा हमको वैसो सुख, जो बिलसति ब्रज धाम।।**

इसी रास के बीच में सूर ने राधा कृष्ण के विवाह का भी सुन्दर चित्रण किया है। कृष्ण की प्राप्ति के लिए राधा व्रत रखती हैं। यमुना के पावन पुलिन पर वेदी बनती है। कुंज मंडप का कार्य करते हैं। मुरली निमन्त्रण देकर गोपियों को बुला लाती है। गोपियाँ वर—वधु का ग्रन्थि बन्धन करती है। भाँवरे पड़ती है और बड़ी धूम धाम के साथ विवाह की विधि सम्पन्न होती है। विवाह के पश्चात् फिर रास लीला प्रारम्भ होती है।

विवाह होने के पश्चात् राधा गर्व महसूस करती हैं। समस्त गोपियों में वे ही पटरानी हैं—

**तब नागरि जिय गर्व बढ़ायौ।**
**मोसमान तिय और नाहिं कोऊ गिरिधर मैं ही बस करि पायौ।।**
**जोई जोई कहत, करत सोई—सोई पिय, मेरे हित यह रास उपायौ।**
**सुन्दर चतुर और नहिं मो सी देह धरे कौ भाव जनायौ।।**

गर्व में अभिमानी राधा कृष्ण से कहती है, "मैं नृत्य करते हुए थक गई हूँ। पैरों में पीड़ा होने लगी है। पृथ्वी पर चलते नहीं बनता। जरा अपने कंधों पर बिठा लो, थोड़ी देर विश्राम कर लूँ, जिससे थकावट दूर हो जाए।" राधा के इन गर्वीले धृष्ट वचनों को सुनकर कृष्ण मन ही मन मुसकाने लगे —

**कहे भामिनी कन्त सों मोहि कन्ध चढ़ावहु।**

**निरत करत अति भ्रम भयो ता भ्रमहि मिटावहु।।**

**धरनी धरत बनै नहिं पग अतिहि पिराने।**

**तिया वचन सुनि गर्व के पिय मन मुसकाने।।**

कृष्ण की यह मुस्कान राधा के लिए विष बन गई। थोड़ी ही देर में कृष्ण अंतर्धान हो गए। कृष्ण को न पाकर राधा बिलखती हुई एक वृक्ष के नीचे मूर्छित होकर गिर पड़ी। गोपियाँ भी रुदन करने लगीं–

**व्याकुल भई घोष कुमारि।**

**स्याम तजि संगते कहां गये यह कहति ब्रजनारि।।**

व्याकुल गोपियाँ लताओं कुंजों एवं वृक्षों के झुरमुट में कृष्ण को ढूंढने लगी पर श्याम नहीं मिले–

**सकल बन ढूढ़ौ कतहुं न श्याम लहयौ।**

विरहिणी गोपियों ने वृक्षों, लताओं, पक्षियों, कदम्ब और कुन्जों से भी पूछा पर किसी ने कृष्ण का वृतांत नहीं बताया। गोपियाँ रुदन करने लगीं।

राधा और गोपियों को व्यथित देख कृष्ण कैसे चुप बैठ सकते थे भक्त आँसू–बहाए और भगवान अनसुना या अनदेखा कर दें, भारतीय साधना का पथ भगवान के इस कूटस्थ रूप तक नहीं पहुँचता।

हमारे और भगवान के बीच यही गर्व और अहंकार बाधा बनता है। जहां एक बार हमने पश्चाताप की अग्नि में इस आवरण को दग्ध किया, रोकर आंसुओं की धारा में इसे बहा दिया, वहां भगवान के प्रकट होने में देर नहीं लगती। कृष्ण आ गए और रासलीला फिर प्रारंभ हो गयी है–

**बहुरि स्याम सुख रास कियो।**

**भुज–भुज जोरि जुरी ब्रजवाला वैसे ही रस उमगि हियो।**

पुनः पूर्व की सी अर्थात् प्रथम रास के अवसर जैसी अवस्था उत्पन्न हो गई। सुर, नर, मुनि वैसे ही वशीभूत नक्षत्र और चन्द्रमा उसी प्रकार मार्ग भूले हुए, यमुना और पवन वैसे ही गतिविहीन हो गए।

रास–लीला समाप्त हुई। गोपियाँ, राधा, कृष्ण सबके सब थके मांदे यमुना के जल में थकावट दूर करने के लिए स्नान करने लगे। रात्रि व्यतीत होने को आई। पर यह एक रात्रि भागवत के अनुसार छह महीने के बराबर थी और सूर के शब्दों में तो वह एक कल्प के काल से कम नहीं थी। सूरदास कहते हैं इस रासलीला का वर्णन करना मेरी सामर्थ्य के

बाहर है। जो इसका वर्णन कर सके, वह वन्दनीय है–

**रास रसलीला गाई सुनाऊँ।**

**यह जस कहै सुनै मुख स्रवननि तिन चरननि सिरनाऊँ।।**

००

**श्रास–रसरीति नहि बरनिं आवै।**

**कहाँ वैसी बुद्धि, कहाँ वह मन लहौ, कहाँ इह चित्त जिय भ्रमभुलावै।।**

**जो कहाँ कौन माने निगम अगम जो, कृपा बिनु नही यह रसहि पावै।**

**भाव सों भजै बिनु भाव में यह नहीं, भाव ही मांहि भाव यह बसावै।**

०००

**यहै निज मंत्र, यह ध्यान यह ज्ञान है दरस दम्पत्ति भजन सार गाऊँ।**

**इहै मांगो बार–बार प्रभु सूर के नयन दोऊ रटै नर देह पाऊँ।**

यह रासलीला विश्व विराट कार्य प्रणाली का मधुर आभास है। इसका रूप क्षणिक नहीं, शाश्वत है। सूरसारावली के एक पद में सूर ने लिखा है–

**वृन्दावन हरि यहि विधि क्रीड़त सदा राधिका संग।**

**भोर निसा कबहूँ नहिं जानत सदा रहत इक रंग।।**

वह रास जिसमें हरि एवं राधा दोनों में से किसी को भी न प्रभात का ज्ञान होता है न रात्रि का, जिसमें सर्वदा एक रस क्रीड़ा बनी रहती है, वह भगवान नित्य रास है, शारवत लीला है। सूरसागर के दशम स्कंध में इसी भाव का एक और पद आता है–

**नित्य धाम वृन्दावन स्याम, नित्य रूप राधा ब्रजवाम।**

**नित्य रास जल नित्य विहार, नित्य मान खंडिता भिसार।।**

**ब्रह्म रूप ऐई करतार, करनहार, त्रिभुवन संसार।**

**नित्यकुंज कुंज सुख नित्य हिंडोर। नित्यहि त्रिविध समीर झकोर।**

वृन्दावन एक शाश्वत धाम है और उसमें होने वाला राधा और कृष्ण क्रा रास भी नित्य है। रास की इस नित्यता को सूर ने भगवान की शाश्वत लीला कहा है। आचार्य वल्लभ ने इसी शाश्वत लीला के सूर को दर्शन कराए थे।

**वस्तुनिष्ठ प्रश्न–**

1. **भागवत के आधार पर सूर ने रासलीला में कितने विषयों का वर्णन किया है?**

(1) दो (2) छह

(3) आठ (4) दस

**2. रासलीला में कृष्ण केन्द्रस्थ ........... हैं और राधा तथा अन्य गोपियाँ ग्रह और उपग्रहों के रूप में हैं।**

(1) चन्द्रमा (2) आकाश

(3) सूर्य (4) पृथ्वी

**3. रासलीला का वर्णन श्रीमदभागवत के किस अध्याय से लिया गया है?**

(1) भ्रमर गीत से (2) दशम स्कंध पूर्वार्द्ध

(3) रासपंचाध्यायी (4) दशम स्कंध उत्तरार्द्ध

**4. सूर सागर के रासलीला अध्याय में गोपियों का कौन–सा भाव प्रकट हुआ है?**

(1) स्वकीया (2) परकीया

(3) खंडिता (4) मानवती

**5. भगवान की रासलीला को सूर ने कहा है।**

(1) नित्य लीला (2) दान लीला

(3) शाश्वत लीला (4) भगवत लीला

## 1.4 मुरली

श्री वल्लभाचार्य के पुष्टि सम्प्रदाय में मुरली का एक विशेष स्थान है। उसके अनुसार श्रीकृष्ण परब्रह्म हैं और मुरली उनकी योगमाया है। वह अपने गम्भीर और आकर्षक स्वर से समस्त जीवों का आवाह्न करती है। वह उनकी मोह निद्रा को तोड़ देती है और उन्हें जागरूक कर देती है। गोपियाँ जीवों का प्रतीक हैं। कृष्ण अपनी योगमाया मुरली के स्वर द्वारा उन्हें अपने पास बुलाते हैं। उन्हें उसके स्वर का इतना आकर्षण होता है कि वे अपने सारे गृहकार्यों को छोड़कर उनके निकट जा पहुँचती हैं। यही वह आध्यात्मिक रूपक है जिसके आधार पर सूर आदि पुष्टिमार्गीय भक्त कवियों ने मुरली के अलौकिक प्रभाव का वर्णन किया है।

सूरदास जी ने कृष्ण की मुरली पर भी अनेक कल्पनाएँ की हैं। कृष्ण के प्रेम ने गोपियों में इतनी सजीवता भर दी हैं कि कृष्ण तो क्या, कृष्ण की मुरली तक से छेड़छाड़ क़रने को उनका जी चाहता है।

शरच्चंदिका–धौत–निर्मल विभावरी में रास प्रारम्भ होने से पूर्व मोहन की मुरली बजती हैं तब गोपियाँ अपने समस्त गृहकार्यों का त्याग करके आर्य–मर्यादा का उल्लंघन करती हुई अनेक विघ्न बाधाओं के होते हुए भी शीतल–मंद–सुगंध समीर से मादक तरंग संकुल यमुना तट पर जा पहुँचती हैं। सूर इस समय का वर्णन करते हुए लिखते हैं कि–

**जब मोहन मुरली अधर धरी।**

गृह व्यवहार थके आरज पथ तजत न संक करी।।

पद-रिपु पर अटक्यो आतुर ज्यों उचटि पलटि उबरी।

0 0 0

जबहिं बन मुरली श्रवण परी।

चकृत भई गोप कन्या सब काम धाम बिसरी।।

कुल मरजाद वेद की आज्ञा नेकहु नाहिं डरी।

जो जेहिं भाँति चली सो तैसेई निशि बन कुंज खरी।।

सुत यति नेह, भवन जन शंका, लज्जा ...ति करी।।

0 0 0

मुरली मधुर बजाई श्याम।

मन हर लियौ भवन नहिं भावौं, व्याकुल ब्रज की बाम।।

भोजन भूषण की सुधि नाहीं, तन की नहीं संभार।

गृह गुरु लाज सूत सौ तौरयो डरी नहीं व्यवहार।

0 0 0

**मुरली सुनत भई सब बौरी।**

**छुटि सब लाज गई कुल कानि सुनि पति–आरज पंथ भुलानी।**

इन पदों में सूर ने आर्यपथ, कुल मर्यादा, वेद की आज्ञा, सुत पति स्नेह, भवन–जन शशंका, गुरुगृह लज्जा आदि के परित्याग का उल्लेख किया है। निम्न पदों में विश्व विमोहक मुरली ध्वनि का प्रभाव दिखाई देता है–

**मुरली गति विपरीत कराई।**

**तिहूँ भुवन भरिनाद समान्यों, राधा रवन बजाई।।**

**बछरा थन माहीं मुख परसत, चरत नहीं तृण धेनु।**

**जमुना उलरी धार चली वहि, पवन थकित सुनि बेनु।।**

मुरली की धुन सुनकर ऐसी किसमें समार्थ्य थी, जो चुपचाप बैठा रहता। जो मुरली यमुना की धारा उलट कर वहा सकती है, पवन को मूक, चंद्र को स्तब्ध और–सुर–गंधर्वों को व्याकुल बना सकती है, जिसकी ध्वनि को सुनकर गायें चरना छोड़ देती हैं, बछड़े दूध नहीं पीते, शिव की समाधि भंग हो जाती है। खग, मृग, गुरु, सुर, नर मुनि आदि सब पर जिसका अबाध अधिकार है, उसकी ध्वनि कान में पड़ते ही गोपियाएँ कुल लज्जा दूर करती

हुई कृष्ण के पास पहुँच ही जाती हैं। कैसा जादू है इस मुरली का। सूर लिखते हैं–

**लै लै नाम सबनि को टैरें, मुरली ध्वनि घर ही के नेरै।**

0 0 0

**राधिका रवन बन भुवन सुख देखि के अधर धरि वेनु सुललित बजाई।**
**नाम लै लै सकल गोपकन्यान के सबन के श्रवण वह धुनि सुनाई।।**

मुरली की ध्वनि कानों में पड़ते ही प्रत्येक गोपी ने अनुभव किया जैसे उसी का नाम लेकर उसे बुला रही है। यह जिसका जिस ढंग से चाहती है, वैसा ही संदेश उनके कानों में अपनी ध्वनि से डाल देती है। गोपिकाओं का कृष्ण के पास जाना आध्यात्म पक्ष में जीवात्मओं का परमात्मा की ओर उन्मुख होना है। जो धारा संसार की ओर बह रही थी उसे उलटकर ईश्वर की ओर बहाना है। तभी तो सूर ने लिखा है–

**मुरली श्याम अनूप बजाई, विधि मर्यादा सबनि भुलाई।।**
**निसि बन को मुक्ती सब धाई, उलटे अंग अभूषण ढाई।।**
**कोऊ चलि चरण हार लपिटाई, काहू चौकी भुजनि बनाई।**
**अंगिया कटि लहंगा उरलाई, यह सोभा बरनी नहिं जाई।।**

गोपियों की जो वृत्ति गृहस्थी में, संसार में रमण कर रही थी वह मुरली नाद सुनते ही इधर से हटकर परमार्थ की ओर लग गई। साधक–सांधना करता हुआ कभी–कभी अनुभव करता है; जैसे– कोई बुला रहा है। गोपिकाओं को भी ऐसा ही अनुभव हुआ और वे चल पड़ीं। नशे में चूर मतवाले मनुष्य को अपने तन वसन का स्मरण नहीं रहता गोपियों की भी ऐसी ही दशा है। वे भी कृष्ण दर्शन के नशे में मतवाली हो जाती हैं। तभी तो हार चरणों में चौकी भुजाओं में और सब अंगों में उलटे आभूषण धारण किए जा रहे हैं।

मुरली गोपियों से स्पर्द्धा रखने वाली राधा की सौतन है जो कृष्ण के अधर रस को पी रही हैं। बड़ी सौभाग्यशाली है यह–

**अधर रस मुरली सौतन लागी।**
**जा रस की षट ऋतु तप कीन्हों सो रस पिवत सभागी।।**
**कहाँ रही, कहै ते यह आई, कोनै याहि बुलाई।**
**सूरदास प्रभु हम पर ताकों कीनी सौत बनाई।।**

मुरली सौतन ही नहीं धृष्ट मानवती पत्नी भी है। इसने कृष्ण को मोहित ही नहीं किया, उनका सर्वस्व तक हरण कर लिया है। उन्हें नाना–नाच–नचा चुकी है–

**मुरली तऊ गोपालहिं भावति।**
**सुन री सखी! जदपिनन्दनन्दनहि नाना भाँति नचावति।**

**राखत एक पाँव ठढ़ौ कर अति अधिकार जनावति।**
**कोमल अंग आपु आज्ञा गुरु करि टेढ़ी हवै आवति।**
**अति आधीन सुजान कनौड़े गिरिधर नापि नवावति।**
**आपुन पौढ़ि अधर सेज्या पर, करपल्लव–सनपद जलुटावती।**
**भृकुटि कुटिल कीय नासापुर हम पर कोप कुपावति।**
**सूर प्रसन्न जानि एकौ छिन अधर सुसीस डुलावति।।**

मुरली कृष्ण को अपने अधीन करके जैसा नाच नचा रही है; जैसा वह कहती है कृष्ण को वैसा ही करना पड़ता है। कृष्ण को एक पाँव पर खड़ा कराके रखती है। मजाल क्या जो वे उसकी आज्ञा के बिना एक पग भी इधर–उधर हो जाएँ। कभी उनकी गर्दन झुका देती है, उसी की आज्ञा से कृष्ण की कमर भी टेढ़ी हो जाती है। वह कृष्ण के अधरों को रशैय्या बना कर लेट गई और स्वयं उन्हें पैर दबाने की आज्ञा देने लगी।

भगवान उस मानवती को मनाने के लिए चुपचाप उसके पैर दबाने लगे। गोपियाँ कहती हैं! श्याम यह तुम्हें क्या हो गया है? इस तनिक सी मुरली ने तुम्हें कैसा वशीभूत कर दिया है– गोवर्धन जैसे पर्वत को उठाने वाले गिरधर, आज तुम मुरली के बोझ से ही तिरछे हुए जाते हो–

**श्याम तुम्हारी मदन मुरलिका नैक सी न जग मोह्यौ।**
**जे सब जीव–जन्तु जल–थल के नाद स्वाद सब पोह्ययौ।।**
**धरणी धर गोवर्धन राख्यौ, कोमल प्राण अधार।**
**अब हरिलटकि रहत है टेढ़े, तनिक मुरली के भार।।**

गोपिकाएँ अब अधिक सहन नहीं कर सकतीं। इस मुरली ने तो ऐसा जादू डाला है ऐसी मोहिनी फेरी है जब देखो कृष्ण उसी के पीछे लगे दिखाई देते हैं। मुरली से एक बोल निकलता, वह भी क्षणिक, पर कृष्ण सदा के लिए उनके हाथ बिक जाते हैं। कभी उसे हाथ में लेते हैं, कभी अधरों पर रखते हैं और कभी उसे कमर में खोंस लेते हैं। वंशी के प्रेमपाश में ऐसे बँधे हैं कि उसे कभी छोड़ते ही नहीं। वे निश्चय करती हैं कि इसे चुरा लेना चाहिए। न रहेगा बाँस न बजेगी बाँसुरी–

**सखी री मुरली लीजै चोरि।**
**जिन गोपाल कीन्है अपने वस, प्रीति सबनि की तोरि।**
**दिन एक चोर, फेरि बसु ता सुर, धरत कबहूँ छोरि।।**
**कबहूँ कर कबहूँ अधरन पर, कबहूँ कटि में खोसती जोरि।**
**ना जानो कछु मेलि मोहिनी, राखी अंग अंभोर।।**
**सूरदास प्रभु को मन सजनी बंध्यो राग की डोर।।**

पर गोपाओं को क्या मालूम कि वंशी की मोहिनी के पीछे कितनी तपस्या हुई है।

मुरली ने कितना तप किया है। इसने अपना सारा शरीर पंचाग्नि में तपकर जला डाला। शरद के घोर शीतकाल में ठिठुर कर काँटा हो गई। पावस की प्रबल धुआँ धार झड़ी में एक पैर पर खड़े रहकर इसने अपने शरीर को गला दिया। घोर–तपश्चर्या के पश्चात् यह वन से काटी भी गई, पर मजाल क्या कि काटने में मुख से उफ भी करे। काटे जाने के पश्चात् गर्म तकुए से इसमें छेद किए गए फिर भी अविचल खड़ी रही। इतनी तपस्या पर भी क्या कृष्ण नहीं रीझेंगे। अरी गोपियों तुम वंशी को व्यर्थ भला–बुरा कहती हो। ये इसके गुण ही हैं। जिसने सबको आकर्षित करने वाले कृष्ण को भी आकर्षित कर लिया। इसके संताप सहन को सूर ने इस प्रकार वर्णित किया है–

**मुरली तपु कियौ तनु गारि।**
**नेह हूँ नहिं अंग मुरली जब सुलाखी जारि।**
**सरद ग्रीष्म प्रबल पावस खरी इक पग भारि।**
**करत हूँ नहिं अंग मोर्‍यो साहसिनी अति नारि।।**
**रिझै लीन्हें श्याम सुन्दर देति हौ कत गारि।**
**सूर प्रभु तब ढरै हैं री, गुननि कीन्ही चार।।**

ऐसा तप जिसने किया हो, ऐसे सन्ताप जिसने सहन किए हों, वह क्यों न विजय प्राप्त करे। मुरली स्वयं कहती है–

**ग्वालिनी तुम कत उरहन देहु।**
**पूँछहु जाहि श्याम सुन्दर को जेहि विधि जरयौ सनेह।**

जिस मुरली ने इतना विशाल संसार–समरांगण विजय किया है उसका राज्याभिषेक होना ही चाहिए। सूर लिखते हैं–

**माई री! मुरली अति गर्व काहू बदति नाहिं आज।**
**हरि को मुख कमल देख पायौ सुख राज।।**
**बैठति कर पीठ ढीठ अधर छाहीं।**
**चमर चिकुर राजत तहै सुन्दर सभा माहीं।।**
**यमुना के जलहि नहिं जलधि जान देति।**
**सूर पुरते सूर विमान भुवि बुवाई लेति।।**

मुरली गर्व से भरी आज अपने सामने किसी को कुछ भी नहीं समझती है। आज उसका राज्याभिषेक जो होना है। वह भगवान के कर कमल ही चौकी (पीठ सिंहासन) का काम कर रहे हैं। इस चौकी पर मुरली विराजमान हो गई। श्याम के अधरों का छत्र उसके ऊपर तन गया। काले–काले घुँघराले बाल चमर का काम कर रहे हैं। सुन्दर दरबार लगा

हुआ है। अभिषेक में जल की आवश्यकता है, अतः यमुना रोक ली गई है। स्वर्ग से देवताओं के विमान भी नीचे उतर आए हैं।

अंततः वंशी ने विजय प्राप्त की उसका राज्याभिषेक हो गया। कवि कविताओं द्वारा उसका यशोगान करने लगे–

**जीती–जीती है रन वंशी।**

**मधुकर सूत बदत बन्दी पिक मागध–मदन प्रसंसी।।**

**ब्रह्मादिक शिव सनक सनन्दन बोलत जै–जै बाने।**

**राधापति सर्वदा अपुनो दै, पुनि ता हाथ विकाने।।**

आचार्य वल्लभ ने इस वेणुनाद का कई प्रकार से निरूपण किया है। वे कहते हैं जब किसी मनुष्य को प्रभु का अनुग्रह प्राप्त हो जाता है तब उसके सामने वंशी बजने लगती है। उन्होंने यह भी लिखा है कि मुरली की ध्वनि ब्रह्मनाद से भी अधिक आनन्द प्रदायिनी है। वह आनन्द का सार है। सूर ने भी वल्लभ शिक्षा से दीक्षित होकर मुरली का ऐसा ही लोकोत्तर वर्णन किया है–

**छबीले मुरली नेकु बजाऊ।**

**बलि बलि जात सखा यह कहि कहि अधर सुधा रस प्याऊ।।**

**दुर्बल जन्म दुर्लभ वृन्दावन, दुर्लभ प्रेम तरंग।**

**ना जानिये बहुरि कब हवै है, श्याम तुम्हारौ संग।।**

**विनती करहि सुबल श्रीदामा, सुनहु स्याम दे कान।**

**जा रस को सनकादि सुकादिक अमर मुनि ध्यान।।**

इस प्रकार वंशी पर सूर ने कई उदात्त कल्पनाएँ की हैं। वंशी के बहाने उन्होंने आंतरिक शक्ति के जागरण का, अपनी प्रतिभा के बल से , चारु चित्र चित्रित कर दिया है। वंशी पर सूर की वह कल्पना भी उत्तम है जिससे उन्होंने वंशी को ब्रह्मा से भी बढ़कर सिद्ध किया है। इन सभी पदों में वर्णित मुरली को योगमाया समझा जाए; लीला का रूप, शब्द–ब्रह्म या आंतरिक ज्योति का जागरण। है यह अतीव आनन्द रूपिणी।

**वस्तु निष्ठ प्रश्न–**

**6. पुष्टिमार्ग में मुरली कृष्ण की–**

(1) सखी है (2) प्रेमिका है

(3) योगमाया है (4) पत्नी है

**7. भागवत् में मुरली का रूपक है–**

(1) पत्नी का (2) सखियों का

(3) मानवती का (4) वेणु वादन का

**8. गोपियाँ कृष्ण दर्शन को मतवाली हो जाती हैं–**

(1) कृष्ण की आवाज सुनकर (2) राधा की आवाज सुनकर

(3) उद्धव का आगमन सुनकर (4) मुरली की धुन सुनकर

**9. गोपियाँ मुरली को मानती हैं अपनी–**

(1) सखी (2) माता

(3) सौतन (4) बहन

**10. मुरली ने अपना आसन बनाया है कृष्ण के–**

(1) अधरों को (2) माथे को

(3) कर कमलों को (4) चरणों को

## 1.5 गोपियाँ

साधारण अर्थ में गोप (ग्वाला, अहीर या आभीर) जाति की स्त्रियों को 'गोपिका; कहा जाता है, किन्तु काव्य क्षेत्र में कृष्ण के समय ब्रज में निवास करने वाला नारी समुदाय सामूहिक रूप में 'गोपिकाओं' की संज्ञा से विभूषित किया गया है। गोपिकाओं और राधा का सशक्त और प्रभावशाली वर्णन बद्ध रूप में सर्व प्रथम 'श्रीमदभागवत' की भ्रमर कथा में मिलता है।

महाकवि सूरादास ने अपने सूरसागर में कृष्ण जन्म से लेकर कृष्ण द्वारिकागमन तक की कथा में गोपियों का वर्णन किया है। यूँ तो ब्रज के नारी समाज के अंतर्गत विविध स्थानों पर इनके विस्तृत वर्णन हैं किन्तु भ्रमरगीत में ये सर्वाधिक मुखर हुई है। कवि ने भ्रमरगीत की उ़द्भावना मूलतः श्रीमदभागवत् से ही प्राप्त की है किन्तु उसको पूर्णतया नवीन रूप प्रदान कर दिया है।

राधा की तरह सूर की गोपियाँ भी प्रेमिक ओं के अतिरिक्त और कुछ नहीं। अनवरत प्रेम–विकलता में लरजती हुई वे प्रेम को अधिक स अधिक तीव्र और परिपूर्ण करने के लिए अधीर रहती हैं। प्रेम ही उनके जीवन का आदि है और प्रेम ही अन्त। गोपियों के सामूहिक व्यक्तित्व निर्माण के बीच सूरदास ने ललिता और चन्द्रावत्नी नामक दो गोपियों की कुछ व्यक्तिगत विशेषताओं का भी उल्लेख किया है पर अन्य गोपियों में शीला, सुषमा,कामा,वृन्दा, कुमुदा और प्रमदा के नाम लेकर जो खंडिता नायिका का चित्रण किया उसमें कोई वैयक्तिक विशेषताएँ नही उभरतीं। काम भाव से प्रेरित इन सभी गोपियों की प्रकृति एक समान है।

सम्मिलित रूप में ही वे कृष्ण की प्रिया है और यह तथ्य उनके प्रेम की उस लोकातीत गूढ़ता को व्यंजित करता है जिसमें उनके द्वारा लोक लज्जा और कुल की मर्यादा का प्रत्याख्यान कराया गया है।

सूरसागर मुख्य रूप से हरिलीला काव्य है। हरिलीला गोकुल गोपियों की ही लीला है। राधा और कृष्ण भी गोप–गोपी है। श्री कृष्ण का अवतार गोप रूप में ही हुआ था। यदि कृष्ण ईश्वर है तो गोपियाँ उनकी शक्ति हैं। शक्ति अपने आश्रय से कभी पृथक नहीं होती; अतः कृष्ण और गोपियों में कोई अन्तर नहीं है। एक गुणीं है दूसरा गुण; एक अंग है दूसरा उसका अवयव। सूर ने लिखा है–

**गोपी ग्वाल कान्ह दुई नाहीं, ये कहुँ नेकु न न्यारे।**

**000**

**एकै देह बिहार करि राखे, गोपी ग्वाल मुरारि।।**

अर्थात् गोपी,ग्वाल और कृष्ण दो–दो नहीं हैं। इसमें तनिक भी अन्तर नहीं है।

अध्यात्म पक्ष में कृष्ण आत्मा है; तो गोपियाँ इस आत्मा की वृत्तियाँ हैं। तभी तो सूर इन ब्रजललना गोपियों को अपनी स्वामिनी कहते हैं–

**सूर की स्वामिनी नारि ब्रजभामिनी।**

परन्तु आत्मतत्व के एक होते हुए भी वृत्तियाँ अनेक और भिन्न रूपा हैं, इसलिए भागवत् और सूरसागर में उनके कई स्पष्ट रूप लक्षित होते हैं। भागवत् के अनुसार –"गोप जाति प्रतिच्छन्ना देवागोपल रुपिनः।" अर्थात् गोपी और गोपों के रूप में देव ही प्रकट हुए हैं। सूरसागर के निम्न पद में भी इस बात का समर्थन होता है–

**यह बानी कहि सूर सुरन को, अब कृष्णावतार।**

**कह्यौ सबनि ब्रज जन्म लेहु संग हमरे करहुँ विहार।।**

अर्थात् जब पृथ्वी पर पाप का भारी बोझ लद गया तो देवताओं ने भागवन से प्रार्थना की । भगवान ने कहा – "मैं गोकुल में गोप रूप में प्रकट होता हूँ। राक्षसों को मारकर पृथ्वी का भार दूर करूँगा। तुम भी ब्रज में चलकर जन्म ग्रहण करो। भगवान ने जिन देवों को आज्ञा दी थी वे गोपी–गोप के रूप में ब्रज में उत्पन्न हुए।

भगवान की प्रकृति स्वरूपा तथा देव विग्रही गोपियों के अतिरिक्त कुछ गोपियाँ ऐसी भी थीं जो पूर्व जन्म में देव कन्याओं, श्रुतियों तपस्वी, ऋषियों या भक्तजनों के रूप में रह चुकी थी और भगवान की सेवा करने के लिए उनके साथ अवतीर्ण होना चाहती थी। पुराणों में इनकी कथाएँ बिखरी पड़ी हैं। पदम पुराण के पाताल खंड में उल्लेख है कि पंचदशाक्षर मंत्र का जाप करने वाले तपस्वी उग्राया नाम के ऋषि सुन्दर नाम के गोप की कन्या सुनन्दा के रूप में उत्पन्न हुए।

दशाक्षर मंत्र का जाप करने वाले सत्यपा नाम के मुनि सुभद्रा के रूप में प्रकट हुए। निराहारी हरिधाम सारंग गोप के घर रंगवेणी नाम से अवतीर्ण हुए। इसी प्रकार जवालि तथा कुशध्वज चित्रगंधा और सुभीरा के रूप में उत्पन्न हुए।

सूरसागर के दशम स्कन्ध में सूर ने गोपियों को वामन पुराण के आधार पर वैदिक ऋचाओं का अवतार कहा है–

**ब्रज सुन्दरि नहिं नारि, ऋचा श्रुति की सब आहिं।।**

**मैं ब्रह्मा अरु शिव पुनि लक्ष्मी तिनसम कोऊ नाही।।**

बल्लभ ने एक स्थान पर गोपियों को लक्ष्मी का अंश और उसके साथ विचरण करने वाली कहा है। सुरसागर के रास लीला प्रसंग में भी लगभग ऐसी ही बात लिखी गई है। राधा का गर्व दूर करने के लिए जब कृष्ण अंतर्ध्यान हो गए तब राधा वियोग से व्यथित एवं मूर्छित होकर गिर पड़ीं और गोपियाँ भी विलख–विलख कर रोने लगीं। सूर ने गोपियों की इस दशा का वर्णन करते हुए लिखा है–

**" सोरह सहस पीर तन एकै राधा जिव सब देह।'**

अर्थात् सोलह सहस्र गोपियों और राधा की पीड़ा पृथक–पृथक नहीं है। राधा प्राण हैं, तो गोपिकाएँ शरीर। दोनों का दर्द एक है। राधा के अंग रूप में ही गोपियों को समझना चाहिए।

अतः गोपियाँ भिन्न–भिन्न रूपा थीं। उनकों कुछ देव कन्याएँ थीं, कुछ ऋषि थे, कुछ ऋचाएँ थी और कुछ स्वयं प्रभु की अंतरंग शक्तियाँ थीं। इन सबकी मंडली गोपियों के रूप में ब्रज में एकत्र हुई। इसी लिए इन गोपियों के अलग–अलग समूह है। विशाखा, ललिता, श्यामा आदि एक–एक समूह की स्वामिनी हैं। सूर ने निम्नांकित पद में गोपियों के नाम लिखे है–

**श्यामा, कामा, चतुरा, नवला, प्रमुदा, समुदा नारी।**

**सुखमा, शीला, अवधा, नंदा, वृन्दा, यमुना सारी।**

**कमला, तारा, विमला, चन्द्रा, चंद्रवलि सुकुमारी।**

**अमला, अबला, कञ्जा, मुकुता, हीरा, नीला, प्यारी।।**

**सुमना, बहुला, चम्पा, जुहिला, ज्ञाना, भाना, भाऊ।**

**प्रेमा, दीमा, रूपा, हन्सा रंगा, हरषा जाऊ।।**

**रत्ना, कुमुदा, मोहा, करुना, ललना, लोभानूपा।।**

**सूर ने गोपियों के संख्या सोलह सहस्र लिखी है–**

**मुरली ध्वनि करि बलबीर।**

**गइ सोलह सहस्र हरि वै छाँड़ि सुत पत नेह।।**

सूर गोपियाँ अपने भावों को वक्रोलियों और व्यग्यों के रूप में व्यक्त करती हैं। गोपियों के स्वभाव का बाँकपन, अल्हड़ता, विनोद प्रियता उत्साह और सजगता , उनकी नई अवस्था और प्रेम के नवीन अनुभव तथा उसकी तीव्रता की द्योतक है। वे अत्यंत सरल स्वभाव की हैं। वे कृष्ण को पति रूप में प्राप्त करने का निश्चिय करके उसके लिए शिव और सूर्य की आराधना में तत्पर हो जाती है। गोपियाँ सहज रूपवती है और भाँति–भाँति के श्रृंगार सजाकर अपने रूप के आकर्षण को और अधिक बढ़ा लेती है। वाकचातुर्य में वे कम नहीं हैं। वे बराबर कृष्ण के 'जवाब का जवाब' देती हैं। कृष्ण उन्हें अपने व्यवहार के द्वारा यनन्य प्रेम में दीक्षित करके लोक मर्यादा की उपेक्षा करने वाली प्रेमिका बना देते हैं। गोपियों का यहीं उत्कट प्रेम उन्हें कृष्णकी मुरली वादन सुनकर जैसी की तैसी वन की ओर प्रस्थान करने को विवश कर देता है। गोपियों के कृष्ण के प्रति अनुराग को सूर ने निम्न रूपों में भी चित्रित किया है–

**आदर्श बिरहिणी–**

सूर के भ्रमर गीत की गोपियाँ अत्यन्त सरल ह्रदया हैं। वे लोक विश्वासों में पली हैं। सभी गोपियाँ कृष्ण की प्रेमिका हैं। उनका प्रेमाभाव आदर्श है। वे कृष्ण से एकनिष्ठ,.और तन–मन–वचन से निरन्तर प्रेम करती हैं। वास्तव में ये सभी गोपियाँ कृष्ण प्रेम के लिए मन–वचन वार चुकी हैं उनके ह्रदय में कृष्ण की ही मूर्ति है। सोते,जागते,स्वप्न सभी में वे कृष्ण,कृष्ण रटती रहती हैं-

**"हमारे हरि हारिल की लकरी।**

**मन वच क्रम नंदनन्दन सों, उर यह दृढ़ करि पकरी।।"**

**000**

**मन चुभ रही माधुरी मूरति, रोम–रोम अरुझाई।"**

**000**

**सूरादास मोहि निमिष न बिसरत, मोहन मूरति सोवत जागत।**

सभी गोपियाँ कृष्ण के मथुरा प्रवास करने के फल स्वरूप उनके विरह में ग्रस्त हैं।कवि ने इन बिरहिणी गोपिकाओं के आदर्श विरह और उनकी न जाने कितनी स्थितियों मनः स्थितियों को अंकित किया है।एक चित्र इस प्रकार है–

**ऊंधो! तुम कहियो हरि सो जाय हमारे जिय को दरद।**

**दिन नहिं चैन, रैन नहिं सोवत, पावक भई जुन्हैया सरद।।**

**जब ते अक्रूर लैं गए मधुपुरी, भई विरह तन बाय छरद।**

**कान्हा प्रबल जगी अति ऊधो, सोचत भई जस पीरी हरद।।**

**आदर्शभक्त–**

सूर की गोपियों के लौकिक प्रेम में मुख्यतः प्रेमाभक्ति और उसमें भी कामरूपी भक्ति भावना निहित है। उनके कुछ कथन उनकी इसी आदर्श भक्ति भावना के परिचायक हैं–

**"नयनहि वहै रूप जों देख्यौ।**

**लौ ऊधौ यह जीवन जग को साँचु सफल करि लेख्यौ।।"**

**000**

**हम अति, गोकुलनाथ अराध्यौ।**

**मन, वच, क्रम हरि सों धरि पति व्रत प्रेमयोग तप साध्यौ।।**

**लोक कानि कुलकी भ्रम प्रभु मिलि–मिलि कै घर बन खेली।।**

**विनोदशीलता–**

सूर की गोपियाँ तरह–तरह की बातें गढ़ लेने में बहुत कुशल हैं। कृष्ण उद्धव के माध्यम से संदेश भेजते हैं पर गोपियों के मन में यह बात समाती ही नहीं है कि यह संदेश कृष्ण के द्वारा भेजा जा सकता है? वे ऊधौ से कहती हैं ऊधौ! जाकर फिर सुन आओ कि श्याम ने तुमसे क्या कहा था?

**ऊधो! जाय बहुरि सुम आवहु कहा कहाँ है नंदकुमार।**

गोपियाँ उद्धव की बात का बुरा नहीं मानती। प्रतिपक्षी को सर्वथा अयोग्य घोषित करके अपने पक्ष की श्रेष्ठता प्रतिपादित करती हैं–

**"घर ही बाढ़े रावरे।**

**नाहिंन मीत वियोग वस परे अनवउगे अलि बाबरे।**

**भुखमरि जाए चाहे नहीं तिनुका सिंह को यही स्वभाव रे।।"**

मथुरा में कुब्जा के साथ काले कृष्ण के संबंध को देखकर सूर ने 'सर्प' और 'भ्रमर' जैसे विश्वासघाती काले जीवों की निष्ठुरता पर खूब व्यंग करके विनोद उपस्थित किया है–

**मधुकर! क्ह कारे की जाति?**

**ज्यौं जल मीन, कमल ये अलि की, त्यौं नहिं इनकी प्रीति।**

**वस्तु निष्ठ प्रश्न–**

**11. गोपिकाओं का चित्रण सर्वाधिक मुखर हुआ है–**

(1) सूरसागर में (2) साहित्य लहरी में

(3) भागवत् में (4) भ्रमरगीत में

**12. हरिलीला काव्य है–**

(1) भ्रमरगीत (2) सूरसागरवली

(3) सूरसागर (4) सूर पपीसी

**13. यदि कृष्ण ईश्वर हैं तो गोपियाँ हैं उनकी–**

(1) सखी (2) प्रेमिका

(3) पत्नी (4) शक्ति

**14. वामनपुराण के अनुसार गोपियाँ अवतार हैं–**

(1) ऋषियों की (2) देवियों की

(3) वैदिक ऋरचाओं की (4) लक्ष्मी की

**15. कृष्ण को पति रूप में प्राप्त करने हेतु गोपियाँ किसकी आराधना करने हेतु तत्पर हो जाती हैं?**

(1) राधा कृष्ण की (2) राम–सीता की

(3) शिवपार्वती की (4)शिव और सूर्य की

## 1.6 माखन चोरी

ब्रज में कृष्ण की दस–बाहर वर्ष तक की बाल्यावस्था व्यतीत हुई। कृष्ण सुन्दरता के सागर तो थे ही, साथ ही चंचल और चतुर भी थे। गोपियाँ उनके सौंदर्य को देख मुग्ध होने लगीं। सौंदर्य–मंडित सुकुमार बालक को देखकर सबका मन उसे खिलाने के लिए मचल जाता है। जिसे देखो वही कृष्ण को देखने के लिए तरसता रहता है। सभी किसी न किसी बहाने श्याम के दर्शन करना चाहते हैं।

कृष्ण को मक्खन बहुत प्रिय था। सूरसागर में कृष्ण यशोदा से कहते हैं–

**मैया री मोहि माखन भावै।**

**जो मेवा पकवान कहति तू मोहि नाहीं रुचि आवै।।**

श्याम की इस बात को पीछे खड़ी एक गोपी सुन रही थी। वह मन नहीं मंन कामना करने लगी कि मैं कब इन्हें अपने घर में माखन खाते देखूंगी?

दूसरे ही दिन श्याम उसके घर पहुंच गये– "गये श्याम तिहि ग्वालिनि के घर" अपनी मनोकामना पूर्ण होती देख गोपी को इतना आनन्द हुआ कि वह फूली न समाई। वह गदगद हो गई और प्रेम विह्वल होकर कहने लगी–

'देखो रूप अनूप।' कृष्ण का अनुपम लावण्य सबको आकर्षित करता था।

मक्खन विलासी की चर्चा घर–घर होने लगी। गोपियाँ उठते–बैठते गोपाल की श्यामल छवि में मग्न रहने लगीं। रात को श्याम सुन्दर की छवि का ध्यान करते हुए दही

जमातीं। सबकी यही अभिलाषा रहती कि दही अच्छा जमे और उसे बिलोकर श्रीकृष्ण के लिए बढ़िया और बहुत सा माखन निकाला जाए। कृष्ण अपने सखाओं के साथ आनन्द–मत्त होकर माखन खाएँ और आँगन में नाचें। ब्रज की माखन चोरी वाली लीला का महत्व हृदय की इसी मनोरम वृत्ति में मिलता है।

सम्पूर्ण रात्रि जागकर गोपियाँ प्रातःकाल की प्रतीक्षा करतीं। ब्रह्मकाल में ही दही बिलोने की घररघर्र ध्वनि ब्रज के वायुमण्डल में फैल जाती। मक्खन निकालकर छींके पर रख दिया जाता और सब कृष्ण की बाट जोहने लगतीं। पहली बार माखन चुराने का चित्रण सूर इस प्रकार करते हैं–

**प्रथम करी हरि माखन चोरी।**

**ग्वालिनी मन इच्छा करि पूरन, आपु भजे ब्रज खोरी।।**

कृष्ण ने माखन चुराया और ब्रज की गलियों में छिप गए। धीरे–धीरे वे मक्खन चोरी में निपुण हो गए। सर्वत्र उनकी चोरी की चर्चा होने लगी–

**ब्रज घर–घर प्रकटी यह बात।**

**दधि माखन चोरी करि लैहरि, ग्वाल सखा संग खात।।**

**ब्रजवनिता यह सुनि मन हरषित, सदनु हमारे आवें।**

**माखन खात अचानक पावें भुज भरि उरहि छिपावें।।**

**मन ही मन अभिलाष करति सब, हृदय धरति यह ध्यान।**

**सूरदास प्रभु को घर में लै, दैहों माखन खान।।**

कृष्ण का घर में आना गोपियों के आल्हाद का कारण था। माखन चोरी से गोपियाँ रूष्ट नहीं होतीं बल्कि मन ही मन प्रसन्न होती हैं। गोद में लेकर कृष्ण को मक्खन खिलाने के लिए सब गोपियाँ लालायित रहती थीं। निम्नलिखित पद में सूर ने गोपियों की इस मनोवृत्ति का अत्यन्त सुन्दर चित्र अंकित किया है–

**चली ब्रज घर घरनि यह बात।**

**नन्दसुत संग सखा लीन्हें, चोरि माखन खात।।**

**कोऊ कहति मेरे भवन भीतर अबहि पैठे आई।**

**कोऊ कहति मोहि देखि द्वारे, उत्तहि गये पराई।।**

**कोऊ कहति किहि भाँति हरि को देखो अपने धाम।**

**हेरि माखन देऊँ आछौ खाइ जितनो स्याम।।**

**कोऊ कहति मैं देखि पाऊँ भरि धरौं अंकवार।**

**कोऊ कहति मैं बांधि राखो को सकै निरुवार।।**

**सूर प्रभु के मिलन कारण करति विविध विचार।**

**जोरि कर विधि को मनावति पुरुष नन्द कुमार।।**

उपर्युक्त पद की इन पंक्तियों के विश्लेषण की आवश्यकता नहीं। एक–एक बात शब्दों द्वारा प्रकाश करती हुई स्पष्ट हो आती है। कृष्ण दर्शनोत्सुक गोपियों की भावना का इससे अधिक सुन्दर चित्रण अत्यन्त दुर्लभ है।

कृष्ण दर्शन लालसा से भी कभी गोपियाँ यशोदा के घर पहुँच जाती, माखन चोरी का उलाहना दिया जाता। एक दिन कृष्ण पकड़ गए, कुछ माखन खा लिया था, जो मुख में लिपटा था और हाथ में दोना भी था। शिकायत करने पर चतुर लीला विलासी, नटवर कृष्ण माता यशोदा से कहने लगे–

**मैंया मैं नहिं माखन खायौ।**

**ख्याल परे ये सखा सबै मिलि मेरे मुख लपटायौ।।**

**देखि तुही सीके पर भाजन ऊँचे घर लपकायौ।**

**तुही निरखि नान्हें कर अपने मैं कैसे करि पायौ।।**

**मुख दधि पौछि कहत नन्द नन्दन दौना पीठि दुरायौ।**

**डारि सांटि मुसकाई तबहि गहि सुत को कण्ठ लगायौ।।**

कृष्ण कहते हैं– माँ मैंने माखन नहीं खाया। ऐसा लगता है, इन सखाओं ने मेरे मुख में लगा दिया है। अच्छा तू सोच घर में ऊँचे सीके पर रखे हुए मक्खन को मैं अपने छोटे हाथों से कैसे पकड़ सकता था। इतना कहते हुए मुख में लगा हुआ माखन पोंछ लिया। उनके चातुर्य से अब माखन खाने की चुगली करने वाल चिह्न भी नहीं रहा। और हाथ का दोना भी पीठ के पीछे छुपा लिया। कृष्ण का ऐसा भोला–भाला निष्पाप रूप देखकर माता यशोदा मोहित हो जाती हैं और उन्हें दण्डित करने का विचार त्याग कर हृदय से लगा लेती हैं।

आध्यात्म पक्ष में मक्खन जीवात्माओं के समस्त सुकृतों का फल है। भक्त अपने समस्त पुण्य फल को प्रभु को भेंट करते जाते हैं और भगवान उसे चुरा–चुराकर अपने अन्दर रखते जाते हैं। यदि फल प्राप्ति भक्त के साथ बनी रहे तो किसी दिन अहंकार का कारण बनकर उसे नीचे गिरा सकती है।

**वस्तुनिष्ठ प्रश्न–**

16. **'गए श्याम तिहि ग्वालिनी के घर' पंक्ति में कृष्ण किस उद्देश्य से गोपी के घर जाते हैं।**

(1) रासलीला (2) भगवदलीला

(3) दान लीला (4) माखन चोरी

**17. कृष्ण की माखन चोरी से गोपियाँ....... होती थीं।**

(1) रुवट (2) प्रसन्न

(3) परेशान (4) चकित

**18. कृष्ण सुन्दर होने के साथ–साथ .............. थे।**

(1) धृष्ट और शैतान (2) अविश्वासी और पाखंडी

(3) चंचल और चतुर (4) रसिक और छली

**19. 'देख्यौ रूप अनूप' पंक्ति किसके द्वारा कही गयी है–**

(1) यशोदा (2) रुक्मणी

(3) राधा (4) गोपी

**20. आध्यात्म पक्ष में जीवात्माओं के समस्त सुकृतों का फल है–**

(1) मक्खन (2) छाछ

(3) दधि (4) दूध

## 1.7 चीरहरण लीला

चीरहरण लीला का उद्देश्य गोपियों द्वारा कृष्ण को पति रूप में प्राप्त करने का उद्योग प्रदर्शित करना है। गोपियाँ, कृष्ण से मुगध होकर 'भवन रमण सब भुला दिया।' यह निश्चय करके कि संसार में कोई अपना नहीं है, इसलिए श्यामसुंदर को पति रूप में प्राप्त करना चाहिए। उन्होंने गौरी पति सविता की आराधना प्रारंभ कर दी। शिव से विनय करके तथा रवि की ओर हाथ जोड़कर विकलता पूर्वक कहती हैं– हे दिनमणि! आप संसार में विदित हैं, हमारे ऊपर भी दयालु होइए। हमारा शरीर काम से अत्यन्त दग्ध है, हमें श्यामसुंदर पति दीजिए। कात्यायनी देवी की वालुकामयी मूर्ति बनाकर पूजा करती हैं। मंत्रों का जप करती हैं, मार्गशील के शीत काल में प्रातःकाल उठकर यमुना में स्नान करती है। कृष्ण प्राप्ति के लिए किए इन समस्त प्रयोजनों को सूर ने निम्नांकित पंक्तियों में वर्णित किया है–

**सिव सो विनय करति कुमारि।**
**जोरि कर मुख करति अस्तुति बड़े प्रभु त्रिपुरारी।।**
**सीति भीति न करति सुन्दरि, कृस भयी सुकुमारी।**
**छहौ ऋतु तप करत नीके, ग्रह को नेह बिसारि।।**
**ध्यान धरि, कर जोरि लोचन मूंदि यक–यक याम।**
**विनय अंचल छोरि, रवि सों करति है सब बाम।।**

**हमहि होहुँ कृपालु दिन मणि, तुम विदित संसार।**
**काम अति तनु दहत, दीजै सूर–स्याम भतार।।**

तपस्या में इतनी दृढ़ता देखकर भगवान को द्रवित होना ही था। जिन गोपियों ने कृष्ण के लिए माता–पिता तक का संकोच न किया, तपश्चर्या की भट्ठी में अपने शरीर को जला डाला, सूख कर काँटा हो गई। जो शिव और सूर्य के सामने आँचल फैलाकर कृष्ण रूप में पति प्राप्ति का वर मांग रही हैं, उन्हें अभीष्ट सिद्धि प्राप्त होनी ही चाहिए।

लेकिन अभी भी थोड़ी सी कमी है। अभी आत्मा के ऊपर आवरण है। शिव और सूर्य की आराधना रूप साधन भी तो एक परदा है। जब तक यह भी दूर न हो जाए, तब तक पूर्ण समर्थन कैसे हो सकता है।

भगवान भक्त का समर्पण संकल्प स्वीकार करते हैं, तभी पूर्ण समर्पण होता है। आचार्यों ने इसीलिए वैधी शास्त्र सम्मत अनुष्ठानमयी भक्ति का पर्यवसान रागात्मिका भक्ति में किया है। यहीं जाकर समर्पण की क्रिया पूर्णता में परिणत होती है। गोपियों में वैधी भक्ति थी। रागानुराग भक्ति भी उनमें उच्च कोटि की थी। फिर भी दोनों के बीच एक सूक्ष्म आवरण तन्तु बाधक है। वेद में अत्यन्त सुन्दर शब्दों में इस आवरण का वर्णन किया गया है–

**मेरे पाप निवारक स्वामी।**
**मेरे बन्धन ढीले कर दो, मुक्त हो सकूं अन्तर्यामी।**
**उत्तम बन्धन शिर में सत का, जिससे ज्ञानानन्द सका है।**
**उसको वहीं खोल दो ऊपर, खेल अनेकों खेल चुका है।।**
**मध्यम बन्धन ह्रदय बीच में राग द्वैष फैलाने वाला।**
**बन्धन अधम नाभि से नीचे, तम से पाप बढ़ाने वाला।।**
**बन्धन रहित, प्रकाश पुंज हे देव, तोड़ दो बन्धन मेरे।**
**पाप रहित होकर हम जिससे बन जावें, तेरे हां तेरे।।**

यह आवरण निकृष्ट, मध्यम और उत्तम तीन प्रकार का है। गोपियाँ निकृष्ट तामसिक आवरण को तो न जाने कितने जन्म पूर्व दूर कर चुकी हैं। मध्यम ग्रंथियाँ भी टूट चुकी हैं। तम और रज का परदा नष्ट हो चुका है। पर उत्तम, सत का आवरण तो अवशिष्ट है। यह प्रथम मोहिनी माया, जो आत्मा को परमात्मा से अलग करती है। गोपियों के साथ यह उत्तम, सत : सूक्ष्म आवरण अभी बना हुआ। बिना उसके दूर हुए पूर्णता वहाँ मिल सकती है। सूरदास ने लिखा है–

**यमुना जल विहरत ब्रज नारी।**
**तट ठाड़े देखत नन्दनन्दन, मधुरि मुरलि करधारी।।**

**मोर मुकुट स्रवननि मनि कुण्डल, जलज माल उर भ्राजत।**
**सुन्दर सुभग स्याम तनु नवघन बिच वग पाँति विराजत।।**
**उर वन माल सुभग बहु भांतिन, स्वेत, लाल, सित पीत।**
**मनोसूर सरि तट बैठे सुक बरनत वरन जु भीत।।**
**पीताम्बर कटि में छुद्रावलि बाजत परम रसाल।**
**सूरदास मनु कनक भूमि ढिक बोलत वचन मराल।।**

गोपियाँ जल में स्नान कर रही हैं। वस्त्र उतार कर उन्होंने किनारे पर रख दिए हैं और यमुना तट पर खड़े कृष्ण उन्हें एक–टक देख रहे हैं। अपार छवि है इस कृष्ण कन्हैया की हाथ में मुरली है– वही योगमाया जो सबके ऊपर अपनी मोहिनी डाले हुए है। मोर के पंखों का मुकुट, कानों में कुण्डल, वक्षस्थल पर श्वेत कमल के फूलों की माला जैसे श्यामल शरीर रूपी अभिनव जलधर के बीच में बगुलों की पंक्ति विराजमान हो। फिर कमल, कुन्द, मंदार चम्पा और तुलसी की पैरो तक लटकने वाली लम्बी माला सुशोभित है। पीताम्बर पहने कटि में क्षुद्र घण्टिका परम रसीले स्वर में बज रही है। अद्‌भुत सौंदर्य है। सम्पूर्ण लावण्य इसी में निहित है।

ऐसे कृष्ण के सामने गोपियाँ स्नान कर रही हैं। वैधी भक्ति के भी अनुष्ठान रूपी वस्त्र पृथक् हो चुके हैं। यह है शुद्ध रागानुगा भक्ति की सरिता, जिसमें गोपियाँ तल्लीन होकर डुबकी लगा रही हैं और कृष्ण देख रहे हैं। वे उत्तम आवरण को भी समाप्त कर देना चाहते हैं। और गापियों के वस्त्र उठाकर कदम्ब की डाल पर जा बैठते हैं और कहते हैं– गोपियों निकलो, छोड़ो ये सतोगुण का उत्तम आवरण। अब इसका अन्त होना चाहिए। सूर के शब्दों में–

**प्रिया मुख देखौ स्याम निहारि।**
**कहि न जाइ आनन की सोभा रही विचारि–विचारि।।**
**छोरोदक घूँघट हातो करि, सम्मुख दियौ उद्यारि।**
**मनो सुधाकर दुग्ध सिंधु ते कढ्‌यो कलंक परवारि।।**

भगवान ने वह दुग्ध, धवल, श्वेत सतोगुण का सूक्ष्म घूंघट भी अपने हाथ से दूर कर दिया। आज आत्मा, राधा, गोपी का मुखमण्डल अनिंद्य निष्कलंक चन्द्र के रूप में दूध के समुद्र को चीर कर बाहर निकला है। माया के तीनों परदे दूर हो गए। अत्यंत आकर्षक, मादक और मधुर है राधाकृष्ण का यह मिलन।

चीर हरण की लीला आध्यात्म पक्ष में आत्मा का नग्न होकर माया के आवरणों, सांसारिक संस्कारों से पृथक् होकर प्रभु से मिलना है। इसमें समर्पण की सम्पूर्णता है जिसमें अपना कुछ नहीं रहता : सब कुछ प्रभु का हो जाता है।

**वस्तुनिष्ठ प्रश्न–**

**21. चीर हरण लीला का उद्देश्य गोपियों द्वारा कृष्ण को किस रूप में प्राप्त करना है?**

(1) सखा के रूप में (2) भगवान के रूप में

(3) पति के रूप में (4) प्रेमी के रूप में

**22. कृष्ण को पति रूप में प्राप्त करने के लिए गोपियाँ किसकी आराधना करती है?**

(1) गौरी पति और सविता की (2) राधा–कृष्ण की

(3) राम सीता की (4) गौरी और गजानंद की।

**23. चीर हरण लीला में गोपियों और भगवान के मध्य कौन–सा आवरण शेष है–**

(1) निकृष्ट (2) मध्यम

(3) उत्तम (4) अधम

**24. यमुना में स्नान करती हुई गोपियों के वस्त्र उठाकर कृष्ण कहां बैठ जाते हैं–**

(1) किनारे पर (2) कहीं दूर जाकर

(3) आम के पेड़ पर (4) कदम्ब के पेड़ पर

**25. चीर हरण लीला के आध्यात्म पक्ष में भक्त का सब कुछ–**

(1) अपना हो जाता है (2) कृष्ण का हो जाता है

(3) प्रभु का हो जाता है (4) प्रेमी का हो जाता है

## 1.8 दान लीला

दान लीला की गोपियाँ किशोरियाँ और नवतरुणियाँ हैं। कृष्ण उन्हें अपने व्यवहार के द्वारा अनन्य प्रेम में दीक्षित करके लोक मर्यादा की उपेक्षा करने वाली प्रेमिका बना देते हैं। दान लीला के बाद गोपियाँ श्रीकृष्ण प्रेम में उन्मत्त, भावुक प्रेमिका के रूप में चित्रित की गयी हैं। लोक लज्जा का उन्हें तनिक भी भय नहीं रहता। घर, स्वजन, परिजन सबसे उन्हें विरक्ति हो जाती है। कामातुर गोपियाँ हरि की आराधना करती हैं और गिरिधारी को पति रूप में प्राप्त करने के लिए तन को गला कर षटऋतुपर्यन्त तप करती हैं।

अंतर्यामी कृष्ण सबके मन की बात जानते हैं। उन्होंने पहले गोपियों के वस्त्र हरे, उनको सुख दिया तथा नानाविध कौतुक किए। युवतियों को सदैव यह कामना रहती है कि कान्हा से उनका तनिक भी अन्तर न हो। वे कभी भी कृष्ण को नहीं भूलतीं। गृह कार्य के समय भी उनका मन प्रभु में ही रमा रहता है।

गोपियाँ मदन गोपाल को देखकर श्रृंगार करके निकलती हैं। कटि के किंकिण और नूपुर तथा बिछियों की ध्वनि ऐसी लगती है मानो मदन के गज घंट बज रहे हों। मिट्टी की मटकी माथे पर रखकर चलती जाती हैं और मुख से हरि का गुणगान करती रहती हैं।

चन्द्रबदनी तथा सुकुमार तन वाली सब गोपियाँ अपने-अपने मन में कृष्ण की प्रिया हैं। सबको देखकर बनवारी रीझ गए और तब उन्होंने एक उपाय सोचा कि अब एक दधिदान की लीला और रसक्रीड़ा करें।

दान लीला अत्यंत संक्षिप्त घटना है किन्तु इस लीला का कई दृष्टियों से बहुत अधिक महत्व है। प्रथमतः इस लीला के संबंध में सूरदास ने अपने काव्य में वर्णित माधुर्य भाव की सैद्धान्तिक और व्यवहारिक दोनों प्रकार की व्याख्याएँ दी हैं तथा उसकी महत्ता का प्रतिपादन किया है। दूसरे इतनी छोटी घटना होते हुए भी इसका वर्णन 290 पदों में किया है। जिसमें कुछ अंशों को छोड़कर कवित्व का कहीं भी शैथिल्य नहीं दिखाई देता। तीसरे, इसी लीला के पश्चात सूरदास ने गोपियों के प्रेम में उन्माद, प्रलाप आदि दशाओं का चित्रण करके उसको उत्कट आसक्ति और अदम्य व्यसन की अवस्था तक पहुंचा हुआ दिखाया है। चौथे, गोपियों और राधा के आदर्श और अनुसरण रूप प्रेम को दान लीला में और अधिक घनिष्टता के साथ मिश्रित करने का प्रयास किया गया है। पाँचवें, दान लीला के बाद कृष्ण और राधा के रति सुख का सूरदास ने स्पष्ट और उत्फुल्ल वर्णन करना प्रारंभ किया है।

गोपियाँ कृष्ण की प्रभुता और ऐश्वर्य की ओर ध्यान नहीं देती हैं। दान लीला में असंदिग्ध शब्दों में कवि ने गोपियों के द्वारा माधुर्य के आलम्बन के अतिरिक्त कृष्ण के अन्य सभी रूपों की अवहेलना कराके यह प्रदर्शित किया है कि अनन्य भाव की चरम परिणति गोपियों के माधुर्य भाव में ही हो सकती है। गोपियों के द्वारा कृष्ण की प्राकृत और अति प्राकृत, दोनों प्रकार की गौरव गरिमा का उपहास कराके यह दिखांया गया है कि उनका प्रेम उनकी इंन्द्रियों और मन की स्वाभाविक प्रवृत्ति पर निर्भर है, जिसका आधार कृष्ण का मनोहर रूप तथा उनकी प्रेम प्रवण लीलाएँ हैं।

कृष्ण यह कहकर कि लोक में ऐसा कोई नहीं है जो उनके वश में न हो, गोपियों को आतंकित करना चाहते हैं। पर गोपियों पर इसका कोई असर नहीं होता। वे कहती हैं- 'छोटे मुँह बड़ी बात। संभाल कर क्यों नहीं बोलते? तीन लोक और कंस ये तुम्हारे वश में कब से हो गए? यह सब उनसे कहो जो अज्ञानी हो।'' कृष्ण गोवर्धन धारण करने की बात याद दिलाकर अपने महत्व और अपनी अतिप्राकृत शक्तिमत्ता का आतंक पैदा करना चाहते हैं, किन्तु गोपियाँ उनकी हँसी उड़ाती और कहती हैं कि तुमने घर का गोवर्धन उठा लिया और अपने मुँह अपनी बड़ाई करने लगे। हम तो बस इतना जानती हैं कि तुम नित्य प्रति वन में गाएँ चराने जाते हो। मोर-मुकुट, मुरली, पीताम्बर आदि सब वन के आभूषण हमने देखें हैं, कंधे की कमरी और हाथ में चंदन की लाठी भी हम जातनी हैं।' कृष्ण अपनी कमरी की अलौकिकता बताकर पुनः उन्हें सचेत करना चाहते हैं, परन्तु गोपियाँ निरन्तर उनका उपहास ही करती जाती हैं और कहती हैं कि इसी पर दधिदान मांगते हो! तुमने स्वयं कह दिया है कि तुम कमरी ओढ़ने वाले हो। पीताम्बर तुम्हें शोभा नहीं देता। काले तन पर काली कमरी

ही शोभित होती है। कृष्ण समझाते हैं, यहां तक कि अपने अव्यक्त, अविनाशी होने का स्पष्ट उल्लेख कर देते हैं। लेकिन गोपियाँ उनकी मायाजाल लीलाओं में इस प्रकार भूली हुई हैं कि वे इन बातों की केवल एक मुस्कान से उपेक्षा कर देती हैं और व्यंग्य से कहती हैं, हां ये गुण भी जानते हो! माता–पिता का निरादर और अवमानना भी करने लगे। वे पूछती हैं कि यदि तुम माता--पिता के गर्भ से नहीं पैदा हुए तो फिर आए कहां से? कृष्ण बताते हैं कि उन्होंने भक्तों के हित के लिए अवतार धारण किया है। इस पर गोपियाँ कहती हैं कि 'कान्ह, तुम कहां की बात चलाते हो। यदि तुम लायक हो तो अपने घर के हो। वन में हमें क्यों डराते हो? माखन--दधि सब कुछ लेलो पर हमें घर चली जाने दो। बस इसी में हमें सुख मिलेगा।

कृष्ण युवतियों का मार्ग रोकते हैं तो वे अपने घर वालों को बुलाने की धमकी देती हैं। कृष्ण कहते हैं कि घर वालों को क्या, कंस को बुलवाओ जिससे कि मैं सबके देखते ही देखते उसकी पूजा करूँ। हमारा तुम्हारा साथ तभी तक है जब तक कंस जीतिव है। कृष्ण के मुख से जब यह सुना तब गोपियों को संशय होने लगा। निश्चल गोपियों के लिए कृष्ण की यह बात अति कष्टकारी थी। वे तुरंत नम्र होकर दधिदान के लिए प्रस्तुत हो जाती हैं। किन्तु कृष्ण कुछ और ही दान चाहते हैं। उनके दान का मर्म जानकर गोपियाँ कहती हैं कि तुम्हें इस प्रकार सखाओं को साथ लेकर पराई स्त्रियों को नहीं घेरना चाहिए, क्योंकि इससे मर्यादा भंग होती है। लेकिन कृष्ण इस तर्क पर ध्यान नहीं देते।

कृष्ण को राधा ने अपने पास बुला कर कहा तुम ऐसी बाते करते हो जिन्हें सुनकर जाति–पाँति के लोग हँसेंगे। तुम सर्वज्ञ होकर भी माता–पिता की डाँट खिलवाते हो। सखाओं ने उनकी बात सुन ली और कहा कि तुम नागरी हो, वे नवल नागर हैं। दोनों मिलकर विहार करो। इस आध्यात्मिक कथन को गोपियाँ बिलकुल समझ नहीं पाती और कहती हैं कि तुम क्यों झूठ बोलते हो? झुंझलाकर कृष्ण को उन पर किए हुए अपने उपकारों की याद दिलाती हैं। माखन चोरी, उलूखल–बन्धन आदि से अपनी अनभिज्ञता प्रकट करके चीर हरण का स्मरण दिलाकर पूछते हैं कि 'जब तुम वस्त्रहीन जल के बाहर आ गईं थी तब कैसी हँसी उड़ी थी?' श्याम के भेद भरे वचन सुनकर गोपियाँ सकुचा जाती हैं। वे कहती हैं सब ग्वाल सुनकर घर--घर जाकर कहेंगे। कृष्ण कहते हैं कि 'मैं झूठी बात नहीं करता? जो हमको जैसे भजता है, उसे मैं वैसे ही मानता हूँ।' तुमने मुझे मन देकर पति माना, मैं अंतर्यामी हूँ, योगी को योगी और कामी को कामी होकर दर्शन देता हूँ। यदि तुम मुझे झूठ समझती हो तो फिर तप क्यों किया? अब तुम निठुर हो गयी हो, तुमसे दान नहीं दिया जाता।''

काफी बाद विवाद के बाद तरुणियाँ त्रस्त हो जाती हैं तथा म नही मन में श्याम की शरण का ध्यान करती हैं। देह को भूल कर मन में गोपियाँ कहती हैं कि यह धन तुम्हारे लिए ही संचित किया था। उसे लेकर सुख प्राप्त करो। पर यह रूप यौवन तुम्हारे लायक है ही

नहीं इसीलिए तुमको देते हुए लजाती हैं। कृष्ण यह आत्मसमर्पण स्वीकार करते हैं।

दानलीला की इस रूप गर्भित रहस्यमयी मधुर रति की चरमपरिणति दिखाकर. सूर ने भाव लोक से उतरकर दधि दान लीला का वर्णन किया है। कृष्ण ग्वाल वालों के साथ दधि माखन खाने लगते हैं। 'दधि धन्य है, गोपियाँ धन्य हैं और राधा वश्य मुरारी धन्य हैं। सभी गोपियाँ कृष्ण के साथ सुख करती हैं। वे कहती हैं कि 'हम अपने मन से जो चाह रखती थीं वह सुख हमें भली भाँति मिल गया। हम सब अत्यंत आनन्दित हैं।

माधुर्य भाव की यह महत्ता है कि जहां कृष्ण के सखा केवल बाह्य लीलाओं का आनन्द उठा सकते हैं, वहां गोपियाँ अन्तर्जगत में कृष्ण के साथ एकाकार होकर मानसिक सुख की अनुभूति प्राप्त करती हैं। जिनके लिए शिव ध्यान लगाते हैं, शेष सहस्रमुख से गाते हैं, वे ब्रज में प्रकट रूप से राधा के मन को चुराते हैं।

निष्कर्षतः वह कहते हैं कि दानलीला में गोपियों का प्रेम रूप, क्रीड़ा और लीला की आसक्ति से आरंभ होकर, कुल, लोक, वेद की मर्यादा का उल्लंघन, लज्जा का परित्याग, कृष्ण के ब्रह्मत्व का तिरस्कार और सांसारिक वैभव की सर्वथा उपेक्षा करता हुआ पूर्ण आत्म समर्पण की स्थिति पर पहुँच जाता है। इसी के फलस्वरूप वे आत्मविस्तृत होकर कृष्ण के साथ अभिन्न होने के लिए विकल होने लगती हैं और उनकी अवस्था विक्षिप्तों जैसी हो जाती है। राधा कृष्ण की छवि दिखाकर कवि ने मानों उसी अभिष्ठता का आदर्श प्रस्तुत किया है और उसी के लिए गोपियों में राधा से प्रतिस्पर्धा होने लगती है।

**वस्तुनिष्ठ प्रश्न–**

**26. दान लीला की गोपियाँ हैं–**

(1) बालिकाएँ (2) वृद्धाएँ
(3) सुन्दरियाँ (4) नवतरुणियाँ

**27. अंतर्यामी कृष्ण–**

(1) किसी के मन की बात नहीं जानते (2) सबको जानते हैं
(3) सबके मन की बात जानते हैं (4) किसी के मन में रहते हैं।

**28. सब गोपियाँ अपने–अपने मन में कृष्ण की–**

(1) सखी हैं (2) प्रिया हैं
(3) पत्नी हैं (4) सौतन हैं

**29. दानलीला के पदों की संख्या है–**

(1) 290 (2) 210
(3) 250 (4) 240

**30. कृष्ण युवतियों का मार्ग रोकते हैं तो वे धमकी देती हैं–**

(1) कंस को बुलाने की (2) राधा को बुलाने की

(3) घर वालों को बुलाने की (4) यशोदा को बुलाने की

## 1.9 इकाई सारांश

हरिलीला शृंगार परक है। सूरदास ने युवावस्था की शारीरिक वासनाओं का अपने ढंग से परिष्कार किया है। उन्होंने इन्द्रिय जनित संवेदनाओं को अनीन्द्रिय जगत की मनोहारिनी, काल्पनिक सौंदर्य धारा में निम्नजित कर दिया है। जहां–जहां उन्होंने कृष्ण का रूप चित्रण किया है, वहां–वहां उनके अपार्थिव रूप को भी चित्रित किया है।

इन कृष्ण लीलाओं का वर्णन गाथा रूप में होते हुए भी भावात्मक है। सूरदास ने एक ही विषय पर अनेक पद लिखे हैं और पद में भिन्न–भिन्न भावों का समावेश किया है। सूर ने पुष्टिमार्ग में दीक्षित होकर जो कुछ लिखा वह प्रमुखतः हरिलीला गायन से ही सम्बद्ध है। उनका सूरसागर हरिलीला का प्रधान काव्य कहा जा सकता है। राधा–कृष्ण के संयोग की लीलाएं चीरहरण, दान लीला एवं मानलीला आदि के पद परम मधुर रस के व्याख्यान हैं जिनमें प्रेमभक्ति अपने विशद रूप में चरितार्थ हुई। इसके बिना प्रेम की परिपक्वता सिद्ध नहीं होती।

## 1.10 अपनी प्रगति जाँचिए

1. 'रासलीला' क्या है? स्पष्ट कीजिए।
2. 'रासलीला' प्रारंभ होने का संक्षिप्त वर्णन कीजिए।
3. रासलीला संबंधी कोई तीन पद लिखिए।
4. देवता रासलीला का आनंद किस प्रकार लेते हैं?
5. विवाहोपरांत राधा की गर्वोक्ति उदाहरण सहित लिखिए।
6. ब्रज में कृष्ण की माखन चोरी के दृश्य का संक्षिप्त वर्णन कीजिए।
7. कृष्ण को देखने के लिए गोपियाँ सदैव लालायित रहती थीं उदाहरण देकर समझाइए।
8. कृष्ण माखन चोरी हेतु स्वयं को निर्दोष बताने हेतु क्या–क्या तर्क देते हैं।
9. चीर हरण लीला का उद्देश्य क्या है?
10. कृष्ण प्राप्ति के लिए किए गए प्रयोजनों का उल्लेख कीजिए।
11. भक्त और भगवान के बीच कौन–से आवरण बाधक बनते हैं?
12. यमुना स्नान करती हुई गोपियों का संक्षिप्त वर्णन कीजिए।
13. 'राधा–कृष्ण मिलन' के सूर रचित पद की चार पंक्तियाँ लिखिए।

## 1.11 नियत कार्य

1. रासलीला के दो पद कंठस्थ कीजिए।
2. माखन चोरी के पाँच पद याद कर कक्षा में सुनाएँ।
3. चीरहरण लीला एवं दान लीला के दो–दो पद लिखकर याद करें।
4. 'मुरली तऊ गोपलहिं भावति' पद कंठस्थ कर लयात्मक रूप से कक्षा में सुनाएं।
5. सूर द्वारा उद्धृत गोपियों के नाम याद करें।

## 1.12 चर्चा के बिन्दु

..........................................................................................

..........................................................................................

..........................................................................................

..........................................................................................

..........................................................................................

..........................................................................................

..........................................................................................

..........................................................................................

..........................................................................................

..........................................................................................

## 1.13 स्पष्टीकरण के बिन्दु

..........................................................................................

..........................................................................................

..........................................................................................

..........................................................................................

..........................................................................................

..........................................................................................

..........................................................................................

...........................................................................................................

...........................................................................................................

## 1.14 संदर्भ ग्रन्थ/अतिरिक्त पठन सामग्री


1. सूरदास का काव्य वैभव–डॉ. मुंशीराम शर्मा।
2. सूरदास–ब्रजेश्वर शर्मा।
3. सूरदास–रामरतन भटनागर।
4. हिन्दी साहित्य की भक्तिकालीन साधना–सत्यदेव चतुर्वेदी।
5. हिन्दी साहित्य का इतिहास–सं. डॉ. नगेनु।
6. सूर और उनका साहित्य–डॉ. हरवंश लाल शर्मा।
7. भारतीय साधना और सूर साहित्य–डॉ. मुंशी राम।
8. सूरदास–पं. रामचन्द्र शुक्ला।
9. महाकवि सूरदास–पं. नंददुलारे वाजपेयी।
10. सूरदास–डॉ. हरवंश लाल शर्मा।


## 1.15 वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर

(1) रस (2) सूर्य (3) रासपंचायध्यायी (4) परकीया (5) शाश्वत लीला (6) योगमाया है (7) वेणु वादन का (8) मुरली की धुन सुनकर (9) सौतन (10) कर कमलों को (11) भ्रमर गीत में (12) सूर सागर (13) शक्ति (14) वैदिक ऋचाओं (15) शिव और सूर्य की (16) माखन चोरी (17) प्रसन्न (18) चंचल और चतुर (19) गोपी (20) मक्खन (21) पति के रूप में (22) गौरी पति और सविता की (23) उत्तम आवरण (24) कदम्ब के पेड़ पर (25) प्रभु का हो जाता है (26) नवतरुणियां (27) सबके मन की बात जानते हैं (28) प्रिया है (29) 290 (30) घर वालों को बुलाने की।

# इकाई–दो

# व्याख्या–खण्ड

**इकाई की रूपरेखा**

2.1 उद्देश्य

2.2 प्रस्तावना

2.3 पद–व्याख्या

2.4 अपनी प्रगति स्वयं जाँचिए

2.5 स्पष्टीकरण के बिन्दु

2.6 चर्चा के बिन्दु

2.7 नियत कार्य/गतिविधियाँ

2.8 संदर्भ ग्रंथ

## 2.1 उद्देश्य

प्रस्तुत इकाई में दी गई पद–व्याख्याओं को समझकर आप–

1. अन्य पदों की व्याख्या करने का अभ्यास कर सकेंगे।
2. सूर की रचनाओं का रसास्वादन भली–भाँति कर सकेंगे।
3. सूर की रचनाओं का भाव–बोध आज भी कितना प्रासांगिक है, यह जान सकेंगे।
4. काव्य के भाव–पक्ष तथा कला–पक्ष का भेद स्पष्ट कर सकेंगे।

## 2.2 प्रस्तावना

साहित्य में कवि और उसकी काव्य वस्तुओं को समझने के लिए बिना व्याख्यायित किए उसके काव्य–सौंदर्य को आत्मसात करना संभव नहीं होता है। अतः प्रस्तुत इकाई में सूर–सागर–सार के प्रमुख पदों को सप्रसंग व्याख्या की गई है, जिसमें आप सूर के काव्य का रसास्वादन भली–भाँति कर सकें।

## 2.3 पद–व्याख्या

(1)

**अबिगत–गति कछु कहत न आवै।**<br>
**ज्यौ गूँगै मीठे फल कौ रस अंतरगत ही भावै।**<br>
**परम स्वाद सबही सु निरंतर अमित तोष उपजावै।**

**मन–बानी कौ अगम–अगोचर, सो जाने जो पावै।**
**रूप–रेख–गुन जाति जुगति–बिनु निरालंब कित धावै।**
**सब विधि अगम बिचारहि तातै सूर सगुन–पद गावै।।**

**प्रसंग –**

प्रस्तुत पद सूरसागर सार के विनय के पद से अवतरित है, जिसमें महाकवि सुरदास निर्गुण ब्रह्म की अपेक्षा सगुण ब्रह्म की उपासना पर जोर दे रहे हैं। सूरदास निर्गुण में आस्था व्यक्त करते हैं, लेकिन विभिन्न तर्कों के माध्यम से वह सगुण भक्ति को श्रेष्ठ प्रतिपादित करते हैं।

**व्याख्या –**

वात्सल्य सम्राट सूरदास जी सगुण ब्रह्म के महत्व को प्रतिपादित करते हुए निर्गुण निराकर ब्रह्म की उपासना को अस्वीकार करते हैं। महाकवि का मानना है कि निर्गुण निराकार ब्रह्म की स्थिति या दशा अज्ञात है। अतः उसके विषय में कुछ भी कहना या वर्णन करना असम्भव–सा है। कवि उदाहरण देते हुए कहता है कि निर्गुण ब्रह्म की उपासना ठीक वैसे ही है जैसे किसी गूँगे व्यक्ति को स्वादिष्ट फल खाने के बाद उसकी आनन्द की अनुभूति केवल हृदय में होती है, वह उस अनुभूति को, व्यक्त नहीं कर सकता अर्थात निराकार ब्रह्म की उपासना–रूपी मीठा फल परम स्वादिष्ट और सभी प्रकार से लगातार अपार सन्तोष को उत्पन्न करने वाला होता है, किन्तु वह गूँगा व्यक्ति बोलने की शक्ति के अभाव में उसका वर्णन करने में अक्षम होता है। इसी प्रकार निराकार ब्रह्म की उपासना का आनन्द हृदय में तो किया जा सकता हैं लेकिन आकार, रूप आदि न होने से उसका वर्णन करना असम्भव है।

कवि आगे कहते हैं आकार, रूप, रंग न होने के कारण निराकार ब्रह्म मन और वाणी दोनों के लिए बुद्धि से परे और इन्द्रियों द्वारा अनुभव करने में असमर्थ है। इसलिए निर्गुण ब्रह्म को वही पा सकता है जिसने स्वयं उसे पा लिया हो, और जो उसे पा लेता है वह उसी में लीन हो जाता है अतः उसके द्वारा भी निर्गुण का वर्णन करने की अपेक्षा व्यर्थ ही है।

सूरदास निर्गुणो उपासना को असंभव बतलाते हुए कहते हैं कि निर्गुण ब्रह्म का न तो रूप है, न उसकी आकृति बनाई जा सकती है, वह तीनों गुणों (सत्, रज, व तम) से परे है। उसकी कोई जाति नहीं है और उसे तर्क के द्वारा भी नहीं जाना जा सकता। अतः बिना आश्रम वाले ऐसे ईश्वर की उपासना से मन चकराने लगता है और वह दिशाहीन हो जाता है। अतः निराकार की भक्ति भ्रमित करती है।

अंत में कवि कहते हैं कि मैंने सभी प्रकार से विचार कर लिया है कि निर्गुण उपासना मनुष्य की बुद्धि की पहुँच से परे है और इसीलिए सूरदास जी स्वयं सगुण ईश्वर के अवतार

कृष्ण के लीला पदों का गान कर रहे हैं।

**विशेष –**

1 प्रस्तुत पद में सूरदास जी ने निर्गुण उपासना के प्रति आस्था व्यक्त करते हुए व्यवहारिकता के आधार पर सगुण उपासना पर बल दिया है।

2 पद में कछु कहत, 'स्वादु सब हीं,' 'रूप रैख,' जाति जुगत में अनुप्रास अलंकार है।

3 'मन–बानी' में वृत्यानुपास अलंकार है।

4 'ज्यों गूँगे मीठे फल' में दृष्टान्त अलंकार।

5 भाषा सरल, सहज व भावानुगामी है।

**(2)**

**अब मै नाच्यौ बहुत गुपाल।**
**काम–क्रोध कौ पहिरि चोलना, कंठ विषय की माल।**
**महामोह के नूपुर बाजत, निंदा–सब्द–रसाल।**
**भ्रम–भोयौ मन भयौ पखावज, चलत असंगत चाल।**
**तृष्ना नाद करति घट भीतर, नाना बिधि दै ताल।**
**माया को कटि फेटा बाँध्यौ,, लोभ–तिलक दियौ भाल।**
**कोटिक कला काछि दिखराई, जल–थल सुधि नहिं काल।**
**सूरदास की सबै अविद्या, दूरि करौ नँदलाल।। ।।**

**प्रसंग –**

महाकवि सूरदास श्री कृष्ण से प्रार्थना करते हुए, स्वयं की अज्ञानता के कारण जीवन को नष्ट कर देने के लिए पश्चाताप करते हुए प्रभु से निवेदन कर रहे हैं, कि उनके अज्ञान को दूर करें।

**व्याख्या –**

हे प्रभु अब तक मैं अपनी अज्ञानता के वशीभूत होकर बहुत नाचता रहा हूँ अर्थात संसार में जीवन–मरण के इस चक्र को भोगता रहा हूँ। मैं काम और क्रोध रूपी वस्त्रों को धारण किए रहा और गले में विषयवासना रूपी माला को पहने रहा। मेरे कानों में मोह की घुँघरू बजती रहीं और निन्दा के शब्द मुझे आनन्द देते रहे।

मेरा मन भ्रम के कारण पखावज के समान बजता रहा जो बेसुरी ताल निकालता रहा अर्थात मैं भ्रम के कारण सदैव गलत रास्ते पर चलता रहा। मेरे हृदय के अन्दर तृष्णा रूपी ध्वनि विभिन्न प्रकार से मुझे मोहित करती रही। माया रूपी फेंटे को बाँधकर मैं सदैव नाचने

के लिए तैयार रहता हूँ। और लोभ रूपी तिलक को मैंने अपने मस्तिष्क पर लगा रखा है यही कारण है कि करोड़ो स्वांग रचने के बाद भी मुझे यह याद नहीं कि मैंने कितने जन्म इस पृथ्वी पर और जलचर के रूप में लिए हैं। अतः हे प्रभुश्री कृष्ण आप हमारी इस अज्ञानता को दूर करते हुए मुझ पर कृपा करें।

**विशेषः–**

1 'काम--क्रोध', 'कोटिक कला काहि' में अनुप्रास अलंकार दृष्टव्य है।

2 पद् में सांग रूपक अलंकार।

3 भाषा सरल, सहज व बोधगम्य है।

**(3)**

**मेरो मन अनत कहाँ सुख पावै।**
**जैसे उड़ि जहाज को पच्छी, फिर जहाज पर आवै।**
**कमल–नैन कौ छाँड़ि महातम, और देव कौ ध्यावै।**
**परम गंग कौ छाँड़ि पियासौ, दुरमति कूप खनावै।**
**जिहि मधुकर अंबुज रस चाख्यौ, क्यौ करील–फल भावै।**
**सूरदास–प्रभु कामधेनु तजि, छेरी कौन दुहावै।। ।।**

**प्रसंग –**

प्रस्तुत पद में सूरदास जी अपनी भक्ति के सन्दर्भ में कहते हैं कि उनका मन श्री कृष्ण की भक्ति के अतिरिक्त अन्य कहीं भी सुख प्राप्त नहीं करता है।

**व्याख्या –**

महाकवि कहते हैं कि मेरे मन को अन्यत्र कहीं भी सुख प्राप्त नहीं होता है अर्थात केवल कृष्ण भक्ति में ही मेरा मन लगता है। जिस प्रकार समुद्र के मध्य में जहाज पर बैठा हुआ पक्षी उड़कर भी जाता है तब भी वापिस विश्राम के लिए उसी जहाज पर आ जाता है। उसी प्रकार कमल के समान नेत्र वाले श्री कृष्ण प.. छोड़कर उनके गुणगान के रस के आनन्द को छोड़कर किसी अन्य देवता की आराधना क्यों करें।

कवि कहते हैं कि कोई मूर्ख व्यक्ति ही होगा जो प्यासा होने पर परम पवित्र गंगा जल को छोड़कार प्यास बुझाने के लिए कुँआ खोदने का कार्य करेगा अर्थात गंगाजल को प्राप्त करने वाला कुँआ खोदने का कार्य क्यों करेगा ? जिस प्रकार जिस भौरें ने कमल के रस का आस्वादन कर लिया हो उसे करील के वृक्ष का फल कैसे अच्छा लगेगा। सूरदास जी कहते हैं कि कामधेनु को छोड़कर बकरी का दूध कौन दुहेगा अर्थात श्री कृष्ण रूपी कामधेनु को छोड़कर अन्य किसी देवता की भक्ति कौन करेगा?

**विशेष –**

1 'जैसे उड़ि जहाज', 'जिंहिं मधुकर' में दृष्टान्त अलंकार।

2 पद में वक्रोक्ति अलंकार।

3 पद में कृष्ण के प्रति अनन्यता का भाव।

4 श्री कृष्ण को सर्व श्रेष्ठ माना गया है।

**(4)**

**हमारे प्रभु, औगुन चित न धरौ।**
**समदरसी है नाम तुम्हारौ, सोई पार करौ।**
**इक लोहा पूजा मै राखत, इक घर बधिक परौ।**
**सो दुबिधा पारस नहि जानत, कंचन करत खरौ।**
**एक नदिया इक नार कहावत, मैलौ नीर भरौ।**
**जब मिल गए तब एक वरन है, गङ्गा नाम परौ।**
**तन माया, ज्यौ ब्रह्म कहावत, सूर सु मिल बिगरौ।**
**कै इनकौ निरधार कीजियै, कै प्रन जात टरौ।।**

**प्रसंग –**

प्रस्तुत पद में कवि ईश्वर को समदर्शी के रूप में प्रस्तुत करते हुए मोक्ष प्राप्ति हेतु विभिन्न तर्कों के द्वारा भगवान श्री कृष्ण से निवेदन कर रहे हैं।

**व्याख्या–**

महात्मा सूरदास अपने आराध्य श्री कृष्ण से प्रार्थना करते हुए कहते हैं कि हे प्रभु। हमारे अवगुणों पर आप ध्यान मत दीजिए अर्थात आप हमारे सारे अवगुणों को जानते हैं और उन्हें क्षमा भी करते हैं क्योकि प्रभु समदर्शी हैं जिनके केवल दर्शन करने से ही उद्धार हो जाता है। इसलिए हे प्रभु मेरे अवगुणों को ध्यान न देकर मेरा भी उद्धार करें।

कवि आगे कहते हैं कि प्रभु आपका स्वभाव तो पारस पत्थर के समान है जिस प्रकार पारसमणि पूजा के कार्य में प्रयुक्त किए जाने वाले लोहे और कसाई के घर जीवों की हत्या में काम आने वाले लोहे के हथियार के बीच कोई अन्तर न रखकर दोनों का अपना पवित्र स्पर्श देकर दोनों लोहे की वस्तुओं को समान रूप से शुद्ध सोने में परिवर्तित कर देती है उसी प्रकार आप अपने स्पर्श के द्वारा मुझे पापों से मुक्त कर दें।

सूरदास जी आगे कहते हैं कि जल प्रवाह से भरी हुई एक नदी कहलाती है और दूसरे को नाला कहते हैं। नदी में जहाँ शुद्ध जल प्रवाहित होता है वहीं नाले में गंदा पानी भरा रहता है। लेकिन जब नदी और नाले आपस में मिल जाते हैं तो मलिन जल वाला नाला

भी उस समय पवित्र गंगा नदी को प्राप्त कर लेता है और नाले का अस्तित्व खत्म होकर वह पवित्र गंगा के साथ मिलकर गंगा के नाम से ही पुकारा जाने लगता है। कवि के कहने का आशय है कि जब जीवात्मा परमात्मा से मिलकर एक हो जाता है तो जीवात्मा का अस्तित्व स्वतः ही परमात्मा में समाहित होने से वह परमात्व भाव को प्राप्त कर उसी के समान हो जाता है।

सूरदास जी कहते हैं कि शरीर माया के समान है और उस शरीर में उपस्थित आत्मा ब्रह्म स्वरूप है यह आत्मा माया रूपी शरीर का चोला पहन कर जीवात्मा का स्वरूप धारण करता है और इसी कारण इसमें अनेक सांसारिक बुराईयाँ आ जाती हैं।

अन्त में सूरदास जी पुनः निवेदन करते हैं और भगवान से प्रार्थना करते हैं कि हे प्रभु! मुझे पापों से मुक्त कर दीजिए अन्यथा लोगों का यह विश्वास कि आप पतितों का उद्धार करते हैं टूट जाएगा। और उनका प्रण भी टूट जाएगा।

**विशेष –**

1 'इक लोहा पूजा में राखत' और 'इक नदिया एक नार कहावत' पक्तियों में उदाहरण अलंकार।

2 ईश्वर को समदर्शी के रूप में प्रदिपादन उसके विराट रूप का संकेत है।

3 जीवात्मा और परमात्मा को रोचक ढंग से प्रस्तुत किया गया है।

4 कवि ने भक्त के रूप में भगवान के समक्ष सच्चा आत्म निवेदन किया है।

**(5)**

**तजौ मन, हरि बिमुखनि कौ संग।**
**जिनकै संग कुमति उपजति है, परत भजन मे भंग।**
**कहा होत पय पान कराऐ, विष नहिं तजत भुजंग।**
**कागहिं कहा कपूर चुगाऐ, स्वान न्हवाऐ गंग।**
**खर कौ कहा अरगजा ले न, मरकट भूषन–अंग।**
**गज कौ कहा सरित अन्हवाऐ, बहुरि धरे वह ढंग।**
**पाहन पतित बान नहिं बेधत, रीतौ करत निषंग।**
**सूरदास कारी कामरि पै, चढ़त न दूजौ रंग।। ।।**

**प्रसंगः–**

प्रस्तुत पद में कवि अपने मन से दुष्ट प्रवृति वाले व्यक्तियों का साथ छोड़कर प्रभु श्री कृष्ण की भक्ति में मन लगाने और भगवान का भजन करने की बात कह रहे हैं। सूरदास जी अनेक उदाहरण देते हुए अपने दिए गए तर्कों की पुष्टि करते हैं कि जो दुष्ट मनुष्य या

प्रभु में अनास्था रखने वाले प्राणी हैं उनको उपदेश देने से भी कोई लाभ होने वाला नहीं हैं।

**व्याख्याः—**

सूरदास जी कहते हैं कि हे मन तुम ऐसे दुष्ट प्राणियों का साथ छोड़ दो, जो ईश्वर से विमुख हों अर्थात जो ईश्वर में आस्था न रखते हों। ऐसे मनुष्य के साथ नहीं रहना चाहिए जिनके साथ रहने पर तुम्हारी बुद्धि में बुरे विचार उत्पन्न होते हों और प्रभु के भजन करने में बाधा उत्पन्न होती हो।

सूरदास जी उदाहरण देते हुए आगे कहते हैं कि सर्प को दूध पिलाने से क्या होगा, क्यों कि सर्प की प्रवृत्ति डसने की है वह डसेगा ही, दूध पिलाने से उसका जहर और अधिक बढ़ेगा। वह अपने विष का परित्याग नहीं करेगा। कौए को कपूर चुगाने से और कुत्ते को गंगा स्नान कराने से भी कुछ नहीं होगा क्योकि यह दोनों ही अवसर मिलने पर अभक्ष्य का सेवन अवश्य करेगें। गधे को चंदन का लेप करने से अथवा बंदर को आभूषण पहनाने पर भी यह अपनी प्रवृत्ति को नहीं छोड़ पाऐगें। गधा धूल में ही लोट लगाएगा और बंदर को आभूषणों से क्या लेना वह तो उन्हें तोड़कर फेंक देगा। इसी प्रकार हाथी को नदी में स्नान कराने से भी कोई लाभ होने वाला नहीं है क्योंकि उसकी प्रवृत्ति अपने ऊपर धूल डालने की है तो वह डालेगा ही। पाप से युक्त पत्थर को उपदेश रूपी बाण भी भेद नहीं सकता। अर्थात पत्थर पर बाण चलाने से बाण ही व्यर्थ जाएगा उस पत्थर को भेद पाना मुश्किल है। सूरदास जी अंत में कहते हैं कि काले कम्बल पर जिस पर कोई दूसरा रंग नहीं चढ़ सकता, ठीक उसी प्रकार दुष्ट व्यक्ति अपने स्वभाव को नहीं छोड़ सकता है। इसलिए ऐसे मनुष्यों का साथ छोड़ने हेतु सूरदस जी प्रार्थना कर रहे हैं।

**विशेषः—**

1 पद में उदाहरण अलंकार दृष्टव्य है।

2 'कागहिं कहा कपूर', 'पाहन—पतित' में अनुप्रास अलंकार।

3 सूरदास जी मन से प्रार्थना करते हैं क्योंकि मन चंचल होता है और दुष्ट प्रवृत्तियों की और जल्द ही आकर्षित हो जाता है।

**(6)**

**चरन—कमल बंदौं हरि—राइ।**
**जाकी कृपा पंगु गिरि लंघै, अँधे कों सब कछु दरसाइ।**
**बहिरौ सुनै, गूँग पुनि बोलै, रंक चलै सिर छत्र धराइ।**
**सूरदास स्वामी करूनामय, बार—बार बंदौ तिहिं पाई।। ।।**

**प्रसंगः—**

प्रस्तुत पद में सूरदास जी ने भगवान श्री कृष्ण की प्रार्थना की है। उनकी अनन्य भक्ति सगुण कृष्ण की महिमा का गान करती है। वह श्री कृष्ण की आराधना के महात्म को इस पद में प्रतिपादित करते हैं।

**व्याख्या:–**

महाकवि सूरदास भगवान कृष्ण की आराधना करते हुए कहते हैं कि मैं प्रभु के कमल के समान चरणों की वंदना करता हूँ। सरदास जी कहते हैं कि जिनकी कृपा मात्र से लगड़ा भी पहाड़ को लाँघ जाता है। अंधे को दिखलाई देने लगता है अर्थात प्रभु की कृपा से अंधा व्यक्ति भी सब कुछ देख सकता हैं यदि भगवन की कृपा हो तो बहरा व्यक्ति भी सुनने लगता है, गूँगा व्यक्ति बोलने लगता है। यदि निर्धन व्यक्ति प्रभु की वंदना करें तो वह छत्रधारी सम्राट अर्थात धनवान हो जाता है। सूरदास जी कहते हैं कि ऐसा प्रभाव है श्री कृष्ण की आराधना का, वह करूणामय हैं, कृपालु हैं। ऐसे प्रभु की मैं पुनः–पुनः वन्दना करता हूँ।

**विशेष:–**

1 'चरन–कमल' में रूपक अलंकार।

2 'बार–बार' में पुनरुक्ति प्रकाश अलंकार।

3 अनुप्रास एवं विभावना अंलकार।

4 सूरदास जी ने श्री कृष्ण की कृपा से समस्त प्रकार के दुःखों से मुक्ति की बात कही है।

**(7)**

**प्रभु कौ देखौ एक सुभाइ।**
**अति–गंभीर–उदार–उदधि हरि, जान–सिरोमनि राइ।**
**तिनका सौं अपने जनकौ गुन मानत मेरू–समान।**
**सकुचि गनत अपराध–समुद्रहि बूँद–तुल्य भगवान।**
**बदन–प्रसन्न कमल सनमुख है देखत हौं हरि जैसे।**
**बिमुख भए अकृपा न निमिषहूँ, फिरि चितयौ तो तैसे।**
**भक्त–विरह कातर करूनामय, डोलत पाछै लागे।**
**सूरदास ऐसे स्वामी कौं देहिं पीठि सो अभागे।।**

**प्रसंग:–**

वात्सल्य सम्राट सूरदास जी श्री कृष्ण की भक्ति को सर्वश्रेष्ठ मानते हैं और श्री कृष्ण को दयानिध, कृपालु। सूरदास जी कहते हैं कि श्री कृष्ण भगवान की शरण में जाने वाले और शरण से विमुक्त हो जाने वाले भक्तों पर प्रभु समान रूप से आपनी कृपा बनाए रखते हैं।

**व्याख्याः–**

सूरदास जी कहते हैं कि मेरे प्रभु अर्थात श्री कृष्ण का स्वभाव सदैव एक समान दिखलाई देता है। क्योंकि हमारे स्वामी समुद्र की भाँति अपार हृदय वाले हैं। जिस प्रकार समुद्र सम्पूर्ण जल को अपने गर्भ में स्थान देता है उसी प्रकार प्रभु श्रीकृष्ण समान रूप से अपने सभी भक्तों को गंभीर व उदार हृदय से मानते हैं इसीलिए वह देवताओं, ज्ञानियों में शिरोमणि के समान हैं।

भगवान श्री कृष्ण अपने भक्तों के तृणमात्र अर्थात तिनके के बराबर गुण को भी सुमेरू पर्वत की भाँति अपार और बड़ा मानते हैं। अपने भक्तों के समुद्र के समान विशाल अपराध करने वालों के अपराधों को भगवन् बूँद के समान तुच्छ और छोटा मानते हैं अर्थात श्री कृष्ण अपने भक्तों के बड़े–से–बड़े अपराध को भी छोटा मानकर क्षमा कर देते हैं।

जो भी भक्त भगवान के कमल–चरणों की शरण में जाता है, उसे भगवन् कमल के समान प्रसन्न मुख में दिखालई देते हैं यदि भक्त किसी कारण से ईश्वर की भक्ति से विमुख भी हो जाता है तभी प्रभु वैसे ही कमल के समान प्रसन्न मुख में दिखलाई पड़ते हैं। प्रभु विमुख हुए भक्त पर भी एक क्षण के लिए भी क्रोध नहीं करते। यदि विमुख भक्त पुनः श्रीकृष्ण के चरणों में आ जाता है तो वह उसे पूर्ववत् ही कृपालु वृष्टि से स्वीकार करते हैं।

सूरदास जी कहते हैं कि भगवान तो स्वयं ही भक्त के बिरह में व्याकुल होकर अपने भक्त के पीछे–पीछे घूमते हैं। वह भक्त बड़ा ही अभागा है जो श्री कृष्ण से मुख मोड़ लेता है।

**विशेषः–**

1 'उदार–उदधि', 'मानत मेरू' आदि में अनुप्रास अलंकार।

2 पद में उपमा व रूपक अलंकार।

3 ईश्वर का दयालु और कृपालु स्वरूप चित्रित करते हुए, भक्तों को ईश्वरोपसना की शिक्षा देना।

**(8)**

**जो सुख होत गुपालहिं गाऐं।**
**जो सुख होत न जप–तप कीन्हैं, कोटिक तीरथ न्हाएँ।**
**दिऐ लेत नहिं चारि पदारथ, चरन–कमल चित लाएँ।**
**तीनि लोक तृन–सम करि लेखत, नँद–नँदन उर आऐ।**
**बंसीबट, वृन्दावन, जमुना, तजि बैकुँठ न जावै।**
**सूरदास हरि कौ सुमिरन करि, बहुरि न भव–जल, आवै।। ।।**

**प्रसंगः–**

सूरदास जी प्रस्तुत पद में भगवान श्री कृष्ण की भक्ति को स्वीकार करते हुए उसे चारों पदार्थों अर्थ, धर्म, काम और मोक्ष तथा तीनों लोकों को भी तुच्छ समझते हैं। सूरदास जी वृन्दावन और यमुना के तट पर सर्वस्व न्यौछावर करना चाहते हैं। वह श्री कृष्ण के धाम को सर्वश्रेष्ठ मानते हुए जीवन–मरण के चक्र से मुक्त होना चाहते हैं।

**व्याख्याः–**

महात्मा सूरदास श्रीकृष्ण की भक्ति को सर्वोपरि मानते हुए कहते हैं कि जैसा सुख श्री कृष्ण के गुणगान करने में प्राप्त होता है। वैसा सुख जप या तप करने पर भी प्राप्त नही होता है और ना ही वह सुख करोड़ो बार तीर्थों के स्नान करने से मिलता है अर्थात सूरदास जी तपस्या और जप तथा तीर्थों पर जाकर स्नान करने के अपेक्षा भगवान श्री कृष्ण की भक्ति में उनके गुणों को भजन के रूप में गाना चाहते हैं। सूरदास जी कहते हैं कि भगवान श्री कृष्ण के कमल–रूपी चरणों में मन लग जाने पर चारों पदार्थ (अर्थ, धर्म, काम और मोक्ष) को यदि किसी को दें तब भी वह इसे नहीं लेता कवि कहते हैं कि नंद के पुत्र अर्थात श्री कृष्ण जिसके ह्रदय में वास करते हैं उसके लिए तीनों लोक भी तिनके के समान तुच्छ हैं। अर्थात संसार का सम्पूर्ण ऐश्वर्य भी प्रभु चरणों में तुच्छ है। सूरदास जी ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि व उस बरगद को छोड़कर जिसके नीचे बैठकर श्री कृष्ण वंशी बजाते थे, वृन्दावन और यमुना के तट को छोड़कर स्वर्ग में भी नहीं जाना चाहते। सरूदास जी कहते हैं कि भगवान का स्मरण करते रहने पर वह इस संसार सागर में जन्म–मरण के चक्र से मुक्त होकर इस भव सागर से छुटकारा चाहते हैं अर्थात सरूदास जी श्री कृष्ण की भक्ति में मोक्ष प्राप्ति की कामना करते हैं।

**विशेषः–**

1 पद में 'चरन–कमल', 'तृन–सम' में रूपक अलंकार।

2 'नंद–नंदन', 'जप–तप' में अनुप्रास।

3 भाषा सरल सहज व प्रभावोत्पादक।

**(9)**

**सरन गए को को न उबारयौ।**
**जब जब भीर परी संतति कौं, चक्र सुदरसन तहाँ सँभारयौ।**
**भयौ प्रसाद जु अंबरीष कौं, दुरबासा कौ क्रोध निवारयौ।**
**ग्वालनि हेत धरयौ गोबर्धन, प्रकट इन्द्र कौ गर्ब प्रहारयौ।**

**कृपा करी प्रहलाद भक्त पर, खंभ फारि हिरनाकुस मारयौ।**
**नरहरि रूप धरयौ करूनाकर, छिनक माहि उर नखनि बिदारयौ।**
**ग्राह–ग्रसत गज कौ जल बूड़त, नाम लेत वाकौ दुख टारयौ।**
**सूर स्याम विनु और करै को, रंग भूमि मै कंस पछारयौ।।**

**प्रसंगः–**

सूरदास जी प्रस्तुत पद में भगवान श्री कृष्ण की महिमा का गान करते हुए कहते हैं कि प्रभु श्री कृष्ण उद्धार करने वाले हैं, विभिन्न उदाहरणों के द्वारा कवि यह प्रमाणित करना चाहते हैं कि श्री कृष्ण के समान उद्धार करने वाला और काई नहीं है। चाहे संतों का उद्धार किया हो, चाहे अंबरीष और दुर्वासा ऋषि को प्रसन्न किया हो, बृज के ग्वाल वालों को इन्द्र के क्रोध से बचाया हो, या प्रहलाद पर कृपा की हो अथवा गजराज की रक्षा की हो सभी का समान रूप से उद्धार किया है।

**व्याख्याः–**

सूरदास जी कहते हैं कि श्री कृष्ण ने उनकी शरण में आने वाले किस–किसका उद्धार नहीं किया है अर्थात श्री कृष्ण की शरण में आने वाले प्रत्येक प्राणी का उद्धार श्री कृष्ण द्वारा किया गया है। विभिन्न उदाहरण देकर सूरदास जी अपने इस तर्क का प्रमाण देते हैं वह कहते हैं कि जब–जब सन्तों पर विपत्ति आई है तब–तब तत्काल श्री कृष्ण ने सुदर्शन चक्र धारण कर उनकी रक्षा की है।

भगवान अंबरीष पर प्रसन्न हुए तथा दुर्वासा के क्रोध का निवारण किया। बृज में रहने वाले ग्वालों के हित में गोवर्धन पर्वत को एक अंगुली पर धारण कर लिया और इन्द्र देवता के गर्व को निःसंकोच नष्ट किया।

अपने भक्त प्रहलाद पर कृपा की और खम्बे को फाड़कर नृसिंह अवतार के रूप में हिरण्य कश्यप का संहार किया। भगवान ने क्षण भर में ही नरहरि रूप धारण कर उसके हृदय को अपने नाखून से छिन्न–भिन्न विकीर्ण कर दिया। ग्राह द्वारा गजराज को भक्षण करते समय गजराज के आग्रह पर तत्काल गजराज के कष्टों को दूर करने और रंग भूमि अर्थात समारोह में ही कंस का वध कर इस पृथ्वी को पापमुक्त किया। सूरदास जी कहते हैं कि श्याम के बिना ऐसे कार्य और कौन कर सकता है अर्थात श्री कृष्ण ही हैं जो भक्तों के आग्रह पर तत्काल उनका उद्धार करते हैं।

**विशेषः–**

1 प्रस्तुत पद में पुनरुक्ति–प्रकाश, अनुपास, दृष्टान्त अलंकार।

2 भक्ति का प्रकटीकरण।

(10)

**प्रभु, हौं सब पतितनि कौ टीकौ।**
**और पतित सब दिवस चारि के, हौं तौ जनमत ही कौ।**
**बधिक अजामिल, गनिका, तारी और पूतना ही कौ।**
**मोहिं छाँड़ि तुम और उधारे, मिटै सूल क्यौ जी कौ।**
**कोउ न समरथ अघ करिबे कौं, खैंचि कहत हौं लीकौ।**
**मरियत लाज सूर पतितनि में, मोहूँ तैं को नीकौ।।**

**प्रसंगः–**

प्रस्तुत पद में महाकवि वात्सल्य सम्राट सूरदास जी विनय के पद के अन्तर्गत श्री कृष्ण से निरन्तर स्वयं के उद्धार करने की प्रार्थना कर रहे हैं। सूरदास जी का मानना है कि यदि मेरा उद्धार नहीं हुआ और उनकी प्रार्थना स्वीकार नहीं हुई हो इसका समस्त दोष प्रभु का ही होगा।

**व्याख्याः–**

सूरदास जी प्रस्तुत पद में श्री कृष्ण से प्रार्थना करते हुए स्वयं को संसार के समस्त पापियों का शिरोमणि अर्थात संसार का सबसे बड़ा पापी मानते हुए कहते हैं कि हे प्रभु। मैं सभी पापियों का तिलक हूँ अर्थात संसार में जितने भी पापी है उन सभी में मैं सबसे बड़ा पापी हूँ। आगे कहते हैं कि संसार के अन्य समस्त पापी तो थोड़े ही दिनों से पतित हैं अर्थात कुछ ही दिन पाप किया है जबकि में जन्म–जन्मान्तर से पापी हूँ।

आपने बाधिक बहेलिया अर्थात वाल्मीकि का उद्धार किया है, अजामिल और गणिका का उद्धार किया है, यहाँ तक कि जो पूतना आपको मारने आई थी, आपने उसका भी उद्धार किया है। परन्तु आपने केवल मेरा उद्धार नहीं किया है अर्थात मुझे छोड़कर संसार में शेष सभी का आपने उद्धार किया है। इसलिए मेरे मन की पीड़ा नहीं मिटती अतः मुझे ईर्ष्या हो रही है। सूरदास जी आगे कहते हैं कि यह बात मैं दृढ़ता के साथ शर्त सहित लकीर खींचकर कह सकता हूँ कि मेरे बराबर पाप करने की सामर्थ्य और किसी में नहीं है।

सूरदास जी कहते हैं कि मैं समस्त पापियों के मध्य इस लज्जा से मरा जा रहा हूँ कि संसार में मुझसे बढ़कर भी कोई अन्य पापी है, जो अपने पातित्य के कारण मुझसे पहले ही उद्धार का अधिकारी है।

**विशेषः–**

1 पद में अनुप्रास अलंकार दृष्टव्य।

2 दृष्टान्त व्यक्तिरेक व वक्रोक्ति अलंकार।

3 भक्ति की चरम स्थिति जिसमें सूरदास जी स्वयं को पापियों का शिरोमणि बतलाते हुए स्वयं के उद्धार के लिए प्रार्थना कर रहे हैं। सम्पूर्ण पद में दीनता का भाव।

**(11)**

**जा दिन मन पंछी उड़ि जैहैं।**
**ता दिन तेरे तन–तरूवर कै, सबै पात झरि जैहैं।**
**या देही कौ गरब न करिये, स्यार–काग–गिध खैहैं।**
**तीननि में तन कृमि, कै बिष्टा कै ह्वै खाक उड़ैहैं।**
**कहँ वह नीर, कहाँ वह सोभा, कहँ रंग–रूप दिखैहैं।**
**जिन लोगनि सौं नेह करत है, तेई देखि घिनैहैं।**
**घर के कहत सबारे काढ़ौ, भूत होइ धर खैहैं।**
**जिन पुत्रनिहिं बहुत प्रतिपाल्यौ, देवी–देव मनैहैं।**
**तेई लै खोपरी बाँस दे, सीस फोरि बिखरैहैं।**
**अजहूँ मूढ़ करौ सतसंगति, संतानि मैं कछु पैहैं।**
**नर–बपु धारि नाहिं जन हरिकौं, जम की मार सो खैहैं।**
**सूरदास भगवंत–भजन बिनु बृथा सु जनम गँवैहैं।।**

**प्रसंगः–**

महात्मा सूरदास श्री कृष्ण की भक्ति से ओत–प्रोत विनय के पदों का गान करते हुए कहते हैं कि संसार में ईश्वर आराधना के बगैर बुरी गति प्राप्त होती है, अतः सदैव ही ईश्वर के भजनों को गाते रहना चाहिए। क्योंकि जब मृत्यु उपरान्त सभी सगे सम्बन्धी जो जीवित अवस्था में प्रेम करते थे, वह भी घृणा करने लगते हैं।

**व्याख्याः–**

महाकवि सूरदास भगवन भक्ति को सर्वश्रेष्ठ मानते हुए कहते हैं कि जिस दिन तुम्हारे शरीर रूपी पिंजड़े से यह मन रूपी आत्मा पक्षी का रूप धारण करके उड़ जाएगी उस दिन तुम्हारे शरीर रूपी वृक्ष के सभी पत्ते झड़ जाऐंगें अर्थात जिस दिन तुम्हारी मृत्यु होगी उस दिन तुम्हारे शरीर से आत्मा रूपी पक्षी ठीक वैसे ही उड़ जाएगा, जैसे अवसर पाते ही तोता उड़ जाता है। इसलिए तुम इस शरीर पर गर्व मत करना क्योंकि मरने के बाद इस शरीर को स्यार, गीदड़, कौए और गिद्ध ही खाऐंगे। अथवा इस शरीर की तीन दशाओं में से कोई एक दशा ही प्राप्त होगी उसमें कीड़े पड़ेगें या वह बिष्ठा हो जाएगा या फिर इसकी खाक होकर उड़ जाएगी। मृत्यु के पूर्व इस शरीर में जो आभा और कांति थी, वह समाप्त हो जाएगी, उसकी समस्त शोभा ही समाप्त हो जाएगी। यह शरीर रंगहीन हो जाएगा।

जीवित रहते हुए तुम जिन लोगों से प्रेम, स्नेह करते हो वही मरने के बाद तुम्हारे शरीर को घृणा की दृष्टि से देखेंगे। वही घर के लोग कहेंगे कि इसकी शव यात्रा शीघ्र निकालो अन्यथा यह भूत बनकर हम सभी को पकड़कर खा जाएगा। तुमने जिन पुत्रों को बहुत ही प्रेम और स्नेह से पालकर बढा किया है वह पुत्र ही तुम्हारी मृत्यु के लिए देवी–देवताओं का पूजन करेंगें। मरने के बाद तुम्हारी खोपड़ी को तोड़ देगें। कहने का आशय है कि मृत्यु उपरान्त कपाल क्रिया करते हुए तुम्हारे पुत्र तुम्हारे ही सिर पर बाँस से प्रहार करेगें।

सूरदास मूर्ख मन को समझाते हुए कहते हैं कि हे मूर्ख। अब भी समय है तू अभी भी संतों की संगति कर ले क्योंकि इन्हीं संतों के पास ही तू कुछ पाएगा। कवि कहते हैं यदि तुमने मनुष्य शरीर प्राप्त कर भी, सत्संग नहीं किया तो निश्चित ही तुम यमराज की मार से नहीं बच सकते हो अर्थात तुम्हें बार–बार इस संसार में जन्म लेना पड़ेगा और मृत्यु भोगनी पड़ेगी और जन्म–मृत्यु के इस बंधन में सदैव बँधे रहोगे। यदि तुमने भगवान का भजन नहीं किया तो तुम्हारा यह जन्म व्यर्थ हो जाएगा।

**विशेषः–**

1 'मन–पंछी' व 'तन–तरूवर' में रूपक अलंकार।

2 संतों के महत्व का प्रतिपादन।

3 मनुष्य जन्म की महत्ता का प्रतिपादन क्योंकि मनुष्य जन्म में ही ईश्वरोपसना के द्वारा मोक्ष की प्राप्ति की जा सकती है।

**(12)**

**हरि तेरो भजन कियौ न जाइ।**
**कह करौं, तेरी प्रबल माया देति मन भरमाइ।**
**जबै आवौं, साधु–संगति कछुक मन ठहराइ।**
**ज्यौं गयंद अन्हाइ सरिता, बहुरि वहै सुभाइ।**
**वेष धरि–धरि हरयौ पर–धन, साधु–साधु कहाइ।**
**जैसे नटवा लोभ–कारन करत स्वाँग बनाइ।**
**करौं जतन, न भजौं, तुमकौं कछुक मन उपजाइ।**
**सूर प्रभु की सबल माया, देति मोहि भुलाइ।।**

**प्रसंगः–**

प्रस्तुत पद में सूरदास जी मन की चंचलता के कारण प्रभु की भक्ति में आने वाले व्यवधान को मनुष्य की स्वभावगत विशेषता मानते हैं। मन सांसारिक माया–मोह में पड़कर ईश्वरोपसना से विमुख हो जाता है और मनुष्य को भ्रमित कर देता है।

**व्याख्या:–**

सूरदास जी कहते हें कि हे भगवन्। मेरे ,द्वारा तुम्हारा भजन किया ही नहीं जाता है। क्या करूँ? मेरा चंचल मन सांसारिक माया–मोह से भ्रमित हो जाता है और भटकने लगता है। जब भी मैं साधु–संतों के सानिध्य में होता हूँ तब मेरा मन कुछ पल के लिए ठहर जाता है अर्थात साधु संतों की सत्संगति के समय मेरा मन ईश्वरोपसना में लगता है। परन्तु कुछ ही समय बाद मेरा मन चंचलता का स्वभाव पुनः धारण कर लेता है और मैं भगवन् भक्ति से विमुख हो जाता हूँ। सूरदास जी उदाहरण देते हैं जैसे हाथी को नदी में स्नान कराने के बाद वह पुनः अपने स्वभाव में आ जाता है अर्थात अपने ऊपर पुनः धूल, मिट्टी डालने लगता है।

सूरदास जी आगे कहते हैं कि मैं साधु–संत बनकर उनका व्रेश धारण करके दूसरों का धन लूटता रहा ठीक उसी प्रकार जैसे कोई नट लोभ के वशीभूत होकर विभिन्न स्वांग रचता है और विभिन्न रूप धारण कर लोगों से धन एकत्रित करता हैं लेकिन स्वांग रचने पर भी अनेक प्रयत्न करने पर भी तुम्हारे भजन नहीं कर पाता है क्योंकि सांसारिक माया–मोह में पड़कर उसके मन में अनेक अन्य भाव उत्पन्न होते रहते हैं। सूरदास जी कहते हैं कि ईश्वर की यह माया बहुत भुलावे वाली है और मुझे सदैव भुलावे में डाल देती है।

**विशेषः–**

1 अनुप्रास, एवं उत्प्रेक्षा अलंकार दृष्टव्य है।

2 मन की चंचलता का वर्णन।

3 पद में स्वभावगत विशेषताओं का सुन्दर चित्रण।

**(13)**

**चकई री, चलि चरन–सरोवर, जहाँ न प्रेम वियोग।**
**जहँ भ्रम–निसा होति नहि कबहूँ , सोई सागर सुख जोग।**
**जाँ सनक़–सिव हंस मीन मुनि, नख रवि–प्रभा प्रकास।**
**प्रफुलित कमल, निमिष नहिं ससि–डर, गुंजत निगम सुवास।**
**जिहिं सर सुभग–मुक्ति–मुक्ताफल, सुकृत–अमृत–रस पीजै।**
**सो सर छाँड़ि कुबुद्धि बिहंगम, इहाँ कहा रहि कीजै।**
**लक्ष्मी सहित होति नित क्रीड़ा, सोभित सूरजदास।**
**अब न सुहात विषय–रस छीलर, वा समुद्र की आस ।।**

**प्रसंगः–**

प्रस्तुत पद में कवि बुद्धि को चकवी के रूप में देखते हुए कहते हैं कि हे बुद्धि! तुम

भगवान के चरण–सरोवर में बैठकर अपने सारे दुःखों को समाप्त कर लो, क्योंकि प्रभु के चरणों में ही संसार के समस्त सुखों की प्राप्ति होती है।

**व्याख्या:–**

सूरदास जी कहते हैं कि हे बुद्धि! तू चकवी के समान वियोग का दुःख क्यों भोग रही है। जबकि तेरे पास प्रभु के चरण रूपी–सरोवर में प्रेम–ही–प्रेम है वहाँ वियोग का नाम भी नहीं है। प्रभु चरणों में तुझे प्रियतम का वियोग नहीं होगा। क्योंकि वहाँ भ्रम–रूपी रात्रि कभी होती ही नहीं है, जब रात्रि नहीं होगी तो तुझे अपने प्रियतम चकवा से वियोग का कष्ट भी नहीं होगा।वह तो सागर के सुख के योग्य है। जहाँ सनक सनन्दन, सनतकुमार आदि ऋषिगण तथा शिव हंस हैं तथा समस्त मुनिगण मछलियाँ हैं। वहाँ पर इन ऋषि मुनियों के चरन नख का प्रकाश सूर्य के समान सर्वत्र प्रकाशित रहता है। चूँकि सारे समय सूर्य का प्रकाश रहता है अतः कमल वहाँ सदैव ही खिले रहते हैं वहाँ चन्द्रमा का क्षण भर भी भय नहीं है। वहाँ वेद ज्ञान रूपी सुन्दर सुगन्धि उड़ा करती है, जिस सरोवर में सुन्दर मुक्ति–रूपी मोती प्राप्त होते हैं तथा वहाँ सत्कर्मों का अमृत रस पीने को मिलता है। अतः हे मुर्ख बुद्धि–तू एसे अमृत–सरोवर को छोड़कर अर्थात भगवान के चरणों को छोड़कर दुर्बुद्धि रूपी–पक्षी इस संसार में रहकर भी क्या करेगा। वहाँ अमृत–सरोवर में भगवान लक्ष्मी सहित प्रतिदिन क्रीड़ा करते हैं। सूरदास जी कहते हैं कि ऐसे आनन्द प्रदान करने वाले सागर के आगे संसार की इन विषय वासनाओं से भरी हुई उथली तलैया अच्छी नहीं लगती है।

**विशेष:–**

1 'चकई–री', 'सायर–सुख', बिहंगम आदि में रूपकातिशयोक्ति अलंकार।

2 'चरन–सरोवर', 'भ्रम–निसा', 'सनक–सिव हंस', 'मीन–मुनि', 'नख रवि–प्रभा', 'मुक्ति–मुक्ताफल', 'सुकृत–अमृत', 'विषय–रस–छीलर' में रूपक अलंकार।

3 सम्पूर्ण पद में अन्योक्ति अलंकार।

4 रहस्यवादी भावना।

**(14)**

**रे मन मूरख जनम गँवायौ।**
**करि अभियान विषय–रस गीध्यौ, स्याम–सरन नहिं आयौ।**
**यह संसार सुवा–सेमर ज्यौं, सुन्दर देखि लुभायौ।**
**चाखन लाग्यौ रूई गई उड़ि, हाथ कछू नहिं आयौ।**
**कहा होत अब के पछिताएँ, पहिले पाप कमायौ।**
**कहत सूर भगवंत–भजन बिनु, सिर धुनि–धुनि पछतायौ।।**

प्रसंगः–

प्रस्तुत पद में सूरदास जी मन को संबोधित करते हुए कहते हैं कि हे मन! तू विषय वासना के अंहकार में पड़कर भगवान श्रीकृष्ण की भक्ति को भूल गया, जबकि तू जानता है कि तुझे श्री कृष्ण के चरणों में न आने पर अंततः पश्चाताप ही करना पड़ेगा।

**व्याख्याः–**

सूरदास जी अपने मन से कहते हैं कि हे मूर्ख मन! तुमने व्यर्थ में ही अपने जन्म को खो दिया है। क्योंकि तू वासना के वशीभूत होकर श्री कृष्ण के चरणों में नहीं आए। यह सम्पूर्ण संसार तो सुए द्वारा सेवित सेमल के फल के समान है, जो ऊपर से तो सुन्दर दिखलाई देता है परन्तु जब उसकी सुन्दरता से आकर्षित होकर उसका आस्वादन करना चाहा उसमें से रूई उड़ने लगी। कवि के कहने का आशय है कि इस संसार में विषय–वासनाओं से आकर्षित होकर जब कोई इसके निकट जाता है तब इसकी सच्चाई का पता चलता है। और उसके हाथ कुछ भी नहीं लगता। सूरदास जी कहते हैं कि अब पछताने से क्या होता है क्योंकि तुम पहले से ही पाप कमाते रहे हो। अब तो केवल भगवान के भजन का ही सहारा है। भगवन् भजन के बिना अब सिर पीट–पीटकर व्यर्थ में ही पश्चाताप करना रह गया है।

**विशेषः–**

1 'स्याम–सरन', 'संसार सुबा–सेमर', 'पहिले–पाप' आदि में अनुप्रास अलंकार।

2 अन्योक्ति अंलकार।

3 सूरदास जी समय रहते भगवन् भक्ति में लीन होने के लिए प्रेरणा दे रहे हैं।

**(15)**

**जैसे तुम गज को पाउँ छुड़ायौ।**
**अपने जन कौं दुखित जानि कै पाउँ पियादे धायौ।**
**जहँ–जहँ गाढ़ परी भक्तिन कौं तहँ–तहँ आपु जनायौ।**
**भक्ति हेत प्रहलाद उबारयौ, द्रौपदि–चीर बढ़ायौ।**
**प्रीति जानि हरि गए बिदुर कैं, नामदेव–घर छायौ।**
**सूरदास द्विज दीन सुदामा, तिहिं दारिद्र नसायौ।।**

**प्रसंगः–**

प्रस्तुत पद में सूरदास जी भगवान श्री कृष्ण के प्रति अपनी अनन्य भक्ति का भाव प्रदर्शित करते हुए, उन्हें भक्त वत्सल स्वरूप में प्रस्तुत करते हैं। सूरदास जी कहते हैं कि प्रभु अपने भक्तों की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहते हैं और भक्त के क्षणिक आमंत्रण पर ही

उसका उद्धार करने दौड़े चले आते हैं।

**व्याख्या:-**

सूरदास जी कहते हैं कि हे प्रभु! जैसे तुमने गजराज के पैर को ग्राह से छुड़ाने के लिए यह समझकर कि आपका भक्त कष्ट में है पैदल की दौड़ पड़े थे। इस संसार में जब-जब, जहाँ-जहाँ आपके भक्तों पर विपत्ति या दुःख आया, तब-तब वहाँ-वहाँ आप उनकी भक्ति के वशीभूत होकर वहाँ प्रकट हुए और अपने भक्तों के दुःखों को दूर किया। आपने भक्ति के कारण ही प्रहलाद की रक्षा की, द्रोपदी के चीर को बढ़ाया और उसकी लज्जा की रक्षा की, प्रेम के कारण ही आप बिदुर के घर गए और नामदेव के घर को छाया। सूरदास जी कहते हैं कि आपने अपने भक्त सुदामा, जो निर्धन और दुःखी ब्राह्मण थे, उसका भी दारिद्रय समाप्त किया। अतः हे प्रभु आप मेरा भी उद्धार करो।

**विशेष:-**

1 दृष्टान्त अलंकार।

2 'जहँ-जहँ', 'तहँ-तहँ' में पुनरुक्ति प्रकाश अलंकार।

3 भक्ति-भावना की व्यंजना।

**(16)**

**बंदौं चरन-सरोज तिहारे।**
**सुंदर स्याम कमल-दल-लोचन, ललित त्रिभंगी प्रान पियारे।**
**जे पद-पदुम सदा सिव के धन, सिंधु-सुता उर तैं नहिं टारे।**
**जे पद-पदुम तात-रिस-त्रासत, मन-बच-क्रम प्रहलाद सँभारे।**
**जे पद-पदुम परस-जल-पावन, सुरसरि-दरस कटत अघ भारे।**
**जे पद-पदुम परस-रिषि-पतिनी बलि, मृग, ब्याध, पतित बहु तारे।**
**जे पद-पदुम रमत बृन्दावन, अहि-सिर धरि, अगनित रिपु मारे।**
**जे पद-पदुम परसि ब्रज-भामिनि, सरबस दै, सुत-सदन बिसारे।**
**जे पद-पदुम रमत पांडव-दल, दूत भए, सब काज सँवारे।**
**सूरदास तेई पद-पंकज, त्रिविधि-ताप-दुख-हरन हमारे।।**

**प्रसंग:-**

प्रस्तुत पद में महाकवि सूरदास अपने आराध्य श्री कृष्ण के चरणों की महिमा का गान करते हुए, उनके चरण-कमलों की आराधना कर रहे हैं। विभिन्न उदाहरण देकर वे प्रभु को इस संसार सागर से मुक्ति प्रदान कराने वाला तथा दुःखों का नाश कर उसको हरण करनेवाले के रूप में वर्णन कर रहे हैं।

**व्याख्या:–**

सूरदास जी श्री कृष्ण के चरणों की वन्दना करते हुए कहते हैं कि हे प्रभु! मैं तुम्हारे चरण–कमलों की वन्दना करता हूँ। आपके नेत्र कमल के दलों के समान हैं। आपकी त्रिभंगी मुद्रा अर्थात वंशी बजाते हुए गरदन, कमर और दाहिने पाँव की तीन स्थानों से बल वाली मुद्रा मुझे प्राणों से भी अधिक प्रिय है। आपके कमल–रूपी चरण भगवान शिव की सम्पदा हैं। ऐसे श्री चरणों को लक्ष्मीजी सदैव अपने ह्रदय में रखती हैं कभी उन्हें अपने ह्रदय से नहीं हटाती हैं। ऐसे कमलवत् चरणों ने पिता के क्रोध से मन, वचन, कर्म से दुःखी प्रहलाद की रक्षा की है। जिन कमल के समान चरणों के स्पर्श मात्र से ही गंगा पवित्र हो गई जिसके दर्शन मात्र से बड़े–से–बड़े पाप भी कट जाते हैं। जिन कमल–चरणों के स्पर्श से गौतम ऋषि की पत्नी अहिल्या, बलि, मृग, व्याध आदि बहुत से पापियों का उद्धार हुआ है।

जिन कमल–रूपी चरणों से आपने वृन्दावन में विचरण किया है और जिन चरणों को आपने कालिया नाग के सिर पर रखकर उद्धार करते हुए असंख्य शत्रुओं का विनाश किया है। जिन कमलवत् चरणों के स्पर्श पर व्रजांगनाओं ने प्रभु को अपना सर्वस्व समर्पित कर अपने परिजनों तथा घर को भी भुला दिया। जिन चरण–कमलों पर भ्रमण करते हुए आप पाण्डवों के दूत बनकर पाण्डवों का उद्धार किया और उनके समस्त कार्य, मनो कामनाएँ पूर्ण की। सूरदास जी कहते हैं कि प्रभु के ऐसे चरण कमल हैं जो हमारे विविध अर्थात दैहिक, देविक और भौतिक तापों तथा दुःखों का हरण करने वाले हैं।

सूरदास सदैव ऐसे चरण–कमलों की वन्दना करना चाहते हैं।

**विशेष:–**

1 सम्पूर्ण पद में रूपक अलंकार दृष्टव्य है।

2 प्रस्तुत पद में उदाहरण अलंकार की छटा विद्यमान।

3 भक्ति का अनन्य भाव प्रदर्शित।

**(17)**

**काहू के कुल तनन विचारत।**
**अविगत की गति कहि न परति है, व्याध अजामिल तारत।**
**कौन जाति अरू पाँति बिदुर की, ताही कैं पग धारत।**
**भोजन करत माँगि घर उनकैं, राज मान–मद टारत।**
**ऐसे जनम–करम के ओछे, ओछित हूँ ब्यौहारत।**
**यहै सुभाव सूर के प्रभु कौ, भक्त–बछल प्रन पारत।।**

**प्रसंग:–**

महाकवि सूरदास जी प्रस्तुत पद में प्रभु की भक्त वत्सल्ता प्रकट करते हुए ईश्वर को समदर्शी स्वरूप में प्रस्तुत करते हैं। प्रभु का समदर्शी स्वरूप होने के कारण श्री कृष्ण बिना जाति–पाँति, धर्म–अधर्म, पाप–पुण्य, निर्धन–धनवान को ध्यान में रखकर सभी पर समान रूप से स्नेह रखते हैं।

**व्याख्या:–**

सूरदास जी कहते हैं कि प्रभु श्री कृष्ण समस्त भक्तों का समान रूप से उद्धार करते हैं वह किसी भक्त के कुल की ओर ध्यान नहीं देते। उन अनंत प्रभु की लीला के बारे में कुछ कहा नहीं जाता अर्थात वह अकथनीय है। उन्होंने व्याध और अजामिल जैसे अधम पापियों को भी इस भवसागर से तार दिया। सूरदास जी कहते हैं कि बिदुर की जाति यद्यपि बड़ी नहीं थी, परन्तु प्रभु उनके घर गए और माँगकर भोजन किया। दुर्योधन राज के मद में था, अतः दुर्योधन के सम्मान को उन्होंने ठुकरा दिया।

सूरदास जी आगे कहते हैं कि एसे जन्म और कर्मों से ओछे अर्थात छोटे व्यक्ति जो कर्म से हीन है का भी उद्धार श्री कृष्ण ने किया। प्रभु उन छोटे कर्मों वाले भक्तों से भी सम्बन्ध रखते हैं उनका उद्धार करते हैं। सूरदास के प्रभु का ऐसा ही स्वभाव है। वे इसी प्रकार से अपनी भक्त वत्सलता से दृढ़ निश्चय का पालन करते हैं।

**विशेष:–**

1 पद में अनुप्रास की छटा।

2 भक्त वत्सलता का अनुपम उदाहरण।

**(18)**

**स्याम गरीबनि हूँ के ग्राहक।**
**दीनानाथ हमारे ठाकुर, साँचे प्रीति–निबाहक।**
**कहा बिदुर की जाति–पाँति, कुल, प्रेम–प्रीति के लाहक।**
**कह पाँडव कैं घर ठकुराई? अरजुन के रथ–बाहक।**
**कहा सुदामा कैं धन हौ? तौ सत्य–प्रीति के चाहक।**
**सूरदास सठ, तातैं हरि भजि आरत के दुख–दाहक।।**

**प्रसंग:–**

प्रस्तुत पद में कवि श्री कृष्ण की भक्ति और उनके प्रेम के प्रति अनन्य श्रद्धा का भाव रखते हैं वे भक्त वत्सल भगवान को दुःख हरने वाले तथा समस्त रूप से दुखहारन हैं।

**व्याख्याः–**

सूरदास जी कहते हैं कि श्याम अर्थात श्री कृष्ण निर्धनों को ही चाहने वाले, प्रेम करने वाले भक्त वत्सल हैं, हमारे प्रभु दीनानाथ अर्थात निर्धनों व दुःखी प्राणियों के स्वामी हैं, वह सच्चे अर्थों में सच्चे प्रेम का निर्वाह करने वाले हैं। सूरदास जी उदाहरण देते हुए कहते हैं कि बिदुर यद्यपि ऊँचे कुल, ऊँची जाति के नहीं थे, परन्तु फिर भी भगवान ने बिदुर के निश्चल प्रेम को स्वीकार किया। पाण्डवों के पास सत्ता नहीं थी फिर भी उन्होंने पाण्डवों का उद्धार किया और अर्जुन के रथ के सारथी भी बने। सुदामा के पास धन–सम्पदा कहाँ थी , परन्तु प्रभु तो सच्चे प्रेम के चाहने वाले हैं इसीलिए निर्धन सुदामा का भी उद्धार किया।

सूरदास जी कहते हैं कि है मूर्ख मन! तुम भगवान का भजन कर क्योंकि प्रभु तेरे दुःख को दूर करने वाले हैं।

**विशेषः–**

1 पद में अनुपास अलंकार दृष्टव्य।

2 भगवान के साम्यरूप का वर्णन।

3 भक्त वत्सलता की अलक।

**(19)**

**सब तजि भजिऐ नन्द कुमार।**
**और भजे तैं काम सरै नहिं, मिटै न सब जंभार।**
**जिहिं–जिहिं जोनि जन्म धार्‌यौ, बहु जोर्‌यो अघ कौ भार।**
**जिहिं काटन कौं समरथ हरि कौं तीछन नाम–कुठार।**
**बेद, पुरान, भागवत, गीता, सब कौ यह मत सार।**
**भव समुद्र हरि–पद–नौका बिनु, कोउ न उतारै पार।**
**यह जिय जानि, इहीं छिन भजि, दिन बीते जात असार।**
**सूर पाइ यह समौ लाहु लहि, दुर्लभ फिरि संसार।।**

**प्रसंगः–**

प्रस्तुत अवतरण कृष्ण भक्ति काव्य धारा के महाकवि सूरदास जी श्रीकृष्ण के गुणों का गान करते हुए कहते हैं कि समस्त देवताओं को छोड़कर केवल प्रभु श्रीकृष्ण को भजना चाहिए क्योंकि श्रीकृष्ण ही हैं जो इस संसार से मुक्त करा सकते हैं।

**व्याख्याः–**

सूरदास जी अपने मन को संबोधित करते हुए कहते हैं कि हे मन! तू सब कुछ

छोड़कर नन्दकुमार अर्थात श्रीकृष्ण का भजन कर, क्योंकि अन्य सांसारिक विषयों का भजन करने से जीवन के किसी भी उद्देश्य में सफलता प्राप्त नहीं हो सकती हैं और न इस संसार–सागर के दुःखों से छुटकारा पाया जा सकता है। जिस–जिस रूप में मैंने इस पृथ्वी पर जन्म लिया है उस जन्म में मेरे द्वारा पापों को ही एकत्रित किया गया है और यह पापों के कारण ही हमें अनेक जन्म लेना पड़ा है। इन पापों से मुक्ति पाने हेतु हमें श्रीकृष्ण के नाम–रूपी तेज कुठार को सहन करना होगा। अर्थात श्रीकृष्ण के नाम लेने मात्र से हमारे समस्त जन्मों के पाप कट जाएँगे, सूरदास जी कहते हैं कि यह बात केवल वह ही नहीं कह रहे हैं बल्कि चारों वेद, पुरान, भागवत् गीता सभी का यही सार है। कि हम संसार–रूपी समुद्र को पार करने के लिए श्री हरि के चरण–रूपी नौका का सहारा लेना पड़ेगा तभी हम इस संसार से मुक्त हो पाएँगे। अर्थात श्री हरि की कृपा के बिना इस संसार–सागर से मुक्ति पाना संभंव नहीं है। इसलिए हे मन! यह तुम भली प्रकार से जान लो कि भक्ति के बिना जीवन के दिन सारहीन हैं, इसका कोई मूल्य नहीं है, अतः तू भगवान श्री कृष्ण की भक्ति में लीन हो जा, तभी तेरी मुक्ति संभंव है।

सूरदास जी मानव–जीवन के महत्व को प्रतिपादित करते हुए कहते हैं कि यह मनुष्य का जीवन बड़ा दुर्लभ है। अनेक जन्म धारण करने के बाद मानव जीवन प्राप्त होता है। और यही वह जीवन है जिसमें व्यक्ति जन्म–मरण के बन्धनों से मुक्ति का मार्ग खोज सकता हैं, अतः हमें इस जीवन का लाभ लेते हुए मुक्ति पथ के लिए अग्रसर होना चाहिए।

**विशेषः–**

1 अनुप्रास अलंकार का प्रयोग।

2 रूपक अलंकार दृष्टव्य।

3 मानव–जीवन के महत्व का निरूपण।

4 भाषा सरल व सहज।

**(20)**

**जापर दीनानाथ ढरै।**
**सोइ कुलीन, बड़ी सुँदर सोइ, जिहिं पर कृपा करै।**
**कौन विभीषन रंक–निसाचर, हरि हँसि छत्र धरै।**
**राजा कौन बड़ौ रावन तैं, गर्वहिं–गर्व गरै।**
**रंकव कौन सुदामाहूँ तैं, आप समान करै।**
**अंधम कौन है अजामील तैं, जम तहँ जात डरै।**
**कौन विरक्त अधिक नारद तैं, निसि–दिन भ्रमत फिरै।**

**जोगी कौन कड़ौ संकर तैं, ताकौं काम छरै।**
**अधिक कुरूप कौन कुबिजा तैं, हरि पति पाइ तरै।**
**अधिक सुरूप कौन सीता तैं, जनम बियोग भरै।**
**यह गति–मति जानै नहिं कोऊ, किहिं रस रसिक ढरै।**
**सूरदास भगवंत–भजन बिनु, फिरि–फिरि जठर जरै।।**

**प्रसंगः–**

प्रस्तुत पद में कवि सूरदास जी प्रभु की कृपा का वर्णन करते हुए कहते हैं कि जिस पर भी श्रीकृष्ण ने कृपा की उसका उद्धार हो गया, बड़े कुल, सुन्दर और रूपवान होने से कोई अंतर नहीं होता। यदि तुमने प्रभु का भजन किया तो निश्चित है कि प्रभु तुम्हारा उद्धार करेगें।

**व्याख्याः–**

सूरदास जी कहते हैं कि जिस पर भी दीनानाथ अर्थात श्री कृष्ण ने कृपा की वास्तव में वही बड़े कुल वाला व रूपवान होता हैं, सूरदास जी उदाहरण देते हुए कहते हैं कि विभीषण कौन था? वह तो राक्षस जाति से सम्बन्ध रखता था, परन्तु जब प्रभु ने उस पर कृपा की तो प्रसनन होकर उसे राजा बना दिया और लंका का मुकुट उसके सिर पर रख दिया।

रावन से बड़ा राजा कौन था? परन्तु गर्व और घमण्ड के कारण उसका सारा ऐश्वर्य समाप्त हो गया। सुदामा से अधिक निर्धन कौन हो सकता है? परन्तु प्रभु ने प्रेम और भक्ति से प्रसन्न होकर उसे स्वयं के समान धनवान बना दिया। अजामिल से बड़ा पापी कौन होगा? परन्तु ईश्वर ने उसका उद्धार किया जिससे उसके पास यमदूत भी आकर डरने लगे। नारद से अधिक विरक्त कौन हो सकता है? फिर भी वह सदैव विचरण करते रहते हैं एक स्थान पर नहीं ठहरते। शंकर से बड़ा योगी कौन हो सकता? परन्तु उन्हें भी काम के वशीभूत होना पड़ा।

कुब्जा से अधिक कुरूप कौन होगी? परन्तु श्री कृष्ण की कृपा से उसे भगवान जैसा पति मिला और वह इस संसार–सागर से मुक्त हो गई।

सीता से अधिक सुन्दर कौन होगी? लेकिन उन्हें भी वियोग में जीवन व्यतीत करना पड़ा।

भगवान का यह स्वभाव कोई नहीं जान सकता कि वह अपने भक्त की किस विशेषता पर रीझकर उसका उद्धार कर दें। सूरदास जी कहते हैं कि भगवान की भक्ति बिना पेट की अग्नि में बार–बार जलना पड़ता है अर्थात इस संसार में जन्म–मरण के चक्र में उलझना पड़ता है। अतः मनुष्य को सदैव ईश्वर आराधना करना चाहिए।

**विशेषः—**

1 पद में विभिन्न स्थानों पर अनुप्रास की छटा विद्यमान है।

2 दृष्टान्त अलंकार का प्रयोग।

3 भगवन–भक्ति की महिमा का गान।

**(21)**

**हमारे निर्धन के धन राम।**

**चोर न लेत, घटत नहि कबहूँ, आवत गाढ़ैं काम।**

**जल नहिं बूड़त, अगिनि न दाहत, है एसौ हरि नाम।**

**बैकुँठनाम सकल सुख–दाता, सूरदास–सुख–धाम।। ।।**

**प्रसंगः—**

प्रस्तुत पद में महाकवि सूरदास नाम की महिमा का गान करते हुए कहते हैं कि निर्धनों का धन प्रभु का नाम ही है। इसे न तो कोई चुरा सकता है और न ही बार–बार नाम लेने से यह घटता है। यह मुसीबत में अथवा कष्ट के समय काम आता है। यह समस्त सुखों को प्रदान करने वाला है।

**व्याख्याः—**

सूरदास जी कहते हैं कि निर्धन व्यक्ति के लिए रामनाम ही धन है जो मेरा भी धन है। इस धन का चोर चोरी नहीं कर सकता और यह नामरूपी धन ऐसा धन है जो खर्च करने पर घटता भी नहीं है। यह नाम रूपी धन कष्ट के समय काम आता है। यह जल में डूब नहीं सकता, अग्नि में जल नहीं सकता ऐसा प्रभु का नाम है अर्थात सांसारिक धन तो समाप्त या नष्ट हो सकता है परन्तु राम–नाम रूपी धन कभी नष्ट न होने वाला धन है। बैंकुण्ठ धाम में निवास करने वाले अर्थात श्रीविष्णु भगवान् समस्त सुखों को प्रदान करने वाले तथा समस्त प्रकार के सुखों को देने वाले हैं।

अतः सूरदास जी सदैव ईश्वरोपसना में प्रभु के नाम लेते रहने की सलाह देते हैं।

**विशेषः—**

1 पद में अनुप्रास अलंकार की छटा विद्यमान है।

2 नाम की महिमा का गान किया गया है।

3 रूपक अलंकार का प्रयोग।

**(22)**

**किते दिन हिर–सुमिरन बिनु खोए।**

**पर–निंदा रसना के रस करि, केतिक जनम बिगोए।**

**तेल लगाइ कियौ रूचि–मर्दन, बस्तर मलि–मलि धोए।**
**तिलक बनाइ चले स्वामी है, विषयिनि के मुख जोए।**
**काल बली तैं सब जग काँप्यौ, ब्रह्मादिक हूँ रोए।**
**सूर अधम की कहौ कौन गति, उदर भरे, परि सोए।। ।।**

**प्रसंगः–**

प्रस्तुत पद में महाकवि सूरदास जी वैराग्य भाव को प्रस्तुत करते हुए कहते हैं किं मैंने अनेक जन्म लिए परन्तु उसमें कितने ही दिन मैंने प्रभु का स्मरण नहीं किया और उसे खो दिया। दूसरों की निंदा करने में आनंद का अनुभव करता रहा और इन जन्मों को व्यर्थ ही खो दिया। मैं बलशाली होने का गर्व करता रहा और मृत्यु को भूल गया। विषय–वासनाओं में पड़कर मैं संसार के दुःखों को भूलकर पेट भरता रहा।

**व्याख्याः–**

सूरदास जी कहते हैं कि मैनें कितने ही दिन ईश्वर स्मरण किए बगैर गुजार दिए। दूसरों की निंदा को मैंने जिव्हा का स्वाद मानकर आनंद लिया और कितने ही जन्म व्यर्थ में गँवा दिए। मैं स्वयं को बलशाली मानकर अपने शरीर पर तेल मालिश करता रहा और अपनी शक्ति पर गर्व करता रहा। मैं अपने वस्त्रों को मल–मलकर धोता रहा, परन्तु मन को मैंने कभी पवित्र नहीं किया। मैं तिलक लगाकर स्वयं को स्वामी समझता रहा और विषय–वासनाओं की ओर आकर्षित होता रहा। मैं गर्व के कारण मृत्यु या काल को भूल गया कि एक दिन मृत्यु तो होनी ही है। मैं काल के बल को भूल गया जिससे सम्पूर्ण संसार काँपता है और जिसके कारण ब्रह्माजी को भी रोना पड़ा था अर्थात जब सृष्टिकर्ता ब्रह्मा को काल के कारण भयभीत होना पड़ा तो इस मूर्ख सूर का क्या बस और कौन सी गति प्राप्त होगी, जो सदैव ही केवल पेट भरने के लिए ही कार्य करता रहा और पेट भरने पर पड़कर सो जाना जानता है।

कवि के कहने का आशय है कि जिस काल से स्वयं सृष्टिकर्ता भी काँप जाते हैं उस काल के आने के पूर्व हमें ईश्वर का स्मरण करते रहना चाहिए।

**विशेषः–**

1 पद में पुनरूक्त अलंकार का प्रयोग।
2 अनुप्रास की छटा विद्ययमान।
3 ब्रह्माजी काल से भयभीत होने की अन्तर्कथा था का प्रयोग।

**(23)**

**नर तैं जनम पाइ कह कीनौ?**

**उदर भरयौ कुकर लौं, प्रभु कौ नाम न लीनौ।**
**श्री भागवत सुनी नहिं श्रवननि, गुरू गोबिंद नहिं चीनौ।**
**भाव–भक्ति कछु ह्रदय न उपजो, मन विषया मैं दीनौ।**
**झूठौ सुख अपनौ कहर जान्यो, परस प्रिया कैं भीनौ।**
**अघ कौ मेरू बढ़ाइ अधम तू, अंत भयौ बलहीनौ।**
**लख चौरासी जोनि भरमि कै, फिर वहीं मन दीनौ।**
**सूरदास भगवंत–भजन बिनु, ज्यौं अंजलि–जल छीनौ।।**

**प्रसंगः–**

प्रस्तुत पद में कवि प्रभु आराधना के माध्यम से अपने वैराग्य का परिचय देते हुए कहते हैं कि हे मनुष्य! तूने मनुष्य का जन्म तो लिया, परन्तु मनुष्य का जन्म लेकर भी तुमने क्या किया? यदि तुम केवल उदर पूर्ति मे ही लगे रहे और प्रभु का स्मरण नहीं किया तो तुम्हारा मानव–जीवन बेकार है।

**व्याख्याः–**

सूरदास जी कहते हैं कि हे मानव! तुमने मनुष्य का जन्म लिया, परन्तु मनुष्य का जन्म लेकर भी तुमने क्या किया? तुम श्वान अथवा शुकर के समान केवल उदर पूर्ति में लगे रहे। और ईश्वर का नाम नहीं लिया। श्री मद्‌भागवत् कथा का श्रवण अपने कानों से नहीं किया और मानव जन्म के लक्ष्य की प्राप्ति कराने वाले ईश्वर की पहचान नहीं की, उन्हें नहीं पहचाना। जिसके ह्रदय में भाव–भक्ति उत्पन्न नहीं हुई और मन विषय–वासनाओं में उलझा रहा। जो झूठा सुख अपना समझ कर उसे ही सर्वस्व मानता रहा और जीवन के अमूल्य क्षण अपने प्रियतम के आलिंगन में व्यतीत करता रहा। उसने अपने पापों को सुमेरू पर्वत के समान अत्यन्त बड़ा बना लिया है। और अंत में बलहीन हो गया है।

चौरासी लाख यौनियों में जन्म–मरण के चक्र में पड़कर भ्रमवश अपना जीवन खो दिया है, और अब भी उसी में लगा है।

सूरदास जी कहते हैं कि भगवन्–भजन ठीक वैसे है जैसे अंजुली में भरा हुआ जल धीर–धीरे कम होता जाता है, अतः मनुष्य योंनि में हमें सदैव भगवत् नाम का स्मरण करते रहना चाहिए।

**विशेषः–**

1 प्रस्तुत पद में उत्प्रेक्षा अलंकार दृष्टव्य है।

2 अनुप्रास की छटा विद्यमान है।

3 भवगत–भक्ति का अनुपम उदाहरण।

**(24)**

**सबै दिन गए विषय के हेतु।**
**तीनौं पन एसौं ही खोए, केस भए सिर सेत।**
**आँखिनि अंध, स्रवन नहिं सुनियत, थाके चरन समेत।**
**गंगा–जल तजि पियत कूप–जल, हरि तजि पूजत प्रेत।**
**मन–बच–क्रम जौ भजे स्याम कौं, चारि पदारथ देत।**
**एसौ प्रभू छाँड़ि क्यों भटकै, अजहूँ चेति अचेत।**
**राम नाम बिनु क्यों छूटौगे, चन्द गहैं ज्यौं केत।**
**सूरदास कछु खरच न लागत, राम नाम मुख लेत।।**

**प्रसंग:–**

प्रस्तुत पद में महाकवि नाम की महिमा का उल्लेख करते हुए कहते हैं, कि हे मन! तूने अपना सारा समय विषय–वासनाओं के आकर्षण में व्यर्थ ही खो दिया है, और बचपन, युवा अवस्था, तथा वृद्ध अवस्था में भी प्रभु का नाम नहीं लिया। अब तो तू ईश्वर भक्ति में प्रभु का नाम ले ले क्योंकि प्रभु का नाम लेने में कुछ खर्च भी नहीं होता।

**व्याख्या:–**

सूरदास जी कहते हैं कि हे मन! जीवन के समस्त दिन विषय–वासनाओं के आकर्षण में पड़कर तूमने अपने महत्वपूर्ण दिन यों ही व्यतीत कर दिए। तूने अपनी तीनों अवस्थाएँ बाल्यपन, युवा अवस्था और प्रौढ़ अवस्था को ईश्वर भक्ति के बगैर गुजार दिया है और अब बुढ़ापा या वृद्ध अवस्था है। अब पैरों सहित तुम्हारे समस्त अंग शिथिल हो गए हैं, उनमें वैसा बल शेष नहीं रहा जो पहले था। आँखों से भी कम दिखलाई देने लगा है। कानों से सुनाई कम देता है। सूरदास जी कहते हैं कि तू मायां–मोह के चक्कर में पड़कर गंगा के पवित्र जल को छोड़कर कुएँ का जल पीना चाहता है। भगवान का नाम भजने के स्थान पर भूत–प्रेतों की पूजा में लगा हुआ है। जो मनुष्य मन, वचन और कर्म से श्रीकृष्ण का नाम का जाप करता है, भजन करता है। उसे निश्चित ही चारों पदार्थ अर्थ, धर्म, काम और मोक्ष की प्राप्ति होती है। ऐसे प्रभु का परित्याग करके हे मूर्ख मन! तू क्यों भटकता है। अभी भी समय है तू चेत जा। राम नाम का स्मरण किए बिना तू इस जन्म–मरण के चक्र से नहीं छूट सकता है। तुम विषय वासनाओं से ठीक उसी प्रकार ग्रस्त हो जैसे चन्द्रमा–केतु से ग्रस्त हो जाता है।

सूरदास जी कहते हैं कि राम का नाम लेने में कुछ खर्च भी नहीं करना पड़ता, अतः तू अपने मुँह से राम नाम क्यों नहीं लेते।

**विशेषः—**

1 सम्पूर्ण पद में अनुप्रास अलंकार दृष्टव्य।

2 पद में रूपक अलंकार का प्रयोग।

3 नाम महिमा का गान।

## 2.4 अपनी प्रगति जाँचिए

आपके द्वारा पढ़े गए पदों पर आप अपनी प्रगति को स्वयं जानिए—

1. विनय के पदो के आधार पर सूर की भक्ति भावना पर प्रकाश डालिए।
2. 'ज्यौं गूँगै मीठे फल कौ रस अंतरगत ही भावै' पंक्ति का भाव—विस्तार कीजिए।
3. 'काम—क्रोध', 'कोटिक—कला' में कौन—सा अलंकार है और क्यों?
4. 'मेरो मन अनत कहाँ सुख पावै' पद की सप्रसंग व्याख्या कीजिए।
5. कवि ईश्वर को समदर्शी मानते हुए क्या—क्या उदाहरण देते हैं? लिखिए।
6. सूरदास जी श्रीकृष्ण के चरण कमलों की आराधना करते हुए क्या—क्या उदाहरण देते हैं? 'बंदौ चरण—सरोज तिहारें' पद के आधार पर लिखिए।

## 2.5 स्पष्टीकरण के बिन्दु

............................................................................................................
............................................................................................................
............................................................................................................
............................................................................................................
............................................................................................................
............................................................................................................
............................................................................................................
............................................................................................................
............................................................................................................
............................................................................................................
............................................................................................................
............................................................................................................

## 2.6 चर्चा के बिन्दु

............................................................................................................

..........................................................................................................

..........................................................................................................

..........................................................................................................

..........................................................................................................

..........................................................................................................

..........................................................................................................

..........................................................................................................

..........................................................................................................

..........................................................................................................

..........................................................................................................

## 2.7 नियत कार्य/गतिविधियाँ

यहाँ जो पद व्याख्या हेतु पद दिए गए हैं, उसी प्रकार पाठ्यपुस्तक में दिए गए अन्य पदों की व्याख्या करने का प्रयत्न करें।

## 2.8 संदर्भ ग्रन्थ

1. 'सूर सागर–सार' संपादक–डॉ. धीरेन्द्र वर्मा

# इकाई–तीन

# पद व्याख्या

**इकाई की रूपरेखा**

3.1 उद्देश्य
3.2 प्रस्तावना
3.3 पद–व्याख्या
3.4 अपनी प्रगति स्वयं जाँचिए
3.5 स्पष्टीकरण के बिन्दु
3.6 चर्चा के बिन्दु
3.7 नियत कार्य/गतिविधियाँ
3.8 संदर्भ ग्रंथ

## 3.1 उद्देश्य

प्रस्तुत इकाई में दी गई पद–व्याख्याओं को समझकर आप–

1. अन्य पदों की व्याख्या करने का अभ्यास कर सकेंगे।
2. सूर की रचनाओं का रसास्वादन भली–भाँति कर सकेंगे।
3. सूर की रचनाओं का भाव–बोध आज भी कितना प्रासांगिक है, यह जान सकेंगे।
4. काव्य के भाव–पक्ष तथा कला–पक्ष का भेद स्पष्ट कर सकेंगे।

## 3.2 प्रस्तावना

साहित्य में कवि और उसकी काव्य वस्तुओं को समझने के लिए बिना व्याख्यायित किए उसके काव्य–सौंदर्य को आत्मसात करना संभव नहीं होता है। अतः प्रस्तुत इकाई में सूर–सागर–सार के प्रमुख पदों को सप्रसंग व्याख्या की गई है, जिसमें आप सूर के काव्य का रसास्वादन भली–भाँति कर सकें।

## 3.3 पद–व्याख्या

(1)

**मधुकर! स्याम हमारे ईस।**
**जिनको ध्यान धरे निसि बासर आरहि नबै न सीस।।**

**जोगिनि जाय जोग उपदेसौ जिनके मन दस बीस।**
**एकै मन, एकै वह मूरति नित चितवतिं दिन तीस।।**
**काहें निर्गुन–ज्ञान आपुनो जित–तित डारत खीस।**
**सूरज प्रभु नंद नंदन है उनतें की जगदीस।।**

**प्रसंग–**

गोपियाँ निर्गुण ब्रह्म की प्राप्ति के लिए योग साधना को अपने लिए सर्वथा अनुपयुक्त मानती हैं, वे उद्धव से कहती हैं कि हम कृष्ण के अतिरिक्त अन्य किसी का ध्यान नहीं कर सकतीं। तुम्हारी यह योग साधना हमारे सर्वशक्तिमान कृष्ण के सम्मुख निरर्थक हैं। क्योंकि कृष्ण हमारे इष्टदेव हैं और इष्टदेव केवल एक ही हो सकते हैं। इसलिए हम तो केवल अपने इष्टदेव की ही आराधना करेंगी अन्य किसी देव की नहीं।

**व्याख्या–**

गोपियाँ भ्रमर के माध्यम से उद्धव को संबोधित करती हुई कहती हैं कि हे! उद्धव हमारे स्वामी तो एकमात्र कृष्ण ही हैं। जिनका ध्यान सदैव हमारे हृदय के भीतर बना रहता है। अर्थात् वे हमारे हृदय में सदैव बने रहते हैं। हमारा सिर केवल उन्हीं के सामने झुकता है, हम उनके अतिरिक्त अन्य किसी के सामने अपना मस्तक नहीं झुका सकतीं। भाव यह है कि हम कृष्ण को छोड़कर अन्य किसी को अपना स्वामी नहीं बना सकतीं। यदि तुम्हें योग का उपदेश देना ही है तो ऐसी जगह जाकर दो, जो योगी हैं तथा जिनके दस–बीस मन हैं। वहीं तुम्हारा यह योग का उपदेश सार्थक होगा क्योंकि उनके दस–बीस मन में से किसी एक मन में तुम्हारा यह योग संदेश भी पड़ा रहेगा। भाव यह है कि जिनका मन एक जगह स्थिर न होकर इधर–उधर भटकता रहता है उन्हें ही योग या ध्यान की आवश्यकता होती है अपना मन शांत करने के लिए। हमारे लिए तो यह निरर्थक ही होगा क्योंकि हमारा तो केवल एक ही मन है और ये मन तीसो दिन अर्थात् दिन रात एक ही मूरत (कृष्ण) को बसाए रहता है। हमारा सारा समय इसी में व्यतीत हो जाता है। फिर क्यों तुम अपने इस निर्गुण ब्रह्म ज्ञान को इधर–उंधर बिखेर कर नष्ट कर रहे हो। तुम्हारे इस निर्गुणो ब्रह्म की उपासना का फल ब्रह्म की प्राप्ति ही है। हम तो सगुणोपासना करके पहले ही कृष्ण रूपी ब्रह्म को प्राप्त कर चुके हैं। गोपियाँ कहती हैं कि हमारे स्वामी एकमात्र नंद नंदन हैं उनसे बढ़कर इस संसार का स्वामी और कौन हो सकता है? सर्वश्रेष्ठ जगदीश्वर को तो हम पहले से ही प्राप्त कर चुके हैं फिर तुम्हारी यह योग साधना हमारे किस काम की है?

**विशेष–**

1. गोपियाँ निर्गुण ब्रह्म को अपने लिए व्यर्थ मानती हैं।
2. गोपियों का कृष्ण के प्रति एकनिष्ठ प्रेम है।

3. कृष्ण को ही सारे संसार का जगदीश्वर माना है।
4. अलंकार–पद मेत्री, वक्रोक्ति, यमक, सभंगपद।

**(2)**

**काहे को गोपीनाथ कहावत।**
**जो पै मधुकर कहत हमारे गोकुल काहे न आवत।।**
**सपने की पहिचानि जानिकै हमहिं कलंक लगावत।**
**जो पै स्याम कूबरी रीझे सो किन नाम धरावत?**
**ज्यों गजराज काज के औसर औरे दसन दिखावत।**
**कहन–सुनन को हम हैं ऊधौ सूर अंत बिरमावत।।**

**प्रसंग–**

गोपियाँ इस पद में श्रीकृष्ण के प्रति उपालम्भ देती हुई उनके कपटपूर्ण प्रेम पर मार्मिक व्यंग्य कर रही हैं। उनका कहना है कि कृष्ण की कथनी और करनी में ये भेद क्यों हैं? क्योंकि जब यदि वे हमारे हैं तो हमारे पास न रहकर मथुरा में क्यों रहते हैं? यदि वे भी हमारी तरह हमें अपना मानते हैं तो हमारी सुध लेने क्यों नहीं आते?

**व्याख्या–**

गोपियों को कृष्ण के गोपीनाथ नाम पर कड़ी आपत्ति है। वे कहती हैं कि श्रीकृष्ण अब 'गोपीनाथ' कहलाने के लायक नहीं हैं इसलिए अपना नाम बदल कर कुछ और रख लें। वे स्वयं को अब भी 'गोपीनाथ' अर्थात् गोपियों के स्वामी क्यों कहलवाते हैं उनका तर्क यह है कि यदि वे हमारे स्वामी होते तो अवश्य ही गोकुल आते। एक ओर तो वे कहे हैं कि हमारी गोपियों से सपने जितनी पहचान हैं। अर्थात् बहुत थोड़ी सी अस्थायी पहचान है और दूसरी ओर अपने को गोपी नाथ कहलाकर हम पर कलंक लगाते हैं। यदि उनका उस कुबड़ी दासी कुब्जा पर ही दिल आ गया है तो फिर वे अपना नाम बदलकर 'कुब्जानाथ' क्यों नहीं रख लेते। कहने का आशय यह है कि उनका गोपीनाथ नाम सुनकर सारे जगत में हमारी बदनामी हो रही है। संसार हमें कलंकिनी समझ रहा है। क्योंकि यदि कृष्ण हमारे नाथ होते तो हमारे साथ न रहकर कुब्जा के पास क्यों रहते हैं। श्रीकृष्ण के पिछले प्रेम को याद कर वे कहती हैं कि उनका काम तो हाथी के दाँत के समान है। जिस प्रकार हाथी के दाँत खाने के और तथा दिखाने के और होते हैं। उसी प्रकार हे उद्धव! सबके कहने सुनने के लिए तो हम उनकी प्रेमिकाएँ हैं क्योंकि उनको सभी गोपीनाथ कहते हैं किन्तु वह किसी और के प्रेम में मग्न होकर वहीं पर विश्राम करते हैं। भाव यह है कि गोपियाँ तो अब केवल उद्धव के समझाने बुझाने भर को रह गई हैं और कृष्ण तो कुब्जा के पास रमण करते हैं।

**विशेष–**

1. गोपियाँ श्रीकृष्ण की निष्ठुरता पर कटाक्ष कर रहीं हैं।
2. गोपियाँ कृष्ण से उपालम्भ कर रही हैं।
3. अलंकार–वक्रोक्ति, परिकरांकर, उदाहरण।
4. 'नाम घराना', 'कहन सुनन करना' जैसे मुहावरों का प्रयोग किया गया है।

**(3)**

**अपने स्वारथ को सब कोऊ।**
**चुप करि रहौ मधुप रसलंपट तुम देखे अरु बोऊ।।**
**औरो कछु संदेस कहन को कहि पठयौ किन सोऊ।**
**लीन्हें फिरत जोग जुवतिन को बड़े सयाने दोऊ।।**
**तब कत मोहन रास खिलाई जो पै ज्ञान हुतोऊ?**
**अब हमरे जिय बैठो यह पद 'होनी होउ सो होऊ।।**
**मिटि गयो मान परेखो ऊधो हिरदय हतो सो होऊ।**
**सूरदास प्रभु गोकुलनायक चित चिंता अब खोऊ।।**

**प्रसंग–**

गोपियाँ कृष्ण के संदेश को सुनकर टूट सी जाती हैं और सब ओर से निराश होकर कृष्ण के प्रति रोष प्रकट करती हैं, किन्तु उनके इस रोष में भी कृष्ण से अनन्य प्रेम साफ दिखाई देता है क्योंकि क्रोध उसी पर प्रकट किया जाता है जो अपना होता है। गोपियों के लिए कृष्ण ही सर्वस्व थे इसलिए जबं वे मथुरा जाकर वहां से गोपियों को उद्धव के माध्यम से ज्ञान योग का संदेश भेजते हैं तब उसे सुनकर गोपियाँ खीझ जाती हैं और चिढ़कर उद्धव को भला बुरा कहती हैं।

**व्याख्या–**

गोपियाँ उद्धव को स्वार्थी बताकर उससे कहती हैं कि हे उद्धव! अब तुम चुप हो जाओ क्योंकि हमें यह अच्छी तरह से समझ में आ गया है कि इस संसार में हर प्राणी स्वार्थ में लिप्त हैं। जब उनका काम बन जाता है तब वे सारे संबंधों से अपना नाता तोड़ लेते हैं। इसलिए रस के लालची भ्रमर तुम्हारे लिए अब यही ठीक होगा कि तुम हमारे सामने अपनी व्यर्थ की बातें बंद कर चुप हो जाओ। हमने तुम्हें भी परख लिया है और तुम्हारे उस कृष्ण को भी जिसने तुम्हें लिखा–पढ़ाकर यहां भेजा है। गोपियाँ फिर निराश होकर दुःखी मन से कहती हैं कि कृष्ण का संदेश यदि बाकी रह गया हो तो उसे भी जल्दी से कह डालो कोई कसर बाकी मत रखो।

गोपियाँ उद्धव स कहती हैं कि तुम दोनों अपने आपको बड़े ही चतुर समझते हो। तुम्हारी सारी चतुराई इसी बात से समझ में आ गई कि तुम युवतियों के लिए जो ज्ञान योग का संदेश लिए फिरते हो उसका कोई औचित्य नहीं है। तुम्हारा यह कार्य चतुराई का नहीं बल्कि मूर्खतापूर्ण है– क्योंकि यदि कृष्ण को हमें ज्ञान योग का संदेश ही देना था तो उन्होंने हमारे साथ रासलीलाएँ क्यों की थी? क्यों प्रेम–मार्ग की ओर हमें उन्मुख किया? यदि हमारे लिए ज्ञान मार्ग ही उपयुक्त था तो हमारे हृदय में प्रेम की ज्वाला क्यों जलाई? अब हमारे प्रेम को उद्दीप्त करके हमें संदेश भेजते हैं कि हम ज्ञान–उपासना करें। गोपियाँ उद्धव से कहती हैं कि अब तो हमारे हृदय में उनके प्रेम की लपटें उठने लगी हैं, यह किसी भी प्रकार से बुझेगी नहीं। हमने अपने मन में श्रीकृष्ण को पूरी तरह से बिठा लिया है और यह निर्णय कर लिया है कि अब जो कुछ भी होना है सो हो हमें इस बात की बिल्कुल भी परवाह नहीं है। भाव यह है कि इस प्रेम मार्ग का अनुसरण करने में परिणाम चाहे कितने भी भयंकर आएँ हम उसे भुगतने के लिए तैयार हैं। हम तो अभी तक अपने कृष्ण पर मान किए बैठी थीं कि वे यहां आएँगे तो हम उनस उपालम्भ (शिकायत) करेंगे लेकिन अब तो भावावेष भी शेष नहीं रह गया, उन्होंने संदेश भेजकर हमारा हृदय तोड़ दिया है इसलिए अब वह भावना भी हृदय से मिट गई हैं क्योंकि मान तो अपनों पर किया जाता है परन्तु कृष्ण तो हमसे ऐसा व्यवहार कर रहे हैं। जैसे हम उनके लिए पराए हैं। सूरदास जी कहते हैं कि अंत में गोपियाँ असहाय होकर कहती हैं कि हमने तो अपने आपको गोकुलनाथ के हाथें में सौंप दिया है और सारी चिंताओं से मुक्ति पा ली है, अब जो हाना है वह होता रहे।

**विशेष–**

1. गोपियों के हृदय से निराशा के भाव झलक रहे हैं।
2. अंतिम दो चरणों में चपल प्रेम की चरम परिणति भक्ति के रूप में दिखाई देती है।
3. अलंकार–वक्रोक्ति, पर्यायोक्ति।
4. 'तुम देखे' में देखना लाक्षणिक प्रयोग।
5. 'होनी होई सो होऊ' लोकोक्ति का प्रयोग।
6. भाषा–ब्रज।

**(4)**

**स्याम मुख देखे ही परतीति।**
**जो तुम कोटि जतन करि सिखवत जोग ध्यान की रीति।।**
**नहिन कछू सयान ज्ञान में यह हम कैसे मानैं।**
**कहौ कहा कहिए या नभ को कैसे उर में आनैं।।**
**यह मन एक–एक वह मूरति भृंगकीट सम मानें।**

**सूर सपथ दै बूझत ऊधौ यह ब्रज लोग सयाने।।**

**प्रसंग–**

गोपियों का कृष्ण से अनन्य एवं एकनिष्ठ प्रेम है इसलिए वे उद्धव की ज्ञान योग साधना के उपदेश को स्वीकार करके प्रेम एवं भक्ति को त्यागना नहीं चाहतीं। किसी भी विधि से वे यह मानने के लिए तैयार नहीं होतीं कि यह संदेश उनके आराध्य श्रीकृष्ण का ही भेजा हुआ संदेश है। वे उद्धव से ज्ञान की व्यर्थता और प्रेमभक्ति की सार्थकता सिद्ध करती है।

**व्याख्या–**

गोपियाँ उद्धव से कहती हैं कि हे उद्धव! हमें तो अपने प्रियतम कृष्ण के साक्षात दर्शन करके ही विश्वास होगा कि तुम जो योग–ज्ञान का संदेश हमें दे रहे हो वह कृष्ण ने ही भेजा है। तुम हमें जो करोड़ो प्रकार से प्रयास करके योग–साधनाएँ सिखाने का भरसक प्रयास कर रहे हो हम यह कैसे मान लें कि इस उपदेश में तुम्हारी कुछ चतुरता, तुम्हारा कुछ सयाना पन नहीं है। तुम्हारी यह बात भी कैसे संभव हो सकती है कि इस विशाल आकाश को हम अपने छोटे से हृदय में समेट के रख ले। अर्थात् तुम्हारे इस ब्रह्म ज्ञान का उपदेश बहुत व्यापक है तो फिर भला हमारे इस छोटे से हृदय में यह विशाल ब्रह्म कैसे समा सकता है? एक बात और है कि तुम्हारा ब्रह्म निराकार है, तो जिसका कोई आकार ही न हो उसे कैसे हम अपने मन में बिठा सकती हैं।

गोपियाँ कहती हैं कि हमारे पास तो केवल एक ही मन है और इस मन में श्याम सुंदर की मनोहर मूर्ति रच बस गई है अब हमारा मन और कृष्ण की मूर्ति, भृंगी कीट की भाँति एकाकार हो गए हैं। जिस प्रकार भृंगी कीड़ा अन्य कीड़े को पकड़कर उसे अपने ही जैसा बना लेता है उसी प्रकार हमारा मन भी कृष्ण के सान्निध्य में आकर उन्हीं जैसा हो गया है। गोपियाँ उद्धव को सौगंध देते हुए कहती हैं कि अब तुम्हीं बताओ ऊधौ कि जिन गोपियों ने अपना सर्वस्व कृष्ण को अर्पित कर दिया हो तथा जिनके हृदय में केवल श्रीकृष्ण ही समाए हों उन पर भला तुम्हारे इस निर्गुण ज्ञान उपदेश का क्या प्रभाव पड़ेगा? अर्थात् एक मन में केवल एक ही बात समा सकती है। दूसरी नहीं।

**विशेष–**

1. गोपियों की कृष्ण के प्रति एकनिष्ठता का चित्रण किया गया है।
2. भृंगकीट–भृंगी नामक कीड़े के विषय में यह बात प्रसिद्ध है कि वह किसी भी कीड़े को पकड़कर अपने जैसा बना लेता है।
3. ज्ञान एवं योग का खण्डन गोपियों द्वारा किया गया है।
4. अलंकार–अनुप्रास, उपमा, विशेषोक्ति, वक्रोक्ति एवं गूढोत्तर अलंकार

5. ब्रजभाषा का प्रयोग।

(5)

**कहाँ लौ कीजै बहुत बड़ाई।**
**अतिहि अगाध अपार अगोचर मनसा तहाँ न जाई।।**
**जल बिनु तरंग, भीति बिनु चित्रन, बिन चित ही चतुराई।**
**अब ब्रज में अनरीति कछू यह ऊधौ आनि चलाई।।**
**रूप न रेख वदन, वपु जाके संग न सखा सहाई।**
**ता निर्गुण सों प्रीति निरन्तर क्यों निबहै री माई।।**
**मन चुभि रही माधुरी मूरति रोम–रोम अरुझाई।**
**हौं बलि गई सूर प्रभु ताके जाके स्याम सदा सुखदाई।।**

**प्रसंग–**

गोपियाँ उद्धव की निगुर्णोपासना को स्वीकार नहीं करतीं। वे परस्पर वार्तालाप करती हुई उद्धव के इस योग मार्ग की निंदा करती हैं। वे कहती हैं कि तुम्हारे इस निर्गुण ब्रह्म से प्रेम करना हमारे लिए संभव नहीं हैं। क्योंकि हमारे मन तो श्रीकृष्ण प्रेम रंग में ही डूबे हुए हैं, अब इस पर कोई और रंग नहीं चढ़ सकता।

**व्याख्या–**

गोपियाँ उद्धव से व्यंग्यात्मक शैली में कहती हैं कि हे! उद्धव हम तुम्हारे इस निर्गुण ब्रह्म की बड़ाई कहां तक करें, वह तो महान है। वह इतना अधिक गहरा, अपार और अगोचर है कि वहां तक हमारी ज्ञानेन्द्रियों का पहुंचना असंभव है फिर पता नहीं क्यों तुम ऐसे ब्रह्म से प्रगाढ़ता बढ़ाने की अनर्गल बातें कर रहे हो। ये बातें तो ऐसी आधारहीन एवं औचित्यहीन हैं जैसे बिना जल के तरंगे उठने की कल्पना की जाए, बिना किसी को आधार बनाए चित्र बनाया जाए और बिना मन के ही चतुराई की जाए। इसी तरह हे उद्धव! तुमने हमारे ब्रज में आकर अपना ज्ञानोपदेश देकर ऐसी ही न पूरी होने वाली रीति चलाई है। तुमने ही ब्रज में सभी से यह कहा है कि इस निर्गुण ब्रह्म का कोई रूप रंग नहीं है यह बिना शरीर का बिना मुख का है और जिसके साथ में कोई संगी साथी भी नहीं हैं। तो फिर भला ऐसे निर्गुण निराकार से कैसे प्रेम संबंध का निर्वाह कर सकते हैं।

गोपियाँ अपनी वास्तविक स्थिति से अवगत कराती हुई उद्धव से कहती हैं कि हमारे हृदय में तो श्रीकृष्ण की मधुर मूर्ति गहरे तक समाई हुई है और इस मूर्ति में हमारा रोम–रोम उलझ गया है और इसे सुलझाना असंभव है। इसलिए हम किसी और से प्रेम नहीं कर सकतीं। भाव यह है कि भीतर तक समाए कृष्ण के प्रेम को निकालकर किसी ओर को

स्वीकार करना गोपियों के लिए संभव नहीं था। गोपियाँ उद्धव से कहती हैं कि हम तो अपने प्रभु पर अपने को न्यौछावर कर चुकी हैं और हम यह जानते हैं कि यह नाम सदा ही सबके लिए सुखदायक है।

**विशेष–**

1. गोपियाँ निर्गुण का खण्डन एवं सगुण का मण्डन करती हैं।
2. अलंकार– 1. विभावना, वक्रोक्ति, वृत्यानुप्रास।
2. द्वितीय एवं तृतीय चरण में उल्लेख अलंकार।
3. अंतिम दो चरणों में निदर्शना अलंकार।
3. मधुर ललित भाषा का प्रयोग।
4. वियोग श्रृंगार।

**(6)**

**ऊधो! भली भई ब्रज आए।**
**विधिन्कुलाल कीने कांचे घट से तुम आनि पकाए।**
**रंग दियौ ही कान्ह साँवरे, अंग–अंग चित्र–बनाए।**
**या तें करे न नयन नीर तें अवधि–अटा पर छाए।**
**ब्रजकरि अवाँ, जोग ईंधन करि सुरति–अगिनि सुलगाए।**
**फूँक उसास, बिरह प्रजरनि, संग ध्यान दरसन सियराए।**
**भए संपूरन भरे प्रेम–जल छुबन न काहू पाए।**
**राजकाज तें गए सूर प्रभु नंद नंदन कर लाए।।**

**प्रसंग–**

गोपियों को उद्धव के संदेश ने यह स्पष्ट कर दिया कि उनका प्रेम एकतरफा नहीं है। श्रीकृष्ण उन्हें छोड़कर भले ही चले गए लेकिन राजकार्य और राजरंग की व्यस्तता के बाद भी वे हमें भूल नहीं पाए हैं। इस कारण गोपियाँ कृष्ण प्रेम में उस स्थिति पर पहुंच गई हैं जहां बाद में न कोई पश्चाताप है न कोई रोष, न कोई आक्रोश, न ही ग्लानि न रुदन न ही उपालम्भ। इस दशा में गोपियाँ अपने प्रेम की पूर्व परिपक्वता का अनुभव करने लगीं हैं और इस परिपक्वता की अनुभूति के फलस्वरूप वे अपने आपको श्रीकृष्ण के प्रेम के योग्य महसूस करने लगी हैं।

**व्याख्या–**

उद्धव आपने यह अच्छा ही किया जो आप ब्रज में पधारे। यह अच्छा इसलिए किया

कि विधाता ने कच्चे घड़े के समान तैयार करके जो हमारा शरीर भेजा था वह आपसे प्राप्त हुए हमारे प्रियतम कृष्ण के संदेश को सुनकर पक गया है। जिस प्रकार मिट्टी का घड़ा आग में तप–तपकर पानी भरने योग्य हो जाता है उसी प्रकार हमारे शरीर भी पहले कच्चे घड़े के समान थे लेकिन कृष्ण वियोग में तप–तपकर अच्छी तरह से पक ये है। इस संदेश से हम यह समझ गई हैं कि अब इस शरीर में श्रीकृष्ण का प्रेम भरा जा सकता है जिस प्रकार पके हुए घड़े पर कुम्हार रंग–रोगन कर, चित्रांकन कर उसे खूबसूरत बनाता है जिससे घड़ा शीतल जल तो प्रदान करे ही साथ ही प्यासे को अपनी ओर आकर्षित भी करे उसी प्रकार श्याम सुंदर ने भी हमारे हृदय में अपने प्रेम का रंग चढ़ाकर, हमारे अंग–अंग में अपनी सुंदर छवि का अंकन कर भक्ति की गहराई का भावनात्मक सौंदर्य उत्पन्न कर दिया है। श्रीकृष्ण के वियोग में गोपियों के नेत्रों में जो अश्रु धारा निरन्तर बहती रहती थी उस कारण गोपियों का शरीर रूपी कच्चा घड़ा नहीं गला क्योंकि उन्हें यह उम्मीद बनी हुई थी कि कृष्ण जो समय बता गए हैं, उस अवधि के बीत जाने पर वह अवश्य लौटेंगे। इसी आस में, इसी प्रतीक्षा में उनका शरीर अभी तक नष्ट नहीं हुआ अर्थात् हम जीवित रहीं। उन्हें अपने इस विरह में पूरा ब्रज ही कुम्हार के आँवे के समान जलता हुआ महसूस हुआ और उद्धव का संदेश इस अग्नि को जलाने के लिए प्रयोग होने वाले ईंधन के समान प्रतीत हुआ। श्रीकृष्ण के साथ बिताई मधुर स्मृतियाँ आग को उद्दीपन करने का काम कर रही थीं और विरह अग्नि को भड़काने वाली सिद्ध हुई। क्योंकि इसके फलस्वरूप गोपियों में जो दीर्घ स्वास–प्रश्वास का क्रम चला उसने अग्नि में फूंक मारने जैसा काम किया जिससे विरह अग्नि ने अपना प्रचंड रूप धारण कर लियाँ इसके पहले तो गोपियाँ विरह में किंचित ही जलती थीं क्योंकि उन्हें कृष्ण के दर्शन की आस्था थी जो कभी धूमिल पड़ जाती तो कभी स्पष्ट रूप से दिखाई पड़ती। यही सारी प्रतिभा उनके प्रेम को पूर्णता प्रदान करने में सहायक हुई। जिस प्रकार कुम्हार आंवे में रखे घड़ो को उलट फेर करके चारों ओर से पका कर पक्का कर लेता है उसी प्रकार गोपियों के प्रेमरूपी घड़े पूर्ण रूप से पक गए हैं और इनमें श्रीकृष्ण का प्रेमरूपी जल ऊपर तक लवालब भरा हुआ है और उस जल का पान अभी तक किसी ने नहीं किया है और गोपियाँ समर्पित भाव से इन भरे हुए घड़ों को राज्य की सत्ता प्राप्त करने गए श्रीकृष्ण के राज्याभिषेक समारोह में मंगल कलश के रूप में ही सही, समर्पित करना चाहती हैं।

**विशेष–**

1. प्रेम की तुलना कुम्हार के घड़े में की गई है।
2. अंग–अंग चित्र बनाए– श्री कृष्ण ने विभिन्न प्रेम व्यापारों एवं केलि क्रीड़ाओं द्वारा गोपियों के प्रेम भाव को पूर्णता प्रदान की है।
3. गोपियों के प्रेम की सात्विकता, प्रगाढ़ता एवं परिपक्वता का चित्रण किया गया है।

4. 'छुवन न काहू पाए' में लौकिक प्रेम के क्षेत्र में अक्षत कौमार्य की ओर संकेत किया गया है।
5. अलंकार–सांगरूपक, पुनरुक्ति प्रकाश, रूपक, यमक
6. शब्द शक्ति–लक्षणा।
7. भाषा–ब्रज।

**(7)**

**अटपटि बात तिहारी ऊधो सुनै सो ऐसी को है?**
**हम अहीर अबला सठ, मधुकर! तिन्हें जोग कैसे सोहै!**
**बूचिहि खुमी आंधरौ काजर, नकटी पहिरै बेसरि।**
**मुंडली पाटी पारन चाहे, कोढ़ी अंगहि केसरि।**
**बहिरी सों पति मतो करै सो उतर कौन पै पावै?**
**ऐसो न्याव है ताको ऊधो जो हमैं जोग सिखावै।**
**जो तुम हमको लाए कृपा करि सिर चढ़ाय हम लीन्हे।**
**सूरदास नरियर जो विष को, करहि बंदना कीन्हे।।**

**प्रसंग–**

सूरदास के इस पद में यह बताया गया है कि ब्राह्मण जब किसी को भेंट में कोई वस्तु देता है तो भेंट लेने वाला उसे स्वीकार करके भी ग्रहण नहीं करता ऐसी प्रथा ब्रज में है और यह प्रथा ब्रजवालों की संस्कृति में रची बसी है। इसी रीति के चलते गोपियाँ उद्धव के योग साधक के संदेश को सुनकर उसे स्वीकार करने के लिए किसी भी विधि तैयार नहीं होती। वे विभिन्न उदाहरणों के माध्यम से अपने लिए योग को अनावश्यक एवं अहितकर बताती हैं और अपना ये योग संदेश वापस ले जाने का निवेदन उद्धव से करती हैं।

**व्याख्या–**

गोपियाँ उद्धव से कहती हैं कि तुम हमें योग साधना का यह उपदेश देना बंद कर दो क्योंकि इस ब्रज में कोई भी ऐसा नहीं है जो तुम्हारी इस अटपटी बातों को सुनकर उस पर अमल करे। गोपियाँ तर्क देती हुई कहती हैं कि हम तो ठहरी सीधी–सादी गाँव की अहीर महिलाएँ। फिर कैसे हम तुम्हारे इस ज्ञानोपदेश को सुनकर उसे समझें। अर्थात् हम जैसी अबला स्त्रियाँ उस पर अहीर जाति की एकदम गंवार, अज्ञानी, मूर्ख एवं अशिक्षित तो फिर हमें यह योग साधना का उपदेश कैसे शोभा देगा? इसलिए इस योग साधना का उपदेश तो तुम उसी जगह जाकर दो जहाँ शिक्षित एवं ज्ञानी लोग रहते हैं। वहीं इस योग साधना की शोभा है। हम नारियों के लिए तो योग साधना का उपदेश वैसा ही है जैसे, जिस नारी के

कान न हो उसे कानों का आभूषण पहनने का कहो, जिसकी नाक न हो उसे नाक का आभूषण (बेसरि) पहनाओ, आँखों की अंधी को काजल लगाओ तो सभी के लिए ये बातें निरर्थक, अर्थहीन एवं अनुपयोगी सिद्ध होगी। यही बात उस महिला पर भी लागू होगी जिसके सिर पर बाल न हो और वह बाल संवारना चाहे, कोढ़ी अपने अंगों पर सुगंधित केसर का लेप लगाना चाहे तो ये सभी बातें एकदम मूर्खता पूर्ण लगेंगी।

इसी क्रम में गोपियाँ लोक जीवन के और दृष्टान्त देती हुई कहती हैं कि जिस प्रकार अपनी बहरी पत्नी से पति विचार–विमर्श करना चाहे तो यह मूर्खता की श्रेणी में ही गिना जाएगा। इसी प्रकार हे! मधुकर वह भी हमारे साथ बेतुका न्याय कर रहा है जो यह चाहता है कि हम योग साधना का उपदेश स्वीकार कर लें। हे! उद्धव आपने हम पर बहुत कृपा की है जो अब हमारे लिए योग का संदेश लेकर आए हैं। उसका हम आदर करते हैं, सम्मान करते हैं लेकिन इसे ग्रहण नहीं कर सकते जिस प्रकार यदि कोई विष का नारियल देता है तो उसकी पूजा करके, उसे प्रणाम करके वापस उसी को लौटा दिया जाता है। ठीक उसी प्रकार हम आपके योग संदेश के प्रति आदर भाव तो रखते हैं परन्तु इसे अंगीकार नहीं कर [illegible] इसे सादर प्रणाम कर आपको ही वापस कर रही हैं। कृपया यह योग संदेश आप कहीं [illegible] जाकर [illegible]।

**विशेष–**

1. न्याय जैसी [illegible] शब्दावली का प्रयोग करके सूर ने अपनी असाधारण भाषाधिकार का परिचय दिया है।
2. योग के प्रति तिरस्कार भाव की व्यंजना है।
3. अनेक उदाहरणों के माध्यम से गोपियाँ उद्धव को अविवेकी और अन्यायी सिद्ध करने का प्रयत्न करती है।
4. गोपियाँ अपने लिए योग को अनावश्यक एवं हास्यास्पद मानती है।
5. सम्पूर्ण पद में वक्रोक्ति अलंकार व्यंजित है।
6. प्रथम दो चरणों में निदर्शना अलंकार एवं अंतिम दो चरणों में सूक्ष्म अंलकार का प्रयोग हुआ है।
7. ब्रजभाषा की कोमल कांत मधुर पदावली का प्रयोग।

**(8)**

**ब्रजजन सकल स्याम व्रतधारी**
**बिन गोपाल और नहीं जानत आन कहैं व्यभिचारी।।**
**जोग मोट सिर बोझ आनि कै कत तुम धोष उतारी ?**
**इतनी दूरि जाहु चलि कासी जहां बिकति है प्यारी।**

**यह सन्देस नहिं सुनै तिहारो, है मण्डली अनन्य हमारी।।**
**जो रसरीति करी हरि हमसों सो कल जांत बिसारी ?**
**महामुक्ति कोऊ नहिं बूझै जदपि पदारथ चारी।।**
**सूरदास स्वामी मनमोहन मूरति की बहिहारी।।**

**प्रसंग–**

इस पद में गोपियों के प्रेम–की अनन्यता एवं एकनिष्ठता दिखाई देती है, क्योंकि वे उद्धव के योग उपदेश को किसी भी विधि सुनने के लिए तैयार नहीं हैं यहाँ तक की इस संसार से मुक्ति का लालच देकर भी उद्धव उन्हें अपनी ओर खींचने में असमर्थ रहते हैं। क्योंकि वे तो केवल कृष्ण के दर्शन मात्र में ही अपनी मुक्ति मानती हैं।

**भावार्थ–**

गोपियाँ कहती हैं कि हे उद्धव! तुम्हारा यह उपदेश इस ब्रज में सर्वथा अनुपयोगी हैं क्योंकि यहाँ के सभी लोग श्याम नाम का व्रत धारण किए हुए हैं। वह केवल कृष्ण के प्रेम के ही दीवाने हैं। तथा गोपाल के नाम के अतिरिक्त किसी–और के बारे में जानते तक नहीं। यदि कृष्ण के अतिरिक्त किसी अन्य (निर्गुण–ब्रह्म) के बारे में हम कहेंगे–सुनेंगे तो सभी हमें व्यभिचारी कहेंगे क्योंकि इससे हमारी कृष्ण के प्रति प्रेम की एकनिष्ठता भंग हो जाएगी।

हे उद्धव! तुम यह बताओ कि योग–साधना की यह भारी (किसी की समझ में न आने वाली) गठरी तुमने मथुरा से लाकर हम अहीरों (अज्ञानी) के गाँव में उतारी ही क्यों थी? क्योंकि हम तुम्हें पहले ही कह चुके हैं कि इस गठरी के माल को खरीदने के लिए तुम्हें यहाँ कोई उपयुक्त एवं इसका मोल जानने वाला ग्राहक नहीं मिलेगा। यदि तुम अपना माल बेचना ही चाहते हो तो मथुरा से जितनी दूरी तय करके तुम ब्रज में आए हो उतनी ही दूरी तय करके तुम काशी चले जाओ वहाँ तुम्हारा यह माल अच्छी कीमत पर बिकेगा। भाव यह है कि इस ब्रज में ऐसा कोई भी नही हैं जो तुम्हारी इस योग साधना को समझे। लेकिन काशी में ऐसे ही लोग रहते है जो ज्ञान योग को समझते हैं जानते हैं इसलिए वे ही तुम्हारे इस उपदेश को अच्छे से सुनेगें और समझेगें।

अतः तुम ब्रज की बजाय काशी में ही जाओ। गोपियाँ कहती हैं कि हम गोपियों की मण्डली तो सबसे अनुपम है अनोखी हैं वह तुम्हारे इस संदेश को सुनना भी पसंद नहीं करेगी। क्योंकि श्री कृष्ण ने ब्रज में रहकर गोपियों के साथ जो रासलीलाएँ की थी उन्हें हम किसी भी प्रकार से भूल नहीं सकते। भले ही तुम्हारी योग साधना को ग्रहण करके हम चारों पदार्थों को (अर्थ,धर्म,काम,मोक्ष) प्राप्त कर महामुक्ति पा जाएँगी। फिर भी इसकी पूछ–परख करने वाला यहाँ कोई नहीं है अर्थात इसे कोई भी स्वीकार नहीं करेगा। सूरदास जी कहते हैं कि गोपियाँ उद्धव को संबोधित करते हुए कहती हैं कि हमने तो अपना सर्वस्व बाँके बिहारी

की मन को मोहने वाली मूर्ति पर न्यौछावर कर दिया है अब हमारे पास कुछ भी नहीं है जिसे हम तुम्हारे इस निर्गुण ब्रह्म को सौंपे।

**विशेष–**

1 गोपियाँ कृष्ण को छोड़कर मुक्ति भी स्वीकार करना नहीं चाहती।

2 कृष्ण के प्रति गोपियों का अनन्य प्रेम दिखाई देता है।

3 गोपियॉ भावुक तो हैं ही साथ ही साथ तार्किक भी है।

4 प्यारी पंजाबी शब्द है जिसका अर्थ है महँगा सोना।

5 कृष्ण की मनमोहिनी मूर्ति पर गोपियाँ बलिहारी है।

6 ब्रज में योग को पूछने वाला कोई नहीं है।

7 ब्रजभाषा का सुंदर प्रयोग।

**(9)**

**कहति कहा ऊधो सों बौरी।**
**जाको सुनत रहे हरि के दिन स्याम सखा यह सो री।।**
**हमको जोग सिखावन आयो यह तेरे मन आवत?**
**कहा कहत री मैं पत्यात री नहीं सुनी कहनावत।**
**करनी भली भलेई जानैं कपट कुटिल की खानि।**
**हरि को सखा नहीं री माई! यह मन निसचय जानि।।**
**कहां रास–रस कहां जोग–जप? इतनो अन्तर भाखत।**
**सूर सबै तुम कत भई बौरी याकी पति जो राखत।।**

**प्रसंग–**

गोपियों के बार–बार समझाने पर भी जब उद्धव गोपियों को योग–संदेश देना बंद नहीं करते तब गोपियाँ परस्पर कहती हैं कि उद्धव को किसी भी प्रकार से समझाना व्यर्थ है क्योंकि ये समझने वाले तो है नहीं। अब तो इनके ऊपर विश्वास करना भी बेकार है। क्या पता ये कृष्ण के मित्र भी हैं या नहीं? क्योंकि इनमें और हमारे कृष्ण में जमीन आसमान का अंतर है।

**भावार्थ–**

गोपियाँ परस्पर उद्धव पर व्यंग्य करती हुई कहती हैं कि अरे पगली! तू बार–बार उद्धव से क्या कहती रहती है ये वहीं हैं जिनके बारे में हम बहुत कुछ सुनते रहते थे कि ये हमारे कृष्ण के निकट ही रहते हैं और उनके मित्र हैं और हमकों योग सिखाने के लिए

मथुरा से यहाँ आए हैं। मेरा मन तो यह कहता हैं कि ये कृष्ण के सखा हो ही नहीं सकते क्योंकि कृष्ण तो हमसे इस प्रकार योग साधना की बातें कभी नहीं करते थे। फिर ये क्यों हमसे ऐसी बातें कहते हैं? गोपी कहती है कि अरी तू ऐसी बातें क्यों कहती हैं? मैं तो इन पर पूरा विश्वास करती थी। क्या तूने यह लोकोक्ति नहीं सुनी कि भले लोग ही भला काम करते है और कपटी लोग अपनी कुटिलता से बाज नहीं आते। मैं तो इनको कृष्ण का सखा होने के नाते कृष्ण जैसा ही भला समझती थी परंतु ऐसा नहीं है यह तो यहाँ आकर कुटिलतापूर्ण बातों में सबकों उलझा रहे हैं तुम निश्चित ही इस बात को जान लो कि ये हमारे कृष्ण के मित्र हो ही नहीं सकते। क्योंकि कहाँ तो कृष्ण की रस से भरी बातें और कहां इनका नीरस ज्ञान उपदेश? दोनों की बातों मे आकाश–पाताल का अंतर है सूरदास जी के अनुसार गोपियाँ एक दूसरे को झिड़कती हुई कहती हैं कि हम तो कृष्ण के प्रेम मे इतनी बावली हो गई कि उद्धव को कृष्ण का अभिन्न मित्र समझा और उन पर विश्वास कर बैंठी।

**विशेषः–**

1 व्यंग्य की दृष्टि से यह पद बेजोड़ है।

2 वार्तालाप के माध्यम से कृष्ण के प्रति प्रेम को दर्शाया गया है।

3 गोपियों की बातचीत को सूर ने स्वाभाविक शैली में चित्रित किया है।

4 अलंकार–वक्रोक्ति–अनुप्रास।

(10)

**नाहिंन रह्यो मन में ठौर।**
**नंदनंदन अछत कैसे आ निए उर और ?**
**चलत, चितवत, दिवस जागत, सपन सोवत राति।**
**ह्रदय तो वह स्याम मूरति छन न इत उत जाति।।**
**कहत कथा अनेक ऊधो लोकलाभ दिखाय।**
**कहा करौ तन प्रेम पूरन घट न सिंधु समाय।।**
**स्याम गात सरोज आनन ललित अति मृदु हास।**
**सूर ऐसे रूप कारन मरत लोचन प्यास।।**

**प्रसंग–**

गोपियाँ उद्धव से वार्तालाप करती हुई कहती हैं कि आप हमें कृपा करके निर्गुण उपासना का उपदेश देना बंद कर दें क्योंकि हमारे अंर्तमन में श्री कृष्ण का प्रेम गहरे तक समाया हुआ हैं जिससे हमारा रोम–रोम आच्छादित हो चुका है इसलिए किसी भी प्रकार की

रिक्तता हमारे तन–मन में नहीं हैं जहाँ हम तुम्हारे निर्गुण ब्रह्म को धारण कर सकें।

**भावार्थ–**

गोपियाँ उद्धव को सम्बोधित करती हैं कि हे उद्धव! हमारे हृदय में तो नंदनंदन घनश्याम इस तरह से समाए हुए हैं कि उसमें अब और किसी के लिए कोई स्थान शेष नहीं हैं यदि तुम ये कहते हो कि जब कभी वे थोड़ी देर के लिए भी हमारे हृदय को रिक्त कर दें तब निर्गुण ब्रह्म को उनके स्थान पर स्थापित किया जा सकता है तो उसका उत्तर यह है कि सोते–जागते, उठते–बैठते, चलते–फिरते यहाँ तक की स्वपन में भी उनकी मनोहारी मूर्ति क्षणभर के लिए भी हमारे हृदय से विस्मृत नहीं होती। हम हमेशा उन्हीं के ध्यान में तल्लीन रहते है।

हे उद्धव! आप हमें निर्गुण ब्रह्म के बारे में अनेक प्रकार की बातें बताकर और सांसरिक लाभ दिखाकर उसको स्वीकार करने के लिए प्रेरित कर रहे हैं परंतु हम तुम्हें ये बता दें कि घड़े के समान इस छोटे से शरीर में पहले से ही कृष्ण रूपी प्रेम जल लवालव भरा हुआ है जिसमें आपका सागर के समान निर्गुण ब्रह्म किस प्रकार समा सकता है? हम तो कृष्ण के प्रेम से ही संतुष्ट हैं हमारे श्री कृष्ण का सुंदर साँवला शरीर मधुस्मित कमल के समान–मुख एवं हास्य से परिपूर्ण उनका संपूर्ण व्यक्तित्व अत्यंत आकर्षक है। उनका यह रूप देखने के लिए हमारे नेत्र सर्वथा व्याकुल बने रहते हैं। आशय यह है कि तुम हमें भले ही निर्गुण ब्रह्म के अनेक लाभ–गिनाओ अथवा उसके माध्यम से हमें मोक्ष का मार्ग दिखाओ पर ये सब लाभ कृष्ण की झलक के आगे किचिंत मात्र भी नहीं है।

**विशेष–**

1 गोपियाँ कृष्ण दर्शन के अतिरिक्त अन्य किसी लाभ को पाने की इच्छुक नहीं हैं। रहीम भी कुछ इसी प्रकार की बातें इन पंक्तियों में कहते हैं:–

प्रियतम छबि नैनन बसी पर छवि कहाँ समाय।
भरी सराय रहीम लखि पथक आप फिरि जाय।।

2 वियोग श्रृंगार।

3 ब्रजभाषा का सुंदर प्रयोग।

4 गेय–पद।

**(11)**

**जनि चालो अलि बात पराई।**
**ना कोउ कहै सुनै या ब्रज में नइ कीरति सब जाति हिराई।।**
**बूझैं समाचार मुख ऊधौ कुल की सब आरति बिसराई।**

**भले संग बसि भई भली मति भले मेल पहिचान कराई।।**
**सुन्दर कथा कटुक सी लागति उपजत उर उपदेस खटाई।**
**उलटी न्याव सूर के प्रभु को बहे जात मांगत उतराई।।**

**प्रसंग–**

गोपियाँ उद्धव से निवेदन करती हैं कि वह निर्गुण निराकार ब्रह्म की ब्रज में चर्चा करना बंद कर दें क्योंकि यहाँ तो सब सगुण ब्रह्म (कृष्ण) के दीवाने हैं दिन रात केवल उन्हीं का गुणगान–करते हैं इसलिए उन्हें छोड़ किसी और की बातें करना ब्रजवासियों को नहीं भाएगा। अतः आप कृष्ण की ही चर्चा करें।

**भावार्थ–**

हे उद्धव! रूपी भ्रमर तुम यहाँ निर्गुण ब्रह्म की बातें मत कहो। क्योंकि इस ब्रज में कृष्ण के अतिरिक्त किसी अन्य की बातें न कोई करता है और न ही सुनना पंसद करता है। यदि तुमने अपनी ये योग साधना की बातें बंद नहीं की तो कृष्ण सखा के रूप में तुमने जो नई कीर्ति पाई है वह सारी कीर्ति इस उपदेश के कारण तुम खो बैठोगे। आशय यह है कि कृष्ण के मित्र होने के नाते हम तुम्हारा जो आदर सम्मान कर रहे हैं तुम्हारे मुख से बार–बार निर्गुण ब्रह्म की बातें सुनकर सब तुम्हारे विरोधी हो जाएँगे और तुम्हें भला–बुरा कहेंगे। हे उद्धव! हम तुम्हारे मुख से ही यह समाचार सुनना चाहती हैं कि क्या कृष्ण ने मथुरा में जाकर अपने परिवार की समस्त विपत्तियों को भुला दिया है? वहाँ मथुरा में तो उन्हें अच्छे लोगों का संग मिला और अच्छी संगति के कारण ही उनकी अच्छी बुद्धि मिली। इसी अच्छी बुद्धि के कारण ही उन्होनें आप जैसे भले लोगों से हमारा परिचय कराया। लेकिन आप जैसे भले लोगों के मुख से यह सुंदर कथा भी हमें अरूचिकर एवं कड़वी सी लगती है जिससे हमारे हृदय में खारापन सा भर गया है क्योंकि हमारी इस निगुर्णोपासना में कोई रूचि नहीं है इसलिए इसकी बातें सुनकर हमारे हृदय की सरसता भंग हो गई है और उसमें खुरदुरापन आ गया है।

सूरदास जी कहते हैं कि गोपियाँ उद्धव से कहती हैं कि यदि नाव नदी में पलट जाए तो क्या मल्लाह डूबते हुए लोगों से पार जाने की उतराई माँगता है? कहने का आशय यह है कि कृष्ण के मथुरा चले जाने से हमारी भी जीवन रूपी नैया पानी में उलट सी गई है और हम सब नदी की धारा रूपी वियोग अवधि में बहे जा रहे हैं, और ऐसे में तुम हमें आकर योग संदेश दे रहे हो अर्थात मल्लाह की तरह हमसें उतराई माँग रहे हो? यह बहुत अनुचित है ऐसा करना तुम्हें शोभा नही देता।

**विशेष–**

1 निर्गुण का खण्डन एवं सगुण का मण्डन।

2 अंतिम पंक्ति में उलटी नाव कहकर कृष्ण के अन्यायपूर्ण व्यवहार पर करारी चोट की गई है।

3 संपूर्ण छन्द में लोकोक्ति का प्रयोग।

4 पंचम पंक्ति में 'सुंदर' शब्द के प्रयोग में विपरीत लक्षणा।

6 अलंकार वक्रोक्ति अनुप्रास।

7 ब्रजभाषा का प्रयोग।

**(12)**

**प्रेमरहित यह जोग कौन काज गायो ?**
**दीनन सों निठुर वचन कहे कहा पायो ?**
**नयनन निज कमलनयन सुन्दर मुख हेरो।**
**मूंदन ते नयन कहत कौन ज्ञान तेरो ?**
**तामें कहु मधुकर हम कहा लैन जाहीं।**
**जामें प्रिय प्राननाथ नन्दनन्दन नाहीं।।**
**जिनके तुम सखा साधु बातें कहु तिनकी।**
**जीवैं सुनि स्याम कथा दासी हम जिनकी।।**
**निरगुन अविनासी गुन आनि–आनि भाखौ।**
**सूरदास जिय के जिय कहां कान्ह राखौ ?**

**प्रसंग–**

उद्धव द्वारा योग उपदेश देने पर गोपियाँ क्षुब्ध होकर उनसे कहती हैं कि कहाँ तो हमारा कृष्ण से सरस प्रेम और कहाँ आपका यह नीरस योग और फिर हमें इस नीरस योग को स्वीकार करके श्रीकृष्ण तो मिलेगें नहीं तो फिर भला हम हमे क्यों अपनाएँ? इससे तो अच्छा है कि तुम कृष्ण और उनकी लीलाओं की ही चर्चा करो। निर्गुण ब्रह्म की बातें हमें बिल्कुल नहीं सुहाती–हाँ यदि तुम कृष्ण के बारे में कुछ कहोगे तो हम अवश्य ही उसे सुनेगें।

**भावार्थ–**

योग की बातें सुनकर गोपियाँ उद्धव से कहती हैं कि हे उद्धव! यह योग साधना के गीत हमारे सामने मत गाओ ये हमारे लिए अनुपयोगी हैं क्योंकि इसमें प्रेम के लिए कोई स्थान नहीं हैं। इसलिए हमारे लिए ये व्यर्थ हैं। तुम यह बताओं कि हमारे जैसी–दीन–हीन विरहणी नारियों से निर्गुण योग साधना के कठोर वचन कहकर भला तुम्हें क्या लाभ होगा? हम अपने जिन नेत्रों से कमलनयन कृष्ण के सुंदर मुख के दर्शन किए हैं आप हमें उन्हीं नेत्रों

को बंद करके योग–साधना करने की बात कर रहे हैं। ये तुम्हारा कौन–सा ज्ञान है? भाव यह है कि योगी अपने नेत्र मूँदकर जिस दिव्य ज्योति के दर्शन करने का प्रयास करता है उस दिव्य ज्योति का दर्शन तो हमने नेत्र खोलकर ही कर लिया है तो फिर नेत्र बंद करने का क्या लाभ? हे मधुकर। तुम हमे यह बताओ कि हम ऐसी योग साधना को क्यों स्वीकारें जिसमें हमारे प्राणनाथ नंद के पुत्र कृष्ण ही न हों, उद्धव जिनके तुम प्रिय मित्र हो उनकी अच्छी–अच्छी बातें हमसे करो। जिनकी हम दास है तुम उन श्याम की कथा हमसे कहो ताकि हम उन्हें सुनकर फिर से जी उठें।

हे उद्धव! जब तुम उस निर्गुण, निराकर एवं अविनाशी ब्रह्म के गुण यहाँ आकर बखान करते हो तब हमारे प्राणों के भी प्राण अर्थात अत्यंत प्रिय श्री कृष्ण को कहाँ छिपा कर रखते हो? भाव यह है कि तुम यदि निर्गुण ब्रह्म का बखान करते समयं हमारे प्राणप्रिय कृष्ण की ही बातें करोगे तो तुम्हारी बातें सुनना हमें प्रिय लगेगा।

**विशेष–**

1 निर्गुण का खण्डन एवं सर्गुण का मण्डन किया है।

2 गोपियों को कृष्ण अपने प्राणों से भी अधिक प्रिय हैं।

3 कृष्ण की कथा सुनने को गोपियाँ लालायित रहती है।

4 अंलकार–वक्रोक्ति, उपमा, पुनरुक्ति।

(13)

**हरि काहे के अन्तर्जामी ?**
**जो हरि मिलत नहिं यहि औसर, अवधि बतावत लामी।।**
**अपनी चोप जाय उठि बैठे और निरस बेकामी।**
**सो कह पीर पराई जानै जो हरि गरूड़ागामी।।**
**आई उघरि प्रीति कलई सी जैसे खाटी आमी।**
**सूर इते पर अनख मरति हैं ऊधो, पीवत मामी।।**

**प्रसंग–**

उद्धव जब गोपियों को समझाते हुए कहते हैं कि तुम्हारे कृष्ण कोई साधारण व्यक्ति नहीं बल्कि वे तो ईश्वर हैं और तुम्हारे मन की सभी बातें जानते हैं जब गोपियाँ इस बात से सहमत नहीं होती वे कहती हैं कि कृष्ण की असलियत अब हमारे सामने आ गई है उनके मन में हमारे लिए कोई जगह नहीं है वे हमसे सच्चा प्रेम करते तो यूँ हमें छोड़कर क्यों जाते?

**भावार्थ–**

गोपियाँ कृष्ण के संबंध में अपनी धारणा व्यक्त करती हुई कहती हैं कि तुम कहते

हो कि कृष्ण सर्वज्ञ हैं, अतर्यामी है तो यह बात हमारी समझ में नहीं आती. क्योंकि यदि वे अंर्तयामी होते तो हमारे ह्रदय की बात जानते हुए इस विरह वेदना को दूर करने अवश्य आते।

इसके विपरीत उन्होनें अपने आने की अवधि और लम्बी कर दी है। हम तो इस बात से यही निष्कर्ष निकालेंगे कि हरि अन्तर्यामी नहीं और इन्हें हमसे कोई लगाव भी नहीं है। तभी तो अभी तक उन्होनें हमारी कोई खोज खबर भी नहीं ली। ते तो अपनी इच्छा से ही उधर मथुरा में जाकर बैठ गए हैं और पहले से ज्यादा नीरस और निष्काम हो गए है। अर्थात न उन्हें किसी बात से कोई मतलव है और न ही किसी की पीड़ा को वे अनुभव कर पाते है।

गोपियाँ कहती है कि यदि कृष्ण गरूड़ गामी विष्णु के समान होते तो अवश्य ही हमारी पीड़ा को समझते और उसे दूर करने का प्रयास करते जिस प्रकार विष्णु भगवान अपने वाहन गरूड़ पर सवार होकर तुरंत अपने भक्तों का दुःख दूर करने के लिए पहुँच जाते हैं इसलिए हम भावहीन कृष्ण को अंतर्यामी नहीं मान सकतीं।

गोपियाँ कृष्ण को हरि न मानने के पीछे तर्क देती हुई कहती हैं कि जिस प्रकार बर्तन में खट्टी अमिया रख देने से बर्तन की कलई निकल जाती है उसी प्रकार कृष्ण के झूठे प्रेम की कलई हमारे सामने खुल गई है उनकी असलियत हमारे सामने आ गई है। कि वे हमसे सच्चद प्रेम करते हैं न वे मथुरा से नीरस ान योग का संदेश भेजते न हमें इस बात का पता चलता। सूरदास जी कहते हैं कि गोपियाँ उद्धव से कहती है कि इतना सब होने के बाद भी हम कुढ़–कुढ़कर मरी जा रही है क्योंकि उनकी इस निष्ठुरता की हम किसी से शिकायत भी नहीं कर सकती इसलिए चुप्पी साधकर बैठी हुई है।

**विशेष–**

1. गोपियों कृष्ण की निष्ठुरता पर भी बेवस हो कर रह जाती है।
2. गोपियों कृष्ण को हरि न मानकर लौकिक व्यक्ति मानती है इसलिए उनसे उपालम्य करती है।
3. गरूणागामी का प्रयोग बहुत ही साभिप्राय है।
4. सो कह पीर गरूड़गामी में लोकोक्ति का परिष्यकृत रूप है।
5. पंक्ति मामी सुंदर मुहावरा है
6. कृष्ण के प्रति उपालम्भ भाव की व्यंजना संर्पूण पद में।
7. अंलकार–वक्रोक्ति, उपमा, उदाहरण
8. वियोग शृंगार।
9. पद शैली।

(14)

**बरू वै कुब्जा भलो कियो।**
**सुनि–तुनि समाचार ऊधो मो कछुक सिरात हियो।।**
**जाको गुन गति नाम रूप हरि हार्‌यो फिरि न दियो।।**
**तिन अपनो मन हरत न जान्यो हँसि–हँसि लोग जियो।**
**सूर तनम चन्दन चढ़ाय तन ब्रजपति वस्य कियो।**
**और सकल नागरि नारिन को दासी दांव लियो।।**

**प्रसंग–**

गोपियाँ को जब यह विदित होता है कि उनके गोपी नाथ को भी वश में करने वाला कोई मथुरा में है तो गोपियाँ यह समाचार सुनकर दुःखी नहीं होती बल्कि वे यह सोचकर खुश होती हैं कि कृष्ण भी प्रेम की पीड़ा को उसी प्रकार अनुभव करेंगे जिस प्रकार हम करती हैं अभी तक तो सब कृष्ण के प्रेम के वशीभूत होकर कष्ट उठाते थे कृष्ण स्वयं किसी के वशीभूत होकर इस दर्द को भुगतेंगे तभी उन्हें यह महसूस होगा कि हम गोपियाँ किस कठिन पीड़ा को सहन कर रही है।

**भावार्थ–**

गोपियाँ उद्धव से कहती है कि हे! उद्धव कुब्जा ने कृष्ण को अपने अधीन करते बहुत अच्छा किया। यह समाचार सुनकर हमारे ह्रदय में कुछ तो ठण्डक मिली। क्योंकि अब तक तो कृष्ण ही थे जो सबका ह्रदय जीत लेते थे। जो अपना ह्रदय कृष्ण पर हार बैठता था उसकी चाल,ढाल,रूप,गुण,नाम सब कुछ उनके वश में हो जाता था अर्थात कृष्ण के प्रेम में गोपियाँ अपना सब कुछ भूल कर केवल कृष्ण प्रेम को ही याद रखती थी। एक बार भी जिसका ह्रदय कृष्ण ले लेते थे उसे लौटाते नहीं थे। अब ये बहुत ही अच्छा हुआ कि वे भी किसी के चक्कर में फंसे हैं अर्थात उनका भी सर्वस्व ग्रहण करने वाला कोई मिला तो सही। दूसरों का ह्रदय हरण करने वाले कृष्ण का आज जब कुब्जा ने हरण किया तो वे यह जान भी न पाए। इन्ही सब बातों को सुन–सुनकर सारा जगत हँस रहा है अर्थात लोग कृष्ण की हँसी उड़ा रहे हैं कि अब मिला है इन्हे भी कोई परास्त करने वाला।

कुब्जा ने थोड़ा सा चन्दन उनके शरीर पर चढ़ाकर ब्रजपति कृष्ण को अपने वश में करके सभी ब्रजवासियों का दाँव ले लिया है। अर्थात श्रीकृष्ण ने ब्रजवासियों का दिल–तोड़ कर उन्हें जो पीड़ा पहुँचाई है लगता है कृष्ण को उसका फल मिल गया। क्योंकि उस दासी ने सभी श्रेष्ठ नारियों का बदला कृष्ण से ले लिया।

**विशेषः–**

1 दुर्जन–दोष न्याय पद्धति पर व्यंग्य का सुंदर उदाहरण है।

2 गोपियों के मन में कुब्जा के प्रति असूया भाव है।

3 'तनक चंदन चढ़ाय' में गहरा व्यंग्य है।

4 काव्यलिंग–संर्पूण पद।

5 ब्रजभाषा का प्रयोग।

**(15)**

**लरिकाई कौ प्रेम, कहौ अलि, कैसे, करिकै छूटत ?**
**कहा कहौं ब्रजनाथ–चरित अब, अन्तरगति यों लूटत।**
**चंचल चाल मनोहर चितवनि, वह मुसुकानि मन्द धुनि गावत।**
**नटवर भेस नन्दनन्दन को, वह विनोद गृह बन तें आवत।**
**चरनकमल की सपथ करति हौं, यह सन्देश मोहि विष सम लागत।**
**सूरदास मोहि निमिष न बिसरत, मोहन मूरति सोवत जागत।**

**प्रसंग–**

प्रेम को छोड़कर योग क़ो धारण न करने में अपनी विवशता प्रकट करती हुई गोपियाँ उद्धव से कहती है कि बचपन में किए गए प्रेम को भूला पाना आसान नहीं होता। श्री कृष्ण हमारे लड़कपन से हमारे साथ रहे हैं, और तभी से हम उनसे प्रेम करती है।बचपन का यह प्रेम अति गहरा और एकनिष्ठ है इसे भुला कर निर्गुण ब्रह्म की आराधना करना हमारे बस की बात नहीं है।

**भावार्थ–**

गोपियाँ उद्धव से कहती हैं कि है उद्धव कृष्ण से हमारा प्रेम अभी का नहीं है बल्कि वह तो हमारे बाल्यावस्था के साथी रहे हैं। हे भौंरे! अब भला तुम्ही बताओं बचपन का यह प्रेम हम कैसे भुलाए? इसे भुला पाना हमारे लिए असंभव हैं बचपन में साथ बिताई मधुर स्मृतियों को याद कर गोपियाँ कहती है कि हम कहाँ तक अपने नाथ के चरित अर्थात उनकी क्रीड़ाओं का वर्णन करें। उन मोहक लीलाओं का स्मरण आते ही हम अपनी सुध–बुध खो बैठते हैं, हमारे मन की गति लुट सी जाती है। उनकी वह चंचलता भरी चाल, मन को लुभाने वाली चितवन, मोहक मुस्कान और इस मोहक मुस्कान के साथ उनका वह मन्द स्वर में गाना हम कभी नहीं भूल सकते। उनका वह नटवर वेश धारण करके तरह–तरह के मनोविनोद करते हुए वन से गृह की ओर वापस आना ये सारे दृश्य हमारी स्मृति पटल पर हमेशा छाए रहते हैं क्योंकि इन सभी बातों में एक अनूठा ही आकर्षण है। इसलिए वह सदैव हमारी स्मृति पर छाया रहता है।

गोपियाँ कहती है कि हम कृष्ण के कमल–समान चरणों की शपथ खाकर कहती हैं

कि उनके द्वारा भेजा गया योग– साधना का यह उपदेश कि हम, ये सब भूलकर ब्रह्म की उपासना करें हमें विष पीने के समान लगता है। हे उद्धव! आप हमें कृष्ण को भूलने के लिए न कहें और निर्गुण उपासना का यह संदेश न दें क्योंकि हमें तो सोते–जागते दोनों ही अवस्था में कृष्ण की वह मन मोहक मूर्ति पल भर के लिए भी नहीं भूलती। इसलिए आप अपना यह योग–साधना का संदेश हमें कदापि न दें।

**विशेषः–**

1 लरिकाई के प्रेम मे एक अद्‌भुत आकर्षण है। सूर के इस पद में स्पष्ट है कि कृष्ण और गोपियों का प्रेम साहचर्य जन्य प्रेम है।

2 गोपियाँ कृष्ण के सम्मोहन मे ऐसी बंधी हैं कि क्षण–भर को भी कृष्ण उनके ध्यान से नहीं हटते। प्रेम की यह अनन्यता शलाध्य है।

3 स्मरण अलंकार संपूर्ण पद में है।

4 स्मृति संचारी होने से वियोग श्रृंगार की व्यंजना हुई है।

5 अनुभाव नर्वधाल दृष्टव्य है।

6 ब्रजभाषा का मधुर, कोमल एवं ललित प्रयोग हुआ है।

**(16)**

**फिरि–फिरि कहा सिखावत मौन।**
**दुसह वचन अलि यों लागत उर ज्यों जारे पर लौन।।**
**सिंगी भस्म त्वचामृग मुद्रा अरू अवरोधन पौन।**
**हम अबला अहीर सठ मधुकर! घर वन जारै कौन।।**
**यह मत लै तिन्हीं उपदेसौ जिन्हें आजु सब सोहत।**
**सूर आजु लौं सुनी न देखी पोत सूतरी पोहत।।**

**प्रसंग–**

गोपियाँ उद्धव की योग–साधना के संदेश को सुनना भी नहीं चाहती तथा विभिन्न तर्क–वितर्क के माध्यम से उद्धव से अपनी मनोस्थिति का वर्णन जी खोलकर कर देती हैं। वे बार–बार उद्धव से निवेदन करती है कि तुम अपना ये ज्ञान योग का उपदेश उसी से कहो जो इसके योग्य हो, हम पर तो यह शोभा ही नहीं देता। सब कुछ कह देने पर भी जब उद्धव नहीं मानते तब गोपियाँ उन पर झल्ला उठती है।

**भावार्थ–**

गोपियाँ उद्धव के ज्ञान–योग संदेश को सुनकर खीझ कर कहती हैं कि तुम बार–बार क्यों हमें मौन (योग–साधना का एक अंग) रहने की शिक्षा दे रहे हो? हे भ्रमर!

तुम्हारे ये असहनीय वचन हमें ऐसे लग रहे हैं जैसे कोई हमारे जले हुए अंग पर नमक छिड़क रहा है। कहने का आशय यह है कि गोपियाँ एक तो पहले से ही श्रीकृष्ण के वियोग में दुःखी थीं और इस पर उद्धव जी कह रहे हैं कि चुप–हो जाओ अर्थात गोपियाँ अपनी मनोदशा सुनाकर अपना जी हल्का भी नहीं कर सकतीं इसलिए उद्धव का उनसे यह कहना कि शांत हो जाओ गोपियों के लिए जले पर नमक छिड़कने के समान है।

गोपियाँ उद्धव से कहती हैं कि हे मधुकर! तुम हमसे कहते हो कि शृंगी, भस्म, मृगछाला तथा मुद्रा को धारण कर हम प्राणायाम के द्वारा वायु को अवरूदध कर योग साधना को स्वीकर करें तुम इतना भी नहीं जानते कि ये सब बातें हमारे लिए कहाँ तक उपयुक्त हैं? क्योंकि हम तो अबला और अहीर जाति की मूर्ख स्त्रियां है हमें तुम्हारी ये योग साधना की बातें बिल्कुल भी समझ में नहीं आती क्योंकि हमारे लिए तो क्या घर और क्या वन? इन दोनों में भेद करना हमारे लिए मुश्किल काम है भाव यह है कि हम चाहे घर में रहें चाहें वन में कृष्ण की स्मृतियाँ हमारे मन से हटेगी ही नहीं हम जहाँ भी जाएँगे ये ताजा होकर हरी हो जाएँगी। इसलिए तुम तो अपना यह उपदेश उन्हीं से जाकर कहो जिन्हें आज सब कुछ शोभा दे रहा है क्योंकि वे मथुरा के राजा हो गए हैं और समर्थ का कुछ भी करना किसी को बुरा नहीं लगता।

सूरदास जी कहते है कि गोपियाँ उद्धव से कहती हैं कि हमने आज तक न देखा है न सुना है कि मोतियों को सुतली में पिरोकर माला बनाई गई हो। इसलिए तुम भी ऐसा काम–मत करो जिसे कभी देखा सुना न गया हो।

**विशेष–**

1 कृष्ण के प्रति –गोपियों का अनन्य प्रेम है।

2 'पोत सूतरी पोहत' का आशय यह भी हो सकता है कि गोपियों की बुद्धि सुतली के समान मोटी है और उसमें उद्धव की सूक्ष्म बातें कैसे समा सकती हैं?

3 'जले पर नमक लगाना' तथा 'सुतली में पोत पोहना' ब्रज में प्रचलित मुहावरे हैं।

4 अंतिम पंक्ति में प्रतीकात्मक शैली है।

5 अंलकार–उपमा,श्लेष,उदाहरण।

6 ब्रजभाषा का सुंदर प्रयोग।

(17)

**हम तौ कान्ह केलि की भूखी।**
**कैसे निरगुन सुनहिं तिहारो बिरहिन बिरह बिदूखी।।**
**कहिए कहा यहौ नहिं जानत काहि जोग है जोग।**

**पा लागों तुमहीं सो वा पुर वसत बावरे लोग।।**
**अंजन अमरन चीर चारू वरू नेकु आप तन कीजै।**
**दण्ड कमण्डल भस्म अधारी जो जुवतिन कों दीजै।।**
**सूर देखि दृढ़ता गोपिन की ऊधौ यह व्रत पायो।**
**कहै कृपानिधि हो कृपाल हो! प्रेमै पढ़न पठायो।।**

**प्रसंग–**

गोपियाँ कृष्ण से अनन्य प्रेम रखती हैं इसलिए उद्धव द्वारा दिए गए ज्ञानोपदेश को अपने लिए अनुपयुक्त मानकर कहती हैं कि तुम हमारे लिए यह ज्ञान योग का संदेश क्यों लाए हो? क्योंकि हम तो श्रीकृष्ण की प्रेम दीवानी हैं। हम तुम्हारी इस योग साधना को स्वीकार नहीं कर सकते। आप हमसे यह मूर्खता पूर्ण बातें क्यों कर रहे हैं कि हम जैसी रास–लीला रचाने वाली युवतियाँ तुम्हारी योग–साधना को अंगीकार कर लें?

**भावार्थ–**

गापियाँ कहती हैं कि हे उद्धव! तुम हमसे कहते हो कि हम योग–ज्ञान को अपना लें, जबकि हम तो श्रीकृष्ण के साथ प्रेम क्रीड़ाएँ करने को आतुर हैं जैसी रंग–रेलियाँ ब्रज में रहते समय कृष्ण ने हमारे साथ की थी हम वैसी ही रंग–रेलियाँ फिर से करने के लिए ललचा रही हैं। अब हम तुम्हारे इस निर्गुण ब्रह्म के बारे में कैसे सुन सकते हैं क्योंकि हम तो पहले से ही अपने प्रियतम के विरह में दुःखी हैं तुम्हारी बातें सुनकर तो हमें ऐसा लगता है कि तुम तो यह भी नहीं समझते कि योग साधना का उपदेश किसे देना चाहिए? कौन इस योग साधना के योग्य है? और कौन नहीं? हे उद्धव! हम तुम्हारे पैर पकड़कर अर्थात विनम्रतापूर्वक तुमसे यह पूछती है कि क्या तुम्हारी मथुरा में तुम जैसे बावले (पगले) लोग ही निवास करते हैं तभी तो कृष्ण ने योग साधना का यह संदेश तुम्हारे द्वारा हमें भिजवाया है। हम गोपियाँ तो सोलह श्रृंगार–काजल, आभूषण, रेशमी वस्त्र आदि धारण करने वाली है। इनके स्थान पर यदि तुम हमें दण्ड, कमण्डल, भस्म अघारी आदि धारण करवाते हो तो हमारे ये सारे श्रृंगार तुम अपने शरीर पर ग्रहण करके देखों तो कि ये तुम्हारे शरीर पर शोभा पाते हैं कि नहीं? भाव यह है कि जिस प्रकार तुम्हारे शरीर पर युवतियों के सौंदर्य प्रसाधन शोभा नहीं पाएँगे उसी प्रकार हमारे शरीर पर भी योग–साधन के साधन अच्छे नहीं लगेगे। तो फिर क्यों तुम हमें इसे अपनाने की बातें कह रहे हो ?

सूरदास जी कहते है कि उद्धव ने जब गोपियों के प्रेम की दृढ़ता को देखा तो उन्हें ये विश्वास हो गया कि श्रीकृष्ण ने अवश्य ही मुझे ब्रज में योग का संदेश देने नहीं बल्कि प्रेम का पाठ पढ़ाने भेजा है।

**विशेष—**

1 सूर का वाग्वेदग्ध दृष्टव्य है।

2 ज्ञान के ऊपर भक्ति की विजय बताई गई है।

3 ज्ञान—योग का खण्डन एवं प्रेम भक्ति का मण्डन किया गया है।

4 उद्धव को ब्रज में भेजने का मंतव्य उन्हें प्रेम का सबक सिखाना था।

5 अंलकार—यमक, अनुपास।

6 मधुर ललित ब्रजभाषा का प्रयोग किया गया है।

**(18)**

**अब कत सुरति होत है राजन ?**
**दिन दस प्रीति करी स्वारथ हित रहत आपने काजन।।**
**सबै अयानि भई सुनि मुरली ठगीं कपट की छाजन।**
**अब मन भयो सिन्धु के खग ज्यों फिरि—फिरि सरत जहाजन।।**
**वह नातो टूटो ता दिन तें सुफलक सुत संग भाजन।**
**गोपीनाथ कहाय सूर प्रभु कत मारत हौ लाजन।।**

**प्रसंग—**

गोपियाँ कहती हैं कि हम तो कृष्ण के प्रेम जाल में बुरी तरह से फँस गई हैं वह हमसे इस प्रकार कपट भरा व्यवहार करेंगे यह हमने सोचा नहीं था। उन्होंने हमारे विश्वास को तोड़ा है। हमने उन पर भरोसा करके अपना सर्वस्व उन्हें दे दिया परंतु वे फिर भी हमें छोड़कर मथुरा चले गए हैं और हमारी खोज—खबर तक नहीं लेते। उन्होंने इतनी जल्दी हमें भुला दिया।

**भावार्थ—**

गोपियाँ कहती हैं कि हे उद्धव! कृष्ण भला अब हमारी याद क्यों करेंगे क्योंकि अब तो वे मथुरा के राजा जो बन गए हैं। उन्होंने तो केवल अपने स्वार्थ—सिद्धि के लिए हमसे अल्प समय का प्रेम संबंध जोड़ा था। और अब तो राजा बनने के कारण वे अपने राज—काज में इतने व्यस्त हो गए हैं कि उन्हें हमारी याद भला क्यों आएगी? हम सब भोली—भाली और नादान गोपियाँ, कृष्ण द्वारा ठगी गईं। अर्थात हम इतनी सीधी—सादी और भोली थीं कि श्रीकृष्ण की मुरली की मधुर धुन सुनकर सब कुछ छोड़छाड़कर उनके पास आ बैठती और अपनी सुध—बुध खो बैठतीं। मुरली की धुन—सुनाकर उन्होंने हमें ठग लिया है। हम यह मानती हैं कि उनके इस छल भरे आचरण का पता हमें बिल्कुल न था। अब तो हमारा मन जहाज के उस पक्षी—की भाँति हो गया है जो मन बहलाने के लिए चाहे जहाँ तक उड़कर

चला जाए लेकिन उसे वापस उसी जहाज पर आकर विश्राम मिलता हैं क्योंकि कहीं ओर उसका ठिकाना नहीं होता। उसी तरह हमारा मन भी इधर–उधर–भटक भले ही जाए परंतु अंत में लौटकर अपने प्रियतम (कृष्ण) के पास ही आता है। क्योंकि उनके अतिरिक्त हमारा और कोई आश्रय नहीं हैं। गोपियाँ कहती है कि कृष्ण से तो हमारा वह प्रेम का नाता उसी दिन टूट गया था जब वह अक्रूर के साथ भागकर मथुरा चले गए थे।

सूरदास जी कहते हैं कि गोपियाँ उद्धव से कृष्ण की शिकायत करती हुई आगे कहती है कि अब तो हमे दुःख इस बात का है कि वह अब भी अपने आपको गोपीनाथ कहलवाते हैं जबकि अब तो वे कुब्जानाथ हो गए है। जब कोई उन्हें गोपीनाथ कहता है तो हम तो लज्जा से गढ़ जाती हैं क्योंकि ये कैसे गोपीनाथ हैं जो गोपियों को ब्रज में छोड़कर स्वयं मथुरा में रहते हैं और गोपियाँ उनके वियोग में तड़प रही हैं उनका ये गोपीनाथ नाम तो तभी सार्थक सिद्ध होगा जब वे मथुरा छोड़कर ब्रज में गोपियों के पास आकर रहें।

**विशेष–**

1 प्रेम की अनन्यता और एकनिष्ठता दर्शाने के लिए सूरदास को जहाज के पक्षी की उपमा बहुत प्रिय है तभी तो वे लिखते हैं।

मेरो मन अनत कहाँ सुख पावै?

जैसे उड़ जहाज को पंछी फिरि जहाज पै आवै।

2 दिन दस प्रीति का अर्थ है थोड़े दिनों का प्रेम।

3 अलंकार– 1 प्रथम एवं अंतिम पंक्ति में गूढोत्तर

2 खग ज्यों में उपमा

3 गोपीनाथ में परिकराकुर अलंकार

4 भाषा में माधुर्य गुण का समावेश है।

5 वियोग श्रृंगार, उपालम्भ भावना।

**(19)**

**लिखि आई ब्रजनाथ की छाप।**
**बांधे फिरत सीस पर ऊधौ देखत आवै ताप।।**
**नूतन रीति नन्द–नन्दन की घर–घर दीजत थाप।**
**हरि आगे कुब्जा अधिकारी ताते है यह दाप।।**
**आए कहन जोग अवराधौ अविगत कथा की जाप।**
**सूर संदेसो सुनि नहिं लागै कहो कौन को पाप।।**

**प्रसंग–**

गोपियाँ उद्धव से कहती हैं कि तुम कृष्ण द्वारा भेजा ज्ञान योग का जो संदेश लेकर आए हो उसे हम जीवन में उतारना तो दूर सुनना भी नहीं चाहते। क्योंकि हम तुम्हारी इस निर्गुणोपासना की आराधना करने को कदापि तैयार नहीं है।

**भावार्थ–**

कृष्ण के संदेश लिखे पत्र को देखकर गोपियाँ उद्धव पर व्यंग्य करती हुई आपस में कहती हैं कि मथुरा से जो योग संदेश लिखा पत्र आया है उसे अवश्य ही कृष्ण ने भेजा है क्योंकि इस पत्र पर श्री कृष्ण की मुहर लगी हुई है। अर्थात यह योग–संदेश उद्धव का मनगढ़ंत नहीं है बल्कि इसे सचमुच ब्रज नाथ ने ही भेजा है। उद्धव इस पत्र को अपनी पगड़ी में बाँधकर घूम रहे हैं जिसे देखकर हमको ज्वर चढ़ आता है। क्योंकि इस पत्र में बातें ही कुछ ऐसी लिखी है हमें ताप चढ़ आए। कृष्ण का यह नया तरीका है तभी तो उद्धव उनके इस संदेश को घर–घर जाकर दरवाजे पर थाप देकर समझा रहे हैं। वे चाहते हैं कि हम उनके इस ज्ञान–योग को स्वीकार कर लें।

कृष्ण की तो अब मथुरा में चलती नहीं है क्योंकि वे तो कुब्जा के वशीभूत हो गए हैं इसलिए अब तो कृष्ण से पहले कुब्जा अधिकारी हो गई हैं। उसी अहंकार के चलते कुब्जा ने कृष्ण की छाप लगाकर उद्धव के हाथों यह योग–संदेश हम तक पहुँचाया है वह चाहती है कि हम तो योग–साधना स्वीकार कर लें और वह स्वयं कृष्ण के साथ रस–योग का आनंद उठाए। तभी तो सब सिखा पढ़ाकर उसने उद्धव को ब्रज में भेजा है ताकि हम निर्गुण, निराकार, अविगत, अविनाशी, ब्रह्म की आराधना करें। सूर कहते हैं कि गोपियाँ परस्पर वार्तालाप करती हुई कहती हैं कि है सखी! बताओ तो सही भला इस संदेश को सुनकर किसे पाप नहीं लगेगा ? क्योंकि सच्चे प्रेमी के लिए किसी अन्य से प्रेम करना तो दूर उसके बारे में सुनने से भी पाप लगता है। इसलिए हम भी कृष्ण से एकनिष्ट प्रेम करती है इसलिए तुम्हारे इस संदेश को सुन भी नहीं सकतीं।

**विशेष–**

1 कृष्ण को निर्दोष बताकर सारा दोष कुब्जा पर मढ़ना कृष्ण भक्त गोपियों की परम्परा है

2 गोपियों के कथन में व्यंग्य एवं वक्रता का समावेश है

3 कुब्जा के प्रति असूया संचारी भाव की सुंदर व्यंजना है।

4 अलंकार–पुनरूक्ति प्रकाश, अनुप्रास

5 भाषा–ब्रज

(20)

**फिरि–फिरि कहा सिखावत बात ?**
**प्रातःकाल उठि देखत, ऊधो घर–घर माखन खात।**
**जाकी बात कहत हौ हमसों सो है हमसों दूरि।**
**ह्यां है निकट जसोदानन्दन प्रान सजीवनि मूरि।।**
**बालक संग लये दधि चोरत खात खवावत डोलत।**
**सूर सीस सुनि चौंकत नावहिं अब काहे न मुख बोलत ?**

**प्रसंग–**

उद्धव द्वारा बार–बार गोपियों को निर्गुण ब्रह्म ज्ञान का उपदेश देने पर वे चिढ़ कर कहती हैं कि तुम्हारे इस निर्गुण ब्रह्म को न तो हम जानती है न इन्हें हमें जानने की इच्छा है। जबकि हमारे सगुण–ब्रह्म (कृष्ण) तो निरनतर पहले की तरह ही हमारे साथ नाना प्रकार की बाल लीलाएँ करते हुए ब्रज में दिखाई देते हैं। तो फिर क्यों तुम बार–बार हमे निर्गुण ब्रह्म एवं योग साधना के बारे में समझा रहे हो ?

**भावार्थ–**

उद्धव का संदेश सुनकर गोपियाँ खीझते हुए कहती हैं कि हे उद्धव! तुम हमें हर बार एक ही बात क्यों समझाते हो। तुम हमसे सहानुभूतिवश ऐसा कह रहे हो या सांत्वना देने के लिए यदि ऐसा है तो हम तुम्हें बता दें कि तुम्हें ऐसा करने की कोई आवश्यकता नहीं है क्योंकि हे ऊधौ! जिस कृष्ण की हम उपासिका है वे हमें नित्य प्रति प्रातः काल उठकर घर–घर माखन खाते दिखाई देते हैं और तुम जिस निर्गुण ब्रह्म की बातें हमसे कर रहे हो वह तो हमारी पहुँच से बहुत दूर है अर्थात उनसे तो हमारा परिचय भी नहीं है जबकि यशोदा नंदन–श्रीकृष्ण तो सदैव हमारे पास ही रहते हैं और उनकी ये छवि हमारे प्राणों के लिए संजीवनी बूटी का काम करती है। हमें तो नित्य हो वे ग्वाल–बालों को संग लेकर दही चुराते, माखन खाते और ग्वालबालों को खिलाते इधर–उधर डोलते हुए दिखाई देते हैं। जब हम उनकी चोरी को पकड़ लेती हैं तब वे एकदम से चौककर शर्म से अपना सिर झुकाकर चुपचाप खड़े हो जाते हैं कि अब तो हमारी चोरी पकड़ी गई है अब हम क्या करें ? उनको इस तरह खड़े देखकर हम उनसे बार–बार पूछते हैं कि अब चुप क्यों हो गए? कुछ बोलते क्यों नहीं ?

सूर की इस अंतिम पंक्ति का अर्थ यह भी हो सकता है कि गोपियों की कृष्ण के प्रति इस प्रेम की पराकाष्ठा को देखकर उद्धव अपनी पराजय को स्वीकार करते हुए लज्जावश चुपचाप सिर नीचा किए खड़े हो जाते हैं तथा गोपियों द्वारा बार–बार यह पूछने पर कि बताओ तुम्हारी योग साधना तो हम तब करें जब कृष्ण का हमसे वियोग हुआ हो।

जब वियोग हुआ ही नह। तो हम तुम्हारे निर्गुण ब्रह्म को कैसे स्वीकारे कुछ उत्तर नहीं देते। तब गोपियाँ उनसे क्रोधित हो कहती है कि अब तुम चुप क्यों हो गए? अब क्यों नहीं देते हमें योग का उपदेश।

**विशेष–**

1 गोपियों के अनन्य प्रेम की मार्मिक व्यंजना है।

2 प्रेम की तन्मयता की पराकाष्ठा दिखाई देती है।

3 ज्ञान के प्रतीक उद्धव भक्ति रूप गोपियों के समक्ष निरूत्तर होकर पराजित से हो जाते है।

4 संर्पूण पद में वक्रोक्ति अंलकार

5 स्मृति संचारी भाव–ह्यँ जेवत...।

**(21)**

**तौ हम मानैं बात तुम्हारी।**
**अपने ब्रह्म दिखावहु ऊधो मुकुट पिताम्बरधारी।।**
**भजिहैं तब ताको सब गोपी सहि रहि हैं बरू गारी।**
**भूत समान बतावत हमको जारहु स्याम बिसारी।।**
**जे मुख सदा सुधा अंचवत हैं ते विष क्यों अधिकारी ?**
**सूरदास प्रभु एक अंग पर रीझि रहीं ब्रजनारी।।**

**प्रसंग–**

सूर की गोपियाँ अपने वाक्चातुर्य का प्रदर्शन करते हुए उद्धव को वार्तालाप के माध्यम से छका रही हैं और अपने नारी सुलभ स्वभाव के चलते उद्धव के सम्मुख अनेक ऐसी शर्ते रख नहीं है जिनहें पूरी कर पाना उद्धव के लिए मुश्किल ही नहीं अपितु नामुमकिन भी है। लेकिन गोपियाँ इस बात पर अड़ी हुई है कि उनकी शर्तें स्वीकार करने के फलस्वरूप ही वे उद्धव के ज्ञान योग को ग्रहण करेंगी।

**भावार्थ–**

गोपियाँ उद्धव की ज्ञान योग भरी बातें सुनकर उनसे कहती हैं कि हे उद्धव! हम तुम्हारी बातें तभी मानेंगी जब तुम अपने निर्गुण ब्रह्म को मुकुट और पीताम्बर धारण किए हुए (श्रीकृष्ण मुरली वाले के रूप में) हमारे समक्ष प्रस्तुत करो। यदि आप ऐसा करने में समर्थ हों तो सारी गोपियाँ उस निर्गुण ब्रह्म का भजन करने लगेंगी और उसे हृदय से अपना लेंगी, चाहे इस कारण हमें लोगों की कितनी भी गालियाँ क्यों न सुननी पड़ें। आशय यह है कि यदि उद्धव के निर्गुण ब्रह्म श्रीकृष्ण के समान शरीर धारण करके गोपियों के सामने आएँगे

तभी गोपियाँ उन्हें बड़े प्रेम से अपनाएँगी चाहे इसके बदले में लोग उन्हें गाली (चरित्रहीन) ही क्यों न दें। परंतु हे उद्धव! तुम तो अपने ब्रह्म को भूत (छाया पुरूष) के रूप में बता रहे हो और हमसे यह अपेक्षा करते हो कि हम उस (छायापुरूष) के लिए अपने सुंदर, सलोने श्रीकृष्ण को भूल जाएँ। यह असंभव है क्योंकि हमारे जो मुख सदैव श्याम सुंदर की छवि का अमृत पान करने के लिए अभ्यस्त हो चुके हैं। वे तुम्हारे छाया ब्रह्म रूपी विष का पान कैसे कर सकेगें।

सूरदास जी कहते हैं कि गोपियाँ श्रीकृष्ण के अंग--अंग पर इतनी रीझी हुई हैं कि उनके नख--शिख सौंदर्य की छवि को त्यागकर आकारहीन छाया पुरूष (निर्गुण ब्रह्म) को स्वीकार ही नहीं कर सकती हैं।

**विशेष--**

1 निर्गुण का खण्डन एवं सगुण का मण्डन किया गया है।

2 गोपियों कृष्ण के प्रति अनन्य प्रेम रखती हैं।

3 गोपियों की वचन विदग्धता बड़ी मनोहारी है।

4 अलंकार--प्रतिवस्तूपमा।

5 वियोग--श्रृंगार।

6 ब्रजभाषा का सुंदर प्रयोग।

7 गेय पद।

## 3.4 अपनी प्रगति जाँचिए

1. गोपियाँ कृष्ण के 'गोपीनाथ' नाम को सुनकर क्यों चिढ़ जाती हैं?
2. गोपियाँ अपने आपको भृंगीरीह क्यों कहती हैं?
3. कच्चा घड़ा किसे कहा गया है और क्यों?
4. जहाज का पंछी कौन है?
5. गोपियाँ अपने को अहीर जाति की मूर्ख अबलाएँ क्यों मानती हैं?
6. उद्धव गोपियों को कौन--सा संदेश देने आए थे और क्यों?
7. गोपियाँ हरि को अंतर्यामी मानने को तैयार क्यों नहीं होती?
8. उद्धव गोपियों की बातें सुनकर ठगे से क्यों खड़े रह जाते हैं?
9. गोपियाँ उद्धव के सामने कौन--सी शर्त रखती हैं?
10. गोपियाँ कुब्जा पर क्या--क्या आरोप लगाती हैं?

## 3.5 स्पष्टीकरण के बिन्दु

........................................................................................................................

........................................................................................................................

........................................................................................................................

........................................................................................................................

........................................................................................................................

........................................................................................................................

........................................................................................................................

........................................................................................................................

## 3.6 चर्चा के बिन्दु

........................................................................................................................

........................................................................................................................

........................................................................................................................

........................................................................................................................

........................................................................................................................

........................................................................................................................

........................................................................................................................

........................................................................................................................

........................................................................................................................

## 3.7 नियत कार्य/गतिविधियाँ

यहाँ जो पद व्याख्या हेतु पद दिए गए हैं, उसी प्रकार पाठ्यपुस्तक में दिए गए अन्य पदों की व्याख्या करने का प्रयत्न करें।

## 3.8 संदर्भ ग्रन्थ

1. 'सूर सागर–सार' संपादक–डॉ. धीरेन्द्र वर्मा

# इकाई–चार

# पद व्याख्या–खण्ड

**इकाई की रूपरेखा**

4.1 उद्देश्य

4.2 प्रस्तावना

4.3 पद–व्याख्या

4.4 अपनी प्रगति स्वयं जाँचिए

4.5 स्पष्टीकरण के बिन्दु

4.6 चर्चा के बिन्दु

4.7 नियत कार्य/गतिविधियाँ

4.8 संदर्भ ग्रंथ

## 4.1 उद्देश्य

प्रस्तुत इकाई में दी गई पद–व्याख्याओं को समझकर आप–

1. अन्य पदों की व्याख्या करने का अभ्यास कर सकेंगे।
2. सूर की रचनाओं का रसास्वादन भली–भाँति कर सकेंगे।
3. सूर की रचनाओं का भाव–बोध आज भी कितना प्रासांगिक है, यह जान सकेंगे।
4. काव्य के भाव–पक्ष तथा कला–पक्ष का भेद स्पष्ट कर सकेंगे।

## 4.2 प्रस्तावना

साहित्य में कवि और उसकी काव्य वस्तुओं को समझने के लिए बिना व्याख्यायित किए उसके काव्य–सौंदर्य को आत्मसात करना संभव नहीं होता है। अतः प्रस्तुत इकाई में सूर–सागर–सार के प्रमुख पदों को सप्रसंग व्याख्या की गई है, जिसमें आप सूर के काव्य का रसास्वादन भली–भाँति कर सकें।

## 4.3 पद–व्याख्या

(1)

**रहुरे, मधुकर! मधु मतवारे!**
**कौन काज या निर्गुन सौं, जीवहु कान्ह हमारे।**
**लोटत प्रतीत परागकोच में, पचत न आपु सम्हारे।**

बारबार सरक मदिरा की अपरस कहा उधारे।
तुम जानत वैसो ग्वारिनि जैसे कुसुम तिहारे।
घरी पहर सबहिनि बिलमावत जेते आवत कारे।
सुन्दरस्याम कमलदल-लोचन जसुमति नन्ददुलारे।
तनम न सूर अरपि रहीं स्यामहिं कापे लेहिं उधारे।48।

**प्रसंग–**

प्रस्तुत पद में गोपियाँ उद्धव को निर्गुण ब्रह्म की उपासना का उपदेश देने से रोकती हुई कहती हैं कि तुम अपना यह उपदेश हमें मत दो क्योंकि हम तो कृष्ण की अनन्य भक्त हैं और उन्हें छोड़कर किसी और से नाता नहीं जोड़ सकती। तुमने क्या हमें उस भौंरे के समान समझ लिया है जो कभी एक फूल का रस पीता है तो कभी दूसरे फूल का। हमने तो केवल श्रीकृष्ण को ही अपना सर्वस्व मानकर अपना सबकुछ उन्हीं को सौंप दिया है और जब जीवन पर्यन्त उनके सिवा किसी और के बारे में सोच भी नहीं सकती।

**व्याख्या–**

गोपियाँ उद्धव पर व्यंग्य करती हुई कहती हैं कि मधु के लालची भ्रमर तुम अब हमें निर्गुण ब्रह्म ज्ञान का कोई उपदेश न ही दो तो अच्छा है क्योंकि हम तुम्हारे इस उपदेश को सुनकर क्या करेंगे? हमारे तो केवल श्रीकृष्ण हैं और वे जीवित रहें बस हम यह चाहती हैं। वे उद्धव को उलाहना देते हुए कहती हैं, हे

मधुकर हमें तो ऐसा लगता है कि तुम तरह-तरह के पुष्पों का रस पीते रहते हो, दिन-रात परागरूपी कीचड़ में लोटते रहते हो और मकरंद रूपी मदिरा को पीते हो इसलिए मदमस्त होकर बहकी-बहकी बातें (निर्गुण ब्रह्म का उपदेश) कर रहे हो। तुम यह समझते हो कि हम भी उन्हीं पुष्पों के समान हैं जो हर भौरें को अपना रस पीने देते हैं। हम ऐसी लम्पट प्रवृत्ति वाली गोपियाँ नहीं हैं। हमने तो केवल उस श्यामसुंदर से ही प्रेम किया है। वह कमल जैसे नयनों वाले यशोदा के नंदन नंद के दुलारे श्यामसुंदर ही हमारे प्राणप्रिय एवं सर्वस्व हैं।

सूरदास जी के अनुसार गोपियाँ उद्धव से बार-बार यह कहती हैं कि हम तो अपना सर्वस्व कृष्ण को अर्पण कर चुके हैं, इसलिए तुम्हारे निर्गुण ब्रह्म की उपासना करना हमारे बस की बात नहीं है क्योंकि इसके लिए तो हमें अपना सब कुछ श्रीकृष्ण से उधार लेना पड़ेगा जो कि संभव नहीं है। अतः यही श्रेष्ठ होगा कि आप हमें निर्गुण ब्रह्म की उपासना का उपदेश नहीं दो, तो अच्छा है।

**विशेष–**

1. गोपियों की वचन विदग्धता का और वक्रता का सुंदर चित्रण है।

2. गोपियाँ सीधी–सादी और भावुक हैं पर तर्क करने में निपुण हैं।
3. प्रस्तुत पद में कवि द्वारा निर्गुण धारा का खण्डन और सगुण का मण्डन किया गया है।
4. गोपियों का कृष्ण के प्रति प्रेम एकनिष्ठ है।
5. अलंकार–

   'कमल दल लोचन' – उपमा अलंकार

   'कुसुम तिहारे' – उदाहरण अलंकार

   'कहा–करो, मधुकर–मधुमत' – अनुप्रास अंलकार

   'पराग कीच' – रूपक अलंकार का प्रयोग
6. शैली प्रतीकात्मक।
7. ब्रजभाषा का प्रयोग।

**(2)**

**बिलग जनि मानहु, ऊधो प्यारे।**
**वह मथुरा काजर के कठोरि जे आवहिं ते कारे।।**
**तुम कारे, सुफलक सुत कारे, कारे मधुप भंवारे।**
**तिनके संग अधिक छबि उपजत, कमल नैन मनिआरे।।**
**मानहु नील माट तें काढ़ लै जुमना ज्यों पखारे।**
**ता गुन स्याम भई कालिन्दी सूर स्याम गुन न्यारे।।**

**प्रसंग–**

गोपियों ने शहरी संस्कृति में व्याप्त छल–कपट और आडम्बर से पूर्ण जीवन पर इन पंक्तियों के माध्यम से चोट की है, साथ ही श्रेष्ठ वर्ग की कथनी और करनी में व्याप्त अंतर को सोदाहरण प्रस्तुत कर यह बताया है कि किस प्रकार शहर के लोग गाँव के भोले–भाले लोगों को अपने स्वार्थ के लिए मीठी–मीठी बातों के माध्यम से फुसलाते हैं।

**व्याख्या–**

गोपियाँ उद्धव को संबोधित करते हुए कहती हैं कि हे उद्धव प्यारे हमारी बातों को अन्यथा मत लेना हमें तुम पर और तुम्हारे ज्ञान योग पर बिल्कुल संदेह नहीं है, पर यह बिल्कुल सही है कि तुम जिस मथुरा से आए हो वह मथुरा काजल की कोठरी है और वहां से जो भी आता है उस रंग (छल, कपट, आडम्बर) में रंगा हुआ ही आता है, इस कारण हम तुम पर भरोसा नहीं कर पा रहे हैं। उन्होंने अपनी बात का तर्क देते हुए कहा कि, तुम काले (जो ज्ञान योग सिखाकर हमसे हमारे हृदय का प्रेम छीनने आए है), अक्रूर जी काले (जो ध

ोखे से श्याम सुंदर को अपने साथ ले गए) और वहां से उड़कर आने वाले भँवरे भी काले हैं जो कि अपने स्वार्थ में घात लगाए इधर–उधर घूमते हैं। इस सभी काले लोगों का नेतृत्व करने वाले कमल के समान नेत्र वाले श्रीकृष्ण हैं जो कि मणिधारी सर्प के समान तन और मन दोनों के काले हैं। क्योंकि उन्होंने हमें डस कर अपना विरह रूपी विष हमारे भीतर छोड़ दिया है, जिसकी लहर हमें दिन–रात चैन नहीं लेने देती है। तुम सभी की छवि देखकर इस बात का अहसास होता है कि तुम सभी नील से भरे हुए मटके में पड़े हुए थे। किसी ने उसमें से निकाल कर जब तुम्हें यमुना जी में धोकर साफ करने का यत्न किया तो तुम तो साफ नहीं हो पाए पर तुम लोगों ने यमुना जी को जरूर काली अर्थात् प्रदूषित कर दिया है। इस तरह इन, तन, मन से काले लोगों ने सम्पूर्ण वात[illegible] दूषित करने में कहीं से कोई कसर नहीं छोड़ी है।

**विशेष–**

1. कारे शब्द में व्यंजनात्मकता है। इसके कई अर्थ ध्वनित होते हैं।
2. शहरी संस्कृति और ग्रामीण संस्कृति के मध्य प्रकारान्तर से चले आ रहे मूल अंतर को रेखांकित किया गया है।
3. संस्कृति पर्यावरण को चित्रांकित किया गया है।
4. ज्ञान योग को छल कपट करने वालों का प्रतिनिधित्व करने वाला बताया गया है।
5. मुहावरा– काजल की कोठरी।
6. अंलकार –

   'श्याम' यमक।

   मनहू नी लते कहों – उत्प्रेक्षा

   कमल नैन भविआरे – उपमा

**(3)**

**हमारे हरि हारिल की लकरी।**
**मन बच क्रम नंदनंदन सों उर यह दृढ़ करि पकरी।।**
**जागत, सोवत, सपने सौंतुख कान्ह कान्ह जकरी।**
**सुनतहि जोग लगत ऐसो अलि! ज्यों करुई ककरी।**
**सोई व्याधि हमें लै आए देखी सुनी न करी।।**
**यह तौ सूर तिन्हैं लै दीजै जिनके मन चकरी।।**

**प्रसंग–**

गोपियों द्वारा अपने दृढ़ प्रेम के प्रति मन कर्म से एकनिष्ठता प्रदर्शित की गई है। वे

अपने तर्क द्वारा उद्धव को यह जताना चाहती हैं कि हमारा मन अब श्रीकृष्ण में स्थिर हो चुका है, अतः अब हमें किसी भी प्रकार की साधना करने की आवश्यकता नहीं है। अस्थिर चित्त वाले लोगों को ही ज्ञान योग की आवश्यकता हो सकती है। अतः आप अपना उपदेश उन्हीं को दें तो अच्छा है।

**व्याख्या–**

गोपियाँ उद्धव को बताती हैं कि हे उद्धव! हमारे लिए श्रीकृष्ण का प्रेम हँसी–ठिठौली नहीं रह गया बल्कि अब हमारा चित्त उनके प्रेम में इतना रम गया है कि उनका ध्यान छूटने से नहीं छूटता है। जिस प्रकार हरिल पक्षी जब किसी लकड़ी को पकड़ लेता है तो मृत्यु पर्यन्त उसे अपने पंजो से नहीं छोड़ना। ठीक उसी प्रकार हम दैहिक रहिक रूप से श्रीकृष्ण को धारण किए हुए हैं। हमें जागते सोते यहां तक कि सपने में (चेतन और अचेतन दोनों प्रकार कि स्थितियों में) कृष्ण के अलावा कुछ सूझता ही नहीं है। हे उद्धव! आपके योग की बात सुनकर तो हमें ऐसा लगा कि किसी ने हमें कड़वी ककड़ी खाने को दे दी है। आप योग साधना रूपी व्याधि (रोग, क्लेश, दुःख, आपत्ति) हमारे लिए लेकर आए हैं, जिसे न तो कभी हमने देखा न सुना न ही अनुभव किया है। अतः आप इस योग को उन लोगों को दीजिए जिनके मन चकरी की भाँति चलायमान हैं। हम तो कृष्ण में स्थित प्रज्ञ हो चुके हैं, अतः हमें इसकी कोई आवश्यकता नहीं है।

**विशेष –**

1. निर्गुण योग की उपेक्षा करते हुए दृढ़ चित्त वृत्ति के लिए सगुण या भक्ति की सार्थकता को प्रतिपादित किया है।
2. पूरे वियोग में भी जब संयोग की संभावना ही न हो त बवह स्थिर प्रज्ञता, एकनिष्ठता एवं अनन्य प्रेम को दर्शाती है।
3. वियोग श्रृंगार की उत्कृष्ट प्रस्तुति है।
4. अलंकार –

   'मनचकोर' में रूपक

   'नंद नंदन, करुई–ककरी' में अनुप्रास

   'कान्ह कान्ह' में पुनुरुक्ति प्रकाश
5. भाषा–ब्रज।
6. रस– वियोग श्रृंगार का वर्णन है।

**(4)**

**आयौ घोष बड़ौ व्यौपारी।**

**लादि खेप गुन ज्ञान–जोग की ब्रज में आनि उतारी।**
**फाटक दै कै हाटक माँगत भोरै निपट सुधारी।**
**धुर ही तें खोटो खायो है लये फिरत सिर भारी।**
**इनके कहे कौन डहकावैं ऐसी कौन अनारी।**
**अपनौ दूध छाँड़ि को पीवै खार कूप को बारी।**
**ऊधो जाहु सवार यहाँ तें बेगि गहरु जनि लावहु।**
**मुँहमाँग्यो पैहो सूरज प्रभु साहुहि आनि दिखावहु।।132।**

**प्रसंग–**

गोपियाँ एक–दूसरे को उद्धव से सावधान करते हुए बात कर रही हैं कि उद्धव हमें ठगने के लिए ब्रज में आए हैं पर हम इतनी मूर्ख नहीं हैं कि इनकी बातों में आ जाएँ। उनके अनुसार इतना अज्ञानी भला कौन होगा जो प्रेमभक्ति के रस को त्यागकर अर्थात् छोड़कर नीरस योग साधना मार्ग को अपनाएगा? गोपियाँ प्रेम व्यापार में उद्धव को मुँह माँगी वस्तु देने को तैयार हैं।

**व्याख्या–**

गेपियाँ उद्धव के निर्गुण ज्ञान की बातें सुनकर उन पर व्यंग्य कसते हुए कह रही हैं कि आज अहीरों की इस बस्ती में एक ऐसा व्यापारी आया है जो ठग विद्या में निपुण है। यह व्यापारी अपने सिर पर ज्ञान और योग के गुणों से युक्त निर्गुण भक्ति रूपी गठरी ब्रज में बेचने के लिए आया है। इसने हमें निरा भोला समझ लिया है, यह समझता है कि फटकन रूपी निस्सार वस्तु (निर्गुण ज्ञान) देकर बदले में हमसे हमारी बहुमूल्य वस्तु (कृष्ण की प्रेम और भक्ति) ले जाएगा, पर ऐसा होगा नहीं क्योंकि इस व्यापारी का माल खोटा है। इस कारण इसे हम तो क्या कोई और भी नहीं लेगा।

यह सर पर भारी बोझ उठाकर इधर–उधर भटकता फिर रहा है लेकिन इस ब्रज में ऐसा कोई भी अज्ञानी, नहीं है जो इसकी बातों में आकर धोखा खाएगा और इसका खोटा माल खरीदेगा। ऐसा कौन मूर्ख होगा जो अपने घर का मीठा दूध न पीकर, दूसरे के कुएँ का खारा पानी पीना पसंद करेगा। अर्थात् प्रेमभक्ति रूपी मीठे रस को त्यागकर कौन मूर्ख निर्गुण ज्ञान रूपी रस पीना चाहेगा।

गोपियाँ उद्धव से उन्मुख होते हुए कहती हैं कि अब तुम बिना देर किए शीघ्र ही अपने साहूकार (श्रीकृष्ण) जिसने तुम्हें माल बेचने भेजा है उसके पास जाकर और उसे यहां लाकर यदि तुम हमें उसके दर्शन करा दोगे तो हम तुम्हें इसके बदले में मुँह माँगी कीमत देने को तैयार हैं।

**विशेष–**

1. ब्रह्म ज्ञान की तुलना में प्रेम और भक्ति को सर्वोपरि बताया गया है।
2. गेपियों की वाक् चातुर्थता, परिलक्षित होती है।
3. 'फाटक दैके हाटक माँगना' एक मुहावरा है।
4. अलंकार – रूपक, अन्योक्ति, अनुप्रास।
5. भाषा – ब्रजभाषा।
6. शैली – प्रतीकात्मक शैली।
7. रस – वियोग शृंगार।

**(5)**

**जोग ठगौरी ब्रज न बिकैहै।**
**मूरीं के पातन के बदलें को मुक्ताहल दैहै।**
**यह ब्यौपार तिहारो ऊधो! ऐसे ही धर्‌यौ रैहै।**
**जिनपै तैं लै आए ऊधौ तिनहिं के पेट समैहै।**
**दाख छाँड़ि कै कटुक निबौरी को अपने मुख खैहै?**
**सूरदास प्रभु गुनहिं छाँड़ि कै को निर्गुन निरबैहै।|82|**

**प्रसंग–**

उद्धव ने जब गोपियों को ज्ञान योग का उपदेश दिया तब गोपियाँ आपस में बात करते हुए उद्धव से साफ शब्दों में कह देती हैं कि हम तुम्हारे इस उपदेश को कतई मानने को तैयार नहीं हैं क्योंकि ऐसा कौन अज्ञानी होगा जो प्रेम और भक्ति सरस को त्यागकर निर्गुण भक्ति ज्ञान को चखेगा।

**व्याख्या–**

गोपियाँ उद्धव से कहती हैं कि हे उद्धव! तुम्हारा यह ज्ञान योग का सौदा ठग विद्या का ही रूप है। तुम्हारी इस ठग विद्या में कोई फँसने वाला नहीं है। ज्ञान योग रूपी भारी गठरी जो तुम बेचने के लिए लाए हो इसे बिना बेंचे तुम्हें इसे ज्यों–का–त्यों वापस ले जाना पड़ेगा, क्योंकि तुम्हारा माल खरीदने वाला यहां कोई भी नहीं है। अब तो ऐसा लगता है उद्धव जिस व्यापारी (श्रीकृष्ण) से तुम यह सौदा बेचने के लिए लाए थे वह भी इसे वापस लेने को तैयार नहीं होगां। अब तुम्हीं बताओ उद्धव कि मीठे अंगूर को छोड़कर कौन कड़वी निबौरी को खाना चाहेगा? कौन मूर्ख अपने बहुमूल्य मोती के बदले मूली के पत्तों जैसी तुच्छ वस्तु लेगा। अर्थात् हमारे कहने का आशय यह है कि तुम्हारे निर्गुण ज्ञान योग की बातें एकदम नीरस और तुच्छ हैं, जबकि हमारी प्रेम भक्ति, सारयुक्त, मूल्यवान, रसभरी एवं श्रेष्ठ

है। इसलिए हम इसे त्यागकर तुम्हारे ज्ञान योग को ग्रहण नहीं कर सकती। सूरदास जी कहते हैं कि गोपियाँ उद्धव कि बातें सुनकर कहती हैं कि हे उद्धव! हम अपने रूपवान, गुणवान श्रीकृष्ण को छोड़कर तुम्हारे इस निर्गुण ब्रह्म को कैसे स्वीकार कर लें? क्योंकि वह हमारे किसी काम का नहीं है, हम उसके साथ अपना पूरा जीवन कैसे बिताएँगे?

**विशेष–**

1. गोपियों ने इस पद में ज्ञान और योग की अपेक्षा भक्ति और प्रेम को अधिक महत्व दिया है।
2. दाख और मुक्ताहल दोनों ही भक्ति और प्रेम के प्रतीक हैं तथा निबौरी और मूली के पत्ते ज्ञान एवं योग साधना के प्रतीक हैं।
3. जोग गठौरी में रूपक अलंकार का प्रयोग किया गया है।

   दाख छोड़ि कै.... खैहे में अत्योक्ति अलंकार है।

   सम्पूर्ण पद में वल्लोक्ति अलंकार का सुंदर प्रयोग हुआ है।
4. 'लक्षणा' शब्द शक्ति का चमत्कार दृष्ट्व्य है।
5. ब्रजभाषा का प्रयोग किया गया है।
6. वियोग श्रृंगार की प्रधानता है।

**(6)**

**निर्गुण कौन देस कौ बासी?**
**मधुकर! हँसि समझाय, सौंह दै बूझति सांच, न हांसी।**
**को है जनक, जननि को कहियत, कौन नारि, को दासी?**
**कैसो बरन, भेस है कैसो केहि रस में अभिलासी।**
**पावैगो पुनि कियो आपनो जो रे! कहैगो गांसी।**
**सुनत मौन हवै रह्यौ ठग्यो सो सूर सबै मति नासी।।77।।**

**प्रसंग–**

प्रस्तुत पद में गोपियाँ उद्धव के निर्गुणोंपासना के उपदेश को सुनकर उद्धव से निर्गुण ब्रह्म का परिचय पूछती हैं। वे कहती हैं कि जब तक तुम अपने इस निर्गुण ब्रह्म के विषय में हमें कुछ बताओगे नही तब तक हम इनकी ओर आकृष्ट कैसे होंगे? हां यदि तुम हमारे कृष्ण के विषय में कुछ जानना चाहो तो हम उनके बारे में सब कुछ बताने को तैयार हैं। गोपियों की इन बातों को सुनकर ज्ञानी उद्धव भी निरुत्तर हो जाते हैं।

**व्याख्या–**

गोपियाँ भौरे के माध्यम से निर्गुण ब्रह्म की खिल्ली उड़ाते हुए कहती हैं कि हे मध

ुकर तुम जिस निर्गुण ब्रह्म की उपासना करने को हमसे कह रहे हो! तुम्हारा वह निर्गुण ब्रह्म किस देश का वासी है? यह बात हम तुमसे हंसी में नहीं कह रहे हैं बल्कि पूरी गंभीरता के साथ इन प्रश्नों के उत्तर जानना चाहते हैं इसलिए तुम हम पर गुस्सा न होकर मुस्कुराते हुए हमारी शंका का समाधान करो। हम यह जानने के लिए सचमुच बहुत ही उत्सुक हैं कि तुम्हारे इस ब्रह्म के माता–पिता कौन हैं? उनकी पत्नी और दासी कौन है? हमें यह भी बताओ कि इनका रूप–रंग तथा वेशभूषा कैसी है? इनको क्या–क्या अच्छा लगता है?

गोपियाँ उद्धव को सचेत करती हुई कहती हैं कि यदि तुम इन प्रश्नों के हमें झूठे उत्तर दोगे तो तुम्हें अपने किए का फल अवश्य मिलेगा। अर्थात् यदि तुम हमारे इन प्रश्नों के उत्तर वास्तव में जानते हो तो ही देना अपनी चतुराई भरी बातों से हमें बहलाने की कोशिश मत करना।

सूरदास जी कहते हैं कि गोपियों के इन तर्क पूर्ण प्रश्नों को सुनकर उद्धव जैसे विद्वान पण्डित भी निरुत्तर हो गए, इनकी बुद्धि जवाब दे गई और वे गोपियों के सामने किंकर्तव्यविमूढ़ रह गए।

**विशेष–**

1. सूर की गोपियाँ वाक् चातुर्य में निपुण हैं।
2. प्रकारान्तर से सगुण की प्रतिष्ठा और निर्गुण का खण्डन किया है।
3. निर्गुण ब्रह्म निराकार, अजन्मा, अनादि, अलख एवं अरूप है इसलिए गोपियों का प्रश्न सुनकर उद्धव ठगे से रह गए।
4. उद्धव का मौन उनकी पराजय को दर्शाता है।
5. सम्पूर्ण पद में निर्गुण ब्रह्म की खिल्ली उड़ाई गई है।
6. अलंकार–उपमा, विरोधाभास, छेकानुप्रास।
7. भाषा – ब्रज।
8. रस – वियोग शृंगार।
9. शैली – व्यंग्यात्मक।
10. गेय पद।

**(7)**

**अति मलीन वृषभानु–कुमारी।**
**हरि स्रम–जल भीज्यो उर–अंचल, तिहिं लालच न धुवावति सारी।**
**अध–मुख रहित, अनत नहिं चितवति, ज्यौं गथ हारे थकित जुवारी।**
**छूटे चिकूर वदन कुम्हिलाने, ज्यौं नलिनी हिमकर की मारी।**

**हरि संदेश सुनि सहज मृतक भइ, इक बिरहनि, दूजे अलि जारी।**
**'सूरदास' कैसे करि जीवें, ब्रज–बनिता दिन स्याम दुखारी।।158।।**

**प्रसंग–**

श्रीकृष्ण के वियोग में विरहणी राधा की मार्मिक स्थिति का वर्णन इस पद में किया गया है। श्रीकृष्ण जब ब्रजवासियों को छोड़कर मथुरा चले जाते हैं, तब राधा कृष्ण वियोग की व्यथा से दिन–रात पीड़ित रहती हैं। ऐसे में उद्धव का योग–ज्ञान का उपदेश उन्हें और भी व्यथित कर देता है। उनकी इसी दशा का हृदय द्रावक चित्र यहां प्रस्तुत किया गया है।

**व्याख्या–**

कृष्ण विछोह से दुखित राधा के मलिन वेश का वर्णन सूरदास ने कुछ इस प्रकार किया। वृषभानु की पुत्री राधा जब भगवान कृष्ण का स्मरण करती है तब उनके शरीर से निकले प्रस्वेद से उनका सारा शरीर भीग जाता है और उनकी साड़ी उसमें लथपथ हो जाती है, लेकिन वह इस डर से साड़ी को धुलवाती नहीं हैं कि श्रीकृष्ण की स्मृति कहीं खो न जाए। इसलिए उस मलीन वस्त्रों में राधा अत्यंत म्लान दिखाई देती हैं। खिन्न मनःस्थिति के कारण राधा निरन्तर मुख नीचा किए बैठी रहती हैं, इधर–उधर कहीं भी नहीं देखती। जिस प्रकार जुआरी जुए में अपनी सम्पूर्ण सम्पत्ति हार जाने पर सिर झुकाए निराश होकर बैठ जाता है। उसी प्रकार राधा भी अपना सबकुछ (कृष्ण) लुट जाने से निराश बैठी है। उनके खुले हुए केश हैं और अस्त–व्यस्त से इधर–उधर बिखरे हुए हैं। मुख–मण्डल कुम्हलाए हुए फूल के समान है जैसे पाला मारी हुई कुमुदनी हो। जब उद्धव कृष्ण का संदेश लेकर आते हैं तब तो जैसे वह मृतप्राय सी हो जाती हैं। उनकी इस दारूण स्थिति का एक तो कारण यह है कि वह पहले से ही विरह रूपी अग्नि की प्रचण्ड आग में जल रही थी दूसरे भौरें रूपी उद्धव ने उन्हें ज्ञान योग का कृष्ण का संदेश सुनाकर उसे और हवा दे दी। सूरदास जी कहते हैं कि बताओ श्रीकृष्ण के वियोग में उनकी ये गोपियाँ किस प्रकार जीवित रह सकती हैं?

**विशेष–**

1. राधा की वियोग व्यथा जनित जीवन स्थिति का सजीव बिम्ब प्रस्तुत किया गया है।
2. ‚ हरिसंदेश सुनि सहज मृतक भई' में उद्दीपन भाव का चित्रण किया गया है।
3. वियोग की तीव्र व्यंजना है।
4. राधा की स्थिति एक वियोग विधुरा नारी के रूप में अत्यंत मार्मिक बन पड़ी है।
5. अलंकार – रूपक, छेकानुप्रास, उपमा, चपलातिश्योक्ति, वक्रोक्ति, उदाहरण।
6. भाषा – ब्रज।

**(8)**

**आए जोग सिखावन पांड़े।**
**परमारथी पुराननि लादे, ज्यों वनजारे टाँड़े।**
**हमरे गतिपसि कमलनयन की, जोग सिखै ते राँड़े।**
**कहौ मधुप–कैसे समाहिंगे, एक म्यान दो खाँड़े।**
**क्हु षटपद कैसे खैयतु है, हाथिनि कै संग गाँड़े।**
**काकी भूख गई बयारि भषि, बिना दूध घृत माँड़े।**
**काहे कौं झाला लै मिलवत, कौन चोर तुम डाँड़े।**
**'सूरदास तीनौ नहिं उपजत, धनिया, धान, कुम्हाँड़े।।68।।**

**प्रसंग–**

गोपियाँ उद्धव के ज्ञान एवं योग की उपहास उड़ाती हुई कहती हैं कि एक शरीर में जिस प्रकार दो आत्मा नहीं रह सकती है इसी प्रकार हमारे लिए भी यह असम्भव है कि हम श्रीकृष्ण के रहते हुए किसी और को भी उपासना करें। क्योंकि हमारे हृदय में तो श्रीकृष्ण के प्रति प्रेम समाया हुआ है और तुम उसमें अपना ज्ञान योग भी भरना चाहते हो, यह संभव नहीं हो सकेगा।

**व्याख्या–**

गोपियाँ परस्पर उद्धव पर व्यंग्य कसती हुई कहती हैं कि उद्धव बड़े ज्ञानी पण्डित बनकर हमें योग सिखाने इतनी दूर से यहां आए हैं। ये तो परमार्थी हैं क्योंकि बिना बुलाए ही हमारा कल्याण करने के लिए पुराणों का बोझ लादकर यहां दौड़े चले आए हैं और अपनी पुराणों की ज्ञान भरी बातों का व्यापार कर रहे हैं। जिस प्रकार कोई बंजारा अपना सामान लाद कर इधर–उधर बेचता फिरता है। हे उद्धव! हम गोपियाँ विधवा नहीं हैं जो तुम हमें योग साधना सिखाने आ गए बल्कि कमल के समान नेत्रों वाले श्याम सुंदर ही हमारे सर्वस्व हैं। हे मधुप! अब तुम्हीं बताओ कि एक म्यान में दो तलवारें कैसे समा सकती हैं? अर्थात् हमारे मन में तो कृष्ण बसे हुए हैं फिर उसी मन में तुम्हारा निर्गुण बह्म कैसे समा सकता है? हे षटपद! अर्थात् भ्रमर तुम्हीं कहो क्या कोई मनुष्य हाथियों के साथ गन्ने खाने की प्रतिस्पर्धा कर सकता है? क्योंकि हाथी तो एक ही बार में अनेक गन्ने खा डालता है परन्तु मनुष्य कितनी भी चेष्टा क्यों न करे ऐसा करना उसके लिए व्यर्थ है। जिस प्रकार हाथी के साथ गन्ने खाने में स्पर्धा करना असंभव है, उसी प्रकार हमारे लिए भी योग साधना करना असंभव है चाहे हम कितना ही प्रयास क्यों न करें।

तुम यह तो बताओ कि ऐसा कौन है जिसकी भूख बिना घी, दूध और रोटी खाए केवल वायु–भक्षण (प्राणायाम) करने से शांत हुई है? फिर क्यों तुम इधर–उधर की बातें

गढ़–गढ़ कर व्यर्थ में अनर्गल बातें कह रहे हो? हमने ऐसा क्या किया है जो तुम चोर की तरह हमें दण्डित करने का प्रयास कर रहे हो?

सूरदास के अनुसार गोपियाँ उद्धव से कहती हैं कि जिस प्रकार धनिया, धान और कुम्हड़ा की खेती साथ–साथ होना असंभव है, क्योंकि तीनों के लिए अलग–अलग भूमि और जलवायु की आवश्यकता होती है, उसी प्रकार प्रेम और योग का निर्वाह एक साथ नहीं हो सकता।

**विशेष–**

1. इस पद में यह स्पष्ट किया गया है कि सगुण और निर्गुण की साधना एक साथ करना संभव नहीं है।
2. इस पद में गोपियों की कृष्ण के प्रति अनन्य भक्ति झलकती है।
3. पद में सानुप्रासिकता और समासिकता का सुंदर समावेश है।
4. अलंकार –(क) ज्यों तांड़े में उपमा अलंकार।
   (ख) एक म्यान में दो खांड़े में लोकोक्ति अलंकार।
5. शब्द भक्ति – लक्षणा और व्यंजना।
6. रस – वियोग श्रृंगार।
7. भाषा – ब्रज।

**(9)**

**गेकुल सबै गोपाल उपासी।**
**जेग अंग साधत जे ऊधो ते सब बसत ईसपुर कासी।।**
**यद्यपि हरि हम तजि अनाथ करि तदपि रहति चरननि रसरासी।**
**टपनी सीतलताहि न छांड़त यद्यपि हैं ससि राहु गरासी।।**
**का अपराध जोग लिखि पठवत प्रेमभजन तजि करत उदासी।**
**सूरदास ऐसी को बिरहिन मांगति मुक्ति तजे गुनरासी।।**

**प्रसंग–**

कृष्ण ने जब उद्धव के माध्यम से गोपियों को संदेश भेजा तब उसे सुनकर गोपियाँ कहती हैं। कि हे! उद्धव यहां तुम्हारी दाल नहीं गलने वाली है क्योंकि गोकुल में ऐसा कोई भी नहीं है जो श्रीकृष्ण के प्रेम को त्यागकर निर्गुण उपासना को अपनाएगा। भले ही कृष्ण हमें भूल गए हैं परन्तु हम तो सदैव ही उनका ध्यान करती रहेंगी किसी और का नहीं।

**व्याख्या–**

गोपियाँ उद्धव से निवेदन करती हुई कहती हैं कि हे उद्धव तुम यहां अपना ज्ञान योग का उपदेश दे तो रहे हो पर इस उपदेश का गोकुल में कोई उपयोग नहीं है क्योंकि यहां पर तो सभी गोपाल– कृष्ण की उपासना करते हैं इसलिए तुम्हारा यह संदेश यहां कोई नहीं सुनेगा। वे कहती हैं कि जो व्यक्ति अपने शरीर पर योग क्रियाओं की साधना अपनाते हैं वे तो महादेव की पुरी काशी में निवास करते हैं वैसे तो कृष्ण ने हमें त्यागकर एकदम अनाथ बना दिया है तथापि हम उन्हीं के चरणों की धूल--पाने की इच्छुक रहती हैं जिस प्रकार चन्द्रमा को राहु ग्रास लेता है किन्तु फिर भी चन्द्रमा अपनी शीतलता अपने स्वभाव को नहीं त्यागता है उसी प्रकार हम भी अपना मूल स्वभाव अर्थात् श्रीकृष्ण से प्रेम करना नहीं त्याग सकते हैं आखिर हमने कौन सा अपराध किया है जिसके दण्ड स्वरूप श्रीकृष्ण हमसे प्रेम और भक्ति को त्यागकर उदासी (बैरागी) बनने को कह रहे हैं।

सूरदासजी के अनुसार गोपियाँ उद्धव की ओर उन्मुख होकर कहती हैं कि हे उद्धव! इस गोकुल में ऐसी कौन सी विरह की मारी होगी जो सम्पूर्ण गुणों की खान श्रीकृष्ण को त्याग कर मुक्ति की कामना करें। अर्थात हम श्रीकृष्ण के प्रेम को सर्वोपरि मानते हैं और इसके सम्मुख हमें कुछ (मुक्ति या अन्य कोई परम पद) भी मिले तो हम उसे छोड़ने के लिए तैयार नहीं हैं।

**विशेष–**

1. गोपियाँ कृष्ण प्रेम के सम्मुख अन्य किसी भी प्रलोभन को तुच्छ मानती हैं।
2. योग साधना या निर्गुण उपासना का खण्डन।
3. अलंकार–

क 'मुक्ति' में रूपक

ख. यद्यपि.............. रसराजी में विशेषोक्ति

ग. सूरदास ऐसी को विरहनि में वक्रोक्ति

घ. रस – वियोग श्रृंगार।

**(10)**

**प्रकृति जोइ जाके अंग परी।**
**स्वान पूछ कोटिक जो लागै सूधि न काहु करी।।**
**जैसे काग भच्छ नहिं छाड़ै जनमत जौन धरी।**
**धोए रंग जात कहु कैसे ज्यों कारी कमरी।।**
**ज्यों अहि डसत उदर नहिं पूरत ऐसी धरनि धरी।**

**सूर होउ सो होउ सोच नहिं, तैसे हैं एउ री।।**

**प्रसंग–**

गोपियाँ एक दूसरे से वार्तालाप करते हुए निष्कर्ष निकालती हुई कहती हैं कि मूल स्वभाव में परिवर्तन लाना सम्भव नहीं होता है। इसी के चलते उद्धव जी जिन्होंने अपना लक्ष्य निर्गुण उपासना का उपदेश बना रखा है। उन्हें हमारे सुख दुख से कोई फर्क नहीं पड़ता है। उन्हें इस बात का कोई भान नहीं है कि वे तर्कों के बाणों द्वारा किस प्रकार से हमारे मन को छलनी कर रहे हैं।

**व्याख्या–**

उद्धव जब गोपियों को बार–बार तर्क द्वारा निर्गुण का उपदेश देने पर अड़े रहते हैं तो गोपियाँ झल्ला उठती हैं और आपस में निष्कर्ष निकालते हुए कहती हैं कि हे सखी! व्यक्ति अपना मूल स्वभाव नहीं छोड़ सकता है इस तथ्य की पुष्टि करने के लिए गोपियों द्वारा अनेक उदाहरण दिए गए। उनके अनुसार करोड़ों प्रयत्न करने पर भी कोई कुत्ते की पूंछ को सीधा नहीं कर सका। इसी प्रकार कौआ जन्म से ही खाने योग्य या न खाने योग्य पदार्थ बिना विचारें ही खाने का स्वभाव बना लेता है एक अन्य तर्क प्रस्तुत कर वे कहती हैं कि सखी यह बताओ कि काले कम्बल को कितना ही धोया जाए तो भी उसका रंग नहीं छूटता है और दूसरों को डसने से कभी साँप का पेट नहीं भरता है उसकी आदत ही ऐसी होती है कि वह बिना डसे नहीं रह सकता है अर्थात् जिसकी जैसी आदत पड़ जाती है वह उसे छोड़ नहीं पाता चाहे उस आदत से लाभ हो या हानि। ये उद्धव भी ऐसे ही हैं इन्हें इस किसी परिणाम की या दूसरों के कष्ट की कोई चिन्ता नहीं है ये तो अपनी बात सिद्ध करने के लिए सभी प्रकार से यत्न कर रहे हैं।

**विशेष–**

1. प्रकृति गत दोषों की मनोवैज्ञानिक व्याख्या का सुंदर उदाहरण।
2. उद्धव को गोपियों द्वारा जड़ प्रकृति का निरूपित किया गया है।
3. गोपियाँ प्रकारांतर से अपनी प्रकृति पर दृढ़ रहने को भी व्यंजित कर रही है।
4. अलंकार–रूपक, अनुप्रास।

**(11)**

**निरखत अंक स्यामसुंदर के बार–बार लावति छाती।**
**लोचन जल कागज मसि मिलि के, गइ स्याम स्याम की पाती।।**
**गोकुल बसत संग गिरिधर के कबहुं बयारि लगी नहिं ताती।**
**तब की कथा कहा कहौं, ऊधो, जब हम बेनुनाद सुनि जाती।।**

**हरि के लाड़ मनति नहिं काहू निसिदिन सुदिन रासरसमाती।**
**प्राननाथ तुम कब धौं मिलौगे सूरदास प्रभु बालसंघाती।।**

**प्रसंग–**

उद्धव श्री कृष्ण की भेजी हुई पाती (चिट्ठी) को लेकर ब्रज में आए हैं। उसे देखकर गोपियाँ प्रेम रस से भाव विहल हो उठी हैं, उनका ह्रदय अभिभूत हो गया और उन्हें अपने तन–मन कि सुध–बुध ही न रही और अचेतन मन में संयोग कालीन वातावरण की कल्पना का सुख प्रविष्ट हो जाता है और वे भावाविष्ट स्थिति में पहुंच पाने के लिए प्रलाप सा करने लगती है।

**व्याख्या–**

उद्धव द्वारा लाई गई पाती में लिखे श्रीकृष्ण के हाथों अंकित किए गए अक्षरों को देख कर गोपियाँ भाव विह्वल हो जाती हैं। वे भावनाओं के संदेश में डूबते उतराते हुए लगातार उस संदेश को अपनी छाती से लगाती हैं उनकी आंखों से मारे खुशी के आंसुओं की धारा बहने लगती है जो उस पाती पर गिर कर उसे काला कर देती है अर्थात् श्रीकृष्ण की पाती उन प्रेम से भीगे आंसुओं से मिट कर स्वयं स्याम रूप हो गई हैं। ऐसा व्यंजित हो रहा है। गोपियाँ अपने स्मृति लोक में उस समय को याद करती हैं जब श्रीकृष्ण उनके साथ थे। उन दिनों का स्मरण कर वे उद्धव को बताती हैं कि हे उद्धव श्रीकृष्ण हमारा इतना ध्यान रखते थे कि उन्होंने कभी गरम हवा को भी हमे स्पर्श करने नहीं दिया। उस समय की तो बात ही निराली थी क्योंकि ज्यों ही हम वंशी का स्वर सुनती थी तो हम तुरंत घर बार छोड़कर उस ओर खिचती हुई रासलीला करने चली जाती थी। रास के आनंद में वे दिन बड़े ही सुन्दर रूप में व्यतीत हो जाते थे। हम प्रभु का स्नेह पाकर इतने गर्वोन्नित और स्वाभिमान से युक्त थे कि हमने किसी और व्यक्ति को तो कुछ समझा ही नहीं। इतना कहते–कहते गोपियाँ भावविष्ट होकर मानो प्रलाप करने लगी और अपने बाल सखा, प्राणनाथ श्रीकृष्ण को सम्बोधित करते हुए कहने लगी की हे प्रिय! अब तुम कब मिलोगे?

**विशेष–**

1. प्रलाप विरह की एक स्थिति है।
2. स्त्रियों के वियोग के समय की स्थिति का मार्मिक चित्रण किया है।
3. अलंकार–
    1. बार–बार में पुनुरुक्ति प्रकाश अलंकार।
    2. है गई स्याम–स्याम की पाती में यमक अलंकार।
    3. वियोग श्रृंगार

संचारीभाव – स्मृति

अनुभाव – अक्षु

(12)

**अलि हो! कैसे कहौं हरि के रूप रसहिं?**
**मेरे तन में भेद बहुत विधि रसना न जाने नयन की दसहिं।।**
**जिन देखे ते आहिं बचन बिनु जिन्हें बचन दरसन न तिसहिं।**
**बिन बानी भरि उमगि प्रेमजल सुमिरि वा सगुन जसहि।**
**बार–बार पछितात यहै मन कहा करै जो विधि न बसहि।।**
**सूरदास अंगन की यह गति को समुझावै या छपद पसुहिं।।**

**प्रसंग–**

गोपियों को श्याम सुंदर का रूप रंग अत्यंत लुभाता है पर वे उसकी शाब्दिक विवेचना करने में अपने आपको असमर्थ पाती हैं और इसके फलस्वरूप वे उद्धव को यह समझाने में स्वयं को असहाय सी महसूस करती हैं इस कारण उनके नेत्रों से प्रेमाश्रु छलक जाते हैं।

**व्याख्या–**

उद्धव रूपी भंवरे को संबोधित करती हुई गोपियाँ कहती हैं कि श्रीकृष्ण के उस सुंदर रूप को जिसे हमने देखा है उसको समझाना हमारे बस की बात नहीं है क्योंकि जिन नेत्रों ने उन्हें देखा है वे नेत्र उस रूप का बखान करने में असमर्थ हैं क्योंकि नेत्रों के पास वाणी नहीं है और जिन अंगों में वर्णन करने की क्षमता है उन्होंने उनके रूप को देखा नहीं है। इसी शारीरिक विसंगति के चलते गोपियाँ श्रीकृष्ण के प्रति अपने अनन्य प्रेम को दर्शा नहीं पा रहीं।

वाणी के अभाव में नेत्र भावाभिव्यक्ति के लिए अश्रुओं से भर जाते हैं और इस बात का बार–बार पश्चाताप करते हैं कि उनमें वर्णन करने की क्षमता क्यों नहीं है। पर वे करें भी तो क्या क्योंकि सृष्टिकर्ता पर किसी का बस नहीं चलता। सूरदास जी कहते है कि गोपियाँ आपस में वार्तालाप करती हुई कहती हैं कि इस मूर्ख षटपद यानि मधुकर जो कि बिना विचारे दुलत्ती झाड़ने वाले पशु वृत्ति से युक्त है और गोपियों पर निरंतर चोट कर रहा है उसका कैसे समझाएं कि यदि हमारे नेत्रों में वाणी होती या वाणी में नेत्र होते तभी उस श्याम सुंदर के सरण रूप का वर्णन करना हमारे लिए संभव होता।

**विशेष–**

1. कृष्ण के प्रति एकनिष्ठ अनन्य प्रेम का भाव झलकता है।

2. गेपियों कै स्वभाव का सीधा–सादा और अत्यन्त भावुक स्वरूप चित्रित होता है।
3. भाषा में वक्रोति का समावेश।
4. छपद पसुहिं में लाक्षणिकता है।
5. अलंकार–अनुप्रास
6. भाषा – ब्रज।
7. रस – वियोग, संचारी भाव–अमर्ष।

**(13)**

**ऊधो! मन न भये दस बीस।**
**एक हुतौ सो गयौ स्याम संग, को आराधै ईस।**
**इंद्री सिथिल भई केसव बिनु ज्यों देही बिनु सीस।**
**आसा लागि रहित तन स्वासा जीवहि कोटि बरीस।**
**तुम तौ सखा स्याम सुन्दर के सकल जोग के ईस।**
**सूरदास हमरैं नंद नन्दन और नहीं जगदीस।।**

**प्रसंग–**

इस पद में सूरदास ने यह बताया है कि जब उद्धव गोपियों को निर्गुण बह्म की आराधना का उपदेश देते हैं तब गोपियाँ बड़े दु:खी मन से कृष्ण के प्रति अपने एकनिष्ठ प्रेम एवं भक्ति का बखान करती हैं। वे कहती हैं कि सूर के प्रति हमारा प्रेम अटल है जिसे कोई डिगा नहीं सकता अर्थात् कृष्ण भक्ति के अलावा हम अपने मन में किसी और को नहीं बसा सकते।

**व्याख्या–**

गोपियाँ निर्गुण निराकर बह्म की आराधना करने में अपने को अक्षम बताती हुई उद्धव के सामने तर्क प्रस्तुत करती हुई कहती हैं कि उद्धव हमारा मन तो एक ही है और उसमें श्रीकृष्ण समाए हुए हैं इसलिए किसी और बह्म की आराधना हम कैसे करें। हां यदि ईश्वर ने हमें दस बीस मन दिए होते तो जरूर हम इस दूसरे मन से किसी और की आराध ना भी करते। श्रीकृष्ण के वियोग में गोपियों की दशा एकदम क्षीण हो गई है। इन्द्रियाँ शिथिल होकर इस प्रकार मुरझा गई हैं जिस प्रकार सिर के कट जाने पर शरीर निर्जीव हो जाता है। ऐसा लगता है कि गोपियों ने अपने प्राण केवल इसलिए संभाल के रखे हैं ताकि उस शरीर से एक अवधि बीत जाने पर कृष्ण से पुनर्मिलन होगा। इसी आशा में गोपियों की सांसे चल रही हैं। जिस श्रीकृष्ण से मिलने की उम्मीद में वे जीवित हैं उनके लिए ऐसी कामना करती हैं कि वे करोड़ों वर्षों तक जिएँ।

गोपियाँ उद्धव से कहती हैं कि तुम तो श्याम सुंदर के सखा भी हो और समस्त ज्ञान योग के स्वामी हो। सूरदास जी कहते हैं कि गोपियों के अनुसार उनके तो केवल एकमात्र ब्रह्म नंद के नंदन अर्थात् श्रीकृष्ण हैं। वे और किसी को ईश्वर या जगत का स्वामी मानने को तैयार नहीं है।

**विशेष–**

1. पद में कृष्ण के प्रति गोपियों के अटल प्रेम की अभिव्यक्ति और निर्गुण भक्ति का विरोध किया गया है।
2. गोपियों के कथन में वक्रता, भंगिमा एवं वाक् चातुर्यता दिखाई देती है।
3. गोपियों की अनन्यता का भाव व्यक्त हुआ है।
4. अलंकार – ब्याजोक्ति, उदाहरण, उपमा, अनुप्रास।
5. भाषा – ब्रज।

**(14)**

**विलग जनि मानौ हमरी बात।**
**डरपति बचन कठोर कहति मति बिनु पति यों उठिजात।**
**जे कोउ कहत जरे अपने कछु फिरि पाछे पछितात।।**
**जो प्रसाद पावत तुम ऊधौ कृष्न नाम लै खात।**
**मन जु तिहारो हरि चरनन तर अचल रहत दिन रात।।**
**सूर स्याम तैं जोग अधिक केहि कहि आवत यह बात?**

**प्रसंग–**

उद्धव द्वारा योग ज्ञान की बातें कहने पर गोपियाँ उद्धव को खूब बुरा भला कह देती हैं फिर बाद में उन्हें इस बात का अहसास होता है कि हमने उद्धव से कठोर वचन कहकर अच्छा नहीं किया अतः पश्चाताप स्वरूप उद्धव से कहती हैं कि कृष्ण के मित्र होने के नाते हम आपका सम्मान भी करती हैं तथा अपना समझ कर कुछ भला बुरा भी कह देती हैं। इसलिए तुम भी हमें अपना समझ हमसे रूठो मत।

**व्याख्या–**

गोपियाँ उद्धव से कहती हैं कि हे उद्धव। गुस्से में आकर हमने तुमसे जो कठोर वचन कहे हैं उसका तुम बुरा मत मानना। तुमसे कड़वी वाणी कहते हुए हमें बहुत भय लगता है क्योंकि जब व्यक्ति किसी से विवेकहीन बातें कहता है तब उसकी मर्यादा नष्ट हो जाती है। जब कोई पीड़ित व्यक्ति दुःखी होकर गुस्से में आकर कुछ अमर्यादित एवं कठोर वचन कह देता है तब अपने इस कर्म के लिए बाद में वह पश्चाताप करता है। वैसे ही तुम्हारी

अरुचिकर बातें सुनकर हम भी बहुत दुःखी हो गए थे इसलिए हमने तुमसे कठोर वचन कह दिए और अब हमें इस बात का पछतावा हो रहा है। उद्धव तुमको इस ब्रज में जो कुछ भी आदर–स्वरूप मिल रहा है वह सब कृष्ण के कारण ही मिल रहा है अर्थात् यदि तुम श्यामसुंदर के मित्र न होते तो यहां ब्रज में आपको कोई मान सम्मान नहीं मिलता। ये सारा यश और सम्मान कृष्ण के नाम का ही प्रसाद है। सूरदास जी कहते है कि गोपियाँ कहती हैं कि हे उद्धव एक बात हमारी समझ से बाहर है वो यह कि तुम्हारा यह मन तो दिन रात अपने मित्र कृष्ण के चरणों में अटल भाव से लगा रहता है परन्तु फिर भी प्रेम की अपेक्षा योग को अधिक सर्वश्रेष्ठ बताकर हमें योग साधना के लिए क्यों कहते हो। अर्थात् आपके मुख से यह अनुचित बात कैसे निकलती है कि कृष्ण की अपेक्षा योग बड़ा है और हमें उसकी साधना करनी चाहिए।

**विशेष–**

1. गोपियों का प्रगल्भ वाग्वैदग्ध दृष्टिगोचर होता है। गोपियाँ उद्धव से क्षमायाचना भी करती हैं और उन्हें लज्जित भी करती जाती हैं।
2. अलंकार–प्रथम पंक्ति में–पद मैत्री।
   अंतिम पंक्ति में – वक्रोक्ति।
3. भाषा – ब्रज।

**(15)**

**ए अलि! कहा जोग में नीको?**
**तजि रसरीति नन्दनन्दन की सिखबत निर्गुन फीको।।**
**छेखत सुनत नाहिं कछु स्रवननि, ज्योति ज्योति करि ध्यावत।**
**सुन्दरस्याम दयालु कृपानिधि कैसे हौ बिसरावत?**
**सुनि रसाल मुरली सुर की धुनि सोइ कौतुक रस भूलैं।**
**अपनी भुजा ग्रीव पर मेलै गोपिन के सुख फूलैं।**
**लोककानि कुल को भ्रम प्रभु मिलि के घर बन खेली।**
**अब तुम सूर खवावन आए लोग जहर की डेली।।**

**प्रसंग–**

प्रकारांतर से निर्गुण की अपेक्षा सगुण को सर्वश्रेष्ठ बतातीं हुई गोपियाँ उद्धव से कहती हैं कि आप हमें नीरस योग साधना की शिक्षा क्यों देना चाहते हो उससे हमारा क्या भला होगा? क्योंकि जिस प्रेम के लिए हमने इस सासांरिक दुनिया में अपनी लोक लाज को भी तयाग दिया अर्थात् अपना सर्वस्व लुटाकर जिस प्रेम को हमने प्राप्त किया है उसमें हम

किसी भी प्रकार दूर नहीं हो सकते हैं?

**व्याख्या–**

गोपियाँ उद्धव को संबोधित करती हुई कहती हैं कि हे! भौरें तुम हमें जो योग साधना का उपदेश देकर उसे आत्मसात करने के लिए कह रहे हो उस योग में ऐसी कौन–सी अच्छाई है जो हम इसे स्वीकार कर लें? हमें यह समझ नहीं आ रहा कि तुम हमें कृष्ण के मधुर एवं रसयुक्त प्रेम को त्यागकर नीरस एवं बेस्वाद ज्ञान योग साधना को अपनाने की बात क्यों कर रहे हो? उस निर्गुण परमात्मा को जो न किसी को दिखता न सुनाई देता है जो केवल ब्रह्म ज्योति की चर्चा ही करता है तुम उसी ब्रह्म ज्योति से लौ लगाने की बात हमसे करते हो। हम इस दयालु कृपानिधान को कैसे भूल सकते हैं जिसकी मुरली की धुन का हम रसास्वादन करते हुए पूरी दुनिया को भूल जाते थे।

अब तुम्हीं कहो ऐसे साँवले सलोने श्रीकृष्ण को भूलकर उस निर्गुण ब्रह्म को कैसे अपनाए? हे अलि! जब श्यामसुंदर प्रेम में निमग्न होकर हमारे गले में बाँहे डालकर रास करते हैं। तब हम प्रेम में सराबोर होकर अपनी सुध–बुध खो बैठती थीं उस कृष्ण के प्रेम को पाने के लिए हमने अपनी लोक मर्यादा अपने कुल की मर्यादा को भी त्याग दिया और उस कृष्ण के साथ भांति–भांति की क्रीड़ाएं और रासलीलाएं वन में और घर में करती रहीं। जिन कृष्ण के माध्यम से हमने सभी सुखों का अमृतपान किया है उन्हें त्यागकर आप हमें निर्गुण ब्रह्म रूपी विषपान करना चाहते हैं यह हमारे लिए संभव नहीं है।

**विशेष–**

1. गोपियाँ निर्गुण ब्रह्म को 'विष' मान कर उसका तिरस्कार करती है।
2. निर्गुण ब्रह्म इन्द्रियों के परे है अतः वह गोपियों को आकर्षित नहीं करता।
3. सुनि रसाल..... सुख फूलैं में राम लीला का प्रसंग है।
4. अलंकार – रूपक, अनुप्रास।
5. भाषा – ब्रज।

**(16)**

**पूरनता इन नयनन पूरी।**
**तुम जो कहत स्रवननि सुनि समुझत, ये याही दुख मरति बिसूरी।।**
**हरि अन्तर्यामी सब जानत बुद्धि बिचारत बचन समूरी।**
**वै रस रूप रतन सागर निधि क्यों मनि पाय खवावत धूरी।।**
**रहुरे कुटिल, चपल मधु लंपट, कितब संदेस कहत कटु कूरी।**
**कह मुनिध्यान कहां ब्रजजुवती कैसे जात कुलिस करि चूरी।।**

**देखु प्रगट सरिता, सागर, सर सीतल सुभग स्वाद रुचि रूरी।**
**सूर स्वांतिजल बसै जिय चातक चित लागत सब झूरी।।**

**प्रसंग--**

गोपियाँ कृष्ण के सगुण रूप के प्रति अनन्य प्रेम रखती हैं इसलिए वे निर्गुण ब्रह्म की उपासना करने के लिए किसी भी तरह से तैयार नहीं हैं। इसलिए वह उद्धव की इस बात को कदापि नहीं मानती कि कृष्ण ही ब्रह्म हैं तथा कृष्ण और ब्रह्म में कोई अंतर नहीं है वे तो कृष्ण के सगुण रूप को ही देखना चाहती हैं इसलिए वे उद्धव के कड़वे सच को सुनना भी पसंद नहीं करती इनका कहना है कि जिसको जो भाता है उनका मन तो उसी में अनुरक्त रहता है, अतः हम कृष्ण को छोड़कर किसी और को स्वीकार नहीं कर सकतीं।

**व्याख्या–**

गोपियाँ उद्धव को अपनी अतृप्त इच्छा बताकर कहती हैं कि तुमने पूर्ण ब्रह्म का जो बखान किया है उसका रूप हमारे इन नेत्रों में पूरी तरह समा नहीं रहा है। तुम अपने ब्रह्म के बारे में जो बातें हमसे कह रह हो वह हमें सुनाई भी दे रही हैं और समझ में भी आ रही हैं लेकिन हमारे ये नेत्र यही सोच–सोच कर दुःख के मारे बिलख–बिलख कर मरे जा रहे हैं कि कहीं हम तुम्हारी बातें मानकर अपने कृष्ण को त्यागकर तुम्हारे ब्रह्म को अपना न लें। अर्थात् उन्हें दुःख इस बात है कि यदि ऐसा हो गया तो कृष्ण के सौंदर्य को निहारने वाली इन आंखों को कृष्ण के मधुर रूप के दर्शन नहीं होंगे। यही सोचकर ये दुःख के मारे मरी जा रही हैं, जबकि हम ये सब जानते हैं कि प्रभु अन्तर्यामी हैं। जब हम बुद्धि का उपयोग कर अर्थात् बुद्धि से सोचकर इस बात पर विचार करती हैं तो तुम्हारी सारी बातें हमें सत्य लगती हैं, परन्तु फिर हम ये सोचते हैं कि हमारे कृष्ण के प्रेमरस सागर में तो अमूल्य मणि रतन भरे पड़े हैं। इन माणियों को हमने प्राप्त कर लिया है तो फिर क्यों तुम हमें इस मणि को छोड़कर धूल के समान तुच्छ निर्गुण निराक़ार ब्रह्म को स्वीकारने की बात करते हो। यह तो इसी प्रकार है जिस प्रकार कोई अपने गाँठ की मणि को फेंककर उसमें धूल भर ले अर्थात् इतना मूर्ख कौन होगा जो ऐसा मूर्खता पूर्ण कार्य करेगा? कहां बहुमूल्य मणि–माणिक और कहां धूल? गोपियाँ उद्धव की बातें सुन–सुन कर चिढ़ जाती हैं और खीझकर भौंरे के माध्यम से उद्धव को जली कटी सुनाते हुए कहती हैं कि हे! कुटिल चंचल, मधु के लालची (लंपट) धूर्त भ्रमर तू हमें इतना क्रूरता पूर्ण और कड़वा संदेश क्यों दे रहा है? जरा यह तो सोचो कि कहां मुनियों की कठोर, कठिन साधना और कहां हम कोमल अंगों वाली ब्रज की युवतियाँ इतनी कठोर साधना कर पाएंगी? वे कहती हैं कि जिस प्रकार ब्रज को तोड़कर चूर–चूर करना असंभव है उसी प्रकार हमारे लिए भी यह योग साधना करना असंभव है। भ्रमर तुम यह समझो कि इस जगत में जो नदी, तालाब और सागर के अनेक जल भण्डार हैं वे सभी शीतल एवं मीठे स्वाद से भरे हैं परन्तु फिर भी चातक पक्षी के प्राण तो स्वाति

नक्षत्र के जल में ही अटके रहते हैं वह तो केवल स्वाति के जल का ही पान करता है अन्य जल से तो वह उलटा झुलसता है। अर्थात् दुःखी होता है सारे जल उसे मीठे होने के बाद भी फीके और नीरस लगते हैं। इसी प्रकार यदि हम यह मान भी लें कि उद्धव की योग साधना का उपदेश बहुत महान् एवं इस जीवन से मुक्ति दिलाने वाला है फिर भी हमें तो केवल श्रीकृष्ण से ही प्रेम है हमें सिर्फ वे ही अच्छे लगते हैं। इसलिए हमें कृष्ण के दर्शन से ही संतुष्टि होगी, योग साधना से तो हम सिर्फ दुःखी ही होंगी।

विशेष–

1. उद्धव के ब्रह्म की पूर्णता और महानता गोपियों के नेत्रों को तृप्त करने में असमर्थ हैं।
2. गोपियाँ कृष्ण की अनन्य उपासक हैं इसलिए निर्गुण ब्रह्म को स्वीकार नहीं करतीं।
3. योग के औचित्य को चुनौती देकर उसे नारियों के लिए सर्वथा अनुपयुक्त बताया है।
4. विभिन्न विशेषता का प्रयोग करने में कवि ने बल संयोजन की प्रवृत्ति का परिचय दिया है।
5. अलंकार--अन्योक्ति, दृष्टान्त, वृत्यानुप्रास, वक्रोक्ति, निदर्शना।
6. रस – वियोग श्रृंगार।
7. भाषा -- ब्रज।

(17)

**हमरे कौन जोग ब्रत साधै?**
**मृगत्वच, भस्म, अधारि जटा को को इतनो अवराधै?**
**जाकी कहूं थाह नहिं पैए, अगम, अपार, अगाधै।**
**गिरिधर लाल छबीले मुख पर इते बांध को बांधे?**
**आसन पवन भूति मृगछाला ध्याननि को अवराधै?**
**सूरदास मानिक परिहरि कै राख गांठि को बांधे?**

प्रसंग–

गोपियाँ उद्धव द्वारा उपदेशित योग साधना को किसी भी विधि स्वीकार करने को तैयार नहीं हैं। वे इस साधना की कष्टप्रद प्रक्रिया को बहुत झंझटों वाली तथा कष्टकारी बताती हैं तथा प्रेम–भक्ति को सीधी–सरल और आनंदकारी कहती हैं।

व्याख्या–

गोपियाँ योग--साधना के लिए किए गए प्रयत्नों की कड़ी भर्त्सना करते हुए उद्धव को संतोधित करते हुए उनसे कह रही हैं कि हे! उधौ तुमने जो योग–साधना का उपदेश

दिया है तो यहां ऐसा कौन है जो तुम्हारी इस योग–साधना को ग्रहण करेगा? कौन इतने झमेले में पड़ना चाहेगा? कौन इस साधना के लिए उपयोग में आने वाली वस्तुओं मृग की छाल, भस्म, अधारी (योग की मुद्रा में हाथ रखकर बैठते समय हाथ को सहारा देने वाली लकड़ी का अड्डा) तथा जटाजूट आदि को इकट्ठा करने की परेशानी मोल ले। इतना सब करने के बाद भी तुम्हारे निर्गुण निराकार ब्रह्म की कोई थाह नहीं पा सकता क्योंकि वह तो अगम, अंगोचर और अगाध गहरा है, फिर ऐसे ब्रह्म की कोई कैसे आराधना करे? जबकि हमारे साँवले सलोने गिरधर के सुंदर एवं छबीले रूप का दर्शन करने में किसी तरह का आडम्बर नहीं करना पड़ता। उनके दर्शन तो सभी को सहज ही सुलभ हो जाते हैं उन्हें प्राप्त करने के लिए न तो आसन लगाना पड़ता है न विभूति लपेटनी होगी, न मृगछाला की व्यवस्था करना पड़ेगा और फिर ध्यान एकाग्र करना कोई आसान बात नहीं है।

इतना सब करने के बाद ही योग साधना की प्रक्रिया पूरी होगी। फिर इतना कौन मूर्ख है जो इतना जंजाल करेगा? सूरदास कहते हैं कि गोपियाँ यह तर्क देती हैं कि इतनी कष्ट साधना के बाद भी हमें जो प्राप्त होगा वह धूल के समान है, राख के समान है जबकि कृष्ण की आराधना और भक्ति के बाद उन्हें बहुमूल्य मणि की प्राप्ति होती है फिर यह तो कोरी मूर्खता होगी कि पहले से ही विद्यमान माणिक्य की भाँति बहुमूल्य वस्तु को तयागकर, धूल–मिट्टी राख जैसी व्यर्थ की वस्तु प्राप्त करने का प्रयास किया जाए।

**विशेष–**

1. गोपियों ने वाक्चातुर्यता का परिचय देकर योग–साधना की प्रक्रिया को झमेले के रूप में चित्रित किया है।
2. भक्ति एवं योग–साधना का अंतर प्रतिपादित करते हुए भक्ति मार्ग को श्रेष्ठ एवं योग साधना को निकृष्ट बताया है।
3. अष्टांग योग के साधनों में से कुछ साधनों का उल्लेख इस पद में किया गया है।
4. गोपियाँ योग साधना का तिरस्कार कर रही हैं। अतः यह तिरस्कृत वाच्य ध्वनि है।
5. अलंकार – अनुप्रास, वक्रोक्ति, अन्योक्ति।
6. रस – वियोग शृंगार।
7. भाषा – ब्रज।

**(18)**

**बिन गुपाल बैरिन भई कुंजै।**

**तब वै लता लगति तन सीतल, अब भई विषम ज्वाल की पुजै।**

**वृथा बहति जमुना, खग बोलत, वृथा कमल–फूलनि अलि–गुंजै।**

**पवन, पान, धनसार, सजीवन, दधि–सुत–किरनि भानु भई भुंजैं।**
**यहु ऊधौ कहियौ माधौ सौं, मदन मारि कीन्हीं हम लुंजैं।**
**'सूरदास' प्रभु तुम्हरे–दरसन कौं, मन–जोवत अँखियाँ भई गुंजैं।**

**प्रसंग–**

सूरदास लिखित इस पद में गोपियाँ अपनी मनःस्थिति का वर्णन करते हुए कहती हैं कि संयोग के समय जो वस्तुएं आनंददायक एवं सुखदायी लगती हैं वियोग के समय वही वस्तुएं कष्टदायक एवं दुखदायी होती हैं क्योंकि उनको देख–देखकर संयोग काल की सुखद स्मृतियाँ बार–बार सामने आकर दुःख का कारण बनती हैं और ये सारा दुःख कृष्ण के वियोग से है इसलिए वे चाहती हैं कि कृष्ण तक उनका ये संदेश पहुंच जाए।

**व्याख्या–**

गोपियाँ कृष्ण वियोग में विकल होकर कहती हैं कि बिना कृष्ण के हमें आज ये कुंजै भी शत्रु सी लगती हैं। जिसमें कृष्ण के साथ विहार किया करती थीं। क्योंकि जब कृष्ण थे तो लता बेले सभी हमारे शरीर को शीतलता प्रदान करती थीं, लेकिन आज श्रीकृष्ण की अनुपस्थिति में ये इनके गुच्छे अग्नि की लपटों के समान प्रतीत हो रहे हैं। कृष्ण विरह में गोपियों की मनोदशा अत्यंत ही दयनीय हो गई है। उनके मन में किसी भी तरह की उमंग एवं उल्लास नहीं है। उन्हें अपने चारों ओर का प्राकृतिक वातावरण पीड़ादायक एवं फीका सा लगता है तभी तो कृष्ण–गोपाल के बिना उन्हें बहती हुई यमुना भी व्यर्थ ही लगती है। पक्षियों का कलरव भी निरर्थक लगता है। कमल पुष्प का खिलना और भौरों का फूलों पर मंडराते हुए गुनगुनाना भी उनको अपनी ओर आकर्षित नहीं कर पाता। शीतल, मंद, सुगन्धित हवा का स्पर्श न तो उन्हें ठंडक देता है।

आसन दे पाता है, न ही जल का स्पर्श उन्हें शीतलता देता है यहां तक की शीतलता देने वाला कपूर, संजीवनी बूटी और उज्जवल चन्द्रमा की किरणें भी सूर्य की किरणों की भांति शरीर को जलाने वाली हैं। अर्थात् कृष्ण विरह में चारों ओर का सुरम्य वातावरण भी गोपियों को उद्दीप्त करने में सफल नहीं हो पा रहा। गोपियाँ उद्धव को संबोधित करते हुए कहती हैं कि हे उद्धो तुम हमारी इस विरह वेदना को कृष्ण से जाकर अवश्य कहना क्योंकि वही इस स्थिति के लिए उत्तरदायी हैं। वे कहती हैं कि हे! मधुप तुम माधव को हमारा यह संदेश देना कि तुम्हारे जाने से कामदेव ने हमें अनाथ समझ लिया और अपने काम रूपी वाण चला–चलाकर उसने हमें अपना बना दिया है। सूरदास कहते हैं कि गोपियाँ अपने प्रभु अर्थात् कृष्ण की याद में रो–रोकर बेहाल हुई जा रही हैं। उनकी आंखें अश्रुपूरित वेदना से ऐसी लाल हो गई हैं जैसे धुँधची। भाव यह है कि प्रभु के दर्शनों की वाट देखते–देखते आंखों से लगातार अश्रु धारा बह रही है। जिसके कारण वे सूज कर लाल हो गई हैं।

**विशेष–**

1. प्रकृति के उपादान जो संयोग में सुखद होते हैं, वे ही वियोग में दाहक एवं विरहोद्दीपक हो जाते हैं। इसका वर्णन सूर ने बड़े ही मार्मिक ढंग से किया है।
2. प्रकृति का चित्रण उद्दीपन रूप में किया गया है।
3. गोपी प्रेम की तीव्र व्यंजना की है।
4. भानु भई भुंजै में जहां वृत्यानुप्रास का सौंदर्य है वहीं 'ध्वन्यात्मिकता' भी चटखने, जलने, भुजने की है, जो एक संशलिष्ट बिम्ब का उदाहरण है।
5. 'कीन्हीं लुंजै' और 'मग जोवत' मुहावरों का प्रयोग दृष्टव्य है।
6. अलंकार – मानवीकरण, उपमा, अतिश्योक्ति, रूपक।

## 4.4 अपनी प्रगति जाँचिए

1. गोपियाँ उद्धव को व्यापारी कहकर क्यों संबोधित करती हैं?
2. गोपियों ने निर्गुण ज्ञान को कटुक निवौरी क्यों कहा है?
3. गोपियाँ निर्गुण ब्रह्म की खिल्ली उड़ाते हुए उद्धव से निर्गुण ब्रह्म के विषय में कौन–कौन से प्रश्न करती हैं?
4. मनुष्य हाथियों के साथ गन्ने खाने की प्रतिस्पर्धा क्यों नहीं कर सकता?
5. गोपियाँ कृष्ण के प्रति अपनी एकनिष्ठता के लिए कौन–कौन से तर्क देती हैं?
6. श्रीकृष्ण के रूप सौंदर्य का बखान करना गोपियों के बस में क्यों नहीं है?
7. गोपियाँ उद्धव को श्रीकृष्ण का मित्र क्यों नहीं मानती?
8. योग साधना करना गोपियों के लिए असंभव क्यों है?
9. गोपियाँ निर्गुण ब्रह्म को राख, मिट्टी के समान क्यों कहती हैं?
10. गोपियों की वाक् चातुर्यता का वर्णन कीजिए।

## 4.5 स्पष्टीकरण के बिन्दु

..............................................................................................................

..............................................................................................................

..............................................................................................................

..............................................................................................................

..............................................................................................................

..............................................................................................................

........................................................................................................................

........................................................................................................................

........................................................................................................................

........................................................................................................................

........................................................................................................................

........................................................................................................................

........................................................................................................................

........................................................................................................................

## 4.6 चर्चा के बिन्दु

........................................................................................................................

........................................................................................................................

........................................................................................................................

........................................................................................................................

........................................................................................................................

........................................................................................................................

........................................................................................................................

........................................................................................................................

........................................................................................................................

........................................................................................................................

........................................................................................................................

........................................................................................................................

........................................................................................................................

........................................................................................................................

## 4.7 नियत कार्य/गतिविधियाँ

यहाँ जो पद व्याख्या हेतु पद दिए गए हैं, उसी प्रकार पाठ्यपुस्तक में दिए गए अन्य पदों की व्याख्या करने का प्रयत्न करें।

## 4.8 संदर्भ ग्रन्थ

1. 'सूर सागर–सार' संपादक–डॉ. धीरेन्द्र वर्मा



**MADHYA PRADESH BHOJ (OPEN) UNIVERSITY**

RAJA BHOJ MARG (KOLAR ROAD), BHOPAL- 462016